Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

डा. हरदेव बाहरी

उच्चतर हिन्दी कोश

R
491-433
BAH-U

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उच्चतर हिन्दी कोश

पुस्तकालय
गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वाणी प्रकाशन
नयी दिल्ली-110002

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उच्चतर हिन्दी कोश

91094

डॉ० हरदेव बाहरी

91094

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ISBN-81-7055-132-3

R
491.433
BAH—U

वाणी प्रकाशन
4697/5, 21-ए, दरियागंज, नयी दिल्ली-2
द्वारा प्रकाशित

प्रथम संस्करण 1988
© लेखकाधीन : मूल्य 122.50 रुपये
आवरण : गोबिन्द प्रसाद

अशोक कम्पोजिंग एजेन्सी द्वारा
विशाल प्रिंटर्स, दिल्ली-110032
में मुद्रित

Uchchatar Hindi Kosh
by Dr. Hardev Bahri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

91094

भूमिका

I

हिन्दी में कई तरह के बड़े, मँझोले और छोटे शब्दकोश मिलते हैं। इनमें कुछ कोश तीन लाख की शब्द-संख्या होने का दावा करते हैं। कुछ में दो लाख शब्द होंगे और कुछ में पचास-साठ हजार शब्द होंगे। ये शब्द किस कोटि के होते हैं इसका विश्लेषण करने से जान पड़ता है कि उपयोगिता और स्तरीयता की दृष्टि से इनका लाभ बहुत कम लोगों को हो पाता है। इनमें ब्रजभाषा, अवधी, भोजपुरी आदि भाषाओं के शब्द हजारों की संख्या में संग्रहीत हैं। संस्कृत के ऐसे सैकड़ों शब्द इन कोशों में मिल जाते हैं, जिनका व्यवहार संस्कृत में भी नहीं होता। इसी प्रकार अरबी-फ़ारसी के भी ऐसे शब्द भर दिये गये हैं, जिनका हिन्दी में कभी प्रयोग न तो हुआ था, न अब होता है। बात यह है कि हमारे बड़े से बड़े कोश बोलियों और संस्कृत, अरबी-फ़ारसी आदि भाषाओं के कोशों से तैयार कर लिये गये हैं।

यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि स्कूलों और कॉलेजों की पढ़ाई में जिस भाषा का प्रयोग होता है, अथवा समाचार-पत्रों और पत्रिकाओं में जिस हिन्दी का व्यवहार होता है, अथवा जो हिन्दी हमें रेडियो पर सुनने को मिलती है, उसका वास्ता उपर्युक्त कोशों में संग्रहीत हजारों-हजारों शब्दों से कतई नहीं है। अंग्रेज़ी, जर्मन, फ्रेंच, रूसी, यहाँ तक कि उर्दू के शब्दकोशों में भी प्रचलित और सामयिक शब्दावली ही होती है। बोलीकोश अलग होते हैं। प्राचीन और मध्यकालीन शब्दकोश भी भिन्न होते हैं, परंतु दुर्भाग्यवश हिन्दी कोश-कला में इन तत्वों का घालमेल कर दिया गया है। आवश्यकता है ऐसे कोशों की जो आधुनिक हिन्दी भाषा के शब्दकोश हों।

हमारा अनुमान है कि यदि सचमुच व्यावहारिक हिन्दी शब्दकोश तैयार किये जायं तो शब्द-संख्या साठ-सत्तर हजार से ऊपर नहीं हो सकती। हाँ, यदि इसमें गणित, विज्ञान, और ज्ञान के नाना पारिभाषिक शब्दों को भी जोड़ा जाये तो यह संख्या बीस हजार के अगभग और अधिक हो सकती है। सामान्य व्यावहारिक कोश में ज्ञान-विज्ञान के ऐसे ही शब्द लिये जा सकते हैं, जो सामान्य जन की शब्दावली का अंग बन गये हों।

प्रस्तुत शब्दकोश में ठेठ बोलीगत शब्दों को नहीं लिया गया है। संस्कृत और अरबी-फ़ारसी के वही शब्द लिये गये हैं, जिनका हिन्दी में व्यवहार होता है।

II

शब्दकोशों में कई हज़ार शब्द ऐसे पड़े हैं, जिनको देखने या जिनका अर्थ जानने की किसी को इच्छा नहीं होती। आवश्यकता भी नहीं होती। उदाहरणस्वरूप घर की

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वस्तुएँ ले लीजिए—थाली, कटोरी, तवा, चिमटा, दरी, चादर, तकिया, रजाई, पहनने के कपड़े, कुर्सी, मेज, तख्त आदि शब्द कोई देखकर क्या करेगा ? कोश में 'पानी' का अर्थ दिया है—'एक द्रव पदार्थ जो नहाने-धोने और पीने के काम में आता है।' जो अध्येता पानी का अर्थ नहीं जानता वह 'द्रव', 'पदार्थ' आदि शब्दों को कैसे जानेगा ? 'रोटी' का अर्थ दिया है—'गुँधे आटे की तवे पर या आग पर सिंकी और बेलन या हाथ से दबाकर बढ़ायी हुई गोल टिकिया।' जो व्यक्ति रोटी का अर्थ नहीं जानता क्या वह हिन्दी का शब्दकोश पढ़कर समझ सकता है या रोटी के अर्थ में जो शब्द प्रयुक्त किये गये हैं, क्या वह इन्हें समझने में समर्थ हो सकता है ?

शरीर के जितने अंग हैं जैसे हाथ, पैर, सिर, माथा, आँख, कान, नाक, मुख, दाँत, जीभ, ओंठ, गाल, गला, छाती इत्यादि। ये ऐसे शब्द हैं जिनका अर्थ समझाने का कोई लाभ जान नहीं पड़ता। बहुत-सी सब्जियाँ, तरकारियाँ, फल-फूल, पशु-पक्षी, आदि संबंधी शब्द हिन्दी का कोश देखने वाले के लिए इतने सरल हैं कि इन्हें शब्दकोश में स्थान देने का कोई तुक नज़र नहीं आता। बहुत-से पदार्थ आपके आसपास ऐसे हैं, जिनके अर्थ कोश में देखने की आवश्यकता कभी नहीं होती। सभी सर्वनाम हिन्दी जानकार के लिए सरल हैं। इसी प्रकार बीसियों विशेषण और सैकड़ों क्रिया शब्द गिनाये जा सकते हैं, जिनको प्रत्येक हिन्दीभाषी और हिन्दी का विद्यार्थी जानता है।

III

आपके निजी पुस्तक-संग्रह में कई तरह के शब्दकोश होंगे। जीवन में आप कितने शब्दों को शब्दकोश में देखते हैं ? आपको आवश्यकता है एक ऐसे शब्दकोश की है, जो बहुत बड़ा न हो, (क्योंकि आजकल पुस्तकों के मूल्य भी बहुत बढ़े-चढ़े हैं), जिसमें आपके काम के शब्द और अर्थ हों और जो आपके सदा काम आये। इसी दृष्टि से यह उच्चतर शब्दकोश तैयार किया गया है, जिसमें केवल कठिन शब्द हैं।

आप पूछ सकते हैं कि 'कठिन' की परिभाषा क्या है ? हमने दसवीं दर्जा पास एक विद्यार्थी को दो बड़े कोश दिये और उससे उन शब्दों को रेखांकित करने के लिए कहा जो उसके लिए कठिन थे। इसका मतलब यह है कि यह उच्चतर शब्दकोश महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों तथा अध्यापकों के काम का है। इसमें ज्ञान-विज्ञान, औद्योगिकी, शासन और विधि संबंधी शब्द भी संग्रहीत किये गये हैं।

कोश की छपाई सम्पूर्ण होने से पहले मेरी एक आँख में ऐसा रोग उत्पन्न हो गया कि मैं कई फार्मों के प्रूफ स्वयं नहीं देख सका इसके लिए मैं पाठकों से क्षमा चाहता हूँ। इस अधूरे कार्य को डॉ॰ राजेन्द्र रंजन तिवारी ने पूरा करके मेरा बड़ा उपकार किया है। मैं उनका हृदय से आभारी हूँ।

10, दरभंगा कैसल
इलाहाबाद-211002

—हरदेव बाहरी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संकेत सूची

अ०क्रि०	अकर्मक क्रिया
अव्य०	अव्यय
उप०	उपसर्ग
क्रि०वि०	क्रिया विशेषण
पुं०	पुंलिंग
प्र०	प्रत्यय
वि०	विशेषण
स०क्रि०	सकर्मक क्रिया
सर्व०	सर्वनाम
स्त्री०	स्त्रीलिंग

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उच्चतर हिन्दी शब्दकोश

अ

अंकक I वि० 1 गिनती करनेवाला 2 चिह्न या छाप लगानेवाला II पुं० चिह्न करने का उपकरण (स्टाम्प)

अंककार पुं० 1 अंक देनेवाला 2 खिलाड़ियों के रनों का हिसाब लिखनेवाला तथा निर्णय करनेवाला

अंकगत वि० 1 गोद में लिया हुआ

अंकतन्त्र पुं० 1 गणित 2 शब्दों की गिनती

अंकन पुं० निशान लगाना

अंकनी स्त्री० 1 अंक बनाने की क्रिया 2 संगीत की धुन/लय को चिह्नों के द्वारा अंकित करने की पद्धति

अंकनीय वि० चिह्नित करने योग्य

अंकपत्र पुं० (परीक्षा में प्राप्त) अंकों की सूची

अंकपत्रित वि० जिस पर स्टाम्प लगा हो

अंकपाल वि० गोद में पालन करनेवाला

अंकपालिका स्त्री० गोद में खेलानेवाली

अंकपाश पुं० 1 गणित में संख्याओं को अच्छे ढंग से रखने की एक क्रिया 2 बाँहों में जकड़ना

अंकमुख पुं० नाटक का शुरू का दृश्य जिसमें कथानक अत्यन्त संक्षेप में सूचित किया जाता है

अंकरूपक पुं० अंक दिखानेवाला यन्त्र

अँकवार स्त्री० 1 गोद 2 हृदय

अंकशायिनी स्त्री० पुरुष के साथ सोनेवाली

अंकावतार पुं० एक अंक के अन्त में दूसरे अंक की घटनाओं का संकेत

अंकिनी स्त्री० 1 चिह्न राशि 2 चिह्न-युक्त स्त्री

अंकीकरण पुं० 1 अंक लगाना 2 गिनती करना

अंकुरक पुं० छोटा अंकुर

अंकुररूप वि० अंकुर के आकार का

अंकुरित-यौवना स्त्री० 1 वह बालिका जिसके कुच आदि चिह्न प्रकट हो गये हों 2 किशोरी

अंकेक्षक पुं० बही खातों की जांच करने-वाला

अंकेक्षण पुं० हिसाब-किताब की आधिकारिक रूप से जाँच करना

अंगक पुं० छोटा अंग

अंग-घात पुं० शरीर के किसी अंग का सुन्न हो जाना

अंगच्छेद पुं० अंग काटना

अंगज वि० 1 शरीर से उत्पन्न 2 पुत्र

अंगजा स्त्री० 1 पुत्री 2 कन्या

अंगड़-खंगड़ पुं० काठकबाड़

अंगत्राण पुं० 1 शरीर की रक्षा के निमित्त लोहे या पीतल का पहनावा 2 कवच

अंगदान पुं० आत्मसमर्पण करना

अंगना स्त्री० सुन्दर स्त्री

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अंगन्यास पुं० मंत्रों का उच्चारण करते हुए अंगों को स्पर्श करना
अंगपाली स्त्री० आलिंगन
अंगभंगिमा स्त्री० =अंग-भंगी
अंगभंगी स्त्री० स्त्री या पुरुष की शारीरिक चेष्टाएँ
अंग-भू त्रि० अंग से उत्पन्न
अंगभूत त्रि० हिस्सा बना हुआ
अंगमर्द पुं० अंग की मालिश करनेवाला
अंगमर्दन पुं० शरीर की मालिश
अंगमर्ष पुं० गठिया
अंगराग पुं० 1 शरीर में लगाने के सुगन्धित द्रव्य 2 उबटन
अंगलेट पुं० शरीर का गठन
अंगविक्षेप पुं० 1 अंगों द्वारा संकेत 2 अंग हिलाना
अंगविद्या स्त्री० शरीर की रेखाओं को देखकर बतानेवाली विद्या
अंग-विभ्रम पुं० अंगों को और का और समझना
अंग-संग पुं० 1 रति 2 मैथुन
अंग-संहति स्त्री० अंगों का गठन
अंगहार पुं० 1 अंग-विक्षेप 2 अंग मटकाना
अंगांगी भाव पुं० 1 शरीर और उसके किसी अंग का परस्पर भाव 2 संपूर्ण और अंश का सम्बन्ध
अंगांगिवाचन पुं० भाग से पूर्ण और पूर्ण से भाग की अभिव्यक्ति
अंगारक पुं० जलता हुआ छोटा-सा कोयला
अंगारकाम्ल पुं० आक्सीजन और कार्बन के मेल से बना अम्ल
अंगार-पाचित I पुं० II त्रि० आग पर पकाया हुआ (भोजन)
अंगीकार पुं० 1 स्वीकार 2 मंजूर
अंगीकरण पुं० अपनाना
अंगीय त्रि० 1 अंग का 2 शरीर सम्बन्धी
अंगुलि-त्राण पुं० =अंगुश्ताना
अंगुलि-निर्देश पुं० 1 उँगली से संकेत करना 2 दोष निकालना
अंगुलि-पंचक पुं० पाँचों उँगलियाँ
अंगुलि-पर्व(न्) पुं० उँगली का जोड़
अंगुलि-वेष्टन पुं० =अंगुश्ताना
अंगुल्यानिर्देश पुं० =अंगुलि-निर्देश
अंगुश्ताना पुं० सिलाई के समय अंगुली पर पहनने की लोहे या पीतल की टोपी
अंगुष्ठ पुं० हाथ का अँगूठा
अंग्य त्रि० 1 अंग सम्बन्धी 2 अंग का
अंघ्रि पुं० 1 चरण 2 जड़
अंचित त्रि० 1 पूजित 2 सम्मानित
अंजन पुं० काजल
अंजाम पुं० 1 नतीजा 2 अंत
अंजलिबद्ध त्रि० हाथ जोड़कर
अंजुमन पुं० 1 गोष्ठी 2 मजलिस
अंझा पुं० 1 अनध्याय 2 छुट्टी
अँटना अ०क्रि० समाना
अँटा पुं० 1 बड़ी गोली 2 सूत का लच्छा 3 मेज़ पर खेलने का एक खेल (बिलियर्ड)
अँटाघर पुं० अँटा नामक खेल खेलने का स्थान
अँटीबाज़ त्रि० 1 धूर्त 2 मक्कार
अंडकटाह पुं० 1 सम्पूर्ण लोक, मण्डल 2 विश्व
अंडकोष पुं० 1 फोता 2 ब्रह्मांड
अंडज पुं० अंडे से उत्पन्न (जीव)
अंडप्रजक स्त्री० अंडे देनेवाली
अंडवृद्धि स्त्री० फोते का एक रोग जिसमें दूषित रस भर जाता है (हाइड्रोसील)
अंडधर त्रि० अंडा धारण करनेवाला (पक्षी)
अंडनिक्षेपक त्रि० अंडा देनेवाला
अंडनिक्षेपण पुं० अंडे देना
अंडस स्त्री० विकट स्थिति
अंडसू त्रि० अंडे से उत्पन्न होनेवाला

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अंडाकर्षण पुं० बधिया करना
अंडाणु पुं० स्त्री के रज का कण
अंडी स्त्री० रद्दी रेशम का कपड़ा
अंडुआ वि० खस्सी न किया हुआ (बैल)
अंत:अणुक वि० परमाणु के बीच का
अंत:कलह पुं० 1 गृह कलह 2 आपसी झगड़ा
अंत:कालीन बीच के समय का
अंत:कुटिल वि० भीतर से कपटी
अंत:कोण पुं० भीतर का कोना
अंत:क्रिया स्त्री० भीतर होनेवाली क्रिया
अंत:पटी स्त्री० रंगमंच का भीतरी परदा
अंत:पुरिक पुं० अंत:पुर का कंचुकी
अंत:पुष्प पुं० स्त्रियों का रुका हुआ रज-स्राव
अंत प्रकृति स्त्री० मन का स्वभाव
अंत:प्रज्ञा स्त्री० स्वत:स्फुरित ज्ञान
अंत:प्रेरणा स्त्री० मन में उत्पन्न होनेवाला विचार
अंत:रोगी पुं० हस्पताल में रहनेवाला रोगी
अंत:शुद्धि स्त्री० मन की शुद्धता
अंत:श्वसन पुं० अंदर साँस लेना
अंत:संचार पुं० अंदर-अंदर आपस में बात-चीत होना
अंत:सत्ता स्त्री० देह के भीतर की चेतन सत्ता
अंत:सत्त्व वि० आंतरिक शक्ति रखनेवाला
अंत:सलिल वि० अन्दर ही अन्दर प्रवहमान
अंत:साक्ष्य पुं० भीतर से मिलनेवाला साक्ष्य
अंत:स्राव पुं० शरीर की कुछ ग्रन्थियों से निकलनेवाला रस
अंत:स्थ वि० 1 भीतर स्थित 2 बीच का
अंत:स्थित वि० हृदय में रहनेवाले
अंतक वि० नष्ट करनेवाला
अंतकाल पुं० 1 अन्तिम पल 2 मरने का समय
अंतकृत I पुं० यमराज II वि० नाश करनेवाला
अंततर वि० अन्त के बादवाला
अंततम वि० क्रम में अन्तवाला
अंततोगत्वा क्रि०वि० 1 बाद में जाकर 2 आखिरकार
अंतभव वि० जो बाद में पैदा हुआ हो
अंतरंग I वि० 1 आंतरिक बातों से संबंध रखनेवाला 2 भीतर का (घेरा) II पुं० 1 दोस्त 2 साथी
अंतर-आणविक वि० दो अणुओं में समान रूप से पाया जानेवाला (इण्टर-मोलेक्यूलर)
अंतरक वि० 1 बदलनेवाला 2 अंतरण करनेवाला
अंतरचक्र पुं० दिशा और विदिशा के मध्य के अन्तर का चौथा भाग
अंतरज्ञ वि० अन्दर की बात जाननेवाला
अंतरण पुं० 1 बदलना 2 बीच में जगह छोड़ना
अंतरतम पुं० 1 अन्दर का भाग 2 गहरा मन
अंतरदिशा स्त्री० दो दिशाओं के मध्य की दिशा
अंतरधातुक वि० दो धातुओं में समान रूप से पाया जानेवाला
अंतरधिदेह पुं० भीतर (आत्मा)
अंतरपट पुं० 1 ओट 2 परदा
अंतरपणन पुं० देश के अंदर व्यापार
अंतरपतित वि० बीच में आ पड़नेवाला
अंतर-प्रांतीय वि० प्रांतों से परस्पर संबंधित
अंतरयण पुं० लापता हो ा
अंतर-राष्ट्रीय वि० अन्यान्य राष्ट्रों से संबंधित

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अंतरस्थ वि० 1 भीतरी 2 आन्तरिक
अंतरा- उप० 1 परस्पर 2 अंदर-अंदर 3 बीचोंबीच
अंतरांकुर पुं० अंकुर के बीच का अंकुर
अंतराकाश पुं० बीच का ख़ाली स्थान
अंतरागम पुं० अन्दर लाना या भरना (इनफ़्लक्स)
अंतरागार पुं० अंदर का स्थान
अंतरापत्रित वि० जिसके बीच-बीच में कागज लगे हों
अंतरात्मा (त्मन्) स्त्री० 1 जीव 2 प्राण
अंतरापृष्ठीय वि० पीठ के भीतर का
अंतरामिश्रित वि० अंदर-अंदर मिला हुआ
अंतराय पुं० अड़चन
अंतरायण पुं० 1 नज़रबंदी 2 बाधा पहुँचाना
अंतरालन पुं० दो वस्तुओं के बीच में दूरी बनाना
अंतराली स्त्री० दो कमरों या रेल के बीच की गैलरी
अंतरावधि वि० 1 अंतराल 2 बीच का समय
अंतरावरोधन पुं० मध्य में बाधा उत्पन्न करना
अंतरावर्त पुं० किसी देश के अंदर दूसरे देश का भूभाग
अंतराविष पुं० अंदर की ओर जानेवाला ज़हर
अंतरास्थित वि० बीच में डाला गया
अंतरिक्ष पुं० पृथ्वी और किसी ग्रह के बीच का पूरा विस्तार
अंतरिक्ष-विज्ञान पुं० वातावरण और मौसम संबंधी शास्त्र
अंतरित करना क्रि० एक से दूसरे को सौंपना
अंतरिती (तिन्) पुं० जिसके नाम अन्तरण किया गया
अंतरिम वि० 1 मध्यस्थ 2 अस्थायी
अंतरीप पुं० भूखंड जिसके तीन ओर समुद्र हो
अंतरीय पुं० 1 अधोवस्त्र 2 धोती
अंतरोदरीय वि० पेट के भीतर का
अंतर्कथा स्त्री० प्रसंग द्वारा सांकेतिक कथा
अंतर्गत वि० भीतर समाया हुआ
अंतर्गति स्त्री० 1 मन की इच्छा 2 मनोवृत्ति
अंतर्गृह पुं० भीतरी कमरे
अंतर्ग्रस्त वि० बीच में फँसा हुआ
अंतर्ग्रहण पुं० 1 भीतर लेना 2 समाना
अंतर्घट पुं 1 शरीर के अन्दर का भाग 2 अन्त:करण
अंतर्जंघिका स्त्री० जाँघ के बीच की हड्डी
अंतर्जात वि० वस्तु के अन्दर पैदा होनेवाला
अंतर्जातीय वि० भिन्न जातियों के बीच का या आपस में
अंतर्जानु क्रि०वि० हाथों को घुटनों के बीच किए हुए
अंतर्ज्वाला स्त्री० 1 अंदर-अंदर चिन्तन 2 अंदर की जलन 3 चिंता
अंतर्दशाह पुं० मरने के बाद दस दिन तक किए जानेवाले कार्य
अंतर्दर्शी वि० 1 भीतर तक देखनेवाला 2 कल्पना विहारी
अंतर्दृष्टि स्त्री० 1 आंतरिक ज्ञान 2 वस्तु या बात की तह में जानेवाली दृष्टि 3 कल्पना शक्ति
अंतर्द्रष्टा पुं० 1 भीतर तक देखनेवाला 2 ज्ञानी
अंतर्दाह पुं० आंतरिक जलन
अंतर्देशीय वि० देश के अन्दर संबंध रखनेवाला
अंतर्द्वन्द्व पुं० मन में उत्पन्न भावों का संघर्ष

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अंतर्द्वार पुं० छिपा हुआ दरवाज़ा
अंतर्धारा स्त्री० आन्तरिक प्रवाह
अंतर्ध्वंस पुं० अंदर रहने वालों द्वारा तोड़ फोड़
अंतर्नयन पुं० आंतरिक चक्षु
अंतर्निविष्ट वि० 1 भीतर बैठाया हुआ 2 अन्तर्गत
अंतर्निवेश पुं० भीतर बैठाना
अंतर्निष्ठ वि० 1 स्वभावतः विद्यमान 2 भीतर स्थित
अंतर्निहित वि० 1 समाया हुआ 2 भीतर सम्मिलित
अंतर्पट पुं० परदा
अंतर्पत्रण पुं० छपे कागज़ों के बीच-बीच में सादे कागज़ लगाना
अंतर्भाव पुं० 1 अंदर समावेश 2 सम्मिलित होना 3 विलीनता
अंतर्भावना स्त्री० तादात्म्य
अंतर्भावित वि० 1 छिपाया हुआ 2 गुप्त
अंतर्भुक्त वि० मिलाया हुआ
अंतर्भूत वि० 1 अंतर्गत 2 अंतर्निविष्ट
अंतर्भूमि स्त्री० भूमि के नीचे का भाग
अंतर्भेदी वि० भीतर तक पहुँचनेवाला
अंतर्भौम वि० पृथ्वी के अंदर का
अंतर्मना (नस्) वि० 1 चिंतित 2 विचारमग्न
अंतर्मुख वि० भीतर-भीतर सोचने समझने वाला
अंतर्लंब पुं० त्रिकोण के अंदर गिरा हुआ लंब
अंतर्लयन पुं० 1 अंदर समा लेना 2 सोख लेना
अंतर्लापिका स्त्री० एक पहेली जिसका उत्तर उसी के अक्षरों में हो
अंतर्लीन वि० 1 अपने में लीन 2 तन्मय
अंतर्वर्ती वि० भीतरी
अंतर्वलन पुं० अंदर की ओर घूमना
अंतर्वस्त्र पुं० सबसे नीचे पहना हुआ कपड़ा
अंतर्वस्तु स्त्री० भीतरी विषय
अंतर्वाणिज्य पुं० देश के अंदर-अंदर चलनेवाला व्यापार
अंतर्वाणी स्त्री० अंदर (आत्मा) की आवाज़
अंतर्विद्ध वि० बीच तक वेधा हुआ
अंतर्विराम पुं० अंतराल
अंतर्विषय पुं० अंतर्वस्तु
अंतर्विवाह पुं० अपनी बिरादरी में विवाह
अंतर्वृत्त पुं० आकृति के अन्दर बनी हुई आकृति जो सभी भुजाओं को कहीं न कहीं स्पर्श करती हो
अंतर्वृत्ति स्त्री० अंतर्मुखता
अंतर्वेग पुं० मानसिक विकार
अंतर्वेशन पुं० भीतर घुसाना/लगाना
अंतर्वेश्म पुं० घर का भीतरी भाग
अंतर्व्याधि स्त्री० भीतरी रोग
अंतर्व्रण पुं० भीतर का फोड़ा
अंतर्हित वि० 1 तिरोहित 2 अंदर छिपा हुआ 3 अन्तर्गत
अंतर्हृद पुं० हृदय का भीतरी हिस्सा
अंतश्चर्म पुं० भीतर का चमड़ा
अंतश्चित्त पुं० भीतरी इच्छा
अंतश्छद पुं० भीतरी आच्छादन
अंतश्शिरीय वि० नस के भीतर का
अंतस् उप० 1 भीतर 2 मन 3 अन्तःकरण
अंतस्तंत्रिक वि० नाड़ी के भीतर का
अंतस्ताप पुं० मानसिक व्यथा
अंतस्थ वि० अंत में रहनेवाला
अंतस्त्वक् वि० चमड़ी के भीतर का
अंतस्त्वचा स्त्री० भीतरी चमड़ी
अंतस्सार पुं० भीतरी आत्मा
अंतहीन वि० अनन्त
अंतिमपूर्व वि० अन्त से पहले का
अंतिमेत्थम पुं० आखिरी चुनौती
अंतिमोत्तर वि० अंत के बाद का

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अंतेवासी (सिन्) पुं० 1 शिष्य 2 गाँव के बाहर रहनेवाला
अंत्य वि० 1 अंतिम 2 अन्त में आनेवाला
अंत्यक्रिया स्त्री० अन्तिम संस्कार
अंत्यज पुं० 1 अंतिम वर्ण में पैदा हुआ 2 शूद्र
अंत्यलोप पुं० शब्द के अन्तिम वर्ण का लोप
अंत्य वर्ण पुं० शब्द के अन्त का अक्षर
अंत्यानुप्रास पुं० पंक्ति के अंत में तुक का मिलना
अंत्यावसायी (यिन्) पुं० निम्न कोटि का आदमी
अंत्येष्टि स्त्री० मृतक का अंतिम संस्कार
अंत्रप्रदाह पुं० आँत की सूजन
अंत्रवृद्धि स्त्री० 1 आँत उतरने का रोग 2 हर्निया
अंत्रांडवृद्धि स्त्री० एक प्रकार की बीमारी जिसमें आँत अंडकोष में चली जाती है
अंध वि० 1 अंधा 2 बुद्धिहीन
अंधक पुं० नेत्ररहित प्राणी
अंधकारक वि० अंधा कर देनेवाला
अंधतमस पुं० घोर अंधकार
अंधता स्त्री० दृष्टिहीनता
अंधनाल स्त्री० दे० अंधांत्र
अंध परंपरा स्त्री० देखा देखी कार्य करना
अंधांत्र स्त्री० बड़ी आँत की थैली
अंधाधुंध I स्त्री० बहुत अँधेरा II वि० विवेक रहित
अंधानुकरण पुं० बिना समझे बूझे अनुकरण करना
अंधानुयायी पुं० बिना सोचे-समझे पीछे चलनेवाला
अंधौटी स्त्री० पशु की आँख बन्द करने का ढक्कन
अंबर पुं० आकाश
अंबरचर वि० आकाश में विचरनेवाला
अंबाझोर वि० वायु की तेज़ गति
अंबालिका स्त्री० माता
अंबु पुं० जल, पानी
अंबुधर वि० बादल
अंबुनिधि वि० समुद्र
अंबुरुह पुं० कमल
अंभ पुं० जल
अंशक वि० 1 टुकड़ा 2 हिस्सा
अंशकालिक वि० थोड़े समय के लिए
अंशतः क्रि०वि० कुछ भाग में
अंशदाता (तृ) पुं० हिस्सा देनेवाला
अंशदान पुं० सहयोग देना, अवदान
अंशधारी (रिन्) पुं० भागीदार (शेयर होल्डर)
अंशन पुं० खंड करना
अंशभागी पुं० हिस्सेदार
अंशविभूति स्त्री० ईश्वर के अंशावतार की शक्ति
अंशांकित वि० अंश-अंश पर निशान लगा हुआ
अंशांश पुं० 1 अंशसूचक चिह्न 2 डिग्री
अंशांशीभाव वि० = अंगांगीभाव
अंशावतार पुं० भगवान की आंशिक शक्तियों का अवतार
अंशी I वि० II पुं० 1 पूरा 2 = अंगी
अंशु पुं० किरण
अंशुक पुं० कपड़ा, वस्त्र
अंशुमाली (लिन्) पुं० सूर्य
अंसीय वि० 1 कंधे का 2 छाती का
अकंटक वि० बाधारहित
अकंप वि० अचल
अकबकाना अ०क्रि० हक्का बक्का हो जाना
अकर्तृक वि० कर्त्ता-रहित
अकर्मण्यता स्त्री० 1 कर्महीनता 2 आलस्य
अकल्मष वि० 1 दोष-रहित 2 निष्कलंक
अकल्यता स्त्री० बेचैनी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अकांड वि० 1 सहसा 2 एकाएक
अकांडतांडव पुं० व्यर्थ की उछल-कूद
अकांडपात पुं० अकारण हो-हल्ला
अकामा वि० जिसमें काम-वासना न हो
अकाय वि० देहरहित
अकालपुरुष पुं० भगवान, ईश्वर
अकाल प्रसव पुं० असामयिक बच्चा जनना
अकालवृद्ध वि० समय से पहले बूढ़ा
अकिंचन वि० 1 गरीब 2 कंगाल
अकीक पुं० एक बहुमूल्य पत्थर
अकीदा पुं० विश्वास
अकुंठ वि० जो कुंठित न हो 2 तेज़
अकूट वि० छलहीन
अकूत वि० 1 अनगिनत 2 बेहिसाब
अकृच्छ्र पुं० 1 दुःख का अभाव 2 सरलता
अकृतकार्य वि० असफल
अकृतज्ञता स्त्री० उपकार न मानना
अकृती वि० अकुशल
अकृतीकरण पुं० किये हुए काम को अन्यथा कर देना
अकृत्यकारी (रिन) वि० दुष्कर्मी
अकृत्स्न वि० अपूर्ण, अधूरा
अकेतन वि० 1 बेघर 2 ख़ानाबदोश
अक्रांत वि० अपराजित
अक्द पुं० 1 करार 2 विवाह
अक्रियावाद पुं० यह मत कि हमारा कोई कर्म नहीं है अतः उसका फल भी नहीं है
अक्रूर वि० दयावान
अक्षंतव्य वि० 1 माफ़ न करने योग्य 2 अक्षम्य
अक्षक्रीड़ा स्त्री० पासे का खेल
अक्षत I वि० खंड-रहित II पुं० अखंड चावल
अक्षतयोनि स्त्री० कुँवारी
अक्ष-द्यूत पुं० पासे का जुआ
अक्षमता स्त्री० सक्षम न होने का भाव
अक्षय्य वि० अनश्वर
अक्षरन्यास पुं० 1 लिखावट 2 लेख
अक्षरयोजना स्त्री० 1 अक्षर जोड़ना, वर्तनी 2 कम्पोज़ करना
अक्षरशः क्रि०वि० एक-एक अक्षर करके
अक्षरी स्त्री० वर्तनी
अक्षरेखा स्त्री० वह रेखा जो किसी गोले के केन्द्र से होती हुई किसी तल के बिन्दु तक लम्ब रूप से गिरे
अक्षवाट पुं० अखाड़ा
अक्षांतर पुं० भूमध्य रेखा से दूरी
अक्षांश पुं० उत्तर से दक्षिण ध्रुव तक की रेखा
अक्षिकूट (कूटक) पुं० आँख की पुतली
अक्षिगोलक पुं० आँख का डेला
अक्षितारक पुं० आँख की पुतली
अक्षिविक्षेप पुं० कटाक्ष
अक्षुण्ण वि० 1 अखंडित 2 पूरा का पूरा
अक्षुध्य वि० जिसे भूख न लगे
अक्षोभ्य वि० शान्त
अक्षौहिणी स्त्री० सम्पूर्ण सेना
अक्स पुं० परछाईं
अक्सरियत स्त्री० बहुमत
अखरावट स्त्री० लेखन शैली
अख़लाक़ पुं० आचरण
अखिलात्मा (त्मन्) पुं० सर्वत्र व्याप्त रहने-वाला परमात्मा
अग-जग पुं० 1 जड़ और चेतन 2 सारा संसार
अगणित वि० 1 जिसकी गणना न हो सके 2 असंख्य
अगति स्त्री० ख़राब हालत
अगतिक वि० विना आश्रयवाला
अगद वि० नीरोगता
अगम्य वि० न पहुँचने योग्य
अगम्यागमन पुं० वर्जित स्त्री के साथ किया हुआ सम्भोग
अगरु पुं० अगर (लकड़ी), ऊद

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अगवाड़ा पुं० घर का अगला हिस्सा
अगवासी स्त्री० फालयुक्त लकड़ी
अगाध वि० बहुत गहरा
अगिया वि० अग्नि की तरह जलता हुआ
अगुआ पुं० 1 मार्गदर्शक 2 मुखिया
अगुणवादी (दिन) वि० दूसरों की बुराई करनेवाला
अगूढ़ वि० स्पष्ट
अगेय वि० 1 जिसका वर्णन न किया जा सके 2 जो गाया न जा सके
अगेह वि० गृहविहीन
अगोचर वि० जिसको इन्द्रियों द्वारा न जाना जा सके
अगोचरी स्त्री० मन को उन्मना कर लेने की साधना
अगोटना स०क्रि० 1 घेरना 2 छेंकना
अगोरदार पुं० देख-भाल करनेवाला
अगोरना अ०क्रि० सुरक्षा करना
अग्नि चक्र पुं० आग का गोला
अग्निज वि० आग से उत्पन्न
अग्नि-जिह्वा स्त्री० आग की लपट
अग्नि-दाह पुं० आग से जलाना
अग्निदिव्य वि० अग्नि के समान तेजवाला
अग्नि दीपक वि० भूख बढ़ानेवाला
अग्निदूत पुं० यज्ञ में बुलाये गये देवता
अग्निपक्व वि० आग में पका हुआ
अग्नि-परीक्षा स्त्री० 1 अग्नि द्वारा निर्दोष सिद्ध होना 2 कठिन परीक्षा
अग्नि-प्रस्तर पुं० आग की तरह चमकता हुआ पत्थर
अग्नि-बाहु पुं० धुँआ
अग्निमंथ पुं० घिसकर अग्नि उत्पन्न करना
अग्निमांद्य पुं० पाचन शक्ति की कमी
अग्निमुख पुं० 1 ब्राह्मण 2 देवता
अग्नि-वर्चस वि०अग्नि के समान तेजवाला
अग्निवर्धन पुं० भूख बढ़ाना
अग्निवीर्य वि० अग्नि के समान शक्तिशाली
अग्निशामक पुं०आग बुझानेवाला सिलंडर
अग्निशिखा स्त्री० आग की लौ
अग्निष्टोम पुं० स्वर्ग की इच्छा से किया जानेवाला यज्ञ
अग्नि-संस्कार पुं० दाह संस्कार
अग्निसह वि० 1 आग पर न जलनेवाला 2 जिस पर आग का असर न हो
अग्निसात वि० भस्म किया हुआ
अग्निसेवन पुं० आग तापना
अग्निस्तंभ पुं० अग्नि वशीकरण मंत्र
अग्नीय वि० आग का
अग्न्याधान पुं० 1 आग सुलगाना 2 आग की स्थापना करना
अग्न्याशय पुं० 1 पक्वाशय 2 पेट के नीचे की ग्रन्थि जिसमें खाना पचता है
अग्न्युत्पात पुं० अग्नि द्वारा हानि
अग्र वि० 1 आगे रहनेवाला 2 प्रथम, पहला
अग्रगामी वि० आगे चलनेवाला
अग्रतः क्रि०वि० 1 आगे से 2 पहले से
अग्रदीप पुं० सामने से आनेवाला प्रकाश
अग्रदूत पुं० अग्रिम सूचना देनेवाला
अग्र-महिषी स्त्री० प्रधान रानी
अग्रलेख पुं० पत्र का मुख्य सम्पादकीय लेख
अग्रसोची पुं० पहले से सोचनेवाला
अग्रसर करना स०क्रि० आगे बढ़ाना
अग्रसारण पुं० आगे भेजना
अग्रसरित वि० आगे बढ़ा हुआ
अग्रहार पुं० ब्राह्मण को मिली हुई जमीन
अग्रानीत वि० आगे लाया हुआ
अग्राह्य व्यक्ति पुं० जिस व्यक्ति को दूसरा देश ग्रहण न करे
अग्रिम वि० पेशगी
अघ पुं० पाप
अघकृच्छ्र पुं० प्रायश्चित्त में किया जानेवाला व्रत

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अघघ्न वि० पाप विनाशक

अघभोजी (जिन्) वि० बुरे कामों द्वारा भोजन चलानेवाला

अघमर्षण-कृच्छ्र पुं० 1 पाप नाश 2 प्रायश्चित्त करने के लिए किया जानेवाला कठोर व्रत

अघारि पुं० पापनाशक

अघोरी पुं० 1 औघड़ 2 घृणित वस्तुओं का व्यवहार करनेवाला

अघोष वि० जिसमें ध्वनि या नाद न हो

अघौघ पुं० 1 अधिक पाप करनेवाला आदमी 2 पापों का समूह

अघ्रेय वि० न सूंघने योग्य

अचक वि० बहुत अधिक

अचकचाना अ०क्रि० घबराना

अचक्षुदर्शन पुं० भीतरी इन्द्रियों से प्राप्त ज्ञान

अचगरी स्त्री० 1 दुष्टता 2 शरारत

अचरित भू०कृ० सदा स्थिर रहनेवाला

अचलकीला स्त्री० धरती

अचल धृति स्त्री० एक वर्ण वृत्त जिसमें 5 नगण और अन्त में एक लघु रहता है

अचला स्त्री० पृथ्वी

अचापल्य पुं० चपलता का अभाव

अचिंत्य वि० जिस पर विचार न हो सके

अचिकित्स्य वि० जिसका इलाज न हो सके

अचित स्त्री० 1 ज्ञान का अभाव 2 अचेतनता

अचिर द्युति स्त्री० क्षणिक चमक

अचिरात् क्रि०वि० 1 जल्दी 2 तत्क्षण

अचिरेण क्रि०वि० 1 तत्काल 2 तुरन्त

अचेतन वि० 1 चेतनारहित 2 मूर्च्छित रहनेवाला

अचेतनीकरण पुं० सुन्न करना

अचेष्ट वि० चेष्टारहित

अचेतिकी स्त्री० शरीर के अंग को सुन्न करने का विज्ञान

अचैना पुं० चारा काटने का गड़ा हुआ कुंदा

अच्छिन्न वि० 1 जो विभक्त न हो 2 समूचा

अच्छिन्नपत्र वि० हर समय हरा भरा

अच्युत I वि० 1 अचल 2 दृढ़ 3 अटल II पुं० विष्णु

अच्युतांगज पुं० मन्मथ, कामदेव

अछेव वि० दोष-रहित

अछोह वि० 1 क्षोभ-रहित 2 शान्त

अज वि० 1 अजात 2 अनुत्पन्न

अजंभ वि० बिना दांत का

अजगुत वि० 1 एकाएक उत्पन्न बात 2 अचम्भा

अजग़ैबी वि० 1 एकाएक होनेवाला 2 दैवी

अजन्य वि० अनुत्पन्न

अजमोद पुं० अजवाइन की तरह का एक पौधा

अजस्र वि० 1 निरंतर 2 लगातार

अजहत्स्वार्था स्त्री० लक्षणा का भेद जब लक्ष्यार्थ भिन्न होते हुए भी वाच्यार्थ हो

अजाचार पुं० = गम्यागमन

अज़ान स्त्री० 1 बांग 2 नमाज़ का बुलावा

अजिन पुं० चमड़ा

अजिर पुं० 1 आँगन 2 खुला मैदान

अज़ीज़ वि० प्यारा

अज़ीम वि० 1 विशालकाय 2 बड़ा

अजैव वि० जीव से संबंध न रखनेवाला

अज्ञातयौवना स्त्री० ऐसी नायिका जिसे यौवन आने का आभास न हो

अज्ञेयवाद पुं० यह सिद्धान्त कि आत्मा परमात्मा का ठीक-ठीक ज्ञान नहीं हो सकता, इसलिए सब ज्ञान अधूरा है

अटन पुं० घूमना-फिरना

अटंबर पुं० अटाला, ढेर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अटवीबल पुं० जंगली सेना
अट्टक पुं० ऊँचा मकान
अट्टहास पुं० 1 खिलखिलाकर हँसना 2 ठहाका
अटा स्त्री० 1 अटारी 2 कोठा
अटाटूट क्रि० वि० बिलकुल
अट्टालिका स्त्री० अटारी
अठपेजी वि० आठ पृष्ठवाला
अठवना अ०क्रि० 1 जमना 2 इकट्ठा होना
अड़गड़ा पुं० बैलगाड़ियों का अड्डा
अड़गोड़ा पुं० पशुओं के गले से पैर तक बाँधने की लकड़ी
अड़चन स्त्री० बाधा
अड़पोपो पुं० समुद्रविद्या जाननेवाला
अणि स्त्री० 1 किसी वस्तु का अगला हिस्सा 2 नोक
अणीय वि० तेज़ धारवाला
अणु पुं० छोटे से छोटा कण
अणु-तरंग स्त्री० बिजली की चमक
अणु-वीक्षण पुं० सूक्ष्म वस्तुओं का निरीक्षण
अणुव्रत पुं० जैन धर्म के छोटे व्रत — अहिंसा, सत्य, ब्रह्मचर्य आदि
अणोरणीयान् वि० 1 सबसे छोटा 2 अत्यंत सूक्ष्म
अतंद्र वि० 1 तंद्रारहित 2 सजग
अतंद्रिल वि० तंद्राविहीन
अतर्कित वि० 1 अविचारित 2 अचिंतित
अतलस्पर्शी (शिन) वि० 1 अतल को छूनेवाला 2 बहुत अधिक गहरा
अतलांत वि० जिसका कहीं अंत न हो
अताई वि० शौकिया
अतानामा पुं० दानपत्र
अति I स्त्री० हद्द II उप० बहुत अधिक
अतिकाय वि० भारी शरीरवाला
अतिकृच्छ्र वि० 1 अत्यंत विकट 2 बहुत कड़ा
अतिक्रमण पुं० 1 उल्लंघन 2 सीमा लाँघना
अतिक्रामक पुं० नियम का उल्लंघन करनेवाला
अतिघ्न वि० अधिक नाश करनेवाला
अतिचार पुं० 1 उल्लंघन 2 अनधिकार प्रवेश
अतिच्छादन पुं० आस-पास छा जाना
अतिच्छादी वि० 1 ऊपर छा जानेवाला 2 अतिव्यापी
अतिजागरण पुं० हमेशा जागते रहना
अतिजात वि० वंश में सर्वश्रेष्ठ
अतिजीवन पुं० कुल में सबके नष्ट हो जाने पर बचा रहना
अतिदेश पुं० एक धर्म या विषय या नियम का दूसरे स्थान पर आरोपण
अतिपत्ति स्त्री० 1 अतिक्रमण 2 कार्य को पूर्ण न करना
अतिपन्न भू० कृ० 1 अतिक्रांत 2 (समय) बीता हुआ
अतिपात पुं० 1 अव्यवस्था या गड़बड़ी 2 विघ्न 3 हानि
अतिप्रजन पुं० जनसंख्या का अधिक होना
अतिप्रभंजन पुं० भारी अँधड़
अतिप्रश्न पुं० अमर्यादित प्रश्न
अतिभोग पुं० निश्चित समय के उपरान्त किसी वस्तु का उपभोग करना
अतिमत पुं० सर्वमान्य सिद्धांत
अतिमति I वि० अत्यंत घमंडी II स्त्री० गर्व
अतिमा स्त्री० चरमसीमा
अतिमानव पुं० अलौकिक गुणों से संपन्न व्यक्ति
अतिरंजना स्त्री० 1 बढ़ाचढ़ाकर कहना 2 अतिशयोक्ति
अतिरंजित वि० 1 बढ़ाचढ़ाकर कहा हुआ 2 अतिशयोक्त

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अतिरेक पुं० 1 अधिकता 2 बढ़ोत्तरी
अतिवर्तन पुं० किसी वस्तु का मात्रा से अधिक उपयोग करना
अतिवस्तुवाद पुं० अतियथार्थवाद
अतिवात पुं० प्रचंड वायु
अतिवाद पुं० 1 खरी बात 2 सत्य वचन 3 मर्यादा का अतिक्रमण
अतिवादी पुं० 1 सत्य वचन बोलनेवाला 2 मर्यादा का उल्लंघन करनेवाला
अतिवाह पुं० 1 जीव का दूसरे शरीर में प्रवेश करना 2 आवश्यकता से अधिक पानी निकालने की नाली
अतिवेध पुं० 1 नज़दीकी संबंध 2 दशमी और एकादशी का एक साथ योग
अतिव्यापन पुं० =अतिच्छादन
अतिशयोक्ति स्त्री० किसी बात को बढ़ा-चढ़ाकर कहना
अतिशेष पुं० बाकी रोकड़
अतिसंघ वि० 1 वचन भंग करनेवाला 2 विधि के विरुद्ध आचरण करनेवाला
अतिसंधान पुं० निशाना लगाने के स्थान से आगे बढ़कर वार करना
अतिसर वि० तेज़ चलनेवाला
अतिसार पुं० अधिक दस्त
अतिस्वन वि० शब्द की गति से अधिक तेज़
अतिहायन पुं० 1 अति वृद्धावस्था 2 बहुत पुराना और जीर्ण हो जाना
अतींद्रिय I वि० इन्द्रिय ज्ञान के परे II पुं० आत्मा
अतीन्द्रिय दृष्टि स्त्री० जो वस्तु इन्द्रियों से परे है उसे जान लेने की दृष्टि
अतीत वि० बीता हुआ
अतुष वि० बिना भूसी का
अत्तार पुं० इत्र बेचनेवाला
अत्याय पुं० 1 मर्यादा का अतिक्रमण 2 अत्यंत लाभ
अत्याहित I वि० अरुचिकर II पुं० अरुचि
अत्युक्ति स्त्री० बढ़ा-चढ़ाकर कहना, मुबालिग़ा
अत्यूह पुं० बहुत अधिक ऊहापोह करने-वाला
अदत्त वि० 1 अदेय 2 न दिया गया
अदत्तपूर्वा स्त्री० कुंवारी कन्या
अदद पुं० 1 गिनती 2 अंक 3 इकाई
अदनीय वि० खाने योग्य, भक्ष्य
अदम पुं० 1 अनस्तित्व 2 अनुपस्थित
अदह पुं० न जल सकने वाले खनिज द्रव्य
अदह्य वि० जो जल न सके
अदाकारी स्त्री० अभिनय
अदायाद वि० जो सगोत्र न हो
अदीब वि० साहित्यकार
अदीयमान वि० जो न दिया जाय
अदूषण वि० 1 दूषितरहित 2 शुद्ध 3 स्वच्छ
अदूष्य वि० जिस पर दोष न लग सके
अदृष्टगति वि० 1 जिसकी चाल समझ में न आये 2 जो चुपचाप कार्य करे
अदृष्टवाद पुं० यह सिद्धान्त कि पाप पुण्य का फल परलोक में मिलता है
अद्यतन वि० आज तक का
अद्ययावत् क्रि०वि० अब तक
अद्रि-द्रोणी स्त्री० पहाड़ी घाटी
अद्वय I वि० 1 अद्वितीय 2 बेजोड़ II पुं० द्वैत का अभाव
अद्वयवादी (दिन) वि० अद्वैतवादी
अद्वैत I वि० अद्वितीय II पुं० द्वैत या भेद का अभाव
अद्वैतवाद पुं० यह सिद्धान्त कि आत्मा और परमात्मा एक हैं
अधः अ० नीचे, तले
अधःकाय पुं० नाभि के नीचे का शरीर
अधःशैल पुं० निचली चट्टान

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अधकपारी स्त्री० आधे सिर का दर्द
अधमांग पुं० 1 शरीर का निचला भाग 2 पाँव
अधमा दूती स्त्री० अधम कुट्टनी
अधमोद्धारक पापियों का उद्धार करनेवाला
अधररज पुं० ओठों की सुर्खी
अधरीण वि० नीचे और तिरस्कृत
अधरोत्तर वि० 1 ऊँचा-नीचा 2 अच्छा-बुरा
अधर्मज वि० हराम का
अधर्मास्तिकाय पुं० 1 अधर्मरूपी शरीर 2 जैन शास्त्र के अनुसार द्रव्य के छः भेदों में से एक
अधवट वि० आधा औटा हुआ
अधस्तन वि० 1 नीचा 2 नीचे का 3 अधीनस्थ
अधस्तल पुं० नीचे की सतह
अधस्थ वि० अधीनस्थ काम करनेवाला
अधात्विक वि० जिसमें धातु तत्त्व न हो
अधिकर पुं० निश्चित मात्रा से अधिक आय होने पर लगाया गया कर
अधिकरण पुं० 1 आधार, सहारा 2 विशेष उद्देश्य के लिए नियुक्त न्यायालय
अधिकरण सिद्धान्त पुं० वह सिद्धान्त जिसके सिद्ध होने से अन्य सिद्धान्त भी स्वयं सिद्ध हो जाय
अधिकर्मी पुं० 1 मज़दूरों के कार्यों की देखभाल करनेवाला 2 मेट
अधिकोष पुं० बैंक
अधिक्रांत वि० जिसे दवा दिया गया हो
अधिक्षेप पुं० तिरस्कार
अधिगत वि० 1 प्राप्त 2 हाथ में आया हुआ 3 समझा हुआ
अधिगम पुं० 1 प्राप्ति 2 पहुँच, गति 3 सीखना 4 जानना
अधिग्रहण पुं० अधिकार द्वारा ले लेना
अधिग्राहक पुं० वैध ढंग से ले लेना
अधित्यका स्त्री० पहाड़ के ऊपर की समतल भूमि
अधिदंत पुं० दाँत के ऊपर निकला दाँत
अधिदीप्ति वि० अत्यधिक कांतिवाला
अधिदेय पुं० उचित दाम के अतिरिक्त दिया जानेवाला रुपया
अधिदेवता पुं० बड़ा देवता
अधिनहन पुं० अपने राज्य में मिला लेना
अधिनायक पुं० सर्वाधिकार संपन्न शासक
अधिनियम पुं० एक्ट
अधिनिर्णय पुं० निर्णायकों का निर्णय
अधिनिष्कासन पुं० विधि द्वारा बेदख़ल करना
अधिन्यास पुं० दान आदि का सौंपना
अधिपति पुं० स्वामी
अधिपत्र पुं० वारंट
अधिपद पुं० नियमावली का कोई भाग
अधिपुरुष पुं० 1 परम पुरुष 2 ईश्वर
अधिप्रज वि० अधिक संतान पैदा करनेवाला
अधिभू पुं० 1 स्वामी 2 प्रधान व्यक्ति
अधिमत पुं० निर्णयात्मक मत
अधिमात्र वि० परिमाण से अधिक
अधिमानित वि० दूसरों से अच्छा समझा गया
अधिमांस पुं० मस्सा
अधिमान पुं० प्राथमिकता
अधिमुद्रण पुं० 1 अधिक छापना 2 ऊपर की गई छपाई
अधियोक्ता पुं० जो वेतन देकर मज़दूरों को अपने कारख़ाने में रखे
अधियोजन पुं० वेतन देकर किसी को काम पर लगाना
अधिराज पुं० 1 सम्राट् 2 महाराजा
अधिरोपण पुं० ऊपर लगाना
अधिरोह पुं० 1 हाथी पर चढ़ना 2 सीढ़ी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

R 491.437 BAH-U

अधिरोही वि० ऊपर चढ़नेवाला

अधिलंबन पुं० आवश्यकता से अधिक बढ़ाना

अधिवक्ता पुं० ऐडवोकेट

अधिवास पुं० 1 निवास स्थल, या स्थान 2 महासुगंध

अधिवासी पुं० दूसरे देश में जाकर बसनेवाला

अधिवेशन पुं० समारोह की बैठक

अधिशय पुं० 1 योग, जोड़ 2 जोड़ी गई वस्तु

अधिशस्त वि० कुख्यातिप्राप्त

अधिश्रय पुं० आधार

अधिशासन पुं० नियंत्रण-युक्त शासन

अधिशासी वि० नियंत्रक

अधिष्ठाता पुं० 1 अध्यक्ष 2 प्रधान

अधिष्ठान पुं० 1 पीठिका 2 स्थापना

अधिष्ठान शरीर पुं० वह सूक्ष्म शरीर जो मरने के उपरांत जीव को मिलता है

अधिष्ठापक पुं० शासन/व्यवस्था करनेवाला

अधिष्ठित भू० कृ० 1 ठहरा हुआ 2 स्थापित

अधिसंख्यक वि० निश्चित संख्या के अतिरिक्त

अधिसूचन पुं० विज्ञापन द्वारा विशेष सूचना देना

अधिसूचना स्त्री० विज्ञापन द्वारा दी गई विशिष्ट सूचना

अधिहरण पुं० 1 जब्त कर लेना 2 हथिया लेना

अधीक्षक पुं० सुपरिन्टेन्डेंट

अधीत भू० कृ० पढ़ा हुआ

अधीति स्त्री० पढ़ना

अधुनातन वि० 1 सांप्रतिक 2 हाल का 3 अब का

अधोगति स्त्री० 1 पतन, गिरावट 2 दुर्दशा

अधोग्रसनी स्त्री० गले का निचला भाग

अधोजिह्व वि० जीभ के नीचे का

अधोतर पुं० दोहरी बनावट का एक देशी कपड़ा

अधोमंगल पुं० भूमि से साढ़े सात मील तक ऊँचा वायुमंडल

अधोमूल्यन पुं० कम मूल्य लगाना

अधोरेखन पुं० शब्दादि के नीचे रेखा खींचना

अधोरेखांकन वि० शब्दादि के नीचे खींची गयी रेखा (लगाना)

अधोलंब पुं० वह खड़ी रेखा जो किसी दूसरी आड़ी रेखा पर आकर इस प्रकार गिरे कि पार्श्व के दोनों कोण समकोण हो

91094

अधोवर्ती (र्तिन्) वि० 1 नीचे की ओर रहनेवाला 2 निम्न

अधौड़ी स्त्री० सिझाया हुआ आधा चमड़ा

अध्मान पुं० पेट का अफराव

अध्यर्थ पुं० किसी वस्तु पर अधिकार जतलाना

अध्यर्थित भू० कृ० जिसके संबंध में अधिकार जताया गया हो

अध्यर्ध वि० डेढ़

अध्यवसाय पुं० 1 लगातार उद्योग 2 हिम्मत

अध्यशन पुं० 1 जरूरत से अधिक भोजन करना 2 अजीर्ण

अध्यस्त वि० आरोपित

अध्यादेश पुं० राज्य के अधिपति का आदेश

अध्यारूढ़ वि० 1 ऊपर चढ़ा हुआ 2 अधिक अच्छा या श्रेष्ठ

अध्यारोपण पुं० 1 एक के व्यापार में दूसरे को लगाना 2 ऊपर जोड़ना 3 कोई चीज दूसरी चीज पर लादना

अध्यास पुं० 1 भ्रम 2 धोखा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अध्यासन पुं॰ 1 क़ब्ज़ा 2 अधिकार
अध्यासीन वि॰ सबसे ऊपर बैठा हुआ
अध्याहरण पुं॰ छानबीन करना
अध्याहार पुं॰ 1 तर्क-वितर्क 2 ऊहापोह 3 (व्याकरण) लुप्त शब्द लगाना
अध्याहृत वि॰ 1 अध्याहार किया हुआ 2 अनुमानित
अध्युष्ट वि॰ 1 बसा हुआ 2 आबाद
अध्यूढ़ वि॰ 1 उच्च 2 समृद्ध
अध्येता पुं॰ अध्ययन करनेवाला
अध्वर्यु पुं॰ यज्ञ की सब विधियों का संपादन करनेवाला
अनंगवती स्त्री॰ 1 कामवासना से युक्त स्त्री 2 कामिनी
अनंगीकरण पुं॰ अंगीकार न करना
अनंतरज पुं॰ वह व्यक्ति जिसके पिता का वर्ण माता के वर्ण से ऊँचा हो
अनंतरित वि॰ 1 जिसमें अन्तर न पड़ा हो 2 अखंडित
अनंतरीय वि॰ 1 वंशानुक्रम में ठीक बादवाला 2 बिना अंतर का
अनंतानुबंधी पुं॰ जैन मतानुसार वह दोष जो कभी मिट न सके
अनंताभिधेय I पुं॰ ईश्वर II असंख्य नामों वाला
अनंतिम वि॰ 1 अस्थायी 2 जो अंत में नहीं है
अनंती स्त्री॰ स्त्रियों की बाँह पर बाँधने का गंडा
अनंबर वि॰ 1 वस्त्रहीन 2 नंगा
अनक़रीब क्रि॰वि॰ 1 लगभग 2 प्रायः
अनक्षिक वि॰ 1 बिना आँख का 2 अंधा
अनगार I वि॰ गृहहीन II पुं॰ घूमने फिरनेवाला
अनगुत्ते क्रि॰वि॰ सूर्य निकलने के पहले
अनघ I वि॰ 1 न सोचा हुआ 2 अनचाहा II क्रि॰वि॰ अचानक होनेवाला
अनत वि॰ 1 न झुका हुआ 2 सीधा
अनतिक्रमणीय वि॰ जिसका उलंघन न हो सके
अनद्यतन वि॰ आज के पहले या पीछे का
अनद्यतनभविष्य पुं॰ 1 आनेवाली आधी रात के बाद का समय 2 व्याकरण में भविष्यत्काल का एक भेद
अनधिगम्य वि॰ 1 जो पहुँच के बाहर हो 2 दुष्प्राप्य
अनधिमान पुं॰ तटस्थता
अनध्यास वि॰ 1 भूला हुआ 2 विस्मृत
अननुज्ञात वि॰ 1 जो स्वीकार न हो 2 जिसे अनुज्ञा न मिली हो
अननुभाषण पुं॰ न्याय में एक प्रकार का निग्रह-स्थान
अनन्य वि॰ 1 एकमात्र 2 जो दूसरे का न हो
अनन्यगति I वि॰ जिसको किसी का सहारा न हो II स्त्री॰ एकमात्र सहारा
अनन्यचित्त वि॰ 1 जिसका चित्त केवल एक स्थान पर टिका हो 2 एकाग्रचित्त
अनन्यपरता स्त्री॰ 1 एकपरायण होना 2 स्वाधीनता
अनन्य-परायण वि॰ जो किसी अन्य का न हो
अनन्यपूर्वा स्त्री॰ 1 जो पहले किसी की न रही हो 2 अविवाहिता स्त्री
अनन्यमनस्क वि॰ 1 जो अनन्य निष्ठ हो 2 दत्तचित्त
अनन्यमना वि॰ एकाग्रचित्त
अनन्यवृत्ति वि॰ जिसकी दूसरी जीविका न हो
अनन्याश्रित वि॰ किसी अन्य के आश्रित न रहनेवाला
अनन्वय पुं॰ संबंध का अभाव
अनपकरण पुं॰ हानि पहुँचाना
अनपकर्ष पुं॰ अवनति का अभाव

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj

अनपत्रप त्रि० निर्लज्ज, बेशर्म
अनपराद्ध त्रि० अपराधरहित
अनपसर त्रि० जिसमें से निकलने का रास्ता न हो
अनपाय I त्रि० 1 अनश्वर 2 अक्षय्य II पुं० 1 अनश्वरता 2 नित्यता
अनपेत त्रि० 1 अव्यतीत 2 विश्वासपात्र
अनफाँस पुं० बन्धनरहित
अनभिग्रह त्रि० 1 भेदशून्य 2 भेदभाव रहित
अनभिलषित त्रि० अवांछित
अनभिवाद्य त्रि० अभिवादन के अयोग्य
अनभिसंधि स्त्री० प्रयोजन का अभाव
अनभिहित त्रि० 1 अकथ 2 जो कहा न गया हो
अनभ्रवृष्टि स्त्री० 1 बिना बादल की वर्षा 2 अचानक होनेवाला लाभ
अनमिख त्रि० 1 बिना पलक गिराये 2 लगातार
अनम्य त्रि० 1 न झुकनेवाला 2 कड़ा
अनय पुं० 1 अमंगल 2 अनीति
अनर्घ त्रि० अमूल्य
अनर्थदर्शी त्रि० अहित सोचनेवाला
अनर्थापद पुं० अनर्थ होने की संभावना
अनर्थार्थानुबंध पुं० अपने लाभ के लिए शत्रु को सेना और धन द्वारा मदद करना
अनर्ह त्रि० 1 अयोग्य 2 अनधिकारी
अनलहक पुं० मैं सत्य हूँ
अनवकाशिक पुं० एक पैर पर खड़ा होकर तप करनेवाला ऋषि
अनवगाह त्रि० 1 बहुत अधिक गहरा 2 अथाह
अनवगीत त्रि० 1 अनिंद्य 2 अनिंदित
अनवग्रह त्रि० 1 प्रतिबंध शून्य 2 स्वच्छंद
अनवच्छिन्न त्रि० अखंडित
अनवद्य त्रि० निर्दोष
अनवधानता स्त्री० लापरवाही
अनवभ्र त्रि० 1 जो अक्षुण्ण हो 2 पूरा का पूरा
अनवर त्रि० जो छोटा न हो
अनवसान त्रि० 1 अंतरहित 2 जो समाप्त न हो
अनवस्कर त्रि० 1 मल-रहित 2 शुद्ध
अनवस्थ स्त्री० 1 अस्थिर 2 उतावला 3 अव्यवस्थित
अनवस्थान पुं० अनिश्चितता
अनवहित त्रि० 1 असावधान 2 बेपरवाह
अनवेक्षा स्त्री० 1 विधि द्वारा ध्यान न दिया जाना 2 अनदेखी
अनसूय त्रि० 1 दूसरे के दोषों को न देखनेवाला 2 अछिद्रान्वेषी
अनस्तमित त्रि० 1 जो अस्त न हुआ हो 2 जिसका पतन न हो
अनाकर्ण त्रि० अश्रुत
अनाघातित त्रि० बिना आघात या बल दिए
अनाढ्य त्रि० 1 द्रव्यहीन 2 कंगाल
अनात्म त्रि० 1 आत्मारहित 2 जड़
अनात्यांतिक त्रि० जो नित्य न हो
अनाद्यंत त्रि० जिसका आदि और अन्त न हो
अनाधृष्ट त्रि० 1 जो जीतने योग्य न हो 2 जो अधीन न हो
अनाप शनाप पुं० 1 अंडबंड 2 बकवास
अनामय I त्रि० रोग-रहित, नीरोग II पुं० तंदुरुस्ती, आरोग्य
अनामिका स्त्री० कनिष्ठा और मध्यमा के बीच की उँगली
अनामिष त्रि० निरामिष, मांसरहित
अनायत्त त्रि० 1 जो नियंत्रित न हो 2 अनाश्रित
अनार्जव पुं० 1 सिधाई का अभाव 2 सरलता का अभाव
अनार्तव पुं० स्त्री का रजस्राव बंद हो जाना

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अनार्तवा I वि० बिना ऋतु की
II स्त्री० स्त्री जो ऋतुमती न हो
अनार्षेय वि० जो आर्ष या वैदिक न हो
अनावर्ती वि० जो फिर घटित न हो
अनावासिक वि० जो स्थायी निवासी न हो
अनाविल वि० 1 स्वच्छ 2 साफ़
अनावृत्त वि० जो ढका न हो
अनासक्ति स्त्री० अलगाव
अनाह पुं० अफराव
अनाहतनाद पुं० वह शब्द जो योगियों को अपने अन्दर सुनाई देता है
अनाहूत वि० 1 बिना बुलाया हुआ 2 अनिमंत्रित
अनिजक वि० पराया
अनित्यदत्त पुं० गोद लेने के लिए कुछ समय के लिए दिया हुआ पुत्र
अनिभृत-संधि स्त्री० भूमि देकर की जानेवाली मित्रता
अनिमिष क्रि०वि० 1 पलक हिलाए बिना 2 स्थिर दृष्टि से
अनिमेष क्रि०वि० 1 बिना पलक गिराये 2 निरंतर
अनिर्दिष्ट भोग पुं० दूसरे की वस्तु को बिना आज्ञा लिए काम में लाना
अनिर्धार्य वि० जिसका लक्षण स्थिर न किया जा सके
अनिर्बंध वि० 1 बंधनरहित 2 बेरोक-टोक
अनिर्वाप्य वि० जिसे बुझाया न जा सके
अनिश क्रि०वि० 1 अनवरत 2 निरंतर
अनिष्टाशंसी वि० अनिष्ट की सूचना देनेवाला
अनिसृष्ट वि० आज्ञा न पानेवाला
अनिस्तीर्ण वि० जिससे छुटकारा न मिला हो
अनिस्तीर्णाभियोग पुं० वह अभियुक्त जिसे अभियोग से छुटकारा न मिला हो
अनीक पुं० 1 सेना 2 समूह
अनीप्सित वि० 1 अनिच्छित 2 अनचाहा
अनीहा स्त्री० 1 अनिच्छा 2 निष्कामता
अनुकथन पुं० 1 कथोपकथन 2 वार्तालाप
अनुकल्प पुं० विकल्प
अनुकाम वि० इच्छुक
अनुकारक वि० 1 किसी की नकल करनेवाला 2 नकलची
अनुकाल वि० समयानुकूल
अनुक्रमणी स्त्री० ग्रंथ के पीछे लगी सूची
अनुक्रांत वि० विधिपूर्वक संपन्न
अनुक्रिया स्त्री० एक क्रिया के उत्तर में दूसरी ओर से उत्पन्न होनेवाली क्रिया
अनुक्रोश पुं० 1 अनुकंपा 2 दया
अनुख्याता वि० पता लगानेवाला
अनुख्यान पुं० 1 खोज करना 2 भेद खोलना
अनुगंता पुं० अनुगामी
अनुगतार्थ वि० मिलते जुलते अर्थवाला
अनुगमन पुं० अलग-अलग तत्वों के आधार पर स्थिर किया जानेवाला परिणाम
अनुगुण वि० समान गुणोंवाला
अनुगुप्त वि० 1 ढका हुआ 2 रक्षित
अनुचारी पुं० 1 अनुचर 2 अनुयायी
अनुच्छिष्ट वि० 1 जो झूठा न हो 2 निर्दोष
अनुच्छेद पुं० 1 पैरा 2 कथ्यांश
अनुजीवी पुं० सहारे पर जीनेवाला
अनुज्ञप्त वि० 1 आज्ञाप्राप्त 2 लाइसेंसदार
अनुज्ञप्ति स्त्री० 1 काम करने का अधिकार पत्र 2 लाइसेंस
अनुज्ञा स्त्री० 1 आज्ञा 2 इजाजत
अनुज्ञापक वि० आज्ञा देनेवाला
अनुज्ञेय वि० जिसके संबंध में आज्ञा दी जा सकती हो
अनुतप्त वि० 1 तपा हुआ 2 गरम
अनुतान वि० वाक्य के उच्चारण में उतार-चढ़ाव

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अनुतोष पुं० 1 वह धन जो दूसरों को प्रसन्न करने के लिए दिया जाय 2 आनुतोषिक
अनुदग्र वि० 1 जो ऊँचा न हो 2 नीचा
अनुदाता पुं० अनुदान देनेवाला
अनुदात्त वि० 1 छोटा 2 तुच्छ
अनुदेश पुं० 1 शिक्षा 2 निर्देश
अनुध्वनि स्त्री० दोबारा गूंज
अनुनाद पुं० 1 प्रतिध्वनि 2 गुंजार
अनुनीत वि० 1 मर्यादित 2 अनुशासित
अनुपगत वि० अप्राप्त
अनुपंथी पुं० लकीर का फ़कीर
अनुपधि वि० 1 निश्छल 2 निष्कपट
अनुपमेय वि० अनुपम
अनुपस्कृत वि० 1 अपरिष्कृत 2 जिस पर पालिश न की गई हो
अनुपालन पुं० आज्ञा के अनुसार कार्य-वाही करना
अनुपाश्रया भूमि स्त्री० दूसरों को आश्रय देने में असमर्थ भूमि
अनुपूरक वि० बाद में बढ़ाया या जोड़ा जानेवाला
अनुपूर्ति स्त्री० बाद में पूरा करना
अनुपूर्व वि० 1 यथाक्रम 2 सिलसिलेवार
अनुपूर्व-गात्र वि० जिसके अंग सुडौल हों
अनुपूर्वतः क्रि०वि० 1 नियमित क्रम से 2 क्रमशः
अनुप्त वि० बिना बोया हुआ
अनुप्रपन्न वि० जो पीछे पड़ा हो
अनुप्रमाणन पुं० किसी वस्तु के प्रमाणित होने की पुष्टि
अनुप्रयुक्त वि० जिसका अनुप्रयोग हुआ हो
अनुप्रश्न पुं० प्रसंगानुकूल दोबारा प्रश्न
अनुप्रसक्ति स्त्री० प्रगाढ़ प्रेम या संबंध
अनुप्रस्थ वि० आड़ा, आड़े बल का
अनुप्राणन पुं० 1 जान डाल देना 2 प्राण संचारण 3 प्रेरणा
अनुप्रापण पुं० वसूली
अनुप्राशन पुं० खाना
अनुप्रास पुं० ध्वनियों का मेल जोड़
अनुबंध पुं० 1 करार 2 जोड़ी हुई वस्तु
अनुबंध-पत्र पुं० करारनामा
अनुबंधी वि० लगाव रखनेवाला
अनुबोधक पुं० परदे के पीछे अभिनेता को पाठ सुनानेवाला
अनुभक्त वि० जिसका अनुभाजन हुआ हो
अनुभाग पुं० 1 उपविभाग 2 सेक्शन
अनुभाजन पुं० 1 आवश्यकतानुसार वस्तुओं का आवंटन 2 राशन
अनुभाव पुं० 1 महिमा 2 रस का बोध करानेवाले लक्षण
अनुभावक वि० अनुभूति करानेवाला
अनुभाव्य वि० जिसका अनुभव किया जाने योग्य हो
अनुमध्यमस्तिष्क पुं० दिमाग के मध्य का पिछला भाग
अनुमरण पुं० पति के साथ सती होना
अनुमस्तिष्क पुं० दिमाग का पिछला भाग
अनुमित वि० 1 अनुमान किया हुआ 2 तर्कगत
अनुमिति स्त्री० अनुमान
अनुमृता स्त्री० पति के साथ सती होने-वाली
अनुमेय वि० अनुमान के योग्य
अनुमोदन पुं० समर्थन
अनुयाचक पुं० अनुरोधपूर्वक माँग करने-वाला व्यक्ति
अनुयात्रिक वि० यात्रा में साथी
अनुयान पुं० 1 अनुगमन 2 पीछे चलना
अनुयुग पुं० किसी युग का भाग
अनुयोक्ता I वि० 1 जिज्ञासा करनेवाला II पुं० परीक्षक
अनुयोग पुं० 1 जिज्ञासा 2 कार्य में लग जाना
अनुयोजन पुं० कार्यान्वयन

CC-0. In Public Domain.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अनुयोज्य त्रि० 1 जिसके बारे में पूछ-ताछ की जानी हो 2 जो कार्य में परिणत हो सके

अनुरंजक त्रि० मन बहलानेवाला

अनुरणन पुं० 1 गूंज 2 ध्वनि का अनुकरण

अनुरथ्या स्त्री० 1 सड़क का किनारा 2 पटरी

अनुरहस त्रि० 1 गुप्त 2 गोपनीय 3 एकान्त

अनुरात्र क्रि० वि० 1 प्रतिरात्रि 2 रात्रि में

अनुराध पुं० 1 विनती 2 आराधना 3 याचना

अनुरेखण पुं० ट्रेस करना

अनुर्वर त्रि० 1 बंजर 2 ऊसर

अनुलंब पुं० निश्चय और अनिश्चय के बीच की स्थिति

अनुलंबन पुं० अस्थायी रूप से किसी को काम करने से रोकना

अनुलग्न त्रि० 1 संलग्न 2 किसी के साथ लगा हुआ

अनुलाप पुं० बात दोहराना

अनुलिपि स्त्री० 1 लेख की नकल 2 प्रतिलिपि 3 दूसरी प्रति

अनुलेप पुं० 1 सुगंधित लेप 2 दूसरा लेप

अनुलोम पुं० 1 ऊपर से नीचे आने का क्रम 2 बँधे हुए क्रम से अलग

अनुलोमज त्रि० (वह बच्चा) जो अनुलोम विवाह से उत्पन्न हुआ हो

अनुलोमन पुं० ओषधि जो पेट के मल को बाहर निकाल दे

अनुलोमा स्त्री० पति से निम्न वर्ण की पत्नी

अनुवंश पुं० 1 वंशावली 2 किसी वंश की परम्परा

अनुवत्सर I पुं० ज्योतिष के अनुसार पांच वर्ष के युग का चौथा वर्ष II क्रि० वि० 1 प्रतिवर्ष 2 सालाना

अनुवर्तन पुं० 1 किसी की इच्छा के अनुसार व्यवहार करना 2 अनुसरण

अनुवर्ती त्रि० 1 अनुसरण करनेवाला 2 अनुगामी

अनुवशता स्त्री० किसी के अधीन रहना

अनुवासन-वस्ति स्त्री० 1 शरीर के अन्दर औषध पहुँचाने की पिचकारी 2 सुगंधित करने का यंत्र

अनुविद्ध त्रि० 1 वेधा हुआ 2 खचित

अनुविष्ट त्रि० टाँका हुआ

अनुवृत्त पुं० बाद की घटना

अनुवृत्ति स्त्री० 1 दोहराव 2 एक बार कही हुई बात को दुबारा कहना 2 पेंशन 3 अनुवर्तन

अनुवृत्तिधारी (रिन) पुं० अनुवृत्ति पानेवाला (पेन्शनर)

अनुवेश पुं० पीछे प्रवेश करना

अनुवेशिका स्त्री० 1 प्रवेश-पत्र 2 वीज़ा

अनुव्याहरण पुं० 1 बार-बार दोहराना 2 पुनरुक्ति

अनुव्रत त्रि० कर्तव्यपरायण

अनुशंसा स्त्री० सिफ़ारिश

अनुशय पुं० 1 पूर्व द्वेष 2 पुराना वैर

अनुशयान त्रि० पश्चात्ताप करनेवाला

अनुशर पुं० राक्षस

अनुशास्ता पुं० अनुशासक

अनुशास्ति स्त्री० अनुशासन की कार्रवाई

अनुशिष्टि स्त्री० आदेश, शिक्षा

अनुशीलन पुं० चिंतन-मनन

अनुशेष पुं० बाकी जोड़ा हुआ भाग

अनुशोक पुं० 1 पश्चात्ताप 2 खेद

अनुशोधन पुं० दोहराते हुए सुधार करना

अनुश्रव पुं० धार्मिक परंपरा

अनुश्रवण पुं० परंपरा

अनुश्रुति स्त्री० परंपरा से सुनी हुई बात

अनुषंग पुं० 1 करुणा 2 दया 3 संबंध,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लगाव
अनुषक्त वि० संलग्न
अनुषक्ति स्त्री० 1 आसक्ति 2 भक्ति भाव 3 निष्ठा
अनुषेक पुं० बार-बार सींचना
अनुष्ठातव्य वि०अनुष्ठान किए जाने योग्य
अनुसंधान पुं० खोज
अनुसंधित्सु वि० अनुसंधान या खोज की इच्छा करनेवाला
अनुसंहत वि० अनुकूल
अनुसचिव पुं० अवर सचिव
अनुसारक वि० अनुसरण करनेवाला
अनुसीमन पुं० प्रश्नपत्र को नियमानुकूल बनाना
अनुसीमा स्त्री० किसी क्षेत्र के आस-पास का क्षेत्र
अनुसूची स्त्री० पीछे जोड़ी गई सूची
अनुसृत वि० 1 अनुसरण किया हुआ 2 अनुगत 3 प्रवाहित
अनुसृति स्त्री० 1 अनुसरण 2 पीछे जाना
अनुस्मरण पुं०पुरानी बातों को याद करना
अनुस्मारक पुं० याद दिलानेवाला (पत्र)
अनुस्यूत वि० 1 सिया हुआ 2 पिरोया हुआ 3 गुंफित
अनुहरण पुं० 1 अनुकरण 2 नकल करना
अनुहर्ता पुं० नकल उतारनेवाला
अनुहार्य वि० नकल करने योग्य
अनूक्त वि० पीछे उच्चरित
अनूढ़ वि० 1 अविवाहित 2 जो वहन न किया गया हो
अनूदन पुं० 1 बात को दोहराना 2 अनुवाद करना
अनूद्य वि० अनुवाद करने योग्य
अनूप I वि० 1 उपमा-रहित 2 अनुपम II पुं० 1 धँसान 2 दलदल
अनूर्जित वि० 1 शक्तिहीन 2 कमजोर
अनूर्ध्व वि०1 जो ऊँचा न हो 2 नीचा सा
अनूर्मि वि० बिना तरंग का
अनूह वि० अतर्क्य
अनृत वि० 1 मिथ्या 2 झूठ
अनेकांतवाद पुं० जैन दर्शन में स्यादवाद
अनेकाग्र वि० अनेक कामों में लगा हुआ
अनेरा वि० 1 झूठ 2 व्यर्थ 3 निष्प्रयोजन
अनैकांतिक वि० अस्थिर
अनैकांतिक हेतु पुं० वह हेतु जो साध्य का एकमात्र साधन न हो
अनैक्य पुं० अनेकता
अनौपम्य पुं० अनुपम होना
अनौरस वि०जो विवाहित पत्नी से उत्पन्न न हो
अन्नकूट पुं० अन्न की राशि
अन्न-प्राशन पुं०बच्चों को पहले पहल अन्न चखाने का संस्कार
अन्नमय वि० भौतिक
अन्नमय-कोश पुं० वेदांत के अनुसार शरीर के पंचकोशों में से प्रथम 2 स्थूल शरीर
अन्न सत्र पुं० 1 वह स्थान जहाँ भूखों को भोजन दिया जाता है 2 भंडारा, लंगर
अन्यतम वि० 1 अद्वितीय 2 श्रेष्ठ
अन्यत्व भावना स्त्री० जीवात्मा को शरीर से भिन्न समझना
अन्यत्रवासी पुं० निश्चित स्थान पर न रहनेवाला
अन्यथा क्रि०वि० 1 नहीं तो 2 और का और
अन्यपुरुष पुं० (व्याकरण में) अनुपस्थित व्यक्ति या वस्तु
अन्यमनस्क वि० जिसका ध्यान दूसरी तरफ लगा हो
अन्यमातृज वि० सौतेली माता से उत्पन्न
अन्यसंक्रमण पुं० (संपत्ति) किसी दूसरे के नाम कर देना
अन्य-संगम पुं० परायी स्त्री से संबंध

CC-0. In Public Domain

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

करना
अन्यापदेश पुं० ऐसा कथन जो अन्य प्रसंग में भी सार्थक हो
अन्योक्ति स्त्री० ऐसी उक्ति जिससे दूसरा अर्थ निकलता हो
अन्योदर्य वि० दूसरी के पेट से पैदा
अन्योन्य वि० आपस में
अन्योन्य-प्रजनन पुं० 1 विभिन्न जाति के पशुओं के पारस्परिक संसर्ग द्वारा पशु उत्पन्न करना 2 संकरण
अन्योन्याभाव पुं० एक वस्तु का दूसरी वस्तु न होना
अन्योन्याश्रय पुं० 1 परस्पर का सहारा 2 एक दूसरे की अपेक्षा
अन्वक्ष वि० 1 प्रत्यक्ष 2 साक्षात् 3 पीछे या बाद का
अन्वय-व्यतिरेक पुं० 1 मेल और विरोध 2 सहमति और असहमति 3 नियम और अपवाद
अन्वय-व्याप्ति स्त्री० निश्चय या स्वीकारात्मक तर्क
अन्वर्थ वि० अर्थ के अनुसार 2 सार्थक 3 अर्थयुक्त
अन्वादिष्ट वि० पहले के नियम की ओर संकेतित
अन्वादेश पुं० पहले के नियम की ओर संकेत करना
अन्वारोहण पुं० 1 किसी के पीछे चढ़ना 2 पति के शव के साथ चिता पर चढ़ना
अन्वासन पुं० दूसरे के बाद आसन ग्रहण करना
अन्वाहिक वि० 1 दैनिक 2 रोज़मर्रा
अन्वितार्थ पुं० 1 लगनेवाला अर्थ 2 छिपा हुआ अर्थ 3 गूढ़ आशय
अन्विति स्त्री० 1 = अन्वय 2 मेल 3 परस्पर संबद्धता
अन्वीक्षण पुं० 1 ध्यान से देखना 2 ग़ौर 3 विचार
अन्वीक्षा स्त्री० विचारणा
अन्वेषी(षिन्) वि० खोज करनेवाला
अन्वेष्टव्य वि० जिसकी खोज होने को हो या हो सकती हो
अप- उप० बुरा, दुर्; दूर, परे
अपंग वि० लूला-लँगड़ा
अपकरुण वि० 1 निठुर 2 निर्दय
अपकर्ष पुं० 1 ह्रास 2 उत्कर्ष का विलोम 3 गिरावट
अपकर्तन पुं० ऐंठना 2 ज़बरदस्ती लेना
अपकृत्य पुं० 1 हानि 2 अपकार
अपकृष्ट वि० 1 पतित 2 भ्रष्ट 3 जिसका महत्त्व घट गया हो
अपकेन्द्री (द्रिन्) वि० केंद्र से दूर हटनेवाला
अपक्रम पुं० उलटा क्रम
अपक्रमण पुं० अपक्रम करना 2 अपना विरोध प्रकट करते हुए सभा आदि का बहिष्कार करना
अपक्रोश पुं० गाली देना, निंदा करना 2 बहुत अधिक चीखना
अपक्वता स्त्री० 1 कच्चापन 2 असिद्धता
अपक्षय पुं० 1 छीजना 2 नाश 3 कमी
अपक्षेपण पुं० फेंकना 2 गिराना
अपगा स्त्री० नदी
अपघटन पुं० 1 वियोजन 2 सड़ाव
अपचय पुं० 1 क्षति 2 हानि 3 व्यय 4 कमी
अपचायी वि० 1 क्षयकारी 2 हानिकर
अपचार पुं० 1 अनुचित वर्ताव 2 बुरा आचरण
अपचिति स्त्री० 1 हानि 2 नाश 3 व्यय
अपच्छेद पुं० 1 काट देना 2 अलग कर देना 3 हानि
अपजात वि० जिसमें अपने उत्पादक वर्ग के पूरे-पूरे गुण न आये हों

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अपटी स्त्री० 1 परदा 2 कपड़े की दीवार
अपटीक्षेप पुं० नाटक में परदा हटाकर पात्रों का रंगमंच पर सहसा प्रवेश
अपण्य वि० जो बेचने के लिए न हो
अपतंत्रक पुं० (प्रायः स्त्रियों का) हाथ पैर ऐंठ जाने का रोग
अपतानिका स्त्री० पेशी तनने का रोग
अपत्य पुं० 1 संतान 2 वंशज
अपत्य-विक्रयी (यिन्) वि० अपनी संतान बेचनेवाला
अपत्रप वि० 1 निर्लज्ज 2 धृष्ट
अपदान पुं० अच्छा और प्रशंसनीय कार्य
अपदिष्ट वि० बहाने से कथित
अपदेश पुं० बहाना
अपधर्मिता स्त्री० धर्म-विरुद्ध आचरण
अपध्वंस पुं० 1 नाश 2 पराजय
अपध्वस्त पुं० 1 पराजित 2 हारा हुआ 3 परास्त 4 नष्ट
अपनपौ पुं० 1 अपनापन 2 निजत्व
अपनयन पुं० 1 हटा देना 2 हटा लेना
अपनिर्वचन पुं० 1 भ्रांत व्याख्या 2 ग़लत अर्थ
अपनिहित वि० ग़लत रखा हुआ
अपनीत वि० 1 दूर किया हुआ 2 हटाया हुआ
अपनेता वि० हर ले जाने वाला
अपनोद पुं० 1 दूर करना 2 हटाना
अपप्रजाता स्त्री० ऐसी स्त्री जिसका गर्भ-पात हो गया हो
अपप्रदान पुं० 1 घूस 2 रिश्वत
अपभाषा स्त्री० 1 अपभ्रष्ट भाषा 2 गाली
अपभुक्त वि० जिसका अपभोग हुआ हो
अपभ्रंशित वि० 1 गिरा हुआ 2 बिगड़ा हुआ
अपमर्दन पुं० बुरी तरह से कुचलना
अपमर्श पुं० 1 घर्षण 2 अपहरण 3 निंदा
अपमार्जन पुं० 1 संशोधन 2 सफ़ाई करना
अपमिश्रण पुं० मिलावट (करना)
अपमृत्यु पुं० 1 आकस्मिक मृत्यु 2 अकाल मृत्यु
अपमृषित वि० जो समझने योग्य न हो
अपयोजन पुं० 1 अनुचित रूप से उपयोग में लाना 2 ग़लत जोड़ना
अपरक्त वि० राग-रहित
अपरक्ति स्त्री० अनुराग या प्रेम का अभाव
अपरकाम्य वि० जो दूसरे को न सौंपा जाय
अपरता स्त्री० 1 अपर होने का भाव 2 ग़ैरपन
अपरति स्त्री० प्रेम का अभाव
अपरद पुं० रद्दी माल
अपरदन पुं० 1 क्षय 2 क्षीणता
अपर-प्रणेय वि० दूसरों से जल्दी प्रभावित होनेवाला
अपरा स्त्री० 1 दूसरी 2 अध्यात्म के अतिरिक्त अन्य विद्या 3 लौकिक विद्या
अपराग पुं० 1 राग या प्रेम का अभाव 2 वैर
अपरामृष्ट वि० 1 अछूता 2 अव्यवहृत 3 कोरा
अपरार्क वि० सूर्य तुल्य, तेजस्वी
अपरार्द्ध पुं० दूसरा या बाद वाला आधा अंश
अपरावर्ती (तिन) वि० जो पीछे न हटे
अपरिगत वि० 1 अज्ञात 2 अपरिचित
अपरिगृहीतागमन पुं० पुरुष का कुमारी या विधवा के साथ गमन करना और स्त्री का कुमार या रंडुवा के साथ गमन करना
अपरिग्रह पुं० 1 अस्वीकार 2 जीवन निर्वाह के लिए जो आवश्यक है उसे छोड़कर कुछ न लेना
अपरिच्छद वि० 1 आवरण से रहित 2 खुला हुआ 3 दरिद्र

CC-0. In Public Domain

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अपरिणीत वि० अविवाहित
अपरिशेष वि० अविनाशी
अपरिष्कृत वि० 1 असंस्कृत 2 जो साफ़ न किया गया हो
अपरिसर वि० 1 दूर का 2 अविस्तीर्ण 3 अप्रशस्त
अपरिहार्य वि० जिसे टाला या हटाया न जा सके
अपरोधन पुं० टोकना
अपरोप(ण) पुं० 1 उन्मूलन 2 विध्वंस
अपर्तु वि० ठीक समय पर न होनेवाला
अपलक्षण पुं० अशुभ लक्षण
अपलापिका स्त्री० 1 अतिशय लालसा 2 तृष्णा 3 पिपासा, प्यास
अपलाभ पुं० अनुचित रूप से प्राप्त किया हुआ लाभ
अपलेखन पुं० बट्टे खाते लिखना
अपवरण पुं० 1 आवरण दूर करना 2 परदा हटाना
अपवर्जन पुं० 1 छोड़ना 2 छुटकारा
अपवर्जित पुं० 1 छोड़ा हुआ 2 त्यागा हुआ
अपवर्तक वि० अपवर्त्तन करनेवाला
अपवर्त्तन पुं० किसी में से कुछ निकाल या ले लेना
अपवर्त्य पुं० (गणित) गुणज
अपवहन पुं० किसी चलती हुई चीज़ का अपने स्थान से इधर-उधर चला जाना
अपवाचक पुं० 1 चुग़लख़ोर 2 इधर की उधर लगानेवाला 3 निंदक
अपवाचा स्त्री० 1 अनुचित कथन 2 गाली 3 निंदा, अपवाद
अपवाचिता स्त्री० व्याकरण-विरुद्ध वाक्य
अपवादक पुं० 1 निंदक 2 चुग़लख़ोर
अपवादित वि० निंदित
अपवारण पुं० 1 व्यवधान 2 रोक 3 हटाना
अपवारित वि० दूसरों से अलग
अपवाह पुं० नाली
अपवाहक पुं० स्थानांतरित करनेवाला
अपवाहन पुं० स्थानांतरित करना 2 भिन्न में घटाना 3 बाकी
अपविघ्न वि० बाधा से रहित
अपविद्ध वि० वेधा हुआ
अपवृत्ति स्त्री० 1 छेद, सूराख़ 2 त्रुटि 3 दोष
अपवृद्धि स्त्री० बुरी तरह बढ़ जाना
अपशंक वि० 1 शंकारहित 2 निर्भीक 3 निडर
अपशिष्ट वि० 1 रद्दी 2 बचा खुचा
अपश्वास पुं० अपानवायु
अपश्रय पुं० तकिया
अपसद पुं० उच्च जाति के पुरुष और निम्न जाति की स्त्री से उत्पन्न संतान
अपसरक वि० भाग जानेवाला
अपसरण पुं० 1 दूर होना 2 हटना 3 भाग जाना
अपसर्जन पुं० 1 छोड़ना 2 त्याग 3 मोक्ष
अपसर्पित वि० पीछे की ओर हटा हुआ
अपसव्य वि० 1 सव्य का उलटा 2 दाहिना 3 दक्षिण 4 उलटा 5 विरुद्ध
अपसव्य ग्रहण पुं० दाहिनी ओर से लगनेवाला ग्रहण
अपसामान्य वि० सामान्य से घटा-बढ़ा
अपसार पुं० दूर हटना या निकल भागना
अपसारण पुं० 1 दूर करना 2 निकाल बाहर करना 3 हटाना
अपसृत वि० हटा दिया गया
अपस्कर पुं० 1 गाड़ी का कोई हिस्सा 2 ढाँचा 3 विष्ठा, मल
अपस्तंब पुं० छाती के भीतर एक ओर स्थित कोश जिसमें प्राण वायु रहता है
अपस्फीति स्त्री० विस्फीति
अपस्मार पुं० मिरगी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अपहृत वि० 1 नष्ट किया हुआ 2 मारा हुआ 3 दूर किया हुआ 4 हटाया हुआ

अपहनन पुं० बुरी तरह मार डालना

अपहरण पुं० उठा ले जाना

अपहर्त्ता वि० अपहरण करनेवाला

अपहार पुं० 1 लूट 2 ले जाना

अपहास पुं० 1 अनुचित हास्य 2 मज़ाक

अपहित पुं० 1 हानि 2 अलाभ

अपह्नुति स्त्री० 1 दुराव 2 छिपाव 3 बहाना 4 टालमटोल 5 बहानेबाज़ी

अपांक्त वि० 1 पंक्ति से हटाया हुआ 2 जाति-बहिष्कृत

अपांग पुं० 1 आँख का कोना 2 आँख की कोर

अपांशुला वि० पतिव्रता

अपाकरण पुं० 1 दूर करना 2 हटाना 3 कारबार बंद करना

अपाटव पुं० 1 अकुशलता 2 अनाड़ीपन

अपादान पुं० किसी चीज़ में से कुछ निकाल लेना या हटाना

अपान पुं० पाँच प्राणों में से एक जिसकी गति नीचे की ओर रहती है, पाद

अपान-द्वार पुं० गुदा

अपानृत वि० 1 झूठ से रहित 2 सत्य

अपामार्जन पुं० 1 शुद्धि 2 सफ़ाई 3 निवारण

अपाय पुं० 1 अलगाव 2 पीछे हटना 3 हानि या क्षति

अपारग वि० जो पार जानेवाला न हो

अपारदर्शिता स्त्री० वह स्थिति जिसमें प्रकाश पार न जा सके

अपारदर्शी वि० जिसके आर-पार न देखा जा सके

अपार्थ वि० 1 अर्थहीन 2 निरर्थक 3 निष्प्रयोजन 4 व्यर्थ

अपावरण पुं० आवरण हटाना

अपावर्तन पुं० 1 पलटाव 2 वापसी

अपावृत्त वि० 1 जो बन्द न हो 2 खुला

अपाश्रय वि० 1 बेसहारा 2 निराधार 3 आश्रयहीन 4 असहाय

अपिच अव्य० 1 और भी 2 पुनश्च 3 बल्कि

अपिधान पुं० 1 आच्छादन 2 आवरण

अपिहित वि० 1 आच्छादित 2 ढका हुआ

अपुष्कल वि० 1 बहुत नहीं 2 थोड़ा 3 तुच्छ 4 निम्न

अपूप पुं० 1 गेहूँ 2 शहद का छत्ता

अपूर्णभूत पुं० व्याकरण में क्रिया का वह भूतकाल जिसमें क्रिया की समाप्ति न पाई जाय

अपूर्ववाद पुं० ब्रह्म सम्बन्धी वाद-विवाद या परिचर्चा

अपृक्त वि० 1 बेमेल 2 बेजोड़ 3 बिना मिलावट का

अपेक्षण पुं० चारों ओर देखना 2 आसरा देखना

अपेक्षणीय वि० जिसकी अपेक्षा करना आवश्यक हो

अपोगंड वि० सोलह वर्ष के ऊपर की अवस्थावाला

अपौत्तिक वि० जिसमें सड़न या दुर्गंध न आई हो

अपौरुषेय वि० पौरुष या वीरता का अभाव

अप्रकंप वि० 1 कंपहीन 2 जिसे हिलाया न जा सके

अप्रकृत वि० अस्वाभाविक

अप्रकृताश्रित श्लेष पुं० श्लेष नामक शब्दालंकार का एक भेद जिसमें प्रस्तुत और अप्रस्तुत का श्लेष हो

अप्रज वि० जिसे संतान न हो

अप्रति वि० 1 अप्रतिम 2 बेजोड़

अप्रतिघ वि० 1 जिसे रोका न जा सके 2 अदम्य 3 अजेय

अप्रतिपत्ति स्त्री० प्रकृत अर्थ समझने की

CC-0. In Public Domain

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अयोग्यता

अप्रतिपन्न वि० जिसे अपने कर्तव्य का ज्ञान न हो

अप्रतिभ वि० 1 प्रतिभाशून्य 2 चेष्टाहीन 3 उदास

अप्रतिभाव्य वि० जिसमें जमानत न ली जा सकती हो

अप्रतिहत वि० जो हारा न हो

अप्रमित वि० 1 बेनाप 2 असीम

अप्रमेय वि० जो नापा न जा सके

अप्रयुक्तत्व पुं० शब्द का व्यवहार में न रह जाना

अप्रलंब वि० 1 फुर्तीला 2 तत्पर

अप्राकरणिक वि० विषय या प्रकरण से जिसका लगाव न हो

अप्राप्तयौवना स्त्री० जिसकी युवावस्था अभी न आई हो

अप्राप्तवय(स) वि० 1 नाबालिग

अप्रायिक वि० जो प्रायः न होता हो

अफ़ज़ल वि० 1 उत्तम 2 श्रेष्ठ

अफरन स्त्री० पेट फूलने का रोग

अफला स्त्री० वह स्त्री जिसे संतान न होती हो

अबतरी स्त्री० 1 और बुरा होने की अवस्था 2 अधःपतन 3 अवनति

अबरू पुं० भौंह

अबलक वि० चितकबरा

अबवाब पुं० वह कर जो सरकार मालगुजारी पर लगाती है 2 अधिकर

अबादान वि० 1 बसा हुआ 2 भरा पूरा

अबाध वि० 1 बाधा रहित 2 बेरोक

अब्ज पुं० 1 जल से उत्पन्न 2 कमल

अब्द पुं० वर्ष, साल

अब्धि पुं० 1 तालाब 2 सरोवर 3 समुद्र

अब्धिज पुं० समुद्र से उत्पन्न वस्तु

अभयदान पुं० 1 भय से बचाने का वचन देना 2 निर्भय करना

अभयपत्र पुं० सुरक्षा के आश्वासन का लिखित पत्र या अभिलेख

अभर्तृका वि० 1 जिसका पति न हो 2 कुमारी या विधवा (स्त्री)

अभिकलन पुं० परिकलन का गंभीर रूप

अभिकल्प पुं० डिज़ाइन

अभिकांक्षा स्त्री० 1 अभिलाषा 2 इच्छा

अभिकाम वि० 1 इच्छुक 2 अभिलाषी 3 प्रेमी 4 कामुक

अभिक्रम पुं० 1 आगे की ओर बढ़ना 2 सुविचारित आक्रमण

अभिक्रमण पुं० 1 सेना का शत्रु के संमुख जाना 2 आगे की ओर बढ़ना

अभिक्रांति स्त्री० 1 हटाना 2 विस्थापन

अभिक्रिया स्त्री० रसायनिक विकार

अभिक्रोश पुं० 1 निंदा करना 2 कुवाच्य बोलना 3 चिल्लाना

अभिख्या स्त्री० 1 शोभा 2 कीर्ति

अभिख्यान पुं० 1 नाम 2 प्रसिद्धि 3 यश

अभिगृहीत वि० जिसका अभिग्रहण हुआ हो

अभिग्रस्त वि० शत्रु द्वारा दबाया हुआ

अभिग्रहण पुं० राज्य द्वारा संपत्ति प्राप्त कर लेना

अभिचार पुं० मंत्र-तंत्र द्वारा मारण और उच्चाटन आदि हिंसा कर्म

अभिचारक पुं० तंत्र-मंत्र द्वारा मारण आदि कर्म करनेवाला

अभिजन पुं० 1 कुल 2 वंश 3 परिवार

अभिजागर पुं० वह व्यक्ति जो परीक्षा में बैठे हुए विद्यार्थियों पर निगाह रखता है

अभिजात तंत्र पुं० वह शासन प्रणाली जिसमें राज्य प्रबंध उच्च कुल के हाथ में रहता है

अभिजित वि० विजित

अभिज्ञा स्त्री० पहचान

अभिज्ञान पुं० 1 पहचान 2 वह चिह्न

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जिससे कोई वस्तु पहचानी जाय

अभिज्ञापक वि० जानकारी या सूचना देनेवाला

अभिज्ञापन पुं० सार्वजनिक जानकारी कराना

अभितः अव्य० चारों ओर से

अभिदान पुं० 1 शासन की ओर से उद्योग-धंधों की अभिवृद्धि के लिए उनके संचालकों को दी जाने वाली सहायता

अभिदिष्ट वि० 1 संकेतित 2 संदर्भित

अभिदेश पुं० 1 संकेत 2 संदर्भ

अभिदेशक वि० संकेत करनेवाला

अभिदेशना स्त्री० किसी विधेयक को मतदाताओं का मत जानने के लिए अभिदिष्ट करना

अभिद्रोह पुं० 1 निष्ठुरता 2 निन्दा

अभिधमन पुं० तेज़ हवा बहना

अभिधर्म पुं० 1 श्रेष्ठ धर्म 2 बौद्ध धर्म का परम सत्य

अभिधा स्त्री० 1 शब्द 2 संज्ञा 3 मुख्यार्थ

अभिधान पुं० 1 नाम 2 उक्ति 3 शब्द-कोश

अभिधारणा पुं० कब्ज़ा

अभिधावक वि० आक्रामक

अभिधावन पुं० आक्रमण

अभिधेय वि० 1 नामवाला 2 विषय वस्तु

अभिनव वि० 1 नवीन 2 ताजा

अभिनिर्णय पुं० फ़ैसला

अभिनिर्णायक पुं० निर्णय देनेवाला

अभिनिवेश पुं० 1 गति 2 पैठ 3 मनोयोग 4 तत्परता

अभिनिवेशित वि० प्रविष्ट

अभिनिष्क्रमण पुं० 1 बहिर्गमन 2 गृह का परित्याग

अभिन्यस्त वि० जमा किया हुआ

अभिन्यास पुं० 1 जमा कर रखना 2 पूर्व योजना द्वारा निर्माण

अभिपत्ति स्त्री० 1 समीप आना 2 पहुँच

अभिपत्र पुं० गूढ़ विषय से संबंधित पत्र

अभिपद पुं० किसी निश्चय का अंगभूत परिच्छेद

अभिपन्न वि० 1 विपत्तिग्रस्त 2 अभागा

अभिपुष्ट वि० अच्छी तरह पुष्ट किया हुआ

अभिपूर्ति स्त्री० अच्छी तरह (वचन, उत्तरदायित्व आदि) पूरा करना

अभिपोषण पुं० 1 समर्थन 2 पुष्टि

अभिप्राणन पुं० सांस बाहर छोड़ना

अभिप्लव पुं० 1 उत्पात 2 बाढ़

अभिभव पुं० 1 पराजय 2 अनादर 3 प्राबल्य

अभिभावी वि० प्रबल

अभिभाषण पुं० लिखित भाषण

अभिमण्डन पुं० 1 भूषित करना 2 समर्थन करना

अभिमन्त्रण पुं० 1 मन्त्र द्वारा संस्कार 2 मंत्र फूंकना 3 जादू करना 4 आवाहन

अभिमंत्रित वि० मंत्र द्वारा शुद्ध किया हुआ

अभिमर्दन पुं० 1 पीसना 2 कष्ट देना

अभिमर्षण पुं० 1 स्पर्श करना 2 सम्भोग 3 आक्रमण

अभिमाद पुं० 1 मद 2 खुमार

अभिमुक्ति स्त्री० छुटकारा

अभिमृष्ट वि० 1 स्पर्श किया हुआ 2 आक्रान्त 3 हारा हुआ

अभियन्ता पुं० इंजीनियर

अभियांत्रिकी स्त्री० इंजीनियरिंग (विद्या)

अभियानिक वि० 1 अभियान सम्बन्धी 2 अभियान के रूप में होनेवाला

अभियुक्ति स्त्री० 1 अभियोग 2 दोषारोपण

अभियोजन पुं० दोषी ठहराना

अभिरंजन पुं० 1 रँगना 2 अनुरक्त करना

अभिरक्षा स्त्री० 1 देख-रेख 2 निगरानी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अभिरत वि० 1 अनुरक्त 2 लगा हुआ
अभिरमण पुं० आनन्द मनाना
अभिराम वि० 1 आनन्ददायक 2 रुचिकर
अभिरूप वि० 1 रमणीय 2 अनुरूप
अभिरोपण पुं० वृक्षारोपण
अभिलक्षित वि० 1 अंकित 2 बताया हुआ
अभिलाप पुं० 1 संकल्प वाक्य 2 वर्णन
अभिलाषक वि० आकांक्षा करनेवाला
अभिलिखित वि० 1 लिखा हुआ 2 रिकार्ड किया हुआ
अभिलेखपाल पुं० काग़ज़ात की देख-रेख करनेवाला अधिकारी
अभिलेखन पुं० 1 उत्कीर्णन करना 2 रिकार्ड करना
अभिवंचन पुं० ठगना
अभिवंदन पुं० वंदगी, स्तुति
अभिवक्ता पुं० वकील, प्लीडर
अभिवचन पुं० 1 इकरार 2 वकील का कथन
अभिवर्तन पुं० 1 आगे बढ़ना 2 हमला करना
अभिवर्धन पुं० 1 बढ़ाना 2 किसी छोटे रूप को बड़ा रूप देना
अभिवांछा स्त्री० आकांक्षा
अभिवृत्ति स्त्री० रवैया
अभिवृद्धि स्त्री० समृद्धि, उन्नति
अभिव्यंजक वि० 1 बोधक 2 भावबोधक
अभिव्यंजन पुं० अभिव्यक्ति
अभिव्यंजना स्त्री० भावों का शब्दों में चित्रण
अभिव्यंजनावाद पुं० यह सिद्धान्त कि कलाकार अपने ही मनोभावों की अभिव्यक्ति करता है
अभिव्यापक वि० पूर्ण रूप से व्याप्त रहनेवाला
अभिशंसा स्त्री० अभियोग की पुष्टि
अभिशस्त वि० 1 कलंकित 2 जिसका अपराध प्रमाणित हो गया हो
अभिशस्ति स्त्री० दोष का प्रमाणन
अभिशापन पुं० बद-दुआ देना
अभिशासन पुं० 1 दोष लगाना 2 पूरा प्रबन्ध करना
अभिशून्यन पुं० 1 शून्य करना 2 निरर्थक बनाना
अभिषंग पुं० 1 संग 3 आलिंगन 2 आवेश
अभिषव पुं० 1 आसवन 2 काँजी
अभिषिक्त वि० 1 राजपद पर स्थापित 2 सींचा हुआ
अभिषेक्ता पुं 1 अभिषेक का कृत्य करनेवाला 2 राजगुरु
अभिष्यंद पुं० स्राव, रिसव
अभिष्यंदी वि० 1 दस्तावर 2 रिसनेवाला 3 जलापसारक
अभिसंध पुं० 1 ठग 2 निन्दक 3 ईर्ष्या करनेवाला
अभिसंधान पुं० लक्ष्य
अभिसंधि स्त्री० 1 प्रतारणा 2 षड्यन्त्र
अभिसंधिता स्त्री० कलहांतरिता नायिका
अभिसंपात पुं० 1 संगम 2 संघर्ष, झगड़ा
अभिसंयोग पुं० घनिष्ठ संबंध
अभिसक्त वि० दृढ़ता से जुड़ा हुआ
अभिसक्ति स्त्री० दृढ़ता से जुड़ा होना
अभिसम्मत वि० 1 प्रतिष्ठित, मान्य
अभिसर पुं० 1 सहचर 2 अनुचर
अभिसरण पुं० 1 आगे जाना 2 समीप जाना 3 आक्रमण करना
अभिसर्ग पुं० 1 निर्माण 2 सृष्टि
अभिसर्त्ता पुं० आक्रामक
अभिसामयिक वि० रूढ़
अभिसार पुं० 1 किसी के पास जाना 2 संकेत स्थल 3 प्रेम मिलन
अभिसारक वि० उद्देश्य से किसी के पास जानेवाला
अभिसारिका स्त्री० गुप्त रूप से नायक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

के पास जानेवाली
अभिसारिणी स्त्री० 1 साथ रहनेवाली स्त्री 2 अनुचरी
अभिसारी वि० 1 सहायक 2 पास जानेवाला
अभिस्ताव पुं० स्तुति
अभिस्थगित वि० विशिष्ट कारण से टाली गई (शर्त)
अभिहत वि० 1 पीटा हुआ 2 पराभूत 3 बाधित
अभिहति स्त्री० 1 निशाना लगाना 2 पिटाई
अभिहर वि० उठाईगीर
अभिहरण पुं० लूटना
अभिहर्त्ता पुं० 1 डाकू 2 अपहरणकर्त्ता
अभिहित वि० 1 कथित 2 उल्लिखित
अभिहित सन्धि स्त्री० मौखिक सन्धि
अभिहोम पुं० पूर्ण होम
अभीक्षक पुं० देख-रेख करनेवाला
अभीप्सा स्त्री० अभिलाषा
अभीप्सु वि० इच्छुक
अभीर पुं० 1 ग्वाला 2 चार चरण का एक छन्द जिसके प्रत्येक चरण में 11 मात्रा हों तथा अन्त में जगण
अभीष्ट वि० 1 वांछित 2 चाहा हुआ
अभीष्ट सिद्धि स्त्री० मन चाही बात पूरी होना
अभुक्तपूर्व वि० जिसका पहले कभी भोग न किया गया हो
अभूतदोष वि० दोष रहित, निर्दोष
अभूताहरण पुं० ऐसी बात कहना जो कभी हुई ही न हो
अभूतोपमा स्त्री० उपमा का एक भेद जिसमें उत्कर्ष के कारण उपमान का कथन न हो सके
अभेदवादी (दिन) जीवात्मा और परमात्मा में कोई भेद न माननेवाला
अभ्यंग पुं० 1 लेपन 2 तेल मर्दन
अभ्यंजन पुं० 1 मालिश करना 2 सुरमा या अंजन लगाना
अभ्यंतरक पुं० अंतरंग मित्र, घनिष्ठ मित्र
अभ्यक्त वि० 1 पोता हुआ 2 तेल या उबटन लगाया हुआ 3 सजा हुआ
अभ्यर्चना स्त्री० पूजा आराधना
अभ्यर्थन पुं० 1 याचना करना 2 माँगना
अभ्यर्थना स्त्री० 1 प्रार्थना, विनय, याचना 2 अगवानी
अभ्यर्दन पुं० 1 कष्ट पहुँचाना 2 उत्पीड़न
अभ्यर्दित वि० पीड़ित
अभ्यर्पक वि० अपना अधिकार दूसरे को सौंपनेवाला
अभ्यर्पण पुं० अपना अधिकार किसी दूसरे को सौंपना
अभ्यर्पिती (तिन्) पुं० वह जिसे अधिकार सौंप दिया गया हो
अभ्यसन पुं० 1 अनुशीलन 2 अभ्यास
अभ्यांत वि० 1 रोगी 2 आतुर 3 घायल
अभ्याकर्ष पुं० ललकारते हुए ताल ठोंकना
अभ्याख्यान पुं० 1 मिथ्या अभियोग 2 झूठा दावा
अभ्यागारिक वि० कुटुम्ब पालने में व्यग्र गृहस्थ
अभ्यापात पुं० 1 विपत्ति 2 दुर्भाग्य
अभ्याहार पुं० निकट लाना
अभ्युक्त वि० 1 कहा हुआ 2 उच्चरित
अभ्युचित वि० नियमित
अभ्युच्छेदन पुं० अंग काटकर अलग करना, अंगच्छेद
अभ्युदित वि० 1 उगा हुआ 2 निकला हुआ 3 समृद्ध 4 उन्नत
अभ्युपगत वि० 1 निकट पहुँचा हुआ 2 स्वीकृत
अभ्युपगमन पुं० 1 पास जाना 2 सामने आना 3 स्वीकार, अंगीकार

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अभ्युपपत्ति स्त्री० 1 सहायता के लिए पहुँचना 2 दया, अनुग्रह 3 बचाव, रक्षा
अभ्यूह पुं० 1 तर्क, बहस 2 निष्कर्ष
अभ्रंकष वि० 1 गगनचुंबी 2 बहुत ऊँचा
अभ्र पुं० 1 मेघ, बादल 2 आकाश
अभ्रिय वि० बादल का
अमर्ष पुं० 1 क्रोध, रिस 2 असहिष्णुता
अमर्षण पुं० 1 क्रोध करना 2 असहिष्णुता
अमर्षी (षिन्) वि० 1 क्रोधी 2 असहनशील
अमल-दखल पुं० 1 संपत्ति पर होनेवाला अधिकार 2 भोग
अमलपट्टा पुं० अधिकार-पत्र
अमला पुं० कर्मचारी वर्ग
अमात्य पुं० मंत्री
अमाना अ०क्रि० 1 भरना 2 समाना
अमिताभ वि० अत्यंत तेजस्वी
अमिताशन वि० 1 सर्वभक्षी 2 जिसके खाने का ठिकाना न हो
अमिष पुं० 1 छल का अभाव 2 सांसारिक सुख
अमूमन अव्य०, सामान्यतया, प्रायः, आम तौर पर
अमूर्त वि० मूर्ति रहित, निराकार
अमेदस्क वि० 1 जिसमें चर्बी की कमी हो 2 दुबला-पतला
अमेय वि० 1 असीम, जो मापा न जा सके
अमेह पुं० पेशाब का रुक-रुक कर उतरना
अमोघ वि० निष्फल न होनेवाला
अमोघवाक वि० जिसकी वाणी कभी व्यर्थ नहीं होती
अम्लशूल पुं० पित्त के कारण कलेजे में जलन
अम्लाध्युषित पुं० नेत्र का रोग जो अधिक खटाई खाने से होता है
अम्लिमा (मन्) स्त्री० खट्टापन
अम्लोद्‌गार पुं० खट्टी डकार
अयजनीय वि० 1 जो यज्ञ के योग्य न हो 2 अपूज्य 3 निंदित
अयतेंद्रिय वि० जो इंद्रियों का संयम न कर सके
अयथा वि० 1 मिथ्या 2 झूठा
अयथातथ वि० अयथार्थ
अयथापूर्व वि० जो पहले जैसा न हो
अयन पुं० 1 मार्ग, रास्ता 2 गति (सूर्य का दक्षिणायन उत्तरायण)
अयन-काल पुं० 1 वह काल जो एक अयन में लगे 2 छः महीने का काल
अयनवृत्त पुं० 1 सूर्य की गति से बननेवाला वृत्त 2 पृथ्वी का उष्ण क्षेत्र जो कर्क रेखा और मकर रेखा के बीच पड़ता है
अयन संक्रांति स्त्री० 1 मकर और कर्क की संक्रांति 2 अयन संक्रमण
अयनांश पुं० सूर्य की गति विशेष के काल का भाग
अयमदिन पुं० रात-दिन जिसमें दो तिथियों का अवसान हो जाय
अयशस्कर वि० अपयश का कारण
अयस, अयस्क पुं० कच्चा लोहा
अयस्कांत पुं० चुंबक
अयस्कीट पुं० मोरचा, ज़ंग
अयाचित वि० बिना माँगा हुआ
अयाज्य-याजन पुं० ऐसे व्यक्ति से यज्ञ कराना जो यज्ञ कराने का अधिकारी न हो
अयातयाम वि० जिसे हुए पहर भर न बीता हो
अयथार्थिक वि० 1 गलत, झूठा 2 अवास्तविक
अयानत स्त्री० सहायता, मदद
अयालदार पुं० बाल-बच्चों वाला
अयुग्म वि० 1 विषम, ताक 2 अकेला

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

3 एकाकी
अयुत वि० 1 जो मिला हुआ न हो 2 अक्षुब्ध
अयोगवाह पुं० वह वर्ण जो स्वर व्यंजन के बीच में न गिना गया हो
अयोजाल पुं० लोहे का बना हुआ जाल
अयोनिज वि० 1 जो योनि से उत्पन्न न हो 2 स्वयंभू 3 अदेह
अयोमार्ग पुं० रेलमार्ग, रेलवे
अरकटी पुं० पतवार सँभालनेवाला माँझी
अरकला पुं० 1 रोक, रुकावट 2 मर्यादा
अरकसी स्त्री० आलस्य, सुस्ती
अरगजा पुं० एक सुगंधित द्रव्य, उबटन आदि
अरण्य-चंद्रिका स्त्री० 1 जंगल की चाँदनी 2 वह शृंगार जिसका देखनेवाला या प्रशंसा करनेवाला कोई न हो
अरण्यरोदन पुं० 1 निष्फल रोना 2 ऐसी पुकार जिसका सुननेवाला कोई न हो
अराजक वि० 1 शासन हीन
अराज़ी स्त्री० 1 भूमि 2 जमीन
अराति पुं० दुश्मन, शत्रु
अरिंदम वि० वैरी या शत्रु का नाश करनेवाला
अरि पुं० शत्रु, वैरी
अरित्र पुं० नाव खेने का डाँड़ा
अरिल्ल पुं० सोलह मात्राओं का एक छंद जिसके अन्त में दो लघु अथवा एक यगण ISS होता है परंतु इसमें जगण ISI का निषेध है
अरिष्ट पुं० 1 क्लेश, दुःख 2 विपत्ति 3 अमंगल
अरिष्टगृह पुं० सौरी, प्रसव गृह
अरीतिक वि० जो रीति आदि के अनुसार न हो
अरुणाभ वि० 1 लालिमायुक्त 2 रक्ताभ
अरुणाभा स्त्री० सूर्योदय अथवा सूर्यास्त की लाली
अरुणिमा स्त्री० लाली, ललाई
अरुणोदय पुं० दिन निकलने के कुछ पहले का समय, उषाकाल
अरोचकी(किन्) वि० अग्निमांद्य रोग से पीड़ित (व्यक्ति)
अर्गल पुं० 1 वह लकड़ी जिसे किवाड़ बंद करके पीछे से आड़ी लगा देते हैं 2 अवरोध
अर्गलित वि० 1 सिटकिनी या अर्गला से बंद किया हुआ 2 अवरुद्ध
अर्घपतन पुं० 1 मूल्य घटना 2 भाव उतरना (डिप्रिसिएशन)
अर्घापचय पुं० मूल्य गिरना
अर्घार्ह वि० आदर या सम्मान का पात्र, श्रेष्ठ
अर्घ्य वि० 1 पूजनीय 2 बहुमूल्य
अर्चक वि० पूजा करनेवाला, पूजक
अर्चि स्त्री० अग्नि की शिखा
अर्चिमान वि० प्रकाशमान
अर्ज़दाश्त पुं० प्रार्थनापत्र, अर्ज़ी
अर्ज़ीदावा पुं० अदालत में प्रस्तुत प्रार्थनापत्र
अर्णव वि० समुद्र
अर्णव-नेमि स्त्री० पृथ्वी
अर्णोद पुं० बादल, मेघ
अर्णोनिधि पुं० समुद्र
अर्ति स्त्री० 1 पीड़ा, व्यथा 2 धनुष की कोटि
अर्थकाम वि० 1 धन की कामना करनेवाला 2 स्वार्थी
अर्थकिल्विषी(षिन्) वि० 1 जो लेन-देन में शुद्ध व्यवहार न रखे 2 बेईमान
अर्थकृच्छ्र पुं० 1 धन की कमी 2 दरिद्रता 3 राज्य की आर्थिक तंगी
अर्थगर्भित वि० जिसमें अर्थ भरा हो
अर्थगौरव पुं० अर्थ की गंभीरता

CC-0. In Public Domain

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अर्थघ्न त्रि० 1 अर्थ का नाश करनेवाला 2 धन का अपव्यय करनेवाला

अर्थतत्त्व पुं० भाषा-विज्ञान के विचार से शब्द का अर्थ पक्ष

अर्थना स०क्रि० 1 याचना करना 2 माँगना

अर्थ-प्रक्रिया स्त्री० किसी विवाद के संबंध में होनेवाली कार्यवाही

अर्थ-विधि स्त्री० दीवानी (लेन-देन के बारे में) कानून

अर्थ-व्यवहार पुं० दीवानी मुकदमा

अर्थान्तरन्यास पुं० वह काव्यालंकार जिसमें सामान्य से विशेष का या विशेष से सामान्य का साधर्म्य या वैधर्म्य द्वारा समर्थन किया जाए

अर्थातिक्रम पुं० हाथ में आई अच्छी चीज़ को छोड़ देना

अर्थाधिकरण पुं० 1 अर्थ न्यायालय 2 दीवानी अदालत

अर्थानर्थापद पुं० लाभ और हानि का एक साथ भय

अर्थान्वित त्रि० 1 अर्थ या आशय से युक्त 2 महत्त्वपूर्ण

अर्थापत्ति 1 परिणाम, फल की प्राप्ति 2 एक अर्थालंकार जिसमें एक बात के कहने से दूसरी बात की सिद्धि हो

अर्थापदेश पुं० शब्दों से नया अर्थ निकालना

अर्थापन पुं० शब्दों का अर्थ लगाना

अर्थित त्रि० 1 माँगा हुआ 2 जिसका अर्थ लगाया गया हो

अर्थ्य त्रि० 1 माँगने योग्य 2 उचित, उपयुक्त

अर्दन पुं० 1 कष्ट पहुँचाना 2 दूर करना

अर्दित त्रि० पीड़ित

अर्ध-सम त्रि० 1 आधे के बराबर 2 आधा-सा

अर्धांग-घात पुं० अंग घात रोग 2 अधरंग

अर्धार्ध त्रि० आधे का भी आधा, एक चौथाई

अर्धाली स्त्री० चौपाई के दोनों चरण, आधी चौपाई

अर्धाशन पुं० आधा भोजन

अर्धोत्तोलित त्रि० जो आधा उठाया गया हो

अर्पक त्रि० अर्पित करनेवाला

अर्बुद पुं० 1 अरब, 100 करोड़ 2 फोड़ा

अर्भक त्रि० 1 छोटा, अल्प 2 दुबला-पतला

अर्श पुं० बवासीर

अर्हंत त्रि० सुयोग्य

अर्ह त्रि० उपयुक्त, योग्य 2 अधिकारी या पात्र

अलंजर पुं० मिट्टी का छोटा घड़ा

अलक स्त्री० मस्तक के इधर-उधर लकटनेवाली लट 2 छल्लेदार बाल

अलकत त्रि० 1 जो काटकर रद्द कर दिया गया 2 रद्दी

अलक-संहति स्त्री० घुंघराले बालों का गुच्छा

अलका स्त्री० आठ और दस वर्ष के बीच की बालिका

अलकावलि स्त्री० 1 सँवारे हुए बालों की पंक्तियाँ 2 घुंघराले या छल्लेदार बाल

अलक्षित त्रि० 1 जो ध्यान में न आया हो 2 जो दिखाई न दिया हो

अलक्ष्मी स्त्री० 1 धनाभाव, निर्धनता, दरिद्रता

अलख त्रि० 1 जो दिखाई न पड़े, अदृश्य 2 ईश्वर

अलबत्ता अव्य० 1 निःसन्देह, बेशक 2 परंतु, लेकिन

अलम् अव्य० पर्याप्त, काफ़ी, बस

अलमास पुं० हीरा

अलमिति अव्य० बस इतना ही

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अलविदा अव्य० विदाई, अच्छा अब विदा होते हैं
अलस वि० आलस्य से भरा हुआ
अलसेट स्त्री० 1 व्यर्थ की ढिलाई 2 शिथिलता
अलहन स्त्री० 1 अभाग्य का उदय 2 विपत्ति 3 अलाभ
अलात पुं० 1 अंगार 2 जलती हुई लकड़ी, लुकाठी
अलान पुं० हाथी बाँधने का खूंटा
अलामत स्त्री० चिह्न, निशानी
अलाय-बलाय स्त्री० संकट
अलिंद पुं० छज्जा
अलिजिह्वा स्त्री० गले की घाँटी, कौवा
अलिजिह्वीय वि० अलि-जिह्वा संबंधी
अलि-वृत्ति स्त्री० भौरों की तरह जगह-जगह घूमकर रस लेने की प्रवृत्ति
अलील वि० बीमार, रुग्ण
अलुक पुं० व्याकरण में समास का एक भेद जिसमें बीच की विभक्ति का लोप नहीं होता, जैसे—युधिष्ठिर
अलोक वि० 1 अदृश्य 2 छिपा हुआ 3 निर्जन, एकान्त
अलौलिक वि० 1 चपल 2 अल्लहड़ 3 मस्त
अलौहिक वि० जिसमें लोहे का अंश न हो
अल्पतंत्र पुं० थोड़े से लोगों द्वारा राज्य प्रबंध की प्रणाली
अल्पतनु वि० 1 छोटे शरीरवाला 2 दुबला-पतला 3 कमजोर
अल्पदर्शन पुं० 1 अधिक दूर तक सोचने वाला 2 अदूरदर्शी
अल्पदृष्टि वि० संकुचित विचारवाला
अल्पशः क्रि० वि० थोड़ा-थोड़ा करके
अल्पांश पुं० 1 कण 2 थोड़ा सा हिस्सा
अल्पाक्षरिक वि० कम अक्षरोंवाला
अल्पारंभ पुं० छोटे पैमाने पर या धीरे-धीरे कार्य शुरू करना
अल्पावयवता स्त्री० छोटे-छोटे अंग होना
अल्पित वि० थोड़ा किया गया
अल्पोष्ण वि० कुनकुना, शीरगर्म
अल्ल पुं० वंश, उपगोत्र
अल्हड़पन पुं० 1 मनमौजीपन, बेपरवाही 2 उजड्डपन, अक्खड़पन 3 अनाड़ीपन
अव- उप० नीचे, निम्न, कम
अवकरण पुं० 1 कम करना, घटाव 2 गणित में बाकी या शेष निकालना
अवकर्तन पुं० 1 विभाजन 2 कटाव
अवकर्षण पुं० 1 बाहर निकालना 2 नीचे की ओर खींच ले जाना
अवकलन पुं० 1 इकट्ठा करके मिला देना 2 ग्रहण
अवकलित वि० 1 इकट्ठा करके मिलाया गया 2 समझा हुआ 3 गृहीत
अवकल्पना स्त्री० निराधार अनुमान या कल्पना
अवकिरण पुं० बिखेरना, फैलाना, छितराना
अवकीर्ण वि० 1 छितराया, बिखेरा या फैलाया हुआ 3 तोड़-फोड़ कर नष्ट किया हुआ
अवकीर्णन पुं० छितराना, फैलाना, बिखेरना
अवकुंचन पुं० समेटना, बटोरना
अवक्रंदन पुं० जोर-जोर से रोना
अवक्रम पुं० उतराव
अवक्रय पुं० 1 भाड़ा, किराया 2 क्षतिपूर्ति
अवक्रीत वि० माँगकर लिया हुआ 2 मँगनी लिया हुआ
अवक्रोश पुं० 1 कर्कश स्वर 2 कोसना, गाली-निंदा
अवक्षिप्त वि० गिराया हुआ
अवक्षेप पुं० आपत्ति, उज्र
अवक्षेपण पुं० 1 गिराना 2 नीचे फेंकना
अवखात पुं० गहरा गड्ढा
अवगंड पुं० मुँहासा

CC-0. In Public Domain

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अवगणन पुं० तिरस्कार, अपमान
अवगणित वि० अवमानित, उपेक्षित
अवगमन पुं० जान लेना
अवगाहन पुं० 1 निमज्जन 2 किसी बात की तह तक जाना
अवगाह्य वि० 1 स्नान के लिए उचित (स्थान) 2 अध्ययन या मनन करने योग्य
अवगीत वि० 1 जो भद्दे ढंग से गाया गया हो 2 निंदित 3 गर्हित
अवगुंठन पुं० 1 ढँकना, छिपाना 2 परदा 3 घूँघट
अवगुंफन पुं० 1 गूँथना 2 बुनना
अवगुरण पुं० धमकाना
अवगूहन पुं० 1 छिपाना 2 गले लगाना
अवग्रहण पुं० 1 अनादर, अपमान 2 रोक, बाधा
अवग्राह पुं० 1 संबंध-विच्छेद, अलगाव 2 बाधा
अवघट वि० 1 कठिन, विकट 2 ऊबड़-खाबड़ 3 दुर्गम 4 जटिल, दुर्बोध
अवघूर्णन पुं० चक्कर काटना
अवघोषणा स्त्री० अनुचित घोषणा
अवचय पुं० चुनकर इकट्ठा करना
अवचूर्णित वि० 1 पीसकर चूर्ण किया हुआ 2 सरल करके समझाया गया
अवचेतन वि० चेतना की गहराई में होनेवाला
अवच्छद पुं० ढकना, ढक्कन
अवच्छिन्न वि० 1 कटा हुआ 2 काटकर अलग किया हुआ
अवच्छेदक वि० 1 काटकर अलग करनेवाला 2 हद बाँधनेवाला
अवजित वि० 1 हारा हुआ, पराजित 2 तिरस्कृत
अवज्ञा स्त्री० आज्ञा का उल्लंघन
अवज्ञात वि० अपमानित, तिरस्कृत
अवट पुं० 1 गड्ढा, 2 कुंड
अवटु पुं० शरीर के अंदर श्वास नली और स्वरयंत्र के पास की कुछ विशिष्ट ग्रन्थियाँ
अवतंस पुं० 1 माला, हार 2 मुकुट
अवतरण पुं० 1 उतरना, पार होना 2 शरीर धारण करना
अवतरण-चिह्न पुं० उलटे लगे हुए अल्पविरामचिह्न
अवतरण छत्र पुं० (विमान से) उतरने का छाता (पैराशूट)
अवतरणिका स्त्री० ग्रंथ की प्रस्तावना
अवतापी वि० बहुत तपानेवाला
अवतारणा स्त्री० 1 घटित होना 2 मूर्त रूप देना
अवदशा स्त्री० हीन दशा
अवदाघ पुं० जलन, ताप
अवदान पुं० 1 प्रशस्त कर्म 2 महत्त्वपूर्ण कार्यों का विवरण 3 अंशदान
अवदारण पुं० 1 तोड़ना 2 फोड़ना
अवदाह पुं० अत्याधिक गर्मी 2 भीषण ताप
अवदीर्ण वि० 1 फटा हुआ 2 विभक्त
अवद्य वि० 1 अधम, पापी 2 गर्हित 3 निंद्य
अवधा स्त्री० ज्यामिती में वृत्त का खण्ड या भाग
अवधातव्य वि० जिस पर अवधान दिया जाने को हो अथवा जो अवधान के योग्य हो
अवधान पुं० 1 एकाग्र या सावधान होना 2 देख-रेख 3 प्रभार
अवधायक पुं० 1 देख-रेख करनेवाला 2 कर्त्ता-धर्त्ता
अवधारण पुं० 1 विचारपूर्वक निर्धारण करना 2 मत बना लेना
अवधावन पुं० 1 पीछा करना 2 साफ़ करना

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अवधि-बाधित वि० जिसकी अवधि बीत चुकी हो
अवधीरण पुं० अपमान करना, तिरस्कार करना
अवधीरित वि० अपमानित, तिरस्कृत
अवधूपिका स्त्री० इड़ा और पिंगला के बीच की नाड़ी, सुषुम्ना
अवधूपित वि० 1 सुगंधित किया हुआ 2 सुवासित
अवधूलन पुं० घाव के ऊपर चूर्ण छिड़कना
अवधेय वि० 1 ध्यान देने योग्य, विचारणीय 2 जानने योग्य 3 रखने योग्य
अवध्वस्त वि० नष्ट, विनष्ट
अवनद्ध वि० 1 जुड़ा हुआ 2 बँधा हुआ
अवनयन् पुं० नीचे की ओर लाना
अवनायक वि० गिरानेवाला
अवनि स्त्री० पृथ्वी, धरती
अवपात पुं० 1 पतन, अधःपतन 2 गड्ढा 3 धँसना या दबना
अव-पात्र वि० अयोग्य या निकृष्ट पात्र
अवप्रेरण पुं० बुरे काम के लिए सहायता देना
अवबोधक पुं० 1 पहरा देनेवाला, चौकीदार 2 शिक्षक
अवभास पुं० 1 मिथ्या ज्ञान 2 झलक
अवमंता वि० अनादर करनेवाला
अवम वि० 1 अंतिम 2 नीच, निंदित 3 कनिष्ठ
अवम तिथि स्त्री० वह तिथि जिसका क्षय हो गया हो
अवमर्दन पुं० रौंदना या कुचलना
अवमर्षण पुं० 1 मिटाना 2 हटाना 3 बरबाद करना
अवमान पुं० तिरस्कार, अपमान, अनादर
अवमानना स्त्री० =अवमान
अवमूल्यन पुं० मूल्य का घट जाना
अवमोचन पुं० 1 बंधन-विहीन करना 2 मुक्त करना
अवयव पुं० 1 अंग 2 अंश
अवयान पुं० 1 नीचे की ओर आना 2 प्रायश्चित करना
अवर वि० 1 अन्य, दूसरा 2 अधम, नीच 3 निचला
अवरत वि० 1 विरत 2 निवृत्त 3 अलग 4 पृथक्
अवरति स्त्री० 1 पृथक्ता 2 निवृत्ति 3 छुटकारा
अवरार्ध पुं० 1 नीचे का आधा भाग 2 उत्तरार्ध
अवरावर वि० 1 निम्नतम 2 सबसे निकृष्ट
अवरेखना स० क्रि० 1 चित्र बनाना, उरेहना 1 ध्यानपूर्वक देखना या समझना
अवरेब पुं० 1 वक्र गति 2 तिरछी चाल 3 कपड़े की तिरछी काट
अवरोक्त वि० बाद में कहा गया
अवरोध पुं० रोक, रुकावट
अवरोपण पुं० उखाड़ना
अवरोपित वि० उखाड़ा हुआ
अवरोह पुं० 1 उतार 2 अवनति 3 एक अलंकार जो वर्धमान अलंकार का उलटा है
अवरोही वि० ऊपर से नीचे की ओर आनेवाला
अवर्ण्य वि० जो वर्णन के योग्य न हो
अवली स्त्री० 1 पंक्ति 2 समूह, झुंड
अवलीक वि० 1 निष्पाप 2 निष्कलंक 3 शुद्ध
अवलीला स्त्री० क्रीड़ा, खेल
अवलुंचन पुं० 1 छेदना, काटना 2 उखाड़ना 3 नोचना
अवलुंठन पुं० 1 जमीन पर लोटना 2 लूटना
अवलेप पुं० 1 उबटन 2 लेप 3 मलहम
अवलेह पुं० चाटा, चटनी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अवलोम त्रि० 1 अनुकूल 2 उपयुक्त
अवशंसा स्त्री० दोषी ठहराना
अवशप्त त्रि० अभिशप्त
अवशिष्ट त्रि० बचा हुआ, बाकी
अवशीर्ण त्रि० कटा हुआ, टूटा हुआ
अवशीर्ष त्रि० 1 जिसका सिर झुका हो, नतमस्तक 2 औंधा
अवशोषण पुं० सोख लेना
अवश्या स्त्री० 1 स्वच्छंद स्त्री 2 कुहरा
अवष्टंभ पुं० 1 सहारा, आश्रय 2 खंभा 3 रुकावट या बाधा
अवष्टंभन पुं० 1 सहारा लेना या देना 2 रुकना
अवष्टब्ध त्रि० 1 आश्रित 2 रोका हुआ
अवसंजन पुं० 1 आलिंगन 2 गले लगाना
अवसक्त त्रि० 1 लगा हुआ 2 संलग्न
अवसन्न त्रि० 1 विषाद प्राप्त, विषण्ण 2 उदास 3 सुस्त, आलसी
अवसरिक त्रि० विशिष्ट अवसरों पर होनेवाला (अकैयनल)
अवसर्ग पुं० 1 मुक्ति, छुटकारा 2 शिथिलता
अवसर्पण पुं० अधोगमन, अवरोहण
अवसाद पुं० 1 नाश, क्षय 2 विषाद 3 तलछट, गाद
अवसान पुं० 1 विराम, ठहराव, 2 अंत
अवसानक त्रि० समाप्त होनेवाला
अवसिक्त त्रि० सींचा हुआ, सिंचित
अवसित त्रि० समाप्त
अवसृष्ट त्रि० 1 त्यागा हुआ, त्यक्त 2 निकाला हुआ
अवसेचन पुं० 1 सींचना 2 पानी देना 3 पसीना निकलना
अवस्कंदक त्रि० 1 नीचे उतरनेवाला 2 आक्रमण करनेवाला
अवस्कर पुं० 1 मलमूत्र 2 मलमूत्रेंद्रिय
अवस्करक पुं० 1 कूड़ा-करकट उठानेवाला 2 मलमूत्र विष्ठा आदि उठानेवाला
अवस्तार पुं० 1 परदा 2 कनात 3 चटाई
अवस्थान पुं० 1 स्थिति, सत्ता 2 रुकना, ठहराव
अवस्थापन पुं० निवेशन, रखना, स्थापन करना
अवस्थित त्रि० अच्छी तरह संयोजित या लग्न 2 टिका हुआ, निर्भर
अवस्थिति स्त्री० 1 सत्ता 2 अवस्थान 3 टिकाव
अवस्फीति स्त्री० मुद्रा का प्रचलन कम होने से मूल्यों में कमी
अवस्यंदन पुं० टपकना, चूना
अवहस्त पुं० हाथ या गदेली का पृष्ठ-भाग, उलटा हाथ
अवहार पुं० 1 किसी की संपत्ति छीन लेना 2 चोर 3 तस्कर
अवहास पुं० हँसी मज़ाक
अवहित त्रि० एकाग्रचित्त
अवहृत त्रि० एक ओर हटाया हुआ
अवहेलित त्रि० तिरस्कृत, उपेक्षित
अवांतर त्रि० 1 अन्तर्गत 2 दूसरा 3 गौण
अवाक् त्रि० 1 चुप, मौन 2 चकित, विस्मित
अवाङ्निरय पुं० सबसे नीचे का नरक 2 पृथ्वी
अवाची स्त्री० दक्षिण दिशा
अवान त्रि० सूखा हुआ, शुष्क
अवापित त्रि० जो बोया न गया हो
अवाप्त त्रि० प्राप्त, लब्ध
अवाप्य त्रि० प्राप्त करने योग्य
अवार पुं० इस पार का किनारा, 'पार' का उलटा
अवारजा पुं० 1 जोत-बही 2 डायरी
अविकत्थ त्रि० जो आत्मप्रशंसक न हो
अविक्षत त्रि० पूरा, पूर्ण

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

अविक्षिप्त वि० जो विक्षिप्त न हो, धीर, शांत
अविघात पुं० विघ्न का अभाव
अविज्ञ वि० 1 अनभिज्ञ 2 अनजान
अवितथ वि० 1 सत्य, अमिथ्या 2 सफल
अवित्ति स्त्री० 1 बुद्धिहीनता, मूर्खता 2 निर्धनता
अविद वि० अनजान
अविदग्ध वि० 1 गँवार 2 अशिक्षित, लंठ
अविद्य वि० अनपढ़, अनजान
अविधिक वि० जो विधि की दृष्टि से निषिद्ध हो
अविनश्वर वि० जो नाशवान न हो
अविपक्व वि० जो किसी विषय में परिपक्व या प्रौढ़ न हो 2 अधकचरा
अविपाक पुं० अजीर्ण रोग
अविपाल पुं० 1 भेड़-बकरियाँ पालनेवाला 2 गड़ेरिया
अविभावन पुं० 1 पहचान का अभाव 2 लोप
अविरत वि० लगातार
अविरेचन पुं० कब्ज़ करनेवाली वस्तु
अविवर्त्य वि० जिसमें किसी प्रकार का उलट-फेर न हो सके
अविविक्त वि० अविवेचित
अविशंक वि० 1 अशंक 2 न डरनेवाला, निर्भय
अविभ्रम पुं० अविश्वास
अविश्वस्त वि० 1 जिसका विश्वास न किया जाए 2 अविश्वसनीय
अविसर्गी वि० न हटनेवाला
अविहित वि० 1 विरुद्ध 2 अनुचित, अयोग्य 3 निकृष्ट, नीच
अवृद्धिक पुं० बिना वृद्धि या ब्याज का रुपया
अवेक्षण पुं० 1 अवलोकन 2 जाँच-पड़ताल
अवेक्षणीय वि० 1 देखने योग्य 2 निरीक्षण योग्य
अवेक्षा स्त्री० परवाह, ध्यान
अवेल वि० असामयिक
अवैमत्य पुं० 1 वैमत्य या मतभेद का अभाव 2 ऐकमत्य
अव्यक्त पद पुं० वह पद जिसका उच्चारण स्पष्ट न हो
अव्यक्तिक वि० जो व्यक्तिगत न हो
अव्यपदेश्य वि० 1 अनिर्वचनीय 2 निर्विकल्प
अव्ययीभाव पुं० समास का एक भेद जिसमें अव्यय के साथ उत्तरपद जुड़ता है
अव्यलीक वि० 1 साफ़ 2 निरपराध
अव्यवहित वि० बिना व्यवधान या रुकावट का
अव्याकृत-धर्म पुं० वह स्वभाव जिससे शुभ और अशुभ दोनों प्रकार के कर्म किए जा सकें
अव्याघात वि० 1 बेरोक 2 अटूट, लगातार
अव्याज वि० 1 छल छद्म से रहित, निष्कपट 2 अकृत्रिम, स्वाभाविक
अव्यावृत्त वि० 1 निरंतर, लगातार 2 अटूट
अव्रण वि० बिना घाव का
अव्रत वि० 1 व्रतहीन 2 नियमरहित
अशन पुं० आहार, भोजन
अशनि पुं० 1 वज्र 2 बिजली 3 बिजली की चमक
अशरा पुं० 1 महीने का दसवाँ दिन 2 मुहर्रम का दसवाँ दिन
अशराफ़ वि० शरीफ़, भलामानस
अशाअत स्त्री० प्रकाशन, प्रचार
अशित वि० खाया हुआ, भुक्त
अशीतकर पुं० सूर्य
अशोक-पूर्णिमा स्त्री० फाल्गुन की पूर्णिमा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अशोक-षष्ठी स्त्री० 1 चैत्र शुक्ला षष्ठी 2 षष्ठी-पूजा

अशोभन वि० जो शोभा न देता हो

अश्म पुं० पत्थर

अश्मन पुं० पत्थर हो जाना

अश्मरी स्त्री० पथरी नामक मूत्र रोग

अश्रौत वि० जो वेदसम्मत न हो

अश्लील वि० गन्दा और भद्दा

अश्वंत वि० 1 अभागा 2 अशुभ

अश्वगोष्ठ पुं० अस्तबल, घुड़साल

अश्वत्था स्त्री० आश्विन की पूर्णिमा

अश्वस्तन वि० आज का

अश्वस्तनिक वि० कल के लिए कुछ न रखनेवाला

अश्वायुर्वेद पुं० अश्वशास्त्र

अष्ट वि० आठ

अष्टक पुं० आठ का समूह

अष्टकमल पुं० हठयोग के अनुसार मूलाधार से ललाट तक के आठ कमल

अष्टपदी स्त्री० आठ पंक्तियों का पद

अष्टफलक वि० अठपहलू

अष्टभुज वि० आठ भुजाओंवाला

अष्टाकपाल पुं० मिट्टी के आठ बरतनों या खप्परों में पकाया हुआ पुरोडाश

अष्टावक्र पुं० वह मनुष्य जिसके हाथ पैर आदि कई अंग टेढ़े-मेढ़े हों

अष्ठि स्त्री० 1 गुठली 2 गरी

अष्ठीला स्त्री० 1 मूत्राशय में गाँठ पड़ जाने से पेशाब का रुकना 2 पत्थर की गोली

अष्ठीलाग्रंथि स्त्री० मूत्राशय के समीप होनेवाली एक गाँठ

अष्ठीलिका स्त्री० पत्थर की गोली

असंक्राम्य वि० 1 जिसे संक्रामक रोग न लग सके 2 जिसे हस्तांतरित न किया जा सके

असंज्ञेय वि० 1 न पहचानने योग्य 2 होश में न लाने योग्य

असंख्येय वि० 1 संख्यातीत 2 अनगिनत

असंगचारी वि० स्वतंत्र घूमनेवाला

असंचयिक वि० जो संचय न करे

असंज्वर वि० क्रोध शोक द्वेष रोग आदि से रहित

असंदिग्ध वि० संदेहरहित

असंपूर्त वि० जो भरा न हो, ख़ाली

असंपृक्त वि० जो किसी से लगा न हो

असंप्रज्ञात वि० अधूरा जाना-बूझा हुआ

असंबाध वि० 1 जो बंधन में न हो 2 चौड़ा या विस्तृत 3 अबाध

असंभाव्य वि० जो घटित न हो सकता हो

असंभाष्य वि० 1 न कहे जाने योग्य 2 जिससे बातचीत करना उचित न हो

असंभूति स्त्री० 1 अस्तित्व-हीनता 2 पुनर्जन्म न होना

असंभोज्य वि० जिसके साथ बैठकर खाना वर्जित हो

असंवृत्त वि० खुला

असंसक्ति स्त्री० 1 लगाव का न होना, निर्लिप्तता 2 विरक्ति

असंस्थान पुं० 1 व्यवस्था का अभाव 2 अक्रम

असंस्थित वि० 1 अनवस्थित 2 व्यवस्थारहित

असंहत वि० बिखरा हुआ, विरल

असगंध पुं० एक प्रकार की सीधी झाड़ी जिसमें छोटे गोल फल लगते हैं, अश्वगंधा

असत्कृत्य वि० अनुचित काम करनेवाला

असत्परिग्रह पुं० अनुपयुक्त वस्तु ग्रहण करना

असत्यसंध वि० 1 झूठा 2 कपटी, छली

असदागम पुं० 1 अनुचित साधनों से होनेवाली आय 2 वेदविरुद्ध शास्त्र

असद्वृत्ति वि० 1 जिसकी वृत्ति या व्यवसाय निम्नकोटि का हो

असन्निधि स्त्री० दूरी, असमीपता

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

असपत्न वि० 1 बिना पत्नी का 2 अशत्रु
असमंजस स्त्री० दुविधा, पशोपेश
असम-बाण पुं० कामदेव
असमर्थ पद पुं० वह पद जो अभीष्ट अर्थ न दे सके
असमवायि कारण पुं० आकस्मिक और अप्रत्यक्ष कारण
असमवायी वि० 1 अनित्य 2 आनुषंगिक
असमवृत्त पुं० वर्ण वृत्त जिनके चारों चरणों में समान गण न हों, विषम वृत्त
असमाधेय वि० जिसका समाधान न हो सके
असमावर्तक वि० जिसका समावर्तन संस्कार न हुआ हो
असम्यक् वि० अनुचित, बुरा
असांसद वि० जो संसद की मर्यादा के अनुकूल न हो
असाध्य वि० 1 दुष्कर 2 कठिन 3 लाइलाज
असाध्य-साधन पुं० असाध्य काम को कर दिखाना
असालतन क्रि० स्वयं
असित वि० 1 जो सफ़ेद न हो, काला 2 दुष्ट, बुरा 3 टेढ़ा, कुटिल
असिधाराव्रत पुं० ऐसा कठोर व्रत जो तलवार की धार पर चलने के समान हो
असीर पुं० 1 बंदी 2 कैदी
असु पुं० 1 प्राण 2 वायु 3 चित्त
असुहाता स्त्री० 1 अच्छा न लगनेवाला 2 अप्रिय
असूतिका स्त्री० 1 जिसका बच्चा न पैदा हुआ हो 2 वंध्या
असूयक वि० 1 ईर्ष्या करनेवाला 2 असंतुष्ट 3 अप्रसन्न
असूया स्त्री० 1 पराये गुण में दोष लगाना 2 ईर्ष्या 3 क्रोध
असूर्यपश्या वि० 1 जिसको सूर्य भी न देखे 2 परदे में रहनेवाली
असृक् पुं० 1 खून, रक्त 2 केसर
असृग्वहा स्त्री० वह नाड़ी जिससे रक्त संचार होता है
असेसर पुं० न्याय सहायक
असैनिकीकरण स्त्री० सेनाओं या सैनिक बलों को हटा लेना
अस्कन्न वि० 1 न फटा हुआ 2 टिकाऊ
अस्तंगत वि० 1 अस्त को प्राप्त 2 समाप्त
अस्तमन वि० अस्त होता हुआ
अस्तमित वि० 1 तिरोहित, छिपा हुआ 2 नष्ट 3 मृत
अस्तरकारी स्त्री० चूने की लिपाई
अस्तित्ववाद पुं० यह मत कि यथार्थ या अस्तित्व का ही महत्त्व है, तर्क या परंपरा व्यर्थ है
अस्तिनास्ति वि० संदेहपूर्ण, हाँ नहीं, कुछ झूठा कुछ सच्चा
अस्तेय पुं० चोरी का त्याग
अस्त्रीक वि० पत्नीहीन
अस्त्रीकरण पुं० 1 अस्त्र-शस्त्रों से सज्जित करना 2 सेना तैयार करना
अस्थिज पुं० 1 मज्जा 2 हड्डी से बना हुआ द्रव्य
अस्थि-तेज पुं० 1 हड्डियों के अन्दर का गूदा 2 मज्जा
अस्थि-धन्वा पुं० शिव
अस्थिप्रवाह पुं० मृतक की अस्थियों को किसी पवित्र नदी में डालना
अस्थि-भंग पुं० हड्डी टूटना
अस्थिमज्जा स्त्री० हड्डियों के अंदर रहनेवाली मज्जा
अस्थि-विग्रह वि० बहुत दुबला, पंजर-मात्र
अस्थिशेष वि० 1 कंकाल 2 जिसका पंजर मात्र रह गया हो
अस्थैर्य पुं० 1 दृढ़ता का अभाव 2 अस्थिरता

CC-0. In Public Domain.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अस्पृश्य वि० जो छूने योग्य न हो
अस्पृष्ट वि० 1 बिना छुआ हुआ 2 अछूता
अस्पृह वि० निर्लोभ
अस्मत स्त्री० स्त्री का पातिव्रत
अस्मार्त वि० 1 स्मृति विरोधी 2 स्मार्त मत के विरुद्ध
अस्मिता स्त्री० 1 अपनी सत्ता, आपा 2 अहंभाव 3 स्वाभिमान 4 अहंकार
अस्वामिकता स्त्री० लावारिसी
अस्वामि-विक्रीत पुं० मालिक की चोरी से बेचा हुआ
अहंकृति स्त्री० अहंकार, अभिमान, घमंड
अहंपूर्विका स्त्री० होड़, प्रतिस्पर्धा
अहंप्रत्यय पुं० घमंड, गर्व
अहंमन्यता वि० अपने आपको सबसे बढ़-कर समझना
अहंवाद पुं० 1 डींग मारना 2 यह सिद्धान्त कि व्यक्ति की अपनी इच्छाएँ ही महत्त्वपूर्ण हैं
अहकाम पुं० 1 नियम, कायदे 2 हुक्म, आज्ञा
अहत वि० जो मारा या पीटा न गया हो
अहद पुं० वादा, इकरार
अहदनामा पुं० इकरारनामा, प्रतिज्ञापत्र
अहदी वि० 1 बहुत बड़ा आलसी 2 प्रतिज्ञा करनेवाला
अहम वि० महत्त्वपूर्ण
अहमिति पुं० मैं ही हूं, अहंभाव, आपा
अहमियत स्त्री० महत्त्व
अहम्मन्य वि० 1 अहंकार से भरा हुआ 2 अभिमानी
अहरह क्रि० वि० 1 प्रतिदिन 2 नित्य, सदा 3 लगातार, निरंतर
अहर्निश क्रि० वि० 1 रात दिन 2 सदा, नित्य
अहलमद पुं० न्यायालय आदि का वह कर्मचारी जो सब प्रकार की मिसिलें क्रम से रखता है, मुख्य लिपिक
अहिंस्र वि० जो हिंसा न करे, अहिंसक
अहि-जिह्वा स्त्री० नागफनी
अहिफेन पुं० 1 साँप के मुँह से निकलने-वाला फेन या लार 2 अफीम
अहिवात पुं० सुहागपन, सधवापन
अहिवाती स्त्री० सौभाग्यवती, सधवा
अहूँठा पुं० साढ़े-तीन का पहाड़ा
अहोरात्र पुं० दिन और रात्र
अह्रीक वि० निर्लज्ज

आ

आंगक वि० अंग देश में उत्पन्न
आंगारिक वि० 1 कोयला सुलगाने या जलानेवाला 2 अंगारे का
आंगिक वि० 1 अंग संबंधी, अंग का 2 अंग की चेष्टा द्वारा व्यक्त या प्रकट किया हुआ
आंचन पुं० 1 काँटा, वाण आदि 2 किसी नुकीली चीज का शरीर से बाहर निकालना
आंतर चक्र पुं० संस्था में गुप्त रहकर संचालन करनेवाले लोग
आंतरागारिक वि० भांडार या भांडा-गारिक के कर्तव्यों से सम्बन्ध रखनेवाला
आंतरायिक वि० जो थोड़े-थोड़े अंतर पर होता है
आंतरिक्ष वि० 1 अंतरिक्ष सम्बन्धी 2 अंतरिक्ष में उत्पन्न
आंतिक वि० 1 अंत का 2 परले सिरे का
आंतिका स्त्री० बड़ी बहन
आंत्रिक वि० आँत संबंधी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आंदू पुं० 1 बेड़ी 2 सांकल 3 हाथी के पाँव में बाँधने की सीकड़

आंदोलन पुं० हिलना-डूलना, झूलना 2 काँपना, कंपन 3 हलचल

आंध्य पुं० अंधापन

आंबष्ठ वि० अंबष्ठ (चनाव) देश

आँवल पुं० वह झिल्ली जिसमें गर्भ में बच्चा लिपटा रहता है, जेरी

आईन पुं० 1 कायदा, नियम 2 कानून, विधि

आकंपित वि० 1 काँपा हुआ, हिला हुआ

आकन पुं० निराई की घास-फूस

आकबत स्त्री० 1 मरणोत्तर अवस्था 2 अंत 3 परलोक

आकबती लंगर पुं० जहाज़ का संकट-कालीन लंगर

आकर पुं० 1 खान 2 उत्पत्ति-स्थान

आकरिक वि० 1 खान का 2 सुरंग बनानेवाला

आकरी वि० खान से निकाला हुआ

आर्कणित वि० सुना हुआ

आकलन पुं० 1 संग्रह 2 हिसाब लगाना 3 गणना करना

आकल्प पुं० वेश-रचना, सिंगार 2 जोड़ना, बढ़ाना

आकल्य पुं० 1 बीमारी 2 बेचैनी 3 आकुलता

आकस्मिकतावाद पुं० यह सिद्धान्त कि संसार में जो कुछ होता है वह सब अचानक और आप से आप होता है

आकस्मिकी स्त्री० अचानक होनेवाली घटना या बात

आकारक पुं० न्यायालय का बुलावा, सम्मन

आकारिकी स्त्री० आकृति-विज्ञान

आकालिक वि० 1 अकालगत 2 ठीक समय से पहले या पीछे होनेवाला

आकाश-भाषित पुं० अभिनेता पात्र का आकाश की ओर देखकर इस प्रकार कोई बात कहना कि मानों वह ऊपर के किसी प्रश्नकर्त्ता के प्रश्न का उत्तर दे रहा हो

आकाशवृत्ति स्त्री० 1 अनिश्चित जीविका 2 ऐसी आमदनी जो बँधी न हो

आकाशवृत्तिक पुं० वह जो केवल आकाश वृत्ति के सहारे जीता हो

आकाशी स्त्री० चाँदनी, साया, सायबान 2 एरियल

आकीर्ण वि० 1 छितराया या बिखेरा हुआ 2 व्याप्त, भरा हुआ

आकुंचन पुं० 1 सिकुड़ना 2 सिमटना

आकुंठन पुं० 1 भुथरा होना 2 कुंठित होना

आकुंठित वि० गुठला, कुंद, कुंठित

आकुल वि० 1 व्यग्र, घबराया हुआ 2 अस्त-व्यस्त, बिखरा हुआ 3 उद्विग्न, क्षुब्ध 4 विह्वल, 5 कातर 6 अस्वस्थ 7 व्याप्त, संकुल 8 तारतम्यहीन, जिसका कोई ठीक सिलसिला न हो

आकूत पुं० 1 इच्छा, चाह 2 उद्देश्य 3 प्रयोजन

आकूति पुं० 1 अभिप्राय, आशय, मतलब 2 अध्यवसाय 3 सदाचार

आकोप पुं० थोड़ा गुस्सा

आक्रंद पुं० 1 रोदन, रोना 2 चिल्लाना, चिल्लाहट 3 पुकार

आक्रंदन पुं० 1 रोना 2 चिल्लाना

आक्रमिता स्त्री० वह प्रौढ़ा नायिका जो मनसा-वाचा-कर्मणा अपने प्रिय को वश में करे

आक्राम्यता स्त्री० (रोगादि) आक्रमण हो जाने की स्थिति

आक्रांति स्त्री० 1 उथल-पुथल, उपद्रव 2 अधिकार करना

आक्रीड़ पुं० खेलने का मैदान, क्रीड़ास्थल

CC-0. In Public Domain...

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आक्रुष्ट वि० शापित, कोसा हुआ 2 आक्रोश-भरा

आक्रोशित वि० जिस पर आक्रोश किया गया हो, शापित

आक्रोष्टा वि० आक्रोशक, कोसनेवाला

आक्लांत वि० सना हुआ, पोता हुआ

आक्लिन्न वि० 1 आर्द्र, ओदा, तर 2 नरम, कोमल 3 दयार्द्र

आक्लेद पुं० 1 नमी 2 गीलापन 3 आर्द्रता

आक्षिक I पुं० 1 जुए से अर्जित द्रव्य 2 जुए में हारी हुई रकम II वि० 1 पासा फेंकनेवाला 2 जुए का

आक्षिप्त वि० 1 फेंका हुआ 2 हटाया हुआ 3 जिस पर आक्षेप किया गया हो 4 घबराया हुआ, व्याकुल 5 आरोपित, लगाया हुआ

आखता वि० 1 जिसके अंडकोश निकाल लिए गए हों 2 बधिया

आखनिक I वि० खोदनेवाला II पुं० खनक

आखात पुं० ज़मीन आदि खोदना, खनन 2 ज़मीन खोदने का उपकरण

आख्यात I वि० 1 प्रसिद्ध, नामवर 2 कहा हुआ II पुं० क्रिया

आख्याता वि० 1 कहनेवाला 2 उपदेशक 3 शिक्षक

आख्यातिक पुं० वह ग्रंथ जिसमें क्रियाओं का विवेचन किया गया हो

आख्यानक पुं० 1 वर्णन, वृत्तांत, बयान 2 कथा, किस्सा, कहानी 3 पूर्ववृत्तांत, कथानक

आख्यापक पुं० ऐलान करनेवाला

आख्यापन पुं० 2 प्रकट करना 2 प्रकाश में लाना 3 कथन

आख्यायिका स्त्री० 1 कथा, कहानी, किस्सा 2 कल्पित कथा जिससे कुछ शिक्षा निकले

आख्येय वि० 1 प्रकाश्य 2 कथ्य

आगंतव्य वि० 1 जो आने को हो, आने-वाला 2 जिसके आने की संभावना हो

आगंता पुं० आनेवाला

आगंतुक ज्वर पुं० 1 वह ज्वर जो किसी की बाधा के कारण आता हो 2 वह ज्वर जो शरीर में किसी दूसरे रोग के कारण आता हो

आगंतुक-व्रण पुं० वह फोड़ा या व्रण जो केवल आघात या चोट लगने के कारण हुआ हो

आगणन पुं० 1 परिकलन 2 आकलन

आगत-पतिका स्त्री० वह नायिका जिसका पति परदेश से लौटा हो

आगति स्त्री० 1 आगमन, अवाई 2 प्राप्ति 3 वापसी 4 मूल, उत्स

आगम पुं० 1 मिलन 2 शास्त्र 3 भविष्य

आगमज्ञानी वि० भविष्य का जानकार

आगमित वि० अच्छी तरह अध्ययन किया हुआ, अधीत

आगलित वि० 1 डूबता हुआ 2 उदास, खिन्न 3 मुरझाया हुआ, म्लान

आगाता वि० गाकर पाने या कमानेवाला

आगामिक वि० 1 भविष्य का 2 आने-वाला, आगामी

आगामुक वि० =आगामिक

आगृहीत वि० निकाला हुआ

आगृहीती पुं० जमा किए हुए धन से कुछ निकालने या लेनेवाला

अग्नीध्र पुं० 1 एक ऋत्विज 2 अग्निहोत्री 3 यज्ञमंडप

आग्नेय वि० 1 आग का 2 अग्नि उत्पन्न करनेवाला 3 अग्नि से उत्पन्न

आग्नेय-स्नान पुं० सारे शरीर पर भस्म या राख पोतना

आग्नेयी I वि० अग्नि को दीप्त करने-वाली II स्त्री० पूर्व और दक्षिण के बीच

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

की दिशा

आग्रहायण पुं० 1 अगहन मास, मार्गशीर्ष 2 मृगशिरा नक्षत्र

आघातन पुं० वध, हनन 2 वध-स्थान

आघार पुं० घी से दी जानेवाली आहुति

आघूर्णन पुं० 1 चक्कर, घुमाव 2 इधर-उधर घूमना-डोलना

आघोष पुं० 1 ज़ोर का घोष या शब्द 2 गर्वपूर्ण उक्ति

आघ्राण पुं० सूंघना, बास लेना

आघ्रेय वि० सूंघा जाने योग्य

आचय पुं० 1 चुनने का कार्य 2 ढेर

आचयक वि० 1 चयन या एकत्र करनेवाला 2 (फूल आदि) चुननेवाला

आचाम पुं० 1 पका हुआ चावल, भात 2 माँड़

आचारशास्त्र पुं० नीति-शास्त्र

आचारिक पुं० आचार संहिता, आचार-संबंधी नियम

आचित वि० 1 एकत्र किया हुआ 2 व्याप्त 3 भरा हुआ 4 फैलाया हुआ

आचूषण पुं० 1 अच्छी तरह चूसना 2 तुंबी लगाकर रक्त चूसना

आच्छन्न वि० 1 ढका हुआ, आवृत्त 2 छिपा हुआ, तिरोहित

आच्छेद पुं० 1 काटना 2 काट-छाँट

आच्छेदन पुं० 1 काँट-छाँट करना 2 चीर-फाड़ करना

आच्छोटन पुं० चुटकी बजाना 2 उँगली चटकाना

आजानदेव पुं० 1 सृष्टि के आदि में उत्पन्न देवता 2 जन्मजात देवता

आजानि स्त्री० 1 जननी, माता 2 जन्म, उत्पत्ति

आजानु-बाहु वि० जिसकी बाँहें घुटनों तक लंबी हों

आज़ार पुं० 1 2 दुःख, बीमारी

आजिज़ वि० 1 विनीत 2 तंग, परेशान

आजीव पुं० 1 उचित जीविका, धंधा 2 जीविका का साधन या उपाय

आजीवक वि० नियमानुसार जीवन निर्वाह करनेवाला

आजीव्य वि० 1 जीविका-योग्य 2 निवास योग्य 3 उपजाऊ

आज्ञप्ति स्त्री० 1 आज्ञा, आदेश 2 सूचना

आज्ञायी वि० 1 ज्ञानवान 2 समझनेवाला

आज्ञार्थक पुं० क्रिया-पद का वह रूप जिसमें आदेश देने का अर्थ हो, विधि

आज्य पुं० 1 धृत, घी 2 वह सूक्त जिसमें घी के आहुति मंत्र हैं

आज्यभुक् पुं० 1 अग्नि 2 देवता

आटोप पुं० 1 आच्छादन, फैलाव 2 आडंबर 3 भीड़

आढ़क पुं० चार सेर की एक तौल और मापक पात्र

आढ्य वि० 1 संपूर्ण, पूर्ण 2 युक्त 3 धनी

आढ्यक पुं० धन-राशि

आतंकित वि० त्रस्त, डरा हुआ

आतंचन पुं० दूध जमाने के लिए खट्टा जामन 2 जमाना 3 सिकोड़ना

आतत वि० 1 फैला या फैलाया हुआ 2 खिंचा या खींचा हुआ 3 तना या ताना हुआ

आतप पुं० 1 धूप, घाम 2 गर्मी, उष्णता

आतपत्र पुं० छाता, छतरी

आतशक पुं० फिरंग-रोग, उपदंश, गर्मी

आतशी शीशा पुं० ऐसा शीशा जिसमें केन्द्रित होकर सूर्य की किरणें चली जाती हैं

आतिथेय पुं० 1 अतिथि के सत्कार की सामग्री 2 मेज़बान

आतिदेशिक वि० अतिदेश या व्यापक नियम संबंधी

CC-0. In Public Domain...

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आतिपातिक त्रि० अतिपात या हिंसा से संबंध रखनेवाला
आतिशयिक त्रि० बहुत अधिक, अतिशय
आतिशय्य पुं० 1 अतिशयता 2 आधिक्य
आतुरशाला स्त्री० 1 रोगियों के रहने का स्थान 2 चिकित्सालय
आतुरसंन्यास पुं० वह संन्यास जो मरने के कुछ पहले त्वरापूर्वक धारण कराया जाता है
आतुरालय पुं० 1 आतुरशाला 2 चिकित्सालय
आतुर्य पुं० 1 रोग, बीमारी 2 आतुरता
आत्मंभरि पुं० 1 जो अकेले अपने को पाले 2 जो तर्पण किए बिना ही भोजन करे
आत्मघोष त्रि० अपने मुँह से अपनी बड़ाई करनेवाला, आत्म-प्रशंसक
आत्मनिवेदन पुं० 1 अपना सर्वस्व न्योछावर कर देना 2 भक्ति का एक प्रकार
आत्मनेपद पुं० 1 संस्कृत व्याकरण में वह धातु जिसका फल अपने को मिले
आत्मपद पुं० 1 ब्रह्मपद 2 ब्रह्म में लीन होने की अवस्था
आत्मप्रक्षेपण पुं० अपनी भावनाओं या विचारों का अनजान में ही दूसरों पर आरोप करना
आत्मप्रलंभन पुं० आत्मप्रक्षेपण
आत्मभरित त्रि० 1 जो स्वयं भरा हुआ हो 2 जिसकी सब आवश्यकताएँ अपने ही साधनों से पूरी हो जाती हो
आत्मवाद पुं० अहंभाव
आत्म-श्लाघा स्त्री० 1 अपने मुंह मियां मिठ्ठू बनना 2 आत्म-प्रशंसा
आत्म-श्लाघी पुं० अपनी प्रशंसा करनेवाला
आत्म-स्वीकृति स्त्री० अपनी भूल आप ही मान लेना
आत्माधिक त्रि० जो अपने से बढ़कर प्रिय हो
आत्मायन पुं० आत्माओं के आने-जाने का मार्ग
आत्मार्थी त्रि० अपना ही भला चाहनेवाला, स्वार्थी
आत्मिक त्रि० आत्मा संबंधी, आत्मा का
आत्मिकी स्त्री० आत्माओं से संबंधित शास्त्र
आत्मिकीय त्रि० आत्मिकी का
आत्मीभाव पुं० जीव का ईश्वर में मिल जाना
आत्मोक्ति स्त्री० किसी पात्र का अपने आप अर्थात् बिना किसी संकेत के कोई बात कह जाना, स्वगत कथन (मानोलोग)
आत्मोपम त्रि० अपनी तरह का
आत्मौपम्य पुं० सबको अपने समान मानना
आत्यंतिक त्रि० 1 बहुत अधिक मात्रा में होनेवाला 2 जिसका ओर-छोर न हो
आत्ययिक त्रि० 1 हानिकारक 2 आवश्यक
आत्रेय त्रि० अत्रि संबंधी
आदंश पुं० 1 दाँत से काटना 2 दाँत से काटने के कारण बना हुआ घाव
आदत्त त्रि० अर्जित किया हुआ, पाया हुआ
आदमकद त्रि० ऊँचाई में मनुष्य की ऊँचाई के बराबर
आदमजाद पुं० आदम की संतान, पुरुष
आदमीयत स्त्री० 1 आदमी होने की अवस्था 2 सभ्यता
आदरण पुं० आदर करना
आदर्शमंदिर पुं० शीशे का घर
आदर्शविज्ञान पुं० वह विज्ञान जो कल्पना के आधार पर आदर्शों की व्याख्या करता है

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आदर्शीकरण पुं० किसी वस्तु को आदर्श रूप देना
आदहन पुं० 1 ठीक से जलाना 2 दाह 3 ईर्ष्या
आदाता पुं० प्राप्त करनेवाला
आदान पुं० 1 स्वीकार करना, पाना 2 वह धन जो कर या शुल्क के रूप में लिया जाने को हो
आदाब पुं० 1 आचरण, व्यवहार आदि के नियम 2 नमस्कार, प्रणाम
आदायक वि० पानेवाला
आदितः क्रि०वि० शुरू से
आदि-पुरुष पुं० 1 परमात्मा 2 मूल पुरुष
आदिम वि० 1 प्रथम 2 बहुत पुराना, प्रारंभिक 3 आदि युग का
आदिमान पुं० 1 वह सम्मान जो किसी व्यक्ति या कार्य को सबसे पहले दिया जाता है 2 पहला-पहला सम्मान 3 सिद्ध अधिकार
आदिश्यमान वि० 1 आज्ञा पानेवाला 2 आदिष्ट
आदिष्ट वि० आदेशप्राप्त
आदृत वि० सम्मानित
आदेय वि० 1 ग्रहण करने योग्य 2 कर या शुल्क देनेवाला
आदेशन पुं० आज्ञा देना
आदेशिका स्त्री० न्यायालय का आज्ञापत्र
आदेष्टा पुं० आज्ञा देनेवाला
आद्यंत क्रि०वि० शुरू से अंत तक
आद्यक्षिक पुं० वह नास्तिक जो केवल प्रत्यक्ष को प्रमाण मानता है
आद्यशेष पुं० हिसाब में वह धन जो पहले रोकड़ बाकी के रूप में रहा हो और अब नये खाते में गया हो, पहली रोकड़ बाकी से नये खाते में लाई गई धनराशि
आद्याक्षर पुं० नाम का पहला अक्षर
आद्याक्षरित वि० जिस पर हस्ताक्षर करने के स्थान पर केवल पहला अक्षर लिखा गया हो
आधमर्ण्य पुं० कर्जदारी
आधर्षण पुं० अपराधी घोषित करना तथा दंड देना
आधर्षित वि० 1 दोषी ठहराया हुआ 2 दंडित
आधाता I वि० लाकर स्थापित करनेवाला II पुं० बंधक रखनेवाला
आधान पुं० 1 स्थापित करना 2 शरीर के अन्दर पहुँचाना
आधानवती वि० गर्भवती
आधायक वि० स्थापित करनेवाला 2 प्रभावित करनेवाला
आधारक पुं० 1 आधार 2 नींव
आधाराधेयभाव पुं० परस्पर इस प्रकार का संबंध जैसा आधार और उस पर रखी वस्तु का होता है
आधारिक वि० 1 आधार संबंधी 2 आधारभूत
आधि स्त्री० 1 मानसिक चिंता 2 गिरवी रखी वस्तु
आधिकरणिक वि० अधिकरण संबंधी
आधिकर्त्ता पुं० दूसरे के पास गिरवी रखनेवाला व्यक्ति
आधिदैविक वि० देवताओं द्वारा प्राप्त होनेवाला (दुःख)
आधि-धर्ता पुं० अपने पास गिरवी रखनेवाला व्यक्ति
आधिभौतिक वि० भौतिक पदार्थों और जीव-जन्तुओं द्वारा उत्पन्न (दुःख)
आधिराज्य पुं० अधिराज्यत्व
आधूत वि० 1 कंपित 2 विकल 3 पागल
आधूपन पुं० धुएँ से ढंक देना
आधेय I पुं० किसी आधार पर रखी वस्तु II वि० स्थापनीय, रखने योग्य
आध्मान पुं० पेट फूलने का रोग

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आध्यायिक पुं० (वेदों का) अध्ययन करनेवाला

आध्यासिक पुं० धोखे से माना हुआ

आनंतर्य पुं० 1 एकाएक मिलनेवाली सफलता 2 घनिष्ठता

आनंत्य पुं० अंत का अभाव, अनंतता

आनत वि० झुका हुआ

आनद्ध वि० 1 कसा हुआ 2 मढ़ा हुआ

आनमन पुं० 1 झुकाव 2 नमस्कार के लिए झुकना

आनम्य वि० 1 जिसे झुकाया जा सके 2 लचीला

आनयन पुं० लाना

आनर्थ्य पुं० निरर्थकता

आनाथ्य पुं० 1 असहाय होने की स्थिति 2 अनाथभाव

आनुकूल्य पुं० अनुकूलता

आनुक्रमिक वि० 1 क्रमानुसार होनेवाला 2 क्रम से लगा हुआ

आनुग्रहिक वि० अनुग्रहपूर्ण

आनुतोषिक पुं० किसी को प्रसन्न करने के लिए दिया गया धन

आनुदानिक वि० अनुदान के रूप में मिलनेवाला

आनुपातिक वि० अनुपात के अनुसार होनेवाला

आनुपूर्व वि० क्रमशः होनेवाला

आनुपूर्वी वि० क्रमानुसार

आनुभविक वि० अनुभव/प्रयोग आदि से प्राप्त होनेवाला (ज्ञान)

आनुवंशिक वि० 1 वंश परंपरा से प्राप्त 2 वंशानुक्रमिक

आनुवंशिकता स्त्री० 1 आनुवंशिक परंपरा 2 पूर्वजों से प्राप्त स्वभावगत लक्षण

आनुवंशिकी स्त्री० यह विज्ञान कि जीव-जन्तुओं पर वंश परंपरा का क्या प्रभाव पड़ता है

आनुवेश्य पुं० पड़ोसी, प्रतिवेशी

आनुश्राविक वि० जो परंपरा से सुना जाता रहा है

आनुषंगिक वि० किसी घटना या कार्य के साथ अथवा पीछे होनेवाला

आनृशंस्य वि० करुण स्वभाव

आन्वयिक वि० 1 अन्वय संबंधी 2 व्यवस्थित

आन्वीक्षिकी स्त्री० 1 आत्मविद्या 2 तर्क विद्या

आपक वि० पानेवाला

आपक्व वि० थोड़ा पका हुआ

आपगेय वि० अपगा (नदी) से संबंधित

आपजात्य पुं० 1 हीन जाति का होना 2 अपने वंश की परंपरा से घटकर तथा हीन होना

आपणिक वि० 1 क्रय-विक्रय से संबंधित 2 बाजारी

आपतन पुं० 1 कहीं पर पहुँचना 2 घटित होना 3 ऊपर से आकर किसी पर गिरना 4 विज्ञान में किसी प्रकार की रेखा का किसी तल पर आकर पड़ना

आपत्कृत-ऋण पुं० संकट के समय लिया जानेवाला ऋण या कर्ज़

आपत्य पुं० संतान (अपत्य) होने की अवस्था

आपदर्थ पुं० अनिष्ट कारक संपत्ति

आपद्धर्म पुं० आपत्काल के समय का धर्म

आपन्न वि० आपद्ग्रस्त, पीड़ित, दुःखी

आपर्तुक वि० किसी विशेष ऋतु में होनेवाला, अपऋतु का

आपवर्ग्य वि० मोक्ष (अपवर्ग) से संबंधित

आपात पुं० (देश पर आए) संकट की स्थिति

आपातकालिक वि० संकट-कालीन

आपाततः क्रि०वि० 1 एकाएक 2 अंत में

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आपातिक वि० 1 एकाएक सामने आनेवाला 2 ऊपर से आकर पड़नेवाला

आपाती वि० 1 एकाएक घटित होनेवाला 2 आक्रामक 3 आ पड़नेवाला

आपान पुं० मदिरा-गोष्ठी, मद्यपान समागम

आपानक पुं० मद्यपान करनेवाला

आपूर पुं० 1 पूर्ण 2 अधिक भरा हुआ

आपेक्षिक वि० 1 अपेक्षा रखनेवाला 2 अपेक्षाकृत किसी की तुलना में होनेवाला

आपेक्षितावाद पुं० यह मत कि गति और स्थिति निरपेक्ष नहीं है

आप्त I वि० 1 प्राप्त 2 मिला हुआ II पुं० ज्ञानी और सच्चा पुरुष

आप्तोक्ति स्त्री० 1 सिद्धान्त वाक्य 2 ज्ञानी पुरुष का वचन

आप्य वि० 1 लेने योग्य 2 प्राप्तव्य

आप्यायित वि० 1 संतुष्ट 2 तर 3 परिवर्धित

आप्रवासन पुं० अपना देश छोड़कर दूसरे देश में आ बसना

आप्लावन पुं० 1 अच्छी तरह पानी से भरना 2 डुबोना

आप्लुत वि० अधिक भीगा हुआ

आबंध पुं० 1 बंधन 2 प्रेम 3 निर्धारण

आबखोरा पुं० पानी पीने का पात्र

आबगीना पुं० 1 शीशे का बड़ा गिलास 2 शीशा

आबगीर पुं० तानी पर पानी छिड़कने की कूंची

आबदस्त पुं० 1 मल त्याग के उपरान्त गुदेंद्रिय धोना 2 शौचक्रिया

आबाधा स्त्री० 1 चिंतित करनेवाली बाधा 2 मानसिक पीड़ा

आब्दिक वि० वार्षिक

आब्दिकी स्त्री० 1 वर्ष भर की घटनाओं का लेखा-जोखा देनेवाली पुस्तक 2 वर्ष में एक बार प्रकाशित होनेवाली पुस्तक

आभाणक पुं० 1 एक प्रकार के नास्तिक 2 कहावत

आभारित वि० आभूषणों से अलंकृत

आभावन पुं० अनुमान

आभासीन वि० आभास युक्त

आभास्वर वि० बहुत अधिक कांतिवाला

आभिचारिक वि० तंत्र-मंत्र संबंधी

आभिजन वि० कुलीन

आभिजित वि० अभिजित नक्षत्र से संबंधित

आभिधानिक वि० कोश में होनेवाला या उससे संबंधित

आभिप्रायिक वि० अभिप्राय संबंधी

आभिमुख्य पुं० आमने-सामने होना

आभिषेचनिक वि० राज्याभिषेक संबंधी

आभिहारिक वि० 1 उपहार के रूप में दिया हुआ 2 छल द्वारा लिया हुआ

आभीरी स्त्री० 1 अहीरिन, ग्वालिन 2 संगीत में एक संकर रागिनी

आभुक्ति स्त्री० 1 फल भोग 2 सुख भोग

आभृत वि० 1 अच्छी तरह से भरा हुआ, संपूर्ण 2 बँधा हुआ

आभ्यंतर वि० भीतर होनेवाला

आभ्युदयिक वि० 1 उत्थान संबंधी 2 उन्नति करने या करानेवाला

आमंत्रयिता पुं० आमंत्रित करनेवाला

आमनस्य पुं० दुःखी रहना

आमय पुं० रोग, व्याधि, बीमारी

आमरक्तातिसार पुं० आँव के साथ खून आने का रोग

आमर्ष पुं० असहनशीलता

आमादा वि० तत्पर, उद्यत

आमानाह पुं० आँव का अफरा

आमान्न पुं० बिना पका हुआ अन्न

आमालनामा पुं० किसी के चाल-चलन योग्यता आदि का विवरण

CC-0. In Public Domain...

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आमाशय पुं० भोजन पचाने की थैली

आमिष पुं० 1 खाने योग्य मांस

आमिषाशी पुं० मांस खानेवाला

आमीलन पुं० 1 ढँक लेना 2 आँख बंद करना

आमुख पुं० 1 प्रारंभ 2 प्रस्तावना

आमुष्मिक वि० 1 परलोक संबंधी 2 पारलौकिक

आमोषन पुं० छल द्वारा लेना, मूसना

आम्नात वि० 1 कहा हुआ 2 चर्चित

आम्नाय पुं० पवित्र रीति

आयतन-मिति स्त्री० वस्तु का आयाम नापने की विद्या

आयतनीय वि० आयतन से संबंधित

आयताकार वि० आयत जैसे आकार-वाला, जिसमें चार भुजाएँ तथा समकोण हों

आयति स्त्री० 1 विस्तार 2 वह सीमा जहाँ तक कोई बात पहुँच सकती हो

आयद वि० 1 आरोपित 2 लागू

आयमन पुं० 1 विस्तार करना 2 तनाव

आयस् पुं० 1 लोहा 2 कवच 3 लोहे का शस्त्र

आयसीय वि० लोहे का

आयाचन पुं० आग्रहपूर्वक माँगना

आयातक पुं० दूसरे देश से सामान लाने-वाला, आयात करनेवाला

आयाम पुं० 1 विस्तार 2 लंबाई-चौड़ाई

आयासी वि० कोशिश करनेवाला

आयुक्त पुं० 1 कारिंदा 2 कमिश्नर

आयुध पुं० 1 हथियार

आयुर्दाय पुं० 1 आयु के संबंध में किया जानेवाला ज्योतिष विचार 2 आयु

आयुष्कर वि० आयु बढ़ानेवाला

आयुष्य पुं० जीवन काल, उम्र

आम्लान वि० गंदा

आरंभशूर पुं० जो किसी कार्य के प्रारंभ में अधिक उत्साह दिखलाता है और बाद में शिथिल पड़ जाता है

आरक्षी पुं० पुलिसमैन

आरज़ू स्त्री० इच्छा, कामना

आरट वि० हल्ला करनेवाला

आरण्यक I वि० 1 जंगल से संबंधित 2 वन में रहनेवाला II पुं० वनवासी ऋषियों के रचित ग्रंथ

आरत वि० 1 समाप्त 2 शांत

आरब्धि स्त्री० प्रारंभ, शुरुआत

आरभट पुं० 1 उत्साहपूर्वक जोखिम का काम करनेवाला 2 साहसिक कार्यों का अभिनय

आरमण पुं० 1 आनंद मनाना 2 प्रसन्नता 3 संभोग सुख

आरस्य पुं० नीरसता

आराइश स्त्री० सजावट

आराति पुं० दुश्मन, शत्रु

आरालिक पुं० खाना बनानेवाला

आरास्ता वि० 1 सज्जायुक्त 2 तैयार

आरुण्य पुं० अरुणता, लाली

आरूढ़-यौवना स्त्री० मध्या नायिका जो पूर्ण युवती हो गई हो

आरेक पुं० ख़ाली करना

आरेख पुं० रेखाचित्र

आरेचन पुं० ख़ाली करना या कराना

आरोग्य-प्रमाणक पुं० स्वस्थ/नीरोग होने का प्रमाण-पत्र

आरोध पुं० बाधा, रुकावट

आरोप-फलक पुं० अभियोग आदि का विवरण

आरोह पुं० 1 किसी के ऊपर चढ़ना 2 नीचे से क्रमशः ऊपर जाना 3 वेदांत के अनुसार जीवात्मा की ऊर्ध्वगति

आर्जव पुं० 1 ऋजुता, सीधापन 2 सुगमता 3 व्यवहार आदि की सरलता या साधुता

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आर्त्त त्रि० 1 दुःखी 2 संकटयुक्त

आर्त्त-भक्ति स्त्री० दुःखी भक्त की पूजा और प्रार्थना

आर्त्तव त्रि० 1 मौसमी, ऋतु संबंधी 2 स्त्रियों के रज से संबंधित

आर्तव-दोष पुं० स्त्रियों के मासिक रज की गड़बड़ी

आर्त्तवेयी स्त्री० रजस्वला स्त्री

आर्थी व्यंजना स्त्री० शब्दों से निकलने वाले आशय से अथवा शारीरिक चेष्टा प्रसंग आदि के द्वारा विशेष अर्थ का द्योतन

आर्द्रा स्त्री० आषाढ़ में पड़नेवाला एक नक्षत्र साधारणतः जिसमें वर्षा प्रारंभ होती है

आर्यवृत्त पुं० धार्मिक और सदाचारी

आर्ष त्रि० 1 ऋषि संबंधी 2 ऋषि प्रणीत 3 वैदिक

आर्षेय त्रि० 1 ऋषियों में होनेवाला 2 मान्य 3 उत्तम

आर्हत त्रि० जैन (अर्हंत) सिद्धांतों से संबंधित

आलंभन पुं० 1 प्राप्त करना 2 लब्धि

आलम पुं० 1 संसार 2 हालत

आलवाल पुं० थाला

आलाइश स्त्री० गंदगी

आलात पुं० लुकाठी

आलान पुं० 1 हाथी बाँधने का खंभा 2 हाथी बाँधने की जंजीर

आलापक त्रि० बातचीत करनेवाला

आलारासी त्रि० 1 आलसी 2 बेपरवाह

आलिंगन पुं० 1 हृदय से लगाना 2 परिरंभण

आलिप्त त्रि० लीपा-पोता हुआ

आलिम त्रि० आचार्य, विद्वान

आलीजाह त्रि० उच्च पदस्थ

आलेख्य I त्रि० जो लिखा जा सके II पुं० लिखित कागज

आलोक-चित्रण पुं० किसी की छाया का चित्र लेना

आलोक-पत्र पुं० स्मरण-पत्र

आलोचन पुं० गुण-दोष का विचार

आलोड़न पुं० 1 हिलोरना 2 ऊहापोह

आलोल त्रि० 1 लहराता हुआ 2 नटखट

आवंटन पुं० हिस्से करके बाँटना

आवंतिक त्रि० अवंती से संबंधित

आवक त्रि० बाहर से आनेवाला

आवक्ष I त्रि० II पुं० छाती तक का (चित्र)

आवधिक त्रि० 1 समय-सीमा से संबंधित 2 किसी निश्चित समय तक होनेवाला

आवरण-पृष्ठ पुं० पुस्तक के ऊपर का पन्ना

आवर्जना स्त्री० 1 मनाही 2 हार

आवर्त पुं० 1 चक्कर 2 चारों तरफ़ घूमना 3 बस्ती, देश

आवर्तक त्रि० 1 घूमनेवाला 2 फिर-फिर होनेवाला 3 समय-समय पर जिसकी आवृत्ति होती रहती हो

आवर्तन पुं० 1 किसी के चारों ओर घूमना 2 चक्कर खाना 3 फिर उसी रूप में आ जाना 4 दुहराना

आवर्तबिन्दु पुं० वह स्थान जहाँ से कोई वस्तु घूमती हो

आवर्तित त्रि० 1 घुमाया हुआ 2 मथा हुआ 3 फिर लाया हुआ

आवर्धन पुं० बढ़ाना

आवसथ पुं० 1 रहने की जगह 2 गाँव 3 आश्रम 4 आबादी

आवसथ्य त्रि० घर का, खानगी

आवसानिक त्रि० 1 अंत में होनेवाला 2 रेखा या स्थान के अंत में आनेवाला

आवसानिक कर पुं० यात्रा की समाप्ति पर लिया जानेवाला कर

CC-0. In Public Domain

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आवस्थिक त्रि० किसी अवस्था के अनुकूल

आवापन पुं० छितराकर बोना

आवार पुं० 1 रक्षण, बचाव 2 रक्षा-स्थल

आवासन पुं० दूसरे देश में आकर बस जाना

आवासिक त्रि० 1 कहीं से आकर बसनेवाला 2 निवासी 3 आवास के लिए बना, आवासीय

आवाहक त्रि० पुकारनेवाला

आविद्ध त्रि० छिद्रित/बींधा हुआ

आविर्भाव पुं० 1 उत्पत्ति 2 आवेश

आविल त्रि० मलिन

आविष्करण पुं० खोज करना

आविष्ट त्रि० 1 आवेश से युक्त 2 लीन

आवृत्त त्रि० 1 आच्छादित 2 दोहराया हुआ

आवृत्ति स्त्री० 1 बार-बार होना 2 दोहराना

आवेग पुं० 1 चित्त की प्रबल इच्छा 2 मानसिक उत्तेजना 3 अचानक उठा प्रेरक विचार, जोश

आवेश पुं० उग्र मनोविकार

आवेशिक त्रि० 1 संचारशील 2 आवेशवाला 3 अन्दर दबा हुआ

आवेष्टक I त्रि० चारों तरफ़ से घेरनेवाला या लपेटनेवाला II पुं० 1 घेरा 2 चारदीवारी

आवेष्टन पुं० 1 चारों तरफ़ से घेरना 2 चारों तरफ़ से लपेटनेवाली वस्तु बेठन

आशंसन पुं० 1 घोषित करना 2 प्रशंसा करना

आशंसा स्त्री० 1 आवश्यकता 2 आशीर्वाद 3 संकेत

आशंसित त्रि० 1 इच्छित 2 बतलाया हुआ 3 परिकल्पित

आश पुं० 1 आहार 2 भोजन

आशना त्रि० 1 परिचित 2 जिससे प्रेम हो 3 जिससे अवैध प्रेम सम्बन्ध हो

आशिंजन पुं० आभूषणों की झंकार

आशिंजित त्रि० झंकृत

आशित त्रि० 1 खाया हुआ 2 खाकर तृप्त

आशिमा स्त्री० त्वरा, तीव्रता

आशिष स्त्री० 1 आशीर्वाद 2 एक प्रकार का अलंकार जिसमें अप्राप्त वस्तु के लिए प्रार्थना होती है

आशु I पुं० बरसात में होनेवाला एक प्रकार का धान II त्रि० तीव्र, तेज़ 2 तुरन्त

आशुकवि पुं० तुरन्त कविता करनेवाला कवि

आशुग त्रि० 1 जल्दी चलनेवाला 2 जल्दी पहुँचनेवाला

आशुतोष त्रि० शीघ्र प्रसन्न हो जानेवाला

आशु-पत्र पुं० वह पत्र जो भेजे जाने वाले के पास शीघ्र पहुँचाया जाए

आशुलिपि स्त्री० शार्टहैंड

आश्मरिक त्रि० 1 पथरी का 2 पथरी के रोगवाला

आश्मिक त्रि० पत्थर का

आश्रयण पुं० किसी को सहारा देना या लेना

आश्रुत त्रि० 1 श्रवण किया हुआ 2 स्वीकार किया हुआ 3 जिसके सम्बन्ध में कोई वचन दिया गया हो

आश्लिष्ट त्रि० 1 गले से लगाया हुआ 2 चिपका हुआ

आश्लेष पुं० 1 आलिंगन 2 लगाव, चिपकाप

आश्लेषण पुं० 1 मिलाना 2 मेल 3 गले लगाना

आश्वलक्षणिक पुं० घोड़े के लक्षणों को देखकर पहचाननेवाला व्यक्ति

आश्वास पुं० 1 सांस खींचना 2 सांत्वना

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आश्वासन पुं० 1 सांत्वना, ढाढ़स 2 तसल्ली, इतमीनान

आसंग पुं० 1 साथ रहना 2 संपर्क 3 संभोग करने की प्रबल इच्छा

आसंगत्य पुं० 1 असंगति 2 वियोग

आसंजन पुं० 1 अच्छी तरह जोड़ना 2 ऋणी की संपत्ति पर होनेवाला कब्जा 3 कुर्की

आसंजित वि० कुर्क किया हुआ

आसंदी स्त्री० चौकी, आसन

आसकत स्त्री० आलस्य

आसक्ति स्त्री० 1 लिप्तता 2 इच्छा 3 गहरा लगाव

आसत्ति स्त्री० 1 निकटता 2 शब्दों की पारस्परिक निकटता

आसन्नता स्त्री० सामीप्य, नजदीकी

आसन्न-भूत पुं० 1 वह भूतकाल जो वर्तमान से मिला हुआ हो 2 अभी हाल में हुई क्रिया का काल

आसव पुं० 1 फलों के रस की शराब 2 उत्तेजक या बलवर्धक चीज 3 मद्य पीने का पात्र

आसवक पुं० मद्य तैयार करनेवाला

आसवन पुं० 1 भाप द्वारा अधिक तरल बनाना 2 भभके की सहायता से शराब टपकाना

आसवनी स्त्री० शराब टपकाने का स्थान

आसिद्ध वि० प्रतिबद्ध

आसुत वि० 1 आसक्ति 2 चुभाया हुआ

आसुति स्त्री० चुभाना

आसूदा वि० 1 पैसेवाला 2 निश्चित और सुखी 3 तृप्त

आसेक पुं० 1 पानी से तर करना 2 खेत सींचना

आसेचन पुं० सिंचित करना

आसेध पुं० प्रतिबंध

आसेब पुं० 1 प्रेत-बाधा 2 दुःख

आस्तरण पुं० 1 फैलाना, फैलाव 2 बिछाना 3 यज्ञ की वेदी पर बिखरी कुशा

आस्तिक पुं० वेद और ईश्वर आदि पर विश्वास करनेवाला

आस्थगन पुं० रोक रखना

आस्थानिका स्त्री० बैठने का स्थान, सीट

आस्थानी स्त्री० 1 सभागार 2 मंडप

आस्थापन पुं० अच्छी तरह से स्थापित करना

आस्थित वि० 1 ठहरा हुआ 2 बसा हुआ 3 घेरा हुआ

आस्पद पुं० 1 स्थान 2 निवास-स्थान 3 आधान 4 कुंडली में लग्न से दसवाँ स्थान

आस्फालन पुं० 1 किसी को पीछे हटाने के लिए धक्का मारना 2 आत्मश्लाघा

आस्फोट पुं० 1 अस्त्रों की झंकार 2 ताल ठोंकने की आवाज

आस्यंदन पुं० प्रस्रवण, बहना, रिसना

आस्य पुं० मुख

आस्रव पुं० 1 उबलते हुए चावल का फेन 2 रिसन

आस्वांत वि० शब्द करता हुआ

आस्वाद पुं० रस

आस्वादन पुं० 1 किसी चीज का स्वाद देखना 2 रस लेना

आहरण पुं० बलपूर्वक ले लेना

आहर्त्ता वि० चुरा ले जानेवाला

आहारमंडप पुं० बड़ा कमरा जहाँ पर अतिथियों, मित्रों आदि को भोजन दिया जाता है

आहार-विज्ञान पुं० खाद्य पदार्थ के गुण दोष तथा तत्त्वों का विवेचन(डायटेटिक्स)

आहारोत्तर वि० भोजन के बाद का

आहार्य्य वि० 1 ग्रहण किए जाने योग्य 2 खाने योग्य

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आहार्य्याभिनय पुं० बिना कुछ बोले या चेष्टा किए केवल रूप और वेश द्वारा ही नाटक का संपादन

आहित वि० 1 रखा हुआ 2 गिरवी रखा हुआ

आहिताग्नि पुं० धार्मिक दृष्टि से रखी हुई अग्नि

आहृत वि० अपहरण किया हुआ

आह्न वि० नित्य होनेवाला

आह्निक वि० दैनिक

आह्लाद पुं० क्षणिक परन्तु तीव्र प्रसन्नता

आह्लादक वि० ख़ुशी उत्पन्न करनेवाला

आह्वायक वि० बुलानेवाला

इ

इंगन पुं० 1 हिलाना, डुलाना 2 संकेत करना

इंगुरौटी स्त्री० सिंदूर रखने की डिबिया

इंतकाम पुं० बदला

इंतकाल पुं० 1 एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाना 2 किसी संपत्ति का एक के पास से दूसरे के पास जाना 3 एक लोक से दूसरे लोक में जाना, मरना

इंतख़ाब पुं० 1 चुनाव 2 चुनना 3 ख़सरा या खतौनी आदि के किसी लेख की नकल

इंतहा पुं० 1 समाप्ति 2 पराकाष्ठा

इंद्रवज्रा स्त्री० एक वर्ण वृत्त जिसके प्रत्येक चरण में दो तगण (ऽऽ।) एक जगण (।ऽ।) और दो गुरु होते हैं

इंद्रिय-लोलुप वि० इंद्रियों के भोग का इच्छुक

इंद्रियार्थ पुं० इंद्रियों के भोग का विषय

इंद्रियार्थवाद पुं० इंद्रिय-सुख भोगने की प्रवृत्ति

इकतार वि० एक तरह, एकरस

इक़बाल पुं० कबूल कर लेना, मान लेना 2 प्रताप 3 वैभव

इकराम पुं० 1 पारितोषिक 2 प्रदान 3 सम्मान

इकरारी वि० 1 इकरार का 2 वचन देनेवाला

इकोतरसौ पुं० सौ से एक अधिक

इकौंज स्त्री० वह स्त्री जो केवल एक संतान पैदा कर सकी हो

इक्षुशर्करा स्त्री० गन्ने के रस से बनी हुई चीनी

इच्छापत्र पुं० वसीयतनामा

इजरा पुं० जारी करना

इज़हार पुं० 1 स्पष्ट करना 2 अदालत में दिया जानेवाला बयान

इज़ाफ़ा पुं० बढ़ोत्तरी

इजारा पुं० एकाधिकार

इड़ा स्त्री० 1 पृथ्वी 2 आहुति 3 बाईं साँस की नाड़ी

इत:परं क्रि०वि० इसके बाद

इतर वि० प्रस्तुत से भिन्न, दूसरा

इतरेतर क्रि०वि० परस्पर

इतरेतराश्रय पुं० न्याय में दो बातों का एक-दूसरे पर आश्रित होना

इतस्तत: क्रि०वि० इधर-उधर

इताअत स्त्री० आज्ञा-पालन

इति-कर्तव्य पुं० 1 उत्तरदायित्वपूर्ण कर्तव्य 2 परम कर्तव्य

इतिवृत्त पुं० घटनाओं का क्रम से लिखा हुआ वर्णन

इत्तफ़ाक़िया वि० 1 संयोग से होनेवाला 2 अचानक

इत्तहाद पुं० मेल-मिलाप, एकता

इत्थं क्रि०वि० इस प्रकार

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इत्थमेव त्रि० ऐसा ही

इत्वर त्रि० 1 दुष्ट 2 क्रूर

इत्वरी स्त्री० चरित्रहीन स्त्री

इद्दत स्त्री० मुसलमानी कानून के अनुसार स्त्री का अपने पति के मरने के 40 दिन तक दूसरा विवाह न करना

इनायत स्त्री० कृपा

इन्तकाम पुं० प्रतिशोध, बदला

इफ़तरा पुं० गलत आरोप

इफ़रात स्त्री० 1 बहुत ज़्यादा होना 2 प्रचुरता

इबलीस पुं० शैतान

इब्तिदा स्त्री० प्रारंभ

इब्न पुं० पुत्र, बेटा

इमकान पुं० सँभावना

इम्तियाज़ पुं० 1 पहचान 2 विवेक

इयत्ता स्त्री० 1 परिमिति 2 हद्द

इरशाद पुं० 1 नियम बताना 2 हुक्म, आज्ञा

इरसाल पुं० भेजना

इलहाम पुं० 1 देववाणी 2 ईश्वरीय ज्ञान

इला स्त्री० 1 धरती 2 सरस्वती 3 ज्ञानवती स्त्री

इल्तिजा स्त्री० बिनती

इल्लत स्त्री० 1 बीमारी 2 संकट 3 बुरी आदत 4 बुराई

इशरत स्त्री० 1 विलास 2 आनंद-मंगल

इषु पुं० 1 तीर 2 क्षेत्र-गणित में वृत्त के अन्तर्गत जीवा के मध्यबिन्दु से परिधि तक खींची हुई सीधी रेखा

इष्टापत्ति स्त्री० वाद-विवाद में उठाई गई ऐसी आपत्ति जो विपक्षी के लिए लाभ-दायक हो

इसरार पुं० आग्रह

इस्तकबाल पुं० 1 आदर 2 स्वागत

इस्तमरारी वि० स्थायी

इस्म पुं० नाम, संज्ञा

इस्लाह स्त्री० सुधार

इहलीला स्त्री० इस लोक में होनेवाले कार्य

ई

ईक्षक पुं० देखभाल करनेवाला

ईक्षा स्त्री० 1 देखभाल 2 देखना

ईजा स्त्री० कष्ट, तकलीफ़

ईजाद स्त्री० आविष्कार

ईडित वि० जिसकी प्रशंसा की गई हो

ईप्सा स्त्री० 1 चाह 2 लालसा

ईप्सित वि० इच्छित, चाहा हुआ

ईमनकल्याण पुं० एक संकर राग

ईर्षित त्रि० 1 जिससे घृणा की गई हो 2 जिससे ईर्ष्या की गई हो

ईर्ष्य त्रि० जिससे डाह की जा सकती हो

ईशा स्त्री० 1 कीर्ति 2 प्रतिभाशाली स्त्री

ईशान पुं० 1 मालिक 2 परमात्मा 3 पूर्व और उत्तर के बीच का कोना

ईश्वर-प्रणिधान पुं० एकाग्र होकर ईश्वर में ध्यान लगाना

ईश्वरवाद पुं० ईश्वर की सत्ता पर विश्वास करने का सिद्धान्त

ईषत् क्रि०वि० 1 थोड़े रूप में 2 थोड़ा, हलका

ईषत्स्पृष्ट वि० जिसका किसी से बहुत थोड़ा स्पर्श हो

ईषद्विवृत वि० थोड़ा खुला

ईहा स्त्री० इच्छा, चाह

ईहामृग पुं० नाटक जिसमें कोई दिव्य नायक मृगतृष्णा की तरह किसी कामिनी को पाने की इच्छा करता है

ईहित वि० इच्छित

CC-0. In Public D...

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उ

उंछ स्त्री० फ़सल कटने के बाद खेत में गिरे हुए अन्न को चुनना

उंछवृत्ति स्त्री० खेत में गिरे हुए अन्न को चुनकर जीविका चलाना

उकठा वि० 1 सूखकर ऐंठा हुआ 2 सूखा

उकताना अ० 1 ऊबना 2 घबराना

उकलना अ० 1 तह से बाहर होना 2 किसी लिपटी हुई चीज़ का खुल जाना

उकवथ पुं० एक प्रकार का चमड़े पर होनेवाला रोग जिसमें छोटे-छोटे लाल दाने निकल आते हैं

उकेरना स० नक्काशी करना

उक्त वि० 1 बतलाया हुआ 2 कहा हुआ

उक्त-प्रत्युक्त पुं० 1 लास्य के दस अंगों में से एक 2 प्रश्नोत्तर 3 वार्त्तालाप

उक्ति-युक्ति स्त्री० बताया गया उपाय

उक्थ पुं० 1 कथन 2 स्तोत्र

उक्षण पुं० पानी छिड़कना

उखालिया पुं० व्रत से पहले रात का अल्पाहार

उग्र वि० 1 घोर 2 कड़ा 3 प्रचंड

उघरारा वि० 1 जो ढका न हो 2 नग्न

उचंत पुं० ऊपर ही ऊपर का लेन देन

उचकन पुं० ऊँचा उठाने के लिए नीचे रखा हुआ आधार

उचाट पुं० उदासीनता, विरक्ति

उच्चंड वि० प्रचंड

उच्चक वि० सबसे अधिक लंबा

उच्चक मनोग्रंथि स्त्री० यह भावना कि हम औरों से बड़े हैं

उच्चमान पुं० रिकार्ड

उच्चय पुं० चयन करना

उच्चाकांक्षा स्त्री० महत्त्वपूर्ण आकांक्षा

उच्चाटन पुं० खींचकर अलग करना

उच्चायुक्त पुं० हाई कमिश्नर (राष्ट्र मंडल के देशों के मध्य भेजे जानेवाले राजनैतिक प्रतिनिधि)

उच्चार पुं० बोल, कथन

उच्चालक I वि० II पुं० ऊपर उठानेवाला

उच्चावच पुं० नीचे-ऊपर, उतार-चढ़ाव

उच्चित्र वि० जिस पर बेल बूटे उभारे गये हों

उच्छल वि० ऊपर की ओर उछलनेवाला

उच्छित वि० ऊँचा, उठा हुआ

उच्छित्ति स्त्री० विनाश

उच्छिन्न वि० 1 बर्बाद किया हुआ 2 कटा हुआ

उच्छिष्ट वि० खाने से बचा हुआ, जूठा

उच्छू पुं० श्वासनली में पानी चले जाने से आनेवाली खाँसी

उच्छृंखल वि० 1 बेकाबू, निरंकुश 2 अक्खड़

उच्छेत्ता वि० उच्छेद करनेवाला

उच्छेद पुं० जड़ से उखाड़ना

उच्छेदन पुं० जड़ से अच्छी तरह उखाड़ना

उच्छ्वसन पुं० लंबी साँस लेना

उच्छ्वास पुं० ऊपर की ओर निकली साँस

उछंग पुं० गोद

उजान पुं० 1 धारा का उलटा रुख़ 2 चढ़ाव

उजालना सं० 1 चमकाना 2 प्रकाश करना

उज्जीवन पुं० 1 दुबारा मिला हुआ जीवन, नया जीवन 2 फिर से पनपना

उज्ज्वलन पुं० 1 चमक उठना 2 प्रकाश-युक्त होना या करना 3 जलना

उज्झटित वि० 1 उलझन में पड़ा हुआ 2 व्याकुल, परेशान

उज्झित वि० त्यागा हुआ

उज्र पुं० 1 आक्षेप 2 आपत्ति, एतराज

उज्रदारी स्त्री० न्यायालय में की जाने-वाली आपत्ति

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उटक-नाटक वि० ऊबड़-खाबड़
उटज पुं० झोंपड़ी, कुटी
उडंबरी स्त्री० तारवाला एक बाजा
उड़नकिला पुं० एक बहुत बड़ा वायुयान जो किले के समान मज़बूत और सुरक्षित माना जाता था
उडु पुं० नक्षत्र, तारा
उडुप पुं० बाँस और घड़ों से बनी नौका
उडुप, उडुपति पुं० चन्द्रमा
उड्डयन पुं० उड़ना, उड़ान
उड्डीन I वि० आकाश में उड़नेवाला II पुं० उड़ान
उड्डीयन पुं० (योगी की) उड़ान
उत् उप० ऊपर
उतरायल वि० अधिक दिनों तक पहनकर उतारा हुआ (कपड़ा या गहना)
उतावली स्त्री० जल्दबाज़ी
उत्कंठ वि० 1 ऊपर उठी हुई गर्दनवाला 2 तत्पर
उत्कंठा स्त्री० 1 तीव्र इच्छा 2 काम को तुरन्त करने की अभिलाषा
उत्कंठातुर वि० तीव्र इच्छा की पूर्ति के लिए आतुर
उत्कंप पुं० कँपकँपी
उत्कच वि० खड़े बालोंवाला
उत्कट वि० 1 विकराल 2 ज़ोर का, तीव्र 3 बहुत ऊँचा
उत्कर्ष पुं० 1 बड़प्पन 2 उन्नति 3 बढ़ती
उत्कलन पुं० 1 बंधन से छूट जाना 2 फूलों का खिलना 3 प्रस्फुटन
उत्कारिका स्त्री० फोड़े को पकाने का लेप, पुलटिस
उत्कासन पुं० 1 बेदख़ल करना 2 निकाल देना 3 खखारना
उत्कीर्ण वि० 1 बिखरा हुआ 2 खुदा हुआ
उत्कुण पुं० 1 खटमल 2 जूँ
उत्कूज पुं० 1 मीठी आवाज़ 2 कोयल का कूकना
उत्कृष्ट वि० 1 अच्छे गुणों से युक्त 2 उत्तम, बढ़िया
उत्केंद्र(क) वि० 1 अपने केंद्र से हटा हुआ 2 जो ठीक बीच में स्थित न हो 3 जो पूर्ण गोला न हो
उत्केंद्रता स्त्री० केंद्र से अलग होने की अवस्था या भाव
उत्कोच पुं० 1 घूस 2 भ्रष्टाचार
उत्क्रम पुं० 1 ऊपर की ओर जाना 2 समृद्धि होना 3 ठीक मार्ग से इधर-उधर होना
उत्क्रमण पुं० ऊपर की ओर जाना 2 क्रम का उल्लंघन 3 चढ़ाई 4 उलटा चलना
उत्क्रांत वि० 1 उलटा 2 जिसका उल्लंघन हुआ हो
उत्क्रांति स्त्री० 1 क्रमशः उन्नति की ओर चढ़ना 2 अतिक्रमण 3 विपरीतता
उत्क्लेश पुं० 1 शरीर का अस्वस्थ रहना 2 घबराहट 3 उबकाई 4 कलेजे के पास जलन
उत्क्षिप्त वि० 1 ऊपर फेंका हुआ 2 वर्ण जिसके उच्चारण में जीभ ऊपर उछलती है
उत्क्षेप पुं० 1 ऊपर की ओर फेंकना 2 बाहर निकालना 3 उछालना
उत्क्षेपण पुं० 1 उछालना 2 कै, वमन 3 ढक्कन
उत्खनन पुं० खोदना, खुदाई
उत्खात वि० खोदकर निकाला हुआ 2 उखाड़ा हुआ 3 हटाया हुआ
उत्खाता वि० 1 खोदनेवाला 2 उखाड़नेवाला 3 नष्ट करनेवाला
उत्तंभन पुं० 1 सहारा देना 2 रोकना 3 सहारा
उत्तट वि० तट के ऊपर बहनेवाला

CC-0. In Public Domain

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उत्तंस पुं० मुकुट
उत्तप्त वि० 1 अधिक तपाया हुआ 2 संतप्त 3 क्रोधित
उत्तमपुरुष पुं० वक्ता, मैं, हम
उत्तमर्ण पुं० ऋण देनेवाला, महाजन
उत्तमसाहस पुं० कठोर शारीरिक दंड
उत्तमांग पुं० सर्वश्रेष्ठ अंग, सिर
उत्तमांभस पुं० हिंसा के त्याग से प्राप्त तुष्टि
उत्तमार्द्ध पुं० 1 उत्तम आधा अंश 2 अंतिम आधा भाग
उतमाह पुं० 1 शुभ दिन 2 अंतिम दिन
उत्तमौजा वि० उत्तम बल और तेजवाला
उत्तरंग वि० 1 तरंगित, लहराता हुआ 2 प्रसन्न, मग्न
उत्तरक्रिया स्त्री० दाह संस्कार के बाद के रस्म-रिवाज
उत्तरगुण पुं० मूल गुणों की रक्षा करनेवाले दूसरे गुण
उत्तरच्छद पुं० 1 आवरण 2 बिछौने पर बिछाई जानेवाली चादर
उत्तरजीवी पुं० औरों से बचकर अधिक जीनेवाला प्राणी
उत्तरण पुं० 1 तैरकर पार करना 2 उतरना
उत्तरदिनांकित वि० जिस पर बाद की तारीख़ पड़ी हो
उत्तरपट पुं० 1 उत्तरीय 2 विछाने की चादर
उत्तरपद पुं० यौगिक शब्द का अंतिम शब्द
उत्तरभोगी वि० बची हुई संपत्ति का भोग करनेवाला
उत्तरवर्ती वि० बाद में होनेवाला
उत्तरवयस् पुं० पिछली उम्र, बढ़ाया
उत्तरवादी वि० प्रतिवादी, मुदाअलह
उत्तरसाक्षी पुं० सुनी-सुनाई के आधार पर गवाही देनेवाला
उत्तराभास पुं० 1 असत्य जवाब 2 ऊपर से सत्य लगनेवाला उत्तर
उत्तरायण पुं० मकर रेखा से उत्तर को होनेवाली सूर्य की गति
उत्तरार्द्ध पुं० बाद का आधा भाग
उत्तरीय पुं० 1 कंधे पर रखने का कपड़ा 2 ऊपर पहनने का कपड़ा
उत्तल वि० जिसका तल उभरा हो, उन्नतोदर
उत्तान वि० 1 विस्तृत 2 पीठ के बल लेटा हुआ, चित
उत्तान-हृदय वि० 1 शुद्ध हृदयवाला 2 निश्छल, उदार और सज्जन
उत्ताप पुं० 1 गर्मी 2 मानसिक कष्ट
उत्तापमापी पुं० ताप नापने का यन्त्र
उत्तार I वि० 1 सबसे बढ़ा हुआ, श्रेष्ठ II पुं 2 उद्धार
उत्तारक पुं० उद्धार करनेवाला
उत्तारण पुं० 1 पार ले जाना 2 एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुँचाना 3 उद्धार करना
उत्तार्य वि० पार उतारने योग्य
उत्तावतल वि० एक तरफ़ से उभरा हुआ दूसरी तरफ से दबा हुआ
उत्तुंग वि० अत्यधिक ऊँचा
उत्तू I पुं० 1 कपड़े पर बेल-बूटे बनाने का एक यन्त्र 2 कढ़ाई का काम II वि० मस्त
उत्तूगर पुं० कपड़े पर बेल बूटे बनानेवाला
उत्तेजक वि० भड़काने या उकसानेवाला
उत्तोलक वि० ऊपर उठानेवाला
उत्तोलन पुं० ऊपर उठाना
उत्थानक वि० ऊपर उठानेवाला
उत्थापक वि० 1 समृद्धि करनेवाला 2 ऊपर उठानेवाला
उत्थापन पुं० 1 ऊपर उठाना 2 उत्साहित करना

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation

उत्थित वि० 1 ऊपर उठाया हुआ 2 जागा हुआ 3 संपन्न

उत्पल पुं० कमल

उत्पवन पुं० 1 साफ़ करना 2 स्वच्छ करने का यंत्र 3 तरल पदार्थ छिड़कना

उत्पाटक वि० उखाड़नेवाला

उत्पाटन पुं० उखाड़ना 2 निर्मूल करना

उत्पात पुं० 1 आकस्मिक घटना 2 ऊधम 3 हलचल

उत्पाद वि० उत्पन्न वस्तु

उत्पीड़क वि० कष्ट पहुँचानेवाला

उत्पीड़न पुं० 1 दुःख पहुँचाना 2 जुल्म करना

उत्प्रवास पुं० देश छोड़कर अन्यत्र चला जाना

उत्प्रासन पुं० लुढ़कना

उत्प्रेक्षक वि० तर्क-वितर्क करनेवाला

उत्प्रेक्षा स्त्री० 1 आरोप 2 एक अलंकार जिसमें यह उल्लेख होता है कि उपमेय उपमान मानो एक समान है

उत्प्रेरक वि० 1 प्रेरित करनेवाला 2 क्रियाशील करनेवाला

उत्प्रेरणा पुं० 1 प्रेरणा देना 2 सक्रिय करना 3 रसायन शास्त्र में एक पदार्थ का किसी दूसरे पदार्थ पर रासायनिक क्रिया करना 4 शाबाशी

उत्प्लव पुं० 1 समुद्री बोया 2 तैरना

उत्फुल्ल वि० 1 विकसित 2 खिला हुआ

उत्संग पुं० 1 अंक, गोद 2 मध्य का हिस्सा 3 ऊपरी भाग 4 चोटी

उत्स पुं० 1 स्रोत 2 जलधारा

उत्सन्न वि० 1 उखाड़ा हुआ 2 पूरा किया हुआ

उत्सर्गी(गिन) वि० त्यागनेवाला

उत्सर्जन पुं० 1 उत्सर्ग करना या छोड़ना 2 दान 3 किसी कर्मचारी को उसके पद से हटाना

उत्साद पुं० विनाश

उत्सादन पुं० 1 रद्द करना, हटा देना 2 तोड़-फोड़कर नष्ट करना 3 खेत की जुताई अच्छी तरह करना

उत्सादित वि० 1 त्यागा हुआ 2 नष्ट किया हुआ 3 रद्द कर दिया हुआ

उत्सारण पुं० 1 पार करना 2 सम्मान करना 3 निकालना

उत्सिक्त वि० सिंचित

उत्सृष्ट वि० त्यागा हुआ

उत्सेध पुं० 1 ऊँचाई 2 उन्नति 3 मोटाई 4 सूजन

उत्सेधजीवी (विन्) पुं० दूसरों की संपत्ति पर जीवन-निर्वाह करनेवाला

उत्स्य वि० 1 स्रोत सम्बन्धी 2 सोते से निकला हुआ

उदंचन पुं० 1 ऊपर की ओर फेंकना 2 चढ़ना, चढ़ाना

उदंत पुं० 1 अंतिम स्थान पर पहुँचनेवाला 2 समाचार

उदक पुं० पानी, जल

उदकक्रिया स्त्री० 1 जलदान 2 पितरों को तर्पण

उदकदाता (तृ) वि० पितरों का तर्पण करनेवाला

उदक्य वि० 1 पानी में होनेवाला 2 जलीय

उदगर्गल पुं० जल-स्थान की दूरी जानने की विद्या

उदग्र वि० 1 असह्य 2 उन्नत 3 सीधा खड़ा 4 उमड़ा हुआ 5 तेज़, प्रचंड

उदग्रशिर वि० उन्नत मस्तकवाला

उदजन पुं० एक प्रकार का अदृश्य गंध-हीन वाष्प जिसकी गणना तत्त्वों में होती है (हाइड्रोजन)

उदन्य वि० 1 प्यासा 2 जलयुक्त

उदयगढ़, उदयाचल पुं० पूर्व में स्थित कल्पित पर्वत जिसके पीछे से सूर्योदय

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

होता है

उदरंभरि वि० 1 अपना पेट पालनेवाला 2 मतलबी

उदरगुल्म पुं० वायु के कारण पेट का फुलाव

उदरग्रंथि स्त्री० तिल्ली का एक रोग

उदरपरायण वि० 1 पेटू 2 स्वार्थी

उदर-पिशाच वि० बहुत ज़्यादा खानेवाला

उदरामय पुं० पेट का रोग

उदरावरण पुं० पेट को चारों तरफ़ से घेरनेवाली झिल्ली

उदरिक वि० फूले हुए पेटवाला, तोंदवाला

उदरिणी स्त्री० गर्भवती स्त्री, पेटवाली

उदर्य वि० पेट सम्बन्धी

उदसना अ०स०क्रि० 1 उजड़ना, उजाड़ना 2 उदास होना, उदास करना

उदात्त वि० 1 ऊँचा बना हुआ 2 ऊँचे स्वर से उच्चरित 3 स्पष्ट 4 दयालु

उदान पुं० 1 ऊपर की तरफ़ साँस खींचना 2 प्राण वायु जो हृदय से कंठ और तालु तक जाती है

उदारचेत्ता(तस्) वि० उदार विचारोंवाला

उदाहृति स्त्री० 1 उदाहरण 2 उत्कर्ष-युक्त वचन

उदित वि० जो उदय हुआ हो, उगा हुआ

उदितयौवना स्त्री० नायिका जिसमें तीन हिस्सा यौवन और एक हिस्सा लड़कपन हो

उदीची स्त्री० उत्तर दिशा

उदीचीन वि० उत्तरी

उदीरण स्त्री० प्रेरणा

उद्गत वि० 1 निकला हुआ 2 प्रकट 3 विस्तृत 4 कै किया हुआ 5 प्राप्त

उद्गतार्थ पुं० ऐसी चीज़ जिसको कुछ समय तक रोक देने से उसका दाम स्वयमेव बढ़ जाता है

उद्गम पुं० 1 उद्भव 2 जन्म 3 निकास, आरंभ

उद्गाता पुं० यज्ञ में सामवेदीय कृत्य करनेवाला ऋत्विज

उद्गिरण पुं० 1 बाहर फेंकना 2 उगलना

उद्गीति स्त्री० आर्या छंद का भेद जिसमें पहले और तीसरे चरण में बारह-बारह, दूसरे में पन्द्रह और चौथे में अठारह मात्राएँ होती हैं

उद्गीर्ण वि० 1 उगला हुआ 2 बाहर फेंका हुआ 3 टपका हुआ

उद्ग्रहण पुं० कर आदि की वसूली

उदग्राह पुं० 1 ऊपर लाना 2 वसूली 3 प्रतिवाद

उदग्रीव, उदग्रीवी(विन्) वि० गर्दन ऊपर उठानेवाला

उद्घट्टन पुं० 1 छोड़ना 2 खुलना 3 फैलना

उद्घातक वि० 1 धक्का मारनेवाला 2 शुरू करनेवाला

उद्घोष पुं० 1 बहुत ज़ोर से कुछ कहना 2 ज़ोर की आवाज़ 3 ऐलान

उद्दंड वि० अक्खड़

उद्दांत वि० 1 नम्र 2 उत्साही

उद्दान पुं० 1 बाँधने की क्रिया या भाव 2 उद्यम 3 बड़वानल 4 लगन 5 कोशिश 6 कमर 7 मध्य

उद्दाम वि० 1 बंधनरहित 2 स्वतंत्र 3 निरंकुश 4 गम्भीर

उद्दिष्ट वि० 1 किसी उद्देश्य के लिए रखा हुआ 2 इंगित किया हुआ

उद्दीपन पुं० 1 प्रज्वलित करना 2 उत्तेजित करना, भड़काना 3 प्रकाशित करना

उद्दीप्त वि० 1 उत्तेजित 2 चमकीला 3 (रस) जिसका उद्दीपन हुआ हो

उद्देशन पुं० 1 संकेत करना 2 दिखलाना

उद्देशिका स्त्री० उद्देश्य बतानेवाली भूमिका

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उद्देष्टा वि० इशारा करनेवाला

उद्धत वि० 1 विकराल 2 प्रगल्भ 3 गुस्ताख़ 4 घमंडी

उद्धर्ता(र्तृ) वि० 1 उद्धार करनेवाला 2 आपत्ति से बचानेवाला

उद्धस्त वि० जिसके हाथ ऊपर की तरफ़ उठे हुए हों

उद्धारण पुं० 1 ऊपर उठाना 2 बचाना 3 हिस्सा बाँटना 4 किसी शब्द को बाहर कर देना (डिलीशन)

उद्धारित वि० बचाया हुआ

उद्धित वि० ऊपर उठाया हुआ

उद्धृति स्त्री० 1 उद्धृत अंश, उद्धरण 2 बचाव, उद्धार

उद्ध्वंस पुं० 1 विनाश 2 महामारी 3 कठोरता

उद्बाहु वि० बाँहें ऊपर उठाए हुए

उद्बुद्ध वि० जिसको ज्ञान हुआ हो 2 चेतन्य 3 जगा हुआ 4 प्रफुल्लित

उद्बोध पुं० 1 जागरण 2 ज्ञान 3 स्मरण

उद्बोधक वि० 1 ज्ञान प्राप्त करानेवाला 2 जागनेवाला 3 उत्तेजित करनेवाला

उद्बोधन पुं० 1 जगाना 2 प्रेरणा देना 4 उत्तेजित करना

उद्बोधिता स्त्री० उपपति द्वारा फुसलाई हुई नायिका

उद्भट वि० 1 प्रबल 2 विकराल

उद्भव पुं० 1 जन्म, उत्पत्ति 2 निकास

उद्भावक वि० 1 पैदा करनेवाला 2 नया विचार देनेवाला

उद्भावना स्त्री० मन में उत्पन्न अनोखी और नई बात

उद्भावयिता(तृ) पुं० उद्भावक

उद्भास पुं० 1 स्पष्ट रूप में सामने आना 2 प्रकाश 3 क्रांति 4 उद्भावना

उद्भिज्ज, उद्भिद वि० ज़मीन को फोड़कर निकलनेवाले पेड़-पौधे

उद्भिज्ज-शास्त्र पुं० वनस्पति विज्ञान

उद्भिन्न वि० 1 फोड़ा हुआ 2 नष्ट 3 व्यक्त 4 पैदा हुआ

उद्भृत वि० उभरा हुआ

उद्भ्रम पुं० 1 घूमना 2 भ्रमण 3 पश्चात्ताप

उद्भ्रांत वि० 1 चक्कर लगाता हुआ 2 भ्रम में पड़ा हुआ 3 चकित 4 पागल

उद्यानिकी स्त्री० बाग-बगीचे का काम

उद्यापन पुं० 1 किसी पवित्र काम को पूरा करना 2 अन्त में किया जानेवाला धार्मिक कार्य

उद्युक्त वि० 1 संलग्न 2 किसी कार्य में व्यस्त 3 तत्पर

उद्योत पुं० 1 प्रकाश 2 चमक

उद्योतन पुं० 1 चमकाने का कार्य 2 सामने लाना 3 भाषाविज्ञान में वह तत्त्व जो किसी शब्द में नया भाव लाकर उसकी द्योतकता बढ़ाता है

उद्र पुं० ऊद बिलाव

उद्रिक्त वि० 1 अधिक 2 स्पष्ट 3 प्रत्यक्ष

उद्रेक पुं० 1 अधिकता 2 मुख्यता 3 प्रारंभ 4 रजोगुण 5 साहित्य में एक अलंकार जिसमें किसी के गुण या दोष के आगे कई गुणों या दोषों के मंद पड़ने का वर्णन होता है

उद्वपन पुं० 1 बाहर फेंकना 2 उंड़ेलना

उद्वर्त I वि० 1 अतिरिक्त 2 शेष 3 फ़ालतू **II** पुं० 1 फफोला 2 उबटन

उद्वर्तक वि० 1 उठानेवाला 2 उबटन लगानेवाला

उद्वर्ती वि० औंधा

उद्वर्धन पुं० 1 वृद्धि 2 विस्तार

उद्वहन पुं० ऊपर को उठा ले जाना

उद्वासन पुं० 1 स्थान से हटाना 2 भगाना 3 तोड़-फोड़ डालना 4 हत्या करना 5 यज्ञ के पहले आसन बिछाने

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

और यज्ञ पात्र आदि साफ़ करके उसे निश्चित स्थान पर रखना
उद्वाह पुं० 1 उठाना 2 एक स्थान से दूर ले जाना 3 शादी
उद्विग्न वि० 1 व्याकुल 2 व्यग्र 3 घबराया हुआ
उद्वेग पुं० 1 घबराहट 2 जोश 3 विरह-जन्य चिंता और दुःख
उद्वेजक वि० उद्विग्न करनेवाला
उद्वेजन पुं० उद्वेग उत्पन्न करना
उद्वेलन पुं० 1 छलकना, उफनना 2 सीमा का उल्लंघन 3 उमड़ना
उद्वेलित वि० 1 उभारा हुआ 2 ऊपर से बहता हुआ 3 उमड़ता हुआ
उद्वेष्टन पुं० 1 बाढ़ 2 घेरा 3 नितंब का दर्द
उनमुना वि० 1 अनमना 2 मौन
उनमेद पुं० तालाबों में वर्षा के प्रारंभ में उठनेवाली एक प्रकार की ज़हरीली फेन जिसे खाने से मछलियाँ मर जाती हैं
उनवना अ० 1 चारों ओर से घिरना 2 एकाएक सामने आना
उनींदा वि० निद्रालु
उन्नतांश पुं० 1 ऊपर की ओर का विस्तार 2 दूज के चन्द्रमा का वह किनारा जो दूसरे से ऊँचा हो
उन्नतोदर पुं० वृत्तखंड या चाप का ऊपर उठा हुआ तल
उन्नद्ध वि० 1 ख़ूब बँधा हुआ 2 फूला हुआ 3 उठाया हुआ 4 घमंडी
उन्नयन पुं० 1 ऊपर उठाना 2 पद में वृद्धि करना 3 सुधार
उन्नायक वि० 1 ऊपर उठानेवाला 2 उन्नत करनेवाला 3 बढ़ानेवाला
उन्नाह पुं० 1 उठाकर बाँधना 2 उभार 3 घमंड
उन्निद्र वि० 1 निद्रारहित 2 प्रफुल्लित
उन्नीत वि० 1 ऊपर पहुँचाया हुआ 2 ऊपर के पद पर पहुँचाया हुआ
उन्मथ पुं० 1 कान का एक रोग 2 मथना 3 दुःख पहुँचाना
उन्मज्जन पुं० 1 जल में से बाहर निकलना 2 ऊपर आना, उठ आना
उन्मत्त वि० 1 मतवाला 2 बावला, पागल
उन्मत्तता स्त्री० 1 मतवालापन 2 पागलपन
उन्मदिष्णु वि० 1 उन्मत्त 2 जिसका मद निकल रहा हो (हाथी)
उन्मन वि० 1 अनमना 2 मतवाला 3 उद्विग्न
उन्मर्दन पुं० रगड़ना 2 शरीर पर लगाने का सुगंधित पदार्थ
उन्माथ पुं० 1 हिलाना 2 हत्या करना 3 दुःख देना
उन्माद पुं० 1 विक्षिप्तता 2 पागलपन
उन्मादन पुं० 1 मतवाला करना 2 कामदेव के पाँच वाणों में से एक
उन्मान पुं० 1 नापना-तौलना 2 महत्त्व समझना 3 मूल्यांकन
उन्मार्ग पुं० 1 कुमार्ग 2 निकृष्ट आचरण
उन्मार्गी (गिन्) 1 बुरे मार्ग पर चलनेवाला 2 गंदे चरित्रवाला
उन्मार्जन पुं० रगड़कर साफ़ करना
उन्मित वि० 1 नापा हुआ 2 तौला हुआ
उन्मीलन पुं० 1 नेत्र खोलना 2 विकसित होना 3 सामने आना 4 खुलना
उन्मीलित वि० 1 खुला हुआ 2 खिला हुआ
उन्मुक्ति स्त्री० 1 रिहाई 2 रोग से छुटकारा
उन्मुख वि० 1 ऊपर मुँह किए हुए 2 उत्सुक 3 तैयार 4 प्रस्तुत
उन्मुग्ध वि० 1 अत्यन्त आसक्त 2 अतिशय मूर्ख 3 व्यग्र

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उन्मूलक वि० जड़ से उखाड़नेवाला

उन्मूलन पुं० 1 जड़ से उखाड़ना 2 ध्वस्त कर देना

उन्मूलित वि० 1 जड़ से उखाड़ा हुआ 2 पूर्णतः नष्ट किया हुआ

उन्मेष पुं० 1 खुलना 2 खिलना 3 प्रकट होना 4 थोड़ा प्रकाश

उन्मोचन पुं० 1 बंधन या अपराध से मुक्ति 2 विपत्ति से छुटकारा

उप उप० पास, साथ, अधीन, डिप्टी

उपकथन पुं० प्रत्युत्तर

उपकर पुं० छोटा कर

उपकरण पुं० 1 औज़ार 2 साधन

उपकर्णिका स्त्री० जनश्रुति

उपकर्षण पुं० अपनी तरफ़ खींचना

उपकल्प पुं० 1 आभूषण 2 धन 3 सम्मान

उपकला स्त्री० झिल्ली

उपकल्पन पुं० 1 तैयारी 2 बनाना

उपकीर्ण वि० 1 फैलाया हुआ 2 ढँका हुआ

उपकुर्वाण पुं० अध्ययन समाप्त करके गृहस्थ बननेवाला व्यक्ति

उपकुल्या स्त्री० 1 छोटी नहर 2 खाई

उपकृत वि० 1 जिसका उपकार किया गया 2 कृतज्ञ

उपक्रम पुं० 1 कार्यारंभ 2 तैयारी 3 भूमिका 4 व्यवसाय

उपक्रमण पुं० 1 चलकर पास आना 2 प्रारंभ 3 तैयारी, आयोजन 4 इलाज

उपक्रांत वि० 1 प्रारंभ किया हुआ 2 पहले जिसके पास गया हो 3 तैयार

उपक्रोश पुं० 1 अपशब्द 2 निंदा 3 तिरस्कार

उपक्रोष्टा वि० 1 दुर्वचन कहनेवाला, निंदक

उपक्षय पुं० धीरे-धीरे होनेवाला क्षय

उपक्षेप पुं० 1 अभिनय के प्रारंभ में कथा का संक्षिप्त परिचय 2 ठेका पाने के लिए आवेदन-पत्र

उपगंता पुं० 1 चलकर पहुँचनेवाला 2 स्वीकार करनेवाला 3 जाननेवाला, जानकार

उपगत वि० 1 किसी के पास पहुँचा हुआ 2 समझा हुआ 3 स्वीकृत 4 व्यय किया हुआ 5 प्राप्त

उपगति स्त्री० 1 किसी के पास पहुँचना 2 समझ 3 स्वीकृति 4 जानना 5 प्राप्ति

उपगम पुं० 1 पहुँच 2 भेंट 3 स्वीकृति 4 प्राप्ति 5 वचन 6 जानकारी

उपग्रह पुं० 1 पकड़ा जाना 2 बंदी 3 जेलख़ाना 4 छोटा ग्रह जो बड़े ग्रह की परिक्रमा करता है 5 एक यांत्रिक ग्रह जो किसी कक्षा में परिक्रमा करने के लिए आकाश में छोड़ा जाता है

उपचय पुं० 1 इकट्ठा करना 2 ढेर, राशि, 3 उत्सेध 4 वृद्धि 5 जन्मकुण्डली में लग्न से तीसरा छठा दसवाँ या ग्यारहवाँ स्थान

उपचरित वि० 1 सेवित 2 उपचार किया हुआ 3 पूजित

उपचर्या स्त्री० 1 सेवा 2 ख़ुशामद 3 रोगी की देखभाल, नर्सिंग

उपचार पुं० 1 इलाज 2 व्यवहार

उपचारिका स्त्री० नर्स

उपचित वि० 1 समृद्ध 2 इकट्ठा 3 ढँका हुआ

उप-चेतन पुं० चेतन और अचेतन के बीच की स्थिति

उपचेय वि० 1 संग्रहणीय 2 चयन के योग्य

उपच्छद पुं० 1 परदा 2 चादर 3 आवरण

उपच्छन्न वि० छिपाया हुआ

उपजात I पुं० मुख्य पदार्थ के साथ उत्पन्न छोटा मोटा पदार्थ II वि० उत्पन्न

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उपजीवक वि० 1 किसी तरह जीवन निर्वाह करनेवाला 2 आश्रित

उपजीविका स्त्री० आय का अतिरिक्त साधन

उपजीव्य पुं० 1 जीवन निर्वाह करानेवाला 2 आश्रय

उपज्ञा स्त्री० 1 आत्मोपार्जित ज्ञान 2 उद्भावना 3 आविष्कार

उपज्ञात वि० 1 स्वतःज्ञात 2 नया खोजा हुआ

उपटना ध० 1 चोट का निशान पड़ना 2 उखड़ना

उपतापक वि० 1 जलानेवाला 2 दुःखद

उपत्यका स्त्री० 1 पर्वत का निचला भाग, तराई

उपदंश पुं० आतशक रोग, गरमी

उपदर्शक पुं० 1 राह दिखलानेवाला 2 द्वारपाल 3 गवाह

उपदा स्त्री० 1 भेंट जो बड़े अधिकारी को दी जाय 2 घूस

उपदान पुं० 1 उपहार 2 किसी कर्मचारी को अवकाश ग्रहण करने के पश्चात् मिलनेवाला धन 3 छोटे राज्यों को दी जाने वाली धन की सहायता

उपदिष्ट वि० 1 जिसे उपदेश दिया गया हो 2 जो उपदेश के रूप में कहा गया हो

उपदेष्टा(ष्टृ) पुं० उपदेश देनेवाला

उपदोह पुं० 1 गाय भैंस का स्तन 2 दूध दुहने का पात्र

उपधा स्त्री० 1 सत्यता की परीक्षा 2 शब्द के अन्तिम अक्षर के पहले का अक्षर 3 छल 4 उपाधि

उपधान पुं० 1 ऊपर रखना 2 आधार या सहारा 3 विशेषता

उपधानी स्त्री० 1 पैर रखने की चौकी 2 तकिया

उपधारण पुं० 1 नीचे खींचना 2 चिंतन

उपधावन 1 पीछे चलना 2 विचारण 3 अनुयायी

उपधि पुं० 1 धोखा 2 दुराव

उपधिक वि० धोखा देनेवाला

उपधूपित वि० 1 धूप से सुगंधित 2 मरणासन्न 3 पीड़ित

उपधृति स्त्री० 1 ग्रहण 2 किरण

उपध्मान पुं० 1 फूंकना 2 साँस लेना

उपध्मानीय I पुं० पवर्ग से पहले आनेवाला विसर्ग II वि० फूंकने योग्य

उपनत वि० 1 कुछ झुका हुआ 2 उपस्थित

उपनद्ध वि० 1 बँधा हुआ 2 नाथा हुआ

उपनयन पुं० यज्ञोपवीत संस्कार, जनेऊ

उपनाह पुं० 1 सितार की वह खूंटी जिस पर तार बाँधे जाते हैं 2 मरहम लगाना

उपनिधाता वि० धरोहर रखनेवाला

उपनिधान पुं० धरोहर रखना

उपनिधि स्त्री० धरोहर

उपनिपात पुं० 1 एकाएक पास आना 2 अचानक होनेवाला आक्रमण 3 अग्नि वर्षा चोर आदि के कारण होनेवाला नुकसान

उपनिविष्ट वि० 1 कहीं से आकर बसा हुआ 2 खाते में लिखा हुआ

उपनिवेश पुं० 1 अन्य स्थान से आए हुए लोगों की बस्ती, कालोनी 2 कीटाणुओं का शरीर के किसी स्थान पर जमाव

उपनिवेशन पुं० उपनिवेश स्थापित करना

उपनिवेशी (शिन्) वि० 1 उपनिवेश संबंधी 2 उपनिवेश में रहनेवाला

उपनिष्क्रमण पुं० 1 बाहर निकलना 2 राजमार्ग

उपनिहित वि० धरोहर के रूप में रखा हुआ

उपनीत वि० 1 पास लाया हुआ 2 पाया

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हुआ 3 जिसका यज्ञोपवीत हो चुका हो

उपनेता(तृ) पुं० 1 पहुँचानेवाला 2 यज्ञोपवीत धारण करानेवाला आचार्य

उपन्यस्त वि० 1 धरोहर के रूप में रखा हुआ 2 उल्लिखित 3 उपन्यास के रूप में लिखा हुआ

उपपत्ति स्त्री० 1 सिद्धांत 2 हेतु 3 युक्ति 4 मेल मिलना

उपपद-समास पुं० कृदंत के साथ संज्ञा का होनेवाला समास

उपपन्न वि० 1 सामने आया हुआ 2 हाथ में मिला हुआ 3 शरणागत 4 युक्त 5 उपयुक्त, आवश्यक और उचित

उपपात पुं० 1 अप्रत्याशित घटना 2 दुर्घटना 3 विपत्ति 4 नाश

उपपादक वि० 1 सिद्ध करनेवाला 2 प्रकट करनेवाला

उपपादन पुं० 1 युक्ति द्वारा सिद्ध करना 2 कार्य पूरा करना

उपपाद्य वि० सिद्ध किए जाने योग्य

उपप्रेक्षण पुं० अनदेखी करना

उपप्लव पुं० 1 नदी की बाढ़ 2 प्राकृतिक उपद्रव 3 विप्लव 4 हलचल 5 विघ्न

उपलुप्त वि० 1 विपत्ति में पड़ा हुआ 2 पीड़ित 3 आक्रान्त

उपबृंहित वि० बढ़ाया हुआ

उपभंग पुं० 1 भाग जाना 2 छंद का एक खण्ड

उपभुक्त वि० 1 भोगा हुआ 2 जूठा

उपभृत वि० समीप आया हुआ

उपभोक्ता पुं० वस्तु का उपभोग करनेवाला

उपमन्यु वि० 1 प्रतिभाशाली 2 परिश्रमी

उप-मर्दन पुं० 1 बुरी तरह से रगड़ना 2 अपमान करना 3 दबाना 4 झकझोरना

उपमित वि० जिसकी उपमा दी गई हो

उपयंता वि० शादी करनेवाला, वर

उपयम पुं० 1 विवाह 2 संयम

उपयाचना स्त्री० मिन्नत

उपयोगितावाद पुं० यह सिद्धान्त कि अधिकाधिक लोगों का अधिकाधिक हित होना चाहिए

उपरंजक वि० 1 रँगनेवाला 2 प्रभाव या आभास डालनेवाला

उपरक्त वि० 1 जिस पर छाया पड़ी हो 2 जिस पर रंगत चढ़ी हो 3 विषयासक्त

उपरत वि० 1 विरक्त 2 हटा हुआ 3 मृत

उपरति स्त्री० 1 उदासीनता 2 मौत

उपराग पुं० 1 आभास 2 संभोग में होनेवाला प्रेम 3 वासना

उपराम पुं० 1 विषय वासना से विरक्ति 2 निवृत्ति 3 आराम

उपरिचर वि० ऊपर चलनेवाला

उपरुद्ध वि० 1 रोका हुआ 2 घेरा हुआ 3 बंधन में पड़ा हुआ 4 छिपाया हुआ

उपरोध पुं० 1 आड़ 2 अटकाव 3 विघ्न

उपरोधक वि० विघ्न डालनेवाला

उपरोधन पुं० विघ्न डालना

उपलंभक वि० 1 अनुभव करनेवाला 2 लाभ करनेवाला

उपल पुं० 1 पत्थर 2 ओला

उपलक्षित वि० 1 लक्ष्य किया हुआ 2 संकेत से बतलाया हुआ 3 अनुमानित

उपलक्ष्य पुं० उद्देश्य

उपवर्तन पुं० 1 परगना 2 राज्य

उपवसन पुं० 1 पास रहना 2 उपवास

उपवस्ति स्त्री० जीविका का साधन

उपविष्ट वि० बैठा हुआ

उपवीत पुं० जनेऊ, उपनयन संस्कार

उपवेधक पुं० ठग, बटमार

उपवेश पुं० 1 बैठना 2 सभा की बैठक

उपवेष्टन पुं० पूरा लपेटना

उपशमन पुं० 1 शांति रखना 2 घटाना, कमी 3 निवारण

CC-0. In Public Domain.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उपशामक वि० निवारण करनेवाला 2 शांत करनेवाला

उपश्रुत वि० 1 सुना हुआ 2 ग्रहण किया हुआ 3 समझा हुआ

उपश्लिष्ट वि० 1 सटा हुआ 2 मिला हुआ

उपसंख्यान पुं० जोड़ा हुआ सूत्र

उपसंहार पुं० 1 समाप्ति 2 पुस्तक के अंत में सारांश

उपसन्न वि० 1 समीप लाया हुआ 2 प्राप्त

उपसर्जन पुं० 1 ढालना 2 त्याग

उपसर्पण पुं० आगे बढ़ना

उपसादन पुं० 1 आदर करना 2 आदर-पूर्वक उपस्थित होना 3 ज़िम्मेदारी लेना

उपसेक पुं० 1 छिड़काव 2 सींचना

उपस्कर पुं० 1 जीवन यापन के लिए ज़रूरी चीज़ें 2 सजावट की सामग्री

उपस्करण पुं० 1 सजाना 2 आभूषण 3 ढेर

उपस्कार पुं० 1 पूरक वस्तु 2 सजावट 3 अलंकार

उपस्कृत वि० 1 इकट्ठा किया हुआ 2 सजाया हुआ, अलंकृत

उपस्तरण पुं० 1 विस्तार करना 2 बिछौना 3 चादर

उपस्थ वि० बैठा हुआ

उपस्थली स्त्री० कूल्हा

उपस्थाता वि० 1 सेवक 2 पास रहने-वाला 3 पुरोहित

उपस्थान पुं० 1 किसी के पास जाना 2 उपस्थित होना 3 पूजा आदि का स्थान 4 अखाड़ा

उपस्थापक पुं० 1 प्रस्ताव उपस्थित करने-वाला 2 पेशकार

उपस्थापन पुं० पेश करना

उपस्वत्व पुं० 1 पैदावार लेने का अधिकार 2 लगान

उपस्वेद पुं० 1 वाष्प 2 नमी 3 पसीना

उपहत वि० 1 विनष्ट किया हुआ 2 विकृत, बिगड़ा हुआ 3 पीड़ित 4 दुःखी

उपहतचित्त वि० 1 विवेक से शून्य 2 भ्रमित 3 पागल

उपहति स्त्री० 1 आघात 2 हत्या 3 विनाश 4 हानि 5 अत्याचार

उपहरण पुं० 1 समीप पहुँचाना 2 ग्रहण करना 3 भेंट देना

उपहसति पुं० आँखें टेढ़ी करते और गर्दन हिलाते हुए हँसना

उपहित वि० 1 स्थापित 2 धारण किया हुआ 3 पास लाया हुआ 4 मिला हुआ 5 उपाधियुक्त

उपहूति स्त्री० आह्वान

उपहृत वि० 1 समीप लाया हुआ 2 भेंट किया हुआ 3 परखा हुआ

उपांत पुं० 1 अंतिम स्थान के आसपास का भूभाग 2 अंतिम से पहली वस्तु 3 नदी का किनारा 4 हद 5 कपड़े का आँचल

उपांतिक वि० 1 समीप का 2 उपांत में होनेवाला

उपांतिका स्त्री० संसद या सभा के साथ का सामान्य कक्ष, लॉबी

उपांत्य वि० 1 अन्त के समीप का 2 अन्तिम से पहले का

उपाख्या स्त्री० 1 विवरण 2 वृत्तान्त

उपाख्यान पुं० 1 कथा 2 वृत्तान्त

उपागम पुं० 1 पहुँच 2 घटना 3 प्रतिज्ञा, वचनवद्धता

उपाचार पुं० व्यवहार में आई हुई पुरानी प्रथा

उपात्यय पुं० रीति-रिवाज का उल्लंघन

उपादान पुं० 1 स्वीकार 2 दूसरे की वस्तु को काम में लाना 3 तुष्टि

उपायिक वि० उपाय द्वारा उन्नति करने-वाला

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उपायुक्त पुं० डिप्टी कमिश्नर
उपार्जन पुं० 1 पैदा करना, कमाना 2 प्राप्त करना
उपार्थ वि० थोड़े दाम का
उपालंभन पुं० उलहना देना
उपावर्तन पुं० 1 वापस आना 2 चारों तरफ़ घूमना 3 पास आना
उपासंग पुं० 1 सामीप्य
उपासित वि० पूजित
उपाहार पुं० थोड़ा और हल्का भोजन
उपाहित वि० 1 रखा हुआ 2 पहना हुआ 3 आरोपित 4 निश्चित किया हुआ
उपेक्षक पुं० उपेक्षा करनेवाला
उपेक्षणीय पुं० उपेक्षा का पात्र
उपेय वि० उपाय करने योग्य
उपोद्घात पुं० 1 पुस्तक के प्रारंभ का वक्तव्य 2 प्रारंभिक प्रबन्ध
उपोषण पुं० निराहार व्रत, उपवास
उप्त वि० बोया हुआ
उबसन पुं० नारियल की कूँची जिससे बरतन साफ़ किया जाता है
उबाऊ वि० ऊब पैदा करनेवाला
उभयचर वि० जल और थल दोनों स्थानों में रहनेवाले (जीव जन्तु)
उभयत: क्रि०वि० दोनों तरफ़ से
उभयलिंगी वि० जिसमें स्त्री और पुरुष दोनों के चिह्न या अंग हों
उभयवादी वि० 1 दोनों तरह की बातें कहनेवाला 2 (वह बाजा) जिसमें से स्वर और ताल दोनों निकलते हैं
उभयावतल वि० दोनों ओर दबा हुआ
उभयार्थ वि० 1 जिसमें दो अर्थ निकलते हों 2 अस्पष्ट (बात)
उभयोत्तल वि० दोनों ओर से उभरा हुआ
उभिटना अ० 1 ठिठकना 2 हिचकना
उम्दगी स्त्री० अच्छाई
उम्मत स्त्री० किसी मत के अनुयायियों का समाज
उर पुं० 1 हृदय 2 छाती
उरवासी स्त्री० 1 हृदय में बसनेवाली 2 गले का आभूषण
उरला वि० 1 इस तरफ़ का 2 पिछला
उरश्छद पुं० = उरस्त्राण
उरस्त्राण पुं० छाती पर बाँधने का कवच
उरस्वान्(स्वत्) वि० जिसकी छाती चौड़ी हो
उरु I वि० 1 विस्तीर्ण 2 विशाल
II पुं० छाती
उरुक्रम वि० 1 लंबे-लंबे कदम बढ़ानेवाला 2 बलवान्
उरुजन्मा(न्मन्) वि० उत्तम कुल में उत्पन्न
उरूर्ज पुं० 1 उन्नति 2 वृद्धि
उरोग्रह पुं० छाती और पसलियों में दर्द का रोग
उरोज पुं० स्त्री की छाती
उरोस्थि स्त्री० छाती की हड्डी
उरोरुह पुं० स्तन
उर्जित वि० 1 पराक्रमी 2 अभिमानी
उर्फ़ पुं० उपनाम, दूसरा नाम
उर्मिल वि० लहरदार, चुन्नटदार(वस्त्र)
उर्वर वि० उपजाऊ
उर्वरा स्त्री० 1 उपजाऊ भूमि 2 पृथ्वी
उर्वी I वि० 1 फैला हुआ 2 सपाट
II स्त्री० पृथ्वी
उलझेड़ा पुं० उलझन, अटकाव
उलया पुं० 1 नृत्य के साथ उछलना 2 कलाबाज़ी 3 करवट
उलफ़त स्त्री० प्यार
उलमा पुं० विद्वान् लोग
उलार वि० भार के कारण आगे या पीछे झुका हुआ
उलूक पुं० उल्लू
उलूखल पुं० ओखली

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उल्का स्त्री॰ 1 मशाल 2 जलती हुई लकड़ी 3 पुच्छल तारा

उल्कापात पुं॰ आकाश से ताराओं का टूटना

उल्काश्म(न्) पुं॰ आकाशी पिंड से गिरनेवाला पत्थर

उल्था पुं॰ भाषांतर, अनुवाद

उल्लसन पुं॰ 1 हर्षित होना 2 शोभायमान होना 3 रोमांच

उल्लसित वि॰ 1 अति प्रसन्न 2 चमकता हुआ

उल्लाला पुं॰ एक छंद जिसके प्रत्येक चरण में 13-13 मात्राएँ होती हैं

उल्लासक वि॰ प्रसन्नता उत्पन्न करनेवाला

उल्लोल पुं॰ लहर

उल्व पुं॰ झिल्ली जिसमें बच्चा बँधा हुआ पैदा होता है, आँवल

उल्वण I वि॰ 1 विलक्षण II पुं॰ आँवल

उशीर, उशीरक पुं॰ खस (घास)

उषःपान पुं॰ सुबह नाक से बासी पानी पीकर मुँह से निकालना

उषसी स्त्री॰ 1 संध्या 2 शाम के समय का हल्का प्रकाश

उषित वि॰ 1 देर का पका हुआ 2 जला हुआ 3 बसा हुआ

उष्ण वि॰ 1 गरम 2 तीखा 3 राग से युक्त

उष्णक पुं॰ 1 ग्रीष्म ऋतु 2 बुख़ार

उष्ण-कटिबन्ध पुं॰ पृथ्वी का वह क्षेत्र जो कर्क और मकर रेखाओं के बीच में पड़ता है

उष्णांक पुं॰ तापमान नापने की एक इकाई, कैलोरी

उष्णा स्त्री॰ 1 गरमी 2 पित्त

उष्णालु वि॰ ताप से व्याकुल

उष्णिमा स्त्री॰ गरमी

उष्णीष स्त्री॰ 1 साफ़ा 2 ताज

उष्णोत्स पुं॰ गरम पानी का सोता

उष्णोष्ण वि॰ अधिक गरम

उष्मा स्त्री॰ 1 ताप 2 धूप 3 ग्रीष्म ऋतु 4 गुस्सा 5 अधिक तनातनी

उष्माघात पुं॰ गर्मी का ताव

उष्मास्वेद पुं॰ वाष्प-स्नान (वेपर बाथ)

उसना चावल पुं॰ उबालकर सुखाया गया चावल

उसास स्त्री॰ 1 गहरी साँस 2 ठंडी साँस

उस्तानी स्त्री॰ 1 गुरु की पत्नी 2 शिक्षिका

ऊ

ऊँछना स॰क्रि॰ बालों में कंघी करना

ऊआबाई वि॰ 1 इधर-उधर का 2 व्यर्थ

ऊढ़ा स्त्री॰ 1 विवाहिता स्त्री 2 परपति से प्रेम करनेवाली नायिका

ऊतक पुं॰ 1 रेशा 2 जीव-जन्तुओं वनस्पतियों आदि में कोशिका पुंज

ऊति स्त्री॰ 1 सिलाई 2 बुनावट 3 सहायता 4 कर्म की वासना 5 मदद 6 तमाशा

ऊधस पुं॰ गाय-भैंस का थन

ऊनता स्त्री॰ 1 कमी 2 त्रुटि

ऊभ-चूभ स्त्री॰ डूबना उतराना

ऊभासाँसी स्त्री॰ 1 अच्छी तरह से साँस न आने की अवस्था 2 व्याकुलता

ऊमा स्त्री॰ गेहूँ जौ की हरी बाल

ऊरु पुं॰ जँघा, जाँघ

ऊरुसंधि स्त्री॰ जाँघ का जोड़

ऊरुस्तंभ पुं॰ एक प्रकार का गठिया रोग

ऊर्ज वि॰ 1 बलवान् 2 शक्तिवर्धक

ऊर्जन पुं॰ 1 ऊर्जा उत्पन्न करना 2 भड़काना, उत्तेजित करना

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ऊर्जमान पुं० शक्ति जो ऊर्जा के मान से जानी या नापी जाती है

ऊर्जमेध त्रि० अत्यन्त प्रतिभाशाली

ऊर्जस् पुं० 1 ताकत 2 उत्साह

ऊर्जस्वल त्रि० 1 शक्ति से युक्त 2 तेजस्वी

ऊर्जस्वान् (स्वत्) त्रि० 1 ऊर्जा से युक्त, बलवान् 2 रसीला

ऊर्जस्वी (स्विन्) त्रि० 1 बलवान् 2 प्रतापी

ऊर्जा स्त्री० 1 शक्ति 2 शक्ति जो कार्य के समय उसमें खर्च होती है

ऊर्णनाभ पुं० मकड़ा

ऊर्णा स्त्री० 1 ऊन 2 भौंहों के मध्य की भौंरी

ऊर्णाजिन पुं० ऊनवाला चमड़ा, फ़र

ऊर्ध्व त्रि० ऊपर का

ऊर्ध्वग त्रि० 1 ऊपर की ओर जानेवाला 2 खड़ा

ऊर्ध्व-दृष्टि त्रि० 1 जिसकी निगाह ऊपर की ओर हो 2 उच्चाकांक्षी

ऊर्ध्वदेह स्त्री० सूक्ष्म या लिंग शरीर

ऊर्ध्ववाहु त्रि० ऊपर उठी हुई भुजाओंवाला

ऊर्ध्वरेता (तस्) त्रि० जो अपने वीर्य को न गिरने दे, ब्रह्मचारी

ऊर्ध्वांग पुं० 1 किसी वस्तु का ऊपरी भाग 2 शरीर का ऊपरी अंग

ऊर्ध्वाकर्षण पुं० ऊपर की तरफ़ होनेवाला खिंचाव

ऊर्ध्वाधर त्रि० सीधा, खड़ा

ऊर्ध्वायन पुं० 1 ऊपर की ओर जाना 2 स्वर्ग जाने का मार्ग

ऊर्मि स्त्री० 1 छोटी लहर, तरंग 2 बहाव 3 वेग 4 शिकन

ऊर्मिमान् (मत्) त्रि० 1 लहरों से युक्त 2 घुंघराले (बाल)

ऊर्विका स्त्री० जाँघ की हड्डी

ऊष्मण पुं० गरम करना

ऊष्मांक पुं० ताप की इकाई, कैलोरी

ऊष्मा स्त्री० गर्मी, ताप

ऊह पुं० 1 विचार 2 परिवर्तन

ऊहन पुं० 1 तर्क-वितर्क करना 2 बदलना 3 सुधार करना

ऊहा स्त्री० 1 कल्पना 2 व्युत्पत्ति द्वारा किसी बात का आशय समझना 3 समझ 4 सोच-विचार

ऊहात्मक त्रि० काल्पनिक

ऊहापोह पुं० 1 सोच-विचार 2 तर्क-वितर्क

ऊह्य त्रि० 1 जिसके संबंध में सोच-विचार हो सके, तर्क्य

ऋ

ऋक् स्त्री० 1 वेद की ऋचा 2 स्तुति 3 पूजा

ऋक्थ पुं० 1 संपत्ति 2 सोना 3 विरासत, दायधन

ऋक्थग्राही पुं० किसी की छोड़ी हुई संपत्ति को प्राप्त करनेवाला, वारिस

ऋक्थभागी (गिन्) पुं० किसी की छोड़ी हुई संपत्ति का हकदार

ऋचा स्त्री० पद्यमय वेदमंत्र

ऋजिमा (मन्) स्त्री० सरलता

ऋजु त्रि० 1 सीधा 2 सुगम

ऋजुकरण पुं० 1 सीधा करना 2 साफ़ करना

ऋजु कारक पुं० संज्ञादि का मूल कारकीय रूप

ऋजुनीति स्त्री० सदाचार

ऋजुविचारण पुं० वाद की ठीक सुनवाई

ऋणग्रस्तता स्त्री० कर्जदार होने की अवस्था

CC-0. In Public Domain.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ऋणत्रय पुं० तीनों ऋण—ऋषि ऋण, देव ऋण, पितृ ऋण
ऋणदास पुं० ऐसा दास जिसका ऋण चुकाकर उसे ख़रीदा गया
ऋणपक्ष पुं० बहीखाते में वह पन्ना जिसमें दी गई (नामे खाते की) धनराशि लिखी जाती है
ऋणपत्र पुं० वह पत्र जिसमें कर्ज़ देने और लेने की शर्तें लिखी जाती हैं
ऋणशुद्धि स्त्री० ऋण चुकता करना
ऋणात्मक वि० 1 ऋण के रूप में 2 अभावात्मक, नकारात्मक
ऋणादान पुं० 1 ऋण लेना 2 ऋण वापस मिलना
ऋणार्ण पुं० एक कर्ज़ चुकाने के लिए दूसरा कर्ज़
ऋणापकरण पुं० ऋण चुकाना, ऋण-शोधन
ऋतंभर वि० सत्य का धारण तथा पालन करनेवाला
ऋतंभरा स्त्री० सदा एक समान रहनेवाला ज्ञान
ऋत पुं० 1 परम सत्य 2 मोक्ष 3 यज्ञ 4 कर्मों का फल
ऋतव्य वि० मौसम संबंधी
ऋति स्त्री० 1 चाल 2 कष्ट 3 निंदा 4 स्पर्धा
ऋतुकाल पुं० पशु-पक्षियों में जोड़ा खाने का समय
ऋतु-गमन पुं० ऋतुकाल में स्त्री के पास जाना
ऋतुचर्या स्त्री० ऋतुओं के अनुसार आहार-विहार की व्यवस्था
ऋतुदान पुं० सन्तान हेतु किया जानेवाला संभोग
ऋतुनाथ पुं० वसन्त
ऋतुमती स्त्री० रजस्वला स्त्री
ऋतु-मुख पुं० मौसम का पहला दिन
ऋतुराज पुं० वसन्त
ऋतुविपर्यय वि० ऋतु के अनुकूल वायु-मंडल का न होना
ऋतु-स्नान पुं० रजःस्राव की समाप्ति पर किया जानेवाला स्नान
ऋतु-स्राव पुं० मासिक धर्म होना, रजःस्राव
ऋत्विज् पुं० 1 यज्ञ करानेवाला पुरोहित —इनकी संख्या 16 होती है जिनमें अध्वर्यु, उद्गाता, ब्रह्मा आदि मुख्य हैं
ऋद्ध वि० संपन्न
ऋद्धि स्त्री० 1 धन-धान्य की प्रचुरता 2 लक्ष्मी 3 सफलता
ऋषभ पुं० 1 बैल 2 संगीत के सात स्वरों में से दूसरा 3 वीर्य बढ़ाने की एक बूटी
ऋषभी स्त्री० पुरुषों जैसे रूप रंगवाली स्त्री
ऋषि-कल्प वि० ऋषि के समान पूज्य, ज्ञानशील और सदाचारी (व्यक्ति)

ए

एकक I वि० 1 अकेला 2 एक का II पुं० इकाई
एकक नियम पुं० एक विषय से संबंध रखनेवाला निगम
एकक्रयण पुं० एक ही व्यक्ति के ख़रीदने का अधिकार
एककालिक वि० 1 एक ही समय में होनेवाला 2 समकालीन
एकचित्त वि० 1 स्थिरचित्त 2 एक समान दिलवाले
एकच्छत्र वि० एक राजा के अधीन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एकडाल वि० 1 एक मेल का 2 एक ही खंड का बना हुआ
एकतंत्र वि० जिसका शासन एक व्यक्ति के अधिकार में हो
एकत: क्रि०वि० 1 एक तरफ़ से 2 एक ही तरह से 3 एक स्थान पर
एकतरा पुं० एक दिन के बाद आनेवाला बुख़ार
एकतान वि० ध्यानमग्न, लीन
एकताल वि० सुर और ताल युक्त
एकदा क्रि०वि० एक बार
एकदृष्टिता स्त्री० एक-एक चीज़ का ठीक दिखाई देना
एकनिष्ठ वि० 1 एक ही के प्रति श्रद्धा रखनेवाला
एकपक्षीय वि० 1 एक पक्ष से संबंधित 2 एकतरफ़ा
एकफ़सला वि० वर्ष में एक बार फ़सल देनेवाला
एकबद्धी स्त्री० नाव का वह लंगर जिसमें केवल दो अँकुड़े हों
एक-भुक्त वि० रात-दिन में केवल एक बार भोजन करनेवाला
एकमुखी वि० 1 एक उद्देश्य की ओर प्रवृत्त 2 एक दरवाज़ेवाला 3 एक मुँह-वाला
एकमेक वि० जो किसी में मिलकर बिल्कुल एक हो गया हो, एकाकार
एकराट् पुं० एक ही राजा
एकलंगा पुं० कुश्ती का एक दाँव
एकल वि० अकेला
एकवचनांत वि० जिस शब्द के अंत से एक वचन का बोध हो
एकवाक्यता स्त्री० ऐकमत्य, मतों का एक होना
एकवृंद पुं० गले का कफ संबंधी एक रोग
एकश्रुतधर वि० जो किसी बात को एक बार सुनकर याद कर ले
एकसत्ताक वि० एकतंत्री शासन-व्यवस्था
एकसत्तावाद वि० दर्शन का वह सिद्धांत जिसमें सत्ता ही प्रधान वस्तु मानी गई है
एकसदनी वि० जिसमें केवल एक विधायिका सभा हो
एकसुरा वि० लगातार एक ही स्वर उत्पन्न करनेवाला
एकसूत्र वि० एकजान, एकरूप
एकस्थ वि० एक पर केन्द्रित
एकस्व पुं० वस्तु के निर्माता का एकान्त अधिकार
एकस्व पत्र पुं० एकाधिकार देने का प्रमाण-पत्र
एकांगघात पुं० रोग जिसमें शरीर का कोई एक अंग सुन्न हो जाता है
एकांग-बध पुं० एक अंग काट देने का दण्ड
एकांग-बात पुं० लकवा, पक्षाघात
एकांगी वि० एकपक्षीय, एकतरफ़ा
एकांत कैवल्य पुं० जीवन्मुक्ति
एकांतता स्त्री० अकेलापन
एकांतर वि० एक का अन्तर देकर होने-वाला
एकांत-स्वरूप वि० 1 जिसका किसी से कुछ मेल न हो 2 असंग
एकांतिक वि० एकदेशीय
एकाक्ष वि० 1 एक नेत्रवाला 2 काना 3 एक ही अक्षवाला
एकाक्षर वि० जिसमें केवल एक ही अक्षर हो
एकाग्र भूमि स्त्री० चित्त की वह अवस्था जिसमें चित्त एकाग्र हो जाता है
एकात्मता स्त्री० 1 एक आत्मा में आस्था 2 एकमेक हो जाना 3 समानता
एकात्मवाद पुं० यह सिद्धांत कि आत्मा और परमात्मा एक ही है

CC-0. In Public Domain

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एकादशाह पुं० मरने के बाद ग्यारहवें दिन किया जानेवाला कर्मकांड

एकाधिप पुं० सारे देश पर अकेला शासन करनेवाला

एकाधिपत्य पुं० एकमात्र प्रभुत्व

एकान्विति स्त्री० एकमेक हो जाना 2 एकत्व

एकार्थ त्रि० एक ही अर्थवाला

एकालाप पुं० एक ही व्यक्ति का बोलते जाना

एकाश्मिक त्रि० 1 एक पत्थर का 2 एक-जान

एकाह त्रि० एक दिन में पूरा होनेवाला

एकाहार पुं० केवल एक चीज़ खाकर रहने का व्रत

एकाहारी(रिन्) पुं० एकाहार व्रत का पालन करनेवाला

एकाह्निक त्रि० एक दिन का

एकीभूत त्रि० 1 किसी के साथ मिलकर एक हो जानेवाला 2 एकत्र किया हुआ

एकीय-राष्ट्र पुं० वह देश जिसके सब प्रदेशों का शासन एक ही स्थान से संचालित होता है

एकेंद्रिय पुं० 1 विषयों से हटाकर इंद्रियों को अपने भीतर प्रवृत्त करना 2 ऐसा प्राणी जिसकी केवल एक इंद्रिय होती है

एकेश्वरवाद पुं० एक ही परमात्मा में विश्वास

एकोहं सर्व० मैं एक हूँ, सब में एक ही हूँ

एण पुं० वह हिरण जिसकी नाभि से कस्तूरी निकलती है

एतक़ाद पुं० विश्वास, भरोसा

एतत्पश्चात् क्रि० वि० इसके बाद

एतदर्थ अव्य० 1 इस हेतु 2 इसलिए

एतदवधि क्रि०वि० इस सीमा तक

एतद्देशीय त्रि० इस देश से संबद्ध

एतद्द्वारा अव्य इसके द्वारा

एतद्विषयक त्रि० इस विषय से संबद्ध

एतादृश त्रि० इसके समान, ऐसा

एला स्त्री० इलायची

एवंविध त्रि० इस प्रकार का

एवज़ी I पुं० II त्रि० किसी के स्थान पर दूसरा काम करनेवाला

एषणा स्त्री० 1 इच्छा 2 याचना

एषा स्त्री० इच्छा

एषिता पुं० चाहनेवाला

एष्य त्रि० जो इच्छा के योग्य हो

एहतमाम पुं० 1 प्रबन्ध 2 निरीक्षण

एहतियात स्त्री० 1 सावधानी 2 सुरक्षा

ऐ

ऐंचना स०क्रि० खींचना

ऐंचाताना त्रि० भेंगा

ऐंठू त्रि० अकड़बाज़

ऐंड़ पुं० 1 ऐंठन, बल 2 अभिमान, ऐंठ

ऐंड़बेंड़ त्रि० टेढ़ा, तिरछा

ऐंड़ाना स०क्रि० 1 इतराना 2 अँगड़ाना

ऐंद्र त्रि० इन्द्र का

ऐंद्रजालिक I पुं० जादू के खेल दिखानेवाला 2 मदारी II त्रि० मायावी, जादू का

ऐंद्रिय I त्रि० 1 इंद्रियों से संबंधित II पुं० इंद्रियों का विषय

ऐंद्रियक त्रि० 1 इंद्रिय संबंधी 2 इंद्रियग्राही

ऐंद्रियता स्त्री० 1 ऐंद्रिय होने की अवस्था 2 इंद्रिय संभोग 3 इंद्रिय वासना

ऐकपत्य पुं० 1 पूर्ण प्रभुता 2 एकतंत्री शासन-व्यवस्था

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ऐकपद्य पुं० शब्दों का एक पद में गठित हो जाना

ऐकभाव्य पुं० 1 एक उद्देश्य होने की अवस्था 2 विचार की एकता

ऐकमत्य पुं० एकमत होना

ऐकांतिक I त्रि० 1 एकांत से संबंध रखनेवाला 2 पूर्ण 3 निश्चित II पुं० वैष्णव धर्म

ऐकाग्र्य पुं० एकाग्रता

ऐकात्म्य पुं० एकात्मता, तादात्म्य

ऐकाधिकरण्य पुं० एक ही विषय से संबंध रखना

ऐकार्थ्य पुं० 1 एकार्थता 2 उद्देश्य प्रयोजन आदि की एकता

ऐकाहिक त्रि० 1 दिन भर में होनेवाला 2 जिसका जीवनकाल केवल एक दिन शेष बचा हो

ऐकिक पुं० इकाई

ऐक्षव त्रि० ईख के रस से बना हुआ

ऐतिह्य त्रि० 1 परंपरा से चलनेवाला 2 अनुश्रुत

ऐतिह्य प्रमाण पुं० ऐसा प्रमाण जो अनुश्रुति के कारण माना जाता है

ऐयारी स्त्री० चतुराई, धूर्तता

ऐरिण पुं० सेंधा नमक

ऐरेय पुं० अन्न से बनी एक मदिरा

ऐशान त्रि०1 शिव संबंधी 2 ईशान कोण संबंधी

ऐशानी स्त्री० दुर्गा

ऐशिक त्रि० ईश्वर का, दैवी

ऐष्टक त्रि० ईंटों का बना हुआ

ऐहिक त्रि० इस लोक का, सांसारिक

ओ

ओंगना स०क्रि० गाड़ी की धुरी में तेल डालना

ओक I पुं० 1 निवास-स्थल 2 मकान 3 ठिकाना 4 दोहरी अंजलि II स्त्री० मतली

ओकाई स्त्री० 1 मितली होना 2 कै, वमन

ओकारान्त त्रि० जिसके अंत में ओ हो

ओघ पुं० 1 समूह, ढेर 2 बाढ़ 3 घनत्व 4 परंपरा

ओजस्विता स्त्री० 1 दीप्ति 2 बलवत्ता

ओजित त्रि० 1 शक्तिशाली 2 ओजयुक्त 3 उत्तेजित

ओजिष्ठ त्रि० अत्यंत ओजयुक्त

ओझर पुं० 1 पेट की थैली 2 अँतड़ी

ओटा पुं० कपास ओटनेवाला

ओठंगना अ०क्रि० सहारा लेकर बैठना

ओड़ना स०क्रि० 1 भार ढोना 2 सहना 3 रोकना 4 आड़ करना

ओड़व पुं० केवल पाँच स्वर स ग म ध नि लगनेवाला राग

ओड़ा पुं० 1 अकाल 2 बड़ा टोकरा

ओडिका स्त्री० बिना जोते बोये उत्पन्न होनेवाला धान

ओढ़ त्रि० पास लाया हुआ

ओत त्रि० बुना हुआ

ओतप्रोत I त्रि० परस्पर गुथा हुआ II पुं० ताना-बाना

ओदक पुं० जल में रहनेवाला

ओदन पुं० पका हुआ चावल, भात

ओदा त्रि० गीला

ओध पुं० थन

ओघना I स०क्रि० 1 छिद्र करना 2 उलझना

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ओनामासी स्त्री० 1 बालकों को कराया जानेवाला प्रारंभिक ज्ञान 2 आरंभ

ओप स्त्री० 1 कांति 2 मुख की सुन्दरता

ओपनी स्त्री० चमकाने की कोई वस्तु

ओपित वि० कांतियुक्त

ओभा स्त्री० शोभा, कांति

ओरमा स्त्री० कपड़े के सिरे पर होनेवाली सिलाई

ओलंदेज़ी वि० हालैण्ड देश का

ओल स्त्री० 1 गोद 2 शरण

ओलक पुं० आड़, ओट

ओलगिया पुं० दूसरों से दूर या अलग रहनेवाला

ओलती स्त्री० ढलुएँ छप्पर का वह सिरा जहाँ से पानी नीचे गिरता है

ओलना I अ०क्रि० परदा करना II स०क्रि० घुसाना

ओलियाना स०क्रि० 1 गोद में लेना 2 उँड़ेलना 3 कोई चीज़ गिराते हुए उसका ढेर लगाना 4 बैठाना 5 घुसेड़ना

ओली स्त्री० 1 गोद 2 झोली

ओषधीश पुं० चन्द्रमा

ओषण पुं० 1 तीखा स्वाद 2 तीतापन

ओष्ठ्य वि० 1 ओठ संबंधी 2 ओठों से बोला जानेवाला

ओष्ठरंजन पुं० ध्वनि को ओष्ठ्य बना देना

ओसांक पुं० तापक्रम का वह बिन्दु जिस पर आकाश से ओस जमती और नीचे गिरती है

ओसाना स०क्रि० हवा में उड़ाकर दाना-भूसा अलग करना

ओहदा पुं० किसी विभाग के कर्मचारी का पद

ओहार पुं० पालकी के ऊपर का कपड़ा

औ

औंगना स०क्रि० गाड़ी के पहिए की धुरी में तेल देना

औंठ स्त्री० 1 बिना जोता बोया खेत 2 उठा हुआ किनारा

औंडा वि० गहरा

औंधना अ०क्रि० उलट जाना

औंसना अ०क्रि० उमस होना

औकात पुं० 1 समय 2 हैसियत

औघ पुं० जलप्लावन, बाढ़

औघड़ I वि० 1 अंड-बंड 2 अनोखा II पुं० अघोरी

औचक पुं० एकाएक, अचानक

औचट पुं० विकट स्थिति, संकट

औचिती स्त्री० औचित्य

औजस पुं० सोना, स्वर्ण

औजसिक वि० ओजस्वी

औजस्य पुं० बलवत्ता, शक्ति

औज्ज्वल्य पुं० उजलापन

औझड़ क्रि०वि० निरंतर

औटन स्त्री० 1 उबाल 2 गर्मी

औटाना स०क्रि० खौलाना

औड वि० गीला, तर

औडव वि० तारों से संबंधित

औढर वि० मनमाने ढंग से किसी ओर ढुलक पड़नेवाला, मनमौजी

औतिक वि० सूक्ष्म तंतुओं से संबंधित

औतिकी स्त्री० ऊतक-विज्ञान

औत्कंठ्य पुं० 1 उत्सुकता 2 इच्छा

औत्कर्ष्य पुं० उत्कर्षता, उच्चता

औत्तर्मणिक वि० दूसरे से व्याज लिया हुआ धन

औत्पत्तिक वि० 1 उत्पत्ति संबंधी 2 सहज

औत्पातिक वि० उपद्रव संबंधी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

औत्स वि० स्रोत या प्रवाह से संबंधित
औत्सर्गिक वि० 1 उत्सर्ग संबंधी 2 स्वाभाविक
औत्सुक्य पुं० उत्सुकता, उत्कंठा
औदक वि० पानी से संबंधित
औदनिक पुं० भात पकानेवाला
औदरिक वि० पेट से संबंधित
औदर्य वि० पेट संबंधी
औदार्य पुं० 1 उदारता 2 अर्थ संपत्ति
औदास्य पुं० उदास होने की अवस्था
औदासीन्य पुं० उदासीनता
औद्धत्य पुं० 1 अक्खड़पन 2 अविनीतता
औद्भिज्ज वि० पृथ्वी से प्राप्त
औद्भिद पुं० 1 झरने का पानी 2 वनस्पति
औद्भिदकी स्त्री० वनस्पति विज्ञान
औद्वाहिक वि० 1 विवाह संबंधी 2 ससुराल से मिला धन
औधस वि० थन का
औन्नत्य पुं० उत्थान, उन्नति
औपक्रमिक वि० 1 उपक्रम संबंधी 2 प्रारंभिक
औपचारिक वि० 1 उपचार संबंधी 2 उपचार के रूप में होनेवाला 3 जो केवल कहने-सुनने के लिए हो
औपदेशिक I वि० 1 उपदेश संबंधी II पुं० 1 शिक्षा द्वारा जीविका चलानेवाला 2 शिक्षा द्वारा प्राप्त धन
औपद्रविक वि० 1 उपद्रवों से संबंधित 2 रोग के लक्षणों से संबंधित
औपधिक पुं० 1 डर दिखाकर संपत्ति लेनेवाला 2 धोखेबाज़
औपनिधिक वि० धरोहर से संबंधित
औपनिवेशिक वि० उपनिवेशों से संबंधित
औपपत्तिक वि० 1 उपपत्ति संबंधी 2 तर्क द्वारा सिद्ध होनेवाला
औपम्य पुं० उपमा का भाव
औपयोगिक वि० उपयोग या प्रयोग संबंधी
औपल वि० 1 पत्थर संबंधी 2 पत्थर का बना हुआ
औपवास्य वि० उपवास का
औपवाह्य I वि० सवारी करने योग्य II पुं० राजा की सवारी
औपशमिक वि० शांतिदायक
औपश्लेषिक वि० घनिष्ठ संबंध रखनेवाला
औपसर्गिक वि० 1 उपसर्ग संबंधी 2 छूत से उत्पन्न होनेवाला
औपस्थ्य पुं० स्त्री और पुरुष का सहवास
औपहारिक वि० जो भेंट के रूप में दिया गया हो
औपाधिक वि० उपाधि से युक्त
औपासन वि० 1 अग्नि संबंधी 2 पूजा संबंधी 3 शुद्ध, पवित्र
औरंगज़ेबी पुं० एक प्रकार का ख़तरनाक फोड़ा
औरस वि० 1 हृदय संबंधी 2 उर से उत्पन्न होनेवाला 3 अपनी विवाहिता स्त्री से उत्पन्न
औरसी स्त्री० औरस पुत्री
औरेब पुं० 1 तिरछी चाल 2 कपड़े की तिरछी काट 3 दुःख 4 त्रुटि
और्जिकी स्त्री० ऊर्जा-विज्ञान
और्णिक वि० ऊन से बननेवाला
औला-दौला वि० किसी बात की चिंता न करनेवाला, मनमौजी
औशीर वि० खस का बना हुआ
औषर पुं० 1 खारा नमक 2 चुंबक 3 पत्थर
औषस वि० उषःकालीन
औषसी स्त्री० प्रभात
औष्ट्र वि० ऊँट से संबंधित
औष्ठ्य वि० 1 ओठ संबंधी 2 जिसका उच्चारण ओठ की सहायता से होता है
औष्ण पुं० ऊष्मा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

औसान पुं० 1 समाप्ति 2 परिणाम 3 होश

औसाना स०क्रि० फल आदि को भूसे में पकाना

क

कंक पुं० सफ़ेद चील

कंकट पुं० कवच

कंकणास्त्र पुं० एक प्राचीन अस्त्र

कंकणी स्त्री० घुँघरुवाली करधनी

कंकत पुं० कंघा

कंक-पत्री पुं० वाण, तीर

कंक-मुख त्रि० बगले के से मुँहवाला

कंकाल पुं० हड्डियों का ढाँचा

कंकालशेष त्रि० हड्डियों का ढाँचा मात्र, बहुत कमज़ोर

कंकाली स्त्री० दुर्गा

कंकोल पुं० शीतल चीनी की जाति का एक पेड़

कंगु पुं० कँगनी धान्य

कँगूरा पुं० शिखर, बुर्ज

कँघेरा पुं० कंघा बनानेवाला

कंचन पुं० सोना

कंचनी स्त्री० वेश्या

कंचुक पुं० 1 अचकन, लबादा 2 कवच

कंचुकित त्रि० जो कंचुक पहने हो 2 कवचधारी

कँचेरा पुं० काँच का काम करनेवाला

कंज पुं० 1 कमल 2 ब्रह्म 3 केश

कंजाभ त्रि० कमल के समान कांतिवाला

कंजारण्य पुं० कमलों का वन

कंटकफल पुं० कटहल

कंटक-शोधन पुं० 1 काँटे निकालना 2 बाधा दूर करना

कंटकाकीर्ण त्रि० 1 काँटों से भरा हुआ (रास्ता) 2 बाधायुक्त

कंटकित त्रि० काँटेदार

कंटर पुं० शीशे की सुराही

कंटिका स्त्री० पिन

कँटेरी स्त्री० भटकटैया

कंठगत त्रि० गले तक आया हुआ

कंठतालव्य त्रि० कंठ और तालु से उच्चरित होनेवाला

कंठमाला स्त्री० गले की गिल्टियों का रोग

कंठ्य त्रि० 1 गले का 2 गले में उच्चरित (ध्वनि)

कंठ्यौष्ठ्य त्रि० कंठ और ओठ से उच्चरित (ध्वनि)

कंडरा स्त्री० 1 मोटी नस 2 मांस तंतुओं का बंधन

कंडिका स्त्री० परिच्छेद, पैरा

कंडील स्त्री० दीपक जलाकर लटकाने का एक बड़ा हंडा

कंडु, कंडू पुं० खाज

कंडूल त्रि० खुजली पैदा करनेवाला

कंथा स्त्री० गुदड़ी

कंथी पुं० गुदड़ी पहननेवाला

कंदन पुं० नाश

कंदर पुं० 1 कंदरा, गुफा 2 अंकुश

कंदर्प पुं० कामदेव

कंदला पुं० 1 चाँदी सोने का पतला तार 2 चाँदी की गुल्ली

कंदिल त्रि० कंदमूल की तरह का

कंदील स्त्री० दीपक जलाने का एक हंडा

कंदुपक्व त्रि० भाड़ में पकाया हुआ

कंधर पुं० गरदन

कँधेला पुं० कंधे पर डाला हुआ साड़ी का पल्लू

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कंपति पुं० समुद्र
कंपमान वि० काँपता हुआ
कंपमापक पुं० भूकंपमापक
कंपायमान वि० काँपता हुआ
कंबु पुं० 1 शंख 2 शंख की बनी चूड़ी
कंबुग्रीव वि० सुंदर और सुडौल गलेवाला
कंसताल पुं० झाँझ
कंसहँडी स्त्री० काँसे की हाँड़ी
ककहरा पुं० क से ह तक पूरी वर्णमाला
ककाटिका स्त्री० सिर का पिछला भाग
ककुद पुं० 1 शिखर 2 बैल के कंधों पर का कूबड़
ककुद्मान् पुं० 1 चोटीवाला 2 बैल
ककेरुक पुं० पेट में होनेवाला एक कीड़ा
कक्कड़ पुं० सुरती का चूरा
कक्खट वि० कठोर
कक्का पुं० 1 काका, चाचा 2 नगाड़ा
कक्ष पुं० 1 काँख 2 कमरा
कक्षा स्त्री० 1 क्लास 2 परिधि, ग्रहों के घूमने का मार्ग
कक्ष्या स्त्री० 1 आँगन 2 हाथी बाँधने का रस्सा 3 नाड़ी
कगदही स्त्री० कागज़ों का छोटा बस्ता
कगर, कगार पुं० उठा हुआ किनारा, मेड़
कच पुं० केश
कचकोल पुं० साधुओं के भिक्षा माँगने का दरियाई नारियल का एक पात्र
कचरघान पुं० 1 छोटी-छोटी वस्तुओं का ढेर 2 छोटे-छोटे बच्चों का समूह
कचर-पचर स्त्री० गिचपिच
कचलोंदा पुं० कच्चे आटे का पेड़ा
कचायंध स्त्री० कच्चेपन की गंध
कचायन स्त्री० झगड़ा
कचाहट स्त्री० कच्चापन
कचियाना अ०क्रि० 1 कच्चा होना 2 हिम्मत हारना 3 लज्जित होना
कचूर पुं० हल्दी की तरह की एक गँठी
कचेल पुं० फ़ाइल
कचोकना स०क्रि० कोई नुकीली चीज किसी को चुभाना
कचोट स्त्री० वेदना, मन की पीड़ा
कचोटना अ०क्रि० मन का दुःखी होना
कच्चर वि० गंदा
कच्ची जाकड़ स्त्री० वह बही जिसमें अनिश्चित माल का ब्योरा हो
कच्ची निकासी स्त्री० लागत निकाले बिना माल से कुल आय
कच्ची मिती स्त्री० व्यापार की छुट्टी से पहले की मिती
कच्ची रोकड़ स्त्री० लेन-देन का कच्चा हिसाब लिखने की बही
कच्चे-पक्के दिन पुं० चार-पाँच महीने का गर्भकाल
कच्छप पुं० 1 कछुआ 2 कच्छप अवतार
कच्छपिका स्त्री० पित्त बिगड़ने का एक रोग
कछनी स्त्री० घुटने के ऊपर तक की धोती
कछौटा पुं० = कछनी
कजकोल पुं० भिक्षुओं का भीख माँगने का खप्पर
कजरारा वि० 1 काजलवाला 2 काला
कजरौटा पुं० काजल की डिबिया
कजली स्त्री० बरसात में गाया जानेवाला एक गीत
कजावा पुं० ऊँट के ऊपर बैठने की काठी
कज्जलित वि० 1 काजल से युक्त 2 काला
कज्जाक पुं० लुटेरा
कज्जाकी स्त्री० लूटमार
कटक पुं० 1 सेना समूह 2 सैनिक शिविर 3 पैर में पहनने का कड़ा
कटककारी(रिन्) पुं० सेनानायक
कटकबंध पुं० व्यूह-रचना

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कटखना वि० काट खानेवाला (कुत्ता)

कटपूतना स्त्री० एक प्रकार की प्रेत आत्मा

कटफरेस पुं० कटपीस, ऐसा माल जो थोड़ा कट-फट जाय या दाग़ी हो जाय

कटाक्ष पुं० 1 तिरछी नज़र 2 चितवन

कटाग्नि स्त्री० घास-फूस की आग

कटा-छनी स्त्री० 1 मार-काट 2 गहरा वाद-विवाद

कटावन पुं० कटाई

कटासी स्त्री० कबरिस्तान

कटाह पुं० कड़ाह

कटि, कटितट पुं० कमर

कटिबंध पुं० 1 कमरबंद 2 गरमी-सरदी की कमीबेशी के विचार से किए हुए पृथ्वी के पाँच भागों में से कोई एक

कटि-सूत्र पुं० कमर में बाँधने की डोरी

कटु, कटुक वि० कड़वा

कटूक्ति स्त्री० कड़वी बात

कट्टहा पुं० अंतिम क्रिया के समय का दान लेनेवाला ब्राह्मण

कठबंधन पुं० हाथ व पैर में बाँधने की काठ की बेड़ी

कठबनिया पुं० लोभी या हीन बनिया

कठबाप पुं० सौतेला बाप

कठमस्त पुं० 1 उदासीन व्यक्ति 2 व्यभिचारी

कठमुल्ला पुं० कट्टरपंथी

कठवैद पुं० अनाड़ी वैद्य

कठिनिका, कठिनी स्त्री० हाथ की सबसे छोटी उँगली

कठुला पुं० बच्चों के गले की माला

कठोरीकरण पुं० कठोर बनाना

कठौता पुं० काठ का बड़ा बर्तन

कड़कनाल स्त्री० एक प्रकार की पुरानी तोप जिसका मुँह चौड़ा होता था

कड़कबांका पुं० ललकारनेवाला सिपाही या पहलवान

कड़खैत पुं० युद्ध क्षेत्र में गानेवाला भाट

कड़बड़ा वि० 1 कुछ काले और कुछ सफ़ेद बालोंवाला 2 चितकबरा

कड़ाबीन स्त्री० कमर में बाँधने की चौड़े मुँह की एक छोटी बंदूक

काढ़नी स्त्री० 1 मथानी में घुमाने की रस्सी 2 ज़मीन की अंतिम जोताई

कढ़ेरना पुं० बर्तनों पर नक्काशी करने का एक औज़ार

कढ़ैया वि० 1 निकालनेवाला 2 दुःख आदि से बचानेवाला

कणिका स्त्री० छोटा कण, कनी

कतई क्रि०वि० 1 निरा 2 बिल्कुल

कतरब्योंत स्त्री० 1 काँट-छाँट 2 हेर-फेर 3 युक्ति 4 उधेड़बुन

कतरवाँ वि० 1 काटकर निकाला हुआ 2 टेढ़ा-तिरछा

कतरा पुं० 1 खंड 2 बूंद

कतरी स्त्री० कोल्हू का पाट

कतवार पुं० कूड़ा-करकट

कतवारखाना पुं० कूड़ा-करकट फेंकने का स्थान, कूड़ाख़ाना

कतान पुं० 1 एक प्रकार का बहुत बढ़िया कपड़ा जो अलसी की छाल से बनता था

कतिधा क्रि०वि० भिन्न-भिन्न प्रकार से

कतिपय वि० 1 कई एक 2 कुछ थोड़े से

कत्तल पुं० 1 काटकर अलग किया हुआ छोटा टुकड़ा 2 ईंट पत्थर आदि का छोटा भाग

कत्ता पुं० 1 बाँस काटने का औज़ार 2 एक प्रकार की छोटी तलवार

कत्थन पुं० डींग मारना

कथंचित् क्रि०वि० शायद

कथंभूत वि० किस प्रकार का

कथक पुं० 1 कहानियाँ सुनानेवाला 2

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नाटक के प्रारंभ में पूरी कथा सुनाने-वाला
कथक्कड़ पुं० बहुत अधिक कथाएँ सुनाने-वाला व्यक्ति
कथमपि क्रि०वि० जैसे-कैसे
कथांतर पुं० 1 प्रस्तुत कथा को छोड़कर कोई दूसरी कथा कहने की स्थिति 2 गौण कथा
कथानिका स्त्री० उपन्यास का एक भेद
कथापीठ पुं० कथा की प्रस्तावना 2 कथा करने का स्थान
कथा-प्रबंध पुं० 1 कथा की मुख्य-मुख्य बातें 2 कथा का क्रम
कथामुख पुं० रचना की प्रस्तावना
कथावस्तु स्त्री० उपन्यास आदि का कथ्य विषय
कथासूत्र पुं० कथावस्तु
कथोद्घात पुं० 1 कथा का प्रारंभ 2 सूत्र-धार द्वारा नाटक की प्रस्तावना
कथ्य I वि० कहे जाने योग्य II पुं० कहने की वास्तविक बात
कद् वि० बुरा
कदंश पुं० रद्दी अंश
कदक्षर पुं० 1 गंदा वर्ण 2 दूषित लिखा-वट
कदन पुं० 1 मौत 2 नाश 3 मारकाट
कदपत्य पुं० बुरी संतान, कुपुत्र
कदमचा पुं० पैर रखने की जगह
कदर्थ I पुं० बेकार वस्तु II वि० 1 ख़राब अर्थवाला 2 रद्दी 3 बुरा
कदर्थना स्त्री० 1 निंदा 2 दुर्दशा
कदर्थित वि० 1 निंदित 2 जिसकी बुरी दशा की गई हो
कदर्य वि० 1 कृपण 2 कायर
कदर्यता स्त्री० 1 सूमपन 2 कायरता
कदली स्त्री० केला
कदाकार वि० कुरूप
कदाख्य वि० बदनाम
कदाचन क्रि०वि० 1 कभी-न-कभी 2 शायद
कदाचार पुं० दूषित आचरण
कदाचित् क्रि०वि० शायद
क़दामत स्त्री० 1 प्राचीनता 2 प्राचीन काल
कदाशय पुं० बुरी नीयत
कदाहार पुं० 1 गन्दा भोजन 2 अनिय-मित भोजन
कदीम वि० प्राचीन, पुरातन
कदीमी वि० पुराने समय का
कदुष्ण वि० थोड़ा गरम
कदूरत पुं० 1 मैल 2 मनमोटाव
कद्दावर वि० बड़े डील डौलवाला
कद्दूदाना पुं० पेट में होनेवाले छोटे-छोटे कीड़े
क़द्रदान पुं० गुणज्ञ
कनक पुं० 1 स्वर्ण 2 धतूरा
कनकशैल पुं० सुमेरु पर्वत
कनकना वि० थोड़ी चोट से टूट जानेवाला
कनकप्रभ, कनकाभ वि० सोने की सी चमकवाला
कनखियाना स०क्रि० 1 कनखी से देखना 2 आँख से इशारा करना
कनपेड़ा पुं० कान के पास गिलटी निकलने का रोग
कनसुई स्त्री० आहट
कनविधा वि० जिसका कान छिदा हुआ हो
कनसुरा वि० जिसका स्वर कर्णकटु हो
कनागत पुं० पितृपक्ष
कनिष्ठ वि० 1 उम्र में सबसे छोटा 2 पद में छोटा
कनिष्ठिका स्त्री० छोटी उँगली
कनीन वि० 1 युवा 2 वयस्क
कनीनक पुं० युवक
कनीनिका स्त्री० 1 आँख की पुतली 2 कन्या 2 कानी उँगली

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कनीयस् वि० कनिष्ठ, लघुतर
कनूका पुं० छोटा-सा टुकड़ा
कनेठी स्त्री० कान मरोड़ने की सज़ा
कनेव पुं० चारपाई का टेढ़ापन
कनौती स्त्री० पशुओं के कानों की नोक
कन्नी स्त्री० 1 किनारा 2 राजगीरों की करनी 3 कोंपल
कन्यागत वि० कन्याराशि में गया हुआ (सूर्य)
कन्याजात वि० अविवाहित कन्या के गर्भ से उत्पन्न
कपटप्रबंध पुं० धोखा देने का जुगाड़
कपटलेख्य पुं० नक़ली दस्तावेज़
कपट-वेश पुं० धोखा देने के लिए वेश
कपड़-कोट पुं० ख़ेमा
कपड़-खसोट पुं० दूसरों के कपड़े तक उतार लेनेवाला व्यक्ति
कपाटमंगल पुं० मंदिर का द्वार बंद करना
कपाटवक्षा वि० चौड़ी छातीवाला
कपाल-क्रिया स्त्री० जलते हुए शव की खोपड़ी को बाँस से फोड़ देने का कार्य
कपाल-संधि स्त्री० 1 खोपड़ी की हड्डियों का जोड़ 2 समान शर्तों पर हुई संधि
कपालिनी स्त्री० दुर्गा
कपिंजल I पुं० 1 चातक 2 तीतर II वि० पीला
कपिश वि० भूरे रंग का
कपिल वि० थोड़ा सफ़ेद
कपोत पुं० कबूतर
कपोतवृत्ति स्त्री० संचय न करने की वृत्ति
कपोतव्रत पुं० दूसरों के अन्याय को चुपचाप सहने का व्रत
कपोल-कल्पना स्त्री० मनगढ़ंत बात
कफ़गीर पुं० झाग निकालने की एक प्रकार की कलछी
कफघ्न पुं० कफ निकालने की औषधि
कफ़नखसोट वि० कंजूस
कफ़न-दफ़न पुं० अंत्येष्टि
कफ़स पुं० 1 पिंजरा 2 कैदख़ाना
कफ़ालत पुं० 1 ज़िम्मेदारी 2 ज़मानत
कफोणि स्त्री० कोहनी
कबंध पुं० 1 सिर कटा हुआ धड़
कबरा वि० सफ़ेद पर किसी रंग के दाग़-वाला
कबरी स्त्री० चोटी, वेणी
कबायली पुं० कबीलों में रहनेवाले लोग
क़बाला पुं० जायदाद का दानपत्र
क़ब्ज़ुलवसूल पुं० रक़म वसूल कर लिखने-वाला काग़ज़
कमंगर पुं० 1 धनुष बनानेवाला कारीगर 2 टूटी हुई हड्डियों को बैठानेवाला कारीगर
कमंचा पुं० बढ़इयों का एक सामान जिसकी रस्सी में बरमा लपेटकर उसे घुमाते हैं
कमंद स्त्री० फंदेदार रस्सी
कमअसल वि० 1 बुरे कुल में उत्पन्न 2 वर्णसंकर
कमकोस वि० 1 अच्छे ढंग से काम न करनेवाला 2 सुस्त
कमगो वि० कम बोलनेवाला
कमजात वि० नीच जाति का, अकुलीन
कमठ पुं० 1 कछुआ 2 साधुओं का तूंबा
कमनसीब वि० अभागा
कमनैत पुं० धनुष चलाने में निपुण व्यक्ति
कमरकोठा पुं० दीवार के बाहर निकली हुई कड़ी या धरन
कमल-बाई स्त्री० पीलिया रोग
कमलयोनि पुं० ब्रह्मा
कमलाकर पुं० तालाब
कमलापति पुं० लक्ष्मी के पति, विष्णु
कमसिनी स्त्री० छोटी उम्र
कमानदार पुं० फ़ौजी कमांडर
कमालियत स्त्री० 1 परिपूर्णता 2 कौशल

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कमासुत त्रि० अधिक धन कमानेवाला
कमानगाह स्त्री० बंदूक चलाने के लिए ओट
कमेला पुं० पशु काटने का स्थान
क़याम पुं० 1 ठहराव 2 ठहरने की जगह
क़यामत स्त्री० प्रलय
क़यास पुं० 1 सोच-विचार 2 अनुमान
करंक पुं० 1 कमंडल 2 नारियल की खोपड़ी
करंड पुं० 1 मधुकोश 2 बाँस आदि की टोकरी
करंतीन पुं० संक्रामक रोगी को अलग रखने का स्थान
करई स्त्री० पानी रखने का छोटा करवा
करकरा त्रि० खुरखुरा, जिसके कण गिरते हों
करका पुं० 1 पत्थर 2 ओले
करका-घन पुं० ओले बरसानेवाला बादल
करखा पुं० 1 बढ़ावा 2 रणगीत
करगी स्त्री० खुरचनी
करचंग पुं० ताल देने का एक बाजा
करज पुं० नाखून
करण पुं० 1 करना 2 उपकरण, साधन 3 इंद्रिय 4 व्याकरण में एक कारक जिससे साधन का अर्थ प्राप्त हो
करतल पुं० 1 हथेली 2 ताली
करताल पुं० 1 ताली बजाने का शब्द
करद त्रि० 1 कर देनेवाला 2 (हाथ का) सहारा देनेवाला
करदा पुं० 1 बेचने की वस्तु में मिला हुआ कूड़ा-करकट 2 घलुआ
करनाय पुं० 1 सिंघा नाम का बाजा 2 भोंपा
करनाल स्त्री० हाथ से चलाई जानेवाली तोप
करनैल पुं० सैनिक अधिकारी, कर्नल
करपत्र पुं० आरा
करपल्लव पुं० उँगली
करपुट पुं० अंजलि
करपृष्ठ पुं० हथेली का पिछला भाग
करभ पुं० 1 हथेली के पीछे का भाग 2 ऊँट या हाथी का बच्चा
करभीर पुं० सिंह
करभोरु पुं० हाथी की सूँड़ की तरह सुडौल जाँघवाला
कररी स्त्री० बटेर की जाति की एक चिड़िया
करश्मा पुं० चमत्कार
करसंपुट पुं० हाथ की अंजलि
करहंस पुं० एक वर्णवृत्त जिसके चरण में नगण ।।।, सगण ।।ऽ और एक लघु होता है
करहाटक पुं० कमल की जड़
कराघात पुं० हाथ का प्रहार
करामात स्त्री० चमत्कार
करार पुं० 1 नदी का ऊँचा किनारा 2 प्रतिज्ञा
करारा त्रि० 1 कड़ा 2 कुरकुरा 3 जो स्वस्थ हो 4 जो बहुत तेज हो
कराल त्रि० 1 जिसके बड़े-बड़े दाँत हों 2 डरावना
करावल पुं० 1 घुड़सवार सिपाही 2 पहरेदार
कराहत स्त्री० घृणा
करिकुंभ पुं० हाथी का माथा
करी पुं० हाथी
करीना पुं० 1 रीति, व्यवहार 2 तरतीब
करुणाकर त्रि० दयालु
करुणार्द्र, करुणासिक्त त्रि० करुणा से पसीज जानेवाला
करोट पुं० खोपड़ी
करोटी स्त्री० केकड़ा
कर्क, कर्कट पुं० 1 केकड़ा 2 कर्क राशि 3 कैन्सर रोग

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कर्कटार्बुद पुं० कैंसर का फोड़ा
कर्कर I पुं० कंकड़ **II** त्रि० खुरदुरा
कर्कश त्रि० कड़ा, तेज़
कर्ण-कुहर पुं० कान का छेद
कर्णधार पुं० पतवार चलानेवाला, मल्लाह
कर्णपटह पुं० कान के भीतर की झिल्ली जिस पर शब्द पड़कर सुनाई देता है।
कर्णपरम्परा स्त्री० सुनी-सुनाई बात फैलने की परंपरा
कर्णपाली स्त्री० कान के नीचे लटका हुआ कोमल मांस
कर्ण-मृदंग पुं० =कर्णपटह
कर्ण-स्राव पुं० 1 कान बहना 2 कान से निकलनेवाला मवाद
कर्णिक त्रि०, पुं० 1 कानवाला 2 क्लर्क 3 पतवार धारण करनेवाला व्यक्ति
कर्त्तन पुं० काटना, कतरना
कर्त्तव्य-विमूढ़ त्रि० अपने कर्त्तव्य को न समझ पानेवाला
कर्त्तरिप्रयोग पुं० कर्त्ता के अनुसार क्रिया का प्रयोग
कर्त्ता-धर्त्ता पुं० ऐसा व्यक्ति जिसे करने-धरने का सब अधिकार हो
कर्त्तृक त्रि० किसी के द्वारा बनाया हुआ
कर्त्तृ-प्रधान-वाक्य पुं० व्याकरण में वह वाक्य जिसमें कर्त्ता का स्थान प्रधान हो
कर्त्तृवाचक त्रि० कर्त्ता का बोध करानेवाला (शब्द या प्रत्यय)
कर्दम पुं० 1 कीचड़ 2 मांस 3 पाप
कर्दमित त्रि० कीचड़ से भरा हुआ
कर्दमी स्त्री० चैत मास की पूर्णिमा
कर्पट पुं० पुराना चिथड़ा
कर्पटिक पुं० चिथड़ोंवाला भिखारी
कर्पर पुं० 1 खोपड़ी 2 खप्पर
कर्पास पुं० कपास
कर्पूरवर्तिका स्त्री० जलाने की कपूर की बत्ती
कर्बुर त्रि० रंगबिरंगा
कर्म-गृहीत त्रि० वह व्यक्ति जिसे ग़लत क़ाम करते हुए पकड़ा जाय
कर्मणा क्रि०त्रि० कर्म द्वारा
कर्मण्य I त्रि० काम करने में कुशल, उद्योगी **II** पुं० कर्तव्य
कर्मण्यक I त्रि० **II** पुं० वह जो किसी दूसरे पदार्थ को कर्मण्य बनाता हो
कर्मण्यता स्त्री० कार्यकुशलता
कर्मण्या स्त्री० काम के बदले मिलनेवाला धन, उजरत
कर्मनिष्ठ त्रि० कर्मठ, निष्ठा से काम करनेवाला
कर्मपाक पुं० कर्म का फल
कर्म-बंध पुं० अच्छे-बुरे कर्मों के अनुसार जन्म और मृत्यु का बंधन
कर्मभूमि स्त्री० 1 कर्म-क्षेत्र 2 संसार 2 भारतवर्ष
कर्मरेखा स्त्री० माथे पर किस्मत की रेखाएँ, भाग्य
कर्मवाच्य स्त्री० वह क्रिया जिसमें कर्म मुख्य होकर कर्त्ता के रूप में आया हो
कर्मवान् त्रि० 1 अच्छे कार्य करनेवाला 2 कर्मनिष्ठ
कर्म-विपाक पुं० कर्मों का फल
कर्मशौच पुं० नम्रता
कर्म-संग पुं० कर्म और फल में आसक्ति
कर्म-संन्यास पुं० 1 सब कर्मों का त्याग 2 कर्मफल की आकांक्षा न होना
कर्म-साक्षी त्रि० 1 ऐसा गवाह जिसके सामने घटना हुई हो 2 प्राणियों के कर्मों को देखनेवाले देवता
कर्माजीव पुं० किसी धंधे से जीविका चलानेवाला
कर्मार पुं० कारीगर
कर्माश्रया भृत्ति स्त्री० काम के हिसाब से मज़दूरी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कर्मिष्ठ वि० 1 कर्म करनेवाला
कर्मेन्द्रिय स्त्री० शरीर के कार्य करनेवाले अंग—हाथ-पैर आदि
कर्मोपघाती (तिन्) वि० काम में विघ्न डालनेवाला
कर्शित वि० जो क्षीण कर दिया गया हो
कर्षण पुं० 1 अपनी तरफ़ खींचना 2 खेत जोतना
कर्षित वि० 1 खींचा हुआ 2 जोता हुआ
कर्षी I वि० खींचनेवाला II पुं० किसान
कलंकांक पुं० 1 वह व्यक्ति जिसके शरीर में कोई दाग़ हो 2 चंद्रमा में कलंक का निशान
कलकंठ I वि० मधुर स्वरवाला II पुं० कोकिल
कलक पुं० 1 बेचैनी 2 विपत्ति
कलघोष वि० मधुर शब्द करनेवाला
कलजिब्भा वि० 1 काली जीभवाला 2 अशुभ बोलनेवाला
कलत्र पुं० पत्नी
कलधौत पुं० सोना-चाँदी
कलध्वनि स्त्री० मीठी आवाज़
कलन पुं० 1 अच्छी तरह समझना 2 हिसाब करना
कलपत्र वि० अस्पष्ट
कलभ पुं० 1 हाथी का बच्चा 2 ऊँट का बच्चा
कलमल पुं० कुलबुलाहट
कलमा पुं० 1 वाक्य 2 बात 3 मुसलमानों का मूलमंत्र
कलल पुं० गर्भाशय में रज और वीर्य के संयोग से बननेवाली पहली झिल्ली
कलसी स्त्री० 1 छोटा घड़ा 2 छोटे-छोटे कँगूरे
कलहंस पुं० राजहंस
कलहकारी(रिन) वि० झगड़ा करनेवाला
कलहप्रिय वि० जिसे लड़ाई-झगड़ा अच्छा लगता हो
कलहांतरिता स्त्री० वह नायिका जो पति से झगड़ा करके बाद में पछताती है
कलहासिनी स्त्री० मधुर हँसीवाली
कलहिनी वि० झगड़ालू स्त्री
कलाकारिता स्त्री० कलाकारी, कला-कुशलता
कला-कुशल वि० किसी कला में प्रवीण
कला-चिकित्सा स्त्री० कलाओं द्वारा रोगी को स्वस्थ करने की एक नवीन चिकित्सा प्रणाली
कलाधर पुं० चन्द्रमा
कलाप पुं० समूह
कलाबत्तू पुं० सोने-चाँदी का तार
कलाम पुं० वचन
कलामपाक मजीद पुं० कुरान-शरीफ़
कलाय-खंज पुं० एक रोग जिसमें शरीर की नसें ढीली पड़ जाती हैं और कँप-कँपी होती है
कलाल पुं० शराब बेचनेवाला, कलवार
कलि पुं० 1 झगड़ा 2 पाप 3 कलियुग
कलि-कर्म पुं० बुरा काम 2 संग्राम 3 झगड़ा
कलिका स्त्री० 1 कली 2 वीणा के नीचे का भाग
कलि-प्रिय वि० झगड़ालू
कलि-मल पुं० 1 कलुष 2 पाप
कलियुगाद्या पुं० माघ की पूर्णिमा जिससे कलयुग का प्रारंभ माना गया है
कलिल I वि० 1 ओत-प्रोत 2 घना, गहन II पुं० कोई विशिष्ट घुलनशील कण
क़लील वि० मात्रा में बहुत कम
कलीसा पुं० गिरजाघर
कलीसिया पुं० ईसाई
कलुष पुं० 1 मल 2 अपवित्रता 3 पाप 4 कलंक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कलुषचेता पुं० 1 पापी मनवाला 2 पापी
कलुषी (षिन्) त्रि० 1 मलीन 2 दोषी 3 पापी
कलेवर पुं० 1 शरीर 2 ढाँचा
कल्क पुं० 1 चूर्ण 2 पीठी 3 तलछट
कल्कि पुं० विष्णु का एक होनेवाला अवतार
कल्प I पुं० 1 विधान 2 युग
II त्रि० समान
कल्पक त्रि० रचना करनेवाला
कल्प-कथा स्त्री० बनावटी कहानी
कल्पन पुं० 1 रचना 2 कल्पना द्वारा मूर्त्त रूप प्रदान करना 3 सजाना
कल्पवास पुं० गंगातट पर माघ महीने में रहना
कल्पांत पुं० प्रलय
क़ल्ब पुं० दिल
कल्मष पुं० 1 मल 2 बुराई 3 मवाद
कल्य I पुं० प्रातः II त्रि० 1 स्वस्थ 2 शुभ
कल्यपाल पुं० कलवार
कल्यवर्त पुं० सुबह का नाश्ता, कलेवा
कल्या स्त्री० 1 मदिरा
कल्याणकामोद पुं० संपूर्ण जाति का एक संकर राग
कल्याणी त्रि० 1 मंगल करनेवाली 2 सुंदरी
कल्लातोड़ त्रि० मुँहतोड़, प्रबल
कल्लादराज़ त्रि० 1 बढ़-चढ़कर बोलनेवाला
कल्लाना अ० क्रि० रह-रहकर जलन और सनसनी होना
कल्लोल पुं० 1 जल की लहर 2 मन की लहर
कल्लोलिनी स्त्री० तरंगोंवाली नदी
कवचित त्रि० रक्षा के लिए कवच लगाया हुआ
कवयिता पुं० कवि
कवलिका स्त्री० 1 घाव पर लगाने के लिए कपड़े की गद्दी, पैड
कवाम पुं० 1 शीरा 2 तम्बाकू का बनाया हुआ अवलेह
कवायद पुं० 1 नियम 2 व्याकरण ग्रंथ 3 ड्रिल
कविसमय पुं० काव्य की रूढ़ि
कवोष्ण पुं० हलका गरम
कव्य पुं० पितरों के उद्देश्य से दिया जानेवाला अन्न, पिंड
कश I पुं० खिचाव 2 तंबाकू का घूंट
II त्रि०, खींचनेवाला
कशा स्त्री० 1 रस्सी 2 चाबुक
कशाघात पुं० 1 चाबुक की मार 2 तीव्र प्रेरणा
कशीदा पुं० कपड़े पर बेल-बूटे बनाने का काम सुई धागे से करना
कशेरु पुं०, **कशेरुका** स्त्री० पीठ की लम्बी हड्डी, रीढ़
कशेरुक-दंडी पुं० रीढ़ की हड्डीवाले जानवर
कश्मल I पुं० 1 मोह 2 पाप
II त्रि० मैला
कष पुं० 1 सान 2 कसौटी
कषाय I त्रि० कसैला 2 गेरुआ
II पुं० गाढ़ा रस
कष्ट-भागिनेय पुं० पत्नी की बहन का लड़का
कष्टमातुल पुं० सौतेली माँ का भाई
कष्टार्तव पुं० स्त्री का कष्ट से रजस्राव होना
कष्टार्थ पुं० खींच-तानकर लगाया गया अर्थ
कसब पुं० 1 मेहनत 2 कौशल 3 व्यवसाय
कसबीख़ाना पुं० रंडीख़ाना
कसमसाहट स्त्री० कुलबुलाहट, डोलाव

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कसाफ़त स्त्री० 1 गाढ़ापन 2 गंदगी 3 मैल
कसाला पुं० 1 दुःख 2 मेहनत
क़सीदा पुं० कपड़े पर सुई धागे की सहायता से बेल-बूटे बनाने का काम
कसीस पुं० नीला थोथा
क़सूरवार वि० दोषी
क़स्द पुं० 1 इरादा 2 पक्का विचार
क़स्दन क्रि०वि० जानबूझकर
क़स्मिया क्रि० वि० शपथपूर्वक
कस्सर स्त्री० लंगर उठाने का काम
क़हतसाली स्त्री० अकाल के दिन
क़हर पुं० 1 आफ़त 2 प्रकोप
क़हरी वि० 1 क़हर का 2 विपत्ति ढाने-वाला 3 बहुत उग्र स्वभाववाला
क़हवाख़ाना पुं० चाय-काफ़ी बिकने का स्थान
कांक्षा स्त्री० आकांक्षा
कांक्षित वि० इच्छित
कांचनक पुं० 1 हरताल 2 चंपा
कांचिक पुं० कांजी
कांची स्त्री० मेखला
कांड पुं० 1 किसी वस्तु का कोई हिस्सा 2 वेदों के तीन भाग—ज्ञान, कर्म, उपासना 3 हड्डी
कांड-त्रय पुं० तीन कांडों का समूह
कांड-पृष्ठ पुं० 1 बहुत भारी धनुष 2 कर्ण के धनुष का नाम
कांड-भग्न पुं० चोट से हड्डी का टूटना
कांडर्षि पुं० वेद के किसी कांड का विवेचन करनेवाला ऋषि
कांडिका स्त्री० 1 पुस्तक का कोई भाग 2 एक प्रकार का अन्न
कांत I वि० 1 इच्छित 2 प्रिय 3 सुंदर II पुं० पति
कांतपाषाण पुं० चुंबक पत्थर
कांत-लौह पुं० कांतिसार लोहा
कांतार पुं० बहुत घना और भयानक जंगल
कांतासक्ति स्त्री० पति-पत्नी भाव से भक्ति या प्यार
कांदव पुं० कड़ाही में पकाई हुई चीज़
कांदविक पुं० 1 भड़भूंजा 2 हलवाई
काँवर स्त्री० बहँगी
काँसागर पुं० काँसे का काम करनेवाला
कांस्य पुं० 1 कांसा, कसकुट 2 शराब पीने का प्याला
कांस्य-युग पुं० इतिहास का वह युग जब अस्त्र-शस्त्र तथा बर्तन इत्यादि काँसे के बनाये जाते थे
काइयाँ वि० बहुत चालाक
काक-गोलक पुं० कौए की आँख की पुतली
काकचेष्टा स्त्री० कौए के समान चौकन्ना रहना
काकतालीय वि० संयोगवश होनेवाला, इत्तफ़ाकिया
काकदंत पुं० असम्भव बात
काकपक्ष पुं० बालों के पट्टे
काकपद पुं० छूटे हुए शब्द के स्थान पर ∧ चिह्न
काकबंध्या स्त्री० एक संतान पैदा करने के बाद बाँझ हो जानेवाली स्त्री
काक-बलि स्त्री० कौओं को दिया जाने-वाला भोजन
काकरेज वि० बैंगनी रंग का
काकल पुं० 1 गले के सामने की ओर निकली हुई हड्डी 2 कंठ की मणि
काकली स्त्री० मंद तथा प्रिय ध्वनि
काकिल पुं० कंठहार
काकु पुं० 1 छिपी हुई चुटीली बात 2 वक्रोक्ति अलंकार का एक भेद
काकुद पुं० तालु
काकुल पुं० कनपटी पर लटके हुए बाल, ज़ुल्फ़ें

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

काकोलूकीय पुं० कौवे और उल्लू का-सा सहज वैर
कागावासी स्त्री० सुबह पी जानेवाली भाँग
काचमणि पुं० स्फटिक
काछना I स० क्रि० धोती के दोनों पल्लों को टाँगों के बीच से लाकर खोंसना
II पुं० काछनी, छोटी धोती
काठिन्य पुं० कठिनता, कड़ापन
काणेय पुं० कानी स्त्री का लड़का
काणेली स्त्री० अपवित्र स्त्री
कातरता स्त्री० 1 अधीरता 2 व्याकुलता 3 दीनता 4 डरपोकपन
कातरोक्ति स्त्री० दीनतापूर्वक कही जानेवाली बात
कातर्य पुं० = कातरता
कातिब पुं० पुस्तक लिखनेवाला व्यक्ति
कादंबिनी स्त्री० 1 मेघमाला 2 मेघराग की एक रागिनी
क़ादिर वि० शक्ति रखनेवाला
कादिरी स्त्री० स्त्रियों के पहनने की एक प्रकार की चोली
कानक वि० 1 सोने का बना हुआ 2 सुनहरा
कानन पुं० बहुत बड़ा जंगल
काना-कुतरा वि० काटा हुआ
कानीन पुं० कन्या के गर्भ से उत्पन्न हुई संतान
क़ानूनदाँ पुं० क़ानून का जानकार
क़ानूनिया वि० क़ानून छाँटनेवाला
कान्हड़ा पुं० मेघ राग का पुत्र एक राग
कापटिक वि० कपट करनेवाला
कापालिक I वि० कपाल संबंधी
II पुं० शैव मत का तांत्रिक साधु
कापाली पुं० शिव
कापिशेय पुं० भूत-प्रेत, पिशाच
कापीनवीस पुं० 1 दूसरे के लेख को नकल करनेवाला 2 छपाई के लिए पाण्डुलिपि तैयार करनेवाला
कापुरुष पुं० कायर, डरपोक व्यक्ति
कापेय वि० कपि या बंदर का
क़ाफ़िया पुं० कविता की हर पंक्ति के अन्त में मिलाया जानेवाला अनुप्रास, तुक
काफ़िर वि० 1 नास्तिक 2 कुरान और ख़ुदा को न माननेवाला
काबला पुं० बोल्टू
क़ाबिज़ वि० 1 क़ब्ज़ा करनेवाला 2 क़ब्ज़ पैदा करनेवाला
क़ाबिलीयत स्त्री० योग्यता
कामकला स्त्री० रति, मैथुन
काम-कूट पुं० 1 लंपट 2 वेश्याओं का छल छंद
कामक्रिया स्त्री० संभोग
कामगार पुं० मज़दूर
कामचर पुं० स्वेच्छापूर्वक विचरण करनेवाला
कामचार पुं० 1 इच्छानुसार भ्रमण 2 कामुकता 3 स्वार्थता
कामज वि० वासना से उत्पन्न
कामजित् वि० काम पर विजय पानेवाला
कामतः क्रि०वि० अपनी इच्छा के अनुसार
कामदा स्त्री० 1 इच्छा पूर्ण करनेवाली देवी 2 कामधेनु
कामदानी स्त्री० मलमें सितारे का काम
कामधुक् वि० मनचाहा फल देनेवाला
कामपरता स्त्री० कामुकता
कामरूप वि० इच्छानुसार रूप धारण करनेवाला
कामवाण पुं० कामदेव के पाँच वाण
कामांध वि० कामवासना से अंधा
कामाग्नि स्त्री० संभोग की प्रबल इच्छा
कामात्मज पुं० कामदेव का अवतारी रूप, सुन्दर व्यक्ति
कामायनी स्त्री० 1 स्त्री 2 श्रद्धा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कामायुध पुं० कामदेव का बाण
कामिका स्त्री० श्रावण कृष्ण एकादशी
कामित वि० इच्छित
कामिनी स्त्री० 1 कामवती स्त्री 2 सुंदरी
कामिल वि० पूरा
कामोद पुं० संपूर्ण जाति का एक राग जो मालकौंस का पुत्र माना जाता है
कामोदक पुं० तर्पण, जलांजलि
कामोदकल्याण पुं० कामोद और कल्याण का संकर राग
कामोद्दीपक वि० काम वासना को तीव्र करनेवाला
कामोद्दीपन पुं० काम भावना को तीव्र करना
कामोन्माद पुं० काम वासना की प्रबलता
काम्य वि० 1 इच्छित 2 सुंदर और सुखद
काम्यकर्म(न्) पुं० किसी कामना की प्राप्ति के लिए किया गया कर्म
काम्य-मरण पुं० अपनी इच्छानुसार मरना
काम्या स्त्री० 1 कामना 2 प्रयोजन 3 उद्देश्य
काम्येष्टि स्त्री० किसी कामना की पूर्ति के लिए किया जानेवाला यज्ञ
काय स्त्री० शरीर
क़ायम-मिज़ाज वि० शान्त स्वभाव
क़ायम-मुक़ाम वि० स्थानापन्न, एवज़ी
क़ायल वि० मान लेनेवाला
कायाकल्प पुं० शरीर को फिर जवान कर देना
कायिक वि० शारीरिक
कायिकी स्त्री० शरीर संबंधी विज्ञान
कायोत्सर्ग पुं० शरीर छोड़ देना, मरना
कारकरदा वि० अनुभवी
कारकुन पुं० 1 प्रतिनिधि 2 एजेंट
कारगाह पुं० कारीगरों के काम करने का स्थान
कारगुज़ार वि० कार्य को पूरा करनेवाला, कार्यकुशल
कारगुज़ारी स्त्री० 1 कारवाई 2 कार्य कुशलता
कारचोब पुं० चौखटा जिस पर ज़रदोज़ी या कसीदे का काम हो
कारचोबी वि० सलमें सितारे का काम
कारणा स्त्री० 1 तकलीफ 2 यम की यातना 3 उत्तेजना
कारणिक पुं० मुकदमे संबंधी कागज लिखनेवाला लिपिक
कारणिकता स्त्री० 1 कारणिक होने की अवस्था 2 कार्य के साथ कारण का रहनेवाला संबंध (कॉज़ेलिटी)
कारनामा पुं० उल्लेखनीय कार्य
कार-परदाज़ पुं० 1 प्रतिनिधि, कारकुन 2 प्रबंधक
कारयिता पुं० 1 कर्त्ता 2 सृष्टि करनेवाला
कारसाज़ वि० 1 बिगड़ा हुआ कार्य बनानेवाला
कारा स्त्री० 1 बंधन, क़ैद 2 क़ैदखाना
कारागारिक वि० कारागार संबंधी
कारापाल पुं० जेलर
कारामद वि० उपयोगी
कारारुद्ध वि० क़ैदखाने में बंद
करारोधन पुं० क़ैद की सज़ा
कारिंदा पुं० कर्मचारी
कारिका स्त्री० 1 सूक्ष्म विवेचन, व्याख्या 2 एक प्रकार का संकीर्ण राग
कारित वि० कराया हुआ
कारिस्तानी स्त्री० 1 कारवाही 2 अनुचित काम, बदमाशी
कारु पुं० कारीगर
कारुणिक वि० 1 करुणा से युक्त 2 दयालु
कारुण्य पुं० दयालुता
कार्कश्य पुं० कर्कशता
कार्तयुगीन वि० सतयुग का.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कार्दम, कार्दमिक वि० 1 कीचड़ से भरा हुआ 2 कीचड़ से युक्त 3 मैला

कार्पट पुं० 1 फटे-पुराने वस्त्र पहननेवाला 2 भिखमंगा

कार्पण्य पुं० कृपणता, कंजूसी

कार्मण पुं० मंत्र-तंत्र और मारण-मोहन के कार्य

कार्मण्य पुं० कर्मण्यता

कार्मार पुं० शिल्पी

कार्मिक पुं० कर्मी, कार्य करनेवाला व्यक्ति

कार्मिक संघ पुं० मज़दूरों का समुदाय

कार्मुक पुं० धनुष

कार्य-कारण-भाव पुं० वह संबंध जो कारण से कार्य का तथा कार्य का कारण से होता है

कार्यकारी (रिन्) वि० किसी के स्थान पर कार्य करनेवाला (अधिकारी)

कार्यक्षम वि० जो कार्य कर सकता है

कार्य-क्षमता स्त्री० कार्य करने की सामर्थ्य

कार्य-दिवस पुं० काम करने का दिन

कार्याकार्य पुं० अच्छे और बुरे सभी तरह के कार्य

कार्यान्वयन पुं० किसी निश्चय को कार्य के रूप में बदलना

कार्यान्वित वि० व्यवहार में लाया हुआ, जिस पर कार्यवाही की गई हो

कार्यार्थी वि० 1 कार्य की सिद्धि चाहनेवाला 2 काम चाहनेवाला

कार्यावली स्त्री० सभा की बैठक में होनेवाले कार्यों की सूची, एजंडा

कार्ष्णायन पुं० 1 व्यास वंशीय ब्राह्मण 2 वशिष्ठ गोत्र का ब्राह्मण

कार्ष्ण्य पुं० कालापन

कालकंठ पुं० शिव

कालकंठी स्त्री० पार्वती

कालकवलित वि० मरा हुआ

कालकूट पुं० 1 समुद्र-मंथन के समय निकला हुआ परम भीषण विष 2 बहुत तेज़ जहर

कालकृत वि० काल से उत्पन्न

कालक्रम पुं० 1 काल की भाँति 2 तिथिवार रखना

कालक्रमिक वि० जो कालक्रम के विचार से प्रस्तुत हो

काल-क्षेप पुं० दिन गुज़ारना, समय बिताना

कालज्ञ पुं० समय की गति को पहचाननेवाला

काल-ज्येष्ठ वि० उम्र में बड़ा

काल-तुष्टि स्त्री० उपयुक्त समय पर मिलनेवाली संतुष्टि

कालदमनी स्त्री० दुर्गा

कालदर्श पुं० वर्ष, मास, तिथि आदि दिखानेवाली वस्तु, कैलेंडर

कालदोष पुं० घटनाओं तथ्यों आदि को ठीक कालक्रम से न रखे जाने का दोष

काल-धर्म पुं० 1 मौत 2 विनाश 3 समय के अनुसार घटनाओं के घटित होने का प्राकृतिक गुण या धर्म

कालनाथ पुं० शिव

कालपुरुष पुं० ईश्वर

काल-प्रमेह पुं० काला पेशाब आने का रोग

काल-यापन पुं० 1 दिन गुज़ारना 2 समय नष्ट करना

काल-रात्रि स्त्री० 1 प्रलय की रात्रि 2 अँधेरी और भयानक रात

काल-विपाक पुं० 1 अवधि पूरी हो जाना 2 नियत समय आ जाना 3 होनहार

कालवृद्धि स्त्री० अवधि का इतना बढ़ जाना कि ब्याज मूलधन के बराबर हो जाए

कालांतर पुं० अन्य समय

कालांतरित वि० जिसका समय बीत गया हो

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कालाक्षर पुं० अपठनीय अक्षर

कालाक्षरी (रिन्) वि० अपठनीय अक्षरों को पढ़ लेनेवाला

कालाग्नि पुं० सृष्टि को नाश करनेवाली अग्नि

कालातिक्रमण पुं० 1 निश्चित समय का बीतना 2 विलम्ब

कालातिपात पुं० 1 समय का नियत से अधिक बीतना 2 = कालातिक्रमण

कालातीत वि० जिसका समय बीत गया हो

कालात्मा (त्मन्) पुं० ईश्वर

कालानुक्रम पुं० काल की गति के अनुसार क्रम या व्यवस्था

कालावधि स्त्री० निश्चित किया हुआ समय

कालाशुद्धि स्त्री० समय का अशुभ होना

कालाशौच पुं० किसी की मृत्यु के बाद एक निश्चित समय तक रहनेवाला अशौच

काला सोना पुं० कोयला

कालास्त्र पुं० घातक अस्त्र

कालिक वि० 1 समय संबंधी 2 उपयुक्त समय पर होनेवाला

कालिका स्त्री० चंडी देवी, काली

कालिकावृद्धि स्त्री० महीने-महीने लिया जानेवाला ब्याज

क़ालिब पुं० 1 ढाँचा 2 शरीर

काली ज़बान स्त्री० अशुभ बोल बोलने वाली जीभ

कालीय वि० 1 समय संबंधी 2 समय का

कालुष्य पुं० 1 कालिख 2 कालापन 3 कलंक

कालेय वि० कलियुग से संबंधित

काल्य वि० 1 निश्चित समय पर होनेवाला 2 प्रातःकाल संबंधी 3 शुभ

कावचिक वि० कवच संबंधी

काव्यहेतु पुं० ऐसी बातें जिनके कारण काव्य रचना की शक्ति पैदा होती है

काशिक वि० 1 रोशनी करनेवाला 2 प्रकाशमान

काशिकेय वि० काशी का

काश्तकारी स्त्री० किसानी

काषाय I वि० गेरुआ II पुं० गेरुआ वस्त्र

काष्ठ-तक्षक पुं० 1 लकड़हारा 2 बढ़ई

काष्ठा स्त्री० 1 रास्ता 2 सीमा

काष्ठीय वि० काठ का

कास पुं० खाँसी

कासार पुं० 1 छोटा तालाब 2 दंडक वृत्त का भेद जिसमें बीस रगण (ऽ।ऽ) होते हैं

काहिली स्त्री० आलस्य

काही वि० घास के रंग का

किंकणी स्त्री० करधनी

किंकर पुं० 1 दास 2 सेवक

किंकर्त्तव्य-विमूढ़ वि० जिसकी समझ में यह न आ सके कि अब क्या करना चाहिए

किंकिणी स्त्री० 1 क्षुद्र घंटिका 2 करधनी

किंचन पुं० थोड़ी वस्तु

किंचित् वि० थोड़ा, कम

किंजल्क पुं० कमल का पराग

किंवदंती स्त्री० लोकापवाद, अफ़वाह

किट्ट पुं० 1 धातु का मैल 2 तरल पदार्थ के नीचे जमनेवाला मैल

किण्व पुं० ख़मीर

कितव पुं० 1 जुआरी 2 छलिया

क़िता पुं० 1 विस्तार का एक भाग 2 भूभाग

किनर-मिनर स्त्री० आनाकानी

किनाराकश वि० संबंध तोड़कर अलग हो जानेवाला

किफ़ायत स्त्री० 1 किसी चीज़ के उपभोग में की जानेवाली उचित कमी 2 बचत

क़िबला पुं० 1 मुसलमानों का पवित्र तीर्थस्थान मक्का 2 पूज्य और वयस्क व्यक्ति

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

क़िमारख़ाना पुं० जुआ खेलने का स्थान
क़िमारबाज़ वि० जुआ खेलनेवाला
किरकिरी स्त्री० 1 बालू आदि का कण 2 अपमान
किरच स्त्री० एक सीधी तलवार
किरम पुं० कीड़ा
किरमिच पुं० जूते, परदे, बैग आदि बनाने का एक मोटा कपड़ा
किरराना अ० क्रि० क्रोध के कारण दाँत पीसना
किराना पुं० पंसारी की चीज़ें
किरावल पुं० 1 शिकार करनेवाला 2 सेना के आगे चलनेवाले सिपाही
किरीट पुं० मुकुट
किलक स्त्री० हर्षध्वनि
किलकिंचित पुं० नायिका के एक ही हाव-भाव से कई भाव प्रकट होना
किलकिल स्त्री० वादविवाद
क़िल्लत स्त्री० कमी
किल्विष पुं० 1 पाप 2 अपराध
किल्विषी(षिन्) वि० 1 पापी 2 अपराधी
किशोरक पुं० छोटा बालक
क़िस्तवार क्रि०वि० किस्त-किस्त करके, थोड़ा-थोड़ा करके
क़िस्सागो पुं० कहानी सुनानेवाला
कीकस I वि० कठोर II पुं० हड्डी
कीचक पुं० सूराख़दार बाँस
कीट-भोजी (जिन्) पुं० कीड़े-मकोड़े खानेवाला जीव
कीट-मणि पुं० खद्योत, खंजन
कीना पुं० दुर्भाव, द्वेष
कीमियागर पुं० रसायन तैयार करनेवाला
कीर्ण वि० बिखेरा हुआ
कीर्णित वि० अंकित
कीर्तित वि० 1 जिसका वर्णन हो चुका हो 2 प्रशंसित और प्रसिद्ध
कीर्तिमान I वि० 1 यशस्वी 2 विख्यात II पुं० किसी विशिष्ट कार्य में यश देनेवाला रिकार्ड
कीर्ति-शेष वि० दिवंगत यशस्वी पुरुष
कीर्ति-स्तंभ पुं० किसी के यश को याद दिलानेवाली वस्तु
कीलक I वि० 1 कीलन करनेवाला 2 कीलनेवाला II पुं० खूँटी
कीलन पुं० 1 कील लगाकर रोकना 2 स्तंभन 3 किसी क्रिया को पूरी तरह से व्यर्थ करना
कीलाक्षर पुं० पुरानी लिपि जिसके अक्षर देखने में काँटे के आकार के होते थे
कीलित वि० 1 जो कीलों से जड़ा हो 2 मंत्र से स्तंभित
कीस पुं० गर्भ की थैली
कुंकुम पुं० केसर
कुंचन पुं० 1 सिकुड़न 2 बालों का घुंघराला होना
कुंचित वि० 1 सिकुड़ा हुआ 2 टेढ़ा 3 घुँघराला
कुंज पुं० झाड़ियों से घिरा हुआ एक गोलाकार स्थान
कुंज-कुटीर पुं० किसी कुंज के अन्दर रहने का स्थान
कुंजर पुं० हाथी
कुंठ वि० कुंठित
कुंठक वि० बुद्धिहीन
कुंठा स्त्री० निराशा
कुंठित वि० 1 जिसकी धार तेज़ न हो 2 मंद
कुंडक पुं० मटका
कुंडलिका स्त्री० 1 गोल रेखा 2 कुंडलिया छंद
कुंडलिनी स्त्री० एक काल्पनिक सर्पिणी जो सुषुम्ना नाड़ी के नीचे रहती है
कुंडिका स्त्री० 1 पत्थर का बना हुआ बर्तन 2 छोटा तालाब

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कुंतल पुं० सिर के बाल
कुंतल-वर्द्धन वि० सिर के बाल बढ़ानेवाला
कुंतला स्त्री० लंबे केशोंवाली स्त्री
कुंद पुं० जूही की तरह का एक फूल
कुंदज़ेहन वि० मोटी बुद्धिवाला
कुंदा पुं० लकड़ी का मोटा लट्ठा
कुंभक पुं० प्राणायाम के अन्तर्गत वायु को शरीर के भीतर रोक रखना
कुंभकार पुं० कुम्हार
कुंभ-मंडूक पुं० संसार के ज्ञान विस्तार को न जाननेवाला व्यक्ति
कुंभिक पुं० नपुंसक पुरुष
कुंभिनी स्त्री० धरती
कुंभिल पुं० 1 सेंध मारनेवाला 2 कच्चे गर्भ से उत्पन्न होनेवाला बच्चा
कुआर पुं० आश्विन का महीना
कुकरी स्त्री० घाव के ऊपर जमनेवाली झिल्ली
कुकुद पुं० 1 चोटी 2 बैल का डिल्ला
कुक्षि स्त्री० 1 कोख 2 पेट
कुखेत पुं० ख़राब जगह
कुघड़ वि० जिसकी गढ़न अच्छी न हो
कुघात पुं० विकट या अनुचित रूप में किया जानेवाला प्रहार
कुच पुं० स्तन
कुचक्र पुं० षड्यन्त्र, हानि पहुँचाने की योजना
कुचांशुक पुं० स्तनों को बाँधने का वस्त्रखंड
कुचालक वि० 1 बुरा चालक 2 कुसंवाहक
कुचित वि० संकुचित
कुचिया दाँत पुं० खाना कुचलने के दाँत, दाढ़
कुचैला वि० 1 गंदे और मैले कपड़े पहननेवाला 2 मैला
कुजंभ वि० लम्बे और भयंकर दाँतोंवाला
कुजंभल पुं० सेंधिया चोर
कुजाम वि० दोगला
कुजाष्टम पुं० जन्म कुण्डली के आठवें घर में मंगल स्थित होने का एक योग
कज्झटिका स्त्री० कुहरा
कुटंगक पुं० लताओं से ढँकने पर बननेवाला मण्डप
कुटक पुं० हल का फाल
कुटका पुं० टुकड़ा
कुटनपन पुं० 1 कुटनी का कर्म 2 दो व्यक्तियों के बीच में झगड़ा पैदा करना
कुटनाना स० क्रि० बहकाकर गंदे मार्ग पर ले जाना
कुटिल वि० 1 टेढ़ा 2 छली
कुटुंबिनी स्त्री० बाल-बच्चेदार स्त्री
कुटेक स्त्री० अनुचित हठ
कुठाट पुं० अनुचित तड़क-भड़क
कुठार पुं० कुल्हाड़ा
कुठारिक पुं० लकड़ी काटनेवाला व्यक्ति
कुड़ स्त्री० हल की अगवासी
कुड्मल पुं० कली
कुड्य पुं० 1 दीवार 2 प्लस्तर
कुड्यच्छेदी (दिन्) पुं० सेंधिया चोर
कुढब वि० 1 बुरे ढंग का 2 विकट
कुढ़ाना स० क्रि० दुखी और विकल करना
कुतका पुं० 1 गतका 2 सोंटा
कुतप पुं० 1 मध्याह्न 2 श्राद्ध की आवश्यक वस्तुएँ
कुतुबख़ाना पुं० पुस्तकालय
कुतुब-फ़रोश पुं० किताबें बेचनेवाला
कुतूहल पुं० 1 उत्सुकता, उत्कंठा 2 आश्चर्य
कुत्सन पुं० बुराई करना
कुत्सा स्त्री० बुराई, निंदा
कुत्सित वि० 1 नीच 2 निंदित
कुत्स्य वि० निंदा के योग्य
क़ुदरत स्त्री० 1 प्रकृति 2 सामर्थ्य

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कुदाँई वि० 1 बुरे ढंग से दाँव घात लगानेवाला 2 विश्वासघाती
कुदूरत स्त्री० 1 घृणा 2 मैल
कुदेव पुं० राक्षस
कुधी वि० दुर्बुद्धि
कुपथ्य पुं० 1 स्वास्थ्य को हानि पहुँचानेवाला आहार-विहार 2 बदपरहेज़ी
कुफ़ल पुं० ताला
कुफ़ पुं० 1 इस्लाम धर्म से भिन्न धर्म 2 इस्लाम धर्म के विरुद्ध आचरण
कुबानि स्त्री० गंदी आदत
कुब्ज वि० कुबड़ा
कुमंत्रित वि० जिसे बुरी मंत्रणा दी गई हो
कुमक स्त्री० फ़ौजी सहायता
क़ुमारबाज़ पुं० जुआ खेलनेवाला
कुमार-भृत्या स्त्री० गर्भिणी को सुखपूर्वक प्रसव कराने की विद्या, दाईगीरी
कुमारव्रत पुं० ब्रह्मचर्य व्रत
कुमुद पुं० लाल कमल
कुमेरुज्योति स्त्री० दक्षिणी ध्रुव का आकस्मिक प्रकाश
कुमैत पुं० लाखी रंग का घोड़ा
कुरंग पुं० बादामी रंग का हिरन या घोड़ा
कुरा पुं० घाव के कारण पड़नेवाली गाँठ
कुरीर पुं० 1 संभोग 2 दुपट्टा
कुरेभा स्त्री० वर्ष में दो बार बच्चा देनेवाली गाय
कुर्क अमीन पुं० कुर्की करानेवाला अधिकारी
कुर्की स्त्री० 1 जब्त करना 2 नीलाम कराना
कुर्पर पुं० 1 कोहनी 2 घुटना
कुर्पास पुं० 1 छाती पर बाँधने का एक कवच 2 चोली
कुर्रना अ० क्रि० पक्षियों का चहचहाना
कुर्री स्त्री० खेत में चलाने का पटरा
कुलंधर पुं० वंश का क्रम चलानेवाला
कुलंभर पुं० सेंध लगानेवाला चोर
कुल-कंटक पुं० कुल के लोगों को दुःखी करनेवाला
कुलकर्त्ता पुं० कुल का मुखिया
कुलकानि स्त्री० कुल की लाज
कुलज पुं० कुलीन
कुलट वि० अनेक स्त्रियों से प्रेम करनेवाला
कुलटा स्त्री० अनेक पुरुषों से संबंध रखनेवाली स्त्री
कुल-तंत्र पुं० एक कुल द्वारा राज्य की शासन-प्रणाली
कुल-तारन वि० कुल का उद्धार करनेवाला
कुलतिलक पुं० कुल की प्रतिष्ठा बढ़ानेवाला
कुलधन्या स्त्री० वंश की प्रतिष्ठा बढ़ानेवाली
कुलधर पुं० बेटा
कुलपति पुं० विश्वविद्यालय का प्रधान
कुलफ़त स्त्री० 1 दुःख देनेवाली चिन्ता 2 व्याकुलता
कुलशतावर ग्राम पुं० एक सौ से अधिक परिवार का गाँव
कुलसंघ पुं० कुलीन शासक मंडल
कुलांगार पुं० कुल का नाश करनेवाला व्यक्ति
कुलाँचना अ० क्रि० चौकड़ी भरना
कुलाचार पुं० कुल परंपरा से चला आता हुआ आचार-व्यवहार
कुलाल पुं० मिट्टी के बरतन बनानेवाला, कुम्हार
कुलिक पुं० 1 कुल का प्रधान व्यक्ति 2 शिल्पकार 3 ज्योतिष में दिन और रात का कुछ निश्चित भाग जिसमें यात्रा करना वर्जित रहता है
कुलिश पुं० 1 आकाश से बिजली गिरना 2 वज्र 3 हीरा
कुलीनतंत्र पुं० वह शासन-प्रणाली जिसमें

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

किसी देश का शासन उच्च कुल के लोग चलाते हों
कुलुक पुं० जीभ पर जमी हुई मैल
कुल्य पुं० प्रतिष्ठित व्यक्ति
कुल्या स्त्री० 1 छोटी नहर 2 नाली
कुवलय पुं० नीला कमल
क़ुव्वत स्त्री० ताक़त
कुवाच्य वि० जिसे कहना उचित न हो
कुशलक्षेम पुं० कुशलमंगल
कुशल-प्रश्न पुं० किसी का कुशलमंगल पूछना
कुशाग्रबुद्धि वि० तेज़ बुद्धिवाला
कुशादा वि० 1 खुला 2 विस्तृत
कुशीलव पुं० 1 कवि 2 चारण 3 अभिनेता 4 गवैया
कुषीद वि० उदासीन
कुषुंभ पुं० कीड़ों के गले की थैली जिसमें उनका ज़हर रहता है
कुष्ठ पुं० कोढ़
कुष्ठालय पुं० कोढ़ी घर
कुष्मांड पुं० कुम्हड़ा
कुसीद पुं० 1 ब्याज पर रुपया देना 2 मूलधन का ब्याज पर दिया जानेवाला रुपया
कुसीदजीवी पुं० महाजनी करनेवाला
कुसीद-वृद्धि स्त्री० ब्याज दर ब्याज
कुसीदिक I वि० ब्याज संबंधी II पुं० ब्याज पर रुपया देनेवाला
कुसुमदल पुं० फूल की पंखुड़ी
कुसुमपल्ली स्त्री० रजस्वला स्त्री
कुसुम-रेणु पुं० पराग
कुसुम-स्तवक पुं० 1 फूलों का गुच्छा 2 दंडक छंद का वह भेद जिसमें प्रत्येक चरण में नौ या नौ से अधिक सगण ।।ऽ होते हैं
कुसुमांजलि स्त्री० पुष्पांजलि
कुसुमाकर पुं० 1 वसंत ऋतु 2 फुलवाड़ी
कुसुमासव पुं० 1 फूलों का रस 2 मधु
कुसुमित वि० 1 फूलोंवाला (पौधा) 2 खिला हुआ
कुसुमित-लता-वेल्लिता स्त्री० एक वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण में क्रमशः मगण (ऽऽऽ) तगण (ऽऽ।) नगण (।।।) यगण (।ऽऽ) होते हैं
कुसृति स्त्री० 1 बदचलनी 2 दुष्टता
कुहक पुं० 1 धोखा 2 जाल 3 इंद्रजाल
कुहराम पुं० 1 संकट की हलचल 2 रोना, कलपना
कुहुकना अ० क्रि० चहचहाना
कुहू स्त्री० 1 अमावस्या की रात 2 कोयल की बोली
कुहेलिका स्त्री० कुहरा
कूंड स्त्री० मिट्टी लोहे आदि का बना बड़ा बर्तन
कूच पुं० यात्रा प्रारंभ करना
कूचागर्दी स्त्री० गलियों में इधर-उधर घूमते फिरना
कूचिका स्त्री० कूची
कूज़ा पुं० पुरवे के आकार का मिट्टी का बरतन
कूट पुं० 1 चोटी 2 सींग 3 असत्य 4 रहस्य 5 सिरा
कूटक पुं० धोखा-धड़ी
कूट-कर्म पुं० धोखे का काम
कूटकर्मा (र्मन्) पुं० धोखा देनेवाला
कूट-क्षेत्र पुं० विशेष महत्त्व का क्षेत्र
कूट-तर्क पुं० झूठमूठ का तर्क
कूट-तुला स्त्री० पासंग रखा हुआ तराज़ू
कूट-पण्य पुं० खोटा माल
कूट-प्रश्न पुं० 1 वह प्रश्न जिसका उत्तर न दिया जा सके 2 पहेली
कूट-मान पुं० उचित से हल्का या भारी तौल
कूट-मुद्र पुं० जाली सिक्का

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कूट-युद्ध स्त्री० झूठमूठ का युद्ध
कूट-योजना स्त्री० षड्यंत्र
कूट-लेख पुं० जाली लेख
कूट-साक्षी (क्षिन्) पुं० झूठी गवाही देनेवाला
कूटस्थ वि० जो सबसे श्रेष्ठ स्थान पर स्थित हो
कूट-स्वर्ण पुं० जाली सोना
कूटाख्यान पुं० कल्पित कथा
कूटायुध पुं० छिपा हथियार
कूटार्थ वि० (वाक्य) जिसका अर्थ न जाना जा सके
कूढ़ वि० नासमझ
कूढ़मग़ज़ वि० बहुत बड़ा मूर्ख
कूत पुं० 1 किसी वस्तु का मूल्य आँकना 2 सोच
कूतना स० क्रि० अनुमान करना
कूपक पुं० 1 छोटा कुआँ 2 चमड़े की बनी हुई कुप्पी
कूर्च पुं० 1 कूंची 2 मोर का पंख
कूर्दन पुं० खेलना-कूदना
कूर्म पुं० 1 कछुआ 2 विष्णु का कूर्मावतार
कूल पुं० किनारा
कूलवती स्त्री० नदी
कृंतन पुं० काटना
कृकाटिका स्त्री० गले और कंधे का जोड़
कृच्छ् पुं० 1 संताप 2 पाप
कृतक वि० 1 कृत्रिम 2 दिखावटी
कृतकाम वि० जिसकी कामना पूर्ण हो गई हो
कृत-कार्य वि० जिसका कार्य पूर्ण हो गया हो
कृत-कृत्य वि० 1 जिसका कार्य पूर्ण हो गया हो 2 कृतार्थ
कृत-चेता (तस्) वि० किया हुआ उपकार माननेवाला
कृतनिंदक वि० उपकार करनेवाले की बुराई करनेवाला
कृतयुग पुं० सतयुग
कृत-विद्य वि० 1 जिसने पूरी विद्या प्राप्त कर ली हो, विद्वान् 2 वह व्यक्ति जो कोई कार्य करने में अभ्यस्त हो
कृतसंकल्प वि० जिसने कोई कार्य करने का पक्का विचार बना लिया हो
कृतात्मा (त्मन्) पुं० 1 शुद्ध विचारवाला आदमी 2 पुण्य कार्य करनेवाला
कृतापराध वि० अपराधी
कृतावधि वि० जिसकी सीमा निश्चित हो
कृताह्वान वि० बुलाया हुआ
कृतिकार पुं० रचनाकार
कृती (तिन्) पुं० 1 पुण्य करनेवाला 2 रचनाकार
कृत्त वि० 1 विभक्त 2 अभिलक्षित
कृते अ० क्रि० के वास्ते
कृत्य वि० कार्य
कृत्यवाह पुं० सब कार्यभार सँभालनेवाला
कृत्या स्त्री० 1 ऐसी राक्षसी जिसे तांत्रिक अपने अनुष्ठान से उत्पन्न करके किसी को नष्ट करने के लिए भेजते हैं 2 दुष्ट स्त्री 3 अभिचार 4 सर्वनाश करनेवाली कोइ बात
कृत्स्न वि० पूर्ण
कृदंत पुं० धातु में (कृत्) प्रत्यय लगने से बननेवाले शब्द
कृपाणिका स्त्री० छोटी तलवार
कृपायतन पुं० कृपानिधान, कृपालु
कृमिज वि० कीड़ों से निकला हुआ
कृमिल वि० जिसमें कीड़े लगे हों
कृमिशैल पुं० बाँबी
कृश वि० क्षीण, कमज़ोर
कृशता स्त्री० 1 कमज़ोरी 2 अल्पता
कृशर, कृशरान्न पुं० खिचड़ी
कृशित वि० दुबला-पतला, दुर्बल

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कृशोदर वि० पतले पेटवाला
कृषाण पुं० किसान
कृषित वि० जोता-बोया हुआ
कृषीवल पुं० किसान
कृष्ट वि० 1 खींचा हुआ 2 जोता-बोया हुआ
कृष्टपच्य वि० खेत में पका हुआ (अन्न)
कृष्टि स्त्री० 1 खींचना 2 खेती-बाड़ी
कृष्णधन पुं० काला धन
कृष्णरक्त वि० गहरा लाल (रंग)
कृष्णिमा स्त्री० कालापन
केंद्रण पुं० केंद्रीकरण
केंद्रस्थ वि० जो मध्य में स्थित हो
केंद्रापसारी (रिन्) वि० अपने केंद्र से अलग दिशा में जानेवाला
केंद्राभिमुखी वि० अपने केंद्र की ओर बढ़नेवाला
केंद्रिक वि० केंद्र में बननेवाला
केंद्रीकरण पुं० 1 केंद्र में लाना 2 अधिकार या सत्ता को केंद्र के अधीन करना
केंद्रीभूत वि० केंद्र में एकत्र हुआ
केका स्त्री० मोर की बोली
केकिक, केकी पुं० मोर
केतकी स्त्री० केवड़ा
केतपू पुं० अन्न साफ़ करनेवाला मजदूर
केदार पुं० 1 क्यारी 2 थाला
केयूर पुं० बाँह पर पहनने का गहना
केलक पुं० नर्तक
केलास पुं० स्फटिक, क्रिस्टल
केलासन पुं० स्फटिक बन जाना
केलासीय वि० क्रिस्टल का सा
केलि स्त्री० 1 खेल 2 रति
केलिमैथुन पुं० संभोग के साथ तरह-तरह के खेल खेलना
केवलात्मा (त्मन्) पुं० 1 निर्लिप्त तथा विशुद्ध आत्मा 2 ईश्वर
केवली (लिन्) I पुं० मुक्ति का अधिकारी, योगी या साधु II वि० विशुद्ध
केश-कर्म (न्) पुं० 1 केश प्रसाधन 2 मुंडन-संस्कार
केश-कल्प पुं० बालों को रँगना
केशपाश पुं० बालों की लट
केश-रंजन पुं० बालों का रँगना
केशव I वि० 1 लंबे तथा सुंदर केशोंवाला 2 विष्णु
केश-विन्यास पुं० बालों को सँवारना-बनाना
केशांत पुं० मुंडन
केशा-केशी स्त्री० झगड़े में एक-दूसरे के बाल खींचना
केशिनी स्त्री० लंबे तथा सुंदर बालोंवाली स्त्री
कैंकर्य पुं० नौकरी
कैतव पुं० 1 हेरा-फेरी, धोखा-धड़ी 2 जुए के खेल में दाँव लगाना
क़ैदमहज़ स्त्री० बिना कड़ी मेहनत की क़ैद
कैफ़ियत स्त्री० 1 वर्णन 2 हाल 3 टिप्पण
कैरव पुं० कुमुद
कैरवबंधु पुं० चंद्रमा
कैवल्य पुं० 1 मुक्ति 2 विशुद्धता
कैवल्य-ज्ञान पुं० ब्रह्मविद्या
कैशिक I वि० 1 बालोंवाला 2 बालों जैसा II पुं० केश शृंगार
कैशोर पुं० नवयौवन
कैशोर्य पुं० लड़कपन
कोंछ पुं० अंचल का कोना
कोक पुं० चकवा पक्षी
कोक-कला स्त्री० संभोग की विद्या
कोकनद पुं० लाल कमल
कोकना स० क्रि० कच्ची सिलाई करना
कोकबंधु पुं० सूर्य
कोकहर पुं० चंद्रमा
कोकिलकंठ वि० कोयल की तरह मधुर स्वरवाला

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कोकिला स्त्री० कोयल

कोखजली वि० (गाली) जिसकी एक भी संतान न हो

कोटर पुं० पेड़ का खोखला भाग

कोटि-क्रम पुं० विकास की दृष्टि से किसी वर्ग का क्रम

कोटिच्युत वि० पद से गिराया हुआ

कोटि-परीक्षा स्त्री० ऊपर के पद पर जाने के लिए परीक्षा

कोटि-बद्ध वि० 1 दर्जेवार 2 कोटियों में विभक्त

कोटिशः क्रि०वि० 1 अनेक प्रकार से 2 करोड़ों

कोटीश्वर पुं० करोड़पति

कोड़ना स०क्रि० मिट्टी खोदकर पलट देना

कोणस्पृश-वृत्त पुं० ऐसा वृत्त जो किसी क्षेत्र के सब कोणों को स्पर्श करता हो

कोणा-कोणि क्रि०वि० एक कोने से दूसरे कोने तक

कोणिक वि० कोनेवाला

कोतल पुं० सजा-सजाया घोड़ा

कोतल-गारद पुं० दंडित सिपाहियों को रखने की छावनी

कोताही स्त्री० 1 अल्पता 2 न्यूनता 3 उपेक्षा

कोथ पुं० घाव के कारण अंग का गल जाना, गैंगरीन

कोदंड पुं० धनुष

कोपन पुं० क्रोधित होना

कोपयिष्णु वि० गुस्सा करनेवाला

कोपी (पिन्) वि० कोप करनेवाला

कोबर वि० कमरा

कोमलांगी वि० कोमल अंगोंवाली

कोमलाभ वि० कोमल आभावाला

कोरंजा पुं० नौकरों, मजदूरों आदि को दिया जानेवाला कच्चा अन्न

कोरक पुं० कली

कोर-कसर स्त्री० न्यूनता, कमी, त्रुटि

कोरनिश स्त्री० झुककर सलाम करना

कोर्मा पुं० भुना हुआ मांस

कोलंबक पुं० वीणा का तूँबा और दंड

कोल पुं० 1 सूअर 2 भगवान् का वाराह अवतार 3 गोद

कोलिक, कोली पुं० कपड़े बुननेवाला

कोश पुं० शब्दकोश

कोश-कला स्त्री० कोश बनाने की कला

कोशकीट-पालन पुं० रेशम के कीड़े पालने का काम

कोश-रचना स्त्री० शब्दकोश तैयार करने का काम

कोशलिक पुं० रिश्वत

कोशिका स्त्री० 1 शरीर के अंदर के मूल तत्त्व 2 बैटरी के सेल 3 कोठरी

कोष्ठक पुं० 1 ब्रैकिट 2 कोठा

कोष्ठ-बद्ध वि० क़ब्ज़वाला

कोष्ठ-बद्धक वि० क़ब्ज़ करनेवाला

कोष्ठ-बद्धता स्त्री० क़ब्ज़ियत

कोष्ठ-शुद्धि स्त्री० पेट का साफ़ होना

कोष्ठागारिक पुं० भंडारी, कोठारी

कोष्ठाग्नि स्त्री० पेट में भोजन पकाने की शक्ति

कोष्ण वि० थोड़ा गरम

कोसना स०क्रि० सताए जाने पर अशुभ बातें कहना

कोसाकाटी स्त्री० किसी को कोसना-काटना

कोह पुं० पहाड़

कोहकन वि० 1 पर्वत खोदनेवाला 2 फ़रहाद 3 कठोर परिश्रम करनेवाला

कोहराम पुं० 1 रोना-पीटना 2 बहुत भारी शोरगुल

कौंठ्य पुं० 1 कुंठित होने की अवस्था 2 भोंथरापन

कौंडलिक त्रि० कुंडलधारी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कौकृत्य पुं० बुरा कर्म
कौटकिक पुं० 1 बहेलिया 2 मांस बेचनेवाला
कौटुंबिक वि० 1 पारिवारिक 2 परिवारवाला
कौतुक पुं० 1 कुतूहल 2 तमाशा
कौदन वि० मंद बुद्धिवाला
कौपीन पुं० लँगोटी जिसे ब्रह्मचारी तथा संन्यासी पहनते हैं
कौब्ज्य पुं० कुबड़ापन
कौमार-व्रत पुं० सदा अविवाहित रहने की प्रतिज्ञा
कौमारिकेय पुं० किसी अविवाहित स्त्री के गर्भ से उत्पन्न संतान
क़ौमियत स्त्री० जातीयता
कौमुदी स्त्री० 1 चंद्रमा की चाँदनी 2 कार्तिक मास की पूर्णिमा
कौर्म वि० कूर्म संबंधी, कछुए का
कौलंज पुं० वायु शूल
कौलटेय पुं० कुलटा (व्यभिचारी औरत) की संतान
कौलाचार पुं० वाम मार्ग
कौलालक वि० कुम्हार संबंधी
कौलीन्य पुं० कुलीनता
कौशलबाध पुं० कुशलतापूर्वक एक पद से ऊपर के पद पर उन्नति का अवरोध
कौशलिक पुं० रिश्वत
कौशिकी-कान्हड़ा पुं० कौशिकी और कान्हड़ा के योग से बना हुआ एक संकर राग
कौशीलव पुं० नट का पद
कौशेय वि० 1 कोश-संबंधी 2 रेशमी
कौष्ठेयक पुं० कोष की वृद्धि के लिए लिया जानेवाला कर
कौसुम वि० 1 कुसुम संबंधी, फूलों का 2 फूलों के रस से बननेवाला
कौस्तुभ पुं० 1 समुद्र मंथन से निकली हुई मणि 2 एक प्रकार की तांत्रिक मुद्रा
क्रंदन पुं० 1 रोना 2 गर्जना या ललकार
क्रंदित वि० ललकारा हुआ
क्रतु-द्रुह पुं० यज्ञ-द्रोही, राक्षस
क्रतुपति पुं० यज्ञ करनेवाला व्यक्ति
क्रतु-भुक्(ज्) पुं० देवताओं का भोग
क्रमजटा स्त्री० वेदपाठ की शैली
क्रमत: क्रि० वि० 1 धीरे-धीरे 2 क्रम से
क्रम-परिवर्तन पुं० क्रम में आगे-पीछे करना या होना
क्रम-भंग पुं० क्रम में उलटफेर होना
क्रमागत वि० 1 ठीक क्रम से आया हुआ 2 परंपरागत
क्रमिकतावाद पुं० यह मत कि भले ही ऊपर से दिखाई न दे फिर भी सब पदार्थों में क्रमिक विकास होता रहता है
क्रयण पुं० ख़रीदना
क्रय-पंजी स्त्री० ख़रीद बही
क्रयलेख्य पुं० ख़रीद का बंधपत्र
क्रयविक्रयानुशय पुं० ख़रीदने बेचने से संबंधित विवाद
क्रयिक वि० ख़रीदनेवाला
क्रय्य वि० ख़रीदा जाने योग्य
क्रव्य पुं० सड़ा हुआ मांस
क्रव्याद वि० सड़ा मांस खानेवाला
क्रांतिमंडल, क्रांति-वृत्त स्त्री० वह मार्ग जिसपर चलता हुआ सूर्य भ्रमण करता है
क्रियमाण वि० 1 जो किया जा रहा हो 2 सक्रिय
क्रियातिपत्ति पुं० वह काव्यालंकार जिसमें प्रकृति से भिन्न कल्पना करके विषय का वर्णन किया जाय
क्रियाद्वेषी(षिन्) पुं० धर्मशास्त्र के प्रमाण को बिल्कुल न माननेवाला
क्रिया-निष्ठ वि० 1 धर्मशास्त्र के नियमों को माननेवाला 2 अपने कर्तव्य को पूरा करनेवाला

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

क्रियार्थक संज्ञा स्त्री० संज्ञा जो किसी क्रिया का भी काम कर देती है
क्रियालोप पुं० नैमित्तिक कार्यों का अभाव
क्रियावसन्न पुं० प्रमाण के अभाव में हार जानेवाला वादी
क्रियावाचक त्रि० क्रिया का अर्थ देनेवाला (शब्द)
क्रियावादी (दिन्) पुं० अभियोग लेकर न्यायालय में आनेवाला
क्रियाविदग्धा स्त्री० वह नायिका जो नायक पर किसी क्रिया द्वारा अपना भाव प्रकट करे
क्रिस्तान पुं० ईसाई
क्रीड़क त्रि० खिलाड़ी
क्रीड़ा-कोप पुं० दिखावटी गुस्सा
क्रीड़ा-गृह पुं० खेलों के लिए स्थान
क्रीड़ित त्रि० खेला हुआ
क्रीत त्रि० ख़रीदा हुआ
क्रुष्ट त्रि० 1 बुलाया हुआ 2 जिसे झिड़का गया हो
क्रूर-कर्मा (मन्) पुं० क्रूरतापूर्ण बुरे काम करनेवाला
क्रूर-कोष्ठ त्रि० वह रोगी जिसका पेट दस्तावर चीज़ें खाने से भी साफ़ न होता हो
क्रूर-ग्रह पुं० राहु केतु शनि मंगल और रवि ये पाँचों ग्रह जिन्हें पाप ग्रह भी कहते हैं
चंद्रगोल पुं० 1 चंद्रमंडल 2 चंद्रलोक

चंद्रज पुं० बुध ग्रह जो चंद्रमा का पुत्र माना जाता है

चंद्र-द्युति स्त्री० चंद्रमा का प्रकाश

चंद्रधनु(स्) पुं० चंद्रमा के प्रकाश में दिखाई देनेवाला इंद्रधनुष

चंद्र-धर वि० चंद्रमा को धारण करनेवाला, शिव

चंद्र-पाषाण पुं० चंद्रकांत मणि

चंद्र-प्रासाद पुं० ऊपर का वह कमरा जिसमें बैठकर लोग चाँदनी का आनन्द लेते हैं

चंद्रबाला स्त्री० 1 चंद्रमा की पत्नी 2 चंद्रमा की किरण

चंद्रबिंदु पुं० अनुनासिक चिह्न ँ

चंद्रभवन पुं० संगीत में एक प्रकार का राग

चंद्र-भा स्त्री० चंद्रमा का प्रकाश

चंद्र-भाग पुं० चंद्रमा की कला

चंद्रभागा स्त्री० चनाव नदी

चंद्र-भाट पुं० शिव और काली के उपासकों का एक संप्रदाय

चंद्र-भास पुं० तलवार

चंद्र-भूति स्त्री० चाँदी

चंद्रमणि पुं० 1 चंद्रकांत मणि 2 उल्लाला छंद

चंद्रमात्रा स्त्री० तालों के चौदह भेदों में से एक

चंद्रमाला स्त्री० 128 मात्राओं का एक छंद 2 चंद्रहार, नौलखा हार

चंद्र-रत्न पुं० मोती

चंद्रबदन वि० चंद्रमा के समान सुन्दर मुखवाला

चंद्रमौलि पुं० मस्तक पर चंद्रमा को धारण करनेवाला, शिव

चंद्रव्रत पुं० चांद्रायण व्रत

चंद्रशालिका स्त्री० चंद्रशाला, ऊपर का कमरा

चंद्रशिला स्त्री० 1 सीढ़ियों के नीचे की ओर लगा चंद्राकार पत्थर 2 चंद्रकांत मणि

चंद्र-शृंग पुं० द्वितीया के चंद्रमा के दोनों नुकीले भाग

चंद्रशेखर पुं० सिर पर चंद्रमा धारण करनेवाला, शिव

चंद्रहास पुं० 1 तलवार 2 चंद्रमा का प्रकाश

चंद्रांकित पुं० महादेव

चंद्रांशु पुं० चंद्रमा की किरण

चंद्रा स्त्री० मरने के समय की टकटकी

चंद्रातप पुं० 1 चाँदनी 2 चँदोवा

चंद्रात्मज पुं० बुध ग्रह

चंद्रिका स्त्री० चाँदनी

चंद्रिका-द्राव पुं० चंद्रकांत मणि

चंद्रिकापायी(यिन्) पुं० चकोर

चंद्रिकाभिसारिका स्त्री० शुक्लाभिसारिका नायिका

चंद्रिकोत्सव पुं० शरत् पूर्णिमा के दिन होनेवाला एक प्राचीन उत्सव

चंद्रोपराग पुं० चंद्रमा में लगनेवाला ग्रहण

चंद्रोपल पुं० चंद्रकांतमणि

चंपू पुं० गद्यपद्यमय नाटक का प्रकार

चंवई वि० फ़ीरोज़ी (रंग)

चक पुं० 1 ज़मीन का लंबा टुकड़ा 2 खेड़ा

चकचून वि० 1 चूर किया हुआ 2 अच्छी तरह तोड़ा-फोड़ा हुआ

चकचूर वि० 1 = चकचून 2 मदमस्त

चकडोरी स्त्री० 1 चकई की डोरी 2 जुलाहे

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

के करघे की डोरी

चकती स्त्री० 1 धज्जी, पट्टी 2 थिगली

चकत्ता पुं० चमड़ी पर पड़ा दाग

चकपकाना अ० क्रि० भौचक्का होना

चकफेरी स्त्री० किसी वृत्त के चारों ओर घूमने की क्रिया या भाव

चकमा पुं० बुद्धू बनाने के लिए कोई झूठी बात फैलाना

चकरानी स्त्री० नौकरानी

चकल्लस स्त्री० 1 झगड़ा, बखेड़ा 2 मित्रों में होनेवाला हास परिहास

चकार पुं० 1 व्यंजन वर्ण च 2 मुँह से निकलनेवाला किसी प्रकार का शब्द

चकोट पुं० 1 चकोटी, चुटकी 2 गाड़ी के पहिये से जमीन पर पड़नेवाली लकीर

चकोतरा पुं० नीबू के प्रकार का एक बड़ा-सा फल

चक्क पुं० 1 पीड़ा, दर्द 2 चकमा

चक्कल वि० गोल, वर्तुल

चक्का पुं० 1 पहिया 2 थक्का 3 ईंटों का ढेर

चक्रक्रम पुं० घटनाओं का बार-बार होने का क्रम

चक्रगति स्त्री० किसी केंद्र के चारों ओर घूमना, गोल-गोल घूमना

चक्रगोप्ता (प्तृ) पुं० 1 सेनापति 2 राज्य का रक्षक अधिकारी

चक्रताल पुं० संगीत में एक प्रकार का चौदह ताला ताल

चक्र-धारा स्त्री० चक्र की परिधि

चक्र-नाभि स्त्री० पहिए का मध्य भाग

चक्र-नेमि स्त्री० पहिए का घेरा

चक्रपाल पुं० 1 किसी प्रदेश का शासक 2 गोल आकृति 3 संगीत में एक शुद्ध राग

चक्रबंध पुं० कविता-रचना का एक प्रकार जिसमें उसके शब्द चक्र के चित्र के भीतर भरे जाते हैं

चक्रवृद्धि स्त्री० ऋण जिसमें ब्याज पर भी ब्याज लगता चलता है

चक्र-भेदिनी स्त्री० (चकवे चकवी को अलग करनेवाली) रात्रि, रात

चक्रमंडल पुं० चक्र में घूमकर किया जाने वाला नाच

चक्र-मुख वि० गोल मुँहवाला

चक्रमुद्रा पुं० चक्र का चिह्न जो वैष्णव अपने अंगों पर छापते हैं

चक्र-यंत्र पुं० ज्योतिष संबंधी वेध करने का एक प्रकार का यंत्र

चक्रवर्तिनी स्त्री० किसी समूह की अधीश्वरी

चक्रवात पुं० वेग से चक्कर खाती हुई हवा, बवंडर

चक्रवाल पुं० घेरा

चक्रांग पुं० 1 चकवा 2 गाड़ी या रथ

चक्रांत पुं० गुप्त अभिसंधि

चक्रांश पुं० चक्र का 360वाँ अंश

चक्रावर्त पुं० गोल-गोल घूमना

चक्रिक वि० 1 चक्र से युक्त 2 चक्र धारण करनेवाला

चक्रिका स्त्री० 1 घुटने की गोल हड्डी 2 चपनी

चक्रीय वि० 1 चक्र संबंधी 2 चक्र क्रम के अनुसार होनेवाला (साइक्लिक)

चक्रेश्वर पुं० 1 चक्रवर्ती 2 तांत्रिकों में चक्र के अधिष्ठाता देवता

चक्षु-पथ पुं० 1 दृष्टिपथ 2 क्षितिज

चक्षुश्रवा (वस्) पुं० नेत्रों से सुननेवाला, साँप

चक्षुमंल पुं० आँख से निकलनेवाला कीचड़

चक्षुर्विषय पुं० आँख से दिखाई देनेवाली चीजें 2 क्षितिज

चक्षुष्मान (मत्) वि० 1 आँखोंवाला 2 सुंदर आँखोंवाला

चक्षुष्य वि० 1 नेत्र संबंधी 2 प्रियदर्शन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चक्षुष्या स्त्री० सुंदर नेत्रोंवाली स्त्री
चखाचखी स्त्री० 1 बकझक 2 वैर-विरोध
चघड़ त्रि० 1 चालाक 2 धूर्त, मक्कार
चटका पुं० 1 फूटन 2 मन उलटना 3 तमाचा
चटखारा पुं० 1 चाटने का शब्द 2 स्वाद लेने का शब्द
चटपटी स्त्री० 1 शीघ्रता 2 उतावली
चटशाला स्त्री० बच्चों का स्कूल, शिशु मंदिर
चटा पुं० 1 चटशाला में पढ़नेवाला विद्यार्थी 2 चेला
चटु पुं० 1 खुशामद 2 पेट 3 यतियों योगियों आदि का आसन
चटुक पुं० लकड़ी का बड़ा बरतन
चटुल त्रि० 1 चपल 2 सुन्दर 3 मृदुभाषी
चटुला स्त्री० बिजली
चटुलित त्रि० 1 हिलाया हुआ 2 सजाया हुआ
चटुलालस वि० खुशामदपसंद
चट्टा पुं० 1 चेला 2 ईंटों का ढेर 3 चटियल मैदान 4 चाटनेवाला
चड़ी स्त्री० उछलकर मारी जानेवाली लात
चड्डा I पुं० जाँघ की जड़ II त्रि० गावदी
चढ़त स्त्री० देवता की भेंट, चढ़ावा
चण पुं० चना
चतुःशाख वि० चार शाखाओंवाला
चतुःषष्ठ वि० चौंसठवाँ
चतुःषष्ठि वि० चौंसठ
चतुःसीमा(मन्) स्त्री० चारों ओर की सीमा
चतुःसप्तति वि० चौहत्तर
चतुरंगिनी स्त्री० सेना जिसके चार विभाग होते थे
चतुरक्रम पुं० संगीत में 32 मात्राओं का एक प्रकार का ताल
चतुरश्र वि० 1 चार कानोंवाला 2 ज्योतिष में चौथी या आठवीं राशि
चतुरस्र पुं० 1 संगीत में एक प्रकार का तिताला ताल 2 नृत्य में हाथ की एक प्रकार की मुद्रा
चतुरह पुं० चार दिनों में पूरा होनेवाले यज्ञ
चतुरिंद्रिय पुं० चार इंद्रियोंवाले प्राणी
चतुर्गुण त्रि० 1 चार गुणोंवाला 2 चौगुना
चतुर्थक पुं० चौथे दिन आनेवाला बुख़ार
चतुर्थकाल पुं० 1 दिन का चौथा पहर 2 संध्या का समय
चतुर्थ-भाज् त्रि० फ़सल में से चौथाई हिस्सा पानेवाला (शासक)
चतुर्थांशी वि० चौथा भाग पानेवाला
चतुर्थीक्रिया स्त्री० मृत्यु के चौथे दिन किया जानेवाला कार्य, चौथा
चतुर्दश वि० चौदह
चतुर्दशपदी स्त्री० सॉनेट (कविता)
चतुर्दिक(श्) क्रि०वि० चारों दिशाओं में
चतुर्धा क्रि०वि० चार प्रकार से
चतुर्धाम पुं० चार मुख्य तीर्थ
चतुर्भद्र पुं० अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष ये चार पदार्थ
चतुर्मुख I त्रि० चार मुखवाला II क्रि०वि० चारों ओर
चतुर्विध त्रि० 1 चार प्रकार का 2 चौतरफ़ा
चतुर्व्यूह पुं० चार मनुष्यों या पदार्थों का समूह
चतुश्चक्र पुं० शुभ या अशुभ विचार करने का एक तांत्रिक चक्र
चतुश्चरण वि० 1 चार पैरोंवाला 2 चौपाया 3 चार वर्गोंवाला
चतुष्क वि० चार अंग या पहलूवाला
चतुष्कल वि० चार मात्राओं या कलाओं-वाला
चतुष्कोण पुं० क्षेत्र या आकृति जिसके चार कोने हों
चतुष्टय पुं० 1 चार की संख्या 2 चार

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चीज़ों का समूह

चतुष्टोम पुं० 1 चार स्तोमवाला एक प्रकार का यज्ञ 2 हवा

चतुष्पंक्तिक वि०जिसमें चार पंक्तियाँ हों

चतुष्पथ पुं० चौराहा

चतुष्पद स्त्री० चौपाया

चतुष्पदी स्त्री० चौपाई (छंद)

चतुष्पाठी वि०चारों वेदों का ज्ञान करानेवाला

चतुष्पाणि वि० चार हाथोंवाला

चतुष्पार्श्व वि० चौपहला

चतुष्फलक पुं० ऐसा ठोस पदार्थ जिसमें किसी तल के ऊपर चार त्रिकोणिक तल हों

चतुष्ताल पुं० चौताला (ताल)

चतुस्सूत्री वि०चार मुद्दोंवाला (कार्यक्रम)

चत्वर पुं० 1 कोई चौकोर टुकड़ा या स्थान 2 चौमुहानी 3 चौंतरा

चत्वारिंशत् वि० चालीस

चपकन स्त्री० बंद गले का लंबा-सा कोट

चपकुलिश स्त्री० 1 तलवारों से होनेवाली लड़ाई 2 अड़चन 3 कठिन स्थिति 4 भीड़भाड़

चपड़ा पुं० लाख, लाक्षा

चपटी स्त्री० लकड़ी की पतली फाँटी

चपना अ०क्रि० 1 नीचे की ओर धँसना 2 दबाना

चपनी स्त्री० घुटने की हड्डी

चपरकनातिया पुं० खुशामद करनेवाला

चपरगट्टू वि०1 बुद्धू 2 विपत्ति का मारा

चपल वि० 1 हिलता हुआ 2 अस्थिर 3 उतावली करनेवाला

चपला स्त्री० 1 लक्ष्मी 2 बिजली 3 दुष्चरित्रा स्त्री 4 जीभ

चपेट स्त्री०1 धक्का 2 आघात 3 तमाचा 4 संकट की स्थिति

चपेटना स०क्रि० 1 अचानक आक्रमण करके संकट में डालना 2 किसी पर बिगड़ना

चबकी स्त्री०सूत या ऊन की वह गुथी हुई रस्सी जिससे स्त्रियाँ केश बाँधती हैं

चबाई पुं० चुगलखोर

चब्बू वि० 1 बहुत खानेवाला 2 खा-खर्चकर धन नष्ट करनेवाला

चब्भी स्त्री० किसी की गर्दन पकड़कर दी जानेवाली डुबकी

चभोक वि० बेवकूफ़

चमक्को स्त्री० 1 बहुत अधिक चमकने-मटकनेवाली स्त्री 2 झगड़ालू स्त्री

चमत्करण पुं० चमत्कार

चमत्कारिक वि० 1 चमत्कार संबंधी 2 चौंका देनेवाला 3 असंभव सा जान पड़नेवाला

चमत्कारित वि० चमत्कृत, विस्मित

चमत्कृत वि० चकित

चमन पुं० बाग़, फुलवारी

चमर पुं० चँवरी

चमरौंधा पुं० कड़ा देशी जूता

चमू स्त्री० सेना, फ़ौज

चमूचर पुं० सैनिक 2 सेनापति

चमूपति पुं० सेनानायक

चय पुं० 1 समूह 2 टीला

चयक वि० चयन करनेवाला

चयन-शील वि० जो संग्रह करने के काम में लगा रहता हो

चयनिका स्त्री० चुनी हुई कविताओं, कहानियों, लेखों आदि का संग्रह

चयनीय वि० जो चुने जाने के योग्य हो

चयापचय पुं० चुन लेना और छोड़ देना

चयित वि०1 चयन किया हुआ 2 चुनकर इकट्ठा किया हुआ

चरका पुं० धोखा

चर-काल पुं० 1 ज्योतिष के अनुसार समय का कुछ विशेष अंश जिससे दिन-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मान स्थिर किया जाता है 2 किसी ग्रह का पहुँचने तक का समय

चरख़ पुं० पहिया

चरख़-कश पुं० ख़राद की डोरी खींचनेवाला व्यक्ति

चरचना स०क्रि० 1 चंदन आदि लगाना 2 पोतना 3 सोचना 4 ज़िक्र करना

चरण-पर्व(न्) पुं० टखना

चरणपादुका स्त्री० खड़ाऊँ, चट्टी

चरण-शुश्रूषा स्त्री० चरणसेवा

चरणानति स्त्री० किसी बड़े के चरणों पर गिरना

चरणानुग वि० 1 किसी के पदचिह्नों का अनुगमन करनेवाला 2 अनुयायी

चरणोदक पुं० चरणामृत

चरणोपधान पुं० वह चीज़ जिस पर पैर रखे जायँ, पावदान

चरत्व पुं० चर होने की अवस्था

चरद्रव्य पुं० चल सम्पत्ति

चरपट पुं० 1 तमाचा 2 उचक्का

चरपरा वि० तीखा

चरब-ज़बान वि० 1 कठोर और तीखी बातें कहनेवाला 2 बहुत बढ़-चढ़कर बातें करनेवाला

चरबाँक वि० 1 चालाक 2 निडर

चरबा पुं० 1 नकल 2 कागज़ जिस पर से चित्रों की छाप ली जाती है

चरम वि० 1 हद दर्जे का 2 सबसे आगे बढ़ा हुआ 3 आख़िरी

चरमकाल पुं० मृत्यु का समय

चरमपथ पुं० वह विचारधारा जो यह प्रतिपादित करती है कि समाज को निर्बल बनानेवाले तत्त्वों को सारी शक्ति से और शीघ्रतापूर्वक नष्ट कर देना चाहिए

चरम-पत्र पुं० आख़िरी वसीयतनामा

चरमवय(स्) वि० 1 अधिक अवस्थावाला 2 पुराना

चर-मूर्ति स्त्री० वह मूर्ति जो एक ही जगह स्थापित न रहे

चर-राशि स्त्री० मेष, कर्क, तुला और मकर—ये चार राशियाँ

चरसा पुं० चमड़े का मोट

चरितव्य वि० जिस पर आचरण किया जा सके

चरितार्थ वि० 1 जिसका उद्देश्य पूरा हो गया हो, कृतार्थ 2 जो किसी पर पूरा उतरता हो

चरित्रांकन पुं० चरित्र-चित्रण

चरिष्णु वि० चलनेवाला, जंगम

चरु पुं० 1 यज्ञ की आहुति के लिए पकाया हुआ अन्न 2 यज्ञान्न का पात्र

चरुपात्र पुं० वह पात्र जिसमें यज्ञान्न रखा या पकाया जाय

चरु-स्थाली स्त्री० चरुपात्र

चरोतर पुं० वह भूमि जो किसी मनुष्य को जीवनभर भोगने के लिए दी गई हो

चर्ख़ पुं० = चरख़

चर्चक पुं० चर्चा करनेवाला

चर्चन पुं० 1 चर्चा करना 2 चर्चा

चर्चरी स्त्री० 1 फाग 2 होली का हुल्लड़ 3 ताली

चर्चित वि० 1 चर्चा किया हुआ 2 पोता हुआ

चर्पट I पुं० 1 हाथ की खुली हुई हथेली 2 चपत II वि० अधिक

चर्भटी स्त्री० 1 चर्चरी गीत 2 चर्चा 3 आनन्द क्रीड़ा 4 आनन्द ध्वनि

चर्मकरण पुं० चमड़े की चीज़ें बनाना

चर्मकार पुं० चमार

चर्म-कील पुं० 1 बवासीर 2 शरीर पर मांस की कीलें निकल आने का रोग

चर्मकूप पुं० रोमछिद्र

चर्म-चित्रक पुं० श्वेत कुष्ठ

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चर्म-दंड पुं० चमड़े का बना हुआ चाबुक

चर्म-दूषिका स्त्री० दाद नामक रोग

चर्म-प्रसाधन पुं० चमड़ा कमाना

चर्म-बंध पुं० 1 चमड़े की पट्टी 2 चमड़े का चाबुक

चर्मिक पुं० हाथ में ढाल लेकर लड़नेवाला योद्धा

चर्य वि० 1 जो आचरण करने योग्य हो 2 कर्त्तव्य

चर्य्या स्त्री० 1 आचरण 2 चाल-चलन 3 काम-धंधा 4 जीविका 5 सेवा 6 विहित कार्य

चर्वण पुं० 1 चबाना 2 चबाने की चीज़, चबेना

चर्वित वि० चबाया हुआ

चर्वित-चर्वण पुं० 1 किए हुए को फिर से करना 2 पिष्टपेषण

चर्व्य वि० चबाये जाने के योग्य

चलचित्र I वि० चंचल II पुं० चलती-फिरती तस्वीरें, सिनेमा

चल-चूक स्त्री० धोखा, छल

चलत समाँ पुं० जीवन का अंतिम भाग

चलतू वि० 1 चलता 2 जोती बोई जाने-वाली भूमि

चलन-कलन पुं० ज्योतिष में दिन-रात के घटने-बढ़ने का गणित

चलनौस पुं० चोकर, चालन

चलबाँक वि० तेज़ चलनेवाला

चलमित्र पुं० सदा साथ न देनेवाला मित्र

चलमुद्रा स्त्री० समान रूप से चलनेवाली मुद्रा

चलवंत पुं० पैदल सिपाही

चल-विचल वि० 1 अपने स्थान से हटा हुआ 2 चंचल, अस्थिर

चलांतक पुं० वातरोग जिसके कुप्रभाव से हाथ-पाँव आदि काँपने लगते हैं, कँपवाई

चलानी वि० 1 एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजने का माल 2 चालान संबंधी

चलायमान वि० 1 चलनेवाला 2 चंचल 3 विचलित

चलार्थ पुं० चालू मुद्रा

चलासन पुं० सामयिक व्रत में आसन बदलना

चलितग्रह पुं० ज्योतिष में वह ग्रह जिसमें फलभोग का आरंभ हो चुका हो

चलिष्णु वि० इधर-उधर हटने, बढ़नेवाला

चलोर्मि स्त्री० आगे बढ़ती हुई लहर

चवाई वि० 1 निंदक 2 दूसरों की बुराई करनेवाला

चश्मक स्त्री० 1 नेत्रों से किया या जाने वाला संकेत 2 चश्मा

चश्मदीद वि० 1 आँखों से देखा हुआ 2 प्रत्यक्षदर्शी

चश्मनुमाई स्त्री० आँखें दिखाकर किसी को भयभीत करना

चश्मपोशी स्त्री० आँख चुराना

चषक पुं० शराब पीने का पात्र

चषण पुं० 1 भोजन करना 2 वध करना 3 नाश करना

चसकना अ० हल्की-हल्की पीड़ा होना

चस्पां वि० चिपकाया हुआ

चहबच्चा पुं० पानी का हौज

चहल-कदमी स्त्री० टहलना, धीरे-धीरे चलना

चहारशंबा पुं० बुधवार

चहारुम वि० चौथा

चहेटना स०क्रि० किसी चीज को दबाकर उसका रस निकालना

चांचल्य पुं० चंचलता

चाँदा पुं० आधार

चांद्र वि० चंद्रमा संबंधी

चांद्रमसायन पुं० बुधग्रह

चांद्रव्रतिक वि० चांद्रायण व्रत करनेवाला

चांद्रायणिक वि० चांद्रायण व्रत करनेवाला

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चांद्रिकी स्त्री० चंद्रविज्ञान

चांद्री स्त्री० चाँदनी

चांपना स०क्रि० दबाना

चाकचक वि० 1 चारों ओर से सुरक्षित 2 मज़बूत

चाकचक्य स्त्री० 1 चमक दमक 2 सुंदरता 3 शोभा

चाकचिक्य पुं० 1 चमक 2 चकाचौंध

चाक-चौबंद वि० 1 हर तरह से ठीक और दुरुस्त 2 फुरतीला

चाक्रिक I पुं० 1 दूसरों की स्तुति गानेवाला, चारण 2 चक्र चलाकर जीविका चलानेवाला II वि० 1 चक्र का 2 चक्राकार

चाक्षुष वि० 1 नेत्र संबंधी 2 जो देखा जा सके 3 प्रत्यक्ष

चाक्षुष-यज्ञ पुं० सुंदर दृश्यों आदि को देखकर आँखें तृप्त करना

चाचपुट पुं० संगीत में ताल का एक भेद

चाचर स्त्री० होली का खेल-तमाशा

चाटु पुं० 1 बहुत ही प्रिय और मीठी बात 2 खुशामद

चाटुकार पुं० खुशामद करनेवाला, खुशामदी

चाटु-पटु वि० खुशामद में निपुण 2 भाँड़

चाटूक्ति स्त्री० चापलूसी की बात

चाणक पुं० 1 होशियारी 2 चालबाज़ी, धूर्तता

चातकानन्दन पुं० 1 वर्षाकाल 2 बादल

चातुर वि० 1 जो आँखों से दिखाई दे 2 चापलूस

चातुरक वि० =चातुर

चातुरक्ष पुं० 1 चार पाँसों का खेल 2 छोटा गोल तकिया

चातुराश्रमिक वि० चारों आश्रम पूरा करनेवाला

चातुर्थक,-थिक वि० चौथे दिन होनेवाला (ज्वर)

चातुर्मासिक वि० चार महीने का

चातुर्य पुं० चतुराई

चातुर्यपूर्ण वि० चालाकी भरा

चातुर्वर्ण्य पुं० 1 चारों वर्ण 2 चारों वर्णों के धर्म

चातुर्विद्य वि० चारों (वेदों) का ज्ञाता

चातुर्होत्र पुं० चार होताओं द्वारा

चात्वाल पुं० 1 हवन कुंड 2 वेदी

चाप पुं० 1 धनुष 2 वृत्त की परिधि का कोई भाग (आर्क) 3 मेहराब

चापकर्ण पुं० परिधि को समकोण बनाती भुजा

चाप-जरीब पुं० ज़मीन की लंबाई की एक नाप

चापना स०क्रि० दबाना (जैसे पैर आदि)

चापरूप वि० धनुषाकार

चापल्य पुं० चपलता, अस्थिरता

चापाधार पुं० मेहराब या डाट का आधार स्तंभ

चाबुकदस्त वि० कुशल

चामर पुं० 1 चँवर 2 एक वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण में रगण (SIS) जगण (ISI) रगण (SIS) जगण (ISI) और रगण (SIS) होते हैं

चामर-ग्राह पुं० चँवर डुलानेवाला सेवक

चामरी स्त्री० सुरा गाय, याक

चामीकार I पुं० सोना II वि० सुनहरा

चायक पुं० चुननेवाला

चारक पुं० 1 चलानेवाला 2 गुप्तचर 3 चरवाहा

चार-कर्म(न्) पुं० जासूस का काम, जासूसी

चार-चश्म वि० 1 निर्लज्ज 2 जिसमें शील सौजन्य आदि का अभाव हो 3 कृतघ्न

चारण पुं० भाट

चारपुरुष पुं० गुप्तचर

चारप्रचार पुं० किसी काम के लिए जासूस नियुक्त करना

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चार-भट पुं० वीर सैनिक
चाराजोई स्त्री० 1 अपील 2 न्याय की माँग
चारासाज वि० विपत्ति के समय सहायता देनेवाला
चारिका स्त्री० सेविका
चारित वि० 1 जो चलाया गया 2 जो चराया गया
चारितार्थ्य पुं० चरितार्थ होना
चारित्रिक वि० चरित्र संबंधी
चारित्र्य पुं० आचार-व्यवहार
चारित्र-विनय पुं० चरित्र द्वारा नम्र और विनीत भाव-प्रदर्शन
चारित्रिकता स्त्री० 1 अच्छा चरित्र 2 चरित्र चित्रण की कला
चारित्र्य पुं० आचरण, चरित्र
चारु वि० आकर्षक, मनोहर
चारुता स्त्री० सुंदरता, सुहावनापन
चारुदर्शन वि० देखने में बहुत सुंदर
चारुलोचन I वि० सुंदर नेत्रोंवाला
II पुं० हिरन
चारु-वर्धना स्त्री० सुन्दर स्त्री
चारु-शिला स्त्री० एक प्रकार का रत्न
चारुशील वि० उत्तम स्वभाववाला
चारुहासिनी स्त्री० 1 मनोहर मुस्कानवाली स्त्री 2 वैताली नामक छंद का एक भेद
चारुहासी वि० मनोहर मुस्कानवाला
चार्चिक वि० चर्चा करने में कुशल
चार्चिक्य पुं० अंगराग
चार्य पुं० 1 दूतकर्म 2 जासूसी
चार्वाक पुं० नास्तिक, तांत्रिक
चार्वी स्त्री० 1 चमक 2 सुन्दर स्त्री
चालकता स्त्री० बिजली की धारा को आगे बढ़ाने की सामर्थ्य
चालनी स्त्री० छलनी
चालिया पुं० चालबाज, धूर्त
चालू वि० 1 चालबाज 2 तेज़ 3 जो इस समय चल रहा हो
चाल्य वि० जो चलाया जा सके, चालनीय
चास स्त्री० 1 खेत जोतने की क्रिया या भाव 2 जोता हुआ खेत 3 चाशनी
चासना अ० क्रि० जोतना
चिंगट; गड़ पुं० झींगा मछली
चिंचा स्त्री० इमली का फल
चिंतनधारा स्त्री० 1 विचारक्रम 2 विचार-क्रिया
चिंताकुल वि० चिंता से व्याकुल
चिंतापर वि० चिंता में लगा हुआ, चिंता-मग्न
चिंतामणि पुं० एक रत्न जिसके बारे में कहते हैं कि उससे सब इच्छा पूरी हो जाती है
चिंत्य वि० विचारणीय, चिंतनीय
चिंदी स्त्री० 1 टुकड़ा 2 चिथड़ा
चिंपांज़ी पुं० अफ्रीकन वनमानुष
चिकट I वि० चिकना और गंदा
II पुं० टसरी कपड़ा
चिकनकारी स्त्री० चिकन का काम
चिकनगर पुं० चिकन का काम करनेवाला कारीगर
चिकवा पुं० बकर क़साई
चिकार पुं० चिल्लाहट
चिकारा पुं० 1 एक वाद्य 2 हिरन का एक प्रकार
चिकित्सन पुं० चिकित्सा करना
चिकित्सन-प्रमाणक पुं० चिकित्सक का प्रमाण-पत्र
चिकित्सावकाश पुं० बीमारी की छुट्टी
चिकित्सित वि० जिसका इलाज किया गया हो
चिकित्स्य वि० इलाज के लायक
चिकिन वि० चिपटी नाकवाला
चिकीर्षक वि० कार्य करने की इच्छा करनेवाला

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चिकीर्षा स्त्री० काम करने की इच्छा
चिकुर पुं० सिर के बाल
चिकोटी स्त्री० चुटकी
चिक्क वि० चिपटी नाकवाला
चिक्कट वि० 1 चिकना और मैला 2 चिपचिपा
चिक्कण वि० चिकना
चिक्करना अ०क्रि०ज़ोर से चिल्लाना
चिक्कणन पुं० चिकना करना
चिक्लिद पुं० 1 आर्द्रता 2 चंद्रमा
चिचोरना स०क्रि०दाँतों से दबाकर चूसना
चिच्छक्ति स्त्री० चेतनाशक्ति
चिज्जड़ वि० (चित् + जड़) कुछ चेतन और कुछ जड़
चिटकना अ०क्रि० सूखकर टूटना
चित् स्त्री० 1 चेतना 2 चित्त की वृत्ति 3 हृदय 4 आत्मा
चित वि० 1 चुनकर इकट्ठा किया हुआ
चितकबरा वि० सफ़ेद काले रंग का
चितला वि० =चितकबरा
चितवन स्त्री० 1 कटाक्ष 2 निगाह
चिताना स०क्रि० 1 मन में लाना 2 ध्यान दिलाना 3 सचेत करना
चितारोहण पुं०चिता पर सती होने जाना
चिता-साधन पुं० चिता के पास तंत्र-मंत्र करना
चिति स्त्री० 1 चुनकर सजाना 2 चिता 3 ढेर
चितिका स्त्री० करधनी
चिति-व्यवहार पुं० दीवार या मकान में लगनेवाली ईटों आदि का हिसाब निकालना
चित्तकलित वि० 1 मन में लाया हुआ 2 प्रत्याशित
चित्तज I वि० मन में उत्पन्न **II** पुं० कामदेव
चित्तजन्मा (न्मन्) पुं० कामदेव
चित्तज्ञ वि० मन की बातें जाननेवाला
चित्तनिवृत्ति स्त्री० इच्छाओं से चित्त का छुटकारा
चित्त-भू पुं० 1 प्रेम 2 कामदेव
चित्त-भेद पुं० मन की अस्थिरता और चंचलता
चित्तभ्रंश पुं० पागलपन
चित्तयोनि पुं० कामदेव
चित्तविक्षेप पुं० चित्त की चंचलता
चित्तविद् पुं० दूसरों के मन की बातें जाननेवाला
चित्तविपर्यस्त वि० उन्मत्त
चित्तविपर्यस्तता स्त्री० उन्माद
चित्तविप्लव पुं० पागलपन
चित्तवृत्ति स्त्री० 1 चित्त की गति 2 झुकाव
चित्ताभोग पुं०1 पूर्ण चेतनता 2 आसक्ति
चित्तासंग पुं० अनुराग
चित्ति स्त्री० 1 बुद्धि 2 कर्म 3 लक्ष्य
चित्ती स्त्री० छोटा दाग़
चित्तोद्रेक पुं० अभिमान
चित्य वि० इकट्ठा किए जाने योग्य
चित्रक पुं० चीता
चित्रताल पुं० संगीत में एक प्रकार का चौताला ताल
चित्रदीर्घा स्त्री० चित्रों की गैलरी
चित्रपट पुं० सिनेमा दिखाने का परदा
चित्रफलक पुं० ?
चित्रमद पुं० नाटक में किसी स्त्री का अपने पति का चित्र देखकर मस्त होना और उसके प्रति अपना भाव दिखलाना
चित्ररथ पुं० सूर्य
चित्रल वि० चितकबरा
चित्रलिपि स्त्री० ऐसी लिपि जिसमें अक्षर नहीं, चित्र बनाए जाते हैं
चित्रविचित्र वि० 1 कई प्रकार का 2 नक्काशीदार

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चित्र-विन्यास पुं० चित्रकारी
चित्रसंग पुं० 16 अक्षरों का एक वर्णवृत्त
चित्रस्थ वि० चित्र में अंकित
चित्रांकित वि० चित्र में अंकित
चित्रा स्त्री० सूर्य से 13वें अंश का नक्षत्र
चित्राक्ष वि० सुन्दर नेत्रवाला
चित्राक्षर पुं० शब्द को वर्णों में न लिखकर उसका चित्र बनाने की पद्धति
चित्राधार पुं० चित्र टिकाने का ढाँचा
चित्रायस पुं० इस्पात
चित्रावसु स्त्री० तारों से शोभित रात
चित्रीकरण पुं० विभिन्न वर्णों से रंग भरकर चित्रित करना
चित्रोक्ति स्त्री० अलंकृत भाषा में कही हुई बात
चित्र्य वि० चित्र के रूप में अंकनीय
चिदाकाश पुं० आकाश के समान आधारभूत, ब्रह्म
चिदणु पुं० अन्तःकरण, चेतना का अंग
चिदर्थवाद पुं० 1 चेतनावाद 2 चेतनता
चिदात्मक पुं० चेतना से युक्त
चिदात्मा(त्मन्) पुं० 1 चैतन्य स्वरूप ब्रह्म 2 चेतनाशक्ति
चिदानंद पुं० चैतन्य और आनंदमय, परमब्रह्म
चिदाभास पुं० 1 अन्तःकरण पर ब्रह्म का आभास 2 जीवात्मा
चिदालोक पुं० आत्मा का परम प्रकाश
चिद्‌धन I वि० चेतनायुक्त II पुं० ब्रह्म
चिद्रूप वि० 1 चैतन्य स्वरूप 2 ज्ञानमय
चिद्विलास पुं० चैतन्य स्वरूप, परमात्मा की माया
चिनक स्त्री० जलन के साथ पीड़ा
चिन्मय वि० 1 चैतन्य स्वरूप 2 ज्ञानमय
चिनिया बादाम पुं० मूँगफली
चिप्प पुं० नाखूनों के साथ के मांस का गल जाना (रोग)
चिबुक स्त्री० ठोड़ी
चिरंजीव I वि० 1 चिरकाल तक जीनेवाला 2 अमर II पुं० बेटा, (आशीर्वाद) दीर्घायु होवो
चिरंतन वि० बहुत दिनों का, पुराना
चिरकना वि० रह-रहकर पाख़ाना करना
चिरकारी वि० काम में देर लगानेवाला
चिरकालिक वि० 1 बहुत दिनों से चला आता हुआ 2 बहुत दिनों तक बना रहनेवाला
चिरकीन वि० बहुत गंदा
चिरकुट पुं० फटा-पुराना कपड़ा
चिर-कुमार वि० सदा-कुँवारा
चिरक्रिय वि० काम में देर लगानेवाला
चिरजीवी वि० बहुत दिनों तक जीवित रहनेवाला, दीर्घायु
चिरतिक्त पुं० चिरायता
चिर-तुषार रेखा स्त्री० पहाड़ों की ऊँचाई का वह स्तर जिसके ऊपर सदा बर्फ़ जमी रहती है
चिरत्न वि० पुराना
चिर-निद्रा स्त्री० मृत्यु
चिर-नूतन वि० बहुत दिनों तक सदा नया बना रहनेवाला
चिरपाकी(किन्) वि० 1 बहुत देर में पकनेवाला 2 अधिक समय में पचनेवाला
चिरभोग पुं० चिरकाल तक संपत्ति का भोग
चिर-विस्मृत वि० बहुत दिनों से भूला हुआ
चिर-शांति स्त्री० 1 मृत्यु 2 मुक्ति
चिर-समाधि स्त्री० ऐसी समाधि जिसका कभी अन्त न हो
चिरस्थायी वि० बहुत दिनों तक रहनेवाला
चिराटिका स्त्री० चिरायता
चिरातन वि० 1 पुरातन 2 फटा हुआ
चिरायंध स्त्री० चर्बी चमड़े आदि के जलने की दुर्गन्ध

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चिरायु (स्) वि० लम्बी उम्रवाला
चिरु पुं० कंधे और बाँह का जोड़
चिरौंटा पुं० चिड़िया का बच्चा
चिरौड़ी स्त्री० खड़िया की तरह का एक खनिज पदार्थ, जिप्सम
चिरौरी स्त्री० मिन्नत-समाजत, प्रार्थना
चिलक स्त्री० 1 सहसा दिखाई देनेवाली चमक 2 उठनेवाली क्षणिक पीड़ा
चिलकना अ०क्रि० रह-रहकर चमकना
चिलकाना स०क्रि० चमकाना
चिलचिलाना अ०क्रि० धूप का तेज़ होना
चिलबिला वि० नटखट, चपल
चिलम स्त्री० हुक्के के ऊपर तंबाकूवाली कटोरी
चिल्लपों स्त्री० शोरगुल
चिल्लड़ पुं० जूँ की तरह का एक कीड़ा
चिल्ला पुं० 1 चालीस दिन का समय 2 ज़च्चा का चालीस दिन सौरी में रहना 3 धनुष की डोरी
चिल्लिका स्त्री० दोनों भौहों के बीच का स्थान
चींकट पुं० तेल का मैल
चीं-चख स्त्री० चिल्लाहट
चीं-चपड़ स्त्री० चूं चिरां, ननुनच
चीतल पुं० एक हिरन
चीमड़ वि० 1 (मनुष्य) न झुकने-हारनेवाला 2 (पदार्थ) न टूटने-फटनेवाला
चीरि स्त्री० 1 आँख पर बाँधी जानेवाली पट्टी 2 धोती आदि की लाँग
चीरी (रिन्) वि० 1 चिथड़े लपेटनेवाला 2 चिड़िया 3 झींगा मछली
चीलड़, चीलर पुं० चिल्लड़
चीवर पुं० संन्यासियों आदि के पहनने का फटा-पुराना कपड़ा
चीवरी (रिन्) पुं० 1 चीवर पहननेवाला 2 साधु संन्यासी
चीस स्त्री० 1 टीस 2 कूक

चुंदी स्त्री० कुटनी
चुंबक वि० 1 चुंबन करनेवाला 2 पुस्तकों को केवल उलट-पलटकर देखनेवाला 3 धातु को खींचनेवाला एक पत्थर
चुंबकन पुं० चुंबक बनाना
चुंबित वि० 1 चुंबन लिया गया 2 स्पर्श करता हुआ
चुआन स्त्री० 1 सोता 2 पानी चूने का स्थान
चुग्घी स्त्री० 1 चखने की थोड़ी-सी वस्तु 2 चसका
चुचकना अ०क्रि० 1 सूखकर झुर्रियाँ पड़ना 2 मुरझा जाना
चुटियाना अ०क्रि० 1 ज़ख्मी करना 2 चोट लगाना
चुटीला वि० 1 चोट खाया हुआ 2 चुभनेवाला
चुनचुनाना अ०क्रि० जलन और चुभन के साथ पीड़ा होना
चुनांचे अव्य० इसलिए
चुनिंदा वि० चुना हुआ
चुपकाना स०क्रि० चुप कराना
चुमकार स्त्री० चुमकारना
चुर पुं० बाघ आदि की माँद
चुरकुट वि० 1 चकनाचूर 2 घबराया हुआ
चुरगना अ०क्रि० प्रसन्न होकर बढ़-चढ़कर बातें करना
चुरचुरा वि० जल्दी टूट जानेवाला, कुरकुरा
चुरमुरा वि० जल्दी चूर-चूर हो जानेवाला
चुल स्त्री० 1 खुजलाहट 2 प्रबल इच्छा 3 संभोग की प्रबल कामना
चुलहाई वि० कामोदीप्त पुरुष
चुलहाया वि० कामवासना से पीड़ित
चुल्ल वि० 1 जिसकी आँखों में कीचड़ भरा हो, 2 कीचड़ भरी आँख
चुल्लि स्त्री० चूल्हा
चुहचुहाना अ०क्रि० रस टपकना

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चुहट स्त्री० 1 चुहटने की क्रिया 2 कसक
चुहटना स०क्रि० 1 चिकोटी काटना 2 पैरों से रौंदना, मसलना
चुहल, चुहलबाजी स्त्री० ठिठोली
चूका पुं० एक प्रकार का खट्टा साग
चूची स्त्री० स्तन का अग्रभाग
चूचुक पुं० चूची
चूड़ान्त वि० अत्यंत, हद दर्जे का
चूड़ा स्त्री० 1 सिर की चोटी 2 कंगना
चूड़ाकरण पुं० मुंडन संस्कार
चून पुं० आटा
चूर्णकुंतल पुं० गुथे हुए बाल
चूर्णशील वि० जल्दी, चूर-चूर होनेवाला, भंगुर
चूर्णा स्त्री० आर्या छंद का एक भेद जिसके प्रत्येक चरण में 18 गुरु और 21 लघु होते हैं
चूल पुं० 1 शिखा 2 सिर के बाल 3 पशुओं आदि के शरीर पर के बाल
चूलक पुं० 1 हाथी की कनपटी 2 हाथी के कान की मैल
चूलिका स्त्री० 1 चूलक 2 नाटक में किसी घटना की नेपथ्य से सूचना
चूषण पुं० चूसना
चूषा स्त्री० हाथी की कमर में बाँधा जानेवाला चमड़े का पट्टा
चूष्य वि० चूसा जाने योग्य
चेट पुं० 1 दास 2 भाँड़, भड़ुवा
चेटक पुं० 1 सेवक 2 दूत 3 इंद्रजाल
चेटकनी स्त्री० दासी
चेटका स्त्री० 1 शव जलाने की चिता 2 मरघट
चेटकी पुं० जादूगर
चेटिका स्त्री० सेविका
चेतक वि० 1 सचेत करनेवाला 2 जादू भरा 3 स्मृति
चेतव्य वि० संग्रह किए जाने योग्य
चेता वि० चेतनावाला
चेतिका स्त्री० चिता
चेतोजन्मा(न्मन्) पुं० कामदेव
चेतोविकार पुं० चित्त विकार
चेतोहर वि० चेतना नष्ट करनेवाला
चेत्य वि० जो चेतना का विषय हो 2 जो जाना जा सके
चेय वि० चयन किए जाने योग्य
चेरा पुं० नौकर
चेल पुं० कपड़ा
चेल-प्रक्षालक वि० कपड़े धोनेवाला
चेलिका स्त्री० 1 एक प्रकार का रेशमी कपड़ा 2 चोली
चेलुक पुं० बौद्ध भिक्षुओं का एक वर्ग
चेष्टक वि० चेष्टा करनेवाला
चेष्टन पुं० चेष्टा करना
चेष्टा-नाश पुं० स्मृति का अंत, प्रलय
चेहलुम पुं० मृत्यु का चालीसवाँ दिन
चैकित्सिक वि० चिकित्सा संबंधी
चैतन्य पुं० 1 चेतन आत्मा 2 न्याय दर्शन के अनुसार प्राणियों में होनेवाला ज्ञान 3 चेतन होने का भाव 4 परमात्मा 5 निसर्ग
चैतन्य-भैरवी स्त्री० 1 तांत्रिकों की एक देवी 2 संगीत में एक प्रकार की रागिनी
चैती स्त्री० चैत में काटी जानेवाली फ़सल
चैत्त वि० चित्त संबंधी
चैत्य I वि० चिता संबंधी II पुं० 1 देवालय 2 समाधि-मंदिर
चैत्यक पुं० पीपल
चैत्यपाल पुं० घर मंदिर आदि का प्रबन्धक
चैत्य-स्थान पुं० 1 वह स्थान जहाँ बुद्धदेव की प्रतिमा स्थापित है 2 कोई पवित्र स्थान
चैत्र पुं० चैत का महीना
चैत्रसखा पुं० कामदेव

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चैत्रावली स्त्री० 1 चैत्र शुक्ला त्रयोदशी 2 चैत्र की पूर्णिमा
चैल पुं० कपड़ा, पोशाक
चैलक पुं० शूद्र पिता और क्षत्रिया माता से उत्पन्न संतान
चैलिक पुं० कपड़े का टुकड़ा
चोआ पुं० एक प्रकार का सुगन्धित लेप
चोक्ष वि० 1 चतुर 2 तेज
चोट्टा पुं० चोर
चोप पुं० उत्साहयुक्त, अभिलाषा, चाव
चोब स्त्री० डंडा
चोबकारी स्त्री० ज़रदोज़ी का काम
चोरबाज़ारी स्त्री० चोरी से या कर बचाते हुए माल खरीदना बेचना
चोष पुं० बगल में जलन होने का एक रोग
चोषक वि० चूसनेवाला
चोष्य वि० चूसने योग्य
चौंबक वि० 1 चुंबक सम्बन्धी 2 जिसमें चुंवक लगा हो
चौंरी स्त्री० 1 छोटा चँवर 2 सूत का वह लच्छा जिससे स्त्रियाँ सिर के बाल बाँधती हैं 3 किसी चीज के आगे लटकनेवाला फुँदका
चौंह पुं० गलफड़ा
चौकड़ वि० अच्छा, दुरुस्त
चौकड़ा पुं० कान में पहननेवाली दो मोतियों की बाली
चौकीमार पुं० चौकी चुंगी आदि न देकर माल लानेवाला, तस्कर
चौक्ष वि० 1 निर्मल 2 लुभावना 3 चोखा
चौक्षोपचार पुं० छुआछूत का ढोंग
चौखा पुं० वह स्थान जहाँ चार गाँव की सीमा मिलती हो
चौखानि स्त्री० अंडज, पिंडज, स्वेदज और उद्भिज् ये चार प्रकार के जीव
चौखूंट पुं० 1 चारों दिशाएँ 2 सारी पृथ्वी-मंडल
चौगड्डा पुं० चौखा
चौज वि० सुंदर
चौतनी स्त्री० बच्चों की एक टोपी
चौताल पुं० मृदंग का एक ताल
चौदंती स्त्री० नवयौवन के समय का अल्हड़पन 2 धृष्टता 3 अक्खड़पन
चौपन्ना पुं० चार पृष्ठ तहवाला काग़ज़
चौपेजी वि० पूरे ताव के चार पृष्ठों का
चौपड़ स्त्री० चौसर नाम का खेल
चौबंदी स्त्री० एक कुर्सी जिसमें चार बंद होते हैं
चौबोला पुं० 15 मात्राओं का एक मात्रिक छंद जिसके प्रत्येक चरण के अंत में लघु गुरु होता है
चौरंग पुं० तलवार का एक प्रहार
चौरंगी स्त्री० चौक
चौरा पुं० चबूतरा
चौरानयन पुं० तस्करी
चौर्य पुं० चोरी
चौर्य-वृत्ति स्त्री० चोरी करने का रुझान या स्वभाव
च्यवन पुं० बूंद-बूंद करके टपकना
च्यावन पुं० 1 टपकाना 2 निकाल देना
च्युत वि० 1 पतित, गिरा हुआ
च्युत-षडज पुं० संगीत में दो श्रुतियों का एक विकृत स्वर जो मंदा नामक श्रुति से आरंभ होता है
च्युत-संस्कारता स्त्री० 1 संस्कार से च्युत होना 2 (साहित्य में) व्याकरण संबंधी दोष
च्युतात्मा वि० जिसकी आत्मा गिर गई हो
च्युताधिकार वि० अपने अधिकार पद आदि से हटाया हुआ
च्युति स्त्री० 1 पतन 2 अपगति 3 कर्तव्य विमुखता 4 कसर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

छ

छँटैल वि० 2 छँटा हुआ 2 धूर्त व्यक्ति

छंद पुं० 1 अभिलाषा 2 मतलब 3 उपाय 4 कपट 5 वेद 6 मात्रा की गणना के अनुसार बना पद्यबंध, कविता

छंदतः क्रि०वि० छल कपट से

छंदन पुं० प्रसन्न करना

छंदना अ०क्रि० 1 छंद बनाना 2 कविता करना

छंदवासी(सिन्) वि० मनमाना आचरण करनेवाला

छंदाघात पुं० (शब्द पर) संगीतात्मक बल

छंदानुवृत्ति स्त्री० खुशामद

छंदित वि० प्रसन्न किया हुआ

छंदोगति स्त्री० ऐसी छंद योजना कि शब्दों में गति या लय हो

छंदोदोष पुं० छंद में निश्चित मात्राओं से अधिक या कम मात्राएँ होने का दोष

छंदोबद्ध वि० पद्यमय

छक स्त्री० तृप्ति

छकड़ी स्त्री० छह का समूह

छकाछक I वि० तृप्त, अघाया हुआ **II** स०क्रि० 1 पूरी तरह से संतुष्ट करना 2 खिला-पिलाकर तृप्त करना 3 परेशान करना

छगन पुं० छोटा बच्चा

छगल पुं० बकरा

छटकाना स०क्रि० झटका देकर छुड़ाना

छड़ा पुं० 1 पैर में पहनने का चूड़ी जैसा एक आभूषण 2 मोतियों की लड़ी 3 गुच्छा

छतरीबाज़ पुं० छतरी के सहारे हवाई जहाज से उतरनेवाला

छतियाना अ०क्रि० 1 छाती से लगाना 2 छाती पर लाकर रखना

छत्तीसा वि० 1 बहुत ही होशियार 2 मक्कार

छत्तीसी वि० छिनाल

छत्रक पुं० खुंभी

छत्रकायमान वि० छत्रक के रूप में फैलनेवाला

छत्र-चक्र पुं० निकालने के लिए एक चक्र

छत्र-भंग पुं० 1 राजा का नाश

छत्रा I स्त्री० छत्राक **II** पुं० खुंभी

छद पुं० 1 आवरण 2 खाल 3 छाल

छद्म पुं० छल

छदाम पुं० पुराने पैसे की चौथाई

छद्म-तापस पुं० ठग साधु

छद्म-वेष पुं० बनावटी वेश

छद्मावरण पुं० धोखा देने के लिए वस्तु का रूप ढँक देना

छद्मी वि० 1 बनावटी वेशवाला 2 छली

छपकना स०क्रि० पतली चीज से प्रहार करना

छपटी स्त्री० लकड़ी का टुकड़ा

छप्पय पुं० एक मात्रिक छंद जिसमें छह चरण होते हैं

छरकना अ०क्रि० बिखरना

छरकीला वि० 1 दुबला पतला 2 बहुत लंबा

छरछराना अ०क्रि० 1 छिले हुए अंग पर नमक लगने से पीड़ा होना 2 कणों का बिखरना

छरद स्त्री० क़ै, वमन

छरहटा पुं० 1 ऐसा स्थान जहाँ लोग ठगे जाते हैं 2 इंद्रजाल

छरहरा वि० 1 जो शारीरिक दृष्टि से इकहरे शरीर का हो 2 फुरतीला

छर्द पुं० क़ै, वमन

छर्दिका स्त्री० क़ै, वमन

छल-छंद, छलछद्म पुं० 1 कपटजाल 2 छलपूर्ण व्यवहार

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

छलछाया स्त्री० मायाजाल

छलछिद्रण पुं० दूसरे के दोष निकालना

छलछिद्री त्रि० कपटी

छल-बल पुं० 1 कपटपूर्ण व्यवहार 2 मायाजाल

छलावरण पुं० 1 धोखा देने के लिए वास्तविक रूप ढक लेना 2 शत्रु की निगाह से बचाने के लिए स्थान को ढकना

छलावा पुं० 1 भूत-प्रेत आदि की छाया, जंगलों और दलदलों में दिखाई देनेवाला फासफोरस का प्रकाश

छलित त्रि० प्रताणित, ठगा हुआ

छलौरी स्त्री० मांस का गलना

छल्लि स्त्री० 1 छाल 2 लता 3 कच्ची दीवार की रक्षा के लिए बनी पक्की दीवार

छवैया पुं० छप्पर छानेवाला

छहरन स्त्री० बिखरना

छहराना स०क्रि० छितराना

छाँगुरता स्त्री० छह उँगलियाँ होना

छाँद स्त्री० 1 चौपायों के पैरों में बाँधी जानेवाली रस्सी 2 छाँदने की क्रिया

छाँदना स०क्रि० 1 रस्सी से बाँधना 2 पशुओं के पिछले पैरों को बाँधना

छाँदस त्रि० वेद संबंधी, वैदिक

छांदिक त्रि० छंद संबंधी

छाक स्त्री० तृप्ति

छाकना अ०क्रि० 1 तृप्त होना 2 भर जाना

छागल स्त्री० पानी भरने की कपड़े की मशक

छाग पुं० 1 बकरा 2 मेषराशि

छाजन I स्त्री० 1 छाने की क्रिया भाव या मजदूरी 2 छप्पर II पुं० छलने के लिए धारण किया जानेवाला रूप

छाजना अ०क्रि० 1 सुंदर जान पड़ना 2 सुशोभित होना

छाद पुं० 1 छत 2 छप्पर

छादक त्रि० 1 ढँकनेवाला 2 खपरैल या छप्पर छानेवाला

छादन पुं० 1 ढाँकना 2 ढँकने की चीज

छद्मिक त्रि० 1 छद्म वेष धारण करनेवाला व्यक्ति 2 मक्कार 3 बहुरुपिया

छायांक पुं० चंद्रमा

छायांकन पुं० फ़ोटो लेना

छायागणित पुं० ग्रहों की गति-विधि आदि जानने का गणित

छायाग्रह पुं० आईना

छाया-तनय पुं० शनि

छायादान पुं० अनिष्ट निवारण के लिए तेल/घी में अपनी छाया देखकर दान करना

छायानट पुं० एक संकर राग जो रात के पहले पहर में गाया जाता है

छायापथ पुं० असंख्य नक्षत्रों का विशिष्ट समूह, आकाशगंगा

छायापात्र पुं० छाया दान करने का तैलपात्र

छाया-पुरुष पुं० 1 आकाश में दिखाई पड़नेवाले योगी की निजी छाया 2 किसी पुरुष के काल्पनिक रूप की झलक

छायाभ त्रि० छायायुक्त

छायालोक पुं० अमूर्त जगत, काल्पनिक जगत

छायावाद पुं० एक काव्यशैली जिसमें प्रकृति में जीव की छाया का निरूपण होता है

छायावादी (दिन्) I त्रि० II पुं० 1 छायावाद संबंधी 2 छायावाद के सिद्धांत को माननेवाला

छाया-सुत पुं० शनि

छालटी स्त्री० अलसी आदि के रेशों से बना कपड़ा

छिद पुं० 1 फुहारा 2 छींटा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

छिकना अ० क्रि० 1 किसी स्थान का घेरा जाना 2 रोका जाना
छिक्का I पुं० छींका II स्त्री० छींक
छिगुनी स्त्री० सबसे छोटी उँगली
छिछड़ी स्त्री० लिंगेन्द्रिय के अगले भाग का आवरण, शिश्नच्छद
छिछोरा वि० कमीना, ओछा
छिटकना अ० क्रि० 1 चारों ओर फैलना या बिखरना 2 छिड़कना
छित्ति स्त्री० छेदन
छिदक ं० 1 वज्र 2 हीरा
छिदरा वि० छितराया हुआ
छिदिर पुं० 1 कुल्हाड़ी 2 तलवार
छिद्रण पुं० छेद करना
छिद्रदर्शी (शिन्) पुं० दूसरे के दोष ढूंढ़नेवाला व्यक्ति
छिद्रल वि० छेदोंवाला
छिद्रान्वेषण पुं० किसी व्यक्ति के दोष ढूंढ़ना
छिद्रान्वेषी (षिन्) पुं० दूसरों के दोष खोजनेवाला व्यक्ति
छिद्रित वि० छेदा हुआ
छिनक पुं० एक क्षण
छिनाल I वि० कुलटा II स्त्री० व्यभिचारिणी स्त्री
छिनाला पुं० स्त्री-पुरुष का अवैध सहवास
छिन्नक वि० अंशतः कटा हुआ
छिन्न-धान्य वि० शत्रुओं द्वारा घिरी हुई वह सेना जिसके पास खाद्य सामग्री न पहुँच सकती हो
छिन्ननास वि० नाककटा
छिन्नपक्ष वि० जिसके डैने कटे हों
छिन्न-बंधन वि० मुक्त
छिन्न-भिन्न वि० कटा-फटा, नष्ट-भ्रष्ट
छिन्नभिन्नांग वि० जिसके अंग छिन्न-भिन्न हो गए हों
छिन्नमूल वि० जड़ से कटा हुआ
छिन्नव्रण पुं० होनेवाला घाव
छिन्न-श्वास पुं० श्वास रुकने का रोग
छिन्नांग वि० जिसका अंग कटा हो
छिन्नांत्र पुं० एक प्रकार का उदर रोग
छिन्नाधार वि० 1 जिसका आधार टूट चुका हो 2 निस्सहाय
छिपटी स्त्री० लकड़ी की खपाची
छींटाकशी स्त्री० आक्षेप
छीआ-बीआ वि० छिन्न-भिन्न
छीछ वि० क्षीण
छीछड़ा पुं० मांस का रद्दी टुकड़ा
छीछालेदर स्त्री० दुर्गति, फ़ज़ीहत
छीजन स्त्री० 1 छीजने से निकला हुआ नष्ट अंश 2 घाटा, हानि
छीदा वि० जो सघन न हो, छिदरा
छीपा पुं० बाँस आदि की खमाचियों का टोकरा
छीपी पुं० 1 कपड़ों पर बेल-बूटे छापनेवाला, रंगरेज़
छीबर स्त्री० छींट की चुनरी
छीलर पुं० पानी से भरा हुआ छोटा गड्ढा
छुच्छू वि० 1 मूर्ख 2 तुच्छ
छुतहा वि० छूत से होनेवाला
छुटौती स्त्री० व्याज में छूट
छुलछुलाना अ० क्रि० थोड़ा-थोड़ा करके मूतना या पानी छोड़ना
छूटा पुं० काले काँच की गुरियोंवाला एक गहना
छेकानुप्रास पुं० एक ही पंक्ति में वर्ण की एक से अधिक बार आवृत्ति
छेकापह्नुति स्त्री० एक अलंकार जिसमें किसी क ठीक अनुमान या अटकल का अयतार्थ उक्ति से खंडन किया जाता है
छेकोक्ति स्त्री० अलंकार जिसमें किसी बात की पुष्टि में कहावत जोड़ते हैं
छेत्ता वि० छेदनेवाला
छेदक वि० छेदनेवाला
छेदनीय वि० छेदे जाने योग्य

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

छेदिका स्त्री० काटनेवाली रेखा
छेदी त्रि० काटनेवाला
छेना पुं० पनीर
छेरा पुं० पतला मल
छेलक पुं० बकरा
छेवना स०क्रि० 1 चोट पहुँचाना
छेवा पुं० 1 छीलने काटने आदि का काम 2 काटने का निशान
छोप स्त्री० मोटा लेप
छोपा पुं० पाल के रस्से
छोह पुं० 1 प्रेम 2 दया
छोहना अ०क्रि०1 स्नेह करना 2 विचलित होना
छौना पुं० पशु का बच्चा
छौलदारी स्त्री० एक प्रकार का छोटा खेमा

ज

जंगआवर वि० लड़ाका
जंगजू वि० लड़ाई करने की इच्छा रखनेवाला, योद्धा
जंगम I त्रि०1 चलने फिरनेवाला 2 जिसे उठाकर ले जाया जा सके **II** पुं० चलता-फिरता जोगी; **जंगम-गुल्म** पुं० पैदल सेवा का दस्ता
जंगल-जलेबी स्त्री० एक पौधा जिसकी फलियाँ कुंडलाकार होती हैं
जंगारी वि० तूतिया रंग का, नीला
जंगी-लाट पुं० प्रधान सेनापति
जंघा-त्राण पुं० जाँघ पर बाँधने का कवच
जंघामथानी स्त्री० 1 व्यभिचारी स्त्री 2 वेश्या
जंघाल पुं० 1 धावक 2 मृग
जंघिल I त्रि० तेज दौड़नेवाला **II** पुं०दूत
जंजपूक पुं० धीमी आवाज़ में जप करनेवाला भक्त
जंजालिया, जंजाली त्रि० 1 लड़ाई-झगड़ा करनेवाला, फ़सादी
जंता पुं० 1 यंत्र 2 तारकशों की छेददार पटरी
जंतुघ्न त्रि० जंतुओं को नष्ट करनेवाला
जँतैत पुं० चक्की पीसकर जीविका चलानेवाला
जंब पुं० 1 कीचड़ 2 पाप
जंबाल पुं० 1 कीचड़ 2 काई
जंबु पुं० जामुन
जंबूद्वीप पुं० एशिया का पुराना नाम
जंबूमणि पुं० याकूत, जामुनी रंग का एक रत्न
जंबूरक स्त्री० 1 एक प्रकार की छोटी तोप 2 तोप रखने की गाड़ी
जंबूरची पुं० 1 तोपची 2 सिपाही
जंभ पुं० 1 दाढ़ 2 जबड़ा 3 जम्हाई
जंभारि पुं० इन्द्र
जंभिका स्त्री० 1 ऊपरी जवड़ा 2 जम्हाई
जंभन पुं० 1 जँभाई 2 रति
जईफ़ी पुं० बुढ़ापा
जक स्त्री० ज़िद्द, रट, सनक
जक स्त्री० 1 पराजय 2 हानि
जकाती वि० कर उगाहनेवाला
जखीरा पुं० 1 राशि 2 ख़ज़ाना 3 बीज, पौधे बिकने का स्थान
जखीरेबाज़ पुं० जमाख़ोर, माल का अपसंचय करनेवाला
जगज्जननी स्त्री० 1 जगदंबा 2 परमेश्वरी 3 सीता
जगज्जयी त्रि० संसार को जीतनेवाला
जगझंप पुं० लड़ाई के मैदान में बजाया जानेवाला एक प्रकार का ढोल

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जगड्वाल पुं० व्यर्थ का आडंबर
जगण पुं० छंदशास्त्र में तीन अक्षरों का गण जिसका पहला अक्षर लघु, दूसरा गुरु और तीसरा लघु हो (।ऽ।)
जगत् I वि० जंगम II पुं० संसार
जगतारण वि० संसार को तारनेवाला
जगती स्त्री० 1 जगत् 2 पृथ्वी 3 जीवन 4 एक वैदिक छंद जिसके प्रत्येक चरण में बारह छंद होते हैं
जगतीरुह पुं० पेड़
जगत्प्राण पुं० 1 संसार को जीवित रखनेवाला तत्त्व 2 परमात्मा
जगदंतक पुं० संसार का नाश करनेवाला 2 यमराज 3 मृत्यु
जगद्गौरी स्त्री० दुर्गा
जगद्योनि I पुं० ब्रह्मा II स्त्री० पृथ्वी
जगन्नियंता पुं० संसार का नियंत्रण करनेवाला
जगन्मयी स्त्री० 1 लक्ष्मी 2 संसार का संचालन करनेवाली शक्ति
जगार स्त्री० जागरण
जघन पुं० 1 चूतड़ 2 जाँघ 3 सेना का पिछला भाग
जघन-चपला स्त्री० 1 व्यभिचारिणी स्त्री 2 बहुत तेज नाचनेवाली स्त्री
जघन्य वि० 1 निंदनीय 2 नीच 3 क्रूर
जघन्यज पुं० शूद्र, अंत्यज
जघ्रि पुं० सूंघनेवाला
जचगी स्त्री० 1 प्रसव 2 प्रसूतावस्था
जच्चा स्त्री० प्रसूता स्त्री
जज़िया पुं० ग़ैरमुस्लिमों पर लगने वाला पुराना टैक्स
जज़्ब वि० 1 सोख लिया गया 2 हड़प लिया गया
जज़्बा पुं० 1 भावना 2 जोश
जज़्बाती वि० भावपूर्ण
जटा-पटल पुं० वेद-पाठ का एक जटिल क्रम
जटामांसी स्त्री० बालछड़ की जड़
जटित वि० जड़ा हुआ
जटिला स्त्री० 1 ब्रह्मचारिणी 2 जटामांसी (जड़)
जटियल वि० रद्दी
जटुल पुं० जन्म से त्वचा पर का काला दाग
जठर पुं० 1 पेट 2 पेट का आन्तरिक भाग 3 किसी वस्तु के अंदर का भाग
जठरगद पुं० आँतों में होनेवाली खराबी
जठर-ज्वाला स्त्री० पेट की आग, भूख
जठरशोथ पुं० पेट के भीतर की सूजन
जठराग्नि स्त्री० पेट के अंदर का ताप जिससे भोजन पचता है
जठराति स्त्री० पेट दर्द
जठरामय पुं० 1 अतिसार रोग 2 जलोदर रोग
जठरिकी स्त्री० पेट का इलाज
जड़त्व पुं० 1 जड़ता 2 अचेतनता
जड़मति वि० बुद्धू
जड़वाद पुं० 1 यह सिद्धांत कि चेतन आत्मा का अस्तित्व नहीं है, सब कुछ जड़-प्रकृति का ही विकार है, भौतिकवाद 2 यह मत कि संपत्ति का भोग करने में ही आनंद है
जड़हन पुं० धान का एक मुख्य भेद
जड़ात्मवाद पुं० यह सिद्धांत कि प्रकृति में भी चेतन आत्मा हो
जड़ावर स्त्री० जाड़े के (गर्म) कपड़े
जड़ावर्त पुं० अज्ञान का चक्कर
जड़िमा स्त्री० 1 जड़त्व 2 विवेकशून्यता 3 मूर्खता
जड़िया पुं० ज़ेवरों में नग जड़नेवाला
जड़ीभूत वि० 1 गतिहीन, स्तब्ध 2 अचेतन
जड़ैया स्त्री० जाड़ा देकर आनेवाला बुखार, जूड़ी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जतु(क) पुं० 1 लाख 2 हींग
जत्रुक पुं० हँसली
जद स्त्री० 1 प्रहार 2 निशाना
ज़दा वि० पीड़ित, जैसे—मुसीबत ज़दा
जदीद वि० 1 नवीन 2 आधुनिक हाल का
जद्द पुं० 1 दादा 2 पूर्वज
जद्दबद्द पुं० अकथनीय बात
जद्दी वि० पैतृक
जद्दोजहद स्त्री० संघर्ष
जनक पुं० पिता
जनखा पुं० हिजड़ा
जनजाति स्त्री० आदिवासी जाति
जनचर्चा स्त्री० लोक में फैली बात, लोकवाद
जनन पुं० 1 संतान उत्पन्न करना 2 उत्पत्ति
जननांग पुं० वह अंग जिससे स्त्री संतान पैदा करती है, योनि
जननाति स्त्री० जन्मदर
जननाशौच पुं० बच्चे के जन्म लेने पर होनेवाला अशौच
जननिक वि० जनन संबंधी
जननिकी स्त्री० जनन विज्ञान
जननेंद्रिय स्त्री० बच्चा पैदा करने की इंद्रिय
जनपद पुं० आंचलिक क्षेत्र, इलाका
जनपद-कल्याणी स्त्री० वेश्या
जनपदमारी स्त्री० पूरे इलाके में फैल जानेवाली महामारी
जन-प्रवाद पुं० 1 लोगों में फैली हुई कोई अफ़वाह 2 लोक निंदा
जनमरक पुं० महामारी
जनम-जला वि० भाग्य-हीन
जनम-संघाती वि० जिसका साथ जन्म से या जन्म भर रहा हो
जन-मुरीद वि० पत्नी-भक्त
जन-रव पुं० 1 बहुत लोगों का कोलाहल 2 अफ़वाह
जनवाना स० क्रि० प्रसव कराना
जनश्रुत वि० विख्यात
जनश्रुति स्त्री० अफ़वाह
जनसांख्यिक पुं० आबादी के आँकड़ों का विशेषज्ञ
जनसंहार पुं० कत्लेआम
जनहरण पुं० एक दंडक वृत्त जिसके प्रत्येक चरण में तीस लघु और एक गुरु होता है
जनांतिक पुं० नाटक में ऐसी बातचीत जिसका मतलब दूसरों की समझ में न आता हो
जनाकीर्ण वि० जो स्थान जनता से भरा हो, सघन आबादीवाला
जनाब-आली पुं० मान्य महोदय
जनाशन वि० मनुष्यों को खानेवाला
जनाश्रम पुं० आम लोगों के ठहरने का स्थान, सराय
जनाश्रय पुं० 1 मकान, 2 धर्मशाला, सराय
जनित वि० उत्पन्न
जनिता पुं० 1 पैदा करनेवाला 2 पिता
जनित्री स्त्री० बच्चे को जन्म देनेवाली
जनी स्त्री० 1 सबको उत्पन्न करनेवाली, प्रकृति 2 माता
जनून पुं० पागलपन
जनूब पुं० दक्षिण
जनेत स्त्री० बरात
जनेता पुं० पिता
जनेश पुं० 1 परमात्मा 2 राजा
जनेष्ट वि० लोकप्रिय
जनौघ पुं० मनुष्यों का समूह
जन्नत पुं० स्वर्ग
जन्नती वि० 1 स्वर्ग में रहनेवाला 2 स्वर्गीय
जन्मजात वि० जन्म से ही प्राप्त या उत्पन्न

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जन्म-नक्षत्र पुं० वह नक्षत्र जिसके भोग काल में किसी का जन्म हुआ हो
जन्मना क्रि०वि० जन्म से
जन्मपति पुं० 1 कुण्डली में जन्मराशि का मालिक 2 जन्म-लग्न का स्वामी
जन्म-प्रमाणक पुं० जन्मतिथि, जन्म स्थान आदि का प्रमाण-पत्र
जन्मसिद्ध वि० जन्म से ही प्राप्त या मान्य
जन्मांतर पुं० बाद का
जन्मास्पद पुं० जन्म-स्थान
जन्मेश पुं० जन्म-राशि का स्वामी
जन्मोत्तर वि० जन्म के बाद का
जन्य वि० उत्पन्न
जन्यता स्त्री० जन्म होने की अवस्था का भाव
जपतव्य वि० जपे जाने योग्य
जपनी स्त्री० 1 माला 2 माला फेरने की थैली, गोमुखी
जपाकुसुम पुं० जवासा, अड़हुल
जपालक्त पुं० एक प्रकार का गहरे लाल रंग का आलता
जफ़ा स्त्री० सख्ती, अत्याचार
जफ़ाकश वि० 1 अत्याचार सहन करने वाला 2 परिश्रमी
जबर पुं० ज़ुल्म, जब्र, अत्याचार
जबरन क्रि०वि० ज़बरदस्ती
जबह पुं० गला काटकर प्राण लेना
ज़बानदराज़ वि०बहुत और अनुचित बातें करनेवाला
ज़ब्त वि० 1 नियंत्रण 2 अधिकार में ली हुई
जब्र पुं० ज़ुल्म
जब्री वि० बलात् किया हुआ
जमनौता पुं० जमानत करनेवालों को दिया जानेवाला धन
जमहूर पुं० 1 जनसमूह 2 राष्ट्र
जमहूरियत स्त्री० लोकतंत्र
जमहूरी वि० प्रजातांत्रिक
जमाख़ोरी स्त्री० सस्ते दामों पर चीज़ें खरीदकर गोदाम में भर रखना और फिर मँहगे दामों में बेचना
जमाजथा स्त्री० माल, धन-संपत्ति
जमात स्त्री० 1 कक्षा 2 व्यक्तियों का संघ 3 गिरोह
ज़मानासाज़ वि० 1 ज़माने के हिसाब से चलनेवाला 2 चालाक, धूर्त
जमाल पुं० रूप, खूबसूरती
जमालगोटा पुं० एक रेचक बीज
जमावड़ा पुं० भीड़
ज़मीर पुं० 1 हृदय 2 अन्तःकरण 3 विवेक
ज़मींकंद पुं० सूरन
ज़मींदोज़ वि० ज़मीन के भीतर दबा हुआ
जमील वि० रूपवान
जमुनिया स्त्री०जामुन के रंग का एक रत्न
ज़मुर्रद पुं० पन्ना (रत्न)
जयंत वि० विजयी
जयकरी स्त्री० चौपाई नामक छंद का दूसरा नाम
जयघोष पुं० जय जय का नारा
जय-ढक्का स्त्री० युद्ध में विजय होने पर बजाया जानेवाला बाजा, जीत का डंका
जयती स्त्री० श्री राग की एक रागिनी
जयदुंदुभी, जयभेरी स्त्री० जीत का डंका
जय-मल्लार पुं०संपूर्ण जाति का एक राग
जयश्री स्त्री० विजयलक्ष्मी
जया स्त्री० दुर्गा
जयिष्णु वि० हमेशा जीतनेवाला
जयी वि० विजयी
जयेती स्त्री० एक संकर रागिनी
जय्य वि० जीते जाने योग्य
जरंड वि० 1 क्षीण 2 वृद्ध
जरंत पुं० 1 अत्यधिक आयुवाला आदमी 2 भैंसा
ज़र पुं० सोना, धन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Harid...

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जरख़रीद त्रि० अपने पैसे से खरीदा हुआ
जरख़ेज़ त्रि० उपजाऊ (भूमि)
जरठ त्रि० 1 वृद्ध 2 जीर्ण 3 कठोर
जरण पुं० 1 वृद्ध होना 2 क्षीण होना
जरत् त्रि० 1 वृद्ध 2 क्षीण 3 पुराना
जरदष्टि त्रि० 1 वृद्ध 2 दीर्घजीवी
जरदा पुं० 1 एक प्रकार की सुर्ती 2 पीले रंग का घोड़ा
ज़रदार त्रि० धनी, पैसेवाला
ज़रदी स्त्री० 1 पीलापन 2 अंडे का पीला तत्त्व
ज़रदोज़ी स्त्री० कलावत्तू या सलमे सितारे का काम
ज़रब स्त्री० 1 चोट 2 गुणा
ज़रपरस्त त्रि० कंजूस, पैसे का पुजारी
ज़र-बफ़्ती पुं० रेशमी कपड़े पर कलावत्तू का काम
ज़रर पुं० 1 हानि 2 आघात
जरा स्त्री० 1 वृद्धावस्था
ज़राअत स्त्री० खेती-बाड़ी
जराजन्य त्रि० बुढ़ापे के कारण होनेवाला
जराजीर्ण त्रि० बुढ़ापे के कारण दुर्बल
जरातुर त्रि० जरा-ग्रस्त
ज़राफ़त स्त्री० हँसोड़पन
जराभीत त्रि० वृद्धावस्था से डरनेवाला
जरायम पुं० अनेक प्रकार के अपराध
जरायम-पेशा त्रि०अपराधों द्वारा जीविका चलानेवाला
जरायु पुं० 1 वह झिल्ली जिसमें बच्चा लिपटा हुआ उत्पन्न होता है 2 गर्भाशय 3 योनि
जराशोष पुं०वृद्धावस्था में होनेवाला सूखा रोग
जरिणी स्त्री० अधिक उम्रवाली स्त्री
जरिमा स्त्री० वृद्धावस्था
ज़रीफ़ त्रि० 1 परिहासप्रिय 2 हँसोड़
ज़रीब स्त्री० ज़मीन नापने की ज़ंजीर = 60 गज
ज़रीबकश पुं० ज़ंजीर से ज़मीन नापनेवाला व्यक्ति
जर्जर त्रि० जीर्ण, टूटा-फूटा
जर्जरीभूत त्रि० जीर्ण-शीर्ण
जर्राह पुं०चीर-फाड़ करनेवाला चिकित्सक
जलकंटक पुं० सिंघाड़ा
जलकुंभी स्त्री० पानी में होनेवाली एक वनस्पति
जल-गुल्म पुं० 1 पानी का भँवर 2 जल की कमीवाला प्रदेश
जलग्रह-क्षेत्र पुं० वह क्षेत्र जहाँ नदी का पानी रोका जाता है
जल-चत्वर पुं० जल की कमीवाला प्रदेश
जलज, जलजात पुं० कमल
ज़लज़ला पुं० भूकंप
जलडमरुमध्य पुं० दो समुद्रों को मिलानेवाली बीच की जल प्रणाली या नहर
जल-ताड़न पुं० जल पर प्रहार करने के समान व्यर्थ का काम करना
जलद पुं० बादल
जलदस्यु पुं० समुद्री लुटेरा
जलदाभ पुं० बादल के समान आभावाला
जलद्रोणि स्त्री० दोना जिससे पानी उलीचते हैं
जलधर पुं० बादल
जलधर-केदारा पुं० मेघ और केदारा के योग से बना हुआ एक संकर राग
जलधर-माला स्त्री० 1 बादलों का समूह
जलधि पुं० समुद्र
जलधिज पुं० चंद्रमा
जलधिजा स्त्री० लक्ष्मी
जलपटल पुं० बादल
जल-प्रदान पुं० तर्पण
जल-प्रपा पुं० पौंसरा, प्याऊ
जलप्राय त्रि० जहाँ जलाशय बहुत अधिक हों

Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जल-प्लावन पुं० प्रलयकारी बाढ़

जल-भृत पुं० 1 बादल 2 जल रखने का पात्र

जलमापक पुं० निकलते हुए जल को नापने की घड़ी

जलरागी वि० पानी से प्यार करनेवाला

जलराशि पुं० 1 अथाह जल 2 ज्योतिष में कर्क, मकर, कुंभ और मीन राशियाँ

जल-रुद्ध वि० जल से घिरा हुआ

जल-रुह वि० कमल

जलवा पुं० तड़क-भड़क

जलवाह पुं० बादल

जल-विषुव पुं० सूर्य की स्थिति जब वह कन्या राशि से तुला राशि में संक्रमण करता है

जल-वैकृत पुं० 1 पानी में उत्पन्न विकार 2 एक अशुभ योग

जल-व्याघ्र पुं० सील जैसा एक जंतु

जलशूक पुं० सेवार, काई

जलशोफ पुं० जलोदर

जलशोष पुं० सूखा, अनावृष्टि

जल-संस्कार पुं० शव को नदी में प्रवाहित करना

जल-समाधि स्त्री० जल में डूबकर प्राण त्याग देना

जलसह वि० जिस पर पानी का असर न होता हो

जल-स्तंभन पुं० जल के प्रवाह को रोकना

जल-हरण पुं० एक चरण में 32 वर्ण का एक वृत्त

जलहार पुं० पानी भरनेवाला मजदूर

जलांक पुं० कागज में जल चिह्न

जलांकन पुं० जल चिह्न अंकित करना

जलांचल पुं० पानी की नहर

जलांजलि स्त्री० तर्पण के लिए भरी हुई अंजली

जलाक्रांत वि० जल से घिरा हुआ (स्थान)

जलातंक पुं० 1 जल से लगनेवाला भय 2 पागल कुत्तों के काटने का जलत्रास रोग

जलातन वि० 1 क्रोधी 2 ईर्ष्यालु

जलात्यय पुं० शरत्काल

जलाधिदैवत पुं० वरुण

जलापा पुं० डाह, ईर्ष्या

जलार्क पुं० पानी में दिखलाई पड़नेवाला सूर्य का प्रतिबिंब

जलार्णव पुं० 1 समुद्र 2 वर्षाकाल

जलाल पुं० 1 तेज 2 वैभव

जलालत स्त्री० अपमान

जलाव पुं० ख़मीर

जलावतन वि० देश से निर्वासित

जलावतनी स्त्री० देश निकाला, निर्वासन

जलावतरण पुं० जहाज़ आदि को जल में उतारना

जलावन पुं० ईंधन

जलावर्त्त पुं० पानी का भँवर

जलील वि० पूज्य

जलील वि० तुच्छ

जलेश पुं० वरुण

जलोढ़ वि० नदी द्वारा बहाकर लाई हुई मिट्टीवाला

जलोदर पुं० पेट में नाभि के नीचे पानी भर जाने का रोग

जलौका स्त्री० जोंक

जल्प पुं० 1 कथन 2 बकवाद, प्रलाप

जल्पक वि० 1 बकवासी 2 वाचाल 3 झूठ-मूठ तर्क-वितर्क करनेवाला

जल्पित I वि० 1 बका हुआ 2 मनगढ़न्त, मिथ्या

जल्पोन्माद पुं० 1 तेज़ी 2 जल्दी

जवन वि० वेगवान, तेज़

जवाबदावा पुं० वाद के उत्तर में प्रतिवादी का उत्तर

जवार पुं० 1 आस-पास का स्थान 2 पड़ोस

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जवाल पुं० 1 अवनति 2 परेशानी, झंझट
जवी वि० वेगवान्
जश्न पुं० 1 उत्सव 2 नाच-गाना
जसामत स्त्री० 1 शारीरिक स्थूलता 2 लंबाई, चौड़ाई, मोटाई
जसीम व० भारी शरीरवाला
जहक वि० कुढ़न
जहत् पुं० परित्याग
जहत्स्वार्था स्त्री० लक्षणा का भेद जिसमें पद अपना अर्थ छोड़कर इष्ट अर्थ प्रकट करता है
जहदजहल्लक्षणा स्त्री० लक्षणा का वह भेद जिसमें वक्ता के शब्दों से निकलनेवाले कई अर्थों में से केवल एक विशिष्ट अर्थ निकलता है
जहन्नुम स्त्री० नरक
जहमत स्त्री० 1 मुसीबत 2 झंझट
जहरगत स्त्री० घूँघट काढ़कर नाचने का एक प्रकार
जहरबाद पुं० जड़वाला फोड़ा
जहल्लक्षणा स्त्री० जहत्स्वार्था
जहाँपनाह वि०संसार की रक्षा करनेवाला, राजा
जहाजरानी स्त्री० नौचालन
जहाद पुं० धर्मयुद्ध
जहालत स्त्री० 1 अज्ञान 2 मूर्खता
जहीन वि० समझदार
जहूर पुं० प्रकाश
जह्नुसुता स्त्री० जाह्नवी, गंगा
जांगलू वि० 1 जंगल संबंधी 2 जंगली 3 अशिष्ट और असभ्य
जाँघिक वि० 1 जाँघ संबंधी 2 बहुत तेज चलनेवाला
जाँता पुं० जमीन में गाड़ी चक्की
जाँबाज वि० अपनी जान पर खेल जानेवाला
जाई स्त्री० कन्या
जाकड़ पुं० 1 कोई माल इस शर्त पर लेना कि अगर पसन्द न आया तो वापस कर दिया जाएगा 2 उक्त शर्त पर दी जानेवाली वस्तु
जाकिर वि० वर्णन करनेवाला
जागतिक वि० जगत का, सांसारिक
जागर पुं० 1 जागरण
जागरित वि० जागा
जागरूक वि० 1 जागता हुआ 2 सावधान, सचेत
जागरूप वि० जिसका रूप प्रत्यक्ष और स्पष्ट हो
जागर्ति स्त्री० 1 जाग्रति 2 चेतनता
जाजमलार, जाजामलार पुं० संपूर्ण जाति का एक संकर राग जिसमें सब शुद्ध स्वर लगते हैं
जाजिब वि० 1 सोखनेवाला तरल पदार्थ 2 अपनी ओर खींचनेवाला
जाजिम पुं० फ़रशी चादर
जाज्वलित वि० प्रकाशमान
जाज्वल्यमान वि० 1 प्रकाशमान 2 तेजवान्
जाठर वि० पेट संबंधी
जाड्य पुं० जड़ता
जातक पुं० 1 बच्चा 2 बुद्ध के जन्मों की कथाएँ
जातकर्म पुं० बालक के जन्म पर होनेवाला संस्कार
जातप्रत्यय वि० जिसके मन में प्रतीति उत्पन्न हो
जात-मृत वि० जो जन्म लेते ही मर गया हो
जात-रूप वि० रूपवान
जातवेद पुं० 1 अग्नि 2 सूर्य
जात-वेश्म(न्) पुं० वह घर जिसमें बालक जन्मा हो
जातिच्युत वि० जाति से निकाला हुआ

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जाति-वाचक वि० 1 जाति बतानेवाली संज्ञा (व्याकरण में)
जाति-संकर पुं० वर्णसंकर
जातुज पुं० गर्भिणी की इच्छा
जातुधान पुं० राक्षस
जातेष्टि स्त्री० जातकर्म
जातोक्ष वि० छोटी अवस्था में बधिया किया गया (बैल)
जात्यंध वि० जन्म से ही अंधा
जात्य वि० अच्छे कुल में उत्पन्न
जात्यारोह पुं० अक्षांश की वह दूरी जो मेष से पूर्व की ओर प्रथम अंश से ली जाती है
जादूबयानी स्त्री० वाणी की जादूभरी शक्ति
जानपदिक वि० सारे जनपद में होनेवाला
जानमाज़ पुं० आसन जिस पर मुसलमान बैठकर नमाज़ पढ़ते हैं
जा-नशीन पुं० उत्तराधिकारी
जानाँ स्त्री० प्रेमपात्र
जानि स्त्री० भार्या
जानिब स्त्री० दिशा, ओर
जानी वि० 1 जान का 2 जान के समान परम प्रिय
जानु पुं० टाँग के बीच का जोड़, घुटना
जानु-पाणि क्रि०वि० घुटनों और हाथों के बल
जापा पुं० जप करनेवाला
जाप्य वि० 1 जप करने योग्य
ज़ाफ़रान पुं० केसर
जाफ़री स्त्री० लकड़ी का जालीदार ढाँचा
जा-बेजा वि० उचित-अनुचित
जाब्ता पुं० नियम, कानून
जामदानी पुं० 1 कपड़े आदि रखने की पेटी 2 कढ़ाईदार महीन कपड़ा
जामन पुं० दही का खट्टा
जामाता पुं० दामाद
ज़ामिन पुं० 1 ज़मानत करनेवाला व्यक्ति 2 उत्तरदायित्व अपने ऊपर लेनेवाला
ज़ायक़ा पुं० स्वाद
ज़ायचा पुं० जन्म-कुण्डली
जायज़ वि० मुनासिब, उचित
जायज़रुर पुं० पाख़ाना फिरने का स्थान
जायज़ा पुं० जाँच-पड़ताल
ज़ायद वि० 1 ज़्यादा 2 अतिरिक्त
जायपनाह स्त्री० शरण (स्थल)
जायमान वि० पैदा होनेवाला
जाया स्त्री० 1 विवाहित स्त्री, पत्नी
जायाजीव पुं० पत्नी से व्यभिचार कराके जीविका चलानेवाला
जार पुं० यार, उपपति
जारक वि० 1 जलनेवाला 2 नष्ट करनेवाला 3 पाचक
जार-कर्म पुं० व्यभिचार
जारज पुं० उपपति से उत्पन्न बालक
जारज-योग पुं० फलित ज्योतिष में एक योग जिसमें उत्पन्न होनेवाला बालक जारज समझा जाता है
जारजात वि० स्त्री के उपपति से उत्पन्न
जारभरा स्त्री० यार से संबंध रखनेवाली स्त्री
जारिणी स्त्री० अन्य पुरुष से प्रेम करनेवाली स्त्री
जारोब कश पुं० झाड़ू लगानेवाला
जालाक्ष पुं० झरोखा
जालिक पुं० 1 जाल बनानेवाला 2 जाल में जीव-जन्तु फँसानेवाला, धीवर
जालिका स्त्री० 1 जाली 2 फंदा
जालिया पुं० जाल कपट करनेवाला
जावक वि० बाहर जानेवाला
जावन्य पुं० 1 तेज़ी 2 शीघ्रता
जाषक पुं० पीला चंदन
ज़ाहिद पुं० यती, तपस्वी
जाहिल वि० अनपढ़ और मूर्ख

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जाह्नवी स्त्री० गंगा
जिगीषा स्त्री० विजय प्राप्त करने की इच्छा
जिंस स्त्री० 1 प्रकार 2 सामग्री
जिगरा पुं० साहस
जिगीषु त्रि० 1 विजय चाहनेवाला 2 युद्ध चाहनेवाला
जिघत्सु त्रि० भूखा
जिघांसक त्रि० जो वध करना चाहता हो
जिघांसा स्त्री० हत्या करने की इच्छा
जिघ्र त्रि० 1 सूंघनेवाला 2 संदेह करनेवाला
जिजीविषा स्त्री० जीने की इच्छा
जिजीविषु त्रि०जीने की इच्छा रखनेवाला
जिज्ञासु त्रि० जानकारी चाहनेवाला
जिज्ञास्य त्रि० जिसके संबंध में जिज्ञासा की जाय
जित-मन्यु त्रि० क्रोध को जीतनेवाला
जित-लोक त्रि० स्वर्ग को पानेवाला
जित-शत्रु त्रि० शत्रुओं पर विजय प्राप्त करनेवाला
जिताक्षर त्रि० अच्छी तरह पढ़ने-लिखनेवाला
जितात्मा त्रि० जितेंद्रिय
जितारि त्रि० शत्रुओं को जीतनेवाला
जित्य पुं० 1 एक बड़ा हल 2 पाटा
जित्या स्त्री० 1 विजय 2 प्राप्ति 3 हल और उसका फाल
जित्वर त्रि० जीतनेवाला, विजयी
ज़िना पुं० 1 पर स्त्री से व्यभिचार
ज़िनाकार त्रि० पर स्त्री-गमन करनेवाला
ज़िना-बिल-जब्र पुं० पराई नारी से बलात्कार
जिनेन्द्र पुं० जैन
जिन्नात पुं० भूतप्रेतादि
ज़िबह पुं० गला काटना
जिमनार स्त्री० भोज
जिमाना स०क्रि० भोजन कराना
जिया स्त्री० दूध पिलानेवाली दाई
ज़ियाफत स्त्री० 1 मेहमानदारी 2 दावत, भोज
ज़ियारत स्त्री० मुसलमानों में किसी पवित्र स्थान के दर्शनार्थ यात्रा
जिरगा पुं० 1 मंडली 2 पंचायत
जिरह स्त्री० हुज्जत, पूछताछ
ज़िरह(बख़्तर) पुं० कवच
ज़िराअत स्त्री० खेती
जिल्दी त्रि० त्वचा संबंधी
ज़िल्लत स्त्री० 1 दुर्दशा 2 तिरस्कार
जिष्णु त्रि० विजय प्राप्त करनेवाला
जिस्म पुं० शरीर
जिस्मानी त्रि० शारीरिक
ज़िहन पुं० बुद्धि
जिहाद पुं० धर्मयुद्ध
जिहासु त्रि० त्याग की इच्छा रखनेवाला
जिहीर्षा स्त्री० हरण करने की इच्छा
जिहीर्षु त्रि० हरण करने की इच्छा रखनेवाला
जिह्मग त्रि० टेढ़ी-तिरछी चालवाला
जिह्मता स्त्री० 1 टेढ़ापन, कुटिलता 2 दुष्टता, धूर्तता
जिह्माक्ष त्रि० तिरछी आँखवाला
जिह्मीकृत त्रि० टेढ़ा किया हुआ
जिह्वल त्रि० चटोरा
जिह्वाग्र पुं० जीभ का अगला भाग
जिह्वाजप त्रि० जाप जिसमें केवल जीभ हिले
जिह्विका स्त्री० जीभी
ज़ीनत स्त्री० 1 शोभा 2 सजावट
जीमूतवाहन पुं० बादल जिसका वाहन है, इन्द्र
जीर्ण त्रि० टूटा फूटा, पुराना
जीर्णोद्धार पुं० टूटी-फूटी वस्तुओं का सुधार

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जीर्यमान वि० जीर्ण होनेवाला
जीवंत वि० जीता-जागता
जीवक पुं० 1 जीवधारी 2 बौद्ध भिक्षु 3 सूद ब्याज से जीविका चलानेवाला
जीवत्पति स्त्री० वह स्त्री जिसका पति जीवित हो
जीवत्पितृक पुं० जिसका पिता जीता हो
जीवथ पुं० 1 जीवनी शक्ति 2 बादल
जीवद वि० प्राण देनेवाला
जीव-दान पुं० वश में आए हुए शत्रु या अपराधी को बिना उसके प्राण लिए छोड़ देना, प्राणदान
जीव-द्रव्य पुं० शरीर का रस
जीवद्वत्सा वि० जिसके पुत्र या बछड़े जीवित हों
जीवधन पुं० भेड़ बकरी आदि
जीवनक पुं० 1 आहार 2 अन्न
जीवनक्षम वि० जिसमें जीते रहने की क्षमता हो
जीवनचर्या स्त्री० रहन-सहन का ढंग
जीवन-धन वि० 1 जीवन का सर्वस्व हो 2 प्राणाधार
जीवन-प्रभा स्त्री० आत्मा
जीवन-प्रमाणक पुं० अमुक दिन या तिथि तक जीवित होने का प्रमाण-पत्र
जीवन-यापन पुं० जीवन-निर्वाह
जीवन-वृत्त पुं० जीवन-चरित्र
जीवनवृत्ति स्त्री० जीवन निर्वाह का उपाय, जीविका
जीवनांक पुं० जीवन-मृत्यु के आँकड़े
जीवनावास I वि० जल में रहनेवाला II पुं० शरीर
जीवनीय वि० 1 जीवित रहने योग्य 2 अपनी जीविका स्वयं चलानेवाला
जीवनोत्तर वि० जीवन के बाद का
जीवनौषध स्त्री० वह औषध जिससे मरता हुआ प्राणी जी जाय
जीवन्मुक्ति स्त्री० जीते जी मायाजाल से छुटकारा
जीवन्मृत वि० जीता हुआ भी मरे हुए के समान
जीवन्यास पुं० मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा (का मंत्र)
जीव-प्रभा स्त्री० आत्मा, रूह
जीव-रक्त पुं० रजस्वला स्त्री की योनि से जानेवाला रक्त
जीव रसायन पुं० जीव विज्ञान और रसायन शास्त्र का योग
जीव-संक्रमण पुं० जीव का एक शरीर से दूसरे में जाना
जीवसू स्त्री० जिसकी संतान जीवित हो
जीवांकिकी स्त्री० जीवों के बारे में आँकड़े जुटाने की विद्या
जीवांतक वि० प्राणियों का नाश करनेवाला
जीवांतर I क्रि०वि० जीवन के बाद II पुं० दूसरा जीवन
जीवा स्त्री० 1 चाप की सीधी रेखा 2 धनुष की डोरी
जीवाणु पुं० अति सूक्ष्म जीव
जीवातु पुं० 1 प्राणदान करनेवाली औषधि 2 आहार
जीवादान पुं० बेहोशी
जीवाधार पुं० 1 हृदय जो आत्मा का आधार है 2 जीव का कोई आधार
जीवाश्म पुं० ऐसा जीवरूप जो पत्थर हो गया
जीवास्तिकाय पुं० फल भोगनेवाले जीवों का एक वर्ग
जीवितव्य वि० जीवित रहने योग्य
जीवितेश पुं० 1 जीवन का स्वामी 2 शिव 3 यम
जीविष्णुता स्त्री० जीवन-शक्ति
जीवी वि० 1 जीनेवाला 2 किसी जीविका

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

से अपना निर्वाह करनेवाला
जीवेतर वि॰ प्राणियों से भिन्न
जीवेश पुं॰ 1 जीवों का स्वामी 2 शिव 3 ईश्वर 4 प्रियतम
जीवोपाधि जीव की ये तीन अवस्थाएँ- स्वप्न, सुषुप्ति और जाग्रति
जीव्यता स्त्री॰ जीवन
जीव्या स्त्री॰ जीविका
जुंबिश स्त्री॰ गति
जुगजुगाना अ॰क्रि॰ रह-रहकर प्रकाश करना
जुगत स्त्री॰ 1 उपाय 2 कौशल
जुगती पुं॰समझ-बूझकर कोई विकट काम करने का उत्तम उपाय निकालनेवाला व्यक्ति
जुगल पुं॰ जोड़ा
जुगलबंदी स्त्री॰ जोड़ा-जोड़ा वाद्यों का संगीत
जुगाड़ पुं॰ व्यवस्था
जुगुप्सक वि॰ निंदा करनेवाला
जुगुप्सन पुं॰ निंदा करना
जुगुप्सा स्त्री॰ 1 निंदा 2 विषाद 3 घृणा
जुगुप्सित वि॰ 1 निंदित 2 घृणित
जुगुप्सु वि॰ बुराई करनेवाला, निंदक
जुज़ पुं॰ 1 अंश 2 काग़ज़ का एक फ़ार्म
जुज़वी वि॰ 1 आंशिक 2 बहुत कम
जुज़बंदी स्त्री॰ अंशों (फ़ार्मों) को एक साथ करना या बाँधना
जुझारू वि॰ लड़ाका
जुट पुं॰ 1 जोड़ा 2 समूह 3 गुट
जुटला वि॰ लंबे-लंबे बालों की लटोंवाला
जुटिका स्त्री॰ 1 बालों का जूड़ा 2 गुच्छा
जुड़ाना स॰क्रि शीतल करना
जुनूब पुं॰ जनूब
जुन्हाई स्त्री॰ चंद्रमा का प्रकाश, चाँदनी
जुमला I पुं॰ वाक्य **II** वि॰ सारा
जुरअत, जुर्रत स्त्री॰ साहस
जुर्राब स्त्री॰ मोज़ा
जुल पुं॰ धोखा, चकमा
जुलबाज़ वि॰ चकमा देनेवाला
जुल्फ़ स्त्री॰ अलक, बालों का पट्टा
जुल्मात पुं॰ अंधकार
जुष्ट वि॰ 1 सेवित 2 जूठा
जुष्य वि॰ सेव्य
जुहार स्त्री॰ बंदगी, सलाम
जुहोता पुं॰ आहुति देनेवाला
जूजी स्त्री॰ कान की ललरी
जूजू पुं॰ हौवा, हाऊ
जूट पुं॰ 1 लट 2 पटसन
जूड़ी स्त्री॰ जाड़ा लगकर होनेवाला ज्वर
जूहुर पुं॰ प्रत्यक्ष होने की अवस्था
जूर्ति स्त्री॰ ज्वर, तप
जृंभ पुं॰ 1 जँभाई 2 आलस्य
जृंभक वि॰ जँभाई लेनेवाला
जृंभण पुं॰ जँभाई लेना
जृंभमान वि॰ जो जँभाई ले रहा हो
जृंभा स्त्री॰ 1 जँभाई 2 जड़ता
जृंभिका स्त्री॰ 1 आलस्य 2 जृंभा
जेवना स॰क्रि॰ भोजन करना
जेठंस पुं॰ पैतृक संपत्ति में बड़े भाई का अंश
जेठरैत पुं॰ गाँव में सबसे बड़ा आदमी, मुखिया
जेतव्य वि॰ 1 जीते जाने योग्य 2 जो जीता जा सके
जेता वि॰ विजयी
जेब स्त्री॰ शोभा
जेमन पुं॰ 1 भोजन करना 2 ज्योनार
जेय वि॰ जीते जाने योग्य
जेर वि॰ 1 नीचे लाया हुआ 2 पराजित 3 वश में किया हुआ
जेरगौर वि॰ विचाराधीन
जेर-बार वि॰ 1 संकट आदि से दबा हुआ 2 भार से दबा हुआ

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जेरसाया वि० किसी की छत्रछाया में, आश्रित
जेरहिरासत वि० पकड़ में
जेरी स्त्री० चरवाहों के हाथ में रहनेवाली लाठी
जेवनार स्त्री० भोज
जेहन पुं० समझने-बूझने की शक्ति, बुद्धि
जेहनदार वि० तेज़ बुद्धिवाला
जैजैवंती स्त्री० प्रातःकाल गायी जानेवाली भैरव राग की एक रागिनी
जैतश्री स्त्री० एक रागिनी
जैतून पुं० एक सदाबहार पेड़
जैल पुं० 1 नीचे की ओर का स्थान 2 इलाका, परगना
जैव वि० 1 जीव संबंधी 2 जीवों से उत्पन्न होनेवाला
जैवभैषिजिकी स्त्री० जीवों के इलाज की विद्या
जैवविष पुं० जीव में होनेवाला विष
जैविक वि० जीव का
जैविकी स्त्री० जीवविज्ञान
जोंगट पुं० गर्भिणी स्त्री की इच्छा
जोखना स०क्रि० 1 वजन करना 2 अच्छी तरह विचार करना
जोट पुं० 1 जोड़ा 2 संगी
जोत स्त्री० जोती जानेवाली भूमि की इकाई
जोरा-जोरी स्त्री० जबरदस्ती
जोरावर वि० 1 बलवान 2 शक्तिशाली
जोरावरी स्त्री० जबरदस्ती
जोली वि० 1 संगी-साथी 2 समवयस्क
जोशन पुं० 1 बाँह पर पहनने का एक गहना 2 कवच
जोशांदा पुं० काढ़ा
जोष पुं० 1 प्रेम 2 आराम 3 सेवा
जोषक पुं० सेवक
जोषण पुं० 1 प्रीति 2 सेवा
जोषा स्त्री० नारी
जोषिका स्त्री० 1 स्त्री 2 कलियों का गुच्छा
जोहारना अ०क्रि० नमस्कार करना
जोहारी स्त्री० सलाम, नमस्कार
जौंकना स०क्रि० रोष जतलते हुए ऊँचे स्वर में बोलना
जौंरा-भौंरा पुं० तहख़ाना
जौजा स्त्री० पत्नी
जौनाल स्त्री० 1 जौ के पौधे का डंठल और बाल 2 जौ बोयी जानेवाली जमीन
जौर पुं० अत्याचार
जौहर पुं० 1 रत्न 2 सारांश 3 गुण 4 राजपूत स्त्रियों का सती होना
ज्ञपित वि० 1 जाना हुआ 2 दूसरों को बतलाया हुआ 3 प्रशंसित
ज्ञप्ति स्त्री० 1 जानकारी 2 बुद्धि
ज्ञात-यौवना स्त्री० मुग्धा नायिका जिसे अपने यौवन का ज्ञान हो
ज्ञातव्य वि० 1 जानने योग्य
ज्ञाता पुं० जाननेवाला
ज्ञाति पुं० गोती, सगा
ज्ञातृत्व पुं० जानकारी
ज्ञानकृत वि० जानबूझकर किया हुआ (पाप)
ज्ञान-गम्य वि० ज्ञातव्य, जो जाना जा सकता है
ज्ञान-गोचर वि० जो ज्ञान के द्वारा जाना जा सके
ज्ञानचक्षु I पुं० अंतर्दृष्टि II वि० ज्ञानी
ज्ञानतः(तस्) क्रि०वि० जानबूझकर
ज्ञानद वि० ज्ञान देनेवाला
ज्ञानदा, ज्ञानदात्री स्त्री० सरस्वती
ज्ञानधाम पुं० परम ज्ञानी
ज्ञाननिष्ठ वि० ज्ञानी
ज्ञान-पिपासु वि० ज्ञानप्राप्ति की इच्छा-वाला
ज्ञानमय वि० ज्ञान से भरा हुआ

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ज्ञानमीमांसा स्त्री० ज्ञान संबंधी सिद्धांत
ज्ञान-मूढ़ पुं० ज्ञानी होने पर भी मूर्ख
ज्ञानवृद्ध त्रि० ज्ञान में बड़ा
ज्ञानसाधन पुं० 1 इंद्रियाँ 2 ज्ञान प्राप्त करने का प्रयत्न
ज्ञानावरण पुं० 1 ज्ञान का परदा 2 ज्ञान की प्राप्ति में बाधक वस्तु
ज्ञानाश्रयी त्रि० ज्ञान पर आश्रित निर्गुणिया
ज्ञानेंद्रिय स्त्री० ज्ञान के साधन रूप इंद्रियाँ- आँख, कान, नाक, जीभ और स्पर्शेन्द्रिय
ज्ञापक त्रि० 1 ज्ञान प्राप्त करानेवाला 2 परिचय देनेवाला 3 सूचक
ज्ञापन पुं० 1 सूचित करना 2 मुख्य-मुख्य बातों का विवरण
ज्ञापित त्रि० 1 जताया हुआ 2 सूचित
ज्ञाप्य त्रि० ज्ञान प्राप्त करने योग्य
ज्ञेय त्रि० 1 जिसे जानना कर्तव्य हो 2 जो जाना जा सके
ज्या स्त्री० 1 धनुष की डोरी 2 वह रेखा जो किसी चाप के एक सिरे से दूसरे सिरे तक हो
ज्याफत स्त्री० 1 दावत 2 आतिथ्य सत्कार
ज्यामिति स्त्री० ज्यामेट्री, रेखागणित
ज्येष्ठक पुं० किसी नगर का प्रधान अधिकारी
ज्येष्ठता स्त्री० 1 ज्येष्ठ होने की अवस्था 2 बड़प्पन
ज्येष्ठाश्रमी पुं० गृहस्थाश्रम में रहनेवाला, गृहस्थ
ज्योतिशिखा स्त्री० 1 जलती हुई लपट 2 एक वर्णवृत्त जिसके चरण के पहले दल में 32 लघु और दूसरे दल में 16 गुरु वर्ण होते हैं
ज्योतिक पुं० ज्योतिषी
ज्योतित त्रि० प्रकाशित
ज्योतिर्मय त्रि० प्रकाशमान, प्रकाशयुक्त
ज्योतिलिंग पुं० महादेव
ज्योतिर्विद पुं० ज्योतिषी
ज्योतिश्चक्र पुं० नक्षत्र और राशियों का मंडल
ज्योतिश्छाया स्त्री० 1 प्रकाश से युक्त छाया 2 प्रकाश से पड़नेवाली छाया
ज्योतिष्क पुं० ग्रह तारा नक्षत्र आदि का समूह
ज्योतिष्का स्त्री० माल कंगनी
ज्योतिष्टोम पुं० एक प्रकार का यज्ञ जिसमें 16 ऋत्विक् होते थे
ज्योतिष्पथ पुं० आकाश
ज्योतिष्मती स्त्री० 1 रात्रि 2 एक प्रकार का वैदिक छंद
ज्योतिष्मान त्रि० 1 ज्योतिवाला 2 खूब चमकता हुआ
ज्योत्स्ना स्त्री० 1 चंद्रमा का प्रकाश 2 चाँदनी
ज्योनार स्त्री० रसोई
ज्यौत्सनी स्त्री० पूर्णिमा की रात
ज्वरघ्न त्रि० ज्वर का नाश करनेवाला
ज्वरांतक त्रि० ज्वर का अंत करनेवाला
ज्वरार्त त्रि० ज्वर से पीड़ित
ज्वरित त्रि० जिसे बुख़ार चढ़ा हो
ज्वरी त्रि० ज्वर से पीड़ित
ज्वलंत त्रि० 1 जलता और चमकता हुआ 2 अत्यंत स्पष्ट
ज्वलका स्त्री० आग की लपट
ज्वलनशील त्रि० जलनेवाला
ज्वलनांक पुं० तीव्र तापमान की वह मात्रा जो किसी चीज को जला देने में समर्थ होती है
ज्वलित त्रि० जला हुआ
ज्वार I स्त्री० एक मोटा अनाज **II** पुं० जल का चढ़ाव
ज्वालक त्रि० प्रज्ज्वलित करनेवाला
ज्वालामुखी पुं० 1 सूर्य 2 शिव
ज्वाली(लिन्) त्रि० ज्वालायुक्त

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

झ

झंकारिणी स्त्री० गंगा
झंकृत वि० झंकार उत्पन्न करता हुआ
झंकृति स्त्री० झंकार
झंझरित वि० क्षत-विक्षत
झंझरी स्त्री० कोई छेददार या जालीदार चीज़
झंझा, झंझानिल पुं० 1 आँधी 2 तूफ़ान
झंझार पुं० आग की ऊँची तथा बड़ी लपट
झंझावात पुं० झंझा
झंझी स्त्री० 1 फूटी कौड़ी 2 दलाली की रकम
झंझोटी स्त्री० एक राग
झंडोत्तोलन पुं० झंडा फहराना
झंप पुं० उछाल, कुदान
झंपन पुं० 1 उछाल, 2 झोंका 3 छिपाव
झंपना अ०क्रि० 1 उछलना 2 कूदना 3 झपटना 4 छिपना
झँपरी स्त्री० वह कपड़ा जो पालकी के ऊपर डाला जाता है
झँपान पुं० पहाड़ों पर सवारी के काम आनेवाली एक प्रकार की खटोली
झंपित वि० 1 ढँका हुआ 2 छिपा हुआ
झंवन स्त्री० काला पड़ जाना
झँवराना अ०क्रि० 1 कुछ काला पड़ना 2 मुरझाना
झकझक स्त्री० 1 व्यर्थ की तकरार 2 चमकदार
झकझकाहट स्त्री० चमक
झकझोरना स०क्रि० झटका देना
झकझोरा पुं० झटका, झोंका
झकझोरी स्त्री० छीना-झपटी
झकाझक वि० 1 स्वच्छ तथा उज्ज्वल 2 चमकीला
झकोरा, झकोला पुं० हवा का झोंका
झक्कड़ पुं० तेज़ आँधी
झक्का पुं० 1 हवा का तेज़ झोंका 2 तेज़ आँधी
झख स्त्री० 1 झींखना 2 मछली
झझकार स्त्री० फटकार
झझकारना स०क्रि० 1 डपटना 2 दुत्कारना
झटकारना स०क्रि० झटकना, झटका देना
झड़ाझड़ क्रि०वि० 1 लगातार 2 जल्दी-जल्दी
झणत्कार स्त्री० झनकार
झन्नावा अ०क्रि० 1 झन-झन शब्द करना 2 सिहरना
झपका पुं० झोंका
झपताल पुं० संगीत में पाँच मात्राओं का एक ताल
झपाक क्रि०वि० पलक मारते, झटपट
झपाका पुं० शीघ्रता
झपाटा पुं० चपेट
झपेटना स०क्रि० 1 सहसा आक्रमण करना 2 झपटकर छीन लेना, दबोचना
झपेटा पुं० 1 प्रेत-बाधा 2 चपेट
झबरा वि० बहुत बालोंवाला
झब्बा पुं० गुच्छा
झमकारा पुं० बौछार
झमना अ०क्रि० 1 पलकों का गिरना 2 नम्र होना, झुकना
झमाका पुं० 1 किसी प्रकार उत्पन्न होने-वाला झमझम शब्द 2 नखरा
झर स्त्री० 1 पानी का झरना 2 पानी की झड़ी 3 आग की लपट
झर्झर स्त्री० झाँझ
झल पुं० ताप
झलकी स्त्री०कोई विशेष या मुख्य नमूना, झलक
झलझलाना अ०क्रि० चमकना
झलमलाना अ०क्रि० रह-रहकर चमकना

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

झलाई स्त्री० टाँका लगाना
झल्लाना अ० क्रि० बहुत चिढ़ना
झल्लिका स्त्री० 1 शरीर पोंछने का कपड़ा 2 शरीर को मलकर पोंछने पर निकलनेवाली मैल
झल्ली स्त्री० एक प्रकार का चमड़े से मढ़ा हुआ छोटा बाजा
झष पुं० 1 मछली 2 मीन राशि
झष-केतु (केतन) पुं० कामदेव
झषराज पुं० मगर-मच्छ
झषांक पुं० कामदेव
झांप स्त्री० 1 परदा 2 टट्टी
झाँपना स० क्रि० ढँकना
झाँवर पुं० धान के लिए उपयुक्त नीची भूमि
झाँवली स्त्री० झलक
झाँसिया पुं० झाँसा देनेवाला, छली
झाऊ पुं० छोटा झाड़
झार पुं० 1 कुंज 2 झाड़ी
झाड़-झंखाड़ पुं०
झाड़-फ़ानूस पुं०
झाबा पुं० टोकरा
झाल I पुं० 1 काँसे का एक बाजा 2 टाँका II स्त्री० 1 तीतापन 2 झड़ी 3 आँच
झामक पुं० 1 जली हुई ईंट 2 झाँवा
झामर पुं० पैर में पहनने का एक प्रकार का गहना
झिपाना स० क्रि० किसी को लज्जित करना
झिरझिर क्रि० वि० धीरे-धीरे
झिरझिरा वि० पतला, झीना
झिरी, झिर्री स्त्री० छोटा छेद, दरज़
झिलँगा वि० 1 ढीले अंगोंवाला 2 झीनी बुनावटवाला
झिलमिलाना 1 अ० क्रि० रह-रह कर चमकाना स० क्रि० 1 हिलाना 2 हिलाते-हिलाते चमकाना
झिलमिली स्त्री० जाफ़री
झिल्लि स्त्री० झींगुर
झिल्लिका स्त्री० 1 झींगुर 2 झिल्ली
झींका पुं० छीका
झीना वि० बहुत पतला, महीन
झुंट पुं० झाड़ी
झुकार पुं० हवा का झोंका
झुग्गी स्त्री० झोंपड़ी
झुटपुटा पुं० थोड़ा-थोड़ा अँधेरा हो जाने का समय
झुठकाना स० क्रि० बहकाना
झुठाना स० क्रि० झूठा सिद्ध करना, झुठलाना
झुमाऊ वि० झूमनेवाला
झुरकुट वि० 1 सूखा हुआ 2 क्षीण शरीरवाला
झुरना अ० क्रि० 1 धीरे-धीरे सूखना 2 मुरझाना
झुलनी पुं० लटकनवाला मोतियों का गुच्छा
झूमक पुं० होली का एक गीत
झूमर पुं० 1 सिर का एक गहना 2 झुमका 3 स्त्रियों का सहनृत्य
झूल स्त्री० मवेशियों की पीठ पर देने का एक कपड़ा
झोंक स्त्री० झुकाव
झोंपड़पट्टी स्त्री० झोंपड़ीवालों का मुहल्ला
झोल पुं० 1 रसा, घोल 2 माँड़ 3 आँचल, पल्ला 4 अंडे-बच्चे
झोलना स० क्रि० 1 तपाना या जलाना 2 दुःखी करना
झाँड़, झौड़ स्त्री० 1 कहा-सुनी 2 हुज्जत 3 डाँट-फटकार 4 झंझट
झौरे क्रि० वि० 1 समीप 2 संग

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ट

टंकक पुं० 1 चाँदी का सिक्का, टका 2 टाइपिस्ट
टंकण पुं० 1 टाँके से जोड़ लगाने का काम 2 टाइप करना
टंकना अ० क्रि० टाँका जाना
टंक-पति पुं० टंकशाला का प्रधान अधिकारी
टंकशाला स्त्री० सिक्के ढालने का कारखाना
टंका स्त्री० 1 जाँघ 2 संपूर्ण जाति की एक रागिनी
टंकार स्त्री० 1 धनुष की टन-टन होने की आवाज़ 2 चिल्लाहट
टंकिका स्त्री० टाँकी, छेनी
टँगड़ी स्त्री० टाँग का निचला भाग
टंगड़ीबाज़ पुं० अड़ंगे लगानेवाला
टंच वि० 1 बहुत बड़ा धूर्त 2 तैयार
टंट-घंट पुं० 1 पूजा-पाठ का भारी आडंबर 2 व्यर्थ की चीज़ें
टंटा पुं० 1 झंझट 2 फ़साद
टकसाली वि० 1 खरा 2 मान्य 3 पक्का
टकही वि० टके भर का, सस्ता
टकुली स्त्री० 1 छोटा टकुआ 2 नक्काशी करनेवालों का एक औजार
टकैत वि० धनवान व्यक्ति, टकेवाला
टकोर स्त्री० 1 धनुष की डोरी खींचने से होनेवाला शब्द 2 नगाड़े पर होनेवाला आघात 3 आघात
टकोरा पुं० 1 डंके की चोट 2 आघात
टक्क पुं० 1 वाहीक जाति का आदमी 2 कंजूस व्यक्ति
टगण पुं० छः मात्राओं का एक गण
टघार पुं० 1 पिघलना 2 पिघलने पर बहनेवाली धार
टट्टरी स्त्री० 1 ढोल, नगाड़े आदि के बजने का शब्द 2 लम्बा कथन या विवरण 3 हँसी-मजाक
टनमना वि० 1 नीरोग और स्वस्थ 2 प्रसन्नचित्त
टपकेबाज़ पुं० वह जो दूसरों को मूर्ख बनाकर ठग लेता है
टपाल स्त्री० भेजी जानेवाली चिट्ठी-पत्री आदि, डाक
टमटम स्त्री० ऊँचे पहियोंवाली एक घोड़े की गाड़ी
टर स्त्री० 1 कर्कश आवाज़ 2 मेढक की आवाज़ 3 अविनीत आचरण 4 ज़िद 5 ईद के चाँद का मेला
टरकुल वि० बहुत ही साधारण
टरटराना स० क्रि० टर-टर शब्द करना
टर्रा वि० 1 ऐंठकर बातें करनेवाला 2 धृष्ट
टलमल वि० हिलता हुआ
टल्लेनवीसी स्त्री० 1 बहानेबाज़ी 2 निकम्मे काम
टल्लेबाज पुं० बहानेबाज, निकम्मा
टसक स्त्री० टीस, कसक
टसरी वि० मटमैला और पीला
टसर पुं० मोटा रेशम
टहक स्त्री० 1 टहकने की क्रिया या भाव 2 शरीर के अंगों में रह रहकर दर्द होने की अवस्था या भाव
टहकना अ० क्रि० 1 रह-रहकर शरीर के अंगों में दर्द होना 2 पिघलना 3 हक-टक शब्द करना
टहटहा वि० 1 हरा-भरा 2 ताजा
टहलनी स्त्री० 1 टहल करनेवाली दासी 2 मजदूरनी
टहलुआ पुं० सेवा करनेवाला व्यक्ति
टहूका पुं० 1 पहेली 2 हास्य रस की कोई बात

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

टहोका पुं० 1 चोट, आघात 2 झटका
टाँकी स्त्री० छेनी
टाँट स्त्री० खोपड़ी
टाँठा वि० कड़ा और नीरस
टाँड़ा पुं० 1 व्यापारी का माल 2 ढेर
टाँस स्त्री० अंग की ऐंठन और पीड़ा
टाइटिल स्त्री० 1 आवरण 2 उपाधि 3 लेख आदि का शीर्षक
टाठा वि० 1 मोटा-ताज़ा 2 विकट
टान स्त्री० 1 तनाव 2 आकर्षण 3 छापे के यंत्र में कागज पर पड़ी छाप
टानना स०क्रि० कागज पर कुछ छापना
टामन पुं० तंत्रविधि, टोटका
टार पुं० 1 घोड़ा 2 दलाल 3 ढेर
टिकठी स्त्री० 1 तिपाई 2 अरथी
टिचन वि० 1 बिल्कुल ठीक 2 तैयार
टिट्टिभी स्त्री० टिटिहरी
टिन्नाना अ०क्रि० क्रुद्ध होना
टिपकारी स्त्री० ईंटों के रद्दे की सीमेंट से भराई
टिपाई स्त्री० 1 टीपना, आँकना 2 चित्र-कला में आकृतियों आदि की आरंभिक रूपरेखा अंकित करने की क्रिया या भाव
टिप्पण पुं० नोट
टिप्पन पुं० 1 टीका 2 व्याख्या 3 जन्म-पत्री
टिप्पस स्त्री० युक्ति
टिरफिस स्त्री० 1 तुच्छ कोटि का विरोध 2 व्यर्थ का टर्रापन
टिरिकबाजी स्त्री० चालाकी
टिल्ला पुं० 1 चोट 2 धक्का
टिल्लेबाजी स्त्री० 1 निम्न कोटि की सेवा 2 निठल्लापन 3 बहानेबाज़ी
टिहुकना अ०क्रि० 1 ठिठकना 2 चौंकना
टीप स्त्री० 1 दाब 2 ईंटों की दरज़ में सीमेंट की रोहित भराई 3 सुर
टीपना स०क्रि० 1 मसलना 2 ऊँची सुर में गाना 3 दीवार की दरज़ में सीमेंट भरना
टीमटाम स्त्री० 1 ऊपरी सजावट 2 तड़क-भड़क 3 व्यर्थ का आडंबर
टुइयाँ पुं० छोटा तोता
टुकड़गदा पुं० 1 रोटी के टुकड़ों का भिखारी
टुकड़गदाई स्त्री० घर-घर टुकड़े माँगना
टुकुर-टुकुर क्रि०वि० बिना पलक गिराये
टुक्का पुं० छोटा-सा अंश
टुच्चा वि० ओछा, हेय
टुटहूँ-टूँ वि० एकदम अकेला
टुटियल वि० टूटा हुआ
टुम्मा पुं० कच्ची रसीद
टुर्रा पुं० कण, दाना
टूटदार वि० जो मोड़-माड़कर छोटी की जा सके
टूम स्त्री० 1 आभूषण 2 सजावट
टेंकी स्त्री० 1 संगीत में शुद्ध जाति का एक राग 2 एक प्रकार का नृत्य
टेंट स्त्री० धोती की मुर्री
टेंटुवा पुं० गला, घाँटी
टेकड़ी, टेकरी स्त्री० भीटा, टीला
टेकनी स्त्री० टेक लगाने की छड़ी
टेकी वि० 1 अपनी प्रतिज्ञा पर अड़ा रहनेवाला 2 ज़िद्दी
टेकुरी स्त्री० 1 सूत कातने की तकली 2 चरखे में का तकला
टेढ़ स्त्री० 1 वक्रता, टेढ़ाई
टेम स्त्री० दीप-शिखा, लौ
टेर स्त्री० 1 बुलावा 2 गाने में ऊँचा स्वर, तान 3 निर्वाह
टेरा वि० ऐंचाताना
टेरना स०क्रि० 1 बुलाना 2 तान छेड़ना 3 तै करना
टेव स्त्री० आदत

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

टेवा पुं० 1 जन्मपत्री 2 लग्नपत्री

टोंचना स०क्रि० 1 सिलाई करना 2 चुभाना 3 व्यंग्य करना

टोकारा पुं० टोकने के लिए संकेत

टोटा पुं० 1 कमी, घाटा 2 हानि

टोटका पुं० टोना

टोड़ा पुं० सहारे का ब्रैकिट

टोड़ी स्त्री० प्रातःकाल गाई जानेवाली संपूर्ण जाति की एक रागिनी

टोनहाई स्त्री० टोना करनेवाली चुड़ैल

टोल पुं० 1 पाठशाला 2 मुहल्ला 3 मंडली 4 संपूर्ण जाति का एक राग 5 सड़क का महसूल

टोह स्त्री० टटोलना, खोज

टोहना स०क्रि० 1 खोजना 2 टटोलना

टोहा-टाई स्त्री० छानबीन, खोज

टोही वि० पता लगानेवाला

ठ

ठंठार वि० 1 ठनठन गोपाल 2 ख़ाली पात्र

ठंढाई स्त्री० ऐसा पेय जिससे गरमी शांत हो जाती है

ठक I स्त्री० आघात करने का शब्द II वि० स्तब्ध

ठकठकिया पुं० हुज्जती, बखेड़िया

ठकमुर्री स्त्री० स्तब्धता

ठकुरसुहाती स्त्री० खुशामद, चापलूसी

ठकुराई, ठकुरायत स्त्री० सरदारी, स्वामित्व

ठकोरी स्त्री० सहारा लेने की छड़ी

ठक्कुर पुं० देवता, पूज्य प्रतिमा

ठगण पुं० छंदशास्त्र में पाँच मात्राओं का एक गण

ठगमूर स्त्री० वह नशीली जड़ी जिसे खिलाकर ठग पथिकों को बेहोश करके लूट लेते थे

ठगमोदक पुं० ठगों का नशीला लड्डू

ठगलीला स्त्री० ठगी, धोखाधड़ी

ठगोरी स्त्री० 1 ठगाने की विद्या 2 ठगी 3 मिथ्याभ्रम

ठट पुं० 1 चीज़ों का ढेर 2 भीड़

ठटकीला वि० सजा हुआ

ठठनि स्त्री० 1 सजावट 2 बनावट

ठठरी स्त्री० हड्डियों का ढाँचा

ठठाना स०क्रि० 1 मारना 2 खिलखिलाकर हँसना

ठटियाना स०क्रि सुसज्जित करना

ठठोली वि० हँसी दिल्लगी

ठड्डा पुं० 1 रीढ़ 2 पतंग की खड़ी कमची 3 ढाँचा

ठनका पुं० 1 आघात 2 रह-रहकर आघात पड़ने की-सी पीड़ा

ठनठन गोपाल पुं० निर्धन आदमी

ठनठनाना स०क्रि० बजाना

ठनना अ०क्रि० 1 छिड़ जाना 2 पक्का होना 3 उद्यत होना

ठमकना अ०क्रि० ठहरना

ठमकाना स०क्रि० ठहराना

ठरना अ०क्रि० 1 सरदी के कारण ठिठुरना 2 ठंढा होना

ठरमरुआ वि० (फ़सल) जिसे पाला मार गया हो

ठर्रा पुं० 1 देसी घटिया शराब 2 मोटा सूत

ठलुवा वि० निठल्ला

ठवन स्त्री० 1 मुद्रा 2 अंदाज, नखरा

ठस वि० 1 बहुत ठोस 2 (सूत) घना 3 दृढ़ 4 डटा हुआ

ठसक स्त्री० 1 टीस, पीड़ा 2 नखरा 3 अभिमान

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ठस्सा पुं० खाँसी का

ठाँठ वि० 1 सूखा 2 वह भैंस जो दूध देना बंद कर दे

ठाँव पुं० 1 स्थान 2 ठिकाना

ठाँसना स०क्रि० ठूँसकर भरना

ठाठना स०क्रि० 1 ठाठ खड़ा करना या बनाना 2 सजाना

ठाढ़ा वि० 1 जो सीधा खड़ा हो 2 जो अपने मूलरूप में स्थित हो 3 अनाज जो पीसा न गया हो, बल्कि ज्यों का त्यों अपने मूल रूप में हो 4 हृष्ट-पुष्ट 5 जो सामने आकर प्रस्तुत हुआ हो

ठानना स०क्रि० 1 कोई काम तत्परता और दृढ़तापूर्वक शुरू करना 2 कोई कार्य करने के लिए संकल्प करना 3 पक्का करना

ठार वि० वहुत अधिक ठंढा

ठाला वि० निकम्मा, वेकार

ठालिनी स्त्री० करधनी

ठावण पुं० ठिकाना

ठहरूपक पुं० सात मात्राओं का मृदंग का एक ताल जो आड़ा-चौताल से मिलता-जुलता है।

ठिगना वि० छोटे क़दवाला

ठिठक स्त्री० संकोच

ठिठकना अ०क्रि० 1 चलते-चलते रुकना 2 झिझकना

ठिया पुं० अड्डा

ठिलिया स्त्री० पानी रखने की मिट्टी की गगरी

ठिहारी स्त्री० 1 ठहराव 2 निश्चय 3 विश्वास

ठीकापत्र पुं० वह लेख्य जिसमें किसी के ठीके की शर्तें लिखी हों

ठीठी स्त्री० हँसी

ठुनकना अ०क्रि० नखरा करना

ठुमकना अ०क्रि० बच्चों की तरह पैर पटकते चलना

ठुमका पुं० झटका

ठुमरी स्त्री० 1 एक प्रकार का चलता गाना जिसमें एक स्थाई और एक अंतरा होता है

ठूँठा वि० विना डाली पत्ती का (पेड़)

ठेंगा पुं० अँगूठा

ठेकी स्त्री० 1 सहारा 2 थूनी

ठेप स्त्री० सोने-चाँदी का ऐसा टुकड़ा जो अंटी में आ सके

ठेपी स्त्री० डाट, काग

ठेलना स०क्रि० ढकेलना

ठेसना अ०क्रि० सहारा लेना

ठोंग, ठोंठ स्त्री० 1 चोंच 2 चोंच की मार

ठोंगना स०क्रि० 1 चोंच मारना 2 उँगली की नोक से चोट करना

ठोट वि० 1 तत्वहीन 2 मूर्ख

ठोढ़ी-तारा पुं० स्त्री की ठुड्डी पर का गोदना

ठोसा पुं० 1 व्यंग्य 2 ठेंगा

ठौर पुं० ठिकाना

ड

डंका पुं० एक प्रकार का बड़ा सा डफ, नगाड़ा

डंकिनी-बंदोबस्त पुं० स्थायी व्यवस्था (दवामी) बन्दोबस्त

डंकी स्त्री० कुश्ती का एक दाँव

डंग पुं० अधपका, छुहारा

डंगू ज्वर पुं० एक तरह का ज्वर जिसमें शरीर जकड़-सा जाता है

डंड-पेल पुं० डंड करनेवाला पहलवान

डंडाल पुं० नगाड़ा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

डंडीमार वि० कम तोलनेवाला

डंबर पुं० 1 आडंबर 2 विस्तार

डंस पुं० 1 एक बड़ा मच्छर 2 डंक

डऊ वि०लंबा-चौड़ा तथा हृष्ट-पुष्ट व्यक्ति

डकौत पुं० भड्डरी

डग पुं० क़दम

डगण पुं० पिंगल में चार मात्राओं का एक गण

डगर स्त्री० रास्ता

डगर-बगर स्त्री० राह-कुराह

डट्टा पुं०1 हुक्के का नेचा 2 काग, डाट

डढ़ारा वि० 1 डाढ़वाला 2 लंबी डाढ़ीवाला

डप्पू वि० 1 बहुत बड़ा 2 बहुत मोटा

डफाली पुं० डफ बजानेवाला

डबकौंहा वि० डबडबाया हुआ

डबरा पुं० गंदे पानी का छिछला लंबा गड्ढा

डभका पुं० 1 कुछ-कुछ भूना हुआ चना, मटर आदि 2 कुएँ से ताजा निकला हुआ पानी

डमर पुं०1 दो गाँवों के बीच में होनेवाली लड़ाई 2 उपद्रव 3 हलचल 4 भगदड़

डमरुआ पुं० घोघा नामक रोग

डमरुका स्त्री० हाथ की एक तरह की तांत्रिक मुद्रा

डमरुमध्य पुं० धरती का तंग भाग जो दो बड़े भूखंडों को मिलाता हो

डयन पुं० 1 हवा में उड़ना

डली स्त्री० छोटा टुकड़ा

डहकना स०क्रि० 1 ठगना 2 ललचाकर वस्तु न देना

डहडहा वि० 1 हराभरा 2 ताज़ा 3 प्रफुल्लित

डहडहाना अ०क्रि० 1 लहलहाना 2 आनंदित होना

डहना अ०क्रि० 1 जलना 2 चिढ़ना

डाँगर I वि० 1 दुबला-पतला 2 बेवकूफ II पुं० मवेशी

डाँड़ना स०क्रि० दंड देना

डाँड़र पुं० बाजरे की फसल कट जाने पर खेत में बची रह जानेवाली उसकी खूंटी

डांस पुं० 1 डंक 2 डंकवाली मक्खी

डाकना स०क्रि० फाँदना

डाकिनी स्त्री० डाइन, चुड़ैल

डाढ़ा पुं० 1 दावानल 2 अग्नि 3 जलन

डाबर-नैनी वि० बड़ी-बड़ी और सुंदर आँखोंवाली स्त्री

डाभ पुं० 1 कुशा 2 कच्चा नारियल

डामर पुं०1 आडंबर 2 ठाठ-बाट 3 हलचल 4 राल 5 गाढ़ा तारकोल

डायँ-डायँ क्रि०वि० बिना मतलब इधर से उधर

डासन पुं०1 चटाई या आसन 2 बिछौना 3 शय्या

डासनी स्त्री० चारपाई

डिगर पुं०1 मोटा आदमी 2 नीच प्रकृति का आदमी

डिंगल स्त्री०राजस्थान में भाटों की भाषा

डिंडिभ पुं० पानी का साँप

डिंब पुं० 1 पुकार 2 दंगा 3 कोलाहल 4 कच्चा मार्ग

डिंब-युद्ध पुं० लोगों में होनेवाली आपसी मारपीट

डिंबाशय स्त्री० गर्भाशय

डिंबिका स्त्री० 1 मदमाती औरत 2 श्योनाक

डिंभ पुं० 1 छोटा बच्चा 2 कीड़े-मकोड़ों का आरंभिक रूप

डिंभक पुं० छोटा बच्चा

डिंभचक्र पुं० एक प्रकार का तांत्रिक चक्र जिसकी सहायता से शुभाशुभ फल जाने जाते हैं

डिंभिया वि० 1 पाखंडी 2 घमंडी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

डिक्की स्त्री० 1 सींगों से आघात 2 आक्रमण 3 वार

डिगना अ०क्रि० 1 डोलना 2 स्थिर न रहना 3 विचलित होना

डिग्गी स्त्री० पोखरा

डिडिका स्त्री० एक रोग जिसमें युवावस्था में ही सिर के बाल सफेद होने लगते हैं

डिम पुं० एक प्रकार का नाटक जिसमें इन्द्रजाल, क्रोध, लड़ाई आदि के दृश्य होते हैं

डिल्ला पुं० एक प्रकार का छंद जिसके प्रत्येक चरण में 16 मात्राएँ और अंत में भगण होता है

डीक स्त्री० आँखों का जाला नामक रोग

डीनक वि० उड़नेवाला

डीह पुं० 1 आबादी 2 छोटा गाँव 3 टीला

डीहदारी स्त्री० जमींदारों का हक़ जिससे वे अपनी ज़मीन बेच डालते थे

डुकियाना स०क्रि० 1 घूँसे मारना 2 खूब मारना

डूंगर पुं० 1 टीला 2 पहाड़ी

डूंगा पुं० 1 चम्मच 2 एक ही काठ में से खोदकर बनाई हुई नाव 3 गोले के रूप में लपेटा हुआ रस्सा

डेला पुं० आँख में का वह सफेद उभरा हुआ भाग जिसमें पुतली रहती है

डैना पुं० बड़ा पंख

डोंगर पुं० पहाड़ी

डोंगी स्त्री० छोटी नाव

डोईफोड़िया पुं० 1 एक प्रकार के साधु जो अपनी बात मनवाने के लिए पत्थर पर सिर तक पटकने लगते हैं 2 बहुत बड़ा दुराग्रही

डोका पुं० तेल, उबटन आदि रखने का लकड़ी का बना हुआ कटोरा

डोभरी स्त्री० अंकुर

डोरक पुं० डोरा, तागा

डोरिया पुं० एक प्रकार का धारीवाला सूती कपड़ा

डौल पुं० 1 आकार 2 बनावट 3 ब्योंत 4 रंग-रूप

डौलदार वि० सुडौल, सुंदर

ढ

ढंगी वि० 1 ठीक ढंग से कार्य करनेवाला 2 बहुत बड़ा चालबाज

ढँढोलना स०क्रि० टटोलकर खोजना

ढकोसना स०क्रि० एकबारगी पी जाना

ढकोसला पुं० पाखंड, आडंबर

ढक्का स्त्री० 1 बड़ा ढोल 2 नगाड़ा

ढगण पुं० पिंगल में तीन मात्राओं का एक गण

ढटींगड़ वि० बड़े डील-डौलवाला 2 खूब मोटा-ताजा

ढट्ठी स्त्री० दाढ़ी बाँधने के लिए कपड़े की चौड़ी पट्टी

ढड्ढो स्त्री० 1 बुड्ढी स्त्री 2 बकवादिन स्त्री

ढप्पू वि०बहुत बड़ा, परन्तु प्रायः निकम्मा

ढब पुं० 1 तरीका 2 रचना 3 उपाय

ढरका पुं० आँख से पानी बहने का रोग

ढरकी स्त्री० जुलाहों का शटल

ढरारा वि० 1 किसी ओर बहनेवाला 2 जल्दी इधर-उधर लुढ़कनेवाला

ढर्रा पुं० 1 मार्ग 2 ढंग, पद्धति

ढलका पुं० आँख से बराबर पानी गिरते रहने का रोग

ढलकाना स०क्रि० 1 नीचे गिराना 2 लुढ़काना

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ढहना अ०क्रि० 1 गिर पड़ना 2 ध्वस्त होना

ढाटा पुं० डाढ़ी बाँधने की पट्टी

ढाढ़ी पुं०गाने-बजाने वालों की एक जाति

ढाबा पुं० रोटी आदि की दुकान

ढार पुं० 1 रास्ता 2 प्रकार 3 ढांचा

ढासना पुं० सहारा, तकिया

ढिग I क्रि०वि० नजदीक **II** स्त्री० 1 सामीप्य 2 सिरा

ढिमका वि० फ़लाना

ढिल्लड़ वि० शिथिलतापूर्वक कार्य करनेवाला

ढीम पुं०1 पत्थर का बड़ा टुकड़ा 2 मिट्टी आदि का बड़ा ढेला

ढीह, ढीहा पुं० टीला

ढुकना अ०क्रि० 1 अंदर प्रवेश करना 2 विशेषत: सिर झुकाकर प्रवेश करना 3 किसी के समीप पहुँचना

ढुलकाना स०क्रि० लुढ़काना

ढुलमुल वि० ढीला, शिथिल

ढेंढर पुं० एक रोग जिसमें आँख के डेले पर मांस निकल आता है

ढेढ़ी स्त्री० कान में पहनने का एक गहना

ढैया पुं० ढाई किलो या सेर

ढोल-ढमक्का पुं० 1 ढोल और उसके साथ बजनेवाले कई तरह के बाजे 2 व्यर्थ का बहुत बड़ा आडंबर

ढोली स्त्री० पान की गड्डी

ढौंका पुं० बड़ा पत्थर

ढौंचा पुं० साढ़े चार का पहाड़ा

त

तंगदस्त वि० 1 कृपण 2 धनहीन

तंगनज़री स्त्री० 1 दृष्टि की संकीर्णता 2 अनुदारता

तंगहाल वि० 1 संकट में पड़ा हुआ 2 आर्थिक संकट में पड़ा हुआ

तंज़ेब स्त्री० एक प्रकार का बढ़िया महीन कपड़ा

तंडुरीण पुं० चावल की धोवन

तंडुलोदक पुं० चावल का पानी

तंति स्त्री० 1 डोरी 2 पंक्ति 3 विस्तार

तंतु पुं० 1 डोरा, सूत 2 ताँत 3 मकड़ी का जाला

तंतुजाल पुं०जाल के रूप में फैली हुई नसें

तंतुवाय पुं० 1 कपड़े बुननेवाला

तंतुशाला स्त्री० 1 डोरा बनाने का स्थान 2 कपड़ा बुनने का स्थान

तंत्र पुं० 1 पद्धति 2 शासन, प्रणाली 3 राज्य 4 झाड़-फूंक, टोना

तंत्रण पुं०1 अपने शासन में रखना 2 तंत्र के अनुसार चलाना

तंत्रता स्त्री० व्यवस्था

तंत्रयुक्ति स्त्री० किसी विषय का अर्थ समझने की युक्ति

तंत्रसंस्था स्त्री० वह संस्था जो शासन करती हो, सरकार

तंत्रस्कंद पुं० ग्रहों की गति आदि का ज्योतिषशास्त्र

तंत्रस्थिति स्त्री० शासन प्रणाली

तंत्री स्त्री० तारवाला बाजा

तंदेही स्त्री० 1 तल्लीनता 2 तन-मन लगाना 3 परिश्रम

तंद्रा स्त्री० 1 थकान 2 ऊँघाई

तंद्रालस पुं० तंद्रा के फलस्वरूप होनेवाली शिथिलता

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तंद्रालु वि० तंद्रा में पड़ा हुआ
तंद्रित वि० अलसाया हुआ
तंद्रिता स्त्री० तंद्रा में होने का भाव
तंद्रिल वि० तंद्रालु
तंबीह स्त्री० 1 चेतावनी, शिक्षा 2 सजा
तंबूरची पुं० तंबूरा बजानेवाला
तंभावती स्त्री० रात्रि के दूसरे पहर में गाई जानेवाली संपूर्ण जाति की एक रागिनी
तअज्जुब पुं० आश्चर्य
तअम्मुल पुं० सोच-विचार
तअल्लुक़ा पुं० बहुत से गाँव का इलाक़ा
तअस्सुब पुं० धार्मिक पक्षपात
तई स्त्री० थाली जैसा छोटा तवा
तक़दीरवर वि० भाग्यवान्
तकबीर स्त्री० ईश्वर की प्रशंसा
तकब्बुर पुं० अभिमान
तकमील स्त्री० पूर्णता, समाप्ति
तकरार स्त्री० 1 कहा-सुनी 2 साधारण झगड़ा या लड़ाई
तक़रीब स्त्री० उत्सव, समारोह
तकरीर स्त्री० भाषण
तकरीरी वि० मौखिक
तकररी स्त्री० नियुक्ति
तकल्लुफ़ पुं० 1 शिष्टाचार 2 औपचारिकता
तक़सीम स्त्री० 1 बाँटने का काम 2 (गणित में) भाग देना
तक़सीर स्त्री० 1 अपराध 2 चूक
तकावी स्त्री० किसान को कृषि का सामान लेने के लिए दिया जानेवाला ऋण
तकिया पुं० फ़कीर का डेरा
तक्मा स्त्री० बसंत या शीतला नामक रोग
तक्र स्त्री० छाछ
तक्र-पिंड पुं० छेना
तक्र-प्रमेह पुं० एक रोग जिसमें मूत्र छाछ की तरह गाढ़ा और सफ़ेद होता है
तक्र-सार पुं० मक्खन
तक्षण पुं० 1 लकड़ी काटकर ठीक और सुडौल करने का काम 2 पत्थर, लकड़ी आदि में मूर्तियाँ बनाने का काम
तक्षणी स्त्री० रंदा
तक्षा पुं० बढ़ई
तख़फ़ीफ़ स्त्री० 1 हल्का 2 कमी
तख़मीनह क्रि०वि० अंदाज से, अनुमानतः
तख़ल्लुस पुं० उपनाम, कविनाम
तख़ैयुल पुं० कल्पना
तख़्त पुं० राजसिंहासन
तख़्तगाह स्त्री० राजधानी
तख़्त-नशीनी स्त्री० राजसिंहासन पर बैठना
तगण पुं० दो गुरु और फिर एक मात्रा का गण (ऽऽ।)
तगार पुं० चूने-गारे के लिए हौदी
तचना अ०क्रि० 1 तप्त होना 2 कुढ़ना
तचाना स०क्रि० 1 तपाना 2 बहुत अधिक मानसिक कष्ट देना
तजकिरा पुं० चर्चा
तजना स०क्रि० त्याग देना
तजम्मुल पुं० 1 सजावट 2 शान-शौकत
तजरबा पुं० 1 अनुभव 2 परीक्षण
तजरबाकार पुं० अनुभवी
तजवीज स्त्री० 1 सम्मति 2 तरकीब
तज्जन्य, तज्जनित वि० उसके द्वारा उत्पन्न
तज्जातीय वि० उस जाति का
तटक पुं० नदी आदि का किनारा
तटवर्ती वि० तट के पास होनेवाला
तटस्थ वि० दोनों दलों से अलग और दूर रहनेवाला
तटिनी स्त्री० नदी
तड़ पुं० 1 थप्पड़ 2 गुट
तड़ाग पुं० तालाब
तड़ागी स्त्री० करधनी
तड़ित स्त्री० बादलों की बिजली
तड़ित्गर्भ पुं० बादल
तड़िद्दाम स०क्रि० बिजली कौंधने की रेखा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तड़िन्मय वि० कौंधवाला

तड़िल्लेखा स्त्री० बिजली की रेखा

तड़ी स्त्री० 1 चपत 2 छल

ततारना क्रि०वि० गरम जल से धोना

तति स्त्री० विस्तार

ततैया स्त्री० भिड़, बर्रे

ततोधिक वि० 1 उससे अधिक 2 उससे बढ़कर

तत्क्षण अव्य० उसी क्षण

तत्तिम्मा पुं० 1 परिशिष्ट 2 क्रोड़पत्र

तत्त्वज्ञ पुं० 1 तत्त्वज्ञानी 2 दार्शनिक

तत्त्वज्ञान पुं०आत्मा, परमात्मा तथा उसकी सृष्टि के संबंध में होनेवाला ज्ञान

तत्त्वत: अव्य० मूल गुण के विचार से

तत्त्वता स्त्री० वास्तविकता

तत्त्वदर्शी पुं० 1 तत्त्वज्ञानी 2 दार्शनिक

तत्त्वदृष्टि स्त्री० 1 बात के मूल तक पहुँचनेवाली दृष्टि 2 दिव्य दृष्टि

तत्त्वभाव पुं० स्वभाव, मूल प्रकृति

तत्त्वभाषी पुं० यथार्थ या सच्ची बात कहनेवाला

तत्त्ववाद पुं०1 दर्शनशास्त्र संबंधी विचार 2 दार्शनिक विचार-प्रणाली

तत्त्वविद् पुं० तत्त्वज्ञ

तत्त्ववेत्ता पुं० 1 जिसे तत्त्व का ज्ञान हो 2 दर्शनशास्त्री

तत्त्वावधान पुं० देखरेख

तत्पद पुं० परमपद

तत्परता स्त्री० होशियारी

तत्पश्चात् क्रि०वि० उसके बाद

तत्प्रतिरूपक-व्यवहार पुं०खालिस वस्तुओं में मिलावट करने का अतिचार

तत्रत्य वि० वहाँ रहनेवाला

तत्रभवान् पुं० माननीय, आप

तत्सम पुं०मूल भाषा में शब्द का शुद्ध रूप

तत्सामयिक वि० उस समय का

तथागत पुं० भगवान बुद्ध

तथैव क्रि०वि० वैसा ही

तथोक्त वि० उस प्रकार कहा हुआ

तथ्य पुं० 1 सत्यता 2 वास्तविकता 3 वास्तविक घटना

तथ्यत: क्रि०वि० वस्तुत:

तथ्यभाषी वि० तथ्यपूर्ण और वास्तविक बात कहनेवाला

तदनंतर अव्य० उसके उपरान्त

तदनन्यत्व पुं० कार्य और कारण में होने-वाली एकता

तदनुसार क्रि०वि०1 उसके पीछे 2 उसके अनुसार 3 उसी तरह

तदबीर स्त्री० उपाय

तदर्थ समिति स्त्री० किसी विशिष्ट कार्य के संपादन के लिए बनी हुई समिति

तदर्थीय वि० वैसा अर्थ रखनेवाला

तदारुक पुं० 1 पूर्वोपाय 2 जांच 3 सज़ा

तदीय सर्व० 1 उसका 2 उससे संबंधित

तद्गत वि० उसके अंतर्गत

तद्गुण पुं०एक अलंकार जिसमें एक वस्तु के अपने समीप की वस्तु का कोई गुण ग्रहण करने का वर्णन होता है

तद्धन पुं० कृपण

तद्धित पुं० क्रिया से भिन्न शब्दों में जुड़ने-वाला प्रत्यय

तद्भव पुं० किसी भाषा से विकसित शब्द

तद्रूपता स्त्री० तद्रूप होने की अवस्था या भाव

तद्वत् वि० उसके समान

तनक स्त्री० एक रागिनी जिसे कोई-कोई मेघ राग की रागिनी मानते हैं

तनक़ीद स्त्री० 1 आलोचना 2 पहचान

तनक़ीह स्त्री० 1 पूछताछ 2 न्यायालय में किसी उपस्थित अभियोग के संबंध में विचारणीय और विवादास्पद विषयों को ढूंढ़ निकालना

तनज़ेब स्त्री० महीन चिकनी मलमल

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तन-तनहा क्रि०वि० केवल अपना शरीर लेकर

तनतना पुं० 1 दबदबा 2 आतंक

तनपोषक वि० अपने ही शरीर का ध्यान रखनेवाला

तनय पुं० बेटा

तनया स्त्री० बेटी

तनहा वि० अकेला

तनहाई स्त्री० 1 अकेलापन 2 एकान्त

तनाज़ा पुं० 1 झगड़ा 2 शत्रुता

तनासुख़ पुं० आवागमन

तनिमा स्त्री० 1 शारीरिक कृशता 2 सुकुमारता

तनिष्ठ वि० दुबला-पतला

तनु वि० 1 दुबला-पतला 2 थोड़ा 3 छिछला

तनु-कूप पुं० त्वचा में होनेवाला सूक्ष्म छेद

तनुकेशी स्त्री० सुंदर बालोंवाली स्त्री

तनुच्छद पुं० 1 कवच 2 वस्त्र

तनुज पुं० 1 बेटा 2 रोआँ 3 जन्म-कुंडली में लग्न से पाँचवाँ स्थान जहाँ से पुत्र भाव देखा जाता है

तनुता स्त्री० 1 दुबलापन 2 सुकुमारता 3 छोटाई 4 तुच्छता 5 अल्पता 6 लघुता 7 छिछलापन

तनु-ताप पुं० शारीरिक ताप या कष्ट

तनु-त्राण पुं० शरीर की रक्षा

तनु-त्वच् वि० पतली त्वचावाला

तनु-पात पुं० शरीर त्याग

तनु-भूमि स्त्री० बौद्ध श्रावकों के जीवन की एक अवस्था

तनुभृत वि० देहधारी

तनुमध्य वि० पतली कमरवाला

तनुमध्या स्त्री० एक वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण में क्रमशः एक-एक तगण (ऽऽ।) और एक-एक यगण (।ऽऽ) होता है

तनुरुह पुं० 1 रोआँ 2 पंख

तनुल वि० फैलाया हुआ

तनुवात पुं० 1 वह स्थान जहाँ हवा बहुत कम हो

तनु-संचारिणी स्त्री० 1 युवती 2 दस वर्ष की बालिका

तनूकरण पुं० पतला करना

तन्मनस्क वि० तल्लीन

तन्मय वि० तल्लीन, मग्न

तन्मयता स्त्री० तल्लीनता

तन्मयासक्ति स्त्री० भगवान में तल्लीन हो जाना

तन्मात्र I वि० बहुत थोड़ी मात्रा का II पुं० पंचभूतों का मूल सूक्ष्म रूप

तन्य वि० 1 जो ताना जा सके 2 जो पीटकर बढ़ाया जा सके

तन्वंगी वि० सुकुमार अंगोंवाली

तन्वी वि० दुबले-पतले शरीरवाली

तपःकर पुं० तपस्वी

तपःकृश वि० तपस्या के फलस्वरूप कमज़ोर

तपःपूत वि० जो तपस्या के द्वारा पवित्र हो

तपःसाध्य वि० तपस्या द्वारा सिद्ध होने योग्य

तपनमणि पुं० सूर्यकांत मणि

तपनांशु पुं० सूर्य की किरण

तपनोपल पुं० सूर्यकांत मणि

तपश्चरण पुं० तपस्या

तपश्चर्या स्त्री० तपस्या

तपसी पुं० तपस्वी

तपस्वत् पुं० तपस्वी

तपस्विता स्त्री० तपस्वी

तपाक पुं० 1 जोश 2 व्यावहारिक उत्साह और प्रेम

तपानल पुं० तपस्या करने के फलस्वरूप प्राप्त होनेवाला तेज

तपिश स्त्री० ताप, गरमी

तपी पुं० तपस्वी

तपुरग्र वि० जिसका अगला भाग तपाया हुआ हो

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तपोज त्रि० 1 तप के प्रभाव से उत्पन्न 2 अग्नि से उत्पन्न

तपोधन पुं० तप ही जिसका धन है, तपस्वी

तपोधाम पुं० तपस्या करने का स्थान

तपोनिधि पुं० बहुत बड़ा तपस्वी

तपोनिष्ठ त्रि० तपस्या में लगा रहनेवाला

तमोमूर्ति पुं० 1 परमेश्वर 2 तपस्वी

तपोराशि पुं० बहुत बड़ा तपस्वी

तपोवृद्ध त्रि० तपस्या में बढ़ा-चढ़ा

तपोव्रत पुं० 1 तपस्या-संबंधी व्रत 2 तपस्या का व्रत लेनेवाला

तप्त त्रि० 1 तपाया हुआ 2 खूब तपस्या करनेवाला

तप्तकुंड पुं० गरम पानी का जलाशय

तप्तकृच्छ्र पुं० एक व्रत जिसमें बराबर तीन दिन तक गरम दूध, गरम पानी तथा गरम घी पिया जाता है

तप्तमुद्रा पुं० धातु के गरम ठप्पे से शरीर पर लगा दाग़

तप्तायनी स्त्री० दुःखी प्राणियों का निवास-स्थान, पृथ्वी

तप्य त्रि० 1 तापने योग्य 2 तप करने-वाला

तफ़ज्जुल पुं० बड़प्पन

तफ़तीश स्त्री० पूछ ताछ, जाँच

तफ़रका पुं० वैर-विरोध मूलक अन्तर

तफ़रीक स्त्री० 1 भिन्नता 2 बाकी निकालना 3 अलग होने की अवस्था या भाव

तफ़रीह स्त्री० हास-परिहास

तफ़रीहन अव्य० मन बहलाने के निमित्त, हँसी-दिल्लगी के लिए

तफ़सीर स्त्री० व्याख्या, टीका

तफ़सील स्त्री० 1 विस्तृत वर्णन 2 विवरण 3 ब्योरेवार बनाई हुई तालिका

तफ़ावत पुं० 1 अन्तर 2 फ़ासला 3 वैर-विरोध आदि के कारण आपस में होने-वाला अन्तर

तबका पुं० 1 भूभाग 2 खंड 3 वर्ग

तबदीली स्त्री० 1 परिवर्तन 2 स्थानांतरण

तबर्रा पुं० 1 नफ़रत 2 दुर्वचन

तबलीग स्त्री० धर्म प्रचार

तबस्सुम पुं० मधुर तथा हल्की हँसी

तबाबत स्त्री० चिकित्सक का काम या पेशा

तबासीर पुं० बंसलोचन

तबीअतदार त्रि० 1 मिलनसार 2 भावुक

तबीब पुं० चिकित्सक, हकीम

तबेला पुं० घुड़साल

तमःप्रवेश पुं० अंधकारपूर्ण स्थिति में प्रवेश

तम पुं० 1 अंधकार 2 कालिमा 3 पाप 4 अज्ञान

तमक स्त्री० जोश

तमकाना अ० क्रि० 1 जोश में आना 2 क्रोध दिखाना 3 क्रोध के कारण चेहरा लाल होना

तमच्छन्न त्रि० अंधकारमय

तमजित् त्रि० अंधकार को जीतनेवाला

तमता स्त्री० 1 अँधेरा 2 कालापन

तमद्दुन पुं० सभ्यता

तमस् पुं० 1 अंधकार 2 अज्ञान

तमस्कांड पुं० घोर अंधकार

तमस्वती स्त्री० अँधेरी रात

तमस्विनी स्त्री० अँधेरी रात

तमस्वी त्रि० अंधकारपूर्ण

तमस्सुक पुं० 1 ऋणपत्र 2 कोई विधिक लेख्य

तमहर पुं० अंधकार दूर करनेवाला

तमहीद स्त्री० 1 प्राक्कथन 2 भूमिका

तमिस्र पुं० 1 अंधकार 2 अज्ञान

तमिस्र-पक्ष पुं० कृष्ण पक्ष

तमिस्रा स्त्री० अँधेरी रात

तमीचर त्रि० अंधकार में चलनेवाला

तमोऽन्ध त्रि० अज्ञानी

तमोघ्न त्रि० अंधकार नाश करनेवाला

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तमोमय वि० 1 अंधकारपूर्ण 2 तमोगुणी 3 अज्ञानी
तमोविकार पुं० तमोगुण की अधिकता के कारण होनेवाला विकार
तरंगायित वि० 1 तरंगोंवाला 2 तरंगों की तरह झूमता हुआ
तरंगिक स्त्री० लहरी
तरंगिणि वि० जिसमें लहरें उठती हों, नदी
तरंगित वि० 1 जिसमें लहरें उठ रही हों 2 (हृदय) उमंग से प्रफुल्लित
तरकश पुं० तीर रखने का चोंगा, माथा
तरछा पुं० गोबर इकट्ठा करने का स्थान
तरजना अ० क्रि० 1 डाँटना 2 मना करना
तरजीह स्त्री० प्राथमिकता, वरीयता
तरजुमा पुं० अनुवाद
तरजुमान पुं० प्रवक्ता
तरणि पुं० 1 सूर्य 2 सूर्य की किरण
तरणिसुत पुं० 1 यम 2 शनि
तरणिसुता स्त्री० यमुना
तरदीद स्त्री० खंडन
तरद्दुद पुं० 1 चिंता 2 झंझट
तरनी स्त्री० नाव
तर-बतर वि० बहुत अधिक भींगा हुआ
तरबियत स्त्री० 1 पालन-पोषण 2 देख-रेख 3 शिक्षा
तरमाची स्त्री० बैलों के जुए में नीचे लगी हुई लकड़ी
तरमानी स्त्री० जोती हुई भूमि में होनेवाली तरी
तरमीम स्त्री० 1 सुधार 2 संशोधन
तरल-नयन पुं० एक तरह का वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण में चार नगण होते हैं
तरल-भाव पुं० 1 तरलता 2 चंचलता
तरलायित वि० लहर की तरह काँपता हुआ
तरलित वि० 1 तरल बनाया हुआ 2 पसीजता हुआ
तरस्वान् वि० 1 तेज़ 2 वेगवान् 3 बहादुर
तरस्वी वि० 1 दृढ़ 2 वेगवान्
तरांधु पुं० एक तरह की चौड़े पेंदेवाली नाव
तराना पुं० अच्छे ढंग से गाया जानेवाला सुंदर गीत
तरारा पुं० 1 उछाल 2 किसी वस्तु पर गिराई जानेवाली पानी की पतली धार
तराश स्त्री० 1 काटना 2 काट-छाँट 3 बनावट, रूप-सज्जा
तराश-खराश स्त्री० काँट-छाँट
तराशना अ० क्रि० 1 टुकड़े करना, काटना 2 कतरना
तरि स्त्री० नाव
तरिता स्त्री० तर्जनी उँगली
तरित्री स्त्री० नौका
तरी स्त्री० नौका
तरीक़त स्त्री० आत्मशुद्धि
तरुण वि० 1 नवयुवक 2 नवीन
तरुण-ज्वर पुं० ऐसा ज्वर जो सात दिन के बाद भी चल रहा हो
तरुणता स्त्री० तरुणाई
तरुणास्थि स्त्री० पतली लचीली हड्डी
तरेरना स० क्रि० रोषपूर्वक तिरछी आँखों से घूरना
तरेरा पुं० 1 लगातार डाली जानेवाली पानी की धार 2 जलधारा का आघात
तरौना पुं० कान का एक गहना
तर्कक वि० तर्क करनेवाला
तर्कण पुं० तर्क या बहस करना
तर्कणा स्त्री० 1 विचारण 2 युक्ति, दलील
तर्क-मुद्रा स्त्री० तांत्रिक उपासना में एक प्रकार की शारीरिक मुद्रा
तर्क-संगत वि० युक्ति-युक्त
तर्क-सिद्ध वि० जो तर्क की दृष्टि से बिल्कुल ठीक हो
तर्काभास पुं० ऐसा तर्क जो ऊपर से देखने

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पर ठीक-सा जान पड़ता हो परन्तु जो वास्तव में ठीक न हो

तर्कित वि० तर्क किया हुआ

तर्की पुं० वह जो प्रायः तर्क करता रहता हो

तर्कु पुं० तकला

तर्क्य वि० 1 जिसके संबंध में तर्क किया जा सके 2 विचारणीय

तर्ज़ पुं० 1 ढंग 2 प्रणाली 3 आकार-प्रकार

तर्जन पुं० 1 धमकाना 2 डाँट

तर्जुमा पुं० भाषांतर, अनुवाद

तर्पण पुं० 1 तृप्त करना 2 देवताओं, पितरों आदि को तृप्त करने के लिए जलदान

तर्पणी वि० तृप्ति देनेवाली

तर्पणीय वि० 1 जिसका तर्पण करना आवश्यक हो 2 जिसका तर्पण किया जा सकता हो

तर्पणेच्छु वि० जिसे तर्पण करने की इच्छा हो

तर्पित वि० 1 तृप्त 2 जिसका तर्पण हुआ हो

तर्पी पुं० तर्पण करनेवाला

तर्राना पुं० सुरीला गाना

तर्ष पुं० तृष्णा

तर्षण पुं० 1 पिपासा 2 अभिलाषा

तर्षित वि० 1 प्यासा 2 अभिलाषा करनेवाला

तलख़ वि० 1 कड़ुआ 2 प्रचंड

तलख़ी स्त्री० 1 कड़ुआपन 2 चिड़चिड़ापन

तल-पट पुं० आय-व्यय फलक

तलफ़ी स्त्री० 1 नाश 2 नुक़सान

तलफ़्फ़ुज़ पुं० उच्चारण

तलब स्त्री० 1 तलाश 2 माँग 3 बुलावा

तलबगार वि० माँगनेवाला

तलबाना पुं० गवाहों को कचहरी में बुलाने के लिए अदालत में जमा किया जानेवाला व्यय

तलबी स्त्री० 1 माँग 2 बुलाहट

तलफ़ी स्त्री० क्षतिपूर्ति

तलेटी स्त्री० 1 पेंदी 2 पहाड़ की तलहटी

तलोदर वि० तोंदवाला

तलोदरी स्त्री० भार्या

तल्प पुं० 1 पलंग 3 बिछौना 3 अटारी

तल्लीन वि० दत्तचित्त

तवज्जह स्त्री० ध्यान

तशख़ीस स्त्री० जाँच-पड़ताल

तशद्दुद पुं० 1 आक्रमण 2 अत्याचार, उत्पीड़न

तशफ़्फ़ी स्त्री० ढाढ़स

तशवीश स्त्री० चिंता

तष्ट वि० 1 छीला हुआ 2 पीटा हुआ

तसकीन स्त्री० सांत्वना

तसदीक़ स्त्री० 1 सत्यता 2 समर्थन 3 गवाही

तसद्दुक़ पुं० न्योछावर

तसनीफ़ स्त्री० साहित्यिक रचना

तसफ़ीया पुं० 1 फैसला 2 समझौता

तसलीम स्त्री० 1 अंगीकार 2 आज्ञा-पालन

तसव्वुर पुं० कल्पना

तस्करी स्त्री० 1 चोरी 2 टैक्स की चोरी

तहक़ीक़ स्त्री० 1 वास्तविकता 2 जाँच-पड़ताल 3 जिज्ञासा

तहक़ीक़ात स्त्री० जाँच-पड़ताल

तहज़ीब स्त्री० 1 शिष्टाचार 2 सभ्यता

तहत पुं० अधीनता

तहरी स्त्री० मटर सब्जीवाली खिचड़ी

तहरीक स्त्री० 1 प्रस्ताव 2 आंदोलन

तहरीर स्त्री० लिखावट

तहाशा पुं० 1 परवाह 2 भय

तांडव पुं० उछल-कूदवाला नाच

तांडवी पुं० संगीत का एक ताल

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तांबूल पुं० पान

तांबूलिक पुं० पान बेचनेवाला

ताँवरा पुं० 1 शरीर का ताप/नामक रोग 2 जाड़ा देकर आनेवाला बुखार

ताईद स्त्री० समर्थन

ताऊन पुं० प्लेग

ताऊस पुं० मोर

ताकीद स्त्री० आग्रह

ताजपोशी स्त्री० ताज धारण करने की रीति

ताजिया पुं० मकबरे का कागजी नमूना जिसमें इमाम हुसेन की कब्र दिखाई जाती है

ताज़ीम स्त्री० 1 सलाम 2 आदर

ताज़ीरात पुं० दंड-संहिता

ताज़ीरी वि० 1 दंड-विधान संबंधी 2 दंड स्वरूप

ताज़ीरी पुलिस स्त्री० उपद्रवग्रस्त स्थान पर तैयार पुलिस

ताटंक पुं० एक छंद जिसके प्रत्येक चरण में 30 मात्राएँ और अन्त में एक भगण होता है

ताटस्थ्य पुं० तटस्थता

ताड़क वि० ताड़ना करनेवाला

ताड़न पुं० 1 प्रहार करना 2 डाँट-डपट 3 सज़ा 4 गणित में गुणा करने की क्रिया

ताड़नीय वि० जिसे ताड़ना देना आवश्यक हो

ताड़बाज वि० ताड़नेवाला, भाँप लेनेवाला

ताड़ित वि० 1 जिसे ताड़ना मिली हो 2 जो मारा-पीटा गया हो 3 जिसे डाँटा गया हो

ताड्य वि० 1 जिसका ताड़न हो सके 2 जिसे डाँटना-डपटना उचित हो

ताड्यमान वि० 1 जो पीटा जा रहा हो 2 जिसे डाँटा डपटा जाता हो

तातील स्त्री० छुट्टी

तात्कालिक वि० 1 उस समय का 2 तुरंत

तात्त्विक वि० तत्त्व-संबंधी 2 वास्तविक

तात्पर्यार्थ पुं० वाक्यार्थ से और शब्दार्थ से कुछ भिन्न अभिप्रेत अर्थ

तादर्थ्य पुं० 1 अर्थ की समानता 2 प्रयोजन की समानता 3 प्रयोजन

तादात्म्य पुं० तल्लीनता

तादाद स्त्री० संख्या

तादृश वि० उसके समान, वैसा

तानकर्म पुं० 1 स्वर-साधना 2 आलाप

तान-तरंग स्त्री० अनेक प्रकार की तानों का प्रयोग

तानपूरा पुं० सितार की तरह का एक बाजा

तानव पुं० 1 कृशता 2 दुबलापन

तानाशाह पुं० 1 निरंकुश शासक 2 स्वेच्छाचारी

तापकी वि० ताप उत्पन्न करनेवाला

ताप-क्रम पुं० ताप की घटती-बढ़ती

ताप-चालक पुं० ऐसा पदार्थ जिसमें ताप एक सिरे से दूसरे सिरे तक पहुँच जाय

ताप-तरंग स्त्री० हवा की गरम लहरी, लू

तापतिल्ली स्त्री० तिल्ली बढ़ जाने के साथ ज्वर

तापत्रय पुं० भारतीय धार्मिक क्षेत्रों में आध्यात्मिक, आधिदैविक और आधिभौतिक ये तीनों दुःख़

तापलेखी पुं० तापमापक-यंत्र जो तापक्रम को अंकित कर लेता है

तापस पुं० 1 तपस्या करनेवाला, तपस्वी

तापस्वेद पुं० उष्णता पहुँचाकर उत्पन्न किया हुआ पसीना

तापावरोध पुं० ताप सहन करने की शक्ति

तापावरोधक पुं० ताप का प्रभाव सहन करनेवाला

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तापित वि० 1 तपाया हुआ 2 जिसे दुःख पहुँचाया गया हो
तापेन्द्र पुं० सूर्य
तापोपचार पुं० गरमी पहुँचाकर प्रभाव उत्पन्न करने की विधि
ताब स्त्री० 1 गरमी 2 चमक 3 शक्ति
ताबूत पुं० वह संदूक जिसमें मृतक को बंद करके गाड़ा जाता है
ताबे वि० 1 अधीन 2 अनुगामी
ताबेदार वि० आज्ञाकारी
तामड़ा पुं० ऊदे रंग का एक नगीना
तामरस पुं० कमल
तामरसी स्त्री० वह तालाब जिसमें कमल खिलते हों
तामस वि० जिसमें तमोगुण की प्रधानता हो
तामस-मद्य पुं० कई बार की खींची हुई शराब जो बहुत तेज हो जाती है
तामसिक वि० 1 अंधकार संबंधी 2 तमोगुण संबंधी
तामसी वि० तामसिक
तामिस्र पुं० 1 तामसिक मनोविकार 2 तमोगुण से उत्पन्न अविद्या
तामीर स्त्री० 1 इमारत बनाने का काम 2 इमारत 3 रचना
तामील स्त्री० (आज्ञा का) पालन
ताम्र पुं० ताँबा
ताम्रपत्र पुं० 1 ताँबे पर दानपत्र 2 प्रशस्त्रि-पत्र
ताम्राक्ष वि० लाल आँखोंवाला
तारक वि० 1 तैरानेवाला 2 भवसागर से उद्धार करानेवाला
तारकश पुं० धातु का तार खींचनेवाला
तारकांकित वि० जिस पर तारा का चिह्न लगा हो
तारका स्त्री० 1 तारा 2 आँख की पुतली
तारकित वि० 1 तारों से भरा हुआ 2 तारे जड़ा हुआ
तार-कूट पुं० चाँदी, पीतल आदि के योग से बननेवाली एक मिश्र धातु
तारतम्य पुं० 1 पारस्परिक मिलान 2 सिलसिला, जोड़-मेल
तारबर्की पुं० बिजली का तार
तारयिता पुं० 1 तारनेवाला 2 उद्धार करनेवाला 3 मोक्ष देनेवाला
तारल्य पुं० 1 तरलता 2 चंचलता
ताराकूट पुं० वर कन्या के शुभाशुभ फल को सूचित करनेवाला योग
तारात्मक-नक्षत्र पुं० उत्तर और दक्षिण दिशाओं के तारों का समूह जिनमें अश्विनी, भरणी आदि नक्षत्र हैं
तारा-पुंज पुं० तारों का समूह
तारामृग पुं० मृगशिरा नक्षत्र
तारिक पुं० नदी पार करने का भाड़ा या महसूल
तारिणी स्त्री० उद्धार करनेवाली
तारित वि० 1 पार कराया हुआ 2 जिसका उद्धार किया गया हो
तारुण्य पुं० तरुणता, जवानी
तार्किक I वि० तर्कसंबंधी **II** पुं० 1 तर्क-शास्त्र को अच्छी तरह जाननेवाला 2 तत्त्ववेत्ता
तार्य वि० पार करने योग्य
ताल पुं० 1 तालाब 2 ताड़ का पेड़ 3 नाचने-गाने का सामान 4 करतल, हथेली
तालबंद पुं० वह लेखा जिसमें आमदनी की समस्त मदें दिखलाई गई हों
तालमूल पुं० लकड़ी की बनी हुई ढाल
तालव्य I वि० 1 तालुसंबंधी **II** पुं० जिस वर्ण का उच्चारण मुख्यतः तालु की सहायता से होता हो
तालिका स्त्री० 1 ताली 2 ताल-पत्रों का पुलिंदा 3 नाम-सूची

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तालिब वि० ढूँढ़ने या चाहनेवाला
तालीम स्त्री० 1 शिक्षा 2 उपदेश
तालु-कंटक पुं० तालु में काँटे निकल आने का रोग
तालुका स्त्री० तालु के अंदर की एक नाड़ी
तालु-पाक पुं० तालु में घाव होने का एक रोग
तालुशोष पुं० तालु के सूख जाने का रोग
ताल्लुकात पुं० संबंध
ताल्लुकेदार पुं० किसी ताल्लुके का जमींदार
तालव्र्बुद पुं० तालु में उत्पन्न फोड़ा
तावान पुं० 1 अर्थदंड 2 क्षतिपूर्ति, हरजाना
तासीर स्त्री० 1 असर 2 गुण का प्रभाव
तास्कर्य पुं० 1 तस्करता 2 तस्करी
ताहम अव्य० ऐसा होने पर भी, तोभी
तिकड़म स्त्री० 1 चाल 2 उपाय
तिकड़मी वि० चालाक, धूर्त
तिकानी स्त्री० धुरी में लगाई जानेवाली वह तिकोनी लकड़ी जो पहिए को धुरी से बाहर निकलने से रोकती है
तिकुरा पुं० उपज का तीसरा भाग
तिक्तता स्त्री० तीता होने का गुण या भाव, तीतापन
तिग्म वि० 1 तेज, तीक्ष्ण 2 उग्र
तिग्मता स्त्री० तीक्ष्णता
तिजारत स्त्री० 1 रोज़गार 2 वाणिज्य
तिजारी स्त्री० हर तीसरे दिन आनेवाला बुख़ार
तिड़ी स्त्री० 1 ताश की तिक्की 2 ग़ायब होना
तितिक्षा स्त्री० 1 सरदी-गरमी दुःख आदि सहन करने की शक्ति 2 क्षमाशीलता
तितिक्षु वि० 1 क्षमाशील, सहनशील
तितिम्मा पुं० 1 बचा हुआ अंश 2 परिशिष्ट 3 व्यर्थ का झंझट
तितीर्षा स्त्री० 1 तैरने की इच्छा 2 भवसागर से पार होने की इच्छा
तितीर्षु वि० 1 जो पार उतरने का इच्छुक हो 2 मोक्ष प्राप्ति की इच्छा रखनेवाला
तिथि-क्षय पुं० किसी तिथि का घटित न होना
तिथित वि० जिस पर तारीख डाली गई हो
तिथि-पति पुं० वह देवता जो उस तिथि का स्वामी हो
तिथियुग्म पुं० दो तिथियों का योग
तिपल्ला वि० 1 तीन परतोंवाला 2 तीन तारों या तागों का 3 तीन पल्लेवाला (दरवाजा)
तिब स्त्री० यूनानी चिकित्सापद्धति, हकीमी
तिबासी वि० तीन दिन का बासी
तिमिंगल पुं० ह्वेल मछली
तिमि पुं० बड़ा भारी मच्छ
तिमित वि० 1 अचल 2 भीगा हुआ 3 शान्त
तिमिर पुं० अंधकार
तिमिरभिद् वि० अंधकार को नष्ट करनेवाला
तिमिरहर वि० अंधकार दूर करनेवाला
तिमिरांत पुं० 1 अँधेरे का अंत 2 प्रभात
तिमिरारि पुं० सूर्य
तियतरा वि० तीन पुत्रियों के उपरांत पैदा होनेवाला लड़का
तियला पुं० स्त्रियों का एक पहरावा
तिरक पुं० रीढ़ के नीचे का वह स्थान जहाँ दोनों कूल्हों की हड्डियाँ मिलती हैं
तिरकट पुं० अगला पाल
तिरकाना स० क्रि० (रस्सी) ढीला छोड़ना
तिरछौहें क्रि० वि० 1 तिरछे
तिरनी स्त्री० 1 वह डोरी जिससे घाघरा आदि कमर में बाँधे जाते हैं 2 धोती का वह भाग जो कमर के नीचे होता है

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तिरप स्त्री० नृत्य में एक प्रकार का ताल जिसे त्रिसम कहते हैं
तिरपौलिया पुं० तीन फाटकवाला स्थान
तिरमिरा I पुं० आँख के सामने तारे-तारे दिखाई देना, चकाचौंध II वि० तैरती हुई चिकनाहट
तिरमिराना अ०क्रि० चौंधियाना
तिरश्चीन वि० 1 तिरछा 2 टेढ़ा
तिरश्चीनगति पुं० कुश्ती का एक पैंतरा
तिरस्कारिणी स्त्री० 1 आड़, परदा 2 वह विद्या जिसके द्वारा मनुष्य अदृश्य हो सकता है
तिरस्कार्य वि०तिरस्कारयोग्य, अनादरणीय
तिरस्कृत वि० 1 जिसका तिरस्कार किया गया हो 2 आड़ में छिपा हुआ
तिरस्क्रिया स्त्री०1 तिरस्कार 2 आच्छादन, वस्त्र
तिरहुत पुं० मिथिला प्रदेश
तिरहेल क्रम में तीसरा
तिराना स०क्रि० 1 तैराना 2 तारना
तिरिया स्त्री० स्त्री, औरत
तिरेंदा पुं० पानी में तैरता हुआ पीपा
तिरोधान पुं० 1 लोप 2 अदृश्यता
तिरोधायक वि० आड़ में छिपानेवाला
तिरोभाव पुं० 1 ओट में अदृश्य हो जाना 2 लोप 3 गोपन
तिरोभूत वि० 1 ग़ायब 2 अदृश्य 3 छिपा हुआ
तिरोहित वि० 1 छिपा हुआ 2 आच्छादित
तिरौंदा पुं० तिरेंदा
तिर्यक I वि० 1 तिरछा 2 संज्ञा-सर्वनाम का कारकचिह्न लगने पर बननेवाला (रूप)
तिर्यकता स्त्री० तिरछापन
तिर्यकपाती वि० आड़ा रखा हुआ
तिर्यगयन पुं० सूर्य की वार्षिक परिक्रमा
तिर्यगीक्ष वि० तिरछे देखनेवाला
तिर्यग्गति स्त्री० 1 टेढ़ी चाल 2 जीव का पशु (हीन) योनि में जन्म लेना
तिर्यगदिशा स्त्री० उत्तर दिशा
तिलंगा पुं० 1 अंग्रेजी सेना का देशी सिपाही 2 चिनगारी
तिलक-कामोद पुं० संपूर्ण जाति का एक राग जो रात के दूसरे पहर में गाया जाता है
तिलकिट्ट पुं० तिल की खली
तिलकुट पुं० तिल का लड्डू
तिलचतुर्थी स्त्री०माघ महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी
तिलछना अ०क्रि० 1 विकल होना 2 छटपटाना
तिलड़ा वि० तीन लड़ोंवाला
तिल-शैल पुं० दान करने के लिए तिलों का लगाया हुआ ऊँचा ढेर
तिलस्म पुं० 1 जादू 2 अलौकिक व्यापार
तिलस्मात पुं० 1 जादू 2 अलौकिक कार्य
तिलस्मी वि० जादू संबंधी
तिलांजलि स्त्री० 1 मृतक के नाम से तिल और जल हाथ में लेकर छोड़ना 2 सदा के लिए किसी का साथ छोड़ना
तिलावा पुं०1 वह बड़ा कुआँ जिसपर एक साथ तीन पुरवट चल सके 2 पुलिस आदि का रात के समय बस्ती में लगनेवाला गश्त
तिलोकी पुं० 1 इक्कीस मात्राओं का एक छंद जिसके प्रत्येक चरण के अंत में लघु और गुरु होता है 2 त्रिलोकी
तिलोदक पुं० तिलांजलि
तिलौंछना स०क्रि० 1 किसी वस्तु पर तेल लगाना 2 चिकना करना
तिलौंछा वि० तेल के स्वादवाला
तिष्य I पुं० 1 पुष्य नक्षत्र 2 पौषमास 3 कलियुग II वि० कल्याणकारी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तिसरायत स्त्री० भाव, परायापन
तिसरैत पुं० 1 ग़ैर आदमी 2 तटस्थ व्यक्ति, मध्यस्थ 3 लाभ, संपत्ति आदि में तीसरे अंश का अधिकारी
तिहुँलोक पुं० तीन लोक—स्वर्ग, पृथ्वी, आकाश
तिहैया पुं० तीसरा हिस्सा
तीक्ष्णता स्त्री० पैनापन, तीखापन
तीक्ष्णदंत त्रि० जिसके दाँत वहुत तेज़ हों
तीक्ष्ण-दंस्ट्र वि० तेज़ दाढ़वाला
तीक्ष्ण-दृष्टि वि० ज़िसकी नज़र तेज़ हो
तीक्ष्ण-रश्मि वि० जिसकी किरणें बहुत तेज़ हों
तीक्ष्णाग्नि स्त्री० प्रबल जठराग्नि
तीक्ष्णाग्र त्रि० नुकीला
तीक्ष्णायस पुं० इस्पात
तीता वि० स्वाद में तीखा और चरपरा
तीमार पुं० 1 टहल 2 रक्षा
तीमारदारी स्त्री० रोगी की सेवा-सुश्रूषा
तीरंदाज पुं० तीर से लक्ष्यभेद करनेवाला
तीरवर्ती वि० तट पर रहनेवाला
तीर्ण वि० 1 जो पार हो गया हो 2 जिसे पार कर लिया हो
तीर्णा स्त्री० एक वृत्त जिसके प्रत्येक चरण में एक नगण (।।।) और एक गुरु होता है
तीर्थंकृत पुं० 1 जैनियों के देवता 2 शास्त्रकार
तीर्थकाक पुं० 1 वह जो तीर्थ में रहकर धर्म के नाम पर लोगों से धन ऐंठता हो 2 अत्यंत लोभी व्यक्ति
तीर्थपादीय वि० वैष्णव
तीर्थोदक पुं० तीर्थ-स्थल का जल
तीव्रगामी वि० तेज़ चालवाला
तीव्रानुराग पुं० 1 अत्यधिक अनुराग
तुंग I वि० 1 ऊँचा 2 प्रचंड II पुं० पर्वत
तुंगता स्त्री० ऊँचाई
तुंगिमा स्त्री० ऊँचाई
तुंड पुं० 1 थूथन 2 चोंच 3 तोंद
तुंडि स्त्री० 1 नाभि 2 चोंच
तुंडिक त्रि० जिसका मुंह आगे की ओर निकला हुआ हो
तुंडिका-शोथ पुं० घाँटी में होनेवाली सूजन
तुंडिभ वि० जिसकी नाभि आगे निकली हो
तुंडिल वि० तोंदवाला
तुंडी I वि० 1 चोंचवाला 2 थूथनवाला II स्त्री० 1 नाभि 2 तोंद 3 ठोढ़ी
तुंद पुं० उदर, तोंद
तुंदिका स्त्री० नाभि
तुकबन्दी स्त्री० तुक जोड़ने का काम 2 रद्दी कविता
तुकमा पुं० बटन फँसाने की घुंडी
तुकांत स्त्री० चरणों के अंत में तुक का मेल
तुका पुं० 1 बिना गाँसी का तीर 2 ऐसा उपाय जिससे कार्य की सिद्धि होने की सम्भावना न हो
तुक्कड़ पुं० तुक्कड़ कवि, निम्न कोटि का कवि
तुख़म, तुख़्म पुं० 1 बीज 2 वीर्य-कण
तुच्छ वि० 1 भीतर से ख़ाली 2 घटिया 3 मामूली 4 असार 5 महत्वहीन
तुच्छता स्त्री० 1 घटियापन 2 महत्त्वहीनता
तुच्छातितुच्छ वि० अत्यंत तुच्छ, घटिया से घटिया
तुच्छार्थक वि० तुच्छतासूचक (शब्द)
तुडी स्त्री० एक प्रकार की रागिनी
तुदन पुं० 1 व्यथित करना 2 चुभाना 3 कष्ट 4 पीड़ा
तुनक त्रि० 1 कमज़ोर 2 नाज़ुक 3 हल्का
तुनकना अ० क्रि० छोटी-सी बात से अप्रसन्न या दुःखी होना
तुनुक वि० नाज़ुक 2 सूक्ष्म
तुनुक-मिज़ाज वि० जो बात-बात पर अप्रसन्न हो जाता है, चिड़चिड़ा
तुपक, तुफ़ंग स्त्री० छोटी तोप

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तुफ़ैल पुं० 1 कृपा 2 कारण, साधन
तुमुल I पुं० 1 सेना का कोलाहल 2 सेना की भिड़ंत 3 मुठभेड़ II वि० भीषण
तुरंग वि० घोड़ा
तुरंगगौड़ पुं० संगीत में गौड़ राग का एक भेद
तुरंग-ब्रह्मचर्य पुं० ऐसा ब्रह्मचर्य जो स्त्री के न मिलने तक हो
तुरंगम वि० घोड़ा
तुरंगी I पुं० घुड़सवार II स्त्री० घोड़ी
तुर पुं० वह लकड़ी जिस पर जुलाहा कपड़ा लपेटता है
तुरग वि० 1 तेज़ चलनेवाला 2 घोड़ा
तुरग-ब्रह्मचर्य पुं० तुरंग ब्रह्मचर्य
तुरगास्तरण पुं० घोड़े की पीठ पर बिछाया जानेवाला कपड़ा
तुरतुरा वि० तेज बोलनेवाला
तुरब्बत स्त्री० कब्र
तुरसीला वि० 1 तीखा 2 घायल करने-वाला
तुराई स्त्री० रूई भरा हुआ गुदगुदा बिछावन
तुरावान वि० वेगवान
तुरीयंत्र पुं० वह यंत्र जिसके द्वारा सूर्य की गति जानी जाती है
तुरीय स्त्री० 1 वाणी का वह रूप जब वह मुंह से उच्चारित होती है 2 चौथी अवस्था, ब्रह्मलीनता
तुरीय-वर्ण पुं० चौथे वर्ण का पुरुष, शूद्र
तुरुष्क पुं० तुर्क
तुर्फरी पुं० अंकुश का अगला नुकीला सिरा
तुर्य वि० 1 चौथा 2 चौगुना
तुर्या स्त्री० वह ज्ञान जिसमें मुक्ति हो जाती है
तुर्याश्रम पुं० चौथा आश्रम, संन्यासाश्रम
तुर्श वि० खट्टा
तुर्शरू वि० तीखे मिजाजवाला
तुर्शाना स० क्रि० खट्टा करना या खट्टा बनाना
तुर्शी स्त्री० 1 खट्टापन 2 तीखापन
तुलन पुं० तौलना
तुलना स्त्री० 1 सादृश्य 2 मिलान 3 उपमा
तुलनात्मक वि० समानता और असमानता दिखानेवाला
तुलनीय वि० तुलना किये जाने योग्य
तुला स्त्री० 1 तराजू 2 तुला राशि
तुलाकूट पुं० 1 तौलना 2 इस तरह तौलने में होनेवाली कमी
तुला-कोटि स्त्री० 1 तराजू की डंडी के दोनों छोर 2 गणित में अर्बुद की संख्या
तुलादान पुं० अपने शरीर के भार के बराबर तौलकर दिया जानेवाला दान
तुलापत्र पुं० वह पत्र जिसमें आय-व्यय तथा लाभ-हानि का लेखा रहता है (बैलेन्स सीट)
तुलाप्रग्रह पुं० तराज़ू के पलड़ों की रस्सियाँ
तुलाभार पुं० तुलादान के लिए बना द्रव्य
तुलामान पुं० 1 वह मान जो तौलकर निश्चित किया जाय 2 तराजू की डांड़ी 3 बटखरा
तुला-यंत्र पुं० तराजू
तुला-यष्टि स्त्री० तुला-दंड, डंडी, डाँड़ी
तुलित वि० 1 तुला हुआ 2 बराबर
तुल्य वि० 1 समान, सदृश 2 अनुरूप
तुल्यकुल्य वि० समान कुल का
तुल्यता स्त्री० 1 समानता 2 अनुरूपता
तुल्यपान पुं० सबका मिलकर मद्य पीना
तुल्य-प्रधान व्यंग्य पुं० ऐसा व्यंग्य जिसमें वाच्यार्थ और व्यंग्यार्थ बराबर हो
तुल्ययोगिता स्त्री० एक अलंकार जिसमें बहुत से उपमानों का एक ही धर्म बत-लाया जाय
तुल्ययोगी वि० समान संबंध रखनेवाला

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तुष पुं० 1 छिलका 2 भूसा 3 भूसी
तुषधान्य पुं० छिलकेवाला
तुषार पुं० 1 जमे हुए जलकण 2 बर्फ़ 3 भारी घातक आघात
तुषारकर पुं० हिमकर, चंद्रमा
तुषारकाल पुं० जाड़ा
तुषार-पाषाण पुं० ओला
तुषार-रेखा स्त्री० वह कल्पित रेखा जिससे ऊपर वाले भाग पर वर्फ़ बराबर जमी रहती है
तुषारर्तु स्त्री० जाड़े का मौसम
तुषारशैल पुं० हिमालय
तुषोदक पुं० छिलके समेत कूटे हुए जौ की कांजी
तुष्ट वि० 1 प्रसन्न 2 संतुष्ट, तृप्त
तुष्टता स्त्री० प्रसन्नता
तुष्टि स्त्री० 1 संतोष 2 प्रसन्नता
तुष्टीकरण पुं० प्रसन्न रखना
तुहिन पुं० 1 पाला 2 बर्फ़
तुहिनकर पुं० चंद्रमा
तुहिन-गिरि पुं० हिमालय
तूंबी स्त्री० कड़वा गोल कद्दू
तूण पुं० तीर रखने का चोंगा
तूणक पुं० एक प्रकार का छंद जिसके चरणों में 15-15 वर्ण होते हैं
तूणी-धर पुं० तरकश रखनेवाला योद्धा
तूणीर पुं० तरकश, निषंग
तूदा पुं० राशि, ढेर
तूना अ० क्रि० 1 तरल पदार्थ का बूंद-बूंद करके गिराना 2 गर्भपात होना
तूनी स्त्री० पेड़ू में उठनेवाली पीड़ा
तूम-तड़ाक स्त्री० 1 तड़क-भड़क 2 आडंबर
तूमना स० क्रि० 1 रूई आदि के रेशे नोच-नोचकर अलग करना 2 मसलना 3 बहुत मारना-पीटना 4 दुर्दशा करना
तूमार पुं० व्यर्थ का विस्तार
तूर स्त्री० जुलाहों की तानी लपेटने की लकड़ी
तूर्ण क्रि० वि० 1 शीघ्रता करनेवाला 2 शीघ्रगामी, वेगवान्
तूर्य पुं० तुरही
तूल पुं० 1 कपास, रुई 2 तिनका 3 लंबान 4 विलंब
तूलकार्मुक पुं० 1 इंद्रधनुष 2 धुनकी
तूलिका स्त्री० कूंची
तूष्णी स्त्री० मौन
तूष्णीक वि० मौनावालंबी
तूष्णीयुद्ध पुं० साम दाम आदि द्वारा शत्रु के लोगों को अपनी ओर मिलाना
तृणचर वि० घास चरनेवाला
तृण-हर्म्य पुं० कुटिया, तिनकों की झोंपड़ी
तृणारणिमणिन्यास पुं० तृण अरणी और मणि की तरह का स्पष्ट निर्देशन
तृणावर्त्त पुं० ववंडर
तृणौक पुं० घास-फूस की झोंपड़ी
तृतीयक पुं० तीसरे दिन आनेवाला ज्वर
तृतीय-प्रकृति स्त्री० पुल्लिग और स्त्रीलिंग से भिन्न अर्थात् नपुंसक लिंग
तृतीयाश्रम पुं० वानप्रस्थ आश्रम
तृप्त वि० संतुष्ट
तृप्ति स्त्री० आवश्यकता की पूर्ति
तृषा स्त्री० 1 तृष्णा 2 अभिलाषा 3 प्यास
तृषातुर वि० तृषा से विकल
तृषाभू स्त्री० पेट में जल रहने का स्थान
तृषालु वि० प्यासा
तृषा-स्थान पुं० पेट के अंदर जल रहने का स्थान
तृषित वि० 1 प्यासा 2 विशेष कामना रखनेवाला
तृष्णा स्त्री० 1 प्यास 2 प्रबल वासना
तृष्णालु वि० 1 प्यासा 2 लालची 3 वासनायुक्त
तृष्णा I पुं० 1 लालच 2 प्यास
II वि० चाहनेयोग्य

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तेगा पुं० खाड़ा, छुरा

तेजन वि० 1 तेज उत्पन्न करनेवाला 2 दीप्त करनेवाला

तेजस्कर वि० तेज को बढ़ानेवाला

तेजस्काम वि०प्रताप की कामना करनेवाला

तेजस्क्रिय वि० दूसरे पदार्थों को विद्युत शक्ति से प्रभावित करनेवाला (रेडियो ऐक्टिव)

तेजस्क्रियता स्त्री० वह विद्युत शक्ति जो विशेष अवस्थाओं में तेज के रूप में दूसरे पदार्थों पर प्रभाव डालती है (रेडियो ऐक्टिविटी)

तेजस्विता स्त्री० तेजवत्ता

तेजस्वी वि० तेजवान्

तेजित वि० 1 तेज से युक्त 2 उत्तेजित

तेजिष्ठ वि० तेजस्वी

तेजोजल पुं० आँख का वह ऊपरी अर्द्ध-गोलाकार भाग जो शीशे की ताल की तरह जान पड़ता है (लेंस)

तेजोभंग पुं० अपमान, तिरस्कार

तेजोमंडल पुं० सूर्य चंद्रमा आदि आकाशीय पिंडों के चारों ओर का मंडल

तेजोमय वि० 1 तेज से परिपूर्ण 2 शक्ति से परिपूर्ण 3 तेजस्वी

तेजोमूर्ति वि० तेजयुक्त

तेजोहत वि० जिसका तेज नष्ट हो चुका हो

तेन पुं० गीत का आरंभिक स्वर

तेमनी स्त्री० चूल्हा

तेरज पुं० वह लेखा जिसमें आय-व्यय की विभिन्न मदों का उल्लेख हो

तेरस स्त्री० किसी पखवारे की तेरहवीं तिथि

तेलँड़ा पुं० तेल रखने का बरतन

तेलिया वि० काला चिकना और चमकीला

तेलियापाखान पुं० एक तरह का चिकना और मज़बूत पत्थर

तेवट स्त्री०संगीत में सात दीर्घ अथवा 14 लघु मात्राओं का एक ताल जिसमें तीन आघात और एक ख़ाली रहता है

तेवर पुं० क्रोधभरी दृष्टि

तेवराना अ०क्रि० तेवर का ऊपर की ओर खिचना

तेहर स्त्री० तीन लड़ों की करधनी जो स्त्रियाँ कमर में पहनती हैं

तैक्त्य पुं० तिक्तता

तैजस I वि० 1 तेज से युक्त 2 तेज से उत्पन्न **II** पुं० 1 चमकीला पदार्थ 2 पराक्रम

तैजसावर्तनी स्त्री० चाँदी सोना आदि गलाने की घरिया

तैतिक्ष वि० सहन करनेवाला

तैथिक पुं०15 मात्राओं के छंदों की संख्या

तैनात वि० नियुक्त, नियत

तैर्थ पुं० 1 तीर्थ संबंधी 2 वह कृत्य जो तीर्थ में किया जाय

तैर्थक वि० 1 स्थल संबंधी 2 तीर्थस्थल में बनने, मिलने या होनेवाला

तैर्थिक पुं० शास्त्रकार

तैलकिट्ट पुं० खली

तैल-चित्र पुं० बहुत मोटे कपड़े पर तैल रंगों की सहायता से अंकित किया हुआ चित्र

तैलत्व पुं० तेल का गुण

तैल-द्रोणी स्त्री० तेल रखने का एक पात्र

तैलस्फटिक पुं०1 अंबर नामक गंध द्रव्य 2 तृण मणि

तैलाक्त वि० जिसमें तेल लगा हो

तैलाभ्यंग पुं० तेल की मालिश

तैलिक वि० तेल का

तैश पुं० आवेश, गुस्सा

तैष पुं० चांद्र पौष मास

तैषी स्त्री० पूस की पूर्णिमा

तौंदा पुं० वह मार्ग जिससे तालाब का

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पानी बाहर निकलता है

तोंदल, तोंदूमल, तोंदैल वि० तोंदवाला

तोई स्त्री० 1 अंगे या कुरते आदि में कमर पर लगी हुई पट्टी 2 चादर आदि की गोट 3 लँहगे का नेफा

तोक्म पुं० 1 अंकुर 2 हरा जौ

तोटक पुं०एक प्रकार का वर्ण वृत्त जिसके प्रत्येक चरण में चार सगण (॥ऽ) होते हैं

तोड़क वि० तोड़नेवाला

तोड़न पुं० 1 तोड़ना 2 भेदन 2 आघात पहुँचाना

तोड़ा पुं० 1 पलीता 2 मिस्री का गोला

तोतला वि० जो तुतलाकर बोलता हो

तोता-चश्म वि० तोते की तरह आँखें फेर लेनेवाला

तोतापंखी वि० तोते जैसे पंखवाला, कुछ हरा-पीला

तोदन पुं०1 पशुओं के हाँकने का उपकरण 2 पीड़ा

तोय पुं० 1 पानी 2 पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र

तोयकृच्छ् पुं० एक प्रकार का व्रत जिसमें जल के सिवा और कुछ नहीं ग्रहण किया जाता

तोयद पुं० 1 मेघ 2 जल देनेवाला

तोयदागम पुं० बरसात

तोय-यंत्र पुं०1 पानी के द्वारा समय बताने का यंत्र 2 फुहारा

तोयराज पुं० सागर

तोयराशि पुं० 1 बड़ा तालाब, सरोवर 2 सागर

तोय-सूचक पुं० 1 ज्योतिष का वह योग जिसमें वर्षा होने की संभावना मानी जाती है 2 मेढक

तोयालिकी स्त्री० वह विद्या जिसमें जलाशयों, नदियों, समुद्रों आदि की गहराई और प्रवाह का लेखा-जोखा किया जाता है

तोयालेख पुं० वह आलेखं जिनमें किसी जलाशय की गहराई और प्रवाहों की दिशाएँ अंकित होती है (हाइड्रोग्राफ़)

तोयाशय पुं० 1 सरोवर 2 सागर

तोयेश पुं० वरुण

तोरण पुं० 1 किसी बड़ी इमारत का मंडपाकार सजावटी फाटक 2 उक्त फाटक को सजाने के लिए लगाई जानेवाली पताकाएँ, मालाएँ आदि

तोरा पुं० स्वागत-सत्कार के लिए रखा मिठाइयों का थाल

तोलन पुं० 1 तौलना 2 ऊपर उठाना

तोला पुं० बारह माशे या 12 ग्राम का एक तौल

तोल्य वि० तौले जाने योग्य

तोशक स्त्री० हल्का गद्दा

तोष पुं० 1 तृप्ति 2 संतोष 3 प्रसन्नता

तोषक वि० संतुष्ट करनेवाला

तोषण पुं० 1 तृप्त करना 2 संतोष

तोषणिक पुं० संतुष्ट करने के लिए दिया जानेवाला धन, तोषधन

तोषित वि० तृप्त, संतुष्ट

तोहफ़ा पुं० 1 सौगात 2 उपहार

तोहमत स्त्री० झूठा आरोप

तौंसना स०क्रि०1 गरमी पहुँचाकर संतप्त करना 2 झुलसना

तौक़ीर स्त्री० आदर, सम्मान

तौक्षिक पुं० धनुराशि

तौफ़ीक पुं० 1 सामर्थ्य 2 दैव कृपा

तौर पुं० चाल-चलन, तरीक़ा

तौर्य पुं० ढोल-मँजीरा आदि बाजे

तौलनिक वि० तुलनात्मक

तौलिक, तौलिकिक पुं० चित्रकार

तौल्य पुं० 1 वजन 2 सादृश्य

तौषार पुं० तुषार का जल

तौहीद स्त्री० एकेश्वरवाद

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

त्यक्त वि० त्यागा हुआ
त्यक्तलज्ज वि० निर्लज्ज
त्यक्तव्य वि० जो छोड़े जाने योग्य हो
त्यक्ता वि० 1 त्यागनेवाला 2 त्यागी हुई (स्त्री)
त्यक्तात्मा वि० निराश
त्यजन पुं० छोड़ना
त्यजनीय वि० जो त्यागे जाने योग्य हो, त्याज्य
त्यज्यमान वि० जिसका त्याग किया जा रहा हो
त्यागवान् वि० त्यागी
त्याजित् वि० 1 जिससे परित्याग कराया गया हो 2 जिसकी उपेक्षा कराई गई हो
त्याज्य वि० जिसे त्याग देना उचित हो
त्योरस पुं० गतवर्ष के पहले का वर्ष
त्योरी स्त्री० किसी विशिष्ट उद्देश्य से देखनेवाली दृष्टि
त्यौराना अ०क्रि० सिर में चक्कर आना
त्रपा स्त्री० शर्म, लाज
त्रपारंडा स्त्री० छिनाल स्त्री
त्रपित वि० लज्जित
त्रपिष्ठ वि० परितृप्त
त्रपुष पुं० राँगा
त्रप्सा स्त्री० जमा हुआ कफ़
त्रय वि० तीन
त्रय-ताप पुं० आधिदैविक, आधिभौतिक और आध्यात्मिक ये तीनों प्रकार के ताप
त्रयी स्त्री० तीन चीज़ें
त्रयोदश वि० तेरह
त्रयोदशी स्त्री० तेरहवीं तिथि
त्रष्टा पुं० बढ़ई
त्रसन पुं० 1 किसी के मन में भय उत्पन्न करने की क्रिया या भाव 2 भयभीत होना
त्रसर पुं० जुलाहों की ढरकी
त्रसरेणु पुं० धूल का वह कण जो प्रकाश रश्मियों में उड़ता तथा चमकता हुआ दिखाई देता है
त्रसाना स०क्रि० भयभीत करना
त्रसित वि० डरा हुआ
त्रसुर वि० 1 जो भय से काँप रहा हो 2 डरपोक
त्रस्त वि० बहुत अधिक डरा हुआ
त्राटक पुं०हठयोग में किसी बिंदु पर ध्यान लगाना
त्राटिका स्त्री०योग की एक क्रिया जिसमें दृष्टि किसी सूक्ष्म बिंदु पर एकटक लगानी होती है
त्राण पुं० 1 संकट से छुटकारा 2 शरण 3 सहायता 4 रक्षा का साधन
त्राणक पुं० बचानेवाला
त्रात वि० रक्षित, बचाया हुआ
त्रातव्य वि० जिसकी रक्षा करना उचित हो
त्राता वि० रक्षा करनेवाला
त्रापुष वि० राँगे का
त्रायक वि० रक्षा करनेवाला
त्रायमाण वि० रक्षा करता हुआ
त्रास स्त्री० अनिष्ट का भय
त्रासक वि० त्रास देनेवाला
त्रासद वि० दुःखद
त्रासदी स्त्री० दुःखांत रचना
त्रासन पुं० डराने का कार्य
त्रासित वि० डराया धमकाया हुआ
त्राहि अव्य० बचाओ
त्रिंश वि० तीसवाँ
त्रिंशत वि० तीस
त्रिंशांश पुं० तीसवाँ भाग
त्रिक I वि० 1 तीन अंगों का 2 तीसरी बार होनेवाला 3 तीन प्रतिशत **II** पुं० 1 तीन अंग, कमर, पीठ और रीढ़ 2 तीन समूह
त्रिकट पुं० तीन कड़वी चीज़ें—सोंठ मिर्च पीपल

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

त्रि-कर्मा पुं० ब्राह्मण जो वेदों का अध्ययन यज्ञ और दान ये तीन मुख्य कर्म करते हैं

त्रि-कल वि० तीन मात्राओं या कलाओं-वाला

त्रिक्‌शूल पुं० एक तरह का वात रोग जिसमें कमर पीठ और रीढ़ तीनों में पीड़ा होती है

त्रिकालज्ञ पुं० भूत वर्तमान और भविष्य का जाननेवाला व्यक्ति

त्रिकालदर्शिता स्त्री० तीनों कालों की बातों को जानने की शक्ति

त्रिकालदर्शी पुं० तीनों कालों की बातों को देखनेवाला व्यक्ति

त्रिकुटा पुं० सोंठ मिर्च पिपली का चूर्ण

त्रिकुटी स्त्री० दोनों भौंहों के बीच के ऊपर का स्थान

त्रिकूट पुं० तीन चोटियोंवाला पर्वत

त्रिकोण-भवन पुं० जन्मकुंडली में लग्न से पाँचवा और नवाँ स्थान

त्रिकोण-मिति स्त्री० गणित शास्त्र की वह शाखा जिसमें त्रिभुजों के कोण बाहु वर्ग विस्तार आदि का मान निकाला जाता है

त्रिक्षार पुं० जवाखार सज्जी और सुहागा

त्रिगर्ता स्त्री० छिनाल स्त्री

त्रिगुण पुं० सत्व रज और तम

त्रिगुणा स्त्री० 1 दुर्गा 2 माया

त्रिगुणात्मक वि० 1 सत्व रज और तम तीनों गुणों से युक्त 2 किसी प्रकार के तीन गुणों से युक्त

त्रिगुणित वि० तीन गुणा किया गया

त्रि-गूढ़ पुं० पुरुष का ऐसा नृत्य जो वह स्त्री का वेष धारण करके करता है

त्रिघट पुं० स्थूल सूक्ष्म और कारण रूप तीन शरीर

त्रिजगत पुं० आकाश पाताल और पृथ्वी

त्रिजीवा स्त्री० तीन राशियों अर्थात 90 अंशों तक फैले हुए चाप की ज्या

त्रिज्या स्त्री० वृत्त के केन्द्र से परिधि तक खिंची हुई रेखा

त्रितप पुं० धर्म अर्थ और काम इन तीनों का समूह

त्रिताप पुं० दैहिक दैविक और भौतिक ये तीनों ताप

त्रिदंडी पुं० 1 वह संन्यासी जो त्रिदंड लिए रहता हो 2 मन वचन और कर्म तीनों को वश में करनेवाला व्यक्ति 3 यज्ञोपवीत जिसकी तीन लड़ियाँ होती हैं

त्रिदश पुं० 1 वह जो भूत भविष्य वर्तमान तीनों दशाओं में एक-सा बना रहे 2 देवता

त्रिदिनस्पृश् पुं० वह तिथि जो तीन दिनों को स्पर्श करती हो

त्रिदिव पुं० 1 स्वर्ग 2 आकाश

त्रिदेव पुं० ब्रह्मा विष्णु महेश

त्रिदोष पुं० 1 वात पित्त और कफ ये तीनों दोष 2 सन्निपात नामक रोग 3 काम क्रोध और लोभ ये तीनों मानसिक विकार

त्रिधनी स्त्री० एक रागिनी का नाम

त्रिधा क्रि० वि० तीन तरह से

त्रिधासर्ग पुं० दैव तिर्यग और मानुष ये तीनों तरह की सृष्टियाँ

त्रिनयन पुं० शिव

त्रिपताक पुं० ऐसा मस्तक जिसपर तीन बल पड़े हों

त्रिपत्र पुं० तुलसी कंद और बेल के पत्ते

त्रिपथ पुं० 1 आकाश पाताल और भूमि ये तीनों मार्ग 2 कर्म ज्ञान और उपासना ये तीनों मार्ग 3 तिमुहानी

त्रिपथगा, त्रिपथा स्त्री० गंगा नदी

त्रिपद वि० 1 तीन पैरोंवाला 2 तीन पदोंवाला

त्रिपदा स्त्री० एक वैदिक छंद

त्रिपदिका स्त्री० तिपाई

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

त्रिपाठी पुं० तीनों वेदों को जाननेवाला व्यक्ति

त्रिपिंड पुं० पितामह और प्रपितामह के निमित्त श्राद्ध

त्रिपिटक पुं० तीन बौद्ध महाग्रंथ

त्रिपिष्टप पुं० भस्म की तीन आड़ी रेखाओं का तिलक

त्रिपुंड पुं० तीन आड़ी रेखाओं का तिलक

त्रिपुटी स्त्री० तीन वस्तुओं का समूह

त्रिपुर पुं० 1 तीन लोक 2 वाणासुर

त्रिपुर-भैरव पुं० वैद्यक में एक प्रकार का रस जो सन्निपात का नाशक कहा गया है

त्रिपुरारि पुं० शिव

त्रिपुरुष पुं० पिता, पितामह और प्रपितामह—ये तीन पीढ़ियाँ

त्रिप्रश्न पुं० दिशा देश और काल संबंधी प्रश्न

त्रिभंगी वि० जिसमें तीन बल, गर्दन, कमर और पैर में पड़े हुए हों 2 त्रिभंग वाली मुद्रा से जो खड़ा हुआ हो

त्रिभज्या स्त्री० त्रिज्या

त्रिमधु पुं० घी शहद और चीनी का मधुपर्क

त्रिमार्गा स्त्री० त्रिपथगा

त्रिमूर्ति पुं० ब्रह्मा विष्णु और महेश

त्रियामा स्त्री० रात्रि

त्रिरात्रि पुं० तीन रात चलनेवाला व्रत

त्रिरूप पुं० अश्वमेध यज्ञ के लिए उपयुक्त माना जानेवाला एक घोड़ा

त्रिरेख वि० जिसमें तीन रेखायें हों

त्रिल पुं० नगण (।।।) जिसमें तीनों लघु वर्ण होते हैं

त्रिलघु पुं० 1 नगण (।।।) जिसमें तीनों वर्ण लघु होते हैं 2 ऐसा व्यक्ति जिसकी गरदन जाँघ और मूत्रेंद्रिय तीनों छोटी हो

त्रिलवण पुं० तीन नमक—सेंधा, साँभर, सोंचर

त्रिलोचन पुं० शिव

त्रि-वर्ग पुं० 1 तीनों चीजों का समूह 2 धर्म अर्थ और काम—ये तीन पदार्थ 3 सत्व रज और तम—ये तीन गुण 4 ब्राह्मण क्षत्रिय और वैश्य—ये तीन वर्ण

त्रिवर्त्त पुं० एक तरह का मोती जिसे अपने पास रखने से आदमी दरिद्र हो जाता है

त्रिवर्त्मा वि० तीन मार्गों में जानेवाला

त्रिवली स्त्री० नाभि के ऊपर बननेवाली तीन रेखाएँ

त्रिवाचा स्त्री० कोई बात जोर से तीन बार कहने की क्रिया

त्रिविद् पुं० वह व्यक्ति जो तीन वेदों या विद्याओं का ज्ञाता हो

त्रिविनत पुं० देवता ब्राह्मण और गुरु के प्रति श्रद्धा-भक्ति रखनेवाला व्यक्ति

त्रि-विस्तीर्ण पुं० ऐसा व्यक्ति जिसके ललाट कमर और छाती विस्तीर्ण हों

त्रिवृत्करण पुं० अग्नि जल और पृथ्वी—इन तीनों तत्वों में से प्रत्येक में शेष दोनों तत्वों का समावेश करके प्रत्येक को अलग-अलग तीन भागों में विभाजित करने की क्रिया

त्रिवेद पुं० ऋक् यजु: और साम तीनों वेद

त्रि-शक्ति स्त्री० इच्छा ज्ञान और क्रिया रूपी तीन ईश्वरीय शक्तियाँ

त्रिशिख I वि० तीन चोटियों या शिखाओं वाला II पुं० 1 त्रिशूल 2 बेल का पेड़

त्रिशुच् पुं० धर्म जिसका प्रकाश स्वर्ग अंतरिक्ष और पृथ्वी तीनों स्थानों पर है

त्रिशोक पुं० जीव जिसे आधिदैविक आधिभौतिक और आध्यात्मिक—ये तीन प्रकार के शोक सताते हों

त्रिषष्ठ वि० तिरेसठवाँ

त्रिषष्ठि वि० तिरेसठ

त्रिष्टुभ् पुं० एक वैदिक छंद जिसके प्रत्येक चरण में ग्यारह अक्षर होते हैं

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

त्रिसंध्य पुं० दिन के तीन भाग—प्रातः मध्याह्न और सायं

त्रिसंध्यव्यापिनी वि० वह तिथि जो बराबर सूर्योदय से सूर्यास्त तक रहे

त्रिसप्तति स्त्री० तिहत्तर, 73

त्रिसप्ततितम वि० तिहत्तरवाँ

त्रिस्कंध पुं० ज्योतिष शास्त्र जिसके संहिता तंत्र और होरा—ये तीन विभाग हैं

त्रिस्तवन पुं० तीन दिनों में होनेवाला एक प्रकार का यज्ञ

त्रिस्थली स्त्री० काशी गया प्रयाग

त्रिस्थान I पुं० 1 सिर ग्रीवा और वक्ष—ये तीन स्थान 2 तीनों लोकों में रहनेवाला, ईश्वर

त्रिहायण वि० जिसकी अवस्था तीन वर्ष की हो गई हो

त्रुटित वि० 1 टूटा हुआ 2 त्रुटिपूर्ण 3 चोट खाया हुआ 4 आहत

त्रेता पुं० चार युगों में से दूसरा युग जो 129600 वर्ष का होता है

त्रेधा क्रि०वि० तीन प्रकार से

त्रैकालिक वि० 1 भूत वर्तमान और भविष्य—तीनों कालों में होनेवाला 2 प्रातः मध्याह्न और संध्या—तीनों कालों में होनेवाला

त्रैकाल्य पुं० 1 भूत वर्तमान और भविष्यत—ये तीनों काल 2 सूर्योदय, अपराह्न और सूर्यास्त 3 तीन दशाएँ उत्पत्ति रक्षण और विनाश

त्रैगुण्य पुं० सत्व रज और तम—इन तीन गुणों का भाव

त्रैध वि० 1 तिगुना 2 तेहरा

त्रैमास्य पुं० तीन महीने का समय

त्रैयंबक वि० त्र्यंबक संबंधी

त्रैराशिक पुं० गणित की एक क्रिया जिसमें तीन ज्ञात राशियों की सहायता से चौथी अज्ञात राशि का मान निकाला जाता है

त्रैवर्गिक पुं० 1 वह कर्म जिससे धर्म अर्थ काम—इन तीनों की साधना हो 2 तीन गुटों का

त्रैवर्ग्य पुं० धर्म अर्थ काम—ये तीनों वर्ग या जीवन के साधन

त्रैवर्णिक वि० तीन वर्णों से संबंध रखनेवाला

त्रैवार्षिक वि० 1 हर तीसरे वर्ष होनेवाला 2 तीन वर्ष में एक बार होनेवाला

त्रैविद्य वि० 1 तीन वेदों का ज्ञाता 2 बहुत बड़ा विद्वान

त्रैविष्टप पुं० स्वर्ग में रहनेवाला अर्थात देवता

त्रैस्वर्य पुं० उदात्त अनुदात्त और स्वरित तीनों प्रकार के स्वर

त्रैहायण वि० त्रैवार्षिक

त्रोटक पुं० नाटक का एक भेद जिसका नायक कोई दिव्य पुरुष होता है

त्र्यंगुल वि० तीन उँगलियों की चौड़ाई के बराबर

त्र्यंबक पुं० 1 महादेव 2 संगीत में कर्नाटकी पद्धति का एक राग

त्र्यक्ष वि० तीन आँखोंवाला, शिव

त्र्यक्षरक I वि० जो तीन अक्षरों से मिलकर बना हो **II** पुं० ओम् 3 तंत्र में तीन अक्षरोंवाला मंत्र

त्र्यध्वगा स्त्री० त्रिपथगा, गंगा

त्र्यमृतयोग पुं० एक योग जो कुछ विशिष्ट वारों तिथियों और नक्षत्रों के योग से होता है

त्र्यशीति स्त्री० तिरासी, 83

त्र्याहिक वि० हर तीसरे दिन आनेवाला (ज्वर)

त्वक्पंचक पुं० बड़, गूलर, पीपल, शिरीष और पाकड़ की छाल

त्वक्-पाक पुं० एक रोग जिसमें पित्त और रक्त के प्रकोप से शरीर में फुंसिया

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

निकल आती हैं
त्वक्-पुष्प पुं० 1 एक रोग जिसमें त्वचा पर सफेद रंग की चित्तियाँ पड़ने लगती हैं 2 शरीर के रोएँ खड़े होने की अवस्था
त्वगंकुर पुं० रोमांच
त्वगिन्द्रिय स्त्री० स्पर्शेंद्रिय
त्वग्जल पुं० पसीना
त्वग्दोष पुं० कुष्ठ, कोढ़
त्वचन पुं० खाल या छाल से ढँकना
त्वरण पुं० 1 शीघ्रतापूर्वक करना 2 तेजी से चलना
त्वरता स्त्री० शीघ्रता
त्वरा स्त्री० 1 शीघ्रता 2 तेज़ी
त्वरावान् वि० 1 शीघ्रता करनेवाला 2 वेगपूर्वक चलनेवाला 3 जल्दबाज़
त्वरित वि० 1 वेगपूर्वक चलता हुआ 2 जल्दी किया हुआ 3 तेज़
त्वष्टा पुं० विश्वकर्मा, बढ़ई
त्वाच वि० त्वचा संबंधी
त्विषा स्त्री० चमक

थ

थक्का पुं० जमी हुई बूंद
थट, थट्ट पुं० झुंड
थनटुट्ट वि० जिसके स्तनों में दूध न रह गया हो
थनेला पुं० थन पर निकला फोड़ा
थनैल वि० भारी थनोंवाली
थपना स०क्रि० धीरे-धीरे पीटना
थरहरी स्त्री० डर के मारे कँपकँपी
थलथल वि० मोटा और ढीला-ढाला
थवई राजमिस्त्री
थहराना अ०क्रि० 1 भय के कारण अंगों का काँपना 2 काँपना
थहाना स०क्रि० थाह लेना
थांगी पुं० 1 चोरों का सरदार 2 चोरों का सामान खरीदने तथा अपने पास रखनेवाला व्यक्ति
थाती स्त्री० 1 समय पर प्रयोग में लाने के लिए रखी हुई वस्तु 2 अमानत, धरोहर
थापा पुं० पंजे का छापा
थाहना स०क्रि० 1 किसी प्रकार की गहराई का पता लगाना 2 किसी के मन की थाह लेना
थुक्का-फ़ज़ीहत स्त्री० निंदा और तिरस्कार
थुड़ी स्त्री० 1 एक प्रकार घृणा तथा अपमानजनक शब्द 2 धिक्कार
थुथाना अ०क्रि० मुँह फुलाना
थुन्नी स्त्री० थूनी, खंभा
थुलमा पुं० एक प्रकार का मोटा कम्बल जिसके ऊपर रोएँ उठे होते हैं
थेवा पुं० 1 अँगूठी में जड़ा हुआ नगीना
थैलीशाही स्त्री० पूंजीवाद
थोथ स्त्री० 1 थोथापन 2 खोखलापन 3 निःसारता
थोथा वि० खाली, खोखला
थोबड़ा पुं० 1 जानवरों का निकला हुआ लंबा मुंह, थूथन 2 फुलाया हुआ मुंह

द

दंगवारा पुं० किसानों की परस्पर सहायता
दंडक वि० दंडित करने वाला
दंडक-ज्वर पुं० डींगू बुख़ार

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दंडक कला स्त्री० 32 मात्राओं का एक छंद जिसके अंत में एक गुरु अथवा सगण (।।ऽ) होता है

दंडग्रहण पुं० संन्यास लेना

दंडघ्न त्रि० डंडे से प्रहार

दंडदास पुं० वह व्यक्ति जो अर्थदंड न दे सकने के कारण किसी की गुलामी करता हो

दंडन पुं० 1 दंड देना 2 शासन

दंडपाणि I त्रि०हाथ में डंडा धारण करनेवाला II पुं० यमराज

दंडपात पुं० एक प्रकार का सन्निपात रोग

दंडपारुष्य पुं० 1 सज़ा की कठोरता 2 मार-पीट

दंडपाशक पुं० 1 दंड देनेवाला कर्मचारी 2 फाँसी देनेवाला जल्लाद

दंड-प्रणाम पुं० डंडे के समान पड़कर प्रणाम करने की मुद्रा, दंडवत

दंडभंग पुं० शासन का उल्लंघन

दंडभृत I त्रि० डंडा उठाने वाला II पुं० यमराज

दंडमानव पुं० जिसे अधिक दंड देना पड़ता है

दंडमुख पुं० सेनापति

दंडमुद्रा स्त्री० तंत्र की एक मुद्रा जिसमें मुट्ठी बाँधकर बीच की उँगली को ऊपर खड़ा रखते हैं

दंडयात्रा स्त्री० सेना की वह चढ़ाई जो किसी देश या राजा को दंड देने के उद्देश्य से हो

दंडवध पुं० वध किये जाने का दंड, प्राण दंड

दंडविधान पुं०दंड देने की शासन-व्यवस्था

दंडसंधि स्त्री० लड़ाई में शत्रु सेना का सामान लेकर की जानेवाली संधि

दंड-संहिता स्त्री०वह ग्रंथ जिसमें अपराधों के लिए दिए जानेवाले दंडों का विधान हो

दंडाजिन पुं०1 डंडा और मृगचर्म 2 साधु का सामान

दंडात्मक त्रि०1 दंड संबंधी 2 दंड के रूप में होनेवाला

दंडादेश पुं० सज़ा का हुक्म

दंडादेशित त्रि०जिसे दंड की सूचना मिल चुकी हो

दंडाधीश पुं० मजिस्ट्रेट

दंडापूपन्याय पुं० यह सिद्धान्त कि किसी कठिन कार्य के साथ एक सहज कार्य होना अच्छा होता है

दंडार्ह त्रि० जिसे दंड दिया जाना उचित हो

दंडिका स्त्री० बीस अक्षरों की एक वर्णवृत्ति जिसके प्रत्येक चरण में तीन बार एक रगण (।।ऽ)के उपरान्त एक जगण (।ऽ।) और अन्त में गुरु लघु होता है

दंतक पुं०1 छोटा दाँत 2 पहाड़ की चोटी

दंतकथा स्त्री० परंपरागत कल्पित कथा

दंतक्षत पुं० दाँत काँटने का चिह्न

दंत-घर्ष पुं०1 ऊपर और नीचे के दाँतों में होनेवाली रगड़, किटकिटाहट

दंतच्छद पुं० होंठ

दंतजात त्रि० जिसके दाँत निकल आये हों

दंत-धावन पुं० 1 दांत साफ़ करना 2 दातुन

दंतपाली स्त्री० मसूड़ा

दंतप्रक्षालन पुं० दाँत साफ़ करना

दंतमांस पुं० मसूड़ा

दंतमूलीय त्रि० (वर्ण) जिसका उच्चारण करते समय जिह्वा का अग्रभाग दंतमूल को स्पर्श करता हो

दंतवल्क, दंतवेष्ट पुं० मसूड़ा

दंत-वैघर्म पुं० दाँतों का रोग

दंत-शोफ पुं० दाँत के मसूड़ों में होनेवाला फोड़ा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दंताघात पुं॰ दाँतों से किया जानेवाला आघात

दंताज पुं॰ दाँत की जड़ों में लगनेवाले कीड़े (रोग), पायरिया

दंतादंति स्त्री॰ एक-दूसरे को दाँतों से काटना

दंतार्बुद पुं॰ मसूड़े में होनेवाला फोड़ा

दंतिदंत पुं॰ हाथी दाँत

दंती पुं॰ हाथी

दंतोद्‌भेद पुं॰ बच्चों के दाँतों का निकलना

दंतोष्ठ्य वि॰ दाँतों और होंठों की सहायता से उच्चारित (वर्ण)

दंत्य वि॰ 1 दंत संबंधी 2 (वर्ण) जिसका उच्चारण दाँतों की सहायता से होता हो

दंदह्यमान वि॰ दहकता हुआ

दंदाना पुं॰ दाँत के आकार की उभरी हुई नोकों की पंक्ति

दंदारु पुं॰ फफोला

दंभ पुं॰ उचित मात्रा से अधिक अभिमान

दंभक पुं॰ पाखंडी

दंभन पुं॰ ढोंग करना

दंशक वि॰ (दाँत या डंक से) काटनेवाला

दंशन पुं॰ 1 दाँतों से काटना 2 डंक मारना

दंशित वि॰ 1 दाँत से काटा हुआ 2 जिसे किसी ने डंक मारा हो

दंशी वि॰ 1 दाँत से काटनेवाला 2 चुभती हुई बात कहनेवाला

दंष्ट्र पुं॰ दाढ़

दंष्ट्रा-नखविष वि॰ (वह जन्तु) जिसके दाँतों और नखों में विष हो

दंष्ट्रायुध, दंष्ट्रास्त्र वि॰ अपने दाँतों से अस्त्र का काम लेनेवाला, सूअर

दई पुं॰ 1 दैव 2 ईश्वर

दईवारा, दईमारा वि॰ 1 जिस पर दैवी कोप हो 2 अभागा

दक़ियानूस वि॰ 1 रुढ़िग्रस्त 2 पुराने विचारों का

दक़ीक़ा पुं॰ उपाय

दक्ष वि॰ 1 निपुण 2 दाहिनी ओर का

दक्षसुत पुं॰ देवता

दक्षिण-गोल पुं॰ विषुवत रेखा से दक्षिण पड़नेवाली राशियाँ—तुला वृश्चिक धनु मकर कुंभ और मीन

दक्षिण-नायक पुं॰ वह नायक जो अनेक नायिकाओं से समान अनुराग रखता है

दक्षिणमार्ग पुं॰ आधुनिक राजनीति में वह मार्ग जो साधारण और वैधानिक रीति तथा शान्त उपायों से उन्नति तथा विकास चाहता हो और उग्र उपायों से क्रांति करने का विरोधी हो

दक्षिणाचार पुं॰ अच्छा और शुद्ध आचरण, धार्मिक आचरण

दक्षिणाचारी वि॰ धर्मशील और सदाचारी

दक्षिणापथ पुं॰ दक्षिण भारत की ओर का प्रदेश

दक्षिणायन पुं॰ छह महीने का वह समय जब सूर्य दक्षिण की ओर बढ़ता रहता है

दक्षिणावर्त वि॰ जिसका घुमाव दाहिनी ओर से बाईं ओर को हो

दक्षिणी-ध्रुव पुं॰ पृथ्वी के गोले का दक्षिण सिरा

दख़ल-दिहानी स्त्री॰ अदालत द्वारा किसी संपत्ति पर दख़ल दिलाना

दख़ील वि॰ 1 हस्तक्षेप करनेवाला 2 जिसकी कहीं पहुँच हो 3 जिसने किसी वस्तु पर कब्ज़ा कर रखा हो

दख़ीलकार पुं॰ वह असामी जिसने दख़ल कर रखा हो

दगड़ पुं॰ 1 लड़ाई में बजाया जानेवाला बड़ा ढोल

दगदगा पुं॰ भय, आशंका

दगरी स्त्री॰ ऐसा दही जिसपर मलाई न हो

दग़ा पुं॰ 1 धोखा 2 विश्वासघात

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दगला पुं० मोटा भारी लबादा
दग्धव्रण पुं० जलने का फोड़ा
दग्धाक्षर पुं० झ ह र भ ष जिन्हें छंद के आरंभ में रखना मना है
दचक स्त्री०, **दचका** पुं० 1 ठोकर 2 दबाव से लगी हुई चोट 3 धक्का, झटका
दचकना अ० क्रि० 1 ठोकर खाना 2 झटका खाना 3 भार के नीचे दब जाना
दज्जाल वि० 1 धोखेबाज़ 2 बेईमान
दत्त वि० दिया हुआ
दत्तक पुं० लेपालक, गोद लिया बच्चा
दत्तकग्रहण पुं० किसी लड़के को अपना दत्तक पुत्र बनाना
दत्तक-ग्राही वि० जो किसी दूसरे के लड़के को अपना दत्तक पुत्र बनाए
दत्तचित्त वि० मनोयोगपूर्वक लगा हुआ
दत्तदृष्टि वि० निगाह जमाए हुए
दत्ताप्रदानिक पुं० दान किए हुए किसी पदार्थ को अन्यायपूर्वक फिर से प्राप्त करने का प्रयत्न
दत्तावधान वि० 1 ध्यान देनेवाला 2 सावधान
दत्रिम I पुं० दत्तक पुत्र **II** वि० दान में प्राप्त
ददिहाल पुं० दादा का वंश या गाँव
दद्रु पुं० दाद (रोग)
दद्रुण वि० दाद से पीड़ित
दधि पुं० 1 दही 2 समुद्र
दधिधानी स्त्री० दही का पात्र
दधिसुत पुं० 1 चंद्रमा 2 कमल 3 मक्खन
दनगा पुं० खेत का छोटा
दनुज पुं० राक्षस
दपट स्त्री० डपट
दफ़ीना पुं० गड़ा हुआ धन
दबंग वि० 1 निधड़क 2 प्रभावशाली
दबगर पुं० ढाल बनानेवाला 2 चमड़े के कुप्पे बनानेवाला
दबीज वि० गाढ़ा
दबूसा पुं० जहाज़ या नाव का पिछला भाग
दबैला वि० दबा हुआ
दमकल स्त्री० आग बुझाने का पंप
दम-ख़म पुं० 1 शक्ति 2 दृढ़ता
दमदमा पुं० 1 मोरचा 2 नगाड़ा
दमदार वि० जिसमें अधिक जीवन-शक्ति हो, जीवटवाला
दमनशील वि० जिसका स्वभाव दमन करने का हो
दमनीय वि० जिसका दमन किया जा सके
दम-पट्टी स्त्री० झाँसा
दमबाज़ पुं० छली, फुसलानेवाला
दमयिता पुं० दमन करनेवाला
दमसाज़ पुं० 1 हमदर्द 2 संगीत में वह व्यक्ति जो किसी गवैये के साँस लेने पर उसके बोल के स्वरों को दोहराया करता हो
दमामा पुं० नगाड़ा
दमित वि० 1 दमन किया गया 2 दबाया गया 3 पराजित
दमी वि० दमनशील
दम्य वि० जिसका दमन किया जा सके
दयनीय वि० जिसे देखकर मन में दया उत्पन्न होती है
दयानत स्त्री० ईमानदारी
दयानतदारी स्त्री० ईमानदारी
दयामय वि० दया से पूर्ण, दयालु
दयार्द्र वि० पसीजनेवाला
दयावीर पुं० वह जो दूसरों पर दया करने में सबसे बढ़-चढ़कर हो
दयासागर पुं० जिसके मन में अगाध दया हो
दयित I वि० प्यारा **II** पुं० पति
दयिता स्त्री० 1 प्रियतमा 2 पत्नी
दरक स्त्री० चीर, दरार
दरकच स्त्री० रगड़ से लगा घाव

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दरकाना स० क्रि० फाड़ना, चीरना
दरकार वि० जिसकी आवश्यकता हो
दर-किनार वि० 1 क्षेत्र से बाहर किया हुआ 2 अलग
दर-गुज़र वि० 1 जो बीत चुका हो 2 उपेक्षित 3 माफ़
दरण पुं० 1 पीसना, दलना 2 विनाश
दरणि स्त्री० 1 धारा 2 तरंग
दरणी स्त्री० 1 भँवर 2 लहर 3 प्रवाह
दरद I वि० भयदायक **II** पुं० पहाड़
दरदराना स० क्रि० मोटा-मोटा पीसना
दरदरी वि० मोटे रवेवाला
दरदीला वि० 1 जिसे दरद हो 2 दूसरों का कष्ट समझनेवाला
दरपेश क्रि० वि० समक्ष, आगे
दरबंदी स्त्री० 1 दर निश्चित करना
दरबदर क्रि० वि० द्वारे-द्वारे
दरबारदारी स्त्री० किसी बड़े आदमी के यहाँ बैठे रहना और खुशामद करना
दरमाँदा वि० 1 जो बहुत थककर पड़ा हो 2 बेचारा 3 लाचार
दरमियाना वि० 1 बीच का 2 न बहुत बड़ा न बहुत छोटा
दरवेश पुं० मुसलमान फ़क़ीर
दरशनी वि० देखने का
दर-हकीकत क्रि० वि० वास्तव में
दरहम बरहम वि० अस्त-व्यस्त
दरिंदा पुं० हिंसक पशु
दरित वि० डरा हुआ 2 फटा हुआ
दरिद्रित वि० 1 दरिद्र 2 दुःखी
दरिया पुं० नदी
दरिया-दिल वि० उदार-हृदय
दरियाफ़्त वि० पूछताछ करके मालूम किया हुआ
दरिया बरार पुं० नदी द्वारा लाई गई मिट्टी से बनी भूमि
दरिया बुर्द वि० (भूमि) जिसे नदी ने काट गिराया हो
दरी I वि० 1 फाड़नेवाला 2 डरनेवाला **II** स्त्री० खोह
दरीचा पुं० 1 छोटा दरवाज़ा 2 खिड़की 3 रोशनदान
दरीबा पुं० पान की मंडी
दरेरना स० क्रि० रगड़ना
दरेसी स्त्री० किसी चीज़ को सँवार कर ठीक-ठाक कर देना
दर्ज वि० लिखा हुआ
दर्दर वि० फटा हुआ
दर्दी वि० हमदर्द
दर्प पुं० 1 अभिमान 2 उद्दंडता
दर्पक वि० अभिमान करनेवाला
दर्पित वि० अहंकार से भरा हुआ
दर्पी वि० घमंडी
दर्भ पुं० कुश (घास)
दर्भट पुं० गुप्त कमरा
दर्राना अ० क्रि० बेधड़क चले जाना
दर्वी स्त्री० करछी
दर्श पुं० 1 दर्शन 2 अमावस्या 3 नया चाँद
दर्शन-प्रतिभू पुं० वह ज़मानतदार जो किसी व्यक्ति को निश्चित समय तथा स्थान पर हाज़िर करने की ज़िम्मेदारी लेता हो
दर्शी वि० 1 देखनेवाला 2 विचार करने-वाला
दलक, दलकन स्त्री० 1 थरथराहट 2 रह-रहकर होनेवाली हल्की पीड़ा, कसक
दल-कपाट पुं० पंखुड़ी का कोष जिसके भीतर कली रहती है
दलकोमल पुं० कमल
दलगंजन वि० व्यक्तियों के समूहों को मारनेवाला, भारी वीर
दलदार वि० जिसकी परत मोटी हो
दलन I पुं० 1 पीसकर छोटे-छोटे टुकड़े करना 2 संहार **II** वि० विनाशकारी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दलप, दलपति पुं० दल का प्रधान
दलबल पुं० पूरा लश्कर
दलबादल पुं० बादलों का समूह
दलहन पुं० दालोंवाला अन्न
दलादल स्त्री० 1 दलील 2 प्रमाण 3 लक्षण
दलित वि० 1 जिसका दलन हुआ हो 2 जो कुचला गया हो
दलेपंज पुं० वह घोड़ा जो बूढ़ा हो रहा हो
दलेल स्त्री० सिपाहियों को कवायद परेड करने का दंड
दल्लाला स्त्री० कुटनी
दव पुं० 1 जंगल 2 जंगल में प्राकृतिक रूप से लगनेवाली आग 3 आग
दावाग्नि, दावानल स्त्री० जंगल में लगनेवाली आग
दवामी काश्तकार I वि० स्थायी **II** पुं० वह किसान जिसे स्थायी रूप से काश्तकारी का अधिकार प्राप्त हो
दवामी बंदोबस्त पुं० वह व्यवस्था जिसमें ज़मीन की सरकारी मालगुजारी चिरकाल के लिए निश्चित हो जाती है
दवारि स्त्री० दवाग्नि
दशकंठ, दशकंध पुं० रावण
दशक पुं० दस का समूह
दशधाभक्ति स्त्री० नवधा भक्ति और उसमें सम्मिलित की हुई दसवीं प्रेमलक्षणा भक्ति—ये दस प्रकार
दशन पुं० दाँत
दशनच्छद पुं० होंठ
दशनांशु पुं० दाँतों की चमक
दशबाहु पुं० शिव
दशमभाव पुं० जन्म कुंडली में लग्न के स्थान से दसवाँ घर
दशमलव पुं० वह भिन्न जिसके हर में दस या उसका कोई घात हो
दशमलवकरण पुं० गणित में इकाई से कम मान सूचित करनेवाले अंशों को दशमलव का रूप देना
दशमिक वि० दशमलव भाग से संबंध रखनेवाला
दशमुख पुं० रावण
दशमेश पुं० 1 जन्मकुंडली में दशमभाव का स्वामी 2 दशवें गुरु गोविन्द सिंह
दशांत पुं० बुढ़ापा
दशांतर पुं० जीवन की विभिन्न अवस्थाएँ
दशानन पुं० दशमुख
दशाब्द पुं० दश वर्षों की इकाई
दशावरा स्त्री० दस सदस्यों की शासन-सभा
दशाह पुं० मृतक के कृत्यों का दसवाँ दिन
दशेश पुं० दश ग्रामों का नायक
दष्ट वि० डसा हुआ
दसोतरा वि० दस से अधिक
दस्तंदाज़ वि० हस्तक्षेप करनेवाला
दस्तकार पुं० शिल्पी
दस्तगीर पुं० सहारा देनेवाला
दस्तगीरी स्त्री० सहारा देना
दस्तदराज़ी स्त्री० अन्याय
दस्तबरदार वि० 1 मुक्त 2 हट जानेवाला
दस्त-बस्ता क्रि० वि० 1 हाथ जोड़कर 2 विनम्रतापूर्वक
दस्तयाब वि० हाथ में आया हुआ, मिला हुआ, प्राप्त
दस्तरखान पुं० खाना खाने के लिए बिछाई गई चादर
दस्ता पुं० बेंट, मूठ, हैंडल
दस्तावर वि० रेचक, दस्त लानेवाली (दवा)
दस्तावेज़ पुं० व्यापार संबंधी लेख
दस्ती वि० हाथ का
दस्युता स्त्री० 1 लुटेरापन 2 दुष्टता
दस्युवृत्ति स्त्री० 1 लुटेरापन 2 डकैती
दहकानियत स्त्री० देहातीपन, गँवारूपन
दहकान पुं० 1 गँवारू, देहाती 2 किसान
दहन पुं० जलना
दहनशील वि० जलनेवाला

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दहनीय वि० जो जलाया जा सके
दहनोपल पुं० सूर्यकांत मणि
दहपट वि०1 ध्वस्त 2 बरबाद किया हुआ 3 रौंदा हुआ
दहराकाश पुं०1 हठयोग के अनुसार हृदय में स्थित विशुद्ध आकाश जिसमें निरंतर अनाहत नाद होता रहता है 2 ईश्वर
दहरौरा पुं० दही बड़ा
दहशत स्त्री० त्रास, आतंक, ख़ौफ़
दहसनी स्त्री०ऐसी बही जिसमें केवल दस वर्ष के लेखे लिखे जाते हैं
दहेंड़ी स्त्री० दही का हँड़िया
दहेला वि० भीगा हुआ
दह्य वि० जो जलाया जा सकता हो
दह्यमान वि० जलता हुआ
दांड वि० दंड से संबंध रखनेवाला
दांड़ना स०क्रि० 1 सज़ा देना 2 जुरमाना लगाना
दांडाजिनिक I पुं० वह साधु जो दंड और अजिन धारण करके अपना अर्थसाधन करता फिरे **II** वि० कपटी
दांति स्त्री० 1 इंद्रियों को वश में रखना 2 नम्रता
दांपत्य वि० पति और पत्नी का
दांभिक वि० 1 दंभ करनेवाला 2 अभि-मानी 3 पाखंडी
दाक्षिणक पुं० दक्षिणा से संबंधित
दाक्षिणात्य वि० दक्षिण का
दाक्षिण्य पुं० 1 अनुकूलता 2 उदारता
दाखिल वि० 1 प्रविष्ट 2 कहीं पहुँचा
दाखिल-खारिज पुं० संपत्ति के अधिकारी का नाम दर्ज करने का काम
दाग़-बेल स्त्री० वे रेखाएँ जो किसी ज़मीन पर इमारत आदि की नींव खोदने के समय बनाई जाती हैं
दाघ पुं० 1 गरमी 2 जलन
दाझना अ०क्रि० 1 जलना 2 डाह करना
दातव्य I वि० 1 जो दिया जा सकता हो 2 दान का **II** पुं० दान
दातार वि० 1 बहुत दान देनेवाला 2 भगवान्
दाति स्त्री० 1 देना 2 वितरण
दातृता स्त्री० दातापन, दानशीलता
दातृत्व पुं० दानशीलता
दात्र पुं० दाँती, हँसिया
दादख़्वाह वि० न्याय चाहनेवाला
दादगर वि० न्याय करनेवाला
दादनी स्त्री० 1 देने की चीज 2 पेशगी रकम
दादरस वि० न्याय करनेवाला
दादरा पुं० एक चलता गाना
दाधिक वि० दही का
दानक पुं० छोटा-मोटा दान
दानपति पुं० बहुत बड़ा दानी
दान-प्रतिष्ठा स्त्री०किसी दान के साथ की दक्षिणा
दानवगुरु पुं० शुक्राचार्य
दानवारि पुं० विष्णु
दानाई स्त्री० अक्लमंदी
दानिनी स्त्री० दान करनेवाली स्त्री
दानिश स्त्री० 1 अक्ल 2 विद्या
दाप पुं०1 दर्प, अभिमान 2 बल 3 प्रताप 4 शक्ति
दापित वि०1 जो देने के लिए बाध्य किया गया हो 2 जिस पर अर्थदंड लगाया गया हो
दाबदार वि० रोबदार
दाम पुं०1 रस्सी 2 फंदा 3 पैसा 4 दमन
दामक पुं०1 गाड़ी के जुए में बाँधी जाने-वाली रस्सी 2 बाग-डोर
दामनगीर वि० 1 किसी का पल्ला/दामन पकड़नेवाला 2 सहारा लेनेवाला
दामन-पर्व पुं०चैत्र शुक्ल की द्वादशी तिथि
दामाशाही स्त्री०1 किसी दिवालिए महा-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जन की संपत्ति का लहनदारों के बीच में होनेवाला बँटवारा

दामिनी स्त्री० बिजली

दाय वि० 1 उत्तराधिकार 2 उत्तराधिकार में प्राप्तव्य धन

दायक वि० देनेवाला

दायजा पुं० दहेज

दायभाग पुं० 1 उत्तराधिकार संबंधी धर्मशास्त्र 2 उत्तराधिकारी को मिलनेवाला संपत्ति का अंश 3 मौरूसी हक

दायमी वि० सदा बना रहनेवाला, स्थायी

दायमुलहब्स पुं० आजीवन कारावास

दायर वि० 1 प्रचलित (मुकदमा) न्यायालय में पेश किया गया

दायरा पुं० 1 घेरा 2 वृत्त 3 मंडली

दायागत वि० मौरुसी हिस्से में पड़ा हुआ

दायागरी स्त्री० 1 दाई का काम 2 बच्चा जनाने की विद्या

दायाद वि० उत्तराधिकार में संपत्ति पानेवाला, उत्तराधिकारी

दायादा स्त्री० उत्तराधिकारिणी

दायाद्य पुं० वह संपत्ति जिस पर सपिंड कुटुम्बियों का अधिकार माना जाय मौरुसी संपत्ति

दायाधिकारी पुं० उत्तराधिकारी

दायापवर्तन पुं० किसी जायदाद में मिलनेवाले हिस्से की ज़ब्ती

दायित वि० दिलाया हुआ

दायित्व पुं० 1 ज़िम्मदारी 2 देनदारी

दायी वि० 1 देनदार 2 देनेवाला स्त्री० दायिनी

दायोपगत दास पुं० बँटवारे में मिला हुआ दास

दारक पुं० 1 पुत्र 2 बालक 3 फाड़नेवाला

दार-कर्म पुं० भार्या ग्रहण करना, विवाह

दारण पुं० 1 फाड़ना 2 फोड़ा चीरना

दार-परिग्रह पुं० पत्नी बनाना, पुरुष का शादी करना

दारमदार पुं० निर्भर होना

दारव वि० लकड़ी का बना हुआ

दार-संग्रह पुं० पत्नी के रूप में ग्रहण करना

दारा स्त्री० पत्नी

दारिका-सुन्दरी स्त्री० वेश्या की वह लड़की जिसका अभी तक किसी पुरुष से संबंध न हुआ हो

दारित वि० चीरा या फाड़ा हुआ

दारिद्र्य पुं० ग़रीबी, निर्धनता

दारी स्त्री० 1 दुश्चरित्रा स्त्री 2 दासी

दारीजार पुं० दासी का पति (गाली)

दारु पुं० 2 लकड़ी 2 कारीगर

दारुण वि० 1 भयानक 2 विकट 3 प्रचंड 4 घोर

दारुण्य पुं० 1 विकटता 2 प्रचंडता

दारुनारी, दारुपुत्रिका स्त्री० कठपुतली

दारुलशफ़ा पुं० 1 चिकित्सालय 2 आरोग्यशाला

दारुलसलतनत स्त्री० राजधानी

दारू स्त्री० 1 उपचार 2 शराब

दारूकार पुं० शराब बनानेवाला

दारैषणा स्त्री० नारी की चाह

दार्ढ्य पुं० दृढ़ता

दार्वाट पुं० मंत्रणा करने का गुप्त स्थान

दार्षद वि० 1 पत्थर पर पीसा हुआ 2 पत्थर का बना हुआ 3 खान से निकला हुआ

दार्ष्टांतिक वि० 1 दृष्टांत संबंधी 2 जो दृष्टांत के रूप में हो

दावनी स्त्री० एक तरह का झालरदार गले का गहना

दावाग्नि, दावानल स्त्री० जंगल में लगनेवाली आग

दाश पुं० धीवर

दाशेय पुं० धीवरपुत्र

दाश्त स्त्री० रखाव

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दाश्ता स्त्री० रखैल
दासानुदास पुं० 1 दासों का भी दास 2 परम तुच्छ दास
दासेय वि० दासी का पूर्वज
दासेरक पुं० दासी पुत्र
दास्तान स्त्री० 1 विस्तृत वृतान्त 2 किस्सा
दास्य पुं० 1 दासता 2 भक्ति के नौ भेदों में से एक जिसमें उपासक अपने उपास्य देवता को स्वामी और अपने आपको उसका दास समझता है
दास्यमान वि० दिया जानेवाला
दाहक वि० 1 जलानेवाला 2 दाह कर्म करनेवाला
दाहकता स्त्री० जलाने का गुण
दाह-कर्म पुं० शव जलाने का कृत्य
दाह-ज्वर पुं० जलन के साथ बुख़ार
दाहन पुं० 1 भस्म करना 2 जी जलाना
दाह-सर पुं० मरघट
दाही वि० 1 जलानेवाला 2 कष्ट देनेवाला
दिक् स्त्री० दिशा
दिक पुं० तपेदिक, टी० बी०
दिक़्क़त स्त्री० 1 कष्ट, तकलीफ़, 2 हैरानी 3 कठिनता
दिक्कन्या, दिक्कामिनी स्त्री० दिशा रूपी सुंदरी
दिक्पाल पुं० दिशाओं के रक्षक देवता
दिक्-शूल पुं० दिशा शूल
दिक्-साधन पुं० वह साधन जिसके द्वारा दिशाओं का ठीक ज्ञान होता हो
दिग् स्त्री० दिशा
दिगंगना स्त्री० दिशा रूपी सुंदरी
दिगंचल, दिगंत पुं० 1 दिशा का अंत 2 आकाश का अंतिम छोर 3 चारों दिशाएँ
दिगंतर पुं० दो दिशाओं के मध्य का भाग
दिगंबर पुं० नंगे रहनेवाले जैन साधु
दिगंश पुं० क्षितिज वृत्त (360) का कोई अंश
दिगंश-यंत्र पुं० किसी ग्रह या नक्षत्र का दिगंश जानने का यंत्र
दिगागत वि० दूर से आया हुआ
दिगीश पुं० दिक्पाल
दिग्गज I पुं० दिशाओं के रक्षक हाथी II वि० बहुत भारी
दिग्जय पुं० दिग्विजय
दिग्दर्शक वि० 1 दिशाओं का ज्ञान करानेवाला 2 दिग्दर्शन करानेवाला
दिग्दर्शक यंत्र पुं० दिशाओं का ज्ञान करानेवाला यंत्र, कंपास
दिग्दर्शन पुं० 1 किसी को यह बतलाना कि किस ओर किस काम में बढ़ना चाहिए, जानकारी 2 नमूना
दिग्दर्शनी स्त्री० दिशाओं का ज्ञान करानेवाला यंत्र
दिग्दाह पुं० एक दैवी घटना जिसमें सूर्य के डूब जाने पर भी दिशाएँ लाल और जलती हुई दिखाई पड़ती हैं
दिग्ध वि० 1 (ज़हर में) बुझाया हुआ 2 लिप्त
दिग्बल पुं० लग्न आदि पर स्थित ग्रहों का बल
दिग्भ्रम पुं० दिशा का ज्ञान न रहना
दिग्वधू स्त्री० दिशा रूपी स्त्री
दिग्बिन्दु पुं० वह निश्चित स्थान जो ठीक उत्तर दक्षिण पूर्व या पश्चिम में पड़ता है
दिग्विभवति वि० चारों ओर प्रसिद्ध
दिग्व्यापी वि० सब दिशाओं में रहनेवाला
दिग्व्याप्त वि० सब तरफ फैला हुआ
दिङ्नक्षत्र पुं० किसी दिशा से संबंधित कुछ विशेष नक्षत्रों का झुंड
दिङ्नारी स्त्री० 1 वेश्या 2 कुलटा
दिङ्मात्र पुं० 1 केवल नमूना 2 संकेत मात्र
दिङ्मूढ़ वि० 1 दिशाओं को न जाननेवाला, दिग्भ्रमित

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दितिकुल पुं० दैत्य वंश

दित्सा स्त्री० 1 दान देने की इच्छा 2 वसीयत

दित्साक्रोड़ पुं० इच्छा पत्र के अंत में लिखा हुआ परिशिष्ट

दित्सापत्र पुं० वसीयतनामा, इच्छापत्र

दित्सु वि० 1 देने को इच्छुक हो 2 वसीयत लिखकर देनेवाला

दित्स्य वि० दान करने योग्य

दिदृक्षा स्त्री० देखने की चाह

दिदृक्ष वि० देखने को इच्छुक

दिधि पुं० 1 धीरज 2 दृढ़ता

दिनकर-कांति स्त्री० संगीत में कर्नाटकी पद्धति की एक रागिनी

दिनचर्या स्त्री० दिनभर में किए जानेवाले कार्यों का क्रमिक रूप

दिन-पत्र पुं० वह पत्र (समूह) जिसमें दिन तारीख आदि क्रम से लिखी रहती हैं, कैलेंडर

दिनबल पुं० दिन के समय पड़नेवाली राशि

दिनभृति स्त्री० दिनों के अनुसार मिलनेवाली मज़दूरी

दिनमणि पुं० सूर्य

दिनमान पुं० सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त तक के समय का मान

दिनमाली, दिनरत्न पुं० सूर्य

दिनशेष पुं० सायंकाल

दिनांक पुं० तारीख़

दिनांकित वि० जिसपर तारीख़ लिखी हो

दिनांतक पुं० अँधेरा

दिनांश पुं० 1 दिन के भाग 2 दिन के तीन भाग—प्रातःकाल मध्याह्न और सायंकाल

दिनागम पुं० सुबह

दिनातीत वि० 1 अप्रचलित 2 पिछड़ा हुआ

दिनानुदिन क्रि०वि० प्रतिदिन

दिनार्द्ध पुं० दोपहर

दिनिका स्त्री० एक दिन की मज़दूरी

दिनौंधी स्त्री० दिन में अंधा हो जाने का रोग

दियत स्त्री० किसी व्यक्ति को मार डालने के बदले में मिलनेवाला धन

दिरमान पुं० इलाज

दिरमानी पुं० चिकित्सा करनेवाला

दिलगीर वि० 1 उदास 2 शोकाकुल

दिलगीरी स्त्री० 1 उदासी 2 मानसिक कष्ट

दिल गुरदा पुं० 1 हिम्मत 2 वीरता

दिलचला वि० 1 हिम्मतवाला, साहसी 2 वीर 3 मनमौजी

दिल-जला वि० दुःखी

दिलदार वि० 1 रसिक 2 प्रेमी 3 उदार

दिलबर वि० प्यारा

दिलरुबा I वि० मनोरंजक **II** पुं० एक तंत्रवाद्य

दिलशाद वि० प्रसन्नचित्त

दिलारा वि० 1 दिल की प्रसन्नता बढ़ानेवाला 2 लुभावना 3 परमप्रिय

दिलावर वि० 1 शक्तिशाली, वीर 2 हिम्मतवाला

दिलासा पुं० ढाढ़स, आश्वासन

दिवंगत वि० परलोकवासी, मृत

दिव पुं० 1 स्वर्ग 2 आकाश 3 दिन

दिव-दाह पुं० 1 आकाश का जलता हुआ सा मालूम पड़ना 2 उत्पात

दिवांध वि० दिन में अंधा

दिवा पुं० 1 दिवस 2 एक प्रकार का वर्णवृत्त जिसे मालिनी और मदिरा भी कहते हैं

दिवानाथ पुं० सूर्य

दिवाभिसारिका स्त्री० वह नायिका जो दिन में शृंगार करके पति से मिले

दिवाभीत वि० दिन के प्रकाश से डरनेवाला

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दिवामणि पुं० दिनमणि, सूर्य
दिवारात्र क्रि०वि० दिनरात
दिवाशय वि० दिन में सोनेवाला
दिविष्ठ पुं० देवता
दिवोल्का स्त्री० दिन में गिरनेवाली उल्का
दिवौका पुं० 1 स्वर्ग में रहनेवाला 2 देवता
दिव्य वि० 1 स्वर्ग से संबंध रखनेवाला 2 अलौकिक 3 चमकीला 4 सुन्दर
दिव्य-चक्षु पुं० ज्ञान
दिव्य-तरंगिणी स्त्री० 1 संगीत में कर्नाटकी पद्धति की एक रागिनी 2 आकाश गंगा
दिव्यता स्त्री० 1 दिव्य होने की अवस्था 2 देवता होने का भाव 3 उत्तमता 4 सुन्दरता
दिव्य-दृष्टि स्त्री० 1 ऐसी अलौकिक दृष्टि जिसके द्वारा आदमी भूत, भविष्य और वर्तमान की सब बातें प्रत्यक्ष देख सकता है 2 ज्ञानदृष्टि
दिव्य-धर्मी वि० 1 जिसका आचरण कर्म और व्यवहार दोषरहित हो 2 सदाचारी और सुशील
दिव्य नारी स्त्री० अप्सरा
दिव्य पुरुष पुं० पारलौकिक व्यक्ति
दिव्य वाक्य पुं० आकाशवाणी
दिव्य सरिता स्त्री० आकाश गंगा
दिव्यांबरी स्त्री० संगीत में कर्नाटकी पद्धति की एक रागिनी
दिव्यांशु पुं० सूर्य
दिव्या स्त्री० अलौकिक नायिका, देवांगना
दिव्यास्त्र पुं० 1 देवताओं द्वारा दिया हुआ अस्त्र 2 मंत्रों के द्वारा चलनेवाला अस्त्र
दिश स्त्री० दिशा
दिशाभ्रम पुं० दिग्भ्रम
दिशावकाश पुं० दो दिशाओं के मध्य का विस्तार
दिशावधि स्त्री० दिशा की सीमा, क्षितिज
दिष्ट वि० 1 निश्चित 2 बतलाया हुआ
दिसावर पुं० दूसरा देश, विदेश
दिहंदा वि० देनेवाला
दिहरा पुं० 1 मंदिर 2 देवता आदि का स्मारक चिह्न
दीक्षक पुं० 1 दीक्षा देनेवाला 2 आचार्य, गुरु
दीक्षण पुं० दीक्षा देना
दीक्षणीय वि० दीक्षा पाने के योग्य
दीक्षांत पुं० 1 दीक्षा के समय दिया गया उपदेश 2 उपाधियाँ देने का अवसर
दीक्षागुरु पुं० मंत्रोपदेश करनेवाला गुरु
दीदार पुं० 1 साक्षात्कार, 2 दर्शन
दीदा दानिस्ता क्रि०वि० समझते हुए, देखते हुए, जानबूझकर
दीनदार वि० धर्मभीरु, ईमानदार
दीप पुं० 1 दीया 2 दस मात्राओं का एक छंद जिसके अंत में तीन लघु फिर एक गुरु और एक लघु होता है
दीपक I वि० 1 प्रकाश करनेवाला 2 यश बढ़ानेवाला 3 पाचनशक्ति बढ़ानेवाला 4 जोश बढ़ानेवाला II दीया
दीपकमाला स्त्री० एक वर्णवृत्त का नाम जिसके प्रत्येक चरण में भगण, मगण जगण और एक गुरु होता है
दीपकलिका स्त्री० दीये की लौ
दीपदान पुं० इष्ट के प्रति पूजा के निमित्त दीया जलाना
दीपन पुं० 1 प्रकाश करना 2 जठराग्नि प्रज्वलित करना 3 उत्तेजित करना
दीपनीय वि० 1 जो जलाया जा सके 2 उत्तेजनीय
दीपमालिका स्त्री० दीवाली
दीपाग्नि पुं० दीपक की लौ
दीपाधार पुं० दीपक रखने का आधार, चिराग़दान
दीपाराधन पुं० दीपक द्वारा पूजन, आरती

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दीपावली स्त्री० दीपक और सरस्वती रागों से उत्पन्न एक रागिनी
दीपिका स्त्री० छोटा दीया
दीपित, दीप्त वि० 1 जलाया हुआ 2 प्रकाश से युक्त 3 जगमगाता हुआ 4 उत्तेजित
दीप्तांग वि० चमकते शरीरवाला
दीप्तांशु पुं० सूर्य
दीप्ताक्ष वि० चमकती हुई नेत्रोंवाला
दीप्ति स्त्री० 1 प्रकाश 2 शोभा 3 चमक
दीप्तिमान वि० 1 चमकता हुआ 2 शोभा से युक्त
दीप्तोपल पुं० सूर्यकांत मणि
दीप्य वि० 1 जलाने या प्रकाशित करने योग्य 2 प्रकाशित किया जानेवाला
दीबाचा पुं० प्रस्तावना
दीयमान वि० दिया जानेवाला
दीर्घकंधर वि० लंबी गरदनवाला
दीर्घकर्ण वि० लंबे कानोंवाला
दीर्घगति वि० लंबे-लंबे डग भरनेवाला
दीर्घतपा वि०दीर्घकाल तक तप करनेवाला
दीर्घतुंडा वि० लंबे मुंहवाला
दीर्घदर्शी वि० बहुत दूर तक की बातें सोचने-समझनेवाला
दीर्घनिद्रा स्त्री० मरण
दीर्घपर्ण वि० लंबे-लंबे पत्तोंवाला
दीर्घपाद वि० लंबी टाँगोंवाला
दीर्घप्रज्ञ वि० दूरदर्शी
दीर्घश्रुत वि०1 दूर तक सुना गया 2 दूर-दूर तक विख्यात
दीर्घ-सूत्रता स्त्री० 1 सुस्ती, शिथिलता 2 देर करने की आदत
दीर्घ-सूत्री वि० 1 सुस्त, ढीला 2 कार्य में विलंब करनेवाला
दीर्घ स्वर पुं० दो मात्राओंवाला स्वर
दीर्घा स्त्री० गैलरी
दीर्घायुष्य पुं० लंबी उम्र
दीर्घाह वि० बड़े दिनवाला
दीर्घिका स्त्री० बावड़ी
दीर्घीकरण पुं०अधिक विस्तार देना, लंबा करना
दीर्ण वि० फटा हुआ
दीवट स्त्री० दीपाधार
दीवानखाना पुं० बैठक
दीवानगी स्त्री० पागलपन
दुंदुभि, दुंदुभी स्त्री० नगाड़ा
दुःख-ग्राम पुं० 1 दुःखों का ढेर 2 संसार
दुःखजीवी वि० कष्ट में रहनेवाला
दुःखद वि० दुःख देनेवाला
दुःखदग्ध वि० अत्यंत दुःखी, संतप्त
दुःखदायक, दुःखदायी वि० कष्ट देनेवाला
दुःखनिवह वि० दुःसह
दुःखप्रद वि० दुःखद
दुःखबहुल वि० जिसमें बहुत अधिक क्लेश हो
दुःखलभ्य वि० कष्ट से प्राप्त होनेवाला
दुःखवाद पुं० यह मत कि यह सारा संसार और इसमें का जीवन दुःखमय है
दुःखसाध्य वि० जिसे सिद्ध करने के लिए बहुत कष्ट उठाना पड़े, मुश्किल से होनेवाला
दुःखांत वि० जिसका अंतिम भाग दुःखमय हो
दुःखातीत वि० जो कष्टों से छुटकारा पा गया हो, दुःखों से परे
दुःखान्वित वि० 1 कष्टमय 2 बहुत अधिक पीड़ित
दुःखार्त वि० दुःख से पीड़ित
दुःशासन I पुं० बुरा राज्य प्रबंध II वि०जिस पर शासन करना कठिन हो
दुःशील वि० ख़राब स्वभाववाला
दुःशोध वि० 1 जिसका सुधार कठिन हो 2 (धातु) जिसका शोधन कठिन हो
दुःश्रव पुं० कर्णकटु, कर्कश
दुःसंकल्प वि० 1 बुरा विचार सोचने-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वाला 2 बुरा इरादा
दुःसंधान पुं० दुःसाध्य कार्य का साधन
दुःसाध्य वि० 1 जिसे पूरा करना कठिन हो 2 (रोम) जिसका इलाज कठिन हो
दुःस्थ वि० 1 बुरी स्थिति में पड़ा हुआ 2 दरिद्र
दुःस्थिति स्त्री० दुर्दशा
दुःस्पर्श वि० जिसे छूना कठिन हो
दुःस्वभाव वि० ख़राब आदतवाला
दुआ स्त्री० 1 प्रार्थना 2 शुभकामना
दुई स्त्री० द्वैतभाव
दुकाल पुं० अकाल, दुर्भिक्ष
दुकूल पुं० सुंदर और महीन कपड़ा
दुकूलिनी स्त्री० नदी
दुखारी, दुखियार वि० दुःखी
दुगदुगी स्त्री० धुकधुकी
दुग्ध-पोष्य वि० दूध पर पलनेवाला
दुग्ध-शर्करा स्त्री० दूध से बनी चीनी
दुचल्ला पुं० छत जिसके दोनों ओर ढाल हो
दुचित, दुचिता वि० 1 जिसका मन दो बातों में लगा हो 2 असमंजस में पड़ा हुआ 3 चिंतित
दुचित्ती स्त्री० द्विचित्तता, असमंजस
दुतकार स्त्री० धिक्कारना, तिरस्कार, हटाने के लिए बोलना
दुदिला वि० 1 संदेह में पड़ा हुआ, दुचिता 2 जिसका मन एकाग्र न हो
दुधहँड़ी स्त्री० दूध की हँड़िया या मटकी
दुधार, दुधारी, दुधारू वि० दूध देनेवाली
दुधारी वि० (तलवार) जिसके दोनों ओर धार हो
दुधैल वि० बहुत दूध देनेवाली
दुनियादार पुं० 1 सांसारिक प्रपंच में फँसा हुआ व्यक्ति 2 सांसारिक आचरण व्यवहार में कुशल व्यक्ति
दुनियापरस्त वि० कंजूस
दुनियावी वि० सांसारिक
दुनियासाज़ वि० 1 चालाक 2 स्वार्थ-साधक
दुपलड़ी, दुपलिया वि० दो पल्लेवाली (टोपी)
दुबाँहिया वि० दोनों हाथों से समान रूप से कार्य करनेवाला
दुरंत वि० 1 अपार, अनंत 2 दुर्गम 3 प्रचंड 4 बहुत निकट 5 दुष्ट
दुरक्ष वि० 1 कम देखनेवाला 2 बुरी दृष्टि-वाला
दुरतिक्रम वि० 1 जिसका अतिक्रमण न हो सके 2 जिसका पार पाना बहुत कठिन हो, अपार
दुरधिगम, दुरधिगम्य वि० 1 जहाँ पर पहुँचना बहुत कठिन हो 2 जिसे पाना या समझना बहुत कठिन हो, दुर्बोध
दुरधिष्ठित वि० अव्यवस्थित
दुरधीत पुं० 1 जिसने अच्छी तरह न पढ़ा हो 2 अशुद्ध अध्ययन करनेवाला
दुरपवाद पुं० 1 निंदा 2 बदनामी
दुरभिग्रह वि० कठिनता से पकड़ा जानेवाला
दुरभिसंधि स्त्री० बुरे अभिप्राय से की जानेवाली सलाह, षड्यन्त्र
दुरवग्रह वि० जिसे वश में करना कठिन हो
दुरवधार्य वि० जो सहज में सँभाला न जा सके
दुरवस्थ वि० बुरी अवस्था में पड़ा हुआ
दुरवस्था स्त्री० हीन दशा, दुर्दशा
दुराक्रम्य वि० दुर्जेय
दुराक्रमण पुं० धोखे से किया हुआ आक्रमण
दुरागम पुं० 1 अवैध रूप से आना और मिलना 2 अनुचित प्राप्ति
दुराग्रह पुं० अनुचित आग्रह, बहुत ज़िद
दुराग्रही वि० अनुचित ज़िद करनेवाला
दुराज I पुं० ऐसा राज्य जिसपर दो का शासन हो **II** वि० बुरा राज्य

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दुरात्मा वि० दुष्ट प्रकृतिवाला

दुराधर्ष वि० 1 जिसका विनाश करना आसान न हो 2 जो कठिनता से जीता जा सके 3 प्रबल, प्रचंड

दुराप वि० दुष्प्राप्य

दुराराध्य वि० जिसे संतुष्ट करना कठिन हो

दुरारोह वि० जिसपर चढ़ना कठिन हो

दुरालाप I पुं० 1 अनुचित बातचीत 2 दुर्वचन II वि० कटुभाषी

दुरालोक वि० जिसे देखना कठिन हो

दुरावार्य वि० जिसका रोकना कठिन हो

दुराशय I पुं० बुरी नीयत II वि० बुरी नीयतवाला

दुराशा स्त्री० व्यर्थ की आशा

दुरित I पुं० पाप II वि० पापी

दुरिष्ट पुं० पाप

दुरीषणा स्त्री० 1 दूसरे के अहित की कामना 2 शाप

दुरुक्त वि० बुरी तरह से कहा हुआ

दुरुक्ति स्त्री० 1 बुरा कथन 2 गाली

दुरुत्साहक पुं० वह जो किसी को अनुचित कार्य में लगाए

दुरुत्साहन पुं० किसी को कोई अनुचित कार्य के लिए प्रवृत्त करना (एबेटमेण्ट)

दुरुद्वह वि० 1 दुःसह 2 जिसका निर्वाह कठिन हो

दुरुपयोजन पुं० दुरुपयोग करना

दुरूह वि० दुर्बोध, गूढ़

दुर्ग-कारक पुं० किला बनानेवाला

दुर्ग-कोपक पुं० किले में बग़ावत फैलानेवाला

दुर्गम, दुर्गमनीय वि० 1 जिसमें जाना कठिन हो 2 दुर्बोध 3 विकट

दुर्गा ओडव कल्याण पुं० संपूर्ण जाति का एक राग जो रात के पहले पहर में गाया जाता है

दुर्गानवमी स्त्री० कार्तिक शुक्ला नवमी

दुर्गापाश्रया भूमि स्त्री० दुर्ग के उपयुक्त भूमि

दुर्गाष्टमी स्त्री० आश्विन और चैत्र की शुक्ला अष्टमी

दुर्गाह्य वि० जिसका अवगाहन करना कठिन हो

दुर्ग्राह्य वि० कठिनता से पकड़ में आनेवाला

दुर्घट वि० 1 बहुत कठिनता से घटित होनेवाला 2 कष्टसाध्य

दुर्घोष I वि० कर्कश II पुं० बहुत चिल्लाहट

दुर्जर वि० 1 जो सदा जवान बना रहे 2 जिसको पचाना या पकाना कठिन हो

दुर्जात वि० 1 जिसका जन्म व्यर्थ हुआ हो 2 कमीना 3 अभागा

दुर्ज्ञेय वि० दुर्बोध

दुर्दम, दुर्दम्य वि० 1 जिसका दमन बहुत कठिन हो 2 प्रबल, प्रचंड

दुर्दर्श वि० जिसे देखना कठिन हो

दुर्दांत वि० 1 जिसको वश में करना कठिन हो 2 प्रबल

दुर्दिन पुं० 1 बुरा दिन 2 बुरा समय 3 घना अंधकार 4 वर्षा

दुर्दैव पुं० 1 अभाग्य 2 बुरा संयोग

दुर्द्धर वि० 1 जो सरलता से पकड़ में न आ सके 2 प्रबल

दुर्द्धर्ष वि० 1 जिसे वश में करना बहुत कठिन हो 2 प्रबल, प्रचंड

दुर्धर वि० 1 जिसे धारण करना कठिन हो 2 विकट

दुर्धी वि० मंदबुद्धि

दुर्नय पुं० 1 अनैतिकता 2 अन्याय

दुर्नाद वि० कर्कश ध्वनिवाला

दुर्नाम पुं० 1 बदनामी 2 गाली

दुर्नामा वि० बदनाम

दुर्निग्रह वि० जिसपर काबू न पाया जा सके

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दुर्निमित्त पुं० अपशकुन
दुर्निरीक्ष्य वि० 1 जिसे देखना बहुत कठिन हो 2 भयानक 3 भद्दा
दुर्निवार्य वि० 1 जिसका निवारण आसान न हो 2 जिसका घटित होना प्रायः निश्चित हो
दुर्नीति स्त्री० 1 निंदनीय और बुरी नीति, कुचाल 2 नीति विरुद्ध आचरण
दुर्बुध वि० कमज़ोर बुद्धिवाला
दुर्बोध वि० जो जल्दी समझ में न आवे, गूढ़
दुर्भक्ष्य वि० जिसे खाया न जा सके
दुर्भर वि० 1 जो सहज में उठाया न जा सके 2 भारी
दुर्भाग्य वि० जो जल्दी ध्यान में न आए
दुर्भृत्य पुं० ख़राब नौकर
दुर्भिक्ष पुं० अकाल
दुर्भेद्य वि० 1 जो जल्दी भेदा न जा सके 2 जिसके अन्दर पहुँचना कठिन हो
दुर्मंत्रणा स्त्री० बुरी मंत्रणा या सलाह
दुर्मति वि० 1 बुरी बुद्धिवाला 2 दुष्ट
दुर्मद वि० 1 नशे में बुरी तरह से चूर 2 बहुत अधिक गर्ववाला
दुर्मना वि० 1 गन्दे मनवाला 2 पाजी, दुष्ट
दुर्मर्ष वि० दुस्सह
दुर्मल्लिका स्त्री० चार अंकोवाला एक तरह का हास्यरस प्रधान लघुनाटक
दुर्मुख वि० 1 गंदे मुँहवाला 2 कड़वी और बुरी बातें बोलनेवाला
दुर्मुहूर्त पुं० अशुभ मुहूर्त
दुर्मूल्य वि० अत्यधिक क़ीमतवाला, महँगा
दुर्मेध वि० नासमझ
दुर्यश पुं० अपयश
दुर्योध वि० 1 जिससे युद्ध करना कठिन हो 2 अपराजेय
दुर्योनि वि० निम्न कुल में जन्मा
दुर्लक्ष्य I वि० जो कठिनाई से दिखाई दे II पुं० बुरा उद्देश्य
दुर्ललित वि० 1 दुलार से बिगड़ा हुआ 2 पाजी
दुर्लेख्य I वि० अच्छी तरह से न लिखा हुआ II पुं० जाली काग़ज़
दुर्वचन पुं० गाली
दुर्वचा पुं० कटुभाषी
दुर्वर्ण वि० बुरे रंगवाला
दुर्वह वि० जिसे वहन करना कठिन हो, बहुत भारी
दुर्वाद पुं० 1 अनुचित अथवा उपयुक्त विवाद, कुतर्क 2 निंदा
दुर्वार, दुर्वार्य वि० जिसका निवारण कठिन हो
दुर्वासना स्त्री० 1 बुरी इच्छा 2 ऐसी वासना जो कभी पूरी न हो सके
दुर्वाहित वि० कठिनाई से उठाया गया
दुर्विज्ञेय वि० जिसका ज्ञान पाना कठिन हो
दुर्विदग्ध वि० अभिमानी
दुर्विनय स्त्री० अविनय
दुर्विनीत वि० अक्खड़, अविनीत
दुर्विपाक पुं० 1 ख़राब परिणाम 2 दुर्घटना
दुर्वीक्ष्य वि० जिसे देखना कठिन हो
दुर्वृत्त I वि० 1 बुरे आचरणवाला 2 निंदनीय उपायों से जीविका चलानेवाला II पुं० बुरा आचरण
दुर्वृत्ति स्त्री० 1 बुरी आजीविका 2 बुरा आचरण
दुर्वृष्टि स्त्री० 1 आवश्यकता से कम वर्षा 2 सूखा
दुर्व्यसन पुं० बुरी लत या आदत
दुर्हृद, दुर्हृदय वि० बुरे हृदयवाला, खोटा
दुर्हृषीक वि० दुर्बल इंद्रियोंवाला
दुशवार वि० 1 कठिन 2 दुस्सह
दुशवारी स्त्री० मुश्किल
दुश्चित्य वि० जिसे समझना कठिन हो
दुश्चिकित्स्य वि० 1 जिसकी चिकित्सा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कठिन हो 2 असाध्य

दुष्चेष्टा स्त्री० बुरा काम

दुष्चेष्टित पुं० 1 बुरा काम 2 नीच कार्य 3 गुनाह

दुष्कर त्रि० कठिन, दुस्साध्य

दुष्कर्मी पुं० पापी

दुष्काल पुं० 1 कुसमय 2 अकाल

दुष्कीर्ति स्त्री० अपयश

दुष्कृत पुं० पाप, दुष्कर्म

दुष्कृती त्रि० कुकर्मी, पापी

दुष्क्रीत त्रि० 1 कठिनता से ख़रीदा हुआ 2 महँगा

दुष्टचेता त्रि० 1 खराब बात सोचनेवाला 2 दूसरों का अहित चाहनेवाला 3 कपटी

दुष्टधी त्रि० खोटी बुद्धिवाला, कपटी

दुष्टव्रण पुं० 1 वह घाव जिसमें से दुर्गंध निकलती हो 2 असाध्य घाव

दुष्टाचार पुं० कुकर्म

दुष्टात्मा, दुष्टाशय त्रि० मन से खोटा, दुरात्मा

दुष्टि स्त्री० दोष

दुष्पच त्रि० 1 बहुत कठिनता से पकनेवाला 2 कठिनता से पचनेवाला

दुष्परिग्रह त्रि० 1 जिसे वश में करना कठिन हो 2 जो जल्दी पकड़ में न आ सके

दुष्परिमेय त्रि० जिसे नापना कठिन हो

दुस्पार्य त्रि० 1 जिसे सहज में पार न किया जा सके 2 दुस्साध्य

दुष्पूर्य त्रि० जिसे भरना कठिन हो

दुष्प्रकृति त्रि० गंदे स्वभाववाला

दुष्प्रधर्ष त्रि० जो जल्दी पकड़ में न आ सके

दुष्प्रेक्ष्य त्रि० 1 जो सहज में देखा न जा सके 2 जो देखने में बहुत कुरुप मालूम पड़े 3 भयानक

दुस्तर त्रि० 1 जिसे पार करना कठिन हो 2 कठिन

दुस्त्यज त्रि० जिसे त्यागना कठिन हो

दुस्थ, दुस्थित त्रि० 1 जो बुरी स्थिति में हो 2 दुर्दशाग्रस्त

दुस्स्पृष्ट पुं० हल्का स्पर्श

दुस्सह त्रि० जिसे सह सकना कठिन हो

दूहता पुं० बेटी का बेटा

दुहाग पुं० 1 दुर्भाग्य 2 रँडापा

दुहागिन स्त्री० विधवा

दुहाजू पुं०,स्त्री० दूसरा विवाह करनेवाला या करनेवाली

दुहावनी स्त्री० दूध दुहने की मज़दूरी

दुहितृपति पुं० दामाद

दुहेला त्रि० 1 दु:खदायी 2 दु:खी

दुह्य त्रि० दुहने योग्य

दूतिका, दूती स्त्री० प्रेमी-प्रेमिका के संदेश पहुँचानेवाली

दून पुं० घाटी

दूभर त्रि० 1 कठिनता से उठाया जानेवाला 2 कठिन 3 भारी

दूरंगम त्रि० दूरगामी

दूरंदेश त्रि०आगापीछा सोचनेवाला, दूरदर्शी

दूरचित्र पुं०दूरी पर प्रस्तुत करने का फ़ोटो

दूरत: क्रि०त्रि० दूर से ही

दूरता-मापक पुं० वस्तुओं की दूरी मापने का यंत्र

दूरत्व पुं० 1 दूरी 2 अंतर

दूर-दर्शिता स्त्री० 1 दूर तक सोचने का गुण, दूरंदेशी

दूरदर्शी पुं० 1 विद्वान 2 बुद्धिमान 3 दूरंदेश

दूरदृष्टि स्त्री० भविष्य की बातों का समझना, दूरंदेशी

दूरबोध पुं० दूसरों के मन की बात जानने की क्रिया या विद्या

दूरभाष पुं० टेलीफ़ोन

दूर-मुद्र पुं० दूर मुद्रक यंत्र की सहायता से अंकित दूर लेख

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दूरमुद्रक पुं० यंत्र जिसकी सहायता से दूर से आने वाले संदेश कागज पर छपते चलते हैं, टेलीप्रिंटर

दूरलेख पुं० दूरलेखक यंत्र की सहायता से आया हुआ समाचार, टेलीग्राम

दूर-लेखी वि० दूर लेख के द्वारा होनेवाला (टेलिग्राफिक)

दूरवर्ती वि० दूर का, दूरस्थ (दूरबीन)

दूर-वीक्षणा पुं० दूर-वीक्षक (दूरबीन) की सहायता से दूर की चीजों को देखना

दूरस्थ वि० 1 दूर का 2 दूर भविष्य या अतीत का

दूरांतरित वि० 1 दूर किया हुआ 2 दूरस्थ

दूरागत वि० दूर से आया हुआ

दूरान्वय संज्ञा विशेष्य-विशेषण, कर्त्ता-क्रिया आदि का दूर-दूर होना

दूरापात पुं० दूर से फेंककर चलाया जाने-वाला अस्त्र

दूरारूढ़ वि० 1 बहुत आगे बढ़ा हुआ 2 तीव्र

दूर्वा स्त्री० दूब (घास)

दूषक वि० 1 दोष लगानेवाला 2 विकार उत्पन्न करनेवाला

दूषण पुं० 1 दोष लगाना 2 दोष, बुराई

दूषणीय वि० 1 जिसमें दोष निकाला जा सके 2 जिसपर दोष लगाया जा सके

दूषित वि० 1 दोष से युक्त 2 जिसपर दोष लगाया गया हो 3 ख़राब, बुरा

दूषिता स्त्री० विवाह से पहले दूषित हुई कन्या

दूष्य वि० 1 जिसपर दोष लगाया जा सके 2 निंदा करने योग्य 3 दुष्ट

दृक् पुं० नेत्र

दृक्काण पुं० फलित ज्योतिष में एक राशि का तीसरा भाग जो दस अंशों का होता है

दृक्क्षेप पुं० अवलोकन

दृक्पथ पुं० दृष्टि की पहुँच

दृक्पात पुं० अवलोकन

दृक्शक्ति स्त्री० 1 देखने की शक्ति 2 प्रकाश रूप-चैतन्य 3 आत्मा

दृगंचल पुं० 1 पलक 2 चितवन

दृगंबु पुं० 1 नेत्रों से बहनेवाला पानी 2 आँसू

दृग् पुं० 1 नेत्र 2 देखने की शक्ति

दृग्गणित पुं० ग्रहों को वेध करके गणित करना

दृग्गति स्त्री० दृष्टि की पहुँच

दृग्गोल, दृग्मंडल पुं० ग्रहों की स्थिति जानने के लिए बनाया गया वृत्त

दृग्वृत्त पुं० अंतरिक्ष

दृढ़कर्मा वि० जो अपना काम दृढ़तापूर्वक करता हो

दृढ़कारिता स्त्री० (किसी बात को) पक्का करना

दृढ़कारी वि० पक्का करनेवाला

दृढ़ग्रंथि वि० पक्की गाँठवाला

दृढ़चेता वि० पक्के संकल्पोंवाला

दृढ़त्वच् वि० कड़ी चमड़ी या छालवाला

दृढ़धन्वा पुं० जो धनुष चलाने में दृढ़ हो

दृढ़-निश्चय वि० अपने संकल्प में पक्का

दृढ़नेमि वि० जिसकी धुरी मजबूत हो

दृढ़पद पुं० तेइस मात्राओं का एक मात्रिक छंद

दृढ़पाद वि० अपने संकल्प का पक्का

दृढ़मुष्टि वि० 1 मुट्ठी की मजबूत पकड़-वाला 2 कंजूस

दृढ़-व्रत वि० अपने संकल्प पर दृढ़ रहने-वाला

दृढ़-संध वि० अपनी प्रतिज्ञा पर दृढ़ रहने-वाला

दृढ़हस्त वि० हर चीज को मजबूती से पकड़नेवाला

दृढ़ांग वि० हृष्ट-पुष्ट शरीरवाला

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दृढ़ायन पुं० पक्का करना
दृति स्त्री० 1 चमड़ी 2 मशक
दृप्त वि० 1 गर्वित 2 उल्लसित
दृश् I वि० 1 देखनेवाला 2 प्रदर्शक II पुं० दर्शन
दृशा स्त्री० आँख
दृशी स्त्री० 1 दृष्टि 2 प्रकाश
दृश्यता स्त्री० 1 दिखाई पड़ने का गुण 2 देखने का गुण
दृश्यमान वि० 1 जो दिखाई दे रहा हो 2 प्रत्यक्ष
दृश्यावली स्त्री० दृश्यों का समूह
दृषद्वती स्त्री० घग्घर नदी
दृषद्वान वि० पाषाणयुक्त, पथरीला
दृष्ट वि० 1 देखा हुआ 2 प्रकट 3 प्रत्यक्ष
दृष्ट-कूट पुं० 1 पहेली 2 ऐसी कविता जिसका आशय उसके शब्दों के वाच्यार्थ से नहीं बल्कि रूढ़ अर्थों से निकलता हो
दृष्टनष्ट वि० बस दिखाई दिया और लुप्त
दृष्टपृष्ठ वि० पीठ दिखाकर भाग जानेवाला
दृष्टवत्-दृष्टवान् वि० 1 प्रत्यक्ष के समान 2 सांसारिक
दृष्टवाद पुं० एक दार्शनिक सिद्धांत जो केवल प्रत्यक्ष को ही मानता हो
दृष्टांत पुं० प्रमाणस्वरूप उदाहरण
दृष्टार्थ पुं० ऐसा साफ़ सीधा शब्द जिसका अर्थ बिल्कुल स्पष्ट हो
दृष्टिकोण पुं० विशिष्ट दिशा से सोचने-समझने का ढंग
दृष्टिक्षेप पुं० दृष्टिपात
दृष्टिगत वि० देखा हुआ
दृष्टिगोचर वि० 1 जो दिखाई देता हो 2 प्रत्यक्ष
दृष्टिपात पुं० 1 देखना 2 निगाह डालना
दृष्टि-पूत वि० 1 जो देखने में शुद्ध हो 2 जिसे देखने से आँखें पवित्र हों
दृष्टिफल पुं० एक राशि में स्थित ग्रह का दूसरी राशि में स्थित ग्रह पर दृष्टि डालने से होनेवाला फल
दृष्टिबंध पुं० 1 वह क्रिया जिससे देखनेवालों की दृष्टि में भ्रम हो जाय 2 इंद्रजाल
दृष्टिभ्रम पुं० किसी चीज़ का कुछ का कुछ दिखाई पड़ना
दृष्टिमांद्य पुं० नज़र कमज़ोर हो जाना
दृष्टिवंत वि० 1 नज़रवाल 2 ज्ञानी
दृष्टिवाद पुं० यह सिद्धांत कि प्रत्यक्ष ही प्रमाण है
दृष्टिविक्षेप पुं० कटाक्ष
देदीप्यमान वि० चमकता हुआ, प्रकाशयुक्त
देनदार पुं० ऋणी
देयक पुं० चेक
देयादेश पुं० पैसा देने का आर्डर
देवऋण पुं० देवताओं द्वारा किये उपकार का यज्ञ तर्पण दान आदि द्वारा बदला
देवक I वि० देवतुल्य II पुं० देवता
देवकिरी स्त्री० मेघराग की रागिनी
देव-कुंड पुं० देव मंदिर के पास का पवित्र जलाशय
देव-कुसुमावलि स्त्री० संगीत में कर्नाटकी पद्धति की एक रागिनी
देव-क्रिय पुं० संगीत में कर्नाटकी पद्धति का एक राग
देव-गति स्त्री० मरने के उपरांत उत्तम गति, स्वर्गलाभ
देवगांधार पुं० एक राग जो भैरव राग का पुत्र माना जाता है
देवगांधारी स्त्री० एक रागिनी जो श्री राम की भार्या मानी जाती है
देवगिरा स्त्री० देववाणी, संस्कृत
देवगीर्वाणी स्त्री० संगीत में कर्नाटकी पद्धति की एक रागिनी
देवगुरु पुं० बृहस्पति
देवघनाक्षरी स्त्री० 33 वर्णों का एक वृत्त

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जो मुक्तक दण्डक का एक भेद है

देवजुष्ट वि० देवताओं को चढ़ाया हुआ (प्रसाद)

देवतात पुं० कश्यप

देवताधिप पुं० इन्द्र

देवत्रयी पुं० ब्रह्मा, विष्णु, महेश

देवदारा स्त्री० अप्सरा

देवदारु पुं० देवदार

देवद्रुम पुं० कल्पवृक्ष

देवधेनु स्त्री० कामधेनु

देवनदी स्त्री० गंगा

देवनायक पुं० इन्द्र

देव-निकाय पुं० 1 देवताओं का निकाय 2 देवलोक

देवपथ पुं० आकाश

देवपुर पुं० अमरावती

देवप्रतिमा स्त्री० देवता की मूर्ति

देव-भाग पुं० किसी देवता के निमित्त अलग किया हुआ संपत्ति का हिस्सा

देवभाषा स्त्री० संस्कृत

देव-भूमि स्त्री० स्वर्ग

देवमणि पुं० सूर्य

देवमाता स्त्री० अदिति

देव-मालवी स्त्री० संगीत में कर्नाटकी पद्धति की एक रागिनी

देव-मास पुं० 1 गर्भ का आठवाँ महीना

देव-यान पुं० ब्रह्मलोक का मार्ग

देवयुग पुं० सतयुग

देवरिपु पुं० दैत्य

देवल पुं० देवालय

देववर्त्म पुं० आकाश

देववाद पुं० यह मत कि सब प्राकृतिक पदार्थ देवता हैं

देव-विसर्ग पुं० देवताओं के लिए अर्पण

देव-विहाग पुं० एक राग जो कल्याण और विहाग अथवा सारंग और पूर्वी के योग से बना है

देवशिल्पी पुं० विश्वकर्मा

देवश्री स्त्री० लक्ष्मी

देवसदन पुं० 1 मंदिर 2 स्वर्ग

देवसरि स्त्री० गंगा

देवस्व पुं० देवता या देवमंदिर की संपत्ति

देवहूति स्त्री० देवताओं का आवाहन

देवांगना स्त्री० 1 देवी 2 अप्सरा

देवांश पुं० 1 देवता का भोग 2 ईश्वर का अंशावतार

देवाजीवी पुं० 1 देवताओं के सहारे जीविका चलानेवाला व्यक्ति 2 पुरोहित, पुजारी

देवाधिदेव पुं० 1 देवताओं के देवता, विष्णु 2 शिव

देवाधिप पुं० इन्द्र

देवानांप्रिय पुं० मूर्ख

देवापगा स्त्री० गंगा

देवाभरण पुं० कर्नाटकी पद्धति का एक राग

देवायतन पुं० देवालय, मंदिर

देवायुध पुं० 1 दिव्य अस्त्र 2 इंद्र धनुष

देवारि पुं० दैत्य

देवाल वि० 1 देनेवाला 2 देनदार

देवेन्द्र, देवेश पुं० इन्द्र

देवोत्तर पुं० देवता को अर्पित संपत्ति

देवोत्थान पुं० कार्तिक शुक्ला एकादशी जब विष्णु शेषशय्या पर से उठते हैं

देवौक(स) पुं० 1 स्वर्ग 2 सुमेरु पर्वत

देशकली स्त्री० एक रागिनी जिसमें गांधार, कोमल और बाकी सब स्वर शुद्ध लगते हैं

देशकारी स्त्री० वर्षा ऋतु की रागिनी जो मेघराग की भार्या कही गई है

देशगांधार पुं० एक राग जो सवेरे गाया जाता है

देशज्ञ पुं० देश की परिस्थिति जाननेवाला

देशदूषण वि० देश के लिए कलंक स्वरूप

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

देशना स्त्री० 1 उपदेश 2 आज्ञा
देश-पीड़न पुं० प्रजा का अत्याचार
देश-मल्लार पुं० संपूर्ण जाति का एक राग
देशांकी स्त्री० एक प्रकार की रागिनी
देशांतर पुं० 1 भिन्न देश 2 भूगोल में ध्रुवों से होकर उत्तर दक्षिण गई हुई रेखा से पूर्व या पश्चिम की दूरी
देशांतरण पुं० 1 एक देश को छोड़कर अन्य देश में चले जाना या भेजा जाना 2 देश-निकाला
देशांतरित पण्य पुं० अन्य देश से आया या गया हुआ माल
देशाक्षी स्त्री० कर्नाटकी पद्धति की एक रागिनी
देशावली स्त्री० कर्नाटकी पद्धति की एक रागिनी
देशिक I वि० देश के भीतर का
II पुं० शिक्षक, उपदेशक
देशित वि० जिसे आदेश या उपदेश दिया गया हो
देशिनी स्त्री० तर्जनी उँगली
देश्य वि० 1 देशी 2 स्थानीय
देसावर पुं० अन्य देश
देहंभर वि० 1 अपनी जीविका चलानेवाला 2 परम स्वार्थी
देहज पुं० पुत्र
देहघात पुं० शरीर का विनाश, मृत्यु
देहबंध पुं० शरीर का ढाँचा
देह-भुज्, देहभृत् पुं० 1 प्राणी 2 आत्मा
देहयात्रा स्त्री० खाना-पीना, भरण-पोषण
देहली-दीपक पुं० (देहली पर रखे) दीपक की तरह दोनों ओर प्रकाश देनेवाला
देह-सार पुं० शरीर में की मज्जा
देहांतर पुं० 1 दूसरा शरीर 2 जन्मांतर
देहातीत वि० जो शरीर से परे हो, आत्मा
देहात्मज्ञान पुं० देह और आत्मा के अभेद का ज्ञान
देहात्मवाद पुं० यह मत कि शरीर ही आत्मा है
देहाध्यास पुं० देह को ही आत्मा समझने का मिथ्या ज्ञान
देहावरण पुं० 1 शरीर को ढँकने के कपड़े 2 कवच
देहावसान पुं० शरीर का अंत
देही पुं० जीव
देहेश्वर पुं० जीवात्मा
दैत्यगुरु, दैत्यपुरोधा पुं० शुक्राचार्य
दैत्यारि पुं० 1 विष्णु 2 इंद्र
दैनंदिन क्रि०वि० प्रतिदिन
दैनंदिनी स्त्री० रोज़नामचा, डायरी
दैन्य पुं० 1 दीनता 2 विनयभाव 3 दरिद्रता
दैया स्त्री० 1 दैव, प्रारब्ध 2 हे ईश्वर, विधाता
दैर्घ्य पुं० दीर्घता
दैव पुं० 1 प्रारब्ध 2 विधाता
दैव-कोविद पुं० 1 देवताओं का विषय जाननेवाला 2 ज्योतिषी
दैवज्ञ पुं० ज्योतिषी
दैव-गति स्त्री० 1 दैवी घटना 2 भाग्य
दैवतंत्र वि० दैवाधीन
दैवदुर्विपाक पुं० 1 दैव की प्रतिकूलता 2 भाग्य का दोष
दैवप्रमाण पुं० भाग्य के सहारे रहनेवाला व्यक्ति
दैववश क्रि०वि० 1 दैवयोग से 2 संयोगवश
दैववादी वि० 1 मुख्यतः भाग्य के भरोसे रहनेवाला 2 आलसी
दैवविद् पुं० ज्योतिषी
दैवहीन वि० अभागा
दैवागत वि० संयोग से होनेवाला, एकाएक होनेवाला
दैवात् अव्य० 1 दैवयोग से 2 अचानक
दैवात्यय पुं० 1 दैवी उपद्रव 2 आकस्मिक उपद्रव

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दैवाधीन, दैवायत्त वि० भाग्य के सहारे रहनेवाला
दैविक, दैवी वि० देवताओं का
दैवगति स्त्री० होनहार, प्रारब्ध
दैवोपहत वि० भाग्य का मारा हुआ
दैव्य वि० देवता का
दैशिक I वि० 1 देश का 2 स्थानीय II पुं० गुरु, पथप्रदर्शक
दैष्टिक वि० भाग्य में बदा हुआ
दैहिक वि० 1 शारीरिक 2 शरीर से उत्पन्न
दैहिकी स्त्री० वह शास्त्र जिसमें शरीर के भिन्न-भिन्न अंगों का कार्य, स्वरूप आदि का विवेचन रहता है (फिज़ियालोजी)
दोआब, दोगंग पुं० दो नदियों के बीच का भूखण्ड
दोज़ख पुं० नरक
दोजान क्रि०वि० घुटनों के बल
दोदस्ता वि० 1 दोनों हाथों से होनेवाला 2 दोतरफ़ा
दोधक पुं० एक वर्णवृत्त जिसमें तीन भगण (ऽ।।) और अंत में दो गुरु वर्ण होते हैं
दोन पुं० दो पहाड़ों या नदियों के बीच की ज़मीन
दोमट स्त्री० बालू मिली मिट्टी
दोयम वि० द्वितीय, दूसरा
दोरक पुं० डोरी
दोल पुं० हिंडोला, झूला
दोला स्त्री० 1 झूला 2 डोला
दोलाधिरूढ़ वि० 1 झूले पर चढ़ा हुआ 2 अनिश्चित
दोलायमान वि० हिलता-डुलता हुआ
दोलायित वि० 1 हिलाया हुआ 2 चंचल
दोषग्राही पुं० 1 दूसरों के दोषों पर ध्यान देनेवाला 2 दुष्ट
दोषघ्न I पुं० 1 शरीर के दोषों कफ, वात और पित्त को दूर करनेवाली दवा II वि० दोषों का दमन करनेवाला
दोषज्ञ पुं० विद्वान्
दोषण पुं० दोषारोपण
दोषता, दोषत्व स्त्री० दोष का होना
दोष-पत्र पुं० अपराध का विवरण-पत्र
दोष-प्रमाणित वि० जिसका अपराध सिद्ध हो चुका हो
दोषा स्त्री० 1 रात्रि का अंधकार 2 रात
दोषाकर पुं० 1 (दोष+आकर) अपराधों का भंडार (दोषा+कर) चंद्रमा
दोषाक्षर पुं० किसी पर लगाया गया अभियोग
दोषारोपण पुं० दोष लगाना
दोषावह वि० दोषपूर्ण
दोषिक I पुं० बीमारी II वि० दूषित
दोषिता स्त्री० दोषी होना
दोषैकदृष्टि वि० केवल दोष देखनेवाला
दोहद पुं० 1 गर्भवती स्त्री के मन में उत्पन्न होनेवाली इच्छाएँ 2 गर्भ का चिह्न 3 गर्भ
दोहदलक्षणा पुं० गर्भ का लक्षण
दोहदवती स्त्री० गर्भ धारण करनेवाली स्त्री
दोहन पुं० दुहना
दोहनी स्त्री० दूध दुहने का पात्र
दोहागिन स्त्री० अभागिन
दौत्य पुं० दूतकर्म
दौर पुं० 1 चक्कर 2 काल
दौरात्म्य पुं० 1 दुरात्मापन 2 दुर्जनता
दौर्गत्य पुं० दुर्गति
दौर्ग्य पुं० कठिनाई
दौर्जन्य पुं० दुर्जनता, दुष्टता
दौर्भ्रात्र पुं० भाइयों में आपसी विवाद
दौर्मनस्य पुं० 1 मनमुटाव 2 दुर्जनता
दौर्वृत्य पुं० 1 दुर्वृत्तता 2 दुराचार
दौर्हार्द, दौर्हृद पुं० दुष्टता, मन का खोटापन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दौर्हृदिनी स्त्री० गर्भवती स्त्री

दौलतखाना पुं० घर

दौवारिक पुं० द्वारपाल, दरबान

दौश्चर्य पुं० 1 दुराचरण 2 दुष्टता 3 दुष्कर्म

दौष्कुल वि० बुरे कुल में उत्पन्न

दौहित्र पुं० लड़की का लड़का, दोहता, नाती

दौहृद पुं० दोहद

द्यु पुं० 1 दिन 2 आकाश 3 स्वर्ग

द्युत वि० प्रकाशयुक्त

द्युति स्त्री० 1 चमकीलापन, दीप्ति 2 छवि 3 प्रकाश

द्युतिकर वि० चमकानेवाला

द्युतिमा स्त्री० 1 प्रकाश 2 चमक 3 तेज

द्युनिवासी पुं० देवता

द्युपति-द्युमणि पुं० सूर्य

द्यूत पुं० जुआ

द्यूतकर, द्यूतकार पुं० जुआरी

द्योत पुं० 1 प्रकाश 2 धूप

द्योतक वि० 1 प्रकाश करनेवाला 2 प्रकाश में लानेवाला 3 प्रकट करनेवाला

द्योतन पुं० 1 प्रकाशित करना 2 व्यक्त करना

द्योतित वि० 1 प्रकाशित 2 व्यक्त

द्यौ पुं० 1 दिन 2 आकाश 3 स्वर्ग

द्रढिमा स्त्री० दृढ़ता

द्रढिष्ठ वि० बहुत मज़बूत

द्रव I पुं० बहाव **II** वि० 1 बहनेवाला 2 पिघलनेवाला

द्रवक वि० 1 बहनेवाला 2 द्रवित करनेवाला

द्रवज वि० द्रव पदार्थ से बना हुआ

द्रवण पुं० 1 बहना 2 पसीजना, पिघलना

द्रवणशील वि० 1 पिघलनेवाला 2 पसीजनेवाला

द्रवणांक पुं० ताप का वह मान जिसपर कोई वस्तु पिघलने लगती है

द्रवत्व पुं० बहने या पिघलने का भाव

द्रविण पुं० 1 कांचन, सोना 2 पराक्रम

द्रवित वि० 1 जो पानी की तरह हो गया हो 2 पिघला हुआ 3 दयार्द्र

द्रवीभवन पुं० किसी घन पदार्थ का द्रव रूप धारण करना

द्रवीभूत वि० 1 पिघला हुआ 2 पसीजा हुआ 3 दयार्द्र

द्रव्य पुं० 1 पदार्थ 2 पैसा, धन 3 साधन

द्रव्यपति पुं० धनवान

द्रव्यमय वि० 1 धन से युक्त 2 संपत्तिवान्

द्रव्यसार पुं० उपयोगी पदार्थ

द्रव्याधीश पुं० 1 बहुत बड़ा धनवान 2 2 कुबेर

द्रव्यार्जन पुं० धन कमाना

द्रष्टव्य वि० 1 दिखाई पड़नेवाला 2 देखने योग्य 3 दिखाया जानेवाला

द्रष्टा वि० देखनेवाला

द्राक्षा स्त्री० दाख, अंगूर

द्राघिमा स्त्री० 1 दीर्घता 2 भूमध्य रेखा के समानांतर पूर्व पश्चिम को जानेवाली कल्पित रेखाएँ

द्राघिष्ठ वि० बहुत लंबा

द्राव पुं० 1 वेग 2 क्षरण 3 पिघलना

द्रावक वि० 1 पिघलानेवाला 2 हृदय में दयाभाव उत्पन्न करनेवाला 3 पानी की तरह पतला करनेवाला

द्रावकर वि० पिघलानेवाला

द्रावण पुं० द्रवीभूत करना

द्राविड़-गौड़ पुं० एक राग जो रात्रि के समय गाया जाता है

द्राविड़ प्राणायाम पुं० किसी काम को उल्टे ढंग से करना

द्रावित वि० 1 द्रव किया हुआ 2 पिघलाया हुआ

द्रुत वि० 1 पिघला हुआ 2 तीव्रगति से

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चलने या बढ़नेवाला 3 तेज

द्रुतपद पुं० 1 शीघ्रगामी चरण 2 12-12 अक्षरों के चार चरणोंवाला एक छंद जिसका चौथा, ग्यारहवाँ और बारहवाँ अक्षर गुरु होते हैं

द्रुतमध्या स्त्री० एक अर्द्ध-सम वृत्त जिसके प्रथम और तृतीय पद में 3 भगण (ऽ।।) और दो गुरु होते हैं

द्रुतबिलंबित पुं० एक वर्णवृत्त जिसमें ।।।, ऽ।।, ऽ।।, ऽ।ऽ होते हैं

द्रुम पुं० पेड़

द्रोण पुं० कठौता, दोना

द्रोणी स्त्री० 1 छोटा दोना 2 दोन

द्रोह पुं० बैर

द्वंद्व पुं० 1 जोड़ा 2 झगड़ा

द्वंद्वभूत वि० अनिश्चित

द्वंद्वी वि० 1 परस्पर-विरुद्ध रहनेवाले 2 झगड़ालू

द्वय पुं० दो, जोड़ा

द्वयवादी वि० 1 दो तरह की बातें कहनेवाला 2 द्वैतवादी

द्वाचत्वारिंशत् वि० बयालीस, 42

द्वाज पुं० जारज पुत्र

द्वात्रिंशत् वि० बत्तीस, 32

द्वादश वि० बारह, 12

द्वादशरात पुं० बारह दिनों में पूरा होनेवाला व्रत

द्वादशांग वि० बारह अंगोंवाला

द्वादशायतन पुं० पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ, पाँच कर्मेन्द्रियाँ तथा मन और बुद्धि ये बारह स्थान

द्वादशाह पुं० 1 बारह दिनों का व्रत 2 बारहवें दिन किया जानेवाला श्राद्ध

द्वाभा स्त्री० रात-दिन का संधिकाल

द्वारकाधीश पुं० श्रीकृष्ण

द्वारचार पुं० द्वार पर बरात के पहुँचने पर की गई रीति

द्वारादेयशुल्क पुं० प्रवेश द्वार पर लिया जानेवाला शुल्क

द्वारावती स्त्री० द्वारका

द्वाविंशति वि० बाईस, 22

द्वाषष्ठि वि० बासठ, 62

द्वासप्तति वि० बहत्तर, 72

द्वि क्रि०वि० दो बार

द्वि वि० दो

द्विक वि० दो तरह का

द्विकर्मक वि० (क्रिया) जिसके साथ दो कर्म हों

द्विकल पुं० दो कलाओं या मात्राओं का समूह

द्विगु पुं० समास जिसमें पूर्वपद संज्ञा हो

द्विचत्वारिंशत वि० चौबीस, 24

द्विज वि० जो दो बार उत्पन्न हुआ हो, ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य

द्वि-जन्मा पुं० द्विज

द्विज-बंधु पुं० 1 द्विजों के धर्म से च्युत व्यक्ति 2 नाम मात्र का ब्राह्मण

द्विजावती स्त्री० कर्नाटकी पद्धति में एक रागिनी

द्विजिह्व I वि० दो जीभोंवाला
II पुं० चुगुलखोर

द्विजोत्तम पुं० ब्राह्मण

द्विट् पुं० शत्रु

द्विट्-सेवी पुं० शत्रु से मित्रता रखनेवाला

द्वितय वि० दोहरा

द्वितीयक वि० 1 दूसरा 2 गौण रूप

द्वित्व पुं० 1 दोहरे होने की अवस्था या भाव 2 व्याकरण में एक ही व्यंजन का दोहरा संयोग

द्विधा क्रि०वि० 1 दो प्रकार से 2 दो भागों में

द्विधाकरण पुं० दो भागों में विभाजित करना

द्विधागति पुं० पानी और जमीन दोनों

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्थानों पर विचरण करनेवाला, उभयचर

द्विधातविक वि० दो धातुओं से बना

द्विधातुवाद पुं० दो-दो धातुओं के सिक्के चलाने और दोनों की गिनती मानने की प्रणाली

द्विपंचाशत् वि० बावन, 52

द्विप पुं० हाथी

द्विपद वि० दो पैरवाला

द्विपदी स्त्री० **1** दो चरणों की कविता **2** एक तरह का चित्रकाव्य

द्विपादवध पुं० अपराधी के दोनों पैर काट लेने का दंड

द्विपार्श्विक वि० दोनों पक्षों की ओर से होनेवाला

द्विभाव पुं० **1** द्वेषभाव **2** द्वैतभाव **3** छिपाव **4** कपट

द्विभाषी पुं० दो भाषाओं को जानने और बोलनेवाला

द्विभुज वि० दो भुजाओंवाला

द्वि-रद I वि० दो दाँतोंवाला **II** पुं० हाथी

द्वि-रसन I वि० **1** जिसकी दो जीभें हों **2** जिसकी बात का विश्वास न किया जा सके **II** पुं० **1** साँप **2** चुग़ुलख़ोर

द्विरागमन पुं० **1** दूसरी बार आना **2** वधू का ससुराल में दूसरी बार आना (गौना)

द्विराज-शासन पुं० दो का सम्मिलित शासन

द्विरुक्त वि० **1** दो बार कहा हुआ **2** दुबारा कहा हुआ

द्विरुक्ति स्त्री० दो बार कथन

द्विरूढ़ा स्त्री० दूसरी बार विवाहित स्त्री

द्विरेता वि० दोग़ला, संकर

द्विरेफ पुं० भौंरा

द्विविध क्रि०वि० दो प्रकार से

द्विशत वि० दो सौ, 200

द्विशरीर पुं० कन्या, मिथुन, धनु और मीन राशियाँ, जिनका प्रथमार्द्ध स्थिर और द्वितीयार्द्ध चर माना जाता है

द्विशिर, द्विशीर्ष वि० दो सिरवाला

द्विष्ट वि० जिससे द्वेष किया जाये

द्विसदनात्मक वि० जिसमें कानून बनानेवाली दो संस्थाएँ हों

द्विसप्तति वि० बहत्तर, 72

द्विसमत्रिभुज पुं० ऐसा त्रिकोण जिसकी दो भुजाएँ सम हों

द्विहायन वि० दो वर्ष का

द्वीप पुं० टापू

द्वीप्य वि० **1** द्वीप का **2** द्वीप से उत्पन्न **3** द्वीप में होनेवाला

द्वेष पुं० किसी को पराया समझने और उससे पार्थक्य का व्यवहार करने का भाव, वैर-विरोध

द्वेष्य वि० जिसके प्रति वैर रखना उचित हो

द्वैगुण्य पुं० **1** दुगुना होना **2** सत्त्व, रज और तम में से दो गुणों से युक्त होने की अवस्था या भाव

द्वैत पुं० **1** दो महीने की अवस्था या भाव **2** किसी को पराया समझने का भाव

द्वैतवाद पुं० वह दार्शनिक सिद्धांत जिसमें माना जाता है कि आत्मा और परमात्मा भिन्न-भिन्न हैं

द्वैतवादी वि० ईश्वर और जीव में भेद माननेवाला

द्वैतानंदी स्त्री० संगीत में कर्नाटकी पद्धति की एक रागिनी

द्वैध पुं० **1** भिन्नता **2** दो प्रकार का होना (नीति, शासन, अर्थ आदि का)

द्वैधीकरण पुं० दो भाग करना

द्वैधीभाव पुं० **1** अनिश्चय **2** ऊपर से कुछ और मन में कुछ और भाव रखने की अवस्था या गुण

द्वैराज्य पुं० दो शक्तिशाली राज्य शासन

द्वैविध्य पुं० दो प्रकार का होना

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

द्वैहायन पुं० दो वर्ष का समय
द्वैहायनिक वि० 1 दो वर्षों में होनेवाला 2 प्रति दो साल पर होनेवाला
द्व्यक्ष वि० 1 दो आँखोंवाला 2 दो धुरियों-वाला
द्व्यणुक वि० दो अणुओंवाला
द्व्यशीति वि० बयासी, 82

ध

धंगर पुं० 1 चरवाहा 2 अहीर
धंधक पुं० झंझट, जंजाल
धंधक-धोरी पुं० सांसारिक झंझटों में फँसा हुआ व्यक्ति
धंधला पुं० 1 कपटपूर्ण व्यवहार 2 आडंबर 3 बहाना
धंधार स्त्री० 1 आग की लपट 2 अत्यंत मानसिक संताप
धंधाला स्त्री० कुटनी
धंधालू वि० काम धंधे में लगा रहनेवाला
धकपकाना अ० क्रि० 1 धकधक करना 2 डरना
धकाधक वि० बहुत अधिक
धकैत पुं० धक्का देनेवाला
धक्काड़ वि० प्रभावशाली
धगड़बाज स्त्री० उपपति रखनेवाली स्त्री
धगड़ा पुं० 1 किसी स्त्री का जार 2 बदमाश
धगड़ी स्त्री० 1 व्यभिचारिणी स्त्री 2 रखैल
धचका पुं० 1 झटका 2 धक्का 3 हानि
धज स्त्री० 1 बनावट-सजावट 2 सुंदर ढंग 3 सिंगार 4 नख़रा 5 शोभा
धट पुं० 1 तुला 2 तुलाराशि 3 तुला परीक्षा
धटक पुं० 42 रत्तियों के बराबर की एक पुरानी तौल
धटिका, धटी स्त्री० 1 पाँच शेर की धड़ी 2 कपड़े की कतरन 3 कौपीन
धड़ा पुं० 1 बाट, बटखरा 2 दल, समूह
धण स्त्री० 1 औरत 2 पत्नी 3 कन्या
धतकारना स० क्रि० 1 दुतकारना 2 धिक्कारना
धता वि० दूर हटाया हुआ
धतींगड़ वि० 1 बहुत मोटा ताज़ा 2 दोगला
धत्ता पुं० एक छंद जिसके विषम चरण में 18 और सम चरण में 16 मात्राएँ होती हैं
धत्तानंद पुं० एक प्रकार का छंद जिसके प्रत्येक चरण में 31 मात्राएँ और अंत में नगण (।।।) होता है
धनंजय I वि० धन जीतनेवाला II पुं० 1 अग्नि 2 अर्जुन
धनक पुं० 1 धन पाने की इच्छा 2 लालच 3 धनुष
धन-दंड पुं० जुरमाना
धनद वि० 1 धन देनेवाला 2 उदार तथा दानी पुरुष
धन-धानी स्त्री० ख़ज़ाना
धन-धान्य पुं० धन और खाद्य पदार्थ, संपत्ति
धन-नाथ पुं० कुबेर
धन-नायकी स्त्री० कर्नाटकी पद्धति की एक रागिनी
धन-पत्र पुं० नोट
धनपाल पुं० 1 ख़ज़ांची 2 कुबेर
धन-पालिनी स्त्री० कर्नाटकी पद्धति की एक रागिनी
धन-प्रयोग पुं० व्यापार में धन लगाने का कार्य

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

धनस्थान पुं० कुंडली में लग्न से दूसरा स्थान
धनस्यक त्रि० धन की इच्छा करनेवाला
धनहर त्रि०संपत्ति का अपहरण करनेवाला
धनांक पुं० एक निश्चित धनराशि
धना स्त्री० 1 युवती 2 वधू
धनाग्र पुं० धन दंड का वह भाग जिसमें विद्युत निकलकर ऋणदंड में पहुँचती है, एनोड
धनाणु पुं० वह अणु जो सदा धनात्मक विद्युत से आविष्ट रहता है
धनात्मक वि०1 धन पक्ष संबंधी 2 जोड़-वाला
धनाढ्य वि० धनवान
धनादेश पुं० मनीआर्डर
धनापहार पुं० 1 जुरमाना 2 लूट
धनार्चित त्रि०संपत्ति की भेंट देकर संतुष्ट किया हुआ
धनि स्त्री० 1 युवती स्त्री 2 पत्नी
धनिक-तंत्र पुं० पूंजीपतियों की शासन-प्रणाली
धनिका स्त्री० 1 धनी, युवती और सुन्दर स्त्री 2 पत्नी
धनिता स्त्री० धनाढ्यता
धनुक-बाई स्त्री० लकवे की तरह का एक वायुरोग जिसमें जबड़े बैठ जाते हैं और मुँह नहीं खुलता
धनुर्गुण पुं० धनुष की डोरी
धनुर्ग्रह, ग्राह पुं०धनुष चलानेवाला योद्धा 2 धनुर्विद्या
धनुर्भृत पुं० धनुर्धर, धनुर्धारी वीर
धनुर्मास पुं० आषाढ़ का महीना
धनुर्वात पुं०1 धनुक बाई, टिटनेस, शरीर के अकड़ जाने का एक वातजन्य रोग
धनुर्वेद पुं०वह शास्त्र जिसमें धनुष चलाने की विद्या का निरूपण होता है
धनुष्पाणि वि० हाथ में धनुष लिए हुए
धनुस्तंभ पुं० धनुर्वात
धनुहाई स्त्री०1 धनुष से बाण चलाने की विद्या 2 धनुष तीर से होनेवाली लड़ाई
धनेश पुं० 1 धन का मालिक 2 जन्म-कुंडली में लग्न से दूसरा स्थान
धनैषणा स्त्री० संपत्ति पाने की कामना
धनैषी वि० धन चाहनेवाला
धनोष्मा स्त्री० संपत्ति का अभिमान, धन की गरमी
धन्नासिका स्त्री० एक रागिनी जिसका ग्रह षड़ज है और जिसमें ऋ वर्जित है
धन्यमन्य त्रि०अपने को भाग्यशाली मानने-वाला
धन्यधाम पुं० भाग्यशाली
धन्वा पुं० धनुष
धन्वी त्रि० धनुष धारण करनेवाला
धपना अ०क्रि० 1 तेजी से चलना 2 झपटना
धप्पा पुं०1 थप्पड़ 2 आर्थिक हानि, टोटा
धब्बीला त्रि० धब्बेदार
धम-गजर पुं० 1 उपद्रव 2 ऐसी लड़ाई-झगड़ा जिसमें मारपीट भी हो
धमन पुं०1 फूंककर हवा भरना 2 धौंकना 3 धौंकनी
धमस स्त्री० थकान
धमित्र पुं० धौंकनी
धम्मिल्ल पुं० जूड़ा, केशकलाप
धर वि० धारण करनेवाला
धरक पुं० अनाज तौलनेवाला
धरणी स्त्री० पृथ्वी
धरणीधर पुं०1 पर्वत 2 शेषनाग 3 राजा
धरणीपुत्र पुं० मंगल
धरणीपुत्री स्त्री० सीता
धरनेत पुं० धरना देनेवाला
धरा स्त्री० 1 जमीन, धरणी 2 संसार 3 गर्भाशय
धरादेव पुं० ब्राह्मण

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

धराधर पुं० 1 राजा 2 पर्वत
धराशायी वि० 1 धरती पर गिरा हुआ 2 पराजित
धरित्री स्त्री० पृथ्वी
धरिमा स्त्री० 1 तराजू 2 रूप
धरेल स्त्री० रखैल
धरेश पुं० राजा
धर्त्ता वि० 1 धारण करनेवाला 2 अपने ऊपर किसी कार्य की जिम्मेदारी लेनेवाला
धर्मकील पुं० 1 राज्य का शासन 2 शासन करनेवाली सत्ता
धर्मकृच्छ्र पुं० धर्मसंकट
धर्मकोश पुं० विधिसंहिता
धर्मचर्या स्त्री० धर्मानुसार आचरण और व्यवहार
धर्मचारी वि० धर्म के अनुसार आचरण करनेवाला
धर्मच्युत वि० 1 अपना धर्म छोड़नेवाला 2 पतित
धर्मजन्य वि० धर्म से संबंधित
धर्मजीवन पुं० 1 धार्मिक कार्य कराकर अपनी जीविका चलानेवाला व्यक्ति 2 धर्मचारी
धर्म-तंत्र पुं० ऐसी शासन व्यवस्था, जिसमें किसी धर्म का ही प्रभुत्व रहता है तथा शासन व्यवस्था पुरोहितों के हाथ में रहती है
धर्मतः अव्य० 1 धार्मिक सिद्धान्तों के अनुसार 2 धर्म के आधार पर
धर्मद वि० अपने पुण्य का फल दूसरों को देनेवाला
धर्मद्रोही वि० अधर्मी
धर्मधुर्य वि० जो धर्म या न्याय करने में आगे हो
धर्म-ध्वज पुं० धर्म का आडंबर रचनेवाला, पाखंडी
धर्म-ध्वजता स्त्री० आडंबर, पाखंड
धर्म-निरपेक्ष वि० जिसमें किसी धार्मिक संप्रदाय का प्रभुत्व न हो
धर्मनिष्ठ वि० अपने धर्म में निष्ठा रखनेवाला, धार्मिक
धर्मनिष्पति स्त्री० कर्त्तव्यपालन
धर्मपट्ट पुं० राजा अथवा धर्माधिकारी द्वारा दिया हुआ व्यवस्था-पत्र
धर्मपत्नी स्त्री० विवाहिता स्त्री
धर्म-परायण वि० धर्म के सिद्धांतों के अनुसार कार्य करनेवाला, धार्मिक
धर्म-पीठ पुं० धार्मिक स्थान
धर्मप्रतिरूपक पुं० अपने सगे संबंधियों के दुःखी रहते हुए भी दूसरों को दिया गया दान
धर्म-बाह्य वि० धर्मविरुद्ध
धर्म-भगिनी स्त्री० 1 धर्म के नाते बहन 2 गुरु-कन्या
धर्म-भाणक पुं० धर्म का प्रवचन करनेवाला व्यक्ति
धर्म-भीरु वि० जो अधर्म करते डरता हो
धर्मभृत पुं० 1 राजा 2 धर्मपरायण व्यक्ति
धर्ममेघ पुं० योग में वह स्थिति जिसमें वैराग्य के अभ्यास से चित्त सब वृत्तियों से रहित हो जाता है
धर्मयुग पुं० सतयुग
धर्मरत वि० धर्मपरायण
धर्मलिपि स्त्री० वह लिपि जिसमें किसी धर्म की मुख्य पुस्तक लिखी हो
धर्मलुप्ता उपमा स्त्री० वह उपमा जिसमें उपमान और उपमेय के समान धर्म का कथन न हो
धर्मवर्ती वि० धर्म के अनुकूल आचरण करनेवाला
धर्मवासर पुं० पूर्णिमा तिथि
धर्मविधि स्त्री० धर्म या कानून की व्यवस्था
धर्मविपर्यय पुं० धर्मपरिवर्तन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

धर्मवैतंसिक पुं० वह व्यक्ति जो पाप के द्वारा धन कमाकर दिखावे के लिए दान-पुण्य करता हो

धर्मव्रत वि० धर्मपरायण

धर्मसंकर पुं० कार्य करने या न करने का विवेक न हो पाना

धर्मसंगीति स्त्री० धर्म संबंधी वाद-विवाद, शास्त्रार्थ

धर्मसेवन पुं० धर्म का पालन

धर्मस्थीय पुं० न्यायालय

धर्मस्व वि०धार्मिक कार्यों में लगाया हुआ धन

धर्मांतरण पुं० धर्म-परिवर्तन

धर्मागम पुं० धर्मशास्त्र

धर्मादा पुं० धर्म कार्य के लिए नियत धन

धर्माधिकरण पुं० न्यायालय

धर्माधिकरिणक पुं० धर्म और अधर्म का निर्णय करनेवाला, न्यायाधीश

धर्मानुप्राणित वि० धर्म से प्रभावित

धर्मानुष्ठान पुं० धर्माचरण

धर्मापेत वि० जो धर्म के अनुकूल न हो

धर्माभास पुं० धर्म का भ्रम

धर्मार्थ वि० धर्म के निमित्त

धर्मार्थी पुं०धर्म और उसके फल की इच्छा रखनेवाला व्यक्ति

धर्मावस्थायी पुं० धर्माधिकारी

धर्माश्रित वि० 1 धर्मानुकूल 2 न्यायपूर्ण

धर्मिणी स्त्री० पत्नी

धर्मिष्ठ वि० 1 धार्मिक 2 पुण्यात्मा

धर्मोत्तर वि० धर्म से बढ़कर

धर्मोन्माद पुं०1 धार्मिक कट्टरता 2 धार्मिक पागलपन

धर्म्य वि० 1 धर्म-संबंधी 2 न्यायपूर्ण

धर्ष 1 अशिष्ट व्यवहार 2 असहनशीलता 3 अधीरता 4 अपमान 5 किसी स्त्री का सतीत्व नष्ट करना

धर्षक वि०1 ढिठाई करनेवाला 2 तिरस्कार करनेवाला 3 व्यभिचारी

धर्षकारिणी वि० व्यभिचारिणी

धर्षण पुं० 1 तिरस्कार 2 दमन

धर्षणीय वि० जिसका दमन/अनादर किया जाना उचित हो

धर्षित वि० 1 विनष्ट 2 हराया हुआ

धर्षिता स्त्री० 1 व्यभिचारिणी स्त्री 2 वेश्या

धर्षी वि० 1 धर्षण करनेवाला 2 धर दबानेवाला 3 हरानेवाला 4 नीचा दिखानेवाला 5 अनादर करनेवाला

धव पुं० पति

धवल वि० 1 सफ़ेद 2 स्वच्छ 3 सुंदर

धवलत्व पुं०1 धवलता, सफ़ेदी 2 स्वच्छता

धवलपक्ष पुं० शुक्लपक्ष

धवलश्री स्त्री० एक रागिनी जो संध्या समय गायी जाती है

धवला स्त्री० सफ़ेद गाय

धवलित वि० 1 सफ़ेद किया हुआ 2 खूब स्वच्छ किया हुआ

धवलिमा स्त्री० 1 सफ़ेदी 2 उज्ज्वलता

धवलीकृत वि० जो स्वच्छ किया गया हो

धवलीभूत वि० जो सफेद हो गया हो

धवलोत्पल पुं० कुमुद

धसक स्त्री० डाह, जलन

धहधहाना अ०क्रि० धधकना

धाँधना स०क्रि०1 बन्द करना 2 अत्यधिक खाना

धाक I पुं०1 आहार 2 अनाज 3 आधार II स्त्री० 1 दबदबा 2 प्रसिद्धि

धाता वि० 1 धारण करनेवाला 2 पालन-पोषण करनेवाला 3 रक्षक 4 ब्रह्मा

धातु-क्षय पुं० 1 क्षयरोग 2 एक तरह का प्रमेह रोग जिसमें वीर्य क्षीण हो जाता है

धातुघ्न वि० धातु को नष्ट करनेवाला

धातु-चैतन्य वि० वीर्य उत्पन्न करनेवाला

धातु-द्रावक वि० धातु को पिघलानेवाला

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Harid...

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

धातु-पाठ पुं० क्रिया धातुओं की सूची
धातु-पुष्ट वि० वीर्य को गाढ़ा करनेवाला
धातुभृत् I वि० जिससे धातु का पोषण हो II पुं० पर्वत
धातुमत्ता स्त्री० धातुमान होने का गुण या भाव
धातुरेचक वि० वीर्य को बहानेवाला
धातुवादी पुं० 1 धातु विद्या को अच्छी तरह से जाननेवाला 2 रसायन शास्त्र का ज्ञाता
धातुस्तंभक वि०वीर्य को स्खलित होने से बचानेवाला
धात्र पुं० 1 बरतन 2 आधान
धात्री, धात्रेयी स्त्री० दाई माँ
धात्वर्थ पुं० शब्द का वह मूल अर्थ जो उसकी धातु या शब्द की प्रकृति से निकलता हो
धात्वीय वि० 1 धातु का 2 धातु का बना हुआ
धानकी पुं० 1 धनुर्द्धारी 2 कामदेव
धानी I स्त्री० 1 स्थान 2 ऐसा आधार जिसपर कोई वस्तु रखी जाय II वि० हल्का हरा
धान्या स्त्री० धनिया
धापना I अ०क्रि० 1 दौड़ना 2 परेशान होना II स०क्रि० संतुष्ट करना
धाम पुं० 1 घर 2 शरीर 3 बहुत बड़ा तीर्थस्थान 4 तेज
धामनिधि पुं० सूर्य
धामश्री स्त्री०एक रागिनी जिसके गाने का समय दिन में 25 दंड से 28 दंड तक माना गया है
धाय स्त्री० दाई
धायक वि० धारण करनेवाला
धारक वि०1 धारण करनेवाला 2 रोकनेवाला 3 उधार लेनेवाला
धारका स्त्री० योनि, भग
धारणायोग पुं० गंभीर समाधि
धारणावान् वि० जिसकी धारणा शक्ति बहुत प्रबल हो
धारणिक पुं० 1 कर्ज़दार 2 धन इकट्ठा करके रखनेवाला
धारणी स्त्री० 1 नाड़ी 2 श्रेणी 3 सीधी लकीर 4 पृथ्वी
धारणीय वि०जिसे धारण करना आवश्यक हो
धारयिता वि०1 धारण करनेवाला 2 ऋण लेनेवाला
धारयिष्णु वि० जो धारण कर सकता हो
धाराग्र पुं० बाण का अगला भाग
धाराधर पुं० बादल
धाराप्रवाह वि० लगातार
धाराल वि० (अस्त्र) जिसकी धार तेज़ हो
धारावर्ष पुं० धारा के रूप में होनेवाली बहुत तेज़ वर्षा
धारावाहिक वि०1 धारा की तरह निरंतर चलनेवाला क्रम 2 वह लेख जो क्रमशः खंडों में चलता रहे
धारासंपात पुं० ज़ोरों की बारिश
धारासभा स्त्री० व्यवस्थापिका सभा
धारासार वि० धारा के रूप में लगातार होता रहनेवाला
धारि स्त्री० एक वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण में एक रगण और एक लघु होता है
धारित वि०1 धारण किया हुआ 2 अपने ऊपर संभाला हुआ
धारिता स्त्री० 1 धारण करने की योग्यता 2 किसी वस्तु की उतनी पात्रता जितने में वह कुछ धारण कर सके
धारोष्ण वि० (दूध) थन से निकलता हुआ गरम-गरम
धार्मिणेय पुं० धार्मिक स्त्री का पुत्र
धार्य वि०1 पुत्र जिसे धारण करना उचित

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हो 2 जिसे धारणा-शक्ति ग्रहण कर सके
धार्यत्व पुं० 1 ऋण (देन) आदि जिसका चुकाना आवश्यक हो 2 धारण करना
धाष्ट्र्य पुं० धृष्टता
धावक पुं० 1 दौड़नेवाला 2 हरकारा
धावन पुं० 1 बहुत जल्दी दौड़कर जाना 2 कपड़े धोने और साफ़ करने का काम
धावनि स्त्री० 1 दौड़ने की क्रिया या भाव 2 धावा
धावमान वि० 1 दौड़नेवाला 2 दौड़ता हुआ 3 चढ़ाई करनेवाला
धावल्य पुं० धवलता, सफ़ेदी
धावित वि० 1 अत्यधिक तेज़ दौड़ता हुआ 2 धोया और साफ़ किया हुआ
धाह स्त्री० ज़ोर से चिल्लाकर रोना
धिंगा पुं० 1 शरारती 2 पाजी 3 बेशरम
धिंगाई स्त्री० 1 उपद्रव 2 बदमाशी 3 निर्लज्जता
धिंगी स्त्री० 1 बदमाश स्त्री 2 निर्लज्ज स्त्री
धि पुं० भंडार
धिक् अव्य० घृणा और तिरस्कारपूर्वक भर्त्सना करने का शब्द
धिक्कृत वि० जो धिक्कारा गया हो
धिक्-पारुष्य पुं० डाँट-फटकार
धिग्दंड पुं० धिक्कारपूर्वक दंड
धिप्सा स्त्री० धोखा देने की इच्छा
धिषणा स्त्री० 1 अक्ल 2 स्तुति 3 वाणी
धिष्ट्य पुं० 1 जगह 2 गृह 3 नक्षत्र 4 शक्ति
धींग वि० 1 हृष्ट-पुष्ट 2 शक्तिशाली 3 पक्का 4 पाजी
धींग-धुकड़ी स्त्री० 1 धींगामुस्ती, उपद्रव 2 पाजीपन 3 शरारत
धींद्रिय स्त्री० ज्ञानेन्द्रिय
धी स्त्री० 1 बुद्धि 2 मन 3 जन्म कुंडली में लग्न से पाँचवा स्थान
धीजना स०क्रि० 1 स्वीकार करना 2 विश्वास करना
धीपति पुं० बृहस्पति
धीमर पुं० धीवर, केवट
धीमा-तिताला पुं० संगीत में सोलह मात्राओं का एक ताल जिसमें तीन आघात और एक ख़ाली होता है
धीमान पुं० 1 बुद्धिमान 2 बृहस्पति
धीरचेता पुं० दृढ़ तथा स्थिर चित्तवाला
धीरमति वि० धैर्यवान्
धीर-ललित पुं० संपन्न नायक जो हँसमुख हो तथा कलाओं से प्रेम करता हो
धीर-शांत पुं० सुशील, दयावान, पुण्यवान् नायक
धीरा स्त्री० वह नायिका जो अपने नायक के शरीर पर स्त्रीरमण के चिह्न देखकर व्यंग्य से कोप प्रकाशित करे
धीरी स्त्री० आँख की पुतली
धुँआना स०क्रि० धुएँ से काला पड़ जाना
धुँधकार स्त्री० गरज
धुँधलका पुं० कुछ उजाला कुछ अँधेरा
धुँधियाला पुं० धुँधलापन
धुँधुरित वि० धुँधला
धुकड़-पुकड़ स्त्री० घबराहट
धुपाना स०क्रि० धूप में सूखने के लिए डालना
धुरीण वि० 1 बोझ सँभालनेवाला 2 प्रधान 3 धुरंधर
धुरीय वि० 1 बोझ लादकर ले चलनेवाला 2 धुरेका
धुर्य वि० 1 जिस पर भार लादा जा सके 2 जो अपने ऊपर ज़िम्मेदारी ले सके
धुलेंडी स्त्री० होली के दूसरे दिन पड़ने-वाला त्योहार
धुस्स पुं० टीला, मिट्टी-पत्थर का ढेर
धूक पुं० 1 हवा 2 काल
धूत वि० 1 हिलता हुआ, कंपित 2 धम-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

काया हुआ
धूतकल्मष, धूतपाप वि० जिसके पाप धुल गए हों
धूति स्त्री० हिलने-डुलने की अवस्था या भाव, कंपन
धूनक I वि० हिलाने-डुलानेवाला
II पुं० धूना, राल
धूनन 1 पुं० हिलना, कंपन 2 क्षोभ
धूपन पुं० धूप देना
धूपायित वि० धूप दिया हुआ
धूम पुं० धुँआ
धूमकेतु पुं० 1 अग्नि 2 शिव
धूमल वि० धुएँ के रंग का
धूमाभ वि० धुएँ के रंग जैसा
धूमायन पुं० 1 धुँआ देना या उत्पन्न करना 2 भाप देना
धूमावती स्त्री० दस महाविद्याओं में से एक देवी
धूमिका स्त्री० कोहरा
धूमित वि० धुआँ लगा हुआ
धूमिलता स्त्री० धुँधलापन
धूमोद्गार पुं० अपच के कारण होनेवाला धुएँ का-सा खट्टा डकार
धूमोपहत वि० धुएँ के फलस्वरूप जिसका गला घुट गया हो
धूम्र पुं० धूम
धूम्रकांत पुं० एक रत्न
धूर्जटी पुं० शिव
धूर्तरचना स्त्री० छल, कपट
धूर्धर वि० बोझ ढोनेवाला
धूर्वह वि० 1 भार ग्रहण करनेवाला 1 जिम्मेदारी अपने ऊपर लेनेवाला
धूलिधूसरित वि० धूल से सना हुआ
धूसर वि० धूल के रंग का, मटमैला
धूसरित वि० मटमैला हुआ
धृत वि० 1 हाथ से पकड़ा हुआ 2 गिरफ़्तार किया हुआ 3 धारण किया हुआ 4 स्थिर किया हुआ
धृतदंड वि० दंडित
धृतमानस वि० दृढ़ निश्चय
धृतव्रत वि०जिसने व्रत धारण कर रखा हो
धृतात्मा वि० 1 मन को अच्छी तरह वश में और स्थिर रखनेवाला 2 धीर
धृति स्त्री० 1 धारण करने का गुण या भाव 2 मन की स्थिरता
धृतिमान वि० धैर्यवान्
धृष्ट वि० 1 बेहया, निर्लज्ज 2 ढीठ, उद्धत
धृष्टता स्त्री० 1 अनुचित साहस 3 निर्लज्जता 3 ढिठाई
धृष्टवादी वि० अशिष्टता से बात करनेवाला
धृष्टा स्त्री० दुश्चरित्रा स्त्री
धृष्णि पुं० प्रकाश की रेखा, किरण
धृष्य वि० 1 जिसका धर्षण होना उचित हो 2 जिसपर चढ़ाई की जा सके
धैनव वि० 1 गाय का 2 गाय से उत्पन्न
धैवत पुं० संगीत के सात सुरों में से छठाँ
धैवत्य पुं० चालाकी
धोकड़ वि० मोटा-ताजा
धोबीपछाड़, धोबीपाट पुं० कुश्ती का एक दाँव जिसमें जोड़ का हाथ कंधे पर ले जाकर उसे चित कर देते हैं
धोरण पुं० 1 सवारी 2 दौड़
धोरणि स्त्री० 1 शृंखला 2 श्रेणी 3 परंपरा
धोरित पुं० चोट
धौंज स्त्री० 1 दौड़धूप 2 घबराहट
धौंजना अ० क्रि० 1 दौड़धूप करना 2 घबराना
धौंताल वि० 1 अपनी धुन का पक्का 2 चालाक 3 चपल 4 निपुण 5 साहसी
धौत वि० 1 जो धोकर साफ़ किया हुआ 2 उजला
धौतात्मा वि० पवित्रात्मा
धौरी स्त्री० सफ़ेद रंग की गाय

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

धौल स्त्री० थप्पड़
धौल-धप्पड़ स्त्री० मारपीट, उपद्रव
ध्मात वि० 1 बजाया हुआ 2 क्षुब्ध किया हुआ
ध्मापन 1 फूंककर कोई चीज़ फुलाने का कार्य 2 जलाकर राख करना
ध्यात वि० ध्यान किया हुआ, ध्यान में लाया गया, विचारा हुआ
ध्याता पुं० ध्यान करनेवाला
ध्यानस्थ वि० जो ध्यान में लाया हुआ हो, लीन
ध्यानावस्थित वि० ध्यान में मग्न
ध्यानिक वि०1 ध्यान संबंधी 2 जो ध्यान के द्वारा सिद्ध हो सके
ध्येय I वि० 1 जिसे ध्यान में लाया जा सके 2 जो ध्यान का विषय हो
II पुं० लक्ष्य
ध्रुपद पुं० चार तुक का एक गीत
ध्रुवता स्त्री० अचलता
ध्रुव-दर्शक पुं० कुतुबनुमा
ध्रुवमत्स्य पुं० दिशाओं का ज्ञान करानेवाला एक उपकरण, कुतुबनुमा
ध्रुवाक्ष पुं० ज्योतिष्क यंत्रों का वह अक्ष जो आकाशस्थ ध्रुव की ओर अभिमुख रहता है
ध्रुवीय वि० 1 ध्रुवतारा संबंधी 2 ध्रुव प्रदेश का
ध्रुवीयक वि० वह तत्व जो ध्रुवीयण करता हो
ध्रुवीयण पुं० ऐसी प्रक्रिया करना जिससे कहीं से आनेवाले ताप का किसी लंब के दोनों सिरों पर भिन्न-भिन्न तत्त्वों का सूचक अलग-अलग प्रकार का प्रभाव दिखाई पड़े
ध्वंस पुं० सर्वनाश
ध्वंसक वि० विनष्ट करनेवाला
ध्वंसन पुं० 1 नष्ट करना 2 नाश होना
ध्वंसावशेष पुं० खंडहर
ध्वज पुं० 1 झंडा 2 झंडे का डंडा
ध्वजक पुं० सैनिक झंडा
ध्वजपट पुं० झंडा
ध्वजभंग पुं०1 एक प्रकार का रोग जिसमें पुरुष में स्त्री-संभोग की शक्ति नहीं रह जाती 2 क्लीवता, नपुंसकता
ध्वजा स्त्री० झंडा
ध्वजादि पुं० फलित ज्योतिष के अनुसार एक प्रकार की गणना जिससे प्रश्न के फल कहे जाते हैं
ध्वजारोपण पुं० झंडा गाड़ना
ध्वजारोहण पुं० झंडा फहराना
ध्वजिक पुं० पाखंडी, धर्मध्वजी
ध्वजी वि० हाथ में पताका लिए हुए व्यक्ति
ध्वजोत्तोलन पुं० ध्वजा फहराना
ध्वनन पुं० 1 शब्द करना 2 व्यंग्य से बोध कराना 3 अस्पष्ट शब्द
ध्वनिक वि० ध्वनि संबंधी
ध्वनिकाव्य पुं० वह काव्य जिसमें व्यंग्य की प्रधानता हो
ध्वनि-क्षेपक वि० ध्वनि को चारों तरफ फैलानेवाला
ध्वनि-क्षेपण पुं० किसी स्थान पर उत्पन्न होनेवाली आवाज़ को एक विशेष प्रकार के विद्युत उपकरण द्वारा चारों तरफ़ बहुत दूर तक पहुँचाया जाना
ध्वनित वि०1 जो आवाज़ के रूप में प्रकट हो 2 वाक्य में व्यंजित
ध्वन्यार्थ वि० किसी पद का व्यंग्यार्थ
ध्वन्यात्मक वि० ध्वनि से युक्त
ध्वन्यालेख पुं० रिकार्ड, ध्वनि को यंत्र में भर लेना
ध्वस्त वि० 1 नष्ट 2 परास्त
ध्वांत पुं० अंधकार
ध्वांतचर पुं० राक्षस

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ध्वांतधाम पुं० नरक

ध्वान पुं० 1 आवाज़ 2 गुंजन

न

नंगा I वि० नंगा, लुच्चा II पुं० 1 नंगापन 2 शर्म

नंगा-झोली स्त्री० पहने हुए कपड़ों की तलाशी

नंद वि० आनंद देनेवाला

नंदक वि० आनंद और सुख देनेवाला

नंदनंदिनी स्त्री० नंद की पुत्री योगमाया, दुर्गा

नंदनवन पुं० इंद्र की वाटिका

नंदा वि० आनंद देनेवाली

नंदित वि० आनंदयुक्त

नंदिनी स्त्री० पुत्री

नंदिवर्धन पुं० जो आनंद बढ़ाए—पुत्र, मित्र

नंदीश पुं० शिव

नंद्यावर्त्त पुं० ऐसा भवन जिसमें पश्चिम की ओर द्वार न हो

नएपंज पुं० पाँच वर्ष की उम्र का घोड़ा

नकड़ा पुं० बैलों का एक रोग

नक़ब स्त्री० सेंध

नक़बज़नी स्त्री० सेंध लगाना

नकलबही स्त्री० पत्रों की नकलवाली बही

नक़ाब पुं० परदा, घूंघट

नकार पुं० न, नहीं, इनकार

नकारना अ० क्रि० 1 न या नहीं कहना 2 अस्वीकृत करना

नकारा वि० 1 नाकारा 2 निष्प्रयोजन 3 बेकार

नकियाना अ० क्रि० नाक से बोलना

नकुल पुं० नेवला

नकुलांधता स्त्री० नेवले की-सी (चमकती) आँख हो जाने का रोग

नक्कारा पुं० नक्कारा, डंका

नक्काल पुं० नकल करनेवाला

नक्काशी स्त्री० खोदकर चित्रकारी

नक्त स्त्री० रात

नक्तंदिन अव्य० रात-दिन

नक्तचर, चारी वि० 1 रात को विचरण करनेवाला 2 राक्षस

नक्तांध्य पुं० रतौंधी

नक्र पुं० 1 मगरमच्छ 2 नाक

नक्रा स्त्री० नासिका

नक्श पुं० चित्र

नक्श-निगार पुं० खोदकर की गई चित्र-कारी

नक्षत्र-नाथ पुं० चन्द्रमा

नक्षत्र-माला स्त्री० सत्ताइस मोतियोंवाला हार

नक्षत्र-विद्या स्त्री० ज्योतिष

नक्षत्रामृत पुं० नक्षत्रों का शुभ और उत्तम योग

नखक्षत पुं० नाखून गड़ाने का चिह्न

नखखादी पुं० दाँतों से नाखून काटनेवाला व्यक्ति

नखचारी वि० पंजों के बल चलनेवाला

नखना I स० क्रि० 1 उल्लंघन करना 2 नष्ट करना II अ० क्रि० उल्लंघन होना

नखर पुं० नाखून

नखव्रण पुं० नाखून से बनी खरोंच

नखानखि स्त्री० आपस में नखों से प्रहार करने की हाथापाई

नखाशी I वि० नाखूनों की सहायता से खानेवाला II पुं० भालू

नखास पुं० पशुमंडी

नखियाना स० क्रि० नख चुभाकर घाव करना

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नखी पुं० 1 शेर 2 चीता

नग I वि० अचल **II** पुं० 1 पर्वत 2 पेड़ 3 नगीना 4 तारा

नगण पुं० छंद में तीन लघु अक्षरों का एक गण (।।।)

नगण्य वि० 1 जो गिने जाने योग्य न हो 2 बहुत ही हीन, तुच्छ

नगनिका स्त्री० 1 संकीर्ण राग का एक भेद 2 छंद जिसके प्रत्येक चरण में एक यगण (।ऽऽ) और एक गुरु होता है

नगपति पुं० 1 हिमालय 2 चंद्रमा

नग़मा पुं० मधुर गीत

नगरनायिका स्त्री० वेश्या

नगर-सन्निवेश पुं० नये नगर बनाने और उसके मार्ग, भवन, विभाग आदि निश्चित करने की कला

नगराई स्त्री० 1 नागरिकता 2 चतुराई

नगरोपांत पुं०नगर के आस-पास का क्षेत्र या स्थान

नगरौका पुं० नगरवासी

नग-स्वरूणी स्त्री० एक छंद जिसके प्रत्येक चरण में क्रमशः एक जगण (।ऽ।), एक रगण (ऽ।ऽ) एक लघु और एक गुरु होता है

नगाटन वि० पहाड़ पर विचरण करनेवाला

नगारि पुं० इन्द्र

नगेंद्र पुं० पर्वतराज हिमालय

नग्न-क्षपणक पुं० बौद्ध भिक्षुओं का एक संप्रदाय

नग्नवाद पुं० यह मान्यता कि मनुष्य को निरोग रहने के लिए कुछ समय तक नंगा रहना चाहिए

नग्नाट, टक पुं०सदा नग्न रहनेवाला साधु

नग्निका स्त्री० 1 निर्लज्ज स्त्री 2 वह लड़की जो रजस्वला न हुई हो

नचिर वि० अधिक दिनों तक स्थिर न रहनेवाला

नज़रबाज़ वि० आँखें लड़ानेवाला (प्रेमी)

नज़रसानी स्त्री० पुनरावलोकन

नज़ाकत स्त्री० 1 शारीरिक सुकुमारता 2 सूक्ष्मता

नज़ात स्त्री० मुक्ति, छुटकारा

नज़ामत स्त्री० 1 नाज़िम का कार्य, पद या भाव 2 नाज़िम का कार्यालय

नज़ारत स्त्री० 1 निरीक्षण 2 नाज़िर का विभाग या पद

नज़ीर स्त्री० उदाहरण

नजूम पुं० ज्योतिष

नज़ूल पुं० सरकारी जमीन

नटता स्त्री० 1 नट होने की अवस्था या भाव 2 नट का काम

नटन पुं० 1 नाचना 2 अभिनय करना

नट-नारायण पुं०एक राग जो मेघ राग का तीसरा पुत्र और दीपक राग का पुत्र माना गया है

नट-मल्लार पुं० नट और मल्लार के योग से बना हुआ संपूर्ण जाति का एक संकर राग

नटनागर, नटराज, नटवर पुं० 1 नाट्य-कला में बहुत कुशल और प्रवीण व्यक्ति 2 श्रीकृष्ण

नटांतिका स्त्री० 1 शरम 2 विनय

नड़ पुं० नरकट, सरपत

नड़क पुं०1 हड्डी के अंदर का छेद 2 कंधों के बीच की हड्डी

नत-नाड़ी स्त्री० मध्याह्न और मध्यरात्रि के बीच का जन्म-काल

नतपाल पुं० शरण में आए हुए व्यक्ति की रक्षा करनेवाला

नतभ्रू वि० तिरछी भौंहोंवाली

नतशिर वि० विनीत

नतांग वि० झुका हुआ

नतांगी I स्त्री० औरत **II** वि० झुके हुए

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शरीरवाली
नतांश पुं०वह वृत्त जिसका केंद्र भूकेंद्र पर होता है और जो विषुवत् रेखा पर लंब होता है
नति स्त्री० 1 झुकाव 2 मन की प्रवृत्ति
नतोदर वि०जिसका ऊपरी भाग कुछ नीचे दबा हो
नत्वर्थक वि० 1 जिसमें किसी वस्तु का अस्तित्व न माना जाय 2 नकारात्मक
नदना पुं० शब्द करना
नदराज पुं० समुद्र
नदारद वि० लुप्त, अप्रस्तुत
नदिका स्त्री० छोटी नदी
नदीगर्भ पुं० नदी के बीच का गड्ढा
नदीश पुं० समुद्र
नद्ध वि० 1 नाथा हुआ 2 बाँधा हुआ
नद्य वि० नदी से उत्पन्न
नद्यावर्त्तक पुं०यात्रा के लिए एक शुभ योग
नधना अ०क्रि० जुतना
ननुनच पुं० आगा-पीछा, बहाना
नफ़र पुं० 1 आदमी 2 ख़िदमतगार 3 श्रमिक
नफ़री स्त्री० 1 मज़दूरी 2 मज़दूरी का दिन
नफ़स पुं० 1 साँस, दम 2 प्राण
नफ़सा-नफ़सी स्त्री० 1 आपा-धापी 2 वैमनस्य
नफ़सानी वि० 1 भौतिक और शारीरिक 2 कामवासना संबंधी
नफ़ासत स्त्री० 1 अच्छाई, उत्तमता 2 कोमलता 3 निर्मलता
नफ़ीस वि० 1 उत्तम, बढ़िया 2 स्वच्छ 3 कोमल
नफ़्सानियत स्त्री० 1 स्वार्थपरता 2 अभिमान
नबात स्त्री० वनस्पति
नबी पुं० पैग़ंबर
नभःसद पुं० देवता
नभ पुं० आकाश
नभग I वि०1 आकाश में विचरण करनेवाला II पुं० पक्षी
नभश्चर पुं० 1 पक्षी 2 बादल 3 देवता
नभस्थल पुं० आकाश
नभस्वान I वि० बादलों से भरा हुआ II पुं० वायु
नभोमणि पुं० सूर्य
नभोरेणु पुं० कोहरा
नभोलय वि० आकाश में लीन होनेवाला
नम I पुं०नमस्कार II वि० 1 गीला, तर 2 झुका हुआ
नमत वि० 1 झुका हुआ 2 नम्र
नमन पुं० 1 झुकाव 2 नमस्कार
नमनीय वि० 1 जो झुकाया जा सके 2 नमस्कार करने योग्य
नमसित वि० 1 जिसे नमस्कार किया गया हो 2 पूजित
नमस्कार्य वि० 1 जिसके सामने प्रणाम करना उचित हो 2 वंदनीय
नमस्य वि० नमस्कार करने योग्य
नमस्या स्त्री० 1 पूजा 2 नम्रता
नमस्यु वि० पूजा करनेवाला
नमाना स०क्रि० 1 झुकाना 2 अपने वश में करना
नमित वि० 1 झुका हुआ 2 टेढ़ा
नम्य वि० झुकनेवाला
नम्रांग वि० 1 झुका हुआ 2 झुके हुए अंगोंवाला
नय पुं० 1 नीति 2 व्यवहार 3 व्यवस्था
नयक पुं० 1 कार्यकर्त्ता 2 राजनीति में निपुण व्यक्ति 3 नेता
नयनगोचर वि०आँखों से दिखाई देनेवाला
नयनच्छद पुं० (नेत्रों को ढँकनेवाली) पलक
नयनपट पुं० आँख की पलक

CC-0. In Public Domain. Gurukul K...

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नयनपथ पुं० 1 दृष्टि का मार्ग 2 वह सारा विस्तार जो किसी तरफ देखने पर आँखों के सामने आता है

नय-नागर वि० 1 नीति शास्त्र में निपुण 2 चालाक

नयनाभिराम वि० आँखों को सुंदर लगनेवाला

नयनिमा स्त्री० 1 आँख का धर्म 2 चितवन

नयनी स्त्री० 1 आँख की पुतली 2 आँखवाली

नयनोत्सव पुं० 1 नयनों को सुंदर लगनेवाली वस्तु

नयनोपांत पुं० आँख की कोर

नयवाद पुं० यह सिद्धांत कि आत्मा एक है और अनेक भी

नयवादी पुं० 1 नयवाद का ज्ञाता 2 नीतिज्ञ 3 राजनीतिज्ञ

नयविद् पुं० राजनीतिज्ञ

नयशील वि० 1 जो झुकाया जा सकता हो 2 विचारशील 3 नीतिज्ञ 4 विनीत

नरई स्त्री० 1 गेहूँ की बाल 2 डंठल

नरकुल पुं० नरकट

नरकेसरी पुं० नृसिंह अवतार

नरद स्त्री० गोटी

नरदन पुं० शब्द करने की क्रिया या भाव

नरदारा पुं० 1 जनखा, हिजड़ा 2 डरपोक आदमी

नरनाथ, नरपति, नरपाल पुं० राजा

नरपिशाच पुं० परम क्रूरतापूर्ण और हेय कर्म करनेवाला व्यक्ति

नरमा पुं० एक कोमल कपास

नरवीर पुं० वीर योद्धा

नरव्याघ्र, नरशार्दूल पुं० 1 मनुष्यों में व्याघ्र (वीर और साहसी) 2 मनुष्यों में परम श्रेष्ठ

नरसों क्रि०वि० परसों के बाद का दिन

नरहरि पुं० नृसिंह

नरहरी पुं० एक प्रकार का छंद जिसके प्रत्येक चरण में 14 और 5 के विराम से 19 मात्राएँ और अन्त में एक नगण (।।।) और एक गुरु होता है

नरांग पुं० पुरुष की इंद्रिय

नराच पुं० 1 वाण 2 चार चरणों का एक वृत्त जिसके प्रत्येक चरण में जगण, (।ऽ।), रगण (ऽ।ऽ), जगण, रगण, जगण और अंत में एक गुरु होता है

नाराचिका स्त्री० वितान वृत्त का एक भेद जिसके प्रत्येक चरण में नगण (।।।), रगण (ऽ।ऽ), लघु और गुरु होता है

नर्तन पुं० नाचना

नर्तयिता पुं० 1 नाचनेवाला, नर्तक 2 नाच सिखलानेवाला

नर्तित वि० 1 नचाया हुआ 2 नाचता हुआ

नर्द स्त्री० गोटी

नर्दन पुं० भयानक आवाज़

नर्दबान पुं० 1 काठ की सीढ़ी 2 रास्ता

नर्दित वि० 1 गरजा हुआ 2 गरजता हुआ

नर्म I पुं० 1 परिहास 2 हँसी ठट्ठा करनेवाला नायक का सखा, विदूषक II वि० नरम, मुलायम

नर्मठ पुं० 1 परिहास में निपुण व्यक्ति 2 स्त्री का यार

नर्मद I वि० 1 सुख देनेवाला 2 आनन्द देनेवाला II पुं० दिल्लगीबाज़

नर्मद्युति स्त्री० नाट्यशास्त्र के अनुसार प्रतिमुख संधि के तेरह अंगों में से एक

नलक पुं० मज्जावाली हड्डी

नलकिनी स्त्री० जंघा

नलकील पुं० घुटना

नलाना स०क्रि० खेत से रद्दी घास आदि दूर करना

नलिन पुं० कमल

नवकारिका-कालिका स्त्री० 1 नई विवा-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हिता स्त्री 2 लड़की जो पहली बार रजस्वला हुई हो

नवति वि० नब्बे, 90

नवनीत पुं० मक्खन

नवम वि० नौवाँ

नव-मालिका स्त्री० एक वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण में एक नगण (।।।), जगण (।ऽ।) भगण (ऽ।।) और यगण (।ऽऽ) होता है

नवल वि० 1 नवीन 2 उज्ज्वल 3 तरुण

नवल-अनंगा स्त्री० मुग्धा नायिका का एक भेद

नवसंगम पुं० नया-नया या पहला मिलाप

नवसप्त वि० सोलह, 16

नवाई स्त्री० 1 झुकाव 2 विनयभाव

नवाभ्युत्थान पुं० दोबारा होनेवाला उत्थान

नवेद पुं० 1 शुभ सूचना 2 निमंत्रण, न्योता 3 निमंत्रण पत्र

नवोढ़ पुं० 1 विवाहित पुरुष 2 जवान आदमी

नवोढ़ा स्त्री० 1 नवविवाहिता स्त्री 2 नौजवान स्त्री

नव्य वि० 1 नवीन 2 आधुनिक

नशन पुं० विनष्ट होना

नशीन वि० बैठनेवाला

नश्तर पुं० चीर-फाड़ करने का चाकू

नश्यत्प्रसूतिका स्त्री० वह प्रसूता जिसका बच्चा मर गया हो

नश्र पुं० प्रसारण

नश्वर वि० नाशवान्

नष्टक्रिय वि० कृतघ्न

नष्ट-चित्त वि० 1 जिसका विवेक नष्ट हो चुका हो 2 उन्मत्त

नष्टचेतन वि० बेहोश

नष्ट-चेष्ट वि० कोई चेष्टा न कर सकनेवाला

नष्ट-चेष्टता स्त्री० 1 बेहोशी 2 एक सात्त्विक भाव जिसमें व्यक्ति प्रेम में लीन होकर निश्चेष्ट हो जाता है

नष्ट-दृष्टि वि० जिसमें देखने की शक्ति न रह गई हो

नष्ट-निधि वि० जो अपनी संपत्ति खो चुका हो

नष्टप्रभ वि० तेजहीन

नष्टप्राय वि० लगभग नष्ट

नष्टबुद्धि वि० मूर्ख, पागल

नष्टरूपा स्त्री० अनुष्टुप् छंद का एक भेद

नष्टसंज्ञ वि० बेहोश

नष्टा स्त्री० 1 दुराचारिणी 2 वेश्या

नष्टात्मा वि० 1 दुष्ट 2 बहुत बड़ा नीच

नष्टारितसूत्र पुं० सुराग़ जो चोरी गई हुई चीज़ के मिलने पर प्राप्त होता है

नष्टार्तव पुं० स्त्री का मासिक धर्म बन्द हो जाना

नष्टाशंक वि० निर्भय

नष्टेन्द्रिय वि० 1 निश्चेष्ट 2 बेहोश

नसकटा वि० नपुंसक

नसना अ० क्रि० 1 बरबाद होना 2 खराब होना

नसर स्त्री० गद्य

नसाना I स० क्रि० नष्ट करना II अ० क्रि० नष्ट होना

नसीब पुं० भाग्य

नसीर पुं० 1 दूसरों की सहायता करनेवाला 2 ईश्वर

नसीहत स्त्री० 1 सत्परामर्श 2 सदुपदेश

नसूड़िया वि० 1 नासूर संबंधी 2 बहुत ही उग्र, भीषण 3 अमांगलिक

नस्त पुं० नथ, नथनी

नस्तक पुं० नाक में का छेद

नस्तकरण पुं० नाक में दवा डालने का एक उपकरण

नस्तालीक पुं० फ़ारसी लिपि का एक सुन्दर रूप

CC-0. In Public Domain. Gurukul K...

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नस्तित वि० 1 जिसे नाथ पहनाई गई हो 2 नत्थी में लगाया हुआ

नस्या स्त्री० 1 नाक 2 नाक का छेद

नहछू पुं० विवाह के पहले की एक रस्म

नहट्टा पुं० नाखून की खरोंच

नहरनी स्त्री० नाखून काटने का उपकरण

नहरुआ पुं० कमर के नीचे का फोड़ा

नहानी स्त्री० रजस्वला स्त्री

नहार वि० 1 निराहार 2 बासीमुँह

नहारी स्त्री० 1 जलपान 2 घोड़े का खाना

नहूसत स्त्री० मनहूसी, अमंगल

नांदी स्त्री० मंगलाचरण

नांदीघोष पुं० मंगल वाद्यों की ध्वनि

नांदीमुख पुं० मंगल अवसरों पर किया जानेवाला भोज

नांदीमुखी स्त्री० एक वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण में क्रमशः दो नगण (।।।) दो तगण (ऽऽ।) और दो गुरु होते हैं

नाआशना वि० अपरिचित

ना-इत्तिफ़ाकी स्त्री० 1 मतभेद 2 फूट

नाकड़ा पुं० नाक का एक रोग

नाक I पुं० स्वर्ग **II** वि० कष्टहीन

नाकनटी, नाकनारी स्त्री० अप्सरा

नाकापगा स्त्री० स्वर्ग की गंगा, मंदाकिनी, नाकनदी

नाकाम वि० असफल

नाक़िस वि० 1 जिसमें कोई अवगुण हो 2 त्रुटिपूर्ण 3 निकम्मा, ख़राब

नाकेश पुं० स्वर्ग के अधिपति, इन्द्र

नाक्षत्र, नाक्षत्रिक वि० नक्षत्रसंबंधी

नाग पुं० 1 साँप 2 पर्वत 3 हाथी 4 बादल 5 एक जाति

नागचूड़ पुं० शिव

नागदंत पुं० हाथी दाँत

नागपर्णी स्त्री० पान

नागपाश पुं० शत्रु को बाँधने का एक फंदा

नागमुख पुं० गणेश

नाग-यष्टि स्त्री० तालाब के बीचों-बीच गड़ा हुआ लकड़ी का खंभा, लाठ

नागर वि० 1 नगर संबंधी (अर्बन) 2 सभ्य 3 होशियार

नागरता स्त्री० 1 नागर होने की अवस्था गुण या भाव (सिटिजनशिप) 2 नगर की रीति-व्यवहार 3 चतुरता

नागराज पुं० 1 शेषनाग 2 ऐरावत

नागरी स्त्री० 1 नगर की रहनेवाली स्त्री 2 चालाक स्त्री 3 देवनागरी नाम की लिपि

नागरीत पुं० 1 कामुक और व्यसनी पुरुष 2 स्त्री का उपपति

नागर्य्य पुं० 1 नागरता 2 नागरिकता 3 नगरवासियों की चालाकी

नागलोक पुं० पाताल

नागवल्लरी स्त्री० पान की बेल

नागवार वि० 1 अच्छा न लगनेवाला 2 असह्य

नाग-वारिक पुं० 1 गजराज 2 राजकुंजर 3 हाथियों का झुंड 4 महावत

नाग-वीथी स्त्री० चंद्रमा के मार्ग का वह अंश जिसमें अश्विनी, भरणी और कृत्तिका नक्षत्र पड़ते हैं

नागहाँ क्रि०वि० 1 एकाएक 2 कुसमय में

नागहानी स्त्री० एकाएक उपस्थित होनेवाली विपत्ति

नागांगना स्त्री० हथिनी

नाग़ा पुं० 1 छुट्टी 2 उपवास

नाचाक वि० अस्वस्थ

नाचाकी स्त्री० 1 वैमनस्य 2 अनबन 3 रोग

नाचार वि० 1 विवश 2 निरर्थक

नाचीज़ वि० तुच्छ

नाज़ पुं० 1 नख़रा 2 गर्व

नाज़ाँ वि० गर्वित

नाजायज़ वि० अनुचित

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नाज़िम पुं० प्रबन्ध-अधिकारी

नाज़िर वि० 1 देखनेवाला 2 देखरेख करनेवाला 3 प्रधान क्लर्क

नाज़िल वि० 1 उतरनेवाला 2 आया हुआ

नाज़ीबाद पुं० यह सिद्धांत कि जो प्रबल हों उन्हीं को संसार का शासन-सूत्र बल-पूर्वक अपने हाथों में लेकर चलना चाहिए

नाज़ुकखयाली स्त्री० सूक्ष्म कल्पना

नाज़ेब वि० 1 अशोभन 2 भद्दा 3 अश्लील

नाज़ो स्त्री० 1 नाज नख़रे दिखानेवाली स्त्री 2 कोमल और प्यारी स्त्री

नाटकावतार पुं० किसी नाटक के अभिनय के अंतर्गत दूसरे.नाटक का अभिनय

नाट-वसंत पुं० एक संकर राग

नाटार पुं० अभिनेत्री का पुत्र

नाटित वि० अभिनीत (नाटक)

नाटेश्वर पुं० नटराज शिव

नाट्यकार पुं० 1 अभिनय करनेवाला 2 नाटककार

नाट्यधर्मिका स्त्री० अभिनय-निर्देश संबंधी पुस्तिका

नाट्यरासक पुं० एक उपरूपक

नाट्यवेदी स्त्री० रंगमंच

नाठना I स० क्रि० विनष्ट करना II अ० क्रि० नष्ट होना

नाठा पुं० लावारिस

नाड़ स्त्री० गर्दन

नाड़ी-चक्र पुं० एक गाँठ जिससे निकलकर सब नाड़ियाँ फैलती हैं

नाड़ी-देह वि० अत्यंत दुबला-पतला

नाड़ी-नक्षत्र पुं० वर-वधू की गणना बैठाने के लिए कल्पित चक्रों में स्थित नक्षत्र

नाड़ी-मंडल पुं० विषुवत्-रेखा

नाड़ीवलय पुं० समय का ज्ञान करानेवाला एक यंत्र

नाड़ी-व्रण पुं० एक प्रकार का घाव जिसमें सूराख़ हो जाता है और बराबर मवाद निकलता रहता है, नासूर

नातमाय वि० अपूर्ण

नातवाँ वि० अशक्त, कमज़ोर

नातवानी स्त्री० अशक्तता, कमज़ोरी

नाता-गोता पुं० वंश और गोत्र का संबंध

नाते क्रि० वि० संबंध से

नादना अ० क्रि० 1 बजना 2 गरजना, चिल्लाना या शोर मचाना

नादमुद्रा स्त्री० तंत्र की एक मुद्रा जिसमें दाहिने हाथ का अँगूठा सीधा और खड़ा रखा जाता है और मुट्ठी बँधी रहती है

नादान वि० नासमझ

ना-दानिस्ता क्रि० वि० 1 बिना समझे हुए 2 अनजान में

नादार वि० दरिद्र

नादित वि० 1 ध्वनियुक्त 2 बजता हुआ 3 गूँजता हुआ

नादिम वि० 1 शर्मिंदा 2 पश्चाताप करने-वाला

नादिर वि० 1 विलक्षण 2 उत्तम

नादिहंद वि० न देनेवाला

नादी वि० 1 ध्वनि संबंधी 3 ध्वनि करने-वाला 3 बजानेवाला

नादेय वि० नदी संबंधी

नाधना स० क्रि० 1 बाँधना 2 जोड़ना 3 गूँथना 4 आरंभ करना

नानकार स्त्री० सेवक को पुरस्कार में जीविका निर्वाह करने के लिए दी जाने-वाली भूमि

नानबाई पुं० रोटियाँ पकाकर बेचनेवाला

नानात्मवाद पुं० यह मान्यता कि प्रत्येक व्यक्ति की आत्मा विश्वात्मा से अलग है

नानात्व पुं० विविधता, अनेकता

नानार्थ वि० 1 वह शब्द जिसके अनेक अर्थ हों 2 अनेक उद्देश्योंवाला

नानुसारी वि० नकल न करनेवाला

नापाक वि० अपवित्र, भ्रष्ट

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नापित पुं० हज्जाम, नाई
नापित्य पुं० नाई का काम/धंधा
नाफ़ स्त्री० 1 नाभि 2 किसी वस्तु का मध्य भाग
नाफ़रमानी स्त्री० अवज्ञा, अनाज्ञाकारिता
नाफ़ा पुं० कस्तूरी
नाबदान पुं० गंदी नाली
नाभिल त्रि० उभरी हुई नाभिवाला
नाभि-संबंध पुं० गोत्र-संबंध
नाभील पुं० 1 स्त्रियों की कमर के नीचे का भाग 2 नाभि का गड्ढा
नाभ्य त्रि० नाभि संबंधी
नामग्राम पुं० नाम और पता
नामज़द त्रि० 1 नामांकित 2 मनोनीत
नामधन पुं० एक संकर राग जो मल्लार, शंकराभरण, विलावल, सूदे और केदारे के योग से बना है
नामधराई स्त्री० बदनामी
नामधेय त्रि० नामक, नाम/का
नाम-निवेश पुं० (खाते रजिस्टर आदि में) नाम चढ़ाया जाना
नाम-पट्ट पुं० वह तख्ती जिसपर व्यक्ति, संस्था, दुकान आदि का नाम लिखा होता है
नामरूप पुं० 1 नाम और रूप (की पहचान) 2 मन से युक्त दृश्यमान शरीर 3 बौद्ध दर्शन में गर्भ में स्थित एक महीने का भ्रूण
नामवर त्रि० प्रसिद्ध
नामशेष त्रि० 1 जिसका केवल नाम ही शेष रहा गया हो 2 मृत 3 ध्वस्त
नामांक पुं० नामों की सूची की क्रमसंख्या
नामांकित त्रि० 1 जिसपर नाम खुदा हो 2 जिसका किसी काम के लिए नामांकन हुआ हो, नामित
नामांकित पुं० वह जो किसी चुनाव कार्य में नामांकित किया गया हो (नामिनी)
नामांतर पुं० 1 दूसरा नाम 2 उपनाम 3 पर्याय
नामांतरण पुं० 1 नाम बदलना 2 रजिस्टर में दूसरे का नाम चढ़ाना
नामांतरित त्रि० जिसका नामांतरण हुआ हो
ना-माक़ूल त्रि० 1 अनुपयुक्त 2 अयोग्य 3 नालायक
नामानुशासन पुं० शब्द-कोश
नामाभिधान पुं० शब्द-कोश
नामिक त्रि० 1 संज्ञा संबंधी 2 नाममात्र
नामित त्रि० 1 झुकाया हुआ 2 नामांकित, मनोनीत
नामी-गिरामी त्रि० मशहूर और सम्मानित
ना-मुआफ़िक़ त्रि० जो अनुकूल न हो
ना-मुनासिब त्रि० अनुचित
ना-मुमकिन त्रि० असंभव
ना-मुराद त्रि० अभागा
नामूसी स्त्री० 1 अप्रतिष्ठा 2 बदनामी
ना-मौज़ूं त्रि० अनुचित
नाम्ना क्रि०त्रि० नाम से
नाम्य त्रि० झुकाये जाने योग्य
नाय पुं० 1 नीति 2 उपाय
नायकी कान्हड़ा पुं० कान्हड़ा राग का भेद जिसमें सब कोमल स्वर लगते हैं
नायकी-मल्लार पुं० संपूर्ण जाति का एक मल्लार राग जिसमें सब शुद्ध स्वर लगते हैं
नायब पुं० सहायक
नायाब त्रि० 1 अप्राप्य 2 बहुत अच्छा
नारकी त्रि० 1 नरक भोगनेवाला 2 पापी
ना-रसाई स्त्री० पहुँच न होना
नाराच पुं० लोहे का वाण
नारायणी स्त्री० दुर्गा
नाराशंस त्रि० मनुष्यों की प्रशंसा से संबंधित
नाराशंसी स्त्री० मनुष्यों की प्रशंसा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नारिकेल पुं० नारियल
नारी-तरंगक पुं० 1 स्त्रियों के चित्त को चंचल करनेवाला पुरुष 2 प्रेमी 3 व्यभिचारी व्यक्ति
नार्पत्य वि० नृपति (राजा) से संबंधित
नालकटाई स्त्री० बच्चे की नाभि की नाड़ी काटने की रस्म
नालकी स्त्री० खुली पालकी
नालिश स्त्री० मुकदमा; फ़रियाद
नालीकिनी स्त्री० 1 पद्म समूह 2 कमलों से पूर्ण जलाशय
नाली-व्रण पुं० नासूर
नालौट वि० बात कहकर पलट जानेवाला
नावक पुं० 1 वाण, तीर, 2 केवट
ना-वक्त अव्य० 1 अनुपयुक्त समय में 2 देर करके
नावना स० क्रि० 1 किसी के अन्दर कुछ रखना 2 घुसाना
नावनीत वि० 1 नवनीत संबंधी 2 मुलायम
ना-वाकिफ़ वि० 1 अनजान 2 अज्ञात
नावाधिकरण पुं० 1 राज्य का वह विभाग जो जहाजी बेड़ों से संबंधित हो 2 उक्त विभाग के अधिकारियों का समूह
नाव्य वि० जिसे नाव से पार किया जा सके
नाव्य-जलमार्ग पुं० नावों के यातायात के लिए उपयुक्त जलमार्ग
नाशन I पुं० नष्ट करना II वि० नाशक
नाशवाद पुं० 1 यह सिद्धांत कि संसार में जो कुछ है उसका नाश अवश्य होगा 2 यह सिद्धांत कि सब व्यवस्था बुरी है
ना-शाइस्ता वि० 1 नामुनासिब 2 अशिष्ट 3 असभ्य 4 अश्लील
ना-शाद वि० 1 अप्रसन्न 2 अभागा
नाशित वि० नष्ट
नाशी वि० 1 नाश करनेवाला 2 नष्ट होनेवाला
ना-शुदनी स्त्री० अनहोनी
नाश्य वि० 1 जिसका नाश होने को हो 2 जिसको नष्ट किया जाना उचित हो
नाष्टिक धन पुं० खोया हुआ धन
नासा स्त्री० 1 नासिका, नाक के दोनों छेद 2 दरवाजे में चौखट के ऊपर की लकड़ी
ना-साज वि० 1 बेचैन 2 अस्वस्थ
नासानाह पुं० एक तरह का रोग जिसमें कफ से नथने रुँधे रहते हैं
नासापुट पुं० नथना
नासामणि पुं० कर्नाटकी पद्धति का एक राग
नासावंश पुं० नाक का बाँसा
नासा-शोष पुं० नाक में कफ सूख जाने का रोग
नासिका-भूषणी स्त्री० कर्नाटकी पद्धति की एक रागिनी
नासिक्य वि० नासिका से उत्पन्न (ध्वनि)
नासिर पुं० गद्य लेखक
नासीर पुं० 1 आगे-आगे चलनेवाला सैनिक 2 हरावल
नास्तिक्य पुं० नास्तिकता
नास्तिवाद पुं० 1 नास्तिकों की मान्यता 2 नास्तिकता
नास्य वि० 1 नासिका संबंधी 2 नाक से उत्पन्न
नाहक क्रि० वि० वृथा, बेमतलब
नाहर पुं० शेर
निंदा-प्रस्ताव पुं० प्रस्ताव जिसमें किसी अधिकारी के काम की निंदा की जाती है
निंदा-स्तुति स्त्री० निंदा के बहाने स्तुति
निंदित वि० जिसकी निंदा की गयी हो
निंदु स्त्री० वह स्त्री जिसे मरा बच्चा पैदा हुआ हो
निंद्य वि० निंदा किए जाने योग्य
निबकौरी स्त्री० नीम का फल, निबौरी

CC-0. In Public Domain. Gurukul K...

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

निःशंक वि० निडर, निधड़क

निःशत्रु वि० जिसका कोई शत्रु न हो

निःशब्द वि० 1 जहाँ पर शब्द न हो रहा हो 2 जो शब्द न करता हो

निःशब्दक पुं० यंत्रों में रहनेवाला एक उपकरण जो यंत्रों के कुछ पुरजों को अधिक ज़ोर का शब्द नहीं करने देता

निःशम पुं० 1 असुविधा 2 चिंता 3 बेचैनी

निःशलाक वि० सुनसान

निःशल्य वि० 1 कंटकरहित 2 जिसमें कोई खटकनेवाली बात न हो

निःशुक्र वि० निरुत्साह, ओजहीन

निःशून्य वि० बिल्कुल ख़ाली

निःशोध्य वि० जिसका शोधन करना आवश्यक न हो

निःश्रीक वि० कांतिहीन

निःश्रेणी स्त्री० सीढ़ी

निःश्रेयस पुं० 1 मुक्ति 2 मंगल 3 विज्ञान 4 भक्ति

निःश्वसन पुं० साँस बाहर निकालना

निःसंज्ञ वि० बेहोश

निःसंख्य वि० अगणित, बेशुमार

निःसंपात वि० जिसमें आना जाना न हो सके

निःसंबाध वि० 1 फैला हुआ 2 बाड़ा

निःसत्व वि० 1 जिसमें सार न हो 2 जिसमें कुछ भी शक्ति न रह गई हो

निःसपत्न वि० 1 जिसका शत्रु न हो 2 निष्कंटक

निःसरण पुं० 1 निकलना 2 निकलने का मार्ग 3 निर्वाण 4 मरण

निःसार वि० 1 जिसमें कुछ भी सार या तत्व न हो 2 जिसमें कुछ भी असलियत न हो

निःसारण पुं० 1 कोई चीज़ बाहर निकालना 2 शरीर की गिल्टियों का अपने अंदर से कोई तत्व बाहर निकालना

निःसारित वि० 1 निकला हुआ 2 बाहर किया हुआ

निःसीम वि० 1 जिसकी कोई सीमा न हो 2 बहुत अधिक

निःसृत वि० बाहर निकला हुआ

निःस्पृह वि० इच्छारहित

निःस्रव पुं० 1 निकलने का मार्ग 2 बचा हुआ भाग 3 बचत

निःस्राव पुं० व्यय

निःस्व पुं० 1 जो अपनापन भूल चुका हो 2 निर्धन

निआमत स्त्री० अलभ्य पदार्थ

निकंदन I पुं० 1 नाश 2 संहार II वि० नाश करनेवाला

निकर पुं० 1 समूह 2 राशि 3 ख़ज़ाना

निकर्तन पुं० काटना

निकष पुं० 1 कसौटी 2 सान का पत्थर

निकषण पुं० कसौटी पर चढ़ाना

निकषोपल पुं० कसौटी

निकाय पुं० 1 समूह 2 मंडल 3 निवास स्थान

निकाय्य पुं० घर

निकार पुं० 1 पराभव 2 अपकार 3 अपमान 4 तिरस्कार

निकारण पुं० मारण, बध

निकाश पुं० 1 दृश्य 2 क्षितिज

निकाष पुं० 1 खुरचना 2 रगड़ना

निकाह पुं० (मुसलमानी रीति से) विवाह

निकुंचन पुं० संकुचन, सिकुड़ना

निकुंभित पुं० नृत्य का एक विशेष प्रकार

निकुलीनिका स्त्री० 1 वंशपरंपरागत कला या गुण 2 कला जिसमें किसी जाति के लोग निपुण तथा सिद्धहस्त समझे जाते हैं

निकृंतन पुं० 1 काटना 2 नष्ट करना

निकृत वि० 1 अपमानित किया हुआ 2 दूसरों द्वारा ठगा हुआ

निकृत्त वि० 1 मूल से कटा हुआ 2 विदीर्ण

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

निकृष्ट वि० 1 बुरा 2 अशिष्ट 3 घटिया
निकेत, निकेतन पुं० घर, मकान
निकोचन पुं० सिकोड़ना
निकौड़िया पुं० 1 वह व्यक्ति जिसके पास एक भी कौड़ी न हो 2 अत्यंत दरिद्र
निक्वण पुं० 1 वीणा का शब्द 2 किन्नरों का स्वर
निक्षण पुं० चुंबन
निक्षा स्त्री० लीख, जूँ का अंडा
निक्षिप्त वि० 1 फेंका हुआ 2 रखा हुआ 3 भेजा हुआ
निक्षिप्तक पुं० 1 कहीं भेजे जानेवाली वस्तु 2 जमा किया जानेवाला धन
निक्षिप्ति स्त्री० निक्षेप
निक्षेप पुं० 1 फेंकना 2 छोड़ना 3 जमा करना 4 भेजना 5 जमा वस्तु 6 धरोहर
निक्षेपक वि० 1 फेंकने या छोड़नेवाला 2 जमा करनेवाला
निक्षेपण पुं० 1 छोड़ना या फेंकना 2 धन जमा करना 3 धरोहर के रूप में रखना
निक्षेपित वि० जिसका निक्षेपण हुआ हो
निक्षेपी वि० 1 छोड़ने या फेंकनेवाला 2 धरोहर के रूप में रखनेवाला
निक्षेप्ता पुं० निक्षेपी
निक्षेप्य वि० 1 निक्षेप के योग्य 2 धरोहर के रूप में रखे जाने योग्य 3 जमा किए जाने योग्य
निखनन पुं० खनन, खोदना
निखर्व वि० 1 दस हज़ार करोड़ 2 बौना, नाटा
निखात वि० खोदा हुआ 2 खोदकर निकाला हुआ 3 गाड़ा हुआ
निखार पुं० 1 श्रृंगार 2 स्वच्छता 3 सजावट
निखिल वि० 1 संपूर्ण 2 समस्त
निखुटना अ०क्रि० कम पड़ जाना
निखोट वि० 1 जो बिलकुल शुद्ध हो 2 निर्दोष 3 निष्कपट, निश्छल
निगड़ स्त्री० 1 हाथी के पैरों में बाँधी जाने-वाली जंजीर 2 अपराधियों के पैरों में पहनाई जानेवाली बेड़ी
निगड़न पुं० निगड़ बाँधना
निगदित वि० कहा हुआ
निगम पुं० 1 वेद 2 बाज़ार 3 प्रबंधक सभा, कार्पोरेशन
निगमन स०क्रि० 1 किसी को निगम का रूप देना 2 न्याय में वह कथन प्रतिज्ञा जो हेतु उदाहरण और उपनय तीनों से सिद्ध होती हो
निगम-संचारी पुं० कर्णाटकी पद्धति की एक रागिनी
निगमागम पुं० वेद और शास्त्र
निगमित वि० जिसे निगम का रूप दिया गया हो
निगमी वि० वेदज्ञ
निगमीकरण पुं० किसी संस्था को निगम का रूप देना
निगरण पुं० निगलना
निगराँ, निगरान वि० 1 चौकस 2 रक्षक 3 देखभाल करनेवाला
निगहबान वि० 1 देखरेख करनेवाला 2 रक्षक
निगार पुं० 1 निगलने की क्रिया या भाव 2 भक्षण 3 चित्रण 4 बेलबूटे
निगालिका स्त्री० एक वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण में क्रमशः जगण (ISI), रगण (SIS) और लघु गुरु होते हैं
निगीर्ण वि० 1 निगला हुआ 2 समाविष्ट
निगुंफ पुं० 1 समूह 2 गुच्छा
निगूढ़ वि० 1 जिसका अर्थ छिपा हो 2 अत्यंत गुप्त
निगूढ़ार्थ वि० जिसका अर्थ छिपा हो
निगूहन पुं० छिपाना, गोपन
निगृहीत वि० 1 धरा या पकड़ा हुआ

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

2 आक्रांत 3 वाद-विवाद में हारा हुआ 4 दंडित

निगृहीति स्त्री० 1 बाधा 2 रोक 3 आक्रमण 4 वाद-विवाद में होनेवाली हार

निग्रहण पुं० 1 अवरोधन 2 दमन 3 पराजय

निग्रह-स्थान पुं० तर्क में वह स्थान जहाँ वादी के अतर्कसंगत बातें कहने पर वाद-विवाद बन्द करना पड़े

निग्रही वि० दमन करनेवाला 2 नियंत्रण या बंधन में रखनेवाला 3 दंड देनेवाला

निग्राहक वि० दमन करनेवाला

निघंटु पुं० 1 वैदिक छंदों का संग्रह 2 शब्द-संग्रह मात्र

निघर-घट वि० 1 बिना ठौर-ठिकानावाला 2 बेहया

निघरा वि० 1 जिसका घर-द्वार न हो 2 जिसकी घर-गृहस्थी न हो 3 तुच्छ और हीन

निघर्षण पुं० 1 रगड़ना 2 पीसन

निघात पुं० 1 प्रहार 2 संगीत में अनुदात्त स्वर

निघाती वि० 1 प्रहार करनेवाला 2 हत्यारा

निघृष्ट वि० 1 रगड़ खाया हुआ 2 पराजित

निचय पुं० 1 राशि 2 धनराशि 3 समूह 4 संचय

निचयन पुं० 1 इकट्ठा करना 2 धन इकट्ठा करना 3 खाते में धन जमा करना

निचिंत वि० निश्चित

निचित वि० 1 छाया हुआ 2 संचित 3 व्याप्त

निचोल पुं० 1 ओढ़ने का वस्त्र 2 स्त्रियों की ओढ़नी 3 उत्तरीय वस्त्र

निछक्का पुं० निर्जन स्थान, एकांत

निछोही वि० 1 जिसे छोह या लगाव न हो 2 निर्दय

निजात स्त्री० छुटकारा

निज़ाम पुं० 1 व्यवस्था 2 व्यवस्था का क्रम

निझरना अ०क्रि० अच्छी तरह झड़ जाना

निठाला पुं० ख़ाली वक्त

निठुर वि० निष्ठुर, निर्दय

निठौर I वि० बिना ठौर ठिकानेवाला II पुं० 1 बुरा स्थान 2 संकट का स्थान

नितंब पुं० 1 चूतड़ 2 कमर

नितंबिनी स्त्री० सुन्दर नितंबवाली

नितराम् क्रि०वि० 1 लगातार 2 अवश्य 3 सदा

नित्यता स्त्री० अनश्वरता

नितल पुं० पाताल

नित्य नैमित्तिक कर्म पुं० नियमित रूप से किए जाने वाले कर्म

नित्यप्रलय पुं० प्रतिदिन होनेवाली मृत्यु

नित्यमित्र पुं० वह व्यक्ति जो निःस्वार्थ भाव से हमेशा मित्र बना रहे

नित्यमुक्त पुं० परमात्मा

नित्ययुक्त वि० सदा तैयार

नित्ययौवना वि० वह स्त्री जिसका यौवन सदा बना रहे

नित्यर्तु वि० 1 प्रत्येक ऋतु में समयानुसार होनेवाला 2 निरंतर अपनी ऋतु में होनेवाला

नित्यशः क्रि०वि० 1 प्रतिदिन 2 सर्वदा

नित्य संबंध पुं० दो चीजों में परस्पर होनेवाला सदा-सदा का संबंध

नित्यसमास पुं० अनिवार्य समास

नित्यस्नायी वि० प्रतिदिन स्नान करनेवाला

नित्याचार पुं० सदा बना रहनेवाला सदाचरण

नित्यानंद पुं० सदा बना रहनेवाला आनंद

नित्यानध्याय पुं० ऐसा अवसर जब अध्ययन-अध्यापन का निषेध हो

नित्यानित्य वि० नश्वर और अनश्वर

नित्यानित्य-वस्तुविवेक पुं० ब्रह्म सत्य और

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जगत् मिथ्या का विवेक
नित्योदक वि० जो सदा पानी में रहे
निदरना स०क्रि० 1 तिरस्कार करना 2 हेय सिद्ध करना
निदर्शक वि० 1 प्रदर्शित करनेवाला 2 बतानेवाला
निदर्शन पुं०1 प्रदर्शित करना 2 उदाहरण 3 नमूना
निदर्शना स्त्री० एक अर्थालंकार जिसमें एक बात दूसरी बात को ठीक कर दिखाती है
निदाघ पुं० 1 गरमी 2 धूप
निदाघकर पुं० सूर्य
निदान पुं० 1 आदि कारण 2 रोग का निर्णय
निदान-गृह पुं० 1 रोगों की पहचान के लिए स्थान 2 क्लीनिक
निदारुण वि०1 घोर और भीषण 2 दु:सह
निदिध्यासन पुं० 1 अनवरत चिंतन 2 बार-बार ध्यान में लाना
निदेश पुं० 1 शासन 2 कथन 3 नियम का उपबंध 4 संकेत
निदेशक पुं० संकेत या हिदायत देनेवाला, डाइरेक्टर
निदेशी वि० आज्ञासूचक
निदेष्टा पुं० आज्ञा देनेवाला
निद्रायमान वि० सोया हुआ
निद्रालस वि० उनींदा, तंद्रालु
निद्रित वि० सोया हुआ
निधन-क्रिया स्त्री०1 शवदाह 2 अन्त्येष्टि
निधातव्य वि० स्थापनीय
निधान पुं० 1 स्थापन 2 सुरक्षित रखना 3 वह पात्र जिसमें कुछ रखा हो, आधार 4 भंडार 5 निधि
निधिनाथ पुं० निधियों के स्वामी, कुबेर
निधिपाल पुं० वह व्यक्ति जिसकी देखरेख में संपत्ति रखी गई हो
निधेय वि० 1 स्थापनीय 2 अमानती
निध्यात वि० विचरित
निध्यान पुं० 1 विचार करना 2 देखना
निनदित वि० ध्वनित
निनर्द पुं० वेद के मंत्रों का विशेष प्रकार का उच्चारण
निनादित वि० 1 शब्द से भरा हुआ 2 ध्वनि करता हुआ
निनादी वि० शब्द करनेवाला
निनौरा पुं० नाना का घर
निपज स्त्री० तैयार होनेवाला माल
निपठन पुं०1 पढ़ना 2 किसी की कविता कंठस्थ करके सुंदर रूप में पढ़कर सुनाना (रेसिटेशन)
निपतित वि० गिरा हुआ
निपत्या स्त्री० 1 रणक्षेत्र 2 फिसलन
निपत्र वि० पत्रहीन
निपांगुर वि० 1 लँगड़ा 2 अपाहिज
निपाक पुं० 1 परिपक्व होना 2 पकाया जाना 3 किसी बुरे काम का फल
निपात पुं०1 पतन 2 अध:पतन 3 विनाश 4 व्याकरण में अव्यय
निपातन पुं० 1 गिराना 2 विनाश करना 3 वध
निपाती वि० 1 फेंकनेवाला 2 नष्ट करनेवाला 3 मार गिरानेवाला
निपान पुं० पानी का कुंड
निपीड़न पुं० 1 पीड़ित करना 2 खूब रगड़ना 3 निचोड़ना 4 पेरना
निपीड़ना स०क्रि० 1 कष्ट पहुँचाना 2 दबाना 3 पेरना
निपीत वि० 1 पिया हुआ 2 शोषित
निफरना अ०क्रि० धँसकर इस पार से उस पार होना
निफ़ाक़ पुं०1 फूट 2 वैर 3 द्वेषपूर्ण स्थिति
निफोट वि० स्पष्ट
निबंधक पुं०1 निबंधन करनेवाला व्यक्ति

CC-0. In Public Domain. Gurukul K...

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

2 वह अधिकारी जो लेख की प्रामाणिकता सिद्ध करने के लिए उन्हें राजकीय पंजी में प्रतिलिपि के रूप में लिखता हो, रजिस्ट्रार

निबंधन पुं० 1 बंधन, बाँधना 2 व्यवस्था 3 कर्त्तव्य, लेखों आदि के प्रामाणिक होने के लिए किसी राजकीय पंजी में चढ़ाया जाना, रजिस्ट्री

निबंधनी स्त्री० 1 बंधन 2 बेड़ी

निबंधी वि० 1 बाँधनेवाला 2 संबद्ध 3 कारण रूप

निबद्ध वि० 1 बँधा हुआ 2 रुका हुआ 3 गुथा हुआ 4 जड़ा हुआ

निबरना अ०क्रि० 1 छूटना 2 बच निकलना 3 पूरा पड़ना

निबारना स०क्रि० निवारण करना

निबेड़ना स०क्रि० 1 उन्मुक्त करना 2 छाँटना 3 दूर करना 4 निवटाना 5 पूरा करना 6 निर्णय करना

निबेड़ा, निबेरा पुं० 1 छुटकारा 2 दुःख से होनेवाला उद्धार 3 एक में मिली हुई चीजें छाँटकर अलग-अलग करना 4 झगड़े का फैसला 5 निबटारा

निबोधन पुं० 1 समझना 2 समझाना

निभूत वि० बीता हुआ

निभृत वि० 1 धरा हुआ 2 गुप्त 3 निश्चित 4 स्थिर 5 बंद 6 विश्वसनीय और सच्चा 7 धीर

निभृतात्मा वि० 1 धीर 2 दृढ़

निमंत्रण पुं० समादर, बुलाना, बुलावा

निमग्न वि० 1 मग्न 2 डूबा हुआ

निमज्जक वि० गोता लगानेवाला

निमज्जन पुं० 1 गोता लगाना 2 डुबोना 3 तन्मय रहना 4 किसी विषय में अच्छी तरह तन्मय रहना

निमज्जित वि० 1 डूबा हुआ 2 नहाया हुआ

निमद पुं० स्पष्ट किंतु मंद उच्चारण

निमान वि० 1 नीचा 2 ढालुआँ

निमाना वि० 1 जो नीचे की ओर हो 2 ढालुआँ 3 नम्र और विनीत 4 दब्बू

निमित्त पुं० 1 हेतु 2 लक्षण 3 सगुन 4 बहाना

निमिष पुं० 1 पलकों का गिरना या बन्द होना 2 क्षण

निमिषांतर पुं० पलक मारने भर का समय

निमिषित वि० मुँदा हुआ

निमीलन पुं० 1 पलक झपकाना 2 क्षण

निमील पुं० 1 देखना 2 जानकारी प्राप्त करना

निमीलिका स्त्री० झपक

निमीलित वि० 1 बन्द किया हुआ 2 अंधकाराच्छन्न

निमूल वि० मूलरहित

निमेष पुं० 1 पलक का झपकाना 2 पलक मारने भर का समय, पल

निमेषण पुं० 1 पलकें गिराना 2 आँख मूँदना

निम्न वि० 1 नीचा 2 गहरा 3 हल्का

निम्नगा स्त्री० नदी

निम्नयोधी वि० किले के नीचे से लड़नेवाला

निम्नांकित वि० निम्नलिखित

निम्नोन्नत वि० ऊबड़-खाबड़

नियंतव्य वि० नियंत्रित करने योग्य

नियंता वि० 1 नियंत्रण रखनेवाला 2 व्यवस्था करनेवाला

नियंत्रण पुं० 1 प्रतिबंध 2 रोक 3 कंट्रोल

नियंत्रित वि० 1 नियम से बँधा हुआ 2 वश में रखा हुआ 3 प्रतिबद्ध

नियत वि० 1 ठहराया हुआ, निश्चित 2 बाँधा हुआ 3 नियोजित 4 नियुक्त

नियत-श्रावा पुं० नाटक में कुछ विशेष पात्रों को सुनाने के लिए किया गया कथन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नियतांश पुं० निश्चित किया हुआ भाग, कोटा

नियतात्मा वि० अपने ऊपर प्रतिबंध रखनेवाला, संयमी

नियतारित स्त्री० नाटक में अन्य उपायों को छोड़कर एक ही उपाय से कार्य सिद्ध होना

नियति स्त्री० 1 ठहराव, स्थिरता 2 भाग्य 3 अवश्य होनेवाली बात, होनी

नियतिवाद पुं० भाग्य को प्रमुख माननेवाला सिद्धान्त

नियतिवादी वि० नियति का सिद्धांत माननेवाला, भाग्यवादी

नियतेंद्रिय वि० इंद्रियों पर विजय प्राप्त करनेवाला, जितेन्द्रिय

नियमतंत्र वि० नियमों के अधीन

नियमन पुं० 1 नियमबद्ध करना 2 नियंत्रण 3 दमन

नियमपर वि० नियमपरायण, नियमानुवर्ती

नियमवती स्त्री० जिसका मासिक धर्म नियमपूर्वक होता हो

नियमस्थिति स्त्री० नियमपालन

नियमापत्ति स्त्री० किसी नियम के भंग होने पर उठाई गई आपत्ति

नियमित वि० 1 नियमों के अनुसार स्थिर किया हुआ, नियमबद्ध

नियम्य वि० 1 नियमों द्वारा बाँधने योग्य 2 शासित होने योग्य

नियाज़ स्त्री० 1 प्रार्थना 2 इच्छा 3 परिचय 4 आज्ञा 5 प्रसाद 6 मृतक के उद्देश्य से गरीबों को दिया जानेवाला भोजन

नियाज़मंद वि० 1 प्रार्थना करनेवाला 2 कामना करनेवाला 3 आज्ञाकारी

नियामक वि० 1 नियम बनानेवाला 2 नियमों में बाँधनेवाला 3 व्यवस्था करनेवाला

नियामकगण पुं० पारे को मारनेवाली औषधियों का समूह

नियामत स्त्री० 1 ईश्वर प्रदत्त वैभव 2 दुर्लभ पदार्थ 3 उत्तम खाद्य पदार्थ

नियार पुं० सुनार की दुकान का कूड़ा

नियारिया पुं० सुनार के कूड़े से सोना-चाँदी के कण अलग करनेवाला

नियुत पुं० दस लाख

नियुद्ध पुं० 1 हाथा-बाँही 2 कुश्ती

नियोक्तव्य वि० नियोजित करने योग्य

नियोक्ता वि० 1 नियुक्त करनेवाला 2 नियोग करनेवाला

नियोग पुं० 1 नियुक्त करना 2 आदेश 3 निश्चय 4 प्रेरणा 5 अवधारणा 6 प्राचीन भारतीय समाज में किसी विपत्ति को दूर करने का विशेष उपाय (विशेषतः निःसंतान दंपति के बारे में)

नियोगी वि० 1 नियुक्त 2 (स्त्री से) नियोग करनेवाला

नियोग्य वि० वह पुरुष जिससे नियोग हो सकता हो

नियोजक पुं० कार्य पर लगानेवाला, नियुक्ति करनेवाला

नियोजन पुं० 1 नियुक्त करने की क्रिया या भाव 2 सीमित करना

नियोजित वि० नियुक्त

नियोज्य वि० जिसकी नियुक्ति की जानी हो

निरंकुश I वि० 1 जिसपर किसी प्रकार का नियंत्रण न हो 2 स्वेच्छाचारी 3 मनमाना 4 अत्याचारी (शासक)

निरंकुशता स्त्री० 1 अनियंत्रण 2 स्वेच्छाचारिता 3 मनमाना और अत्याचारपूर्ण व्यवहार

निरंग वि० बिना अंगों का

निरंजन I वि० 1 बिना अंजन का 2 दोष रहित 3 माया-मोह आदि से रहित II पुं० परमात्मा

CC-0. In Public Domain.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

निरंतर I वि० 1 अंतररहित 2 अविच्छिन्न 3 घना 4 जिसमें कोई भेद न हो II क्रि०वि० लगातार, सदा

निरंतराभ्यास पुं० बराबर किया जानेवाला अभ्यास

निरंतराल वि० 1 अंतराल रहित 2 घना 3 तंग

निरंध वि० 1 पूरा अंधा 2 महामूर्ख 3 घोर अंधकारमय

निरंबर वि० वस्त्ररहित, नंगा

निरंबु, निरंभ वि० 1 निर्जल 2 बिना पानी पिये रहनेवाला

निरंश वि० 1 प्राप्त अंश न मिला हो 2 बिना अक्षांश का

निरक्ष देश पुं० भूमध्य रेखा के आस-पास के देश

निरक्षर वि० अनपढ़

निरघ वि० 1 पाप न करनेवाला 2 निष्पाप

निरज वि० 1 रजोहीन 2 निर्मल

निरत वि० किसी कार्य में लगा हुआ, लीन

निरति स्त्री० 1 तल्लीनता 2 अधिक प्रीति

निरतिशय वि० अत्यंत अधिक, हद दर्जे का

निरत्यय वि० 1 बिना बाधा के 2 दोष-रहित

निरधारना स० क्रि० 1 निश्चित करना 2 मन में समझना

निरधिष्ठान वि० 1 बिना आश्रयवाला 2 स्वतंत्र

निरध्व वि० जो रास्ता भूल गया हो, भटकनेवाला

निरनुनासिक वि० नाक से न वोला जाने-वाला

निरनुबंध I वि० बिना शर्त II पुं० बिना शर्त किसी का कार्य सिद्ध करना

निरनुरोध वि० 1 अनुरोध से रहित 2 सद्भाव शून्य

निरन्न, निरन्ना वि० 1 निराहार 2 अन्न-रहित

निरन्वय वि० 1 निस्संतान 2 असंबद्ध 3 असंग 4 अयुक्तियुक्त 5 जिसका पूरा पता न चला हो

निरपत्रप वि० 1 निर्लज्ज 2 धृष्ट

निरपवर्त्त पुं० 1 पीछे न मुड़नेवाला 2 (गणित) जिसमें भाजक के द्वारा भाग लगे

निरपवाद वि० 1 अपवाद से रहित 2 जिसमें निंदा की कोई वात न हो 3 निर्दोष

निरपाय वि० 1 विना दोष का 2 अनश्वर

निरपेक्ष वि० 1 जिसे किसी वात की चाह न हो 2 तटस्थ 3 जो किसी के आश्रित न हो

निरपेक्षा स्त्री० 1 चाह का अभाव 2 संपर्क का अभाव 3 अवज्ञा 4 ला-परवाही

नरभिभव वि० 1 जिसका अपमान न हो सके 2 अद्वितीय

निरभिमान वि० निरहंकार, अभिमान रहित

निरभ्र वि० बिना वादल (आकाश)

निरमर्ष वि० क्रोधहीन

निरयण वि० 1 अयन-रहित 2 जो राशि की गति पर आश्रित न हो

निरवकाश वि० 1 (स्थान) जहाँ पर ख़ाली जगह न हो 2 (व्यक्ति) जिसे फ़ुरसत न हो

निरवग्रह वि० 1 बंधन से रहित 2 स्वतंत्र 3 बिना विघ्नवाला

निरवच्छिन्न वि० जिसका क्रम न टूटा हो

निरवद्य वि० जिसमें कोई दोष न हो, अनिंद्य

निरवधि वि० 1 अपार 2 लगातार 3 सतत

निरवलंब वि० 1 जिसका कोई सहारा न हो 2 जिसका कोई ठिकाना न हो

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

निरवशेष वि० संपूर्ण
निरवसाद वि० प्रसन्न
निरवस्कृत वि० स्वच्छ किया हुआ
निरवहलिका स्त्री० 1 चहारदीवारी 2 चहारदीवारी से घिरा हुआ स्थान
निरवार I पुं० 1 निबटारा 2 निस्तार, छुटकारा II वि० मुक्त
निरवारना स०क्रि० 1 निवारण करना 2 बाधक तत्त्व दूर करना 3 बंधन से रहित करना
निरव्यय वि० अनश्वर
निरशन I वि० 1 जिसने कुछ खाया न हो 2 जिसमें भोजन करना मना हो II पुं० उपवास
निरसन पुं० 1 दूर करना 2 रद्द करना 3 निराकरण 4 नाश 5 निकालना
निरस्त वि०1 रद्द किया हुआ 2 निकाला हुआ 3 हटाया हुआ
निरस्थि वि० बिना हड्डीवाला
निरस्य वि० जिसका निरसन किया जा सके
निरहं वि० अहंकाररहित
निराकरण पुं०1 पृथक करना 2 निकालना 3 निर्वासन 4 दूर करना, निवारण करना
निराकांक्ष वि० बिना इच्छावाला
निराकुल वि० जो विकल न हो
निराकृत वि०1 रद्द किया हुआ 2 निकाला हुआ 3 खंडित
निराकृति I वि० 1 बिना आकारवाला 2 वेद-पाठ या यज्ञादि न करनेवाला II पुं० निराकरण
निराकृती वि० निराकरण करनेवाला
निराक्रंद वि० 1 शिकायत न करनेवाला 2 निःशब्द (स्थान)
निराचार वि० आचारहीन
निरातंक वि०1 जो भयभीत न हो 2 भय न उत्पन्न करनेवाला
निरातप वि०1 न तपनेवाला 2 बिना धूप, छायादार
निरात्म वि० आत्मा से हीन
निरादान I वि० जो कुछ भी न पा रहा हो II पुं० कुछ न लेना
निरादेश पुं० चुकता करना
निराधि वि०रोग, चिंताओं आदि से मुक्त
निरानंद I वि०1 आनंद से रहित 2 जिसमें कुछ भी आनंद न मिल सकता हो II पुं० 1 आनंद का अभाव 2 कष्ट
निरापद वि० 1 संकट-रहित 2 सुरक्षित
निराबाध वि० बाधा-रहित
निरामय वि० निरोग
निरामयता स्त्री० आरोग्य, तंदुरुस्ती
निरामिष वि० 1 जिसमें मांस न मिला हो 2 माँस, अंडा आदि न खानेवाला
निरामिष-भोजी वि० शुद्ध शाकाहारी
निरायास वि० बिना मेहनत के होनेवाला
निरालंब वि० बिना सहारे के
निरालोक I वि० 1 प्रकाश से रहित 2 अंधकारपूर्ण II पुं० अँधेरा
निरावरण I पुं० परदा हटाना II वि० खुला, बिना परदे का
निरावृत वि० खुला
निराशिष् वि० आशीर्वाद से रहित
निरासंग वि० बेलाग, निरासक्त
निरिंद्रिय वि० इंद्रियों से रहित
निरीक्ष्य वि०जिसका निरीक्षण होने को हो
निरीक्ष्यमाण वि० जिसका निरीक्षण हो रहा है
निरीति वि० अतिवृष्टि से रहित
निरीश वि० जिसका कोई स्वामी न हो
निरीश्वर वि० नास्तिक
निरीश्वरवाद पुं० यह सिद्धांत कि विश्व का नियामक कोई ईश्वर नहीं है
निरीह वि० 1 उदासीन 2 जो किसी बात के लिए प्रयत्न न करे 3 विरक्त 4 तटस्थ

CC-0. In Public Domain.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

5 शांतिप्रिय

निरुक्त I वि० खोलकर कहा हुआ II पुं० निरुक्ति संबंधी ग्रंथ

निरुक्ति स्त्री० 1 शब्दों का ऐसा विवेचन जो यह बतलाता हो कि शब्द किस प्रकार और किन मूलों से बने हैं और उनके रूपों में किस प्रकार विकार होते हैं 2 किसी शब्द का मूल (डेरिवेशन)

निरुच्छ्वास वि० (वह स्थान) जहाँ साँस तक लेने में भी परेशानी हो, तंग

निरुदक वि० जल-रहित

निरुद्ध वि० 1 रोका हुआ 2 रुका हुआ

निरुद्धगुद पुं० पेट में मल जमा होने का रोग

निरुद्धवीर्य वि० जिसकी शक्ति रोक दी गई हो

निरुद्वेग वि० उद्वेग-रहित, शान्त

निरुपकार-आधि स्त्री० पूंजी जो व्यर्थ बंद पड़ी हो

निरुपचार वि० असाध्य

निरुपपत्ति वि० अयोग्य

निरुपम वि० उपमा-रहित, वेजोड़

निरुपसर्ग वि० उपद्रवरहित

निरुपस्कृत वि० 1 अलांछित 2 न बदला हुआ 3 वेमेल

निरुपहत वि० 1 जो क्षतिग्रस्त न हो 2 शुभ

निरुपाख्य वि० असम्भव और मिथ्या

निरुपाधि वि० 1 बाधारहित 2 धीर और शांत 3 माया मोह से रहित

निरुपेक्ष वि० उपेक्षारहित

निरूढ़ वि० 1 विख्यात 2 उत्पन्न 3 अविवाहित

निरूढ़ा वि० अविवाहिता

निरूपक वि० निरूपण करनेवाला

निरूपण पुं० 1 सोच-विचारकर किसी विषय का विवेचन 2 अपना मत समझाते हुए दूसरे के सम्मुख रखना

निरूप्य वि० जिसका विवेचन होनेवाला हो, विवेच्य

निरूह पुं० 1 वस्ति (एनिमा) का एक भेद 2 तर्क 3 निश्चय

निरोधाचार पुं० सब कार्यों में पड़नेवाली बाधा

निरोधाज्ञा स्त्री० ऐसी आज्ञा जिससे किसी को कार्य करने से रोका जाता है

निर्ऋत वि० 1 नष्ट 2 दुर्बल

निर्ऋति स्त्री० 1 पृथ्वी का निचला भाग 2 नाश 3 मौत 4 ग़रीबी 5 दुःख

निर्ख पुं० भाव, दर

निर्गत वि० निकला हुआ

निर्गम पुं० 1 निकासी 2 निकास

निर्गमन पुं० बाहर निकलना

निर्गम-मूल्य पुं० घटाकर निश्चित किया हुआ मूल्य

निर्गमित पूंजी स्त्री० बाहर निकाली हुई पूंजी

निर्गूढ़ वि० बहुत ही गूढ़

निर्ग्रंथ वि० 1 ग़रीब 2 मूर्ख 3 असहाय 4 नंगा

निर्घंट पुं० शब्द संग्रह

निर्घात पुं० 1 तेज़ शब्द 2 बिजली की कड़क

निर्घृण वि० 1 घृणारहित 2 गंदी चीजों से घृणा न करनेवाला 3 जिसे बुरे कार्यों से लज्जा न हो, बेहया

निर्घोष वि० ध्वनिरहित

निर्जर I वि० 1 जिसे बुढ़ापा न आये II पुं० देवता

निर्जलित वि० जिसके अंदर का जल सुखा दिया गया हो

निर्जलीकरण पुं० रासायनिक प्रक्रिया द्वारा किसी वस्तु के अंदर का जल सुखा देना (डिहाइड्रेशन)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

निर्जात त्रि० जो प्रकट हुआ हो
निर्जित त्रि० 1 जीता हुआ 2 वश में किया हुआ
निर्झरिणी स्त्री० झरने से निकलने वाली नदी
निर्दग्ध त्रि० न जला हुआ
निर्दलन पुं० 1 नाश करना 2 भंग करना
निर्दाता पुं० 1 खेत निरानेवाला 2 किसान
निर्दिष्ट त्रि० 1 जिसके प्रति निर्देश हुआ हो 2 समझाया हुआ 3 निश्चित किया हुआ 4 संकेतित
निर्देश पुं० 1 स्पष्ट रूप से समझाना 2 संकेत
निर्देष्टा पुं० समझाने या बतानेवाला
निर्द्वन्द्व त्रि० 1 द्वन्द्व-रहित 2 सुख-दुःख राग-द्वेष आदि से दूर 3 जिसका कोई विरोधी न हो 4 सब प्रकार से स्वच्छन्द
निर्धारण पुं० निश्चित करना
निर्धूत त्रि० 1 निकाला हुआ 2 व्यक्त 3 नष्टा किया हुआ 4 टूटा हुआ 5 बहाया हुआ
निर्धौत त्रि० 1 धुला हुआ 2 चमकाया हुआ, चमकीला
निर्नर त्रि० 1 मनुष्यों से रहित 2 मनुष्यों द्वारा व्यक्त
निर्निमित्त त्रि० अकारण
निर्निमेष क्रि०वि० एकटक, पलक झपकाये बिना
निर्बंध I त्रि० बंधनरहित, बिना शर्त II पुं० बंधनरहित
निर्बाध त्रि० बाधा-रहित
निर्बीज त्रि० 1 जिसकी जनन-शक्ति नष्ट हो गई हो 2 बीजरहित
निर्बोध त्रि० अनजान
निर्भग्न त्रि० 1 टूटा-फूटा 2 झुका हुआ
निर्भट त्रि० कठोर
निर्भर्त्सन पुं० 1 डाँट-फटकार 2 निंदा
निर्भिन्न त्रि० 1 छिदा हुआ 2 फाड़ा हुआ 3 प्रकट
निर्भूति स्त्री० लुप्त होना
निर्भृति त्रि० बिना मजदूरी, बेगार में
निर्भेद I पुं० 1 भेद खोलना II त्रि० भेद-रहित
निर्भ्रान्त त्रि० निश्चित
निर्मथन पुं० घिसना
निर्मद त्रि० 1 मद से रहित 2 गर्वरहित
निर्माल्य I त्रि० शुद्ध II पुं० देवता को अर्पित वस्तु
निर्मिति स्त्री० निर्माण, रचना
निर्मुक्त त्रि० 1 मुक्त 2 बंधन-रहित
निर्मुक्ति स्त्री० 1 छुटकारा 2 मोक्ष 3 बंदियों की एकसाथ रिहाई
निर्मृष्ट त्रि० 1 साफ किया हुआ 2 मिटाया हुआ
निर्मोक पुं० 1 मुक्ति 2 शरीर के ऊपर की पतली झिल्ली 3 केंचुली
निर्मोक्ष पुं० 1 त्याग 2 पूर्ण मोक्ष
निर्मोचन पुं० छुटकारा
निर्यंत्रण पुं० निरंकुश
निर्याण पुं० 1 बाहर निकलना 2 यात्रा 3 बस्ती से बाहर जानेवाला मार्ग
निर्यातक त्रि० वस्तुओं का निर्यात करने-वाला
निर्यातन पुं० 1 निर्यात करना 2 वापस करना 3 ऋण चुकाना 4 मार डालना
निर्यामक पुं० 1 सहायक 2 वायुयान चलानेवाला
निर्यास पुं० गोंद
निर्युक्तिक त्रि० युक्ति-रहित
निर्यूथ त्रि० दल से अलग
निर्लुंचन पुं० 1 फाड़ना 2 भूसी अलग करना 3 छीलना
निर्लुंठन पुं० 1 लूटना 2 फाड़ना
निर्वक्तव्य त्रि० न कहने योग्य

CC-0. In Public Domain. Gurukul K...

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

निर्वचन वि॰ 1 शब्दों के मूल और विकास का निरुपण 2 चुप
निर्वचनीय वि॰ व्याख्या करने योग्य, कहने योग्य
निर्वर वि॰ 1 वेशरम 2 निडर
निर्वर्तित वि॰ निष्पन्न
निर्वसन वि॰ वस्त्ररहित, नंगा
निर्वसु वि॰ निर्धन, ग़रीब
निर्वहण पुं॰ 1 निर्वाह 2 अन्त
निर्वाक् वि॰ चुप
निर्वाच्य वि॰ 1 जो कहा न जा सके 2 जो दोषरहित हो 3 जिसका निर्वाचन हो सकता हो
निर्वाण I पुं॰ 1 समाप्ति, अंत 2 मुक्ति
निर्वाद पुं॰ 1 निंदा 2 अवज्ञा
निर्वाप पुं॰ 1 दान 2 पितरों के उद्देश्य से किया जानेवाला दान 3 बुझाना 4 शांत करना
निर्वापण पुं॰ 1 बुझाना 2 शांत करना 3 समाप्त करना
निर्वापित वि॰ 1 बुझा हुआ 2 समाप्त 3 नष्ट
निर्वार्य वि॰ जिसका निवारण न हो सके
निर्वास I वि॰ 1 गंध से रहित 2 वास-स्थान से रहित **II** पुं॰ विदेश यात्रा
निर्वासन पुं॰ 1 बाहर निकाला जाना 2 देश-निकाला
निर्वास्य वि॰ निर्वासित किए जाने योग्य
निर्वाहक वि॰ 1 निभानेवाला 2 आज्ञा का पालन करनेवाला
निर्वाहण पुं॰ 1 निभाना 2 किसी की आज्ञानुसार कार्य करना
निर्वाहणिक वि॰ 1 निर्वाह-संबंधी 2 निर्वाहक 3 स्थानापन्न
निर्विकल्प वि॰ 1 जो परिवर्तन आदि से रहित हो 2 स्थिर
निर्विकल्प-समाधि स्त्री॰ समाधि का वह भेद जिसमें ज्ञेय और ज्ञाता आदि का कोई भेद नहीं रह जाता
निर्विचेष्ट वि॰ बेहोश
निर्विद्ध वि॰ घायल
निर्विशेष I वि॰ 1 समान 2 सामान्य **II** पुं॰ परब्रह्म
निर्विधान पुं॰ विधान-विरुद्ध ठहराना
निर्विष्ट वि॰ 1 जो भोग कर चुका हो 2 विवाहित
निर्वीज-समाधि स्त्री॰ समाधि की वह अवस्था जिसमें चित्त का निरोध करते-करते उसका बीज (अवलंबन) नहीं रह जाता है
निर्वीरा स्त्री॰ पति और पुत्र से विहीन नारी
निर्वृत्त वि॰ 1 वापस लौटा हुआ 2 पूरा किया हुआ
निर्वृत्ति स्त्री॰ 1 लौटना 2 पूरा हो जाना
निर्वेग वि॰ स्थिर
निर्वेद पुं॰ 1 ग्लानि 2 अपना अपमान 3 वैराग्य 4 अनुताप 5 साहित्य में शांत रस का स्थायी भाव
निर्वैयक्तिक वि॰ जो निज का न हो
निर्व्यथन पुं॰ पीड़ा से मुक्ति
निर्व्यलीक वि॰ 1 निष्कपट 2 निरीह 3 प्रसन्न 4 सुखी
निर्व्याज वि॰ 1 छल से रहित 2 बाधा-रहित 3 शुद्ध
निर्व्यूढ़ वि॰ 1 समाप्त 2 विकसित 3 भाग्यवान 4 सफल
निर्व्यूढ़ि स्त्री॰ समाप्ति
निर्हरण पुं॰ 1 बाहर निकालना 2 शव जलाने के लिए ले जाना
निलंबन पुं॰ 1 लटकना 2 मुअत्तली, आरोप के साथ हटाना
निलय पुं॰ 1 छिपने का स्थान 2 निवास स्थान 3 हृदय का रक्त संचारी अवकाश (वेंट्रिकल)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

निलयन पुं० डेरा डालना
निलीन वि०1 बहुत अधिक लीन 2 छिपा हुआ
निवर्तन पुं० 1 वापस होना 2 वापस करना 3 निवृत होना
निर्वातित वि० 1 लौटा हुआ 2 निवृत
निवसति स्त्री० निवास स्थान
निवसन पुं० 1 निवास करना 2 घर
निवाज़ वि० कृपा करनेवाला
निवाज़िश स्त्री० 1 कृपा 2 दया
निवात पुं०1 निवास-स्थान 2 ऐसा कवच जो शस्त्रों से छेदा न जा सके 3 शान्त स्थान
निवारक वि० 1 निवारण करनेवाला 2 हटानेवाला
निवारण पुं० 1 किसी को रोकना 2 हटाना 3 बचाव का उपाय
निवाला पुं० कौर
निवासन पुं० 1 निवास स्थान 2 अल्प-कालिक निवास
निवासित वि० 1 बसाया हुआ 2 बसा हुआ
निवास्य वि० रहने योग्य
निविड़ वि० 1 सघन 2 गंभीर 3 स्थूल
निविड़ता स्त्री० 1 घनापन 2 गंभीरता 3 स्थूलता
निविशेष वि० 1 साधारण 2 समान, एक-रूप
निविष्ट वि०1 बैठा हुआ 2 डेरा डालकर ठहरा हुआ 3 एकाग्र 4 क्रम से लगाया हुआ 5 घुसा हुआ या घुसाया हुआ 6 ठहरा हुआ
निविष्टि स्त्री० 1 एकाग्रता 2 आराम करना 3 ठहराव
निवृत्त वि० 1 वापस लौटाया हुआ 2 विरक्त 3 जो अपना काम कर चुका हो 4 मुक्त
निवृत्तात्मा वि० 1 विषयों से अलग रहने-वाला 2 यती
निर्वृत्ति स्त्री० 1 निवृत्त होने की क्रिया 2 छुटकारा 3 अवकाश पा लेना
निवेदक पुं० प्रार्थी
निवेदित वि०प्रार्थना के रूप में कहा हुआ, प्रार्थित
निवेश पुं० 1 डेरा 2 प्रवेश 3 मकान 4 स्थापन
निशरण पुं० मारण
निशांत पुं० रात का अंत, प्रभात
निशांध वि० रात को न देख सकनेवाला
निशा स्त्री० रात
निशाकर पुं० चंद्रमा
निशातिक्रम, निशात्यय पुं० रात का बीतना
निशाद वि० रात को खानेवाला
निशादि पुं० सायंकाल, रात का आरंभ
निशानकोना पुं०उत्तर और पूर्व का कोण
निशान-देही स्त्री० 1 किसी का पता बत-लाना 2 प्रतिवादी की पहचान कराना 3 सीमा-निर्धारण
निशान-पट्टी स्त्री० हुलिया
निशा-मुख पुं० सायंकाल
निशास्ता पुं० 1 गेहूँ का गूदा 2 मैदा
निशि स्त्री० रात
निशित वि० तीखा, तेज़
निशीथ पुं० **निशीथिनी** स्त्री० 1 रात 2 अर्धरात्रि
निशोत्सर्ग पुं० प्रभात
निश्चंद्र वि० 1 चंद्रमा-रहित 2 बिना चमकवाला
निश्चयात्मकता स्त्री० असंदिग्धता
निश्चयेन क्रि०वि० निश्चयपूर्वक
निश्चायक वि० निश्चय करानेवाला
निश्चेतन वि० संज्ञा-रहित, बेहोश
निश्चेष्ट वि० न हिलने-डुलनेवाला
निश्चेष्टीकरण पुं० निश्चेष्ट करना

CC-0. In Public Domain. Gurukul K...

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

निश्छेद पुं० अविभाज्य राशि

निश्रयणी, निश्रेणी स्त्री० 1 ज़ीना, सीढ़ी 2 एक विन्दु से दूसरे बिन्दु तक पहुँचने का साधन

निश्रेयस पुं० 1 कष्ट का अभाव 2 कल्याण 3 मोक्ष

निश्वास पुं० 1 बाहर निकलनेवाली साँस 2 दीर्घ श्वास

निश्शेष त्रि० समाप्त

निषंग पुं० 1 विशेष रूप से होनेवाली आसक्ति, मिलाप 2 तरकश, तूणीर 3 तलवार

निषंगी त्रि० 1 आसक्त 2 धनुषधारी 3 खड्गधारी

निषकर्श पुं० प्रत्येक स्वर का आलाप दो-दो बार करना

निषक्त त्रि० अत्यंत आसक्त

निषण्ण त्रि० 1 बैठा हुआ 2 आश्रित

निषद, निषाद पुं० सात स्वरों में अंतिम स्वर

निषाद-प्रिय पुं० कर्नाटकी पद्धति का एक राग

निषादित त्रि० 1 बैठाया हुआ 2 पीड़ित

निषादी त्रि० 1 बैठनेवाला 2 जो आराम कर रहा हो

निषिक्त I त्रि० 1 जल छिड़का हुआ 2 सींचा हुआ 3 गर्भित **II** पुं० वीर्य से उत्पन्न गर्भ, अन्दर पहुँचायी गयी वस्तु

निषिद्धि स्त्री० मनाही, निषेध

निषेक पुं० 1 जल छिड़कना 2 टपकना 3 वीर्य 4 गर्भ धारण करना 5 किसी के अंदर कोई शक्ति भरना

निषेचन पुं० 1 छिड़कना 2 सींचना

निषेधन पुं० 1 निषेध करना 2 निवारण

निषेधित त्रि० निषिद्ध, मना किया हुआ

निषेवन पुं० 1 सेवा करना 2 पूजा करना 3 अनुष्ठान 4 प्रयोग में लाना

निषेव्य त्रि० जिसका सेवन करना उचित हो

निष्कंटक त्रि० 1 बिना काँटे का, जिसमें कोई बाधा न हो, शत्रुरहित

निष्कर्तन पुं० 1 काटना 2 फाड़ना

निष्कर्ष पुं० 1 निचोड़ 2 सारांश

निष्कर्षण पुं० 1 खींचकर बाहर करना 2 दूर करना 3 मिटाना 4 घटाना

निष्कल त्रि० 1 कलारहित 2 वृद्ध 3 नपुंसक 4 समूचा

निष्कला स्त्री० वृद्धा स्त्री

निष्कषाय त्रि० 1 विशुद्ध चित्तवाला 2 मुमुक्षु

निष्कालन पुं० मार भगाना

निष्काश पुं० जगह का बाहर निकला हुआ हिस्सा

निष्कासित त्रि० निकाला हुआ

निष्किंचन त्रि० अकिंचन

निष्किल्विष त्रि० दोषरहित, बेदाग़

निष्कीटण पुं० 1 किसी वस्तु को तपाकर कीटों से रहित करना 2 उत्पादन करने-वाले कीटाणु नष्ट करके बाँझ करना

निष्कुट पुं० 1 नज़र-बाग 2 खेत 3 जनान-ख़ाना

निष्कुलीकरण पुं० किसी का कुल समाप्त कर देना

निष्कूट त्रि० निश्छल

निष्कृत त्रि० 1 निकाला हुआ 2 मुक्त 3 तिरस्कृत

निष्कृति स्त्री० 1 छुटकारा 2 प्रायश्चित

निष्कृष्ट त्रि० 1 निचोड़कर निकाला हुआ 2 सारभूत

निष्केवल त्रि० विशुद्ध

निष्कैवल्य त्रि० 1 विशुद्ध 2 पूर्ण 3 मोक्ष-हीन

निष्कोषण पुं० छीलना 2 शरीर की खाल उतारना 3 काट-छाँट कर नष्ट-भ्रष्ट करना 4 खुरचना

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

निष्क्रमणार्थी पुं० निकलने की इच्छा रखनेवाला
निष्क्रमिती पुं० बाहर निकल जानेवाला
निष्क्रय, निष्क्रयण पुं० छुटकारे के लिए दिया जानेवाला धन
निष्क्रांत वि० बहिर्गत
निष्क्राम्य वि० बाहर भेजा जानेवाला (माल)
निष्क्रीत वि० चुकाया गया धन
निष्ठापित वि० पूरा किया गया
निष्ठित वि० 1 निष्ठायुक्त 2 स्थित
निष्णात वि० 1 किसी विषय का अच्छा ज्ञाता 2 निपुण 3 पूर्ण किया हुआ 4 उत्तम
निष्पंद वि० कंपरहित
निष्पत्ति स्त्री० 1 समाप्ति 2 पूर्णता 3 निर्वाह 4 कार्य
निष्पन्न वि० पूरा किया हुआ
निष्परिहार्य वि० अनिवार्य
निष्पादन पुं० पूरा करना, कार्य-निर्वाह करना
निष्पीड़न पुं० निचोड़ना
निष्पेषण पुं० चूर-चूर करना
निष्प्रकारण वि० 1 साधारण 2 विना प्रकार या विशेषता का
निष्प्रपंच वि० छलरहित
निसर्ग पुं० 1 दान 2 त्याग 3 बाहर निकालना 4 सृष्टि 5 स्वभाव, प्रकृति
निसर्गत: अव्य० स्वभाव से
निसूदक वि० हत्या करनेवाला, हिंसक
निसूदन पुं० हत्या करना
निसृत वि० निकला हुआ
निसृष्ट वि० छोड़ा हुआ
निसृष्टार्थ पुं० 1 जिसे प्रबंध का भार सौंपा जाय 2 दूत, संदेशवाहक
निस्तब्ध वि० जड़वत्, निश्चेष्ट
निस्तरण पुं० 1 प्यार होना 2 निस्तार, छुटकारा
निस्तारक पुं० बचानेवाला
निस्तारण पुं० 1 नदी के पार ले जाना 2 मुक्त करना 3 जीतना 4 काम को चलता करना
निस्तीर्ण वि० 1 पार उतरा हुआ 2 मुक्त
निस्तुषित वि० 1 छिलका अलग किया हुआ 2 छीला हुआ
निस्त्रप वि० निर्लज्ज
निस्त्रिंश वि० 1 निर्दय 2 तीस से अधिक
निस्त्रैगुण्य वि० सत, रज, तम से रहित
निस्पृह वि० लोभ या इच्छा से रहित
निहत वि० 1 मारा हुआ 2 नष्ट
निहाई स्त्री० लोहारों का एक औजार
निहानी स्त्री० एक प्रकार की रुखानी (औजार)
निहित वि० स्थापित, रखा हुआ
निहोरा पुं० 1 उपकार 2 प्रार्थना
नीचाशय वि० ओछा
नीड़ज पुं० पक्षी
नीम वि० 1 आधा 2 हल्का
नीरंध्र वि० छिद्ररहित
नीरज पुं० कमल
नीरधि पुं० समुद्र
नीरव वि० विना ध्वनि, चुप
नीरांजन पुं० आरती
नीलमणि, नीलरत्न पुं० नीलम
नीलस्वरूप पुं० एक प्रकार का छंद जिसके प्रत्येक चरण में तीन-तीन भगण और दो-दो गुरु हों
नीवर पुं० 1 सन्यासी 2 बौद्ध भिक्षु 3 रोजगार
नीवि स्त्री० नाड़ा
नीहारिका स्त्री० आकाशीय प्रकाशपुंज
नुक़्ता पुं० अक्षरों में लगनेवाले बिंदु 2 शून्य का सूचक चिह्न 3 किसी प्रकार का बिंदु

CC-0. In Public Domain. Gurukul K...

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नुकता-चीन वि० दूसरे के दोष ढूँढ़नेवाला
नुकरा पुं० सफ़ेद रंग का घोड़ा
नुक्स पुं० दोष, त्रुटि
नुत्फ़ा पुं० 1 शुक्र 2 वीर्य
नुत्फ़ा-हराम वि० व्यभिचार से जन्मा हुआ
नुनखरा वि० खारा, नमकीन
नुनेरा पुं० नमक बनानेवाला
नुमाइंदगी स्त्री० प्रतिनिधित्व
नूर पुं० प्रकाश, ज्योति
नृ-केसरी पुं० नृसिंह अवतार
नृत्त पुं० अभिनय
नृ-देव पुं० राजा
नृपासन पुं० राजसिंहासन
नृशंस वि० 1 निर्दय 2 अत्याचारी 3 अनिष्ट करनेवाला
नृशंसता स्त्री० निर्दयता
नृश्रृंग पुं० मनुष्य की सींग के समान अनहोनी बात
नेक-चलन वि० उत्तम आचरणवाला
नेक-बख़्त वि० 1 सौभाग्यशाली 2 भोला-भाला
नेगजोग पुं० विवाह के समय लेनदेन की रीति
नेज़ा पुं० बरछी, भाला
नेती स्त्री० मथानी की रस्सी
नेतृत्व पुं० मार्ग-दर्शन
नेत्र-गोलक पुं० आँख का डेला
नेत्र-स्राव पुं० आँख से पानी बहना
नेत्राभिष्यंद पुं० नेत्रस्राव
नेत्री स्त्री० अगुआ स्त्री
नेदिष्ठ वि० बहुत समीप का
नेपचून पुं० सूर्य की परिक्रमा करनेवाला एक नक्षत्र
नेपथ्य पुं० 1 परदे के पीछे के स्थान 2 सजावट
नेबुला पुं० नीहारिका
नेम वि० 1 काल 2 नियम
नेमता स्त्री० नाचने-गाने का पेशा करनेवाली स्त्री
नेमि स्त्री० 1 पहिए का घेरा 2 घेरा 3 जगत
नेवर पुं० 1 नूपुर 2 घोड़े के पैर का घाव
नेस्ती स्त्री० 1 अनस्तित्व 2 आलस्य 3 नाश
नैकचर वि० अकेला न चलनेवाला
नैकृतिक वि० 1 दूसरे की हानि करके निष्ठुर जीविका कमानेवाला 2 निम्न विचारवाला
नैगम वि० 1 निगम-संबंधी 2 धर्मग्रंथों में लिखा हुआ 3 आध्यात्मिक
नैगमिक वि० 1 वेदों से संबंध रखनेवाला 2 वेदों से निकला हुआ
नैचा पुं० हुक्के की दोहरी नली
नैत्य वि० 1 नित्य का 2 प्रतिदिन होनेवाला
नैत्यक वि० अनिवार्य
नैदाघ, नैदाघिक वि० 1 गरमी का 2 ग्रीष्म ऋतु में होनेवाला
नैदानिक वि० रोगों के निदान से संबंध
नैधेय वि० निधि-संबंधी
नैपुण्य पुं० 1 निपुणता 2 पूर्णता
नैभृत्य पुं० 1 विनय 2 छिपाव 3 स्थिरता
नैमित्त, नैमित्तिक वि० 1 निमित्त-संबंधी 2 निमित्त से उत्पन्न
नैमिष वि० 1 निमिष संबंधी 2 क्षणिक
नैमेय पुं० 1 विनिमय 2 रोजगार
नैयमिक वि० 1 नियम के अनुकूल
नैयायिक पुं० न्यायवेत्ता
नैरंग पुं० 1 अद्भुत बात 2 इंद्रजाल
नैरंतर्य पुं० निरंतरता
नैरपेक्ष्य पुं० 1 निरपेक्षता 2 उदासीनता
नैरात्म्य पुं० 1 निरात्म होने की अवस्था 2 एक यह सिद्धांत कि वास्तव में आत्मा का कोई अस्तित्व नहीं है (निहिलिज्म)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नैराश्य पुं० निराशा

नैरुक्त वि०1 शब्दों की व्युत्पत्ति से संबंध रखनेवाला 2 निरुक्त शास्त्र से संबंध रखनेवाला

नैर्गुण्य पुं० 1 निर्गुणता 2 कला-कौशल आदि के ज्ञान का अभाव 3 तीनों गुणों से रहित होने की अवस्था

नैर्मल्य पुं० 1 निर्मलता 2 विषयों से विराग

नैर्वाहिक वि० निर्वाह के योग्य

नैवासिक वि० निवास योग्य

नैवेद्य पुं० देवता को चढ़ाई हुई वस्तु

नैश वि० 1 निशा का 2 रात्रि में होने-वाला 3 अंधकारपूर्ण

नैश्चल्य पुं० निश्चलता, स्थिरता

नैश्चित्य पुं० 1 स्थिरता 2 निश्चितता

नैश्श्रेयस वि० 1 कल्याणकारक 2 मोक्ष-दायक

नैषेचनिक पुं०राज्याभिषेक के अवसर पर दिया जानेवाला उपहार

नैष्कर्म्य पुं० 1 निष्कर्म होने की अवस्था 2 अकर्मण्यता 3 फल की कामना छोड़-कर कर्म करना

नैष्कृतिक वि० दूसरे को हानि पहुँचाकर अपना कार्य सिद्ध करनेवाला

नैष्क्रमण पुं० बच्चे को पहली बार घर से बाहर ले जाने का संस्कार

नैष्ठिक I वि० 1 निष्ठावान् 2 निश्चित II पुं० आजीवन ब्रह्मचारी

नैष्ठुर्य पुं० निष्ठुरता

नैसर्गिक वि० 1 प्राकृतिक 2 स्वाभाविक

नोक-पलक स्त्री० 1 चेहरे की बनावट 2 शैली

नोचा-नाची स्त्री० नोच-खसोट

नोदन पुं० 1 हाँकना 2 आगे बढ़ाना 3 वह छड़ी जिससे पशु हाँके जाते हैं

नोदयिता वि० 1 आगे बढ़ानेवाला 2 हाँकनेवाला

नोनचा I पुं० नमकीन अचार II स्त्री० नोनी भूमि

नौ-कर्ण पुं० पतवार

नौटंका वि०बहुत ही हल्का, हल्का-फुलका

नौतार्य वि० नौका द्वार पार करने योग्य

नौप्रमार पुं० जहाज पर का अधिक से अधिक भार

नौशा पुं० दूल्हा

नौसरिया वि० 1 बहुत बड़ा चालाक 2 जालिया

न्यंजलि(का) स्त्री० नीचे की ओर झुकाई हुई हथेली

न्यग्रोध पुं० 1 बरगद 2 लगभग दो गज की एक नाप

न्यग्रोध-परिमंडल पुं० वह जिसकी लंबाई-चौड़ाई एक पुरसा हो

न्यग्रोध-परिमंडला स्त्री० वह स्त्री जिसके स्तन कठोर, नितंब विशाल और कटि क्षीण हो

न्यर्बुद वि० दस अरब

न्यसन पुं० किसी के पास कोई वस्तु जमा करना

न्यस्त वि० रखा हुआ, स्थापित किया हुआ 2 त्यागा हुआ, 3 किसी विशिष्ट कार्य की सिद्धि के लिए निकाला हुआ (धन)

न्यस्तशस्त्र वि०हारकर हथियार रखनेवाला

न्यस्य वि० न्यास के योग्य, रखने योग्य

न्यायतः क्रि०वि० न्याय की दृष्टि से

न्याय-परता स्त्री० न्याय-परायणता

न्याय-परायण वि० न्यायपूर्ण आचरण करनेवाला

न्याय-संगत वि० जो न्याय की दृष्टि से ठीक हो

न्यायाधिकरण पुं०विवादग्रस्त विषयों पर निर्णय देनेवाला अधिकारीवर्ग, ट्रिब्यूनल

CC-0. In Public Domain.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

न्यायिक-निर्णय पुं० न्यायालय का निर्णय

न्यायोचित् वि० न्यायसंगत

न्याय्य वि० न्याययुक्त

न्यारिया पुं० सुनारों के कूड़े से सोना-चाँदी निकालनेवाला

न्यास पुं० 1 सजावट 2 रखने की व्यवस्था 3 अमानत 4 किसी उद्देश्य से रखा हुआ धन 5 पैसे का रख-रखाव, ट्रस्ट 6 थाती, धरोहर

न्यासधारी, न्यासी पुं० विशिष्ट उद्देश्य से रखे धन के व्यवस्थापक

न्यून वि० 1 थोड़ा, कम 2 हीन

न्यूनता स्त्री० 1 कमी 2 हीनता

न्यूनन पुं० संक्षिप्त करना

न्यूनांग वि० विकलांग

न्यूनाधिक वि० 1 थोड़ा-बहुत 2 कम या अधिक

न्योतना स०क्रि० 1 निमंत्रण देना 2 अपने पास बुलाना

न्योता पुं० 1 बुलावा 2 भोज

प

पंक पुं० कीचड़

पंकज पुं० कमल

पंकज-वाटिका स्त्री० एक वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण में क्रमशः एक भगण (ऽ।।), एक नगण (।।।), दो जगण (।ऽ।) और अंत में एक लघु होता है

पंक-धूम, पंक-प्रभा पुं० कीचड़ से भर हुआ एक नरक

पंक-शुक्ति स्त्री० 1 ताल में होनेवाली सीपी 2 घोंघा

पंकिल वि० कीचड़ से भरा हुआ

पंकिलता स्त्री० गंदगी

पंक्ति-च्युत वि० बिरादरी से बहिष्कृत

पंक्तिदूषक वि० बिरादरी को दूषित करनेवाला, नीच

पंक्ति-पावन पुं० ब्राह्मण जो बिरादरी में श्रेष्ठ माना जाता है

पंगत स्त्री० 1 पंक्ति 2 भोज की पंक्ति 3 बिरादरी, समाज

पंगला वि० लँगड़ा

पंगु-गति स्त्री० वार्णिक छंदों का मात्रा दोष

पंगु-ग्राह पुं० 1 मगर 2 मकर राशि

पंचक पुं० पाँच का समूह

पंच-कल्याण पुं० घोड़ा, जिसमें पाँच शुभ चिह्न हों

पंचकोष पुं० शरीर को गठित करनेवाले पाँच स्तर—अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय और आनंदमय कोष

पंचकोसी, पंचकोशी स्त्री० काशी की परिक्रमा

पंच-गव्य पुं० गाय से प्राप्त पाँच द्रव्य—दूध, दही, घी, गोबर, गोमूत्र

पंच-गुण पुं० शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गंध

पंच-गौड़ पुं० विंध्याचल के उत्तर में पाँच ब्राह्मण जातियाँ—सारस्वत कान्यकुब्ज, गौड़, मैथिल, उत्कल

पंच-चत्वारिंशत् वि० पैंतालीस, 45

पंचजन पुं० 1 गंधर्व, पितर, देव, असुर और राक्षस 2 ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र और निषाद 3 पाँच मनुष्यों की मंडली

पंचतन्मात्र पुं० पाँच सूक्ष्म महाभूत—शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गंध

पंचत्रिंश वि० पैंतीसवाँ,

पंचत्रिंशत वि० पैंतीस, 35

पंचत्व पुं० 1 शरीर के पाँचों तत्त्वों का अलग-अलग हो जाना 2 मृत्यु

पंचदश वि० पंद्रह, 15

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पंचधा क्रि०वि० पाँच प्रकार से

पंचनद पुं० पंजाब की वे पांच नदियाँ जो जो सिंधु में मिलती हैं—सतलज, व्यास, रावी, चनाब, झेलम

पंचनवति वि० पंचानवे, 95

पंचपर्व पुं० अष्टमी, चतुर्दशी, अमावस्या, पूर्णिमा और संक्रांति

पंचप्राण पुं० प्राण, अपान, समान, व्यान और उदान

पंचभूत पुं० आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी

पंचमकार पुं० मद्य, मांस, मत्स्य, मुद्रा, मैथुन

पंचमवेद पुं० महाभारत

पंचमहाभूत पुं० पंचभूत

पंचमहाव्याधि स्त्री० अर्श, यक्ष्मा, कुष्ठ, प्रमेह और उन्माद

पंचमांग पुं० शत्रु से मिला हुआ मुख़बिर

पंचमास्य वि० पाँच महीने का

पंचमुख पुं० शिव

पंचवक्त्रा स्त्री० दुर्गा

पंचवर्ग पुं० पाँच का समूह

पंचविंश वि० पच्चीसवाँ

पंचविंशति वि० पच्चीस, 25

पंचविध वि० पाँच प्रकार का

पंचशर पुं० कामदेव

पंचषष्टि वि० पैंसठ, 65

पंचसप्तति वि० पचहत्तर, 75

पंचस्नेह पुं० घी, तेल, चरबी, मज्जा और मोम

पंचांग पुं० पत्रा जिसमें वार, तिथि, नक्षत्र योग और करण का ब्यौरा हो

पंचाट पुं० 1 पंचनिर्णय 2 परिनिर्णय, (अवार्ड)

पंचानन पुं० 1 शिव 2 सिंह

पंचामृत पुं० दूध, दही, घी, चीनी और मधु का पेय

पंचायतन पुं० पाँच देवताओं की प्रतिमा

बाह्यवृत्ति स्त्री० प्राणायाम में भीतर के श्वास को धीरे-धीरे रोकना
बाह्यांतर I वि० अंदर और बाहर दोनों का II क्रि०वि०अंदर व बाहर दोनों ओर
बाह्याचार पुं० 1 ढकोसला 2 बाहरी रस्में
बाह्यायाम पुं० पीठ की नसें खिंच जाने का रोग, धनुस्तंभ
बिंदु पुं० 1 बूंद 2 शून्य 3 पदार्थ का बहुत छोटा कण 4 छोटा गोलाकार चिह्न 5 अविभाज्य ज्यामितीय चिह्न 6 लेखन में अनुस्वार सूचक चिह्न 7 दंतक्षत 8 भौंह एवं ललाट के बीच का स्थान 9 नाटक में अर्थ प्रकृति की दूसरी स्थिति 10 योग में अनाहत नाद के प्रकाश का व्यक्त रूप
बिंदुकित वि० जिस पर बिंदु लगे हों
बिंदु-रेखा स्त्री० बिंदुओं से बनी हुई रेखा
बिंदुली स्त्री० टिकुली
बिंधिया पुं० मोती में छेद करनेवाला कारीगर
बिंबग्रहण पुं०भाषाविज्ञान या मनोविज्ञान की एक मानसिक प्रक्रिया
बिंब-प्रतिबिंब भाव पुं० वह अवस्था जब दो वस्तुएँ बिंब पड़ने पर एक दूसरे के प्रतिबिंब रूप में जान पड़ती है
बिंबा-फल पुं० कुँदरू
बिंबाधर, बिंबोष्ठ पुं० बिंबाफल के समान लाल होंठ
बिकसना अ०क्रि० 1 विकसित होना 2 प्रसन्न होना
बिकसाना स०क्रि० विकसित करना
बिगूचना अ०क्रि० 1 कठिनाई में पड़ना 2 असमंजस में पड़ना 3 दबाया जाना
बिगोना स०क्रि० 1 दुरुपयोग करना 2 बिगाड़ना 3 तंग करना 4 धोखा देना 5 बहकाना
बिचकना अ०क्रि० 1 चौंकना 2 घोड़े का भड़कना 3 अरुचि प्रकट करना
बिचकाना स०क्रि० मुँह चिढ़ाना
बिचलना अ०क्रि० विचलित होना
बिचलाना स०क्रि०1 डिगाना 2 बहकाना 3 बिखेरना 4 हिलाना

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बिचवई, बिचवान I पुं० 1 बीच-बचाव करनेवाला 2 मध्यस्थ II स्त्री० झगड़ा निपटाने के लिए की जानेवाली मध्यस्थता

बिचौलिया, बिचौली पुं० 1 मध्यस्थ 2 दलाल

बिछायत स्त्री० 1 बिछाने का काम 2 बिछाने की वस्तु, बिछौना

बिछोही वि० 1 जिससे कोई बिछुड़ गया हो 2 जो बिछोह के फलस्वरूप दुःखी हो

बिजहन पुं० अनुपजाऊ बीज

बिजूखा पुं० 1 धोखा 2 छल

बिजौरा पुं० एक प्रकार का नींबू

बिजौरी स्त्री० पेठे की बड़ी

बिज्जू पुं० बिल्ली जैसा एक जंगली जानवर

बिज्जूहा पुं० छंद जिसके प्रत्येक चरण में दो रगण (ऽ।ऽ) होते हैं

बिझरा पुं० गेहूँ, जौ, चना एवं मटर मिला हुआ अनाज

बिटरना अ० क्रि० 1 घँघोला जाना 2 गंदा होना

बिटारना स० क्रि० 1 घँघोलना 2 घँघोलकर गंदा करना

बिटोरा, बिटौरा पुं० उपलों का ढेर

बिट्ठल पुं० विष्णु

बिठालना स० क्रि० बैठाना

बिडरना अ० क्रि० 1 बिखरना 2 पशुओं का बिदकना 3 डरना

बिडराना स० क्रि० 1 तितर-बितर करना 2 भगाना

बिड़ाल पुं० बिल्ली

बिड़ालिका स्त्री० बिल्ली

बिड़ालक पुं० 1 आँख का गोलक 2 नर बिड़ाल 3 आँखों पर लेप चढ़ाना

बिड़ालवृत्तिक वि० लोभी-कपटी

बिड़ाली स्त्री० 1 बिल्ली 2 आँख का एक रोग 3 एक प्रकार का पौधा 4 एक योगिनी

बितताना I अ० क्रि० 1 व्यथित होना 2 विलाप करना II स० क्रि० सताना

बिथकना अ० क्रि० 1 थकना 2 चकित होना 3 मोहित होना

बिथरना I अ० क्रि० 1 छितराना 2 अलग-अलग होना 3 नष्ट-भ्रष्ट होना II स० क्रि० 1 बिखेरना 2 बीज बोना

बिथारना स० क्रि० छितराना

बिदकना अ० क्रि० 1 भड़कना 2 घायल होना

बिदकाना स० क्रि० 1 भड़काना 2 घायल करना

बिदरीसाज़ पुं० बिदरी (जस्ते-ताँबे) की धातु से बरतन बनानेवाला

बिदहना स० क्रि० 1 भस्म करना 2 धान की फसल पर पाटा चलाना 3 बहुत दुःखी करना

बिदारना स० क्रि० 1 विदीर्ण करना 2 नष्ट करना

बिदूषना अ० क्रि० 1 दोष लगाना 2 बिगाड़ना

बिधना I पुं० ब्रह्मा II अ० क्रि० छिद जाना

बिनत वि० नम्र, झुका हुआ

बिनना स० क्रि० 1 चुनना, छाँटना 2 बुनना

बिनाई स्त्री० 1 चुनने का काम या मज़दूरी 2 बुनाई

बिफरना अ० क्रि० 1 नाराज़ होना 2 हठ करना 3 अभिमान में फूलना 4 बाग़ी होना 5 लड़ने को तैयार होना

बियाड़ पुं० अन्य खेतों में रोपी जानेवाली पौध का खेत

बियाबान पुं० जंगल, उजाड़

बियाबानी वि० 1 बियाबान का 2 जंगली

बियावर I वि० II स्त्री० जो जल्दी ही बच्चा देने को हो

बिरंज पुं० 1 चावल 2 भात

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बिरंजी स्त्री० 1 छोटा कीला

बिरहाना I स०क्रि०1 उलझाना 2 लड़ाई-झगड़े में किसी को प्रवृत्त करना
II अ०क्रि० क्रुद्ध होना

बिरता पुं० 1 बूता 2 योगक्षेम

बिरमना अ०क्रि० 1 मोहित होकर रुक जाना 2 ठहरना

बिरमाना स०क्रि० 1 विश्राम करना 2 गुज़ारना 3 अपने पर आसक्त करना

बिरवा पुं० 1 वृक्ष 2 पौधा

बिरहा पुं० मुख्यत: अहीरों का गीत

बिरादराना वि० भाइयों जैसा

बिराना I स०क्रि० मुँह चिढ़ाना
II वि० पराया

बिरिया स्त्री० 1 एक प्रकार का गहना 2 चरखे के बेलन की गोल टिकिया

बिरियानी स्त्री० एक प्रकार की नमकीन पुलाव

बिरुझना अ० क्रि उलझना

बिरोजा पुं० गंधा बिरोजा

बिरौनी स्त्री० बाजरे आदि के अंकुरित होने पर की जानेवाली जुताई

बिलगाऊ वि० पृथक करनेवाला

बिलगाव पुं० अलगाव, पृथक्ता

बिलनी स्त्री० 1 दीवारों पर मिट्टी का घर बनानेवाली भौंरी 2 आँख की फुंसी

बिल-फ़र्ज़ अव्य० यह मान लें कि

बिलफ़ेल अव्य० इस समय

बिललाना अ०क्रि० 1 विलाप करना 2 व्याकुल होकर असंबद्ध बातें करना

बिलसना I अ०क्रि० शोभा देना
II स०क्रि० भोगना

बिला अव्य० बिना

बिलाना अ०क्रि०बिलीन होना 2 छिपाना

बिलावल I पुं० एक राग जो सवेरे गाया जाता है II स्त्री० 1 प्रेमिका 2 पत्नी

बिलैया स्त्री० 1 बिल्ली 2 लकड़ी की सिटकिनी 3 कुएँ में गिरा हुआ सामान निकालनेवाला लोहे का काँटा

बिलमुक्ता वि० जो घट-बढ़ न सके

बिल्लौर पुं० 1 स्वच्छ सफ़ेद पत्थर 2 बढ़िया शीशा

बिल्व पुं० बेल का वृक्ष और फल

बिवाई स्त्री० पैर के तलुओं का एक रोग

बिस-खपरा पुं० 1 एक विषैला सरीसृप जंतु 2 एक प्रकार की जंगली बूटी

बिसमिल्ला क्रि०वि० अल्लाह के नाम पर

बिसहर पुं० साँप

बिसात स्त्री० 1 हैसियत 2 सामर्थ्य 3 शतरंज आदि का कपड़ा, दरी 4 दुकान की फुटकर चीज़ें

बिसातखाना पुं०बिसातियों की दूकान पर मिलनेवाला सामान

बिसाती पुं० 1 बिसात पर फैलाकर वस्तुएं बेचनेवाला 2 फुटकर सामान बेचनेवाला दूकानदार

बिसायँध स्त्री० 1 दुर्गंध 2 मांस की दुर्गंध

बिसाहन पुं० सौदा

बिसाहना I स०क्रि०1 कोई वस्तु खरीदना 2 अपने साथ करना II पुं 1 बिसाहने की क्रिया या भाव 2 खरीदना

बिसाहनी स्त्री० 1 व्यापार 2 क्रययोग्य चीजें

बिसाहा पुं० सौदा

बिसुनना अ०क्रि० भोजन का कुछ अंश नाक की ओर चढ़ना

बिसूरना अ०क्रि०1 चिंता करना 2 दुःखी होकर रोते रहना

बिस्तारना स०क्रि०1 फैलाना 2 विस्तारपूर्वक वर्णन करना

बिस्मिल वि०1 ज़बह किया हुआ 2 आहत

बिस्वा पुं० ज़मीन की एक नाप – 1/20 बीघा

बिहँसना अ०क्रि० मंद-मंद हँसना

CC-0. In Public Domain.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बिहाग पुं० रात्रि के दो बजे गाया जानेवाला राग

बिहागड़ा पुं० बिहाग राग का एक भेद

बिहान I पुं०सबेरा II क्रि०वि०आनेवाला कल

बिहिश्त स्त्री० बहिश्त

बीगहाटी स्त्री० वह लगान जो बीघा के हिसाब से लगता है

बीघा पुं० ज़मीन की नाप = 3025 वर्ग गज़

बीछना स०क्रि 1 छाँटना 2 अलग-अलग करके देखना

बीजक पुं० 1 सूची 2 बीज

बीजकोश पुं०बीज या दानेयुक्त वनस्पति का अंश

बीजगणित पुं० अक्षरों को संख्या मानकर गणना करना

बीजद्रव्य पुं० किसी पदार्थ का मूल तत्व

बीजपेशिका स्त्री० अंडकोष

बीज-मंत्र पुं० 1 तंत्रशास्त्र में किसी मंत्र का संक्षिप्त रूप या मूलमंत्र 2 गुर

बीजल पुं० वह जिसमें बीज हो

बीजवपन पुं० बीज बोना

बीजसू स्त्री० पृथ्वी

बीजांक प्रक्रिया स्त्री० समाचार प्रेषण एवं लेखन की गुप्त प्रक्रिया

बीजांकुर पुं० अँखुआ

बीजांकुर-न्याय पुं०तर्कशास्त्र में दो तत्त्वों में कौन किसका मूल कारण है इसका पता न चलने की स्थिति

बीजांड पुं० 1 जीव-विज्ञान में भ्रूण का आरंभिक रूप 2 वनस्पति विज्ञान में बीज का आरंभिक रूप

बीजाक्षर पुं० मंत्र का पहला अक्षर

बीजारोपण पुं० बीज बोना

बीजू I वि० 1 जो बीज बोने से उगा हो 2 उक्त प्रकार के पौधे का फल II पुं० विज्जू

बीज्य वि० कुलीन

बीट पुं० 1 पक्षियों की विष्ठा 2 मल 3 तुच्छ वस्तु

बीड़ I स्त्री० एक के ऊपर एक रखे हुए रुपयों की थाक II वि० घना

बीत स्त्री० नेगियों को दिया जानेवाला पारिश्रमिक

बीतक पुं० बीती हुई घटना, वृत्त

बीफ़ै पुं० बृहस्पतिवार

बीभत्स I वि० घृण्य, गंदा II पुं० वह रस जिसमें घृणा जाग्रत हो

बीभत्सा स्त्री० घृणा

बीमारदारी स्त्री० बीमार की सेवा सुश्रूषा

बीर-बहूटी स्त्री० लाल रंग का रेंगनेवाला एक सुन्दर कीड़ा

बीरी सं० 1 ढरकी के मध्य नली भरकर तागा निकाला जानेवाला छेद 2 लोहे को रखकर छेद किया जानेवाला एक छेंददार लोहे का टुकड़ा

बीसी स्त्री० 1 कोड़ी, बीस चीज़ों का समूह 2 लगभग एक एकड़ की नाप 3 उपज का बीसवाँ भाग

बीहड़ I वि० 1 ऊँचा-नीचा 2 विकट II पुं० ऊबड़-खावड़ भूमि

बुंदकी स्त्री०1 गोल छोटी बिंदी 2 छोटा दाग़ 3 छोटा बुंदा

बुकचा पुं० गठरी

बुकनी स्त्री० चूर्ण

बुक्का पुं० 1 छाती 2 अभ्रक का चूर्ण

बुख़ारचा पुं०1 खिड़की के आगे का छोटा बरामदा 2 कोठरी के अंदर बनी कोठरी

बुगदा पुं० कसाइयों का छुरा

बुग़्ज़ पुं० अन्तर्मन में निहित वैर, विद्वेष

बुज़-कसाब पुं० बकर-कसाब, कसाई

बुड़बुड़ाना अ०क्रि० कुढ़ते हुए बोलना

बुड़भस सं० बूढ़ों की हिरस

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बुड़ीत वि० डूबी हुई रकम
बुत-परस्त पुं० मूर्तिपूजक
बुत-शिकन पुं० मूर्तियाँ तोड़नेवाला
बुताम पुं० 1 बटन की घुंडी 2 बटन
बुत्ता पुं० चकमा, धोखा
बुदबुदाना अ०क्रि० 1 बुलबुला बनना 2 मन में धीरे से बोलना
बुद्ध वि० 1 जागरित 2 ज्ञानी 3 पंडित
बुद्धद्रव्य पुं० बुद्ध भगवान की अस्थियाँ, केश, नख आदि
बुद्धागम पुं० बौद्ध धर्म का शास्त्र
बुद्धिगम्य वि० समझ में आने योग्य
बुद्धिग्राह्य वि०बुद्धि द्वारा ग्रहण किये जाने योग्य
बुद्धिजीवी पुं० वह जो बुद्धि के कामों से जीविका चलाता हो
बुद्धि-प्रामाण्य-वाद पुं० वह सिद्धान्त कि केवल बुद्धिग्राह्य बात मानी जा सकती है
बुद्धि-भ्रंश पुं० बुद्धि का भ्रष्ट हो जाना
बुद्धिमोह पुं० दिमाग़ का काम न करना
बुद्धिलाघव पुं० तुरंत समझ जाना
बुद्धिवाद सं०पुं० 1 यह सिद्धांत कि ज्ञान बुद्धि द्वारा ही प्राप्त होता है 2 बुद्धि-प्रामाण्यवाद
बुद्धिवादी I वि० 1 बुद्धिवाद संबंधी II बुद्धिवाद का अनुयायी
बुद्धि-विलास पुं० 1 बौद्धिक कार्यों में लगकर मन बहलाना 2 कल्पना
बुध पुं० 1 बुद्धिमान और विद्वान 2 सूर्य के समीप में रहनेवाला सौर-जगत का एक नक्षत्र 3 देवता
बुध-चक्र पुं० ज्योतिष में एक चक्र जिससे बुध नक्षत्र की गति का शुभाशुभ फल जाना जाता है
बुध्य वि० जो जाना जा सके
बुनकर पुं० जुलाहा
बुबुकना अ० जोर-जोर से रोना, बुक्का फाड़ना
बुभुक्षा स्त्री० भूख, क्षुधा
बुभुक्षित वि० भूखा
बुभुत्सा स्त्री० किसी चीज को जानने की इच्छा, जिज्ञासा
बुभुत्सु वि० जिज्ञासु
बुरकना स०क्रि० धीरे-धीरे छिड़कना
बुरकी स्त्री० 1 तंत्र-मंत्र में प्रयुक्त होनेवाली राख 2 बुरकी की सहायता से किया जानेवाला जादू या टोना
बुरबक वि० 1 अवस्था के प्रतिकूल गलत आचरण करनेवाला 2 बेवकूफ, मूर्ख
बुराक पुं० वह घोड़ा जिस पर चढ़कर रसूल आकाश में गये थे
बुरादा पुं० 1 वह चूर्ण जो लकड़ी को चीरने पर निकलता है 2 चूर्ण, चूरा
बुर्ज पुं० बाल्कनी
बुर्द I स्त्री० 1 ऊपरी आमदनी, नफ़ा 2 शतरंज के खेल की एक स्थिति 3 प्रतियोगिता की शर्त 4 बरबाद II वि० 1 डूबा हुआ 2 चौपट
बुर्दबार वि०1 बोझा उठानेवाला 2 शान्ति-प्रिय 3 सहनशील
बुर्दाफ़रोस पुं० 1 गुलामों को बेचनेवाला 2 जवान औरतों को भगाकर धन कमानेवाला व्यक्ति
बुर्राक वि०1 चमकीला 2 स्वच्छ 3 धार-दार 4 तेज चलनेवाला 5 चालाक
बुलंदी स्त्री० ऊँचाई
बुलाक पुं० 1 नाक की बीचवाली हड्डी 2 नाक में पहनी जानेवाली नथ 3 नथ में लटकाया जानेवाला लंबा मोती
बुलाह पुं० 1 वह घोड़ा जिसकी गरदन और पूँछ के बाल पीले हों
बुलेटिन पुं० अधिकृत वक्तव्य या विवरण
बुल्ला पुं० बुदबुदा
बुसना अ० क्रि०खाद्य पदार्थ का बासी और

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दुर्गन्धयुक्त होना

बूकना स०1 पीसकर चूर्ण करना 3 अनावश्यक रूप में अपने को प्रदर्शित करना

बूका पुं० नदी के हटने पर बनी भूमि, गंगबरार

बूचा वि० 1 कनकटा 2 अंगहीन 3 अशोभनीय

बूट पुं० 1 चने का हरा पौधा 2 चने का हरा दाना 3 विलायती फीतेवाला जूता

बूड़िया पुं० ग़ोताख़ोर, डुब्बा

बूता पुं० 1 बल, पराक्रम 2 शक्ति, सामर्थ्य

बूबक पुं० मूर्ख व्यक्ति, नासमझ

बूर पुं० 1 खोई 2 पशुओं का कटा हुआ चारा 3 रद्दी चीज़ 4 कपड़ों पर निकले हुए लंबे-रोयें

बृंहण I वि० पोषक, पुष्टिकर II पुं० पोषण

बृहज्जन पुं० नामी, कीर्तिवान, यशस्वी पुरुष

बृहत् वि० बहुत बड़ा

बृहती स्त्री०1 मर्मस्थान जो रीढ़ के दोनों ओर पीठ के मध्य होता है 2 एक प्रकार का वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण में नौ अक्षर होते हैं

बृहत्ता स्त्री० ऊँचाई, श्रेष्ठता

बृहत्ताल पुं० हिंताल

बृहद्भानु पुं० 1 अग्नि 2 सूर्य

बृहस्पति पुं० 1 एक प्रसिद्ध देवता 2 सौर जगत का सबसे बड़ा और पाँचवाँ नक्षत्र

बेंड़ना स०क्रि० रोकना

बेंदी स्त्री० 1 टिकली 2 सिफ़र, सुन्ना 3 माथे पर पहनने का गहना 4 सरों के पेड़ की तरह का चित्रण

बेआबी स्त्री० 1 मलिनता 2 निस्तेजता 3 अप्रतिष्ठा

बेइंतिहा वि० अपार, असीम, बेहद

बेइल्मी स्त्री० नासमझी, अज्ञान

बेएतबारी वि० अविश्वसनीयता

बेऐब वि० निर्दोष, बेगुनाह

बेऔलाद वि० निस्संतान

बेकरार वि० 1 बेचैन, विकल 2 परम उत्सुक

बेकरारी स्त्री० 1 बेचैनी, व्याकुलता 2 परम उत्सुकता

बेकली स्त्री० 1 बेचैनी 2 गर्भाशय का अपने स्थान से हट जाने का रोग

बेकस वि० 1 निःसहाय 2 दीन-हीन

बेखुद वि० जो अपनी सुध-बुध भूला हुआ हो

बेगड़ी पुं० 1 हीरातराश 2 जौहरी 3 नगीनों का कारीगर

बेगम-बेलिया पुं०कई रंगों के फूल देनेवाली एक लता

बेगमी पुं० पान, पनीर या चावल का बढ़िया प्रकार

बेगानगी स्त्री० 1 परायापन 2 अपरिचय

बेग़ैरत वि० निर्लज्ज, बेशर्म

बेचवाल पुं० माल बेचनेवाला

बेची स्त्री०1 बिक्री 2 विक्रय संबंधी लेखा

बेजा वि० अनुचित, असंगत

बेजाब्ता वि० अवैध, कानून विरोधी

बेज़ार वि०1 अप्रसन्न 2 खिन्न 3 विमुख, नाराज़

बेठ पुं० 1. ऊसर भूमि 2 काम से पूर्व लिया हुआ रुपया

बेड़ना अ०क्रि० थाला बाँधना, मेंड़ लगाना

बेड़िन स्त्री० नीच जाति की नाचने-गाने वाली स्त्री

बेढ़ I पुं० 1 नाश, बरबादी 2 अंकुरयुक्त बोया हुआ बीज II स्त्री० थाला, घेरा

बेढ़ई स्त्री० दाल भरी पूड़ी या कचौड़ी

बेढ़ब I वि० 1 भद्दा 2 भोंड़ा II क्रि०वि० 1 अनुपयुक्त 2 अनावश्यक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बेढ़ा पुं॰ 1 हाथ का कड़ा 2 सब्ज़ी बोने-वाला घेरा

बेतक़ल्लुफ़ी स्त्री॰ सरलता, सादगी

बे-तकसीर वि॰ बेगुनाह, निरपराध, निर्दोष

बेतरह क्रि॰वि॰ 1 बुरी तरह से 2 बे-हिसाब

बेतहाशा क्रि॰वि॰ 1 अचानक और तेज़ी से 2 बिना सोचे-समझे

बेताब वि॰ 1 जिसमें धैर्य न हो 2 व्याकुल 3 परम उत्सुक 4 अशक्त

बेतुका वि॰ 1 बेमतलब 2 बेमौका

बेदन पुं॰ पशुओं का संक्रामक भीषण ज्वर

बेदार वि॰ जागा हुआ, जाग्रत तथा सचेत

बेदारी स्त्री॰ जाग्रति

बेदिल वि॰ उदास, खिन्न (बेदिली)

बेदीदा वि॰ 1 अंधा 2 धृष्ट

बेनक़ाब वि॰ 1 नंगा 2 बेशर्म

बेनज़ीर वि॰ अद्वितीय, अनुपम

बेनयाज़ वि॰ जो किसी पर आश्रित न हो

बे-नामी वि॰ अपनी वास्तविक सम्पत्ति पर अपना नाम न चढ़ाकर विश्वसनीय व्यक्ति का नाम दर्ज कराना

बे-नियाज़ वि॰ निस्पृह

बेनी स्त्री॰ वेणी, चोटी

बेबहा वि॰ अमूल्य

बेबाक वि॰ 1 चुकाया हुआ 2 ऋणमुक्त (बेबाकी)

बेम स्त्री॰ जुलाहों की कंघी

बेमग़ज़ वि॰ निर्बुद्धि

बे-मुरव्वत वि॰ बेलिहाज़, तोता-चश्म

बेर-हड्डी स्त्री॰ घुटने के नीचेवाली हड्डी का उभार

बेरा पुं॰ एक में मिला हुआ जौ और चना

बेरी-बेरी पुं॰ एक प्रकार का संक्रामक ज्वर

बेरुख़ी स्त्री॰ नाराज़गी

बे-लज़्ज़त वि॰ 1 स्वाद-रहित 2 नीरस, फीका 3 आनन्दहीन

बेलदार I पुं॰ वह मजदूर जो फावड़ा चलाने का काम करता है II वि॰ जिसमें बेल-बूटे बने हों

बेल-हाशिया पुं॰ धोती के किनारों पर बेल छापने का ठप्पा

बेला स्त्री॰ 1 लहर 2 समय 3 समुद्र-तट

बेलि स्त्री॰ लता

बेलिफ़ पुं॰ दीवानी अदालत का एक कर्मचारी

बे-लुत्फ़ वि॰ बेमज़ा, आनंद-रहित

बे-लौस वि॰ कामना-रहित, पाक-साफ़, सच्चा

बेबरेबाजी स्त्री॰ चालबाजी, चालाकी

बेबरेवार क्रि॰वि॰ब्यौरेवार, विवरणसहित

बेशऊर वि॰ 1 बेसमझ 2 फूहड़

बे-शुबहा अ॰क्रि निःसंदेह, बेशक

बेशोकम वि॰ थोड़ा-बहुत

बेसर स्त्री॰नाक में पहने जानेवाली बुलाक

बे-सरोसामान वि॰ दरिद्र, कंगाल

बे-सलीका वि॰ 1 जिसे काम करने का ढंग न आता हो 2 अशिष्ट, असभ्य

बेसूद वि॰ बेफ़ायदा

बेहंगम वि॰ 1 बेढंगा 2 बेढब 3 विकट

बेहतरी स्त्री॰ 1 अच्छापन 2 भलाई 3 कल्याण, मंगल

बेहनौर पुं॰ वह स्थान जहाँ जड़हन या धान का बीज डाला जाय

बे-हुरमत वि॰ सम्मान-रहित, बेइज्ज़त

बेहूदगी स्त्री॰ बेहूदापन, अशिष्टता

बै स्त्री॰ बिक्री, बेचना

बैज पुं॰ 1 चिह्न, निशान 2 चपरास 3 बिल्ला

बैजा पुं॰ 1 अंडा 2 अंडकोश

बैंजिक I वि॰ 1 बीज-संबंधी 2 मूल संबंधी II पुं॰ 1 अंकुर 2 कारण

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बैड़ाल-व्रत पुं० बिल्ली की तरह ऊपरी सौजन्य प्रकट करना और अन्दर कपट रखना

बैत स्त्री० पद्य के दोनों चरण, मिसरों में से कोई मिसरा

बैतलमाल पुं० लावारिस

बैतुल्लाह (बैत + उल + अल्लाह) 1 खुदा का घर 2 मुसलमानों का तीर्थ, काबा

बैनामा पुं० विक्रय-पत्र

बैरंग वि० (चिट्ठी) जिस पर पूरा टिकट न लगा हो

बैरक I पुं० 1 झंडी 2 अपनी विजित भूमि पर गड़ा हुआ झंडा II स्त्री० छावनी में सैनिकों की इमारत

बैरा पुं० 1 बीज डालने के लिए हल के मूठ में बांधा जानेवाला चोंगा 2 मेहराब बनाते समय मजबूती के लिए खाली जगहों पर लगाया जानेवाला पदार्थ 3 होटलों में अभ्यागतों को खाना पहुँचानेवाला व्यक्ति

बैरोमीटर पुं० वायुदाब की सूचना देने-वाला एक वैज्ञानिक उपकरण

बोंहड़ा पुं० व्यापार

बोगस वि० 1 रद्दी 2 कृत्रिम 3 झूठा, नकली

बोटा पुं० 1 कुंदा 2 लकड़ी का बड़ा टुकड़ा

बोड़री स्त्री० तोंदी, नाभि

बोता पुं० ऊँट का बच्चा

बोद्धव्य वि० ध्यान देने योग्य 2 जाग्रत करने योग्य

बोधगम्य वि० समझ में आने योग्य

बोधयिता पुं० 1 जगानेवाला 2 शिक्षा देनेवाला

बोधवासर पुं० देवोत्थान एकादशी

बोधितव्य वि० जानने योग्य

बोधिसत्व पुं० वह जो बुद्धत्व प्राप्त करने का अधिकारी हो पर बुद्ध न हो पाया हो

बोधी वि० जाननेवाला, जानकार

बोनस पुं० लाभ में से बाँटा जानेवाला अतिरिक्त धन

बोबा I पुं० 1 स्तन 2 माँ का दूध पीकर ही रहनेवाला बच्चा II वि० निरा मूर्ख

बोरसी स्त्री० अँगीठी

बोर्जुआ पुं० वह आदमी जो स्वार्थी और लोभी होने के साथ ही प्राचीन प्रथाओं को मान्यता देता हो और अपने को प्रतिष्ठित मानता हो

बोलपट पुं० ऐसा चलचित्र जिसमें कथनो-पकथन और गीत सुनायी पड़ते हों

बोलीदार पुं० ऐसा असामी जिसे जोतने की भूमि बिना लिखा-पढ़ी के दी जाय

बोल्शेविज्म पुं० रूस का यह सिद्धांत कि अपनी प्रजा और सम्पत्ति पर राष्ट्र का पूरा-पूरा अधिकार होता है

बोसा पुं० चुंबन

बोहित, बोहित्थ पुं० नाव, जहाज

बौखलाहट स्त्री० सनकीपन

बौड़म पुं० पागल, सनकी

बौड़हा वि० बावला, पागल (बौड़ही)

बौद्धिक वि० 1 बुद्धि संबंधी 2 बुद्धि द्वारा ग्रहण किये जाने योग्य

बौराना अ० क्रि० 1 पागल हो जाना, सनक जाना 2 विवेकरहित होकर उन्मत्त होना

ब्याजू वि० 1 ब्याज संबंधी 2 सूद पर लगा हुआ धन

ब्याना स० क्रि० मादा पशुओं का बच्चा जनना

ब्यारी स्त्री० हलकी-हलकी हवा

ब्यालू पुं० रात का भोजन

ब्योंत I स्त्री० कपड़े को काटकर फिर सीकर पहनने का भाव II क्रि० वि० 1 बैठना, बैठाना 2 तराश करने का ढंग 3 तरीका 4 उपाय 5 इन्तजाम, व्यव-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्था, तैयारी

ब्योरेवार वि० विवरण-युक्त, विस्तार के साथ

ब्रह्म पुं० 1 निराकार ईश्वर 2 ब्रह्मा 3 ब्राह्मण 4 वेद

ब्रह्म-कन्यका स्त्री० ब्रह्मा की कन्या, सरस्वती

ब्रह्म-गति स्त्री० 1 मुक्ति 2 मृत्यु

ब्रह्म-ग्रंथि स्त्री० जनेऊ में लगायी जानेवाली मुख्य गाँठ (ब्रह्मगाँठ)

ब्रह्म-घोष पुं० 1 वेद ध्वनि 2 वेदपाठ

ब्रह्म-चक्र पुं० 1 संसार चक्र 2 एक तरह का मायावी चक्र

ब्रह्मज I वि० जो ब्राह्मण से उत्पन्न हुआ हो II पुं० 1 यह जगत जो ब्रह्मा से उत्पन्न माना गया है 2 कार्तिकेय

ब्राह्मण्य I वि० 1 ब्राह्मण से संबंध रखने वाला 2 ब्रह्म-संबंधी 3 शिष्ट समाज के उपयुक्त II पुं० 1 ब्राह्मण होने की अवस्था

ब्रह्म-दाता पुं० वेद पढ़ानेवाला आचार्य

ब्रह्म-दान पुं० वेद पढ़ाना

ब्रह्म-दिन पुं० ब्रह्मा का एक दिन जो 100 चतुर्युगियों का माना जाता है

ब्रह्मदेय पुं० ब्राह्मण को दान में दी जाने-वाली वस्तु

ब्रह्म-देया स्त्री० विवाह में दी जानेवाली कन्या

ब्रह्म-पद पुं० 1 ब्रह्मत्व 2 ब्राह्मणत्व 3 मुक्ति या मोक्ष

ब्रह्मनिष्ठ वि० 1 ब्राह्मणों के प्रति निष्ठा रखनेवाला 2 ब्रह्मज्ञान से सम्पन्न

ब्रह्मपाश पुं० ब्रह्मा का दिया हुआ फंदा, ब्रह्मफांस

ब्रह्मप्राप्ति स्त्री० मृत्यु

ब्रह्म-बंधु पुं० कर्महीन ब्राह्मण, पतित ब्राह्मण

बम्हभट्ट पुं० वेदों का ज्ञाता

ब्रह्मभूय पुं० 1 ब्रह्मत्व 2 मुक्ति, मोक्ष

ब्रह्म-भोज पुं० ब्राह्मणों का भोजन

ब्रह्ममूहूर्त पुं० बहुत तड़के

ब्रह्म-योनि स्त्री० 1 ब्रह्म की प्राप्ति हेतु किया गया ध्यान 2 सरस्वती

ब्रह्म-रंध्र पुं० हठयोग में मस्तिष्क के ऊपरी भाग में माना जानेवाला वह छेद जहाँ पर सुषुम्ना, इंगला और पिंगला तीनों नाड़ियाँ मिलती हैं और ऐसा कहा जाता है कि पुण्यात्मा लोगों के प्राण इसी को भेदकर निकलते हैं

ब्रह्म-राक्षस पुं० प्रेत-योनि में गया हुआ ब्राह्मण

ब्रह्म-रात्र पुं० रात के अन्तिम चार दंड, 'ब्रह्ममूहूर्त'

ब्रह्म-रेखा स्त्री० पुराणानुसार ललाट पर ब्रह्म द्वारा लिखी हुई भाग्य-रेखा

ब्रह्मर्षि-देश पुं० वह प्राचीन भू-भाग जिसके अन्तर्गत कुरुक्षेत्र, मत्स्य, पांचाल और शूरसेन जनपद स्थित थे

ब्रह्मवक्ता पुं० वेद का अध्यापक

ब्रह्मवर्चस पुं० ब्रह्मतेज

ब्रह्मवाणी I वि० ब्रह्मवाद संबंधी II जो सारे विश्व को ब्रह्ममय मानता हो

ब्रह्मविद्या स्त्री० 1 वह विद्या जिसके द्वारा ब्रह्म का ज्ञान होता है 2 उपनिषद् विद्या

ब्रह्म-वैवर्त पुं० 1 वह प्रतीति जो ब्रह्म के कारण हो 2 जगत् जिसकी प्रतीति और सृष्टि ब्रह्म के द्वारा होती है

ब्रह्म-शासन पुं० 1 वेद या स्मृति की आज्ञा 2 ब्राह्मणों को दान में मिली हुई भू-सम्पत्ति

ब्रह्म-सत्र पुं० विधिपूर्वक किया जानेवाला वेदपाठ, ब्रह्मयज्ञ

ब्रह्मसूत्र पुं० यज्ञोपवीत, जनेऊ

ब्रह्मस्व पुं० 1 ब्रह्म का अंश 2 ब्राह्मण का धन

CC-0. In Public Domain

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ब्रह्मांडकिरण स्त्री० अंतरिक्ष किरण, विश्वक किरण

ब्रह्माक्षर पुं० ऊँकार मंत्र

ब्रह्माणी स्त्री० 1 ब्रह्मा की पत्नी 2 ब्रह्म की शक्ति

ब्रह्मास्त्र पुं० 1 ब्रह्म-शक्ति से परिचालित होनेवाला अमोघ अस्त्र 2 मंत्र से पवित्र करके चलाया जानेवाला अस्त्र

ब्रह्मिष्ठ वि० वेदों को पूर्ण ज्ञाता

ब्राह्मणिक वि० ब्राह्मण संबंधी

ब्राह्मण्य पुं० 1 ब्राह्मण का धर्म 2 ब्राह्मण वर्ग

ब्राह्मी स्त्री० 1 दुर्गा 2 एक प्राचीन लिपि 3 सरस्वती

भ

भंकार पुं० 1 भीषण शब्द 2 भनभनाहट

भंक्ता पुं० भंग करनेवाला

भंगड़ पुं० बहुत भंग पीनेवाला

भंग-रेखा स्त्री० चित्रकला की वह टेढ़ी रेखा जो आकर्षक एवं कलात्मक हो

भँगार पुं० 1 वह गड्ढा जो बरसात के दिनों में भर जाता है 2 वह गड्ढा जो कुआँ बनाते समय पहले खोदा जाता है, घास-फूस 4 कूड़ा-करकट

भंगि-भंगिमा स्त्री० भंग होने की अवस्था, विच्छेद 2 कुटिलता, टेढ़ापन 3 शरीर के संचालन की ऐसी मुद्रा जो किसी मनोभाव का सूचक हो 4 तरंग

भंगुर वि० 1 भंग होनेवाला 2 नाशवान

भंगेड़ी पुं० जिसे भाँग पीने की लत हो

भंग्य वि० जो भंग किया जा सके अथवा भंग किये जाने को हो

भंजक वि०भंग करनेवाला, तोड़ने-फोड़नेवाला

भंजन I पुं० 1 भंग करना 2 तोड़ना-फोड़ना 3 ध्वंश, नाश **II** वि० भंजक

भँजना अ० क्रि० 1 भग्न होना, टुकड़े-टुकड़े होना 2 भाँजा या मोड़ा जाना 3 तहों के रूप में मोड़ा जाना 4 इधर-उधर घुमाया जाना

भँजनी पुं० करघे की वह लकड़ी जो ताने को विस्तृत करने के लिए उसके किनारों पर लगायी जाती है

भँड़-ताल पुं० एक नाच जिसमें एक आदमी गाता है और शेष सभी समाजी तालियाँ बजाते हैं

भँड़-तिल्ला पुं० 1 भँड़-ताल 2 आडम्बरपूर्ण काम

भँड़ना स० क्रि०1 क्षति पहुँचाना 2 ख़राब करना, बिगाड़ना 3 तोड़ना-फोड़ना

भँड़रिया I स्त्री० दीवारों में बनी हुई खानेदार तथा पल्लोंवाली छोटी आलमारी **II** वि० 1 ढोंगी 2 चालाक

भँड़साल स्त्री० अन्न इकट्ठा करके रखने का स्थान, खत्ती, खत्ता

भँड़ाना स० क्रि० 1 उछल-कूद मचाना, ऊपद्रव करना 2 तोड़ना-फोड़ना

भंडित वि० तिरस्करणीय

भंडिमा स्त्री० छल, कपट

भँडेरिय़ापन पुं० 1 ढोंग, मक्कारी 2 चालाकी, धूर्तता

भँडेहर स्त्री० 1 मिट्टी के छोटे-छोटे बर्तन 2 घड़े के आकार के बर्तनों के एक के ऊपर एक रखी थाक 3 लाक्षणिक अर्थ में, ऐसी अलंकृत वस्तु जो देखने में भद्दी लगती हो

भँड़ौआ पुं० 1 भाँड़ों का गीत 2 व्यंग्य या हास्य युक्त ऐसी कविता या गीत जो गाने योग्य न हो

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भँभीरा पुं० एक प्रकार का बरसाती फतिंगा

भँभीरी स्त्री० 1 पीले रंग का पारदर्शक फतिंगा 2 फिरकी

भँभो स्त्री० 1 स्थूलकाय स्त्री 2 मोटी औरत

भँभोड़ना पुं० नोच-खसोट कर क्षत-विक्षत करना

भँवर-जाल पुं० संसार और उसके झगड़े-बखेड़े, भ्रमजाल

भँवर-भीख स्त्री० चारों ओर घूम-घूमकर प्राप्त की हुई भिक्षा

भँवरी स्त्री० 1 पानी का चक्कर 2 एक अंग पर गुंथे बाल 3 फेरी

भकरूँड पुं० छिन्न-भिन्न या कटा हुआ धड़

भकसाना स० क्रि० इस प्रकार सड़ाना कि दुर्गन्ध निकलने लगे

भकाऊँ पुं० हौवा

भकुआ वि० 1 मूर्ख, मूढ़ 2 बहुत घबराया हुआ

भकुड़ा पुं० वह मोटा गज जिससे तोप में बत्ती आदि ठूंसी जाती है

भकुड़ाना स० क्रि० 1 लोहे के गज से तोप के मुंह में बत्ती भरना 2 लोहे के गज से तोप का नल साफ़ करना

भकोसना स० क्रि० 1 बहुत बड़े-बड़े तथा एक पर एक कौर मुंह में ठूंसते चलना 2 लाक्षणिक अर्थ में बहुत बड़ी संपत्ति हज़म करना या खा-पी जाना

भकोसू वि० 1 भकोसनेवाला, अधिक खानेवाला 2 संपत्ति खा-पी जानेवाला भुक्खड़

भक्त-भतसल वि० जो भक्तों पर कृपा करता और स्नेह रखता हो

भक्तिकर वि० भक्तिभाव पैदा करनेवाला

भक्तिप्रवण वि० भक्ति में लीन

भक्तिभाजन वि० श्रद्धेय

भक्तिवाद पुं० यह सिद्धांत कि भक्ति के द्वारा ईश्वर और मोक्ष को प्राप्त किया जा सकता है

भक्षण पुं० भोजन करना, खाना

भगंदर पुं० गुदावर्त्त के किनारे का एक फोड़ा जो नासूर के रूप में होता है

भग I पुं० 1 इच्छा, कामना 2 ऐश्वर्य 3 माहात्म्य 4 कांति 5 सौभाग्य 6 धर्म 7 मोक्ष 8 छः प्रकार की विभूतियाँ II स्त्री० स्त्रियों की योनि

भगकाम वि० संभोग की इच्छा करनेवाला

भगण पुं० 1 खगोल में ग्रहों का पूरा चक्कर जो 360 अंश का होता है 2 छंद शास्त्र में तीन वर्णों का एक गण जिसका आदि का वर्ण गुरु और अन्त के दो वर्ण लघु होते हैं (ऽ।।)

भगर पुं० 1 सड़ा हुआ अन्न 2 =भगल

भगल पुं० 1 छल, कपट 2 आडम्बर, ढोंग, धोखा 3 इन्द्रजाल, जादू 4 किसी नकली चीज को असली बताकर ठगने की क्रिया का भाव

भगलिया पुं० 1 ढोंगी, पाखंडी 2 कपटी, छलिया 3 जादूगर 4 लोगों का विश्वास-भाजन बनकर ठगनेवाला

भगवत् I वि० 1 ऐश्वर्यशाली 2 पूज्य, मान्य II पुं० भगवान्

भगवद्भाव पुं० भक्ति

भगवद्विग्रह पुं० भगवान की मूर्ति

भगवा वि० गेरू के रंग की तरह लाल

भगांकुर पुं० अर्श रोग, बवासीर

भगाड़ पुं० पोली ज़मीन के धँसने पर होनेवाला गड्ढा

भगाल पुं० खोपड़ी (मनुष्य की)

भगिनिका स्त्री० छोटी बहन

भगिनी स्त्री० बहन

भगेड़ू, भगेलू वि० 1 भागनेवाला, भगोड़ा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

2 कायर, कामचोर

भगोड़ा पुं० 1 वह जो कहीं से छिप या डरकर भाग गया हो 2 वह जो दण्ड भोगने के भय से भाग गया हो 3 कायर या डरपोक व्यक्ति

भग्गा वि० वह जो अपने प्रतिद्वंद्वी से डरकर भाग गया हो (पशु या पक्षी)

भग्गू वि० 1 जो विपत्ति देखकर भागता हो, भागनेवाला 2 कायर, डरपोक

भग्न I वि० 1 टूटा हुआ, खंडित 2 हारा हुआ, पराजित II पुं० =विभंग

भग्नसंधि स्त्री० हड्डी का जोड़ पर से टूट जाना

भग्नावशेष पुं० खँडहर

भजनीय वि० 1 जिसे भजना उचित हो 2 जिसका आश्रय लेना उचित हो

भजमान वि० 1 विभाग करनेवाला 2 सेवा करनेवाला

भट पुं० 1 योद्धा 2 पहलवान, मल्ल 3 सिपाही, सैनिक

भटका पुं० 1 व्यर्थ घूमने की क्रिया 2 चक्कर

भटकैया पुं० भटकनेवाला 2 भटकानेवाला

भटधर्मा वि० वीर धर्म का पालन करनेवाला, सच्चा वीर

भटभटी स्त्री० 1 चकाचौंध 2 भटकना

भटियारी स्त्री० 1 संपूर्ण जाति की एक संकर रागिनी जिसमें ऋषभ कोमल लगता है 2 भठियारिन

भट्टारक I वि० पूज्य, माननीय II पुं० 1 राजा 2 देवता

भट्टिनी स्त्री० नाटकीय भाषा में राजा की वह पत्नी जिसका अभिषेक न हुआ हो

भठियारखाना पुं० 1 भठियारों के रहने का स्थान 2 ऐसी जगह जहाँ पर बहुत ज्यादा शोर-गुल हो 3 कमीने तथा असभ्य लोगों की बैठक (भठियार)

भठुली स्त्री० ठठेरों की मिट्टी की बनी हुई वह भट्ठी जिसमें गढ़ने से पहले चीजें तपाते या लाल करते हैं

भडंग पुं० 1 आडम्बर 2 भाँड़पन

भड़भड़ स्त्री० 1 आघातों का शब्द 2 व्यर्थ की बातें और हो-हल्ला 3 भीड़-भाड़

भड़भड़िया वि० 1 बहुत ज़्यादा व्यर्थ की बातें करनेवाला आदमी, गप्पी 2 भेद को न छिपाकर दूसरों के सामने कह देनेवाला 3 डींग मारनेवाला

भड़री स्त्री० अनाज की मड़ाई हो जाने के बाद भी पौधों में बचा हुआ अन्न, गँठा

भड़साई स्त्री० भड़भूजे की भट्ठी

भड़सार स्त्री० वह ताक जिसमें पकाया हुआ भोजन रखा जाता है

भड़ाल पुं० योद्ध, वीर

भड़ी स्त्री० भड़काने की क्रिया या भाव

भड़ैत पुं० 1 किरायेदार 2 भाड़े पर दूसरों का काम करनेवाला व्यक्ति

भड़ोलना स० क्रि० रहस्य प्रकट कर देना, भेद बता देना

भड्डरी पुं० शकुन बतानेवाला

भणित I वि० जो कहा गया हो II कही हुई बात, उक्ति

भणिति स्त्री० 1 किसी की कही हुई बात 2 उक्ति, कथन 3 कहावत, लोकोक्ति 4 वाणी

भदंत I वि० 1 पूजित, सम्मानित 2 सन्यस्त II पुं० बौद्ध भिक्षु

भदई I वि० 1 भादों का 2 भादों में होनेवाला II स्त्री० भादों में तैयार होनेवाली फ़सल

भदेस पुं० ऐसा देश जो आहार-विहार जलवायु आदि के विचार से खराब हो, खराब या बुरा देश

भदेसिया वि० 1 भदेस में रहने या होने-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वाला 2 गँवार 3 भद्दा, भोंड़ा

भदैला वि० भादों मास में उत्पन्न होनेवाला, भादों का

भद्रंकर वि० मंगलकारक, शुभ

भद्र-अवज्ञा स्त्री० सविनय कानून भंग

भद्रकाली स्त्री० दुर्गा

भद्रगणित पुं० बीजगणित की वह शाखा जिसमें चक्रविन्यास की सहायता से गणना की जाती है

भद्रता स्त्री० शिष्टता

भद्रमुख I वि० 1 जो देखने में भला आदमी जान पड़े, भलामानस 2 सुन्दर II पुं० श्रीमान् जी

भद्रवेश वि० मुंडित

भद्रा स्त्री० 1 कल्याणकारी शक्ति 2 आकाशगंगा 3 गौ 4 फलित ज्योतिष का एक अशुभ योग

भद्राकरण पुं० सिर मुंड़ाना, मुंडन

भद्रानंद पुं० संगीत की एक प्रकार की स्वर-साधना प्रणाली

भद्रावह वि० कल्याणकारी

भद्रेश पुं० शिव

भनपैरा वि० खराब और बुरे पैरोंवाला

भपाड़ा I पुं० छल II क्रि०प्र० में पड़ना, में आना

भब्भड़ पुं० 1 भीड़-भाड़ 2 झगड़े-बखेड़े का काम, व्यर्थ का काम

भभकी स्त्री० झूठी धमकी

भभरना अ०क्रि०1 भयभीत होना 2 घबरा जाना 3 धोखे या भ्रम में पड़ना 4 कांतिहीन या विवर्ण होना 5 रंगहीन होना 6 हरहराकर गिर पड़ना

भभू स्त्री० छोटे भाई की स्त्री, छोटी भौजाई

भभूका I पुं० आग की लपट, ज्वाला II खूब तपा हुआ, लाल

भभूत I स्त्री०1 शिवलिंग के समक्ष जलनेवाली आग जिसे शैव लोग अपनी भुजाओं और मस्तक पर भस्म के रूप, में लगाते हैं II क्रि०प्र०1 मलना, रमना, लगाना 2 विभूति

भयप्रतिकार पुं० भय दूर करना

भयहारी वि० डर दूर करनेवाला

भय-हेतु पुं० भय का विषय, वह जिसके कारण भय उत्पन्न होता है

भयातुर वि० डर के मारे घबराया हुआ

भयादोहन पुं० किसी को भय दिखलाकर उसे डरा-धमकाकर उससे लाभ उठाने की क्रिया या भाव

भयापह I वि० भय को दूर करनेवाला II पुं० विष्णु

भयावह वि०जिसे देखने से डर लगे, भयजनक, भयंकर, डरावना

भरका पुं० 1 वह ज़मीन जिसकी मिट्टी काली और चिकनी हो, परन्तु सूख जाने पर सफेद और भुरभुरी हो जाय 2 जंगल पहाड़ का वह गड्ढा जहाँ चोर छिपते हैं 3 छोटा नाला 4 जमीन का छोटा टुकड़ा

भरट पुं० 1 कुम्हार 2 सेवक, नौकर

भरणी स्त्री० एक त्रिकोण नक्षत्र

भरण्य पुं० 1 मूल्य, दाम 2 वेतन, तनख्वाह 3 नौकर, सेवक 4 मजदूर

भरण्या स्त्री० 1 वेतन, मजदूरी 2 पत्नी, जोरू

भरतज्ञ वि० नाट्यशास्त्र का ज्ञाता

भरत-वाक्य पुं० संस्कृत नाटकों के अन्त में वह पद्य जिसमें नाट्यशास्त्र के जन्मदाता भरतमुनि का आशीर्वाद दिया जाता है

भरतार पुं० 1 पति 2 स्वामी

भरनी स्त्री० 1 भरने या भरे जाने की क्रिया या भाव 2 वह चीज़ जो भरी जाय 3 खेतों की सिंचाई 4 करघे की

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ढरकी, नार 5 बुनाई में वाने का सूत 6 गारुड़ी मंत्र

भर-पाई स्त्री० वह स्थिति जिसमें किसी से कुल प्राप्य धन वसूल हो जाय, वसूली हेतु कुछ भी अवशेष न बचना

भरभराना अ० क्रि० 1 रोएँ खड़ा होना 2 जल भर आना 3 विह्वल होना

भरभराहट स्त्री० 1 भरभराने की अवस्था 2 सूजन

भरहरना अ० क्रि० अस्त-व्यस्त या तितर-बितर करना

भरित वि० 1 भरा हुआ 2 जिसका भरण-पोषण किया गया हो

भरेठ पुं० दरवाजे के ऊपर लगी हुई लकड़ी जिसके ऊपर दीवार उठाई जाती है जिसे 'पटाव' भी कहा जाता है

भरौती स्त्री० 1 भरने या भराने की क्रिया 2 वह रसीद जिसमें भरपाई लिखी गयी हो, भरपाई का काग़ज़

भर्जन पुं० भूनना

भर्तव्य वि० 1 जो वहन किया जा सके 2 जिसका भरण-पोषण किया जा सके, पालनीय

भर्ता I वि० 1 भरण-पोषण करनेवाला II पुं० 1 स्त्री का पति 2 मालिक, स्वामी, पति

भर्तृदारिका स्त्री० राजकुमारी

भर्तृमती स्त्री० सधवा स्त्री, सौभाग्यवती

भर्त्सक पुं० डाँटने-फटकारनेवाला

भर्त्सन पुं० डाँट-फटकार

भर्त्सित वि० जिसकी भर्त्सना हुई हो

भर्य वि० भरण-पोषण के योग्य

भर्रा पुं० 1 झाँसा, दमबुत्ता 2 पक्षियों की उड़ान

भलभल स्त्री० किसी तरल पदार्थ के बहने का शब्द

भल्ल पुं० भाला

भल्लक पुं० भालू

भल्लाक्ष वि० जिसे कम दिखायी देता हो, मंददृष्टि

भल्लुक पुं० भालू

भव पुं० 1 उत्पत्ति, जन्म 2 संस्कार 3 शिव

भव-कूप पुं० संसाररूपी कुआँ, जिसमें लोग अँधेरे में रहकर कष्ट भोगते हैं

भव-केतु पुं० पुच्छल-तारा, जिसके दिखायी पड़ते रहनेवाले माह तक अकाल या महामारी का प्रकोप बराबर बना रहता है

भव-चाप पुं० शिवजी का धनुष, पिनाक

भव-जाल पुं० सांसारिक प्रपंच

भव-धारा स्त्री० संसार-चक्र

भवनीय वि० 1 भविष्य में होनेवाला 2 आसन्न, सन्निकट

भव-भंग पुं० आवागमन से होनेवाली छुट्टी, मोक्ष

भवभय पुं० जन्म-जन्मांतर में आने का भय

भव-भाव पुं० भौतिक बातों के प्रति होनेवाला प्रेम

भवभूति I स्त्री० ऐश्वर्य, II पुं० संस्कृत के एक कवि

भव-रस पुं० सांसारिक बातों के प्रति होनेवाला अनुराग और उनसे मिलनेवाला सुख

भवशेखर पुं० चंद्रमा

भवसिंधु, भवांबुधि पुं० संसाररूपी सागर

भावाचल पुं० कैलास पर्वत

भवितव्य स्त्री० 1 होनी, होनहार 2 भाग्य

भविष्य-गुप्ता स्त्री० वह गुप्ता नायिका जो रति में प्रवृत्त होनेवाली हो और पहले से उसे छिपाने का प्रयत्न करे, भविष्य सुरति गुप्ता

भविष्यद्वक्ता, भविष्यद्वादी पुं० आगे

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

की बातें बतानेवाला, ज्योतिषी

भविष्य-निधि स्त्री० 1 भविष्य के लिए संचित आवश्यक निधि या कोश 2 सेवा-मुक्ति के बाद दिया जानेवाला संचित कोश या धनराशि 3 वह धनागार जिसमें भविष्य के लिए समय-समय पर धनराशि जमा की जाती है

भवेश पुं० संसार के स्वामी, परमेश्वर

भव्य वि० 1 शानदार 2 शुभ 3 सत्य 4 लायक 5 भावी 6 जिसे जन्म धारण करना पड़ता हो

भसिंड, भसींड स्त्री० कमल की नाल

भसुर पुं० भाई ससुर

भस्त्रा स्त्री० आग सुलगाने की भाथी

भस्मसात् वि० जो जलकर राख हो गया हो, भस्मीभूत

भस्मित वि० 1 जलाया हुआ 2 जो जलकर भस्म हो चुका हो

भस्मीकरण पुं० जलाकर राख कर देना

भस्मीभूत वि० जो जलकर राख हो गया हो

भस्सी स्त्री० कोयले चूने आदि का महीन चूर्ण

भहराना अ०क्रि० 1 एकाएक गिर पड़ना 3 किसी पर अचानक टूट पड़ना 3 किसी काम में सारी शक्ति लगाकर जोरों से लगना

भांजना स०क्रि० 1 तह करना, मोड़ना 2 (तलवार या मुग्दर) इधर-उधर घुमाना 3 दो या कई लटों को एक में करके बटना या मरोड़ना

भांजी स्त्री० ऐसी बात जो जान-बूझकर किसी का काम बिगाड़ने के लिए किसी दूसरे आदमी से कही जाय

भांड पुं० 1 पात्र, बरतन 2 मूलधन, पूंजी

भांडागार पुं० 1 वह कोठरी जिसमें विशेषत: घरेलू उपयोग की चीजें ही रखी जाती हैं 2 भंडार

भांडागारिक पुं० भंडार का प्रधान अधिकारी, भंडारी

भांडार-पाल पुं० 1 भंडार का मुख्य अधिकारी 2 भंडार का स्वामी, भंडारी

भांयँ-भांयँ पुं० 1 नितान्त एकान्त स्थान में हवा के चलने से होनेवाला शब्द 2 ऐसी परिस्थिति जिसमें बहुत सूनापन जान पड़े

भांवर I स्त्री० 1 चारों ओर घूमना, घुमरी लेना 2 परिक्रमा, फेरी 3 विवाह हो चुकने पर वर और बधू के द्वारा की जानेवाली अग्नि की परिक्रमा

II क्रि०प्र० 1 पड़ना, पारना, फिरना, लेना 2 हल जोतने के समय एक बार खेत के चारों ओर घूम आना

III पुं० भौंरा (भाँवरी)

भागधेय पुं० 1 तकदीर, किस्मत, भाग्य 2 कर के रूप में राजा को दिया जानेवाला धन 3 सगोत्र या सपिंड लोग, दायाद

भाग-फल पुं० भाग देने पर प्राप्त होनेवाली संख्या

भागवत I वि० 1 विष्णु संबंधी 2 विष्णु की उपासना करनेवाला II पुं० 1 हरि-भक्त 2 वैष्णव 3 एक छंद जिसके प्रत्येक चरण में 13 मात्राएँ होती हैं

भागहारी I वि० हिस्सेदार II पुं० उत्तराधिकारी

भागार्ह वि० 1 विभक्त होने के योग्य 2 जिसे अपना हिस्सा प्राप्त करने का अधिकार हो

भागिक वि० 1 हिस्से से संबंध रखनेवाला 2 हिस्से के रूप में होनेवाला

भागिता स्त्री० 1 भागीदार होने की अवस्था 2 वह स्थिति जिसमें दो या दो से अधिक लोग मिलकर व्यापार चलाते हैं

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भागिनेय पुं० बहन का लड़का, भानजा

भाग्य-लिपि स्त्री० भाग्य में लिखी हुई बातें

भाग्य-पत्रक पुं० किसी धन या संपत्ति के बँटवारे में दो से अधिक परचियों में से चुनी हुई एक

भाग्य-भाव पुं० जन्म-कुंडली में जन्म लग्न से नवाँ स्थान जहाँ से मनुष्य के भाग्य का विचार किया जाता है

भाग्यवाद पुं० यह सिद्धान्त कि भाग्य में जो कुछ भी लिखा होगा वह अवश्य ही होगा (भाग्यवादी)

भाग्य-विप्लव पुं० अच्छे भाग्य का बिगड़कर बुरा होना, दुर्भाग्य

भाग्य-संपद स्त्री० अच्छा भाग्य, सौभाग्य

भाजक I वि० 1 विभाग करनेवाला 2 बाँटनेवाला II पुं० गणित की वह राशि जिसमें भाज्य को भाग दिया जाता है

भाजकांश पुं० वह संख्या जिससे किसी राशि को भाग देने पर कुछ शेष न बचे, गुणनीयक

भाजन पुं० 1 बरतन 2 आधार 3 किसी काम का अधिकारी या पात्र 4 आढ़क नामक तौल 5 भाग करना

भाजनता स्त्री० पात्रता, योग्यता

भाजित वि० 1 बाँटकर अलग किया हुआ, विभक्त 2 जिसको दूसरी संख्या से भाग दिया जाय

भाज्य पुं० 1 जिसका विभाजन हो सके, वह संख्या जिसका भाजक से भाग किया जाता है

भाटक पुं० 1 भाड़ा, किराया 2 लगन

भाटा पुं० समुद्र के जल के चढ़ाव के बाद उतरने की क्रिया

भाठ पुं० 1 चढ़ाव के समय नदी के द्वारा लायी हुई मिट्टी 2 नदी के दो किनारों के बीच की भूमि

भाठी स्त्री० 1 नदी या समुद्र के पानी का उतार 2 भट्ठी

भाण पुं० एक अंक का हास्यरस प्रधान नाटक जिसमें एक पात्र किसी कल्पित व्यक्ति से वार्तालाप करता है

भाणिका स्त्री० एकांकी या छोटा नाटक जिसका नायक मंदगति और नायिका प्रगल्भा होती है

भाति स्त्री० 1 शोभा, कांति 2 चमक, दीप्ति

भाथा पुं० 1 तरकस 2 बड़ी भाथी

भाथी स्त्री० धौंकनी

भाद्रपदा स्त्री० एक नक्षत्रपुंज

भाद्र-मातुर वि० जिसकी माता सती हो, सती का पुत्र

भानमती स्त्री० जादू के खेल दिखानेवाली

भानवीय वि० भानु या सूर्य सम्बन्धी, भानु का

भानुजा स्त्री० 1 यमुना 2 राधिका

भानु-तनया स्त्री० यमुना (नदी)

भानु-मत् वि० 1 प्रकाशमान, चमकीला 2 सुंदर

भानु-सुत पुं० 1 यम 2 कर्ण

भानु-सुता स्त्री० यमुना (नदी)

भाभरी स्त्री० 1 गरम राख, भूभल 2 रास्ते की धूल, पालकी ढोनेवाले कहार

भा-मंडल पुं० 1 प्रकाशमान पिंडों के चारों ओर कुछ दूरी तक दिखायी देनेवाला मंडलाकार प्रकाश 2 परिवेश, प्रभा-मंडल

भामा स्त्री० 1 स्त्री 2 क्रुद्ध स्त्री

भामिनी स्त्री० 1 कामिनी 2 बहुत जल्दी क्रुद्ध हो जानेवाली स्त्री 3 मोदक नामक छन्द का दूसरा नाम

भायप पुं० 1 भाईपन, भ्रातृत्वभाव 2 भाई-चारा

भारक्षम वि० भार उठाने में समर्थ

भारजीवी पुं० भार ढोकर जीविकोपार्जन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

करनेवाला मजदूर, भारवाहक

भारती स्त्री० 1 वचन, वाणी 2 एक प्रकार की साहित्यिक वृत्ति, जिसका प्रयोग रौद्र तथा वीभत्स में किया जाता था, लेकिन आजकल तो इसका प्रयोग रसाभिनय से जोड़ा गया है

भार-तुला स्त्री० वास्तुविद्या के अनुसार स्तंभ के नौ भागों में से पाँचवाँ बीच-वाला भाग

भार-धारक पुं० वह जो भार, विशेषतः कार्यभार, धारण कर रहा हो

भार-प्रमाणक पुं० वह प्रमाणक जो इस बात का सूचक हो कि अमुक व्यक्ति ने दूसरे को अमुक पद, कर्तव्य का भार सौंप दिया है

भारमापी पुं० एक प्रकार का यंत्र जिससे पदार्थों का विशिष्ट गुरुत्व या तुलनात्मक भार जाना जाता है

भारमिति स्त्री० तरल या घन पदार्थों का भार जानने की कला

भारवाह I वि० 1 भार ढोनेवाला 2 कार्य-भार को वहन करनेवाला II पुं० बहँगी ढोनेवाला व्यक्ति

भाराक्रांत वि० 1 जिसके ऊपर किसी प्रकार का बड़ा भार हो 2 भार से पीड़ित

भाराक्रांता स्त्री० एक प्रकार के वर्णिक वृत्त का नाम जिसके प्रत्येक चरण में नगण (।।।) भगण (ऽ।।) रगण (ऽ।ऽ) सगण (।।ऽ) और एक लघु, एक गुरु होते हैं और चौथे, छठे तथा सातवें वर्ण पर यति होती है

भाराक्रांति स्त्री० 1 भाराक्रांत होने की अवस्था 2 रेहन रखकर संपत्ति पर देन का भार रखना (हाइपॉथिकेशन)

भारिक वि० 1 बोझ ढोनेवाला 2 जिसमें या जिसके कारण भार पड़े, निर्णायक

भारित वि० 1 जिस पर कोई बोझ हो 2 जिस पर किसी प्रकार का ऋण या देन हो

भारोपीय पुं० भारत-यूरोपीय

भार्गवी स्त्री० पार्वती

भार्य वि० भरण-पोषण के योग्य

भार्या स्त्री० जोरू, पत्नी

भार्याजित वि० पत्नीभक्त

भार्यात्व पुं० भार्या होने का भाव, पत्नीत्व

भालचंद्र पुं० शिव

भालनेत्र पुं० शिव

भावक I वि० 1 भाव-पूर्ण 2 उत्पादक 3 किसी का प्रेमी या भक्त II पुं० साहित्य शास्त्र में काव्य का अधिकारी पाठक

भावनामय-शरीर पुं० शरीर जो मनुष्य मृत्यु से कुछ ही पहले धारण करता है, जो उसके जन्म-भर के किये हुए कर्मों के अनुरूप ही होता है

भाव-निक्षेप स्त्री० जैनों के अनुसार, किसी पदार्थ का वह नाम जो उसका केवल बाहरी स्वरूप देखकर रखा गया हो

भावनीय वि० विचार करने योग्य

भाव-परिग्रह पुं० मन में धन संचय करने की अभिलाषा रहना

भावप्रवण वि० भावुक

भावमृषावाद पुं० मन में झूठ बोलने का भाव

भाव-मैथुन पुं० मन में मैथुनिक विचार

भावयिता पुं० पालन-पोषण करनेवाला

भावरी स्त्री० भृकुटी

भाव-लिपि स्त्री० उत्तरी अमेरिका और मिस्र के मूल निवासियों की प्रतीक लिपि

भाववाच्य पुं० क्रिया का वह रूप जिसमें उसका उद्देश्य न कर्त्ता होता है न कर्म

भावशबलता स्त्री० कई भावों का एक साथ वर्णन

भावस्थ वि० भाव में लीन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भाव-हरण पुं० 1 किसी की कृति से भाव चुराकर अपना बना लेना 2 साहित्यिक चोरी

भाव-हिंसा स्त्री० केवल मन में किसी के प्रति हिंसा-पूर्ण भाव होना

भावांकन पुं० भावों को चित्रों या विशेष प्रकार के चिह्नों से अंकित करना

भावांतर पुं० 1 मन की अवस्था का बदलकर कुछ और हो जाना 2 दूसरा अर्थ

भावापहरण पुं० भावहरण

भावाभास पुं० व्यभिचारी भाव का किसी रस का पोषक न होकर स्वतन्त्र रूप से भाव-सा दिखायी देना, बनावटी भाव

भाविक I वि० 1 भाव-संबंधी 2 भाव या आशय जाननेवाला 3 मर्मज्ञ 4 नैसर्गिक, प्राकृतिक 5 असली, वास्तविक 6 होने-वाला II पुं० एक प्रकार का साहित्यिक अलंकार जिसमें भूत और भविष्यत् के पदार्थों का प्रत्यक्षवत् प्रदर्शन किया जाता है

भावित वि० 1 सोचा या विचारा हुआ 2 उत्पन्न, जात

भावुक वि० 1 जल्दी भावविह्वल हो जाने-वाला 2 उत्तम भावना करनेवाला

भावे-प्रयोग पुं० व्याकरण में क्रिया का ऐसा प्रयोग कि उसका संबंध न कर्त्ता से हो न कर्म से

भावोद्रेक पुं० भावों का उत्थान

भावोन्मेष पुं० मन में होनेवाले भाव का प्रकट होना

भाव्य वि० 1 अवश्य होनेवाला, अवश्य-म्भावी 2 जो हो सके

भाव्यता स्त्री० होनी, भावी

भाषांतर पुं० 1 एक भाषा में लिखे गये लेख का दूसरी भाषा में अनुवाद करना 2 इस प्रकार किया हुआ अनुवाद

भाषाचित्रक पुं० शब्दों का खेल

भाषाविद् पुं० 1 वह जो अपनी भाषा का ज्ञाता हो, भाषाओं का ज्ञाता

भासित वि० कहा हुआ।

भास पुं० 1 चमक, दीप्ति 2 प्रकाश, रोशनी

भासक पुं० 1 चमकानेवाला 2 प्रकाश में लानेवाला

भासमान वि० जान पड़ता या दिखायी देता हुआ

भासिक वि० 1 दृश्य 2 लक्षणों से मालूम होनेवाला

भासित वि० चमकीला

भास्वत्, भास्वान् पुं० सूर्य

भिक्षण पुं० 1 भीख माँगना 2 भिक्षा पर निर्वाह करना

भिक्षाचर पुं० भिखारी

भिक्षाटन पुं० भीख माँगने की फेरी

भिक्षाचर्या स्त्री० भीख माँगने के लिए इधर-उधर घूमना

भिक्षार्ह वि० भिक्षा पाने योग्य

भिक्षित वि० भीख में मिला हुआ

भिक्षु-चर्या स्त्री० बौद्ध साधु का कार्य

भिटना I पुं० छोटा गोल फल II अ० क्रि० 1 भेंट या मुलाकात होना 2 संपर्क होना

भिड़ स्त्री० बर्रे

भित्ति स्त्री० 1 दीवार 2 वह पदार्थ या स्तर जिस पर चित्र बनाया जाय

भित्ति-चित्र पुं० दीवार पर बना हुआ चित्र

भिदुर वि० आसानी से टूटनेवाला

भिन्नकर्ण वि० कनकटा

भिन्नाना अ० क्रि० 1 दुर्गन्ध आदि से सिर चकराना 2 डरकर अलग या दूर रहना 3 भिनभिनाना, भुनभुनाना

भिन्नोदर पुं० सौतेला भाई

भिश्ती I वि० स्वर्गीय (भिश्त) II पुं० मशक द्वारा पानी ढोनेवाला, सक्का

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भिषक्, भिषग्विद् पुं० चिकित्सक, वैद्य
भिषज्य पुं० 1 दवा 2 रोग का निवारण
भींगी पुं० मादा भौंरा
भीट पुं० टीलेदार भूमि
भीत वि० 1 डरा हुआ 2 संकट में पड़ा हुआ, दीवार
भीति स्त्री० डर, भय
भीतिकर, भीतिकारी वि० भयंकर, भयावना
भीमता स्त्री० भयंकरता
भीम-दर्शन वि० जो देखने में भयानक हो, डरावनी आकृतिवाला
भीमद्वादशी स्त्री० माघ शुक्ला द्वादशी
भीम-पलाशी स्त्री० संपूर्ण जाति की एक संकर रागिनी
भीमविग्रह वि० भयानक शरीरवाला
भीमोदरी स्त्री० दुर्गा
भीरुता स्त्री० 1 कायरता, बुज़दिली 2 डर, भय
भीरुसत्व वि० स्वभावतः डरपोक
भीषणाकार वि० भयानक आकृतिवाला
भीषा स्त्री० 1 भयभीत स्त्री 2 डर, भय
भीषिका स्त्री० 1 ऐसी स्थिति जिसमें बहुत-से लोग भयभीत हों 2 आतंक
भीष्माष्टमी स्त्री० माघ शुक्ला अष्टमी
भुंडा वि० 1 बिना सींग का 2 दुष्ट, पाजी, बदमाश
भुकड़ी स्त्री० सड़ी हुई चीज़ों पर जमनेवाली सफ़ेद रंग की काई, फफूँदी
भुकरायँध स्त्री० भुकड़ी की गंध
भुक्त-भोगी वि० जिसे किसी काम या बात का दुष्परिणाम भोगना पड़ा हो
भुक्तपति वि० खाया-पिया हुआ
भुक्ति स्त्री० 1 भोजन, आहार 2 किसी पदार्थ का किया जानेवाला भोग 3 लौकिक सुख 4 ज्योतिष में ग्रहों की राशि या किसी राशि में अवस्थित होना 5 कब्ज़ा, दखल
भुक्तोच्छिष्ट वि० जूठन के रूप में होनेवाला, जूठा
भुखमरी स्त्री० भूखों मरना, विशेषतः अन्नाभाव के कारण
भुगतान-तुला स्त्री० माल का किराया, जो एक देश द्वारा दूसरे देश को देना होता है
भुग्न वि० 1 टेढ़ा, वक्र 2 बीमार, रोगी
भुच्च वि० बहुत बड़ा गँवार और मूर्ख
भुच्चड़ वि० बहुत बड़ा बेवकूफ़, निरा मूर्ख
भुजंग पुं० साँप
भुजंग-प्रयात पुं० एक वर्णिक छन्द जिसके प्रत्येक चरण में चार-चार यगण (ISS) होते हैं
भुजंगभुज् पुं० 1 गरुड़ 2 मयूर, मोर
भुजंगभोजी पुं० 1 गरुड़ 2 मोर
भुजंगलता स्त्री० पान की बेल
भुजंगेश, भुजंगपति पुं० वासुकि
भुजंगांतक पुं० 1 गरुड़ 2 मोर 3 नेवला
भुजंगेन्द्र पुं० शेषनाग, वासुकि
भुजदंड पुं० लंबी बाँह
भुज-पाश पुं० किसी के गले में हाथ डालना, गलबाँही
भुजमान पुं० रेखागणित में, उन दो रेखाओं में से प्रत्येक रेखा, जो किसी क्षेत्र पर कोई बिन्दु निश्चित करने के लिए खींची जाती है (आर्डिनेट)
भुज-मूल पुं० 1 बाँह की जड़, कंधा 2 काँख
भुज-लता स्त्री० लता जैसी लंबी पतली बाँह
भुजवा I पुं० भड़भूजा II वि० भूँजा हुआ
भुजस्तंभ पुं० बाँह अकड़ जाना
भुजांतर पुं० 1 दोनों बाँहों के बीच का स्थान, गोद 2 दो भुजाओं के बीच का अन्तर या दूरी 3 छाती
भुजाली स्त्री० 1 एक प्रकार की बड़ी, टेढ़ी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

छुरी 2 छोटी बरछी

भुठार पुं० रेतीली भूमि का जानवर

भुनगी स्त्री० ईख की फ़सल को क्षति पहुँचानेवाला एक छोटा कीड़ा

भुनभुनाना I अ० क्रि० 1 भुनभुन शब्द होना II स० क्रि० 1 भुनभुन शब्द करना 2 कुढ़कर कई तरह की अस्पष्ट बातें कहना

भुनवाई स्त्री० 1 भुनवाने की क्रिया 2 भुनाने के बदले में दी जानेवाली रकम

भुरकना अ० क्रि० सूखकर भुरभुरा हो जाना

भुरकस पुं० 1 किसी चीज का बहुत बुरी तरह से कुचला या मसला रूप 2 बुकनी

भुरका पुं० 1 चूर्ण, बुकनी 2 अभ्रक का चूर्ण, अबीर 3 कुल्हड़

भुरकाना स० क्रि० 1 किसी चीज को इतना सुखाना कि वह भुरभुरी हो जाय 2 छिड़कना, भुरभुराना 3 भुलावा देना, वहकाना, भुलाना

भुरकी स्त्री० 1 धुनकी 2 धूल

भुर्रा I वि० अत्यधिक काला या कुरूप II पुं० एक तरह की चीनी

भुवनकोश पुं० 1 भूमंडल, पृथ्वी 2 चौदह भुवनों की समष्टि, समस्त ब्रह्माण्ड

भुवन-त्रय पुं० स्वर्ग, मर्त्य और पाताल—ये तीनों लोक

भुवन-भावन पुं० सब लोकों की सृष्टि करनेवाला, परमेश्वर

भुवनेश्वर पुं० राजा

भुसुंड स्त्री० सूँड़

भुसौला पुं० वह कोठरी जिसमें भूसा भरा रहता है

भू-आगम पुं० 1 भूमि से होनेवाली आय 2 सरकार को लगान के रूप में होनेवाली आय

भूकंद पुं० जिमीकंद, सूरन

भू-कंप पुं० भूचाल

भूकंपलेख पुं० वह अंकन जो भूकंप की गतिविधि, वेग, व्यापकता आदि के संबंध में प्रस्तुत होता है

भूकंपलेखी पुं० भूकंप की गतिविधि जानने का यंत्र

भू-गर्भगृह पुं० तलघर, तहख़ाना

भूगोलक पुं० पृथ्वीमंडल

भूचक्र पुं० 1 पृथ्वी की परिधि 2 विषुवत् रेखा

भूचर I वि० स्थलचर II पुं० 1 स्थलचर प्राणी 2 दीमक

भूतकला स्त्री० पंचभूतों को उत्पन्न करनेवाली एक प्रकार की शक्ति

भूतकालिक कृदन्त पुं० अतीतकाल का सूचक विशेषण रूप

भूतकृदन्त पुं० व्याकरण में क्रिया का वह रूप जिससे सूचित होता है कि भूतकाल में क्रिया पूरी या समाप्त हो चुकी थी

भूतग्राम पुं० देह, शरीर

भूत चतुर्दशी स्त्री० कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी, नरक चौदस

भूतदया स्त्री० प्राणियों के प्रति दयाभाव

भूत-धात्री स्त्री० पृथ्वी, वसुन्धरा

भूतनाथ पुं० शिव

भूतनायिका स्त्री० दुर्गा

भूत-पक्ष पुं० कृष्णपक्ष, अँधेरी पाख

भूतपूर्णिमा स्त्री० आश्विन की पूर्णमासी

भूतभावन पुं० शिव

भूत-वाद पुं० 1 पंचभूतों को ही सृष्टि-कर्त्ता माननेवाला सिद्धान्त 2 दे० 'भौतिकवाद'

भूत-विक्रिया स्त्री० भूत-प्रेतों के कारण होनेवाली बाधा, प्रेतबाधा 2 अपस्मार रोग

भूत-विद्या स्त्री० भूत-प्रेतों के प्रभाव और उसके निराकरण संबंधी आयुर्वेद का अंग

भूतविनायक पुं० शिव

भूत-संप्लव पुं० प्रलय

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भूतांतक पुं॰ 1 यम 2 रुद्र, शिव
भूतावास पुं॰ 1 पंचभूतों से बना हुआ शरीर 2 जीवों का निवास स्थान, संसार
भूताविष्ट वि॰ भूत-प्रेतों से ग्रस्त
भूति स्त्री॰ 1 होना 2 उत्पत्ति 3 वैभव-युक्त सुख 4 विभव 5 गौरव 6 बाहुल्य 7 सौभाग्य 8 वृद्धि 9 अष्ट सिद्धियाँ
भू-दृश्य पुं॰ 1 वह भूखंड जो किसी स्थान से दिखायी देता हो 2 किसी भूखंड का अंकित चित्र
भू-देव पुं॰ ब्राह्मण
भूधर पुं॰ 1 पर्वत 2 राजा
भूधरेश्वर पुं॰ नगाधिराज हिमालय
भू-धृति स्त्री॰ कुछ धन देकर दूसरे की भूमि का उपभोग करना
भूप पुं॰ राजा
भूपाली स्त्री॰ बरसात में रात के प्रथम प्रहर में गायी जानेवाली रागिनी, जिसे हिंडोल रागिनी भी कहा जाता है
भू-पुत्र पुं॰ 1 मंगल 2 नरकासुर
भू-पुत्री स्त्री॰ जनकतनया सीता
भूबंधी स्त्री॰ऐसा युद्ध जिसमें दोनों तरफ के वीर आमने-सामने होकर लड़ें
भूभिल स्त्री॰ 1 चिनगारियों से युक्त गर्म राख 2 गर्म बालू
भौतिकी स्त्री॰ प्राकृतिक प्रकोपों के प्रभाव की उचित सूचना देनेवाला आधुनिक विज्ञान
भू-मंडल पुं॰ धरती, पृथ्वी
भूमध्य रेखा स्त्री॰ वह भौगोलिक एवं कल्पित रेखा, जो दोनों ध्रुवों के बीच होकर पृथ्वी को दो भागों में विभाजित करती है
भूमा I स्त्री॰1 ज़मीन 2 पृथ्वी 3 प्रकृति 4 मन के द्वैत भाव को मिटानेवाली पर-ब्रह्म की अनुभूति II पुं॰ सर्वव्यापी परमेश्वर
भू-मापन पुं॰ भूमि या खेत की नाप-जोख करना
भूमि-गत वि॰ 1 ज़मीन पर पड़ा हुआ 2 भूमि के नीचे स्थित या छिपा हुआ
भू-मिति स्त्री॰ 1 भूमि नापने की क्रिया 2 सीमानिर्धारण हेतु ज्यामिति के आधार पर माप करना
भूमिया पुं॰ 1 ज़मीन का स्वामी 2 ज़मीं-दार 2 किसी देश का मूल निवासी
भूमिसंभवा स्त्री॰ सीता
भूमिसात् वि॰ भूमि में मिल जानेवाला
भूमि-सुर पुं॰ ब्राह्मण
भूम्युच्च पुं॰ किसी ग्रह की वह स्थिति जब वह अपनी कक्षा पर चलते हुए पृथ्वी से अधिकतम दूरी पर होता है
भूयशः क्रि॰वि॰ अत्यधिक रूप में, बहुत अधिक
भूयसी स्त्री॰वि॰ बहुत अधिक
भूयोभूयः क्रि॰वि॰ पुनः-पुनः, बार-बार
भू-राजस्व पुं॰ राज्य को होनेवाली भूमि-संबंधी आय
भूरि वि॰ प्रचुर, बहुत
भूरिधन वि॰ बहुत धनी
भूरिभाग्य वि॰ बहुत भाग्यशाली
भूरि-विक्रम वि॰बहुत बड़ा शूरवीर, योद्धा
भूर्ज-पत्र पुं॰ भोजपत्र
भू-वल्लभ पुं॰ राजा, भूपाल
भूशायी वि॰ 1 पृथ्वी पर लेटा/पड़ा हुआ 2 मृतक
भू-शुल्क पुं॰ भू-संपत्ति पर लगनेवाला कर
भूषाचार पुं॰ 1 वस्त्र आदि धारण करने का विशिष्ट ढंग
भूष्य वि॰ सजाये जाने योग्य
भू-सुता स्त्री॰ सीताजी, जानकी
भू-सुर पुं॰ पृथ्वी के देवता, ब्राह्मण
भू-स्खलन पुं॰पत्थरों या मिट्टी का खिसक-कर गिरना

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भू-स्वामी पुं० जमीन का मालिक, ज़मींदार
भृंग पुं० भौंरा
भृंगार पुं० सोना, स्वर्ण
भृंगारि स्त्री० केवड़ा
भृकुटी स्त्री० भौंह
भृगुसुत पुं० 1 शुक्राचार्य 2 शुक्रग्रह
भृतक पुं० नौकर
भृतकाध्यापक पुं० वेतन पर शिक्षण कार्य करनेवाला
भृति स्त्री० 1 भरने की क्रिया 2 पालन-पोषण 3 नौकरी का वेतन 4 मज़दूरी
भृति-भोगी वि० भाड़े पर किसी का काम करनेवाला
भृत्य पुं० नौकर
भृशदुःखित वि० बहुत दुःखी
भृष्ट वि० भूना हुआ
भेजा पुं० खोपड़ी के अन्दर का गूदा, मगज़
भेतव्य वि० 1 जिससे डर लगता हो 2 जिससे भयभीत होना उचित हो
भेत्ता वि० 1 भेदन करनेवाला, खंड करनेवाला 2 रहस्य खोलनेवाला 3 दो पक्षों में मतभेद उत्पन्न करनेवाला
भेदकातिशयोक्ति स्त्री० वह अतिशयोक्ति अलंकार जिसमें उपमेय और उपमान में भेद होने पर भी अभेद दिखाया जाय
भेदन पुं० 1 छेदन 2 तोड़ना
भेद-बुद्धि स्त्री० फूट, विलगाव
भेद-साक्षी पुं० ऐसा गवाह जो अभियुक्त का सारा भेद बता दे, इकबाली गवाह
भेदित वि० विदीर्ण किया हुआ
भेदिनी स्त्री० षट्-चक्र को भेदन करनेवाली शक्ति या सिद्धि
भेदुर पुं० वज्र
भेरी स्त्री० युद्ध आदि के समय में बजाया जानेवाला प्राचीन काल का एक प्रकार का बड़ा ढोल
भेषज पुं० 1 औषध, दवा
भेषज-संग्रह पुं० औषधियों के गुणधर्म बतानेवाला ग्रंथ
भेषजांग पुं० दवा का अंग, वह पदार्थ जो दवा के साथ मिलाकर खाया जाता है
भैक्ष-चर्या स्त्री० भिक्षा माँगना
भैक्ष-वृत्ति स्त्री० भीख माँगना
भैक्षान्न पुं० भिक्षा में प्राप्त अन्न
भैक्षाशी I वि० भिक्षान्न खानेवाला II पुं० भिखमंगा
भैक्ष्य पुं० भिक्षा, भीख
भैक्ष्य-जीविका स्त्री० भिक्षा पर जीवन-यापन करना
भैक्ष्य-वृत्ति स्त्री० भिक्षा-वृत्ति
भैख-झोली स्त्री० साधु-संन्यासियों के पास में रहनेवाली एक प्रकार की लंबी झोली
भैरव-बहार पुं० वसंत ऋतु में गाया जानेवाला एक संकर राग, जो भैरव और बहार के मेल से बनता है
भैरवी I स्त्री० 1 तांत्रिकों की एक देवी, चामुंडा 2 एक नदी 3 शरद ऋतु में गायी जानेवाली भैरव-राग की भार्या II वि० भैरव-संबंधी
भैषज पुं० 1 दवा 2 वैद्य के शिष्य और अनुचर
भैषजिकी स्त्री० औषध आदि बनाने की कला या शास्त्र
भैषज्य पुं० औषध
भोंगाल पुं० एक प्रकार का एक बड़ा भोंपा
भोक्ता वि० 1 भोजन करनेवाला 4 उपभोग करनेवाला 3 सुखों का भोग करनेवाला
भोक्तृत्व पुं० भोक्ता होने की अवस्था
भोग-देह पुं० वह देह जो मरणोपरांत सुख-दुःख भोगती है
भोग-पिशाचिका स्त्री० भूख
भोग-बंधक पुं० रेहन का वह प्रकार जिसमें रेहन रखी गयी वस्तु के उपभोग का

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अधिकार महाजन को होता है

भोग-भृतक पुं० केवल भोजन और वस्त्र लेकर काम करनेवाला नौकर

भोग-वेतन पुं० किसी धरोहर के बदले में उसके स्वामी को दी जानेवाली धन की किश्त

भोगाधिकार पुं० किसी के मरने पर उसकी संपत्ति का भोग करने का अधिकार

भोग्य-भूमि स्त्री० 1 आनन्द केलि करने का स्थान 2 ऐसी जगह जहाँ मनुष्य को अपने कर्मों का फल भोगना पड़ता है, मर्त्य-लोक

भोग्या स्त्री० वेश्या

भोजन-भट्ट वि० बहुत अधिक खानेवाला, पेटू

भोजनाच्छादन पुं० खाने और पहनने की की सामग्री, अन्न-वस्त्र

भोजनीय I वि० भोजन करने योग्य **II** पुं० भोजन

भोज-भात पुं० बिरादरी के लोगों का एक साथ बैठकर भोजन करना, सहभोज

भोजयित्ता वि० खिलानेवाला

भोज-विद्या स्त्री० इंद्रजाल, बाज़ीगरी

भोजी पुं० भोजन करनेवाला, खानेवाला

भोटिया-बादाम पुं० मूँगफली

भोसर वि० मूर्ख

भौंराना स० क्रि० 1 परिक्रमा कराना 2 चक्कर देना 3 विवाह के समय भाँवर की क्रिया सम्पन्न कराना 4 विवाह कराना

भौगर्भिक वि० पृथ्वी के भीतरी भाग में होनेवाला

भौगोलिक वि० भूगोल-संबंधी

भौगोलिकी स्त्री० ऐसी पुस्तक जिसमें समस्त भौगोलिक बातें रहती हैं

भौतिक-चिकित्सा स्त्री० चिकित्सा प्रणाली की वह शाखा जिसके अन्तर्गत शरीर के किसी अंग के टूटने-फूटने पर कैसे मालिश आदि करके ठीक किया जाय, इन्हीं सब बातों का विवेचन रहता है

भौतिक-भूगोल पुं० भूगोल की वह शाखा जिसमें किसी खंड की बनावट, वहाँ के उत्पादन आदि बातों का विवेचन रहता है

भौतिकवाद पुं० 1 ऐसा सिद्धान्त जिसमें पंचभूतों द्वारा निर्मित संसार ही वास्तविक और सत्य माना जाता है 2 दे० 'यथार्थवाद'

भौतिक-विज्ञान पुं० 1 वह विज्ञान जिसमें अजैव सृष्टि तथा अन्य आवश्यक पदार्थों का विवेचन होता है

भौतिकी स्त्री० दे० 'भौतिक विज्ञान'

भौम I वि० 1 भूमि से संबंधित 2 भूमि से उत्पन्न होनेवाला 3 भूमि पर निवास करनेवाला **II** पुं० 1 मंगल ग्रह

भौम-रत्न पुं० मूँगा

भौमिकी स्त्री० 1 भूगोल 2 भू-विज्ञान

भौम्य वि० 1 भूमि संबंधी 2 पृथ्वी पर होनेवाला

भौरिक पुं० 1 राजकीय कोष का प्रधान अधिकारी 2 कोषाध्यक्ष

भौरिकी स्त्री० 1 कोषागार 2 टकसाल

भौलिया स्त्री० ऊपर से ढकी रहनेवाली एक प्रकार की छोटी नाव

भ्रंश पुं० अधःपतन 2 नीचे गिरना 3 नाश

भ्रंशी वि० भ्रष्ट होनेवाला

भ्रंशोद्धार पुं० समुद्र में डूबती हुई या आग में जलती हुई वस्तु को बाहर निकालना

भ्रकुटि स्त्री० 1 क्रोधावेश में भौंहों का सिकुड़ना 2 भौंह

भ्रमर-गीत पुं० गोपी और उद्धव-संवाद से संबंधित गीत

भ्रमर-गुफा स्त्री० (हठ योग में) ब्रह्मरंध्र

भ्रमरालक पुं० ललाट पर लटकते बाल

CC-0. In Public Domain. Gurukul K...

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भ्रमित त्रि० चक्कर खाया हुआ

भ्रमी I स्त्री० 1 भ्रमण 2 चक्कर खाना 3 बहते हुए तेज पानी का भँवर 4 कुम्हार की चाक 5 एक सैनिक व्यूह-रचना II त्रि० 1 भ्रम में पड़ा हुआ, भौंचक

भ्रष्ट-निद्र त्रि० जिसे निद्रा न आती हो

भ्रष्टा स्त्री० भ्रष्ट चरित्रोंवाली स्त्री, कुलटा

भ्रांतापह्नुति स्त्री० अपह्नुति अलंकार का एक भेद, जिसमें वास्तविक बात बतलाकर भ्रांति दूर की जाती है

भ्राजक I पुं० त्वचा में रहनेवाला पित्त II त्रि० चमकानेवाला

भ्राजमान त्रि० शोभायमान

भ्रातृ-जाया स्त्री० भाई की स्त्री, भाभी

भ्रातृ-द्वितीया स्त्री० कार्तिक शुक्ल पक्ष की द्वितीया, भैया दूज

भ्रातृजाया स्त्री० भाभी

भ्रातृव्य पुं० भाई का लड़का, भतीजा

भ्रातृ-श्वसुर पुं० पति का बड़ा भाई, जेठ, भसुर

भ्रात्रीय I त्रि० भ्राता-संबंधी, भाई का II पुं० भाई का लड़का, भतीजा (भ्रातृ)

भ्राष्ट्र पुं० अनाज रखकर भूननेवाला बरतन

भ्रू-क्षेप पुं० भौंहें टेढ़ी करना

भ्रूण पुं० 1 स्त्री का गर्भ 2 माता के गर्भ में चार माह के पहले प्राणी की अवस्था

भ्रूनिक्षेप पुं० कटाक्ष

भ्रू-भंग पुं० क्रोधावेश में आकर भौंहें टेढ़ी करना, त्यौरी चढ़ाना

भ्रू-विक्षेप पुं० त्यौरी बदलना, नाराजगी दिखाना

भ्रू-विलास पुं० 1 भौंहों की कोई विशेष भाव-भंगी 2 भौंहों के संचालन द्वारा प्रकट किया जानेवाला कोई मोहक भाव

भ्रौणिकी स्त्री० भ्रूण-विज्ञान

म

मंग पुं० नाव का अगला हिस्सा

मंगलद्वार पुं० मुख्य द्वार

मंगलपत्र पुं० तावीज़

मंगल-पाठ पुं० मंगलाचरण

मंगल-भाषण पुं० किसी अप्रिय बात को शुभ रूप में कहने का प्रकार

मंगलाचरण पुं० किसी कार्य के श्रीगणेश के पूर्व पढ़ा जानेवाला मांगलिक श्लोक

मंगलाचार पुं० मंगलगान

मंगलाभोग पुं० आरती से पहले देवता का भोग

मंगला-मुखी स्त्री० वेश्या, रंडी

मंगलायतन पुं० शुभ स्थान

मंगलाह्निक पुं० प्रतिदिन किया जानेवाला कल्याणकारक मंगल कृत्य

मंगली त्रि० जिसकी जन्म-कुंडली में चौथे-आठवें-बारहवें मंगल पड़ा हो

मंचन पुं० किसी नाटक या रूपक का रंग-मंच पर किया जानेवाला अभिनय

मंची स्त्री० मचान

मंजर पुं० फूलों का गुच्छा

मंजरी स्त्री० 1 कोंपल 2 सींके में लगे दानों का समूह 3 संगीत की कर्नाटकी पद्धति की एक रागिनी

मँजावट स्त्री० 1 माँजने का ढंग 2 अभ्यास

मंजिमा स्त्री० सौन्दर्य, मनोहरता (मंजु से)

मंजीर पुं० 1 घुंघरू 2 मथानी का डंडा बाँधनेवाली लकड़ी

मंजु-तिलका स्त्री० हंसगति नामक छंद का दूसरा नाम

मंजुभाषी त्रि० मधुरभाषी

मंजुल I त्रि० सुन्दर, मनोहर II नदी का किनारा 2 कर्नाटकी पद्धति का एक राग

मंजूषा स्त्री० 1 पिटारी 2 पक्षियों का

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पिंजरा
मँझधार स्त्री० नदी के बीच की धारा
मंड पुं० 1 माँड़ 2 सारभाग
मंडन पुं० 1 सजाना 2 उक्ति का पुष्टीकरण
मंडलक पुं० 1 मंडलाकार रचना
मंडल-कवि पुं० कुकवि
मंडलायित, मंडलित वि०गोल किया हुआ, वर्तुल
मंडूक पुं० मेंढक
मंडूर पुं० 1 गलाये हुए लोहे की मैल 2 एक प्रकार की रसौषध
मंतव्य I वि० मानने योग्य, मान्य **II** पुं० मत
मंत्रणा स्त्री० सलाह, परामर्श
मंत्रभेद पुं० गुप्त बात का प्रकट हो जाना
मंत्रबीज पुं० 1 मूल मंत्र 2 बीज मंत्र
मंत्रालय पुं० मंत्री का कार्यालय
मंत्रित्व पुं० मंत्री का कार्य या पद, मंत्री-पद
मंत्रि-परिषद स्त्री० किसी राज्य और संस्था के मंत्रियों का समूह
मंत्रि-मंडल पुं०किसी राज्य के मंत्रियों का वर्ग या समूह
मंथन पुं० 1 मथना 2 अवगाहन
मंथर पुं० 1 धीमा, मन्द 2 सुस्त 3 मन्दबुद्धि, कम समय
मंथिता वि० मथनेवाला
मंथी वि० 1 मंथन करने या मथनेवाला 2 कष्ट देनेवाला, पीड़क
मंदचेता वि० बुद्धू
मंदच्छाय वि० धुंधला
मंदता स्त्री०1 धीमापन 2 सुस्ती, आलस्य 3 क्षीणता
मंदाक्रांता स्त्री० सत्रह अक्षरों का एक वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण में मगण (SSS), भगण (SII); नगण (III)तथा अन्त में दो गुरु होते हैं
मंदाक्ष वि० 1 संकुचित आँखोंवाला 2 कमज़ोर नज़रवाला
मंदात्मा वि० 1 मूर्ख 2 नीच
मंदानिल पुं० धीमी हवा
मंदारमाला स्त्री०बाईस वर्णों का एक छंद
मंदिमा स्त्री० 1 मंदता 2 शिथिलता 3 अल्पता, कमी
मंदोच्च पुं० ग्रहों की नीचे-ऊपर की गति जिससे राशि आदि का संशोधन किया जाता है
मंदोष्ण वि० थोड़ा गरम, कुनकुना
मंद्र I पुं०1 गंभीर ध्वनि 2 मंद गतिवाला संगीत **II** वि० 1 मनोहर 2 धीमा
मंशा स्त्री० 1 इच्छा 2 उद्देश्य
मंसब पुं० अधिकारी का पद
मंसूखी स्त्री० रद किये जाने की दशा
मक़तब पुं० पाठशाला, मदरसा, चटसाल
मक़तबा पुं० 1 पुस्तकालय 2 पुस्तक विक्रय स्थान
मक़तल पुं० हत्या का स्थान, वध-भूमि
मक़दूर पुं० सामर्थ्य
मकनातीस पुं० चुंबक पत्थर, चुंबक
मक़बूज़ा वि० जिस पर कब्जा किया गया हो, अधिकृत
मक़बूलियत स्त्री० 1 मान्यता और सर्वप्रियता 2 पसंद 3 रुचि
मकरंद पुं० 1 फूलों का रस 2 फूल का केसर 3 कुंद का फूल 4 संगीत का एक ताल
मकर पुं० 1 मगरमच्छ 2 मकर राशि
मकरध्वज पुं० 1 कामदेव 2 'चंद्रोदय' नामक वैद्यक की रसौषध
मकरांक पुं० 1 कामदेव 2 समुद्र
मकरालय पुं० समुद्र
मकरूज़ वि० कर्ज़दार, ऋणी
मकरूह वि० 1 घृणित 2 अपवित्र 3 गन्दा

CC-0. In Public Domain

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

या बुरा

मक़सूद त्रि० अभिप्रेत, इष्ट

मक़सूम I त्रि० विभक्त II पुं० भाग्य, तकदीर 2 गणित में भाग्य

मकुना पुं० 1 बिना दाँतोंवाला हाथी 2 बिना मूँछोंवाला वयस्क पुरुष

मक़ूला पुं० 1 उक्ति, कथन 2 कहावत, लोकोक्ति

मकोय स्त्री० 1 छोटे-छोटे खट्-मिट्ठे फलयुक्त एक-डेढ़ हाथ का पौधा 2 रसभरी

मक्षिका स्त्री० 1 मक्खी 2 शहदवाली मक्खी

मख पुं० यज्ञ

मख़दूम त्रि० 1 जिसकी ख़िदमत की जाय 2 जिसकी सेवा करना उचित हो, सेव्य 3 पूज्य, मान्य

मखनिया I त्रि० मक्खन से संबंधित 2 जिसे मथकर मक्खन निकाल लिया गया हो, सपेटा II पुं० मक्खन निकाले हुए दूध को जमाकर बनाया जानेवाला दही

मख़फ़ी त्रि० छिपा हुआ

मख़मूर त्रि० नशे में चूर

मख़लूक़ पुं० 1 सृष्टि, संसार 2 मनुष्य, लोग

मख-शाला स्त्री० यज्ञ-शाला

मख़सूस त्रि० विशिष्ट कार्य के लिए अलग

मग़ज़ पुं० 1 दिमाग़, मस्तिष्क 2 पुष्पादि के अन्दरवाली गरी

मग़ज़ी स्त्री० कपड़े के किनारों पर लगी हुई पतली गोट

मगण पुं० कविता के आठ गणों में से एक जिसमें तीन गुरु वर्ण होते हैं

मगदर, मगदल पुं० उड़द के रवों को भूनकर, फेंटकर तथा चीनी मिलाकर बनाया गया लड्डू

मग़रब पुं० पश्चिम

मग्ज़ पुं० 1 दिमाग 2 बुद्धि 3 फलों के अन्दर का गूदा

मग्नांशुक पुं० 1 ऐसा महीन कपड़ा जो भीगने पर शरीर से चिपक जाय और प्रत्येक अंग साफ-साफ दिखाई पड़े 2 चित्रकला का ऐसा चित्रांकन जिसमें शरीर से चिपके हुए गीले वस्त्र दिखाये गये हों

मघवा पुं० इंद्र

मघा स्त्री० एक नक्षत्र जिसका संबंध मेघ से है

मघोनी स्त्री० इन्द्राणी, शची

मचका पुं० झोंका, धक्का 2 झूले की पेंग

मचमचाना I अ०क्रि० 1 कामवासना के प्रबल आवेग में होना 2 अत्यधिक कामातुर होना II स०क्रि० इस प्रकार से दबाना कि 'मचमच' शब्द निकले

मच्छी-काँटा पुं० 1 ऐसी सिलाई जिसमें जोड़े जानेवाले कपड़े के टुकड़ों के बीच जाली-सी बन जाती है 2 कालीन में होनेवाली एक विशेष प्रकार की बुनावट

मज़कूर त्रि० जिसका ज़िक्र हुआ है

मजमा पुं० 1 भीड़भाड़ 2 तमाशबीनों का समूह

मजमूई त्रि० सामूहिक

मज़मून पुं० 1 विषय 2 लेख

मज़म्मत स्त्री० 1 निंदा 2 तिरस्कार

मज़रूआ I त्रि० जोता और बोया हुआ II पुं० जोता-बोया हुआ खेत

मजरूह त्रि० 1 घायल, आहत, ज़ख़्मी

मज़लूम त्रि० जिसपर जुल्म हुआ हो, सताया हुआ, अत्याचार-पीड़ित

मजाज़ी त्रि०1 कल्पित या मिथ्या 2 कृत्रिम, बनावटी 3 सांसारिक, लौकिक

मज़ार पुं० 1 दर्शनीय स्थल 2 किसी पीर फ़कीर तथा महापुरुष की क़ब्र

मज़ीद त्रि० 1 अधिक 2 और भी ज़्यादा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मज्जका स्त्री० 1 शरीर की हड्डी के अन्दर का गूदा

मज्जन पुं० 1 स्नान 2 किसी विषय की गहराई में डूबना या लीन होना

मटराला पुं० मटर और जौ के दानों का पीसा हुआ चूर्ण

मटिया-फूस वि० इतना जर्जर, वृद्ध और दुर्बल मानों मिट्टी और फूस की बनी हो

मटिया-मसान I वि० 1 अत्यधिक तुच्छ और हीन 2 टूटा-फूटा, नष्ट प्राय 3 गया-बीता II पुं० उजड़ा हुआ स्थान या खँडहर

मटियार पुं० चिकनी मिट्टीवाला अत्यधिक उपजाऊ खेत

मटियार-दुम्मट स्त्री० मटियार और दोमट दोनों प्रकार के तत्वों से युक्त भूमि

मटीला वि० 1 जिसमें मिट्टी पड़ी या मिली हुई हो 2 मटमैला

मट्ठर वि० सुस्त

मट्ठा I वि० 1 धीमा, मन्द 2 सुस्त II पुं० मठा

मठी I पुं० मठ का अधिकारी, मठाधीश II स्त्री० 1 छोटा मठ 2 मठिया

मड़क स्त्री० भीतरी रहस्य

मड़ैया स्त्री० छोटा मंडप

मणिकार पुं० जौहरी, मणियों का गहना बनानेवाला

मणि-धर पुं० सर्प, मणिवाला साँप

मणि-बंध पुं० 1 एक नवाक्षरी वृत्त जिसके प्रति चरण में भगण (ऽ।।), मगण (ऽऽऽ) और सगण (।।ऽ) होते हैं 2 कलाई, पहुँचा

मणिम पुं० घोल को सुखाकर बनाये गये नुकीले कण, रवा

मणिभीकरण पुं० निश्चित और ठोस बनाना (क्रिस्टेलाइज़ेशन)

मणिराज पुं० हीरा

मणि-राजी स्त्री० मणियों का समूह

मतंग पुं० 1 हाथी 2 मेघ, बादल

मतदान पुं० चुनाव आदि के समय में किसी पक्ष में अपना मत देने की क्रिया

मत-बंध पुं० खोज के आधार पर अपना आधिकारिक मत प्रकट करना

मत-भेद पुं० अलग-अलग रायें होना

मतलूब 1 वि० जिसकी इच्छा हो, अभिप्रेत 2 प्रिय

मतांतार पुं० दूसरे मत

मताधिकार पुं० वोट देने का अधिकार

मतार्थना स्त्री० अपने पक्ष में वोट माँगना

मति-द्वैध पुं० विचारों की भिन्नता

मति-भ्रंश पुं० पागलपन

मति-भ्रम पुं० बुद्धि की विकृति के कारण उत्पन्न होनेवाला भ्रम

मति-मांद्य पुं० बुद्धि मंद हो जाना

मतिविपर्यय पुं० मतिभ्रम

मतैक्य पुं० विचारों की एकता और समानता

मत्कुण पुं० खटमल

मत्त-गयंद पुं० सवैया छंद का एक भेद जिसके अंत में 7 भगण (ऽ।।) और दो गुरु होते हैं

मत्तमयूर पुं० एक छंद जिसके प्रत्येक चरण में यगण (।ऽऽ) मगण (ऽऽऽ) यगण (।ऽऽ), सगण (।।ऽ) और भगण (ऽ।ऽ) होते हैं

मत्ता-क्रीड़ा स्त्री० तेईस अक्षरों का एक छंद जिसके प्रत्येक चरण में क्रमशः दो मगण (ऽऽऽ), एक तगण (ऽऽ।), चार नगण (।।।) एक लघु और एक गुरु होता है

मत्सर पुं० 1 द्वेषपूर्ण, ईर्ष्या, डाह 2 क्रोध, गुस्सा

मत्स्यजीवी पुं० मछुआ, धीवर

मत्स्य-नारी स्त्री० 1 ऐसी स्त्री जिसका धड़ मछली का हो

मत्स्य-न्याय जिस तरह से छोटी मछलियों

CC-0. In Public Domain

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

को बड़ी मछलियाँ खा जाती हैं, उसी तरह से दुर्बल को सबल द्वारा सताये जाने का भाव

मत्स्य-पालन पुं० मछलियाँ पालकर उनकी पैदावार बढ़ाने का काम

मत्स्य-संवर्धन पुं० मत्स्य-पालन का काम

मत्स्योपजीवी पुं० धीवर

मथितार्थ पुं० मंथन करने से प्राप्त आशय

मद I पुं० 1 घमंड 2 पागलपन 3 मद्य II स्त्री० खाता

मदक स्त्री० अफ़ीम के योग से बनाया जानेवाला तंबाकू की तरह का एक मादक पदार्थ

मदकची पुं० मदक पीनेवाला

मदकट पुं० 1 साँड़ 2 नपुंसक

मद-फल वि० 1 मत्त, मतवाला 2 उन्मत्त, पागल

मदगल I वि० 1 मत्त, मस्त II पुं० मगदल (मिठाई)

मदन-ललिता स्त्री० एक वृत्त जिसके प्रत्येक चरण में सोलह वर्ण होते हैं

मदन-रिपु पुं० कामदेव का शत्रु, शिव

मदन-लेख पुं० प्रेमी और प्रेमिका के पारस्परिक प्रेम-पत्र

मदन-सारिका स्त्री० मैना

मद-मत्त वि० मतवाला, मत्त

मद-लेखा स्त्री० एक वर्णिक वृत्त जिसके प्रत्येक चरण में सात-सात वर्ण होते हैं

मदवारण पुं० मस्त हाथी

मदहोश वि० नशे के कारण जिसके होश ठिकाने न हो

मदांध वि० घमंड के कारण अविवेकी

मदाखिलत स्त्री० दख़ल देने का भाव, दख़लंदाजी

मदाखिलत-बेजा स्त्री० अनुचित हस्तक्षेप

मदात्यय पुं० अत्यधिक मदिरा पीने के कारण उत्पन्न विकार

मदिर वि० मद से भरा हुआ

मदिरोन्मत्त वि० शराब के नशे में चूर

मदीय वि० मेरा

मदोत्कट वि० मद से उन्मत्त

मदोद्धत वि० 1 मदोन्मत्त, मत्त 2 बड़ा अभिमानी या घमंडी

मदोर्जित वि० घमंड से फूला हुआ

मद्दाह वि० प्रशंसा या स्तुति करनेवाला

मद्देनज़र क्रि०वि० ध्यान में

मद्धे अव्य० 1 बीच में 2 मध्य में 3 के संदर्भ में

मद्यप वि० शराबी

मद्रंकर वि० मंगलकारक

मधु-ऋतु स्त्री० वसंत ऋतु

मधुकंठ पुं० कोयल

मधुकरी स्त्री० 1 मधुकर की मादा, भौंरी 2 पके अन्न की भिक्षा

मधु-कोष पुं० शहद की मक्खी का छत्ता

मधु-चंद्र पुं० नवविवाहित वर और वधू का घर के लोगों से अलग जाकर आनन्द-भोग मनाना, हनीमून

मधु-त्रय पुं० शहद, घी और चीनी का मिश्रण

मधुत्व पुं० मिठास

मधुप I पुं० 1 भौंरा 2 शहद की मक्खी II वि० मधु पीनेवाला

मधु-पर्क पुं० दही, घी, शहद और चीनी का मिश्रण

मधुपायी I पुं० भौंरा II वि० मधु पीनेवाला

मधुपुर पुं० मथुरा नगरी

मधुभाजन पुं० शराब पीने का प्याला, चषक

मधुभार पुं० एक छंद जिसके प्रत्येक चरण में आठ मात्राएँ होती हैं और अन्त में जगण होता है

मधुमयता स्त्री० माधुर्य, मिठास

मधु-माध्वीक पुं० मद्य, शराब

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मधुमेह पुं० मूत्र में शर्करा की मात्रा अधिक होने का रोग

मधुराका स्त्री० वसंत ऋतु की चाँदनी रात

मधुराज पुं० भौंरा

मधुरिमा स्त्री० माधुर्य, मधुरता

मधुवात पुं० वसन्त की हवा

मधु-वार पुं० 1 शराब पीने का दिन 2 शराब का दौर

मधुसूदन पुं० विष्णु

मधुसूदनी स्त्री० शरीर के अन्दर अग्न्याशय में बननेवाला वह तत्व जिसके अभाव में मूत्र शर्करायुक्त हो जाता है, रक्त विषाक्त होने लगता है और मूत्र संबंधी अनेक रोग होने लगते हैं

मधूक पुं० महुए का पेड़, फूल और फल

मधूत्सव पुं० बसंतोत्सव

मध्यग वि० मध्य में रहनेवाला, मध्यस्थ

मध्य-जीवकल्प पुं० जो पुराकल्प के बाद आज से प्रायः बारह से बीस करोड़ वर्ष पहले था, जिसमें अनेक बड़े आकार के पशुओं तथा पक्षियों की सृष्टि हुई

मध्य-पूर्व पुं० 1 यूरोपवालों के हिसाब से एशिया का दक्षिण-पश्चिमी तथा अफ्रीका का उत्तर-पूर्वी भाग

मध्यम-पद-लोपी पुं० व्याकरण में एक प्रकार का समास जिसके पूर्व पद से दूसरे(उत्तर पद)पद का संबंध बतलानेवाला शब्द लुप्त रहता है, लुप्तपद समास

मध्यम-पुरुष पुं० उस व्यक्ति का वाचक सर्वनाम, जिससे कुछ कहा जा रहा हो

मध्यम-मार्ग पुं० 1 बीच का रास्ता 2 बुद्ध द्वारा प्रतिपादित एक सिद्धान्त

मध्यमवयस्क पुं० अधेड़ उम्र का

मध्यम-वर्ग पुं० धनी वर्ग और श्रमिक वर्ग के बीचवाला वर्ग

मध्यमा स्त्री० 1 बीचवाली उँगली 2 ऐसी नायिका जो अपने प्रिय के हित तथा अहित का व्यवहार देखते हुए वैसा ही करने लगती है

मध्यमान पुं० 1 औसत 2 परस्पर दो विपरीत दिशाओं के ठीक बीच में स्थित होनेवाला बिंदु

मध्य-युग पुं० 1 प्राचीन युग और आधुनिक युग के बीच का समय या युग 2 इतिहास में ईसवी छठी शताब्दी से पन्द्रहवीं शताब्दी के बीच का समय 3 भारतीय इतिहास में मुसलमानी शासनकाल का समय

मध्यवर्ती वि० जो बीच में स्थित हो

मध्यस्थ वि० 1 बीच में स्थित होनेवाला 2 बिचौलिया

मध्यस्थता स्त्री० मध्यस्थ का काम और पद

मध्यांतर पुं० 1 दो घटनाओं और वस्तुओं के बीच का अन्तर 2 किसी कार्य के बीच में थोड़ा-सा निकाला गया समय

मध्या स्त्री० 1 स्वकीया नायिका का वह भेद जिसमें काम और लज्जा समान मानी गयी है 2 एक प्रकार का वर्ण वृत्त जिसके प्रत्येक चरण में तीन अक्षर होते हैं

मध्याह्न पुं० 1 दोपहर

मध्याह्नोत्तर पुं० मध्याह्न के ठीक बादवाला समय, तीसरा पहर

मनःक्षेप पुं० मन में होनेवाला उद्वेग

मनःपर्याप्ति स्त्री० मन से संकल्प विकल्प या बोध प्राप्त करने की शक्ति

मनःपूत वि० पवित्र मन या विशुद्ध आत्मावाला

मनःभव वि० मन से उत्पन्न होनेवाला, कल्पित

मनकना अ० क्रि० 1 हिलना-डुलना, चेष्टा करना 2 हाथ-पैर चलाना

CC-0. In Public Domain.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मनकूल वि० 1 जिसकी नकल की गई हो, प्रतिलिपि 2 ऐसी संपत्ति जो एक स्थान से दूसरे स्थान पर लायी गयी हो, चल संपत्ति
मनकूहा वि०स्त्री० विवाहिता, परिणीता
मन-भरौती स्त्री० खुशामद, चापलूसी
मन-मोदक पुं० मन के लड्डू, आधारहीन कल्पना
मनरोचन वि० मन को मुग्ध करनेवाला
मनशा स्त्री० 1 आशय, मतलब 2 उद्देश्य 3 इच्छा, संकल्प
मनसना स०क्रि० 1 मन में विचार या संकल्प करना 2 मंत्र पढ़कर चीज़ दान करना
मनसब पुं० 1 अधिकार-पद 2 अधिकार
मनसाकर वि०मनोवांछित फल देनेवाला, मनोकामना पूर्ण करनेवाला
मनसि अव्य० 1 मन में 2 हृदय पर
मनसूख वि० 1 रद्द किया हुआ 2 टाला हुआ 3 परित्यक्त
मनसूबा पुं० योजना
मनसूर वि० विजेता
मनस्कांत वि० 1 मनोनुकूल 2 प्यारा
मनस्काम पुं० मन की अभिलाषा, मनोरथ
मनस्ताप पुं०1 आन्तरिक दुःख 2 पश्चात्ताप, पछतावा
मनस्तोष पुं० 1 मन में होनेवाली तृप्ति 2 मन शान्ति
मनस्विता स्त्री० मनस्वी होने की अवस्था
मनस्वी वि० 1 बुद्धिमान, उच्च विचारोंवाला
मनहंस 15 अक्षरों का एक वर्णिक छंद, जिसके एक चरण में क्रमशः एक सगण (IIS) दो जगण (ISI) भगण (SII) और अंत में रगण (SIS) होता है
मनिहार पुं० चूड़ी बनानेवाला, चुड़िहारा
मनीषा स्त्री० 1 मानसिक शक्ति 2 बुद्धि 3 अभिलाषा
मनीषित वि० मनोभिलषित, वांछित
मनीषिता स्त्री० मनीषी होने की अवस्था, बुद्धिमत्ता
मनीषी वि० 1 ज्ञानी 2 बुद्धिमान 2 विद्वान 4 विचारशील
मनुज पुं० मनुष्य
मनुहार स्त्री० 1 खुशामद 2 तुष्टि 3 आदर-सत्कार
मनोग्रंथि स्त्री० मन में आचार-व्यवहार की गाँठ
मनोग्राही वि० मन को खींचनेवाला
मनोज, मनोजन्मा पुं० कामदेव, मदन, मनसिज
मनोजव वि० 1 मन के समान वेगवान 2 पितृतुल्य, बड़ों के समान
मनोज्ञ वि० मनोहर, सुन्दर
मनोज्ञता स्त्री० सुंदरता, मनोहरता
मनोदाह पुं० मन में होनेवाला दुख, मनस्ताप
मनोदेवता पुं० अंतरात्मा
मनोदौर्बल्य पुं० मन की दुर्बलता
मनोनयन पुं० 1 नियुक्त या प्रतिष्ठित करना 2 चुनाव
मनोनिवेश पुं० एकाग्रता
मनोनीत वि० 1 मन में आया हुआ 2 जिसके नाम ठहराया गया हो
मनोभंग पुं०1 मन की शांति में पड़नेवाला विघ्न 2 उदासी
मनोभव पुं० कामदेव
मनोभाव पुं० 1 मन में रहने या उत्पन्न होनेवाला भाव 2 मनोवृत्ति
मनोभ्रंश पुं० मतिभ्रंश, बुद्धि का ठीक काम न करना
मनोमय वि० 1 मन से युक्त 2 मानसिक
मनोमय कोश पुं०आत्मा का तीसरा कोश जिसमें मन, अहंकार और कर्मेन्द्रियां

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अंतर्भूत मानी जाती है

मनोमल पुं॰ मन में उत्पन्न होनेवाला कोई दूषित भाव या विचार, मन का मैल

मनोमालिन्य पुं॰ मन में रहनेवाला दुर्भाव या वैर-विरोध, मनमुटाव, रंजिश

मनोमुखी वि॰ अंतर्मुखी

मनोयोग पुं॰ मन को एकाग्र करके लगाना

मनोरथ तृतीया स्त्री॰ चैत्र शुक्ला तीज (का व्रत)

मनोरमा स्त्री॰ 1 दस-दस वर्णों के चरणों-वाला एक छंद जिसके प्रत्येक चरण का पहला, दूसरा, तीसरा, सातवाँ और नवाँ वर्ण लघु होता है 2 चौदह अक्षरों का एक वर्णिक वृत्त जिसके प्रत्येक पाद में चार सगण (।।ऽ) और अंत में दो लघु होते हैं

मनोराज्य पुं॰ 1 मनरूपी राज्य 2 सुखों की मन में की जानेवाली मनमानी कल्पना, हवाई किला

मनोलीला स्त्री॰ ऐसी कल्पित अद्भुत बात जिसका कोई आधार न हो

मनोलौल्य पुं॰ मन की चंचलता

मनोविकार पुं॰ मन में होनेवाला कोई आवेग या भाव

मनोविश्लेषण पुं॰ रोगों की मानसिक चिकित्सा

मनोवृत्ति स्त्री॰ वह मानसिक शक्ति या स्थिति जिसके कारण मनुष्य किसी ओर प्रवृत्त होता है, मन की स्थिति जो किसी ओर प्रवृत्ति या निवृत्ति का कारण होती है

मनोवेग पुं॰ मन में उत्पन्न होनेवाला तीव्र विकार

मनोवैकल्य पुं॰ मन की विकलता

मनोव्यापार पुं॰ मन के संकल्प-विकल्प, विचार

मनोह्लादी वि॰ 1 मन को आह्लादित या प्रसन्न करनेवाला 2 मनोहर, सुंदर

मनौअल स्त्री॰ मन में कोई बात मानना या धारण करना, रूठे को मनाना

मन्मथ-लेख पुं॰ प्रेम-पत्र

मन्मथकर वि॰ कामोद्दीपक

मन्मथाविष्ट वि॰ कामोद्दीप्त

मन्मथी वि॰ कामी, कामुक

मन्या-स्तंभ पुं॰ गरदनतोड़ बुखार

मन्यु पुं॰ 1 क्रोध 2 अभिमान 3 दीनता

मन्युमान् वि॰ क्रोध, अहंकार या दैन्य से युक्त

मन्वंतर पुं॰ इकहत्तर चतुर्युगियों का एक काल, ब्रह्मा के एक दिन का चौदहवाँ भाग

मफ़रूर वि॰ पलायित, भागा हुआ

ममनून वि॰ कृतज्ञ

ममाखी स्त्री॰ शहद की मक्खी

ममाना पुं॰ मामा का घर, ननिहाल

ममिया वि॰ मामा से संबंधित; **—ससुर, —सास**

मयंक पुं॰ चन्द्रमा

मयंद पुं॰ 1 शेर 2 सिंह

मयगल पुं॰ मत्त हाथी, मदमस्त हाथी

मयन पुं॰ मदन, कामदेव

मयमंत वि॰ मस्त, मदमस्त

मयस्सर वि॰ उपलब्ध, प्राप्त

मया स्त्री॰ 1 चिकित्सा, इलाज 2 माया, भ्रमजाल 3 प्रेमपाश या बन्धन 4 अनुग्रह

मयूख पुं॰ 1 किरण, रश्मि 2 चमक 3 रोशनी, प्रकाश 4 ज्वाला 5 शोभा

मयूर-गति स्त्री॰ चौबीस अक्षरों का एक वृत्त, जिसके प्रत्येक चरण में आदि में पाँच यगण (।ऽऽ) फिर मगण (ऽऽऽ) यगण (।ऽऽ) और अंत में भगण (ऽ।।) होता है

मयूरसारिणी स्त्री॰ तेरह अक्षरों का एक छंद

CC-0. In Public Domain. Gurukul K...

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मरक़ज़ पुं० 1 केंद्र 2 केन्द्रस्थल
मरक़ज़ी वि० केन्द्रीय
मरकत पुं० पन्ना
मरकाना स०क्रि० 1 दबाकर चूर करना 2 इतना दबाना कि मरमराहट उत्पन्न हो
मरकी स्त्री० 1 मरी, महामारी 2 मृत्यु
मरक़ूम वि० लिखित, लिखा हुआ
मरखना वि०जल्दी से गुस्से में आकर मार बैठना, मरकहा
मरगजा I वि० मला-दला, मसला हुआ, मलित-दलित II पुं० पकौड़ा
मरगोल पुं० गाने में ली जानेवाली गिट-करी, स्वर कंपन
मरज़ पुं०1 रोग, बीमारी 2 बुरी टेब, लत
मरण-गति स्त्री० मृत्यु दर
मरणाशंसा स्त्री० जल्दी मरने की कामना
मरणाशौच पुं० घर में किसी की मृत्यु के कारण सूतक, अशौच
मरतबा पुं० 1 पद 2 दफ़ा, बार
मरदनियाँ पुं० मालिश करनेवाला आदमी
मरदूद वि० 1 बहिष्कृत, निकाला हुआ 2 तिरस्कृत 3 पाजी, लुच्चा, नीच
मरभुक्खा वि० 1 भूख का मारा हुआ 2 भुक्खड़ 3 कंगाल
मरमरा वि० जो सहज में टूट जाय
मरमराहट स्त्री० चरमराहट
मरवट स्त्री०उत्तराधिकार में प्राप्त ज़मीन
मरसिया पुं० शोकगीत
मरहबा पुं० शाबास, वाह-वाह
मरहला पुं० 1 पड़ाव, टिकान 2 दरजा विकट काम
मरहूम वि० जो मर गया हो, दिवंगत
मरातिब पुं०1 उत्तरोत्तर आनेवाली अव-स्थाएँ 2 अधिकारयुक्त पद
मराल पुं० हल्की ललाई से युक्त सफेद रंगवाली बत्तख 2 हंस
मरी स्त्री०महामारी (संक्रामक/घातक रोग)
मरीचि स्त्री० किरण
मरीचिका स्त्री० 1 गरमी की तेज धूप में दिखायी देनेवाला भ्रामक दृश्य, मृग-तृष्णा
मरीचि-जल पुं० मृग-तृष्णा
मरीचिमाली, मरीची पुं० सूर्य
मरीना पुं०मेरीना नामक भेड़ के ऊन का पतला कपड़ा
मरु पुं० 1 मरुस्थल, रेगिस्तान 2 मारवाड़ प्रदेश
मरुत् पुं० वायु
मरुत्पति पुं० इंद्र
मरुत्सुत पुं० हनुमान
मरुद्वीप पुं०मरुस्थल में छोटा और उपजाऊ प्रदेश
मरुभूमि स्त्री० रेगिस्तान
मरुमरीचिका स्त्री० मृगतृष्णा
मर्कट पुं० बन्दर
मर्करा स्त्री० 1 सुरंग 2 तहख़ाना
मर्ग पुं० मौत
मर्त्य I पुं० मनुष्य II वि० मरणशील
मर्त्य-धर्मा वि० मरणशील
मर्दन I पुं०1 मालिश करना 2 कुचलना, रौंदना 3 नष्ट-भ्रष्ट करना 5 पीसना, रगड़ना II वि० 1 मर्दन करनेवाला 2 नष्ट-भ्रष्ट करनेवाला
मर्दुमशुमारी स्त्री० मनुष्य गणना, जन-गणना
मर्म पुं० 1 रहस्य 2 संधि स्थान 3 हृदय
मर्मघाती वि० मर्म पर चोट करनेवाला
मर्मच्छेदन पुं० 1 प्राणघातक, जान लेवा
मर्मपीड़ा स्त्री० आंतरिक दुःख
मर्म-भेदक वि०1 मर्म छेदनेवाला 2 हृदय विदारक
मर्म-भेदी वि० 1 मर्मस्थल अर्थात् हृदय पर आघात करनेवाला 2 दुःखी तथा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संतप्त करनेवाला

मर्म-वाक्य पुं० रहस्य की बात

मर्मवेदी वि० मर्मज्ञ, रहस्य जाननेवाला

मर्मवेधी वि० मर्मभेदी

मर्मस्पर्शी वि०हृदय पर प्रभाव डालनेवाला

मर्मांतक वि० मर्मभेदक, मन को चुभनेवाला

मर्माघात पुं० हृदय पर लगनेवाली गहरी चोट

मर्माहत वि० जिसके हृदय को कड़ी चोट पहुँची हो

मर्मोद्घाटन पुं० रहस्य प्रकट करना

मर्यादाबंध पुं० अधिकारों की रक्षा

मर्यादा-व्यतिक्रम पुं० मर्यादा का उलंघन

मर्री स्त्री० सूद के बदले में महाजन को दी गयी भूमि

मर्ष पुं० 1 क्षमा, शान्ति 2 धैर्य 3 सहनशीलता

मर्षण I पुं० 1 क्षमा करना, माफी 2 रगड़ना II वि०1 ध्वंस या नाश करनेवाला 2 दूर करनेवाला

मर्षी वि० क्षमाशील

मलका स्त्री० 1 महारानी 2 रानी 3 अत्यंत सुंदर स्त्री

मलकुल-मौत पुं०मौत का फ़रिश्ता, यमराज

मलगोबा पुं० 1 गीली चीजें 2 दही मिली हुई पकी दाल 3 पीब, मवाद 4 कूड़ा-करकट 5 गंदगी

मलट पुं० लकड़ी का हथौड़ा

मलपंकी वि० 1 मलिन, मैला 2 कीचड़ आदि से सना हुआ

मलबा पुं० 1 गिरे हुए मकान की टूटी-फूटी ईंट और मसाला 2 कूड़ा-करकट

मलमलाहट स्त्री०1 खिन्नता 2 पश्चात्ताप, पछतावा

मलमास पुं० अधिक मास

मलयज पुं० 1 चंदन 2 राहु नामक ग्रह

मलयवासिनी स्त्री० दुर्गा

मलयानिल पुं० 1 दक्षिण की वायु 2 शीतल और सुगंधित वायु 3 बसंत ऋतु की वायु

मलयुग पुं० कलियुग

मल-रुचि वि० 1 दूषित रुचिवाला 2 पापी

मल-रोधन पुं०पेट या आँतों से मल रुकना, कोष्ठबद्धता, कब्जियत

मल-वासा स्त्री० ऋतुमती या रजस्वला स्त्री

मल-शुद्धि स्त्री० कब्ज खुलना

मलापह वि० 1 मलनाशक 2 पापनाशक

मलामत स्त्री० निन्दा, भर्त्सना

मलारी स्त्री० बसंत राग की एक रागिनी

मलाल पुं० 1 रंज, खेद 2 पश्चात्ताप

मलावरोध पुं० कब्जियत

मलिन वि० 1 गंदा 2 ख़राब 3 मटमैला 4 पापी

मलिनता स्त्री० गंदगी

मलिनावास पुं० गंदी बस्ती

मलिनी स्त्री० रजस्वला स्त्री

मलिया-मेट पुं० सर्वनाश

मलिष्ठ वि० अत्यंत मलिन/गंदा

मलूल वि० 1 खिन्न, दुःखी 2 उदास

मलोत्सर्ग पुं० मलत्याग, शौच

मलोला पुं० 1 मानसिक व्यथा, दुःख 2 अरमान

मल्ल-क्रीड़ा स्त्री० मल्लयुद्ध, कुश्ती

मल्लार पुं० वर्षा ऋतु में गाया जानेवाला एक प्रसिद्ध राग, मलार

मल्लिका स्त्री० 1 मोतिया 2 एक प्रकार का बेला 3 आठ अक्षरों का एक वर्णिक छंद जिसके प्रत्येक चरण में क्रमशः एक रगण (ऽ।ऽ) जगण (।ऽ।) गुरु और लघु होता है 4 सुमुखी वृत्त का एक नाम

मवक्किल पुं० वकील का आसामी

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मवाद पुं० घाव में से निकलनेवाली पीव, पस
मवाली पुं० संगी-साथी
मशकूक वि० जिस पर शक किया गया हो, संदिग्ध
मशक पुं० 1 मच्छर 2 शरीर पर निकलनेवाला मसा
मशक्कत स्त्री० 1 कठिन परिश्रम 2 कष्ट, दुःख
मशग़ला पुं० 1 व्यापार 2 मन-बहलाव
मशग़ूल वि० प्रवृत्त या व्यस्त
मशरिक पुं० पूर्व दिशा, पूरब
मशरुह वि० 1 जिसकी शरह या टीका की गयी हो 2 विवरण-सहित
मशविरा पुं० सलाह, परामर्श
मशीर पुं० मशविरा देनेवाला, सलाहकार
मश्क स्त्री० अभ्यास
मष्ट वि० मौन, संस्कारहीन
मस स्त्री० मूँछ निकलने के पहले उसके स्थान पर बालों की हल्की रेखा या रोमावली
मसकना I स० क्रि० दबाकर तोड़ना II अ० क्रि० दबने से फट जाना या टूट जाना
मसका पुं० नवनीत, मक्खन
मसख़री स्त्री० चुहुलबाजी, ठट्ठा, दिल्लगी
मसनद स्त्री० बड़ा तकिया
मसनवी स्त्री० प्रवन्ध काव्य जिसमें कई शेर होते हैं, इन शेरों में अंत्यानुप्रास नहीं होता
मसनूई वि० 1 कृत्रिम, बनावटी 2 मिथ्या
मसरूका वि० चोरी किया हुआ
मसरूफ़ वि० व्यस्त, संलग्न
मसरूफ़ियत स्त्री० व्यस्तता
मसल स्त्री० कहावत, लोकोक्ति
मसलन क्रि० वि० उदाहरणार्थ
मसलहत स्त्री० शुभ हेतु, हित, भलाई
मसविदा पुं० खर्रा, मसौदा, पाण्डुलिपि
मसा पुं० विन्दु के आकार का शरीर पर होनेवाला चिह्न
मसान पुं० श्मशान, मरघट
मसाना पुं० मूत्राशय, वस्ति
मसि स्त्री० 1 रोशनाई, स्याही 2 काजल
मसिजीवी पुं० लेखन कार्य से जीविका चलानेवाला
मसिधानी I स्त्री० मसिपात्र II पुं० दावात
मसिपात्र पुं० दावात
मसि-मुख वि० 1 जिसके मुख पर कालिख पुती हो अर्थात् कल-मुहाँ 2 दुष्कर्म करनेवाला
मसीहा पुं० वह जिसमें रोगी को निरोग करने तथा मृतक को जीवित करने की शक्ति हो 2 ईसाई धर्म के प्रवर्तक ईसा-मसीह
मसीहाई स्त्री० 1 मसीहापन 3 मुर्दों को जिन्दा करना 3 मसीहा की सी वह अलौकिक शक्ति जिसमें रोगी चंगे तथा निर्जीव जीवित हो जाते हैं
मसीही वि० ईसाई
मसूरिका स्त्री० खसरा (चेचक का एक रूप)
मसृण वि० 1 चिकना 2 मुलायम
मसूसना, मसोसना स० क्रि० 1 मरोड़ना 2 निचोड़ना 3 मनोवेग को दबाना
मसोसा पुं० 1 मानसिक दुःख 2 पश्चात्ताप, पछतावा
मसौदा पुं० मसविदा
मसौदेबाज़ पुं० 1 अच्छी युक्ति सोचनेवाला 2 चालाक, धूर्त
मस्तूल पुं० बड़ी नावों आदि के बीच का वह खंभा जिसमें झंडा या पाल बाँधा जाता है
महकमा पुं० 1 कचहरी, न्यायालय 2 विशिष्ट विभाग
महकीला वि० जिसमें से महक निकल

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रही हो, महकदार, सुगंधित

महकूम I वि० 1 जिसे हुक्म दिया गया हो 2 शासित II पुं० प्रजा, रिआया

महज़ अव्य० केवल, मात्र, सिर्फ़

महज़बीन स्त्री० चंद्रमुखी

महत् वि० 1 महान 2 सर्वश्रेष्ठ

महताब पुं० चंद्रमा

महताबी स्त्री० मोमबत्ती के तरह की आतिशबाज़ी

महती द्वादशी स्त्री० भाद्रपद की शुक्ला द्वादशी

महत्तत्व पुं० बुद्धि तत्व

महत्तम वि० 1 जिसका महत्व सबसे अधिक माना जाता है 2 सबसे बड़ा

महत्तम-समापवर्त्तक पुं० गणित में वह बड़ी से बड़ी संख्या जिसका भाग दो या अन्य संख्याओं में पूरा-पूरा हो सके

महदाशय वि० ऊँचे मनवाला

महदी I वि० 1 जिसे दीक्षा मिली, दीक्षित 2 धर्मनेता II पुं० बारहवें इमाम (मुसलमान)

महदूद वि० 1 सीमाबद्ध, सीमित 2 घिरा हुआ

महनीय वि० 1 महान् 2 पूज्य, मान्य

महफ़ूज़ वि० सुरक्षित

महबूब पुं० प्रेमपात्र, प्रिय

महबूबा स्त्री० प्रेमपात्री, प्रेयसी

महमहा वि० सुगंधित

महमहाना I अ० क्रि० गमकना, सुगन्ध देना II स० क्रि० महक से युक्त करना

महमूद वि० प्रशंसित

महर पुं० 1 बड़ा आदमी 2 मुखिया 3 स्त्रीधन (मुसलमानों में)

महरम पुं० आंतरिक रहस्य को जानने-वाला, हार्दिक मित्र

महराब स्त्री० मेहराब

महरूम वि० 1 वंचित 2 अभागा

महल-सरा स्त्री० अंतःपुर, जनानख़ाना, रनिवास

महशर पुं० क़यामत, प्रलय

महसूब वि० हिसाब किया हुआ

महसूर वि० घिरा हुआ

महांतक पुं० मृत्यु

महाकाल पुं० महादेव

महाकृच्छ्र पुं० घोर तपस्या

महागद पुं० 1 ज्वर, बुख़ार 2 कठिन रोग

महागौरी स्त्री० दुर्गा

महातपा पुं० बहुत बड़ा तपस्वी

महातेजा महान् तेजस्वी

महाधिवक्ता पुं० वह प्रमुखतम अधिकारी जो उस राज्य के शासकीय विवादों में उच्च न्यायालय के सामने राजकीय पक्ष उपस्थित करने के लिए नियत होता है

महानवमी स्त्री० आश्विन शुक्ला नवमी

महानाटक पुं० दस अंकोंवाला नाटक

महानिद्रा पुं० देहावसान, मृत्यु

महानिशा स्त्री० 1 आधी रात 2 प्रलय की रात

महानुभाव पुं० 1 बहुत बड़ा व्यक्ति 2 उच्च विचारोंवाला व्यक्ति

महान्यायवादी पुं० वह प्रधान अधिकारी जिसे लोगों के विरुद्ध कार्रवाइयाँ करने का अधिकार हो

महापथ-गमन पुं० मरण, मृत्यु

महापालिका स्त्री० बड़े नगर की स्वायत्त शासी इकाई

महाप्रयाण, महाप्रस्थान पुं० मृत्यु, मौत

महाप्राण पुं० 1 ध्वनि जिसके उच्चारण में प्राणवायु का विशेष व्यवहार करना पड़ता है 2 जीवटवाला व्यक्ति

महाभियोग पुं० सर्वप्रमुख शासनाधिकारी पर चलाया गया मुकदमा

महाभूत पुं० पाँच तत्व

महाभैरव पुं० शिव

CC-0. In Public Domain...

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

महामना त्रि० जिसका मन या अन्तःकरण बहुत उच्च हो, उदारचित्त

महामहिम त्रि० जिसकी महिमा बहुत अधिक हो (राज्यपाल आदि)

महामात्य पुं० प्रधानमंत्री

महामात्र पुं० 1 प्राचीन भारत का एक उच्च पदस्थ राजकीय अधिकारी 2 महामंत्री

महामाय त्रि० अत्यन्त मायावी

महामाया स्त्री० 1 वह सांसारिक भ्रम जिसके फलस्वरूप यह मिथ्या जगत वास्तविक-सा प्रतीत होता है 2 प्रकृति, देवी 3 दुर्गा

महामारी स्त्री० बहुत अधिक फैला हुआ घातक रोग

महायात्रा स्त्री० मृत्यु

महायान पुं० बुद्धमत का परिवर्तित रूप जिसमें मूर्तिपूजा और कर्मकांड चल पड़े थे

महायुग पुं० चारों युगों का समूह, चौकड़ी

महायोगेश्वरी स्त्री० दुर्गा

महारत स्त्री० 1 हस्तकौशल 2 निपुणता 3 अभ्यास

महारथ्या स्त्री० चौड़ी और बड़ी सड़क

महारात्र पुं० आधी रात

महारात्रि स्त्री० प्रलय की रात

महारौद्र पुं० शिव

महार्घ त्रि० 1 बहुमूल्य 2 मँहगा

महार्घता स्त्री० मँहगाई

महार्णव पुं० महासागर

महार्बुद पुं० हज़ार करोड़, दस अरब

महाल पुं० 1 मुहल्ला, टोला 2 कई गाँवों का भू-भाग

महालय पुं० 1 महाप्रलय 2 पितृपक्ष

महालया स्त्री० पितृपक्ष की अमावस्या

महालिंग पुं० महादेव

महावट स्त्री० पूस-माघ की वर्षा

महावर पुं० लाख से तैयार किया जानेवाला एक तरह का गहरा चटकीला लाल रंग जिससे स्त्रियाँ अपने पैर रंगती हैं

महावाणिज्यदूत पुं० किसी देश का वह दूत जो अन्य देश की राजधानी में रहता हो और स्वदेशी अन्य दूतों का प्रधान हो

महाविद्या स्त्री० तांत्रिकों की सिद्ध देवियाँ

महाव्योम पुं० अनन्त व्योम, सारा ब्रह्माण्ड

महाशय पुं० उच्चात्मा

महाष्टमी स्त्री० आश्विन की शुक्ला अष्टमी

महासंस्कार पुं० अंत्येष्टि क्रिया

महासर्ग पुं० प्रलय के उपरान्त होनेवाली सृष्टि

महास्पद त्रि० 1 उच्च पदस्थ 2 शक्तिशाली

महियाउर पुं० दही के मट्ठे में पकाया हुआ चावल, महेरा

महिष पुं० 1 भैंसा 2 वह राजा जिसका अभिषेक शास्त्रानुसार हुआ हो 3 एक राक्षस

महिषमर्दिनी स्त्री० दुर्गा

महिषी स्त्री० 1 भैंस 2 राजा की वह पटरानी जिसका उसके साथ अभिषेक हुआ हो

महिष्ठ त्रि० 1 बहुत बड़ा 2 महिमापूर्ण

मही स्त्री० 1 पृथ्वी 2 पृथ्वी के आधार पर की संख्या 3 मिट्टी 4 खाली स्थान, अवकाश

मही-तल पुं० पृथ्वी

महीदेव पुं० ब्राह्मण

महीधर पुं० पर्वत

महीप पुं० राजा, नृपति, भूप

महीपुत्री स्त्री० सीता

महीयान त्रि० 1 अपेक्षाकृत बड़ा 2 शक्तिशाली

मही-सुत पुं० मंगल ग्रह

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

महो-सुर पुं० ब्राह्मण

महुअर पुं० 1 सँपेरों का एक प्रकार का बाजा, तूँबी

महुआ-दही पुं० वह मथा हुआ दही जिसमें से मक्खन निकाल लिया गया हो

महुआरी स्त्री० महुए का जंगल

महेष्वास पुं० बहुत बड़ा धनुर्धारी, योद्धा

महोक्ष पुं० बड़ा बैल

महोच्चार पुं० ऊँचा या घोर शब्द, घोष

महोदधि पुं० समुद्र

महोदरी स्त्री० दुर्गा

महोरस्क वि० विशाल वक्षःस्थलवाला

महौघ पुं० समुद्र की बाढ़ या तूफ़ान

महौजस्क वि० बहुत तेजवान

महौजा वि० अत्यन्त तेजस्वी

मांगलिक I वि० मंगल करनेवाला, शुभ II पुं० मंगलाचरण पढ़नेवाला

मांगल्य पुं० मंगलभाव

माँज स्त्री० 1 दलदली भूमि 2 कछार

माँझा पुं० 1 नदी के बीच की सूखी ज़मीन या टापू 2 पगड़ी पर लगाया जानेवाला एक तरह का आभूषण 3 लेई, शीशे की बुकनी का वह रूप जो डोर पर उसे तेज या धारदार करने के लिए चढ़ाया जाता है

माँड़ना स-क्रि० 1 मर्दन करना 2 गूँधना 3 लेप करना 4 अन्न की बालों में से दाने झाड़ना

मांडलिक I पुं० मंडल का प्रधान प्रशासक II वि० मंडल संबंधी

माँड़ी स्त्री० कलफ़

मांत्रिक वि० मंत्र-संबंधी

मांथर्य पुं० मंथरता, धीमापन, सुस्ती

माँद स्त्री० हिंसक पशु की गुफा

माँदगी स्त्री० बीमारी

मांद्य पुं० 1 मंदता 2 दुर्बलता, न्यूनता, 3 कमी

मांसल वि० 1 मांसवाला 2 मोटा-ताजा, हृष्ट-पुष्ट

मांसलता स्त्री० 1 मांस से भरे होने की अवस्था 2 अत्यधिक मोटा-ताजा होने की अवस्था

मांसादी वि० मांस खानेवाला, मांसाहारी

मांसार्बुद पुं० मांस पर की कड़ी सूजन

मांसाशी वि० मांसाहारी

मांसाष्टका स्त्री० माघ कृष्णा अष्टमी

मांसोदन पुं० एक तरह का पुलाव जिसमें मांस के टुकड़े भी डाले गये हों

माकूल वि० 1 उचित, वाजिब 2 यथेष्ट 3 योग्य, लायक़

माक्षिक I पुं० शहद II वि० मक्खियों का

माघी स्त्री० माघ मास की पूर्णिमा

माजरा पुं० 1 हाल, मामला 2 घटना का विवरण

माजून पुं० चाटने की दवाई, अवलेह

माणवक पुं० 1 सोलह वर्षीय युवक 2 तुच्छ व्यक्ति 3 नाटा या बौना आदमी

माणिक्य पुं० लाल (रत्न)

मातंग पुं० हाथी

मातदिल वि० न बहुत ठंडा न बहुत गरम

मातबर वि० जिसका एतबार किया जा सके, विश्वसनीय, विश्वस्त

मातबरी स्त्री० विश्वसनीयता, विश्वस्तता

मातम-पुर्सी स्त्री० मृतक के संबंधियों के यहाँ जाकर प्रकट की जानेवाली सहानुभूति

मातमी वि० 1 शोक-सूचक 2 मातम करनेवाला

मातहत I वि० अधीन II पुं० अधीनस्थ कर्मचारी

मातामह पुं० माता का पिता, नाना

मातुल पुं० 1 मामा का भाई, मामा

मातुलानी, मातुली स्त्री० 1 मामा की पत्नी, मामी

CC-0. In Public Domain.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मातुलेय पुं० मामा का लड़का, ममेरा भाई
मातृक वि० 1 माता-संबंधी 2 माता के पक्ष में प्राप्त होनेवाला
मातृका स्त्री० 1 जननी, माता 2 गौ 3 दूध पिलानेवाली धाय 4 तांत्रिकों की देवी
मातृ-तंत्र पुं० वह व्यवस्था जिसमें घर या समाज की नेता माता ही माना जाती है
मातृदेव पुं० वह जो माता को देवता मानता है
मातृ-पक्ष पुं० माता के पूर्वजों का कुल या पक्ष, ननिहाल
मातृ-रिष्ट पुं० फलित ज्योतिष के अनुसार एक दोष जिसके कारण प्रसव के उपरान्त माता पर संकट आता है, तथा उसके प्राण जाने का भी भय रहता है
मातृष्वसा स्त्री० मौसी
मातृष्वसेय पुं० मौसेरा भाई
मात्रक पुं० मानक या स्वतंत्र इकाई
मात्रासम पुं० एक प्रकार का छंद जिसके प्रत्येक चरण में 16 मात्राएँ और अन्त में गुरु होता है
मात्रिक वि० 1 मात्रा-संबंधी 2 जिसमें मात्राओं की गणना या विचार होता है (छंद)
मात्सर्य पुं० ईर्ष्या, डाह
मात्स्य वि० मछली संबंधी, मछली का
मात्स्य-न्याय पुं० ऐसी स्थिति जिसमें शक्तिशाली व्यक्ति दुर्बल को सताये
मादनी स्त्री० कोई नशीली चीज़
मादरज़ाद वि० 1 जैसा जन्म के समय रहा हो, ठीक वैसा ही 2 एक ही माता से उत्पन्न, सगा, सहोदर
मादरी वि० माता-संबंधी, माता का
माधव पुं० विष्णु
माधुरी स्त्री० 1 मधुर होने की अवस्था, मधुरता, मिठास 2 मिठाई 3 शराब
माध्यंदिन पुं० मध्याह्न, दोपहर
माध्य वि० मध्य का, बिचला
माध्यमिक वि० 1 बीच का, मध्यवर्ती 2 प्राइमरी से ऊपर का
माध्यस्थ्य पुं० मध्यस्थता
मध्याकर्षण पुं० भौतिक विज्ञान का वह तत्व या सिद्धान्त जो पृथ्वी की समस्त वस्तुओं को अपने गुरुत्वाकर्षण की शक्ति से आकर्षित किये रहता है, क्योंकि ऊपर से गिराया गया पदार्थ पृथ्वी की ओर खिंच जाता है
मध्याह्निक वि० मध्याह्न के समय किया जानेवाला
माध्व वि० 1 मधु-निर्मित 2 वसंत-संबंधी
माध्विक पुं० मधु-मक्खियों के छत्तों में से शहद इकट्ठा करनेवाला व्यक्ति
मानक पुं० मानदंड या रूप, स्टैंडर्ड, आदर्श
मानकित वि० मानक के रूप में किया या लाया हुआ
मानगृह पुं० कोपभवन
मान-चित्र पुं० नक्शा
मान-चित्रण पुं० नक्शे बनाने की कला
मानचित्रावली स्त्री० मानचित्रों का संकलन या संग्रह
मानद वि० प्रतिष्ठा या आदर देनेवाला, आनरेरी
मानदेय पुं० किसी काम या सेवा के बदले में आदरपूर्वक दिया जानेवाला धन
मानमंदिर पुं० 1 कोपभवन 2 वेधशाला
मान-मनौती स्त्री० 1 मानता, मनौती 2 पारस्परिक प्रेम-पूर्ण संबंध
मानव-भूगोल पुं० भूगोल शास्त्र का वह अंग जिसमें इस बात का विवेचन होता है कि प्राकृतिक और भौगोलिक परिस्थितियों का मानव जाति से क्या संबंध है
मानवीकरण पुं० किसी अमूर्त्त वस्तु को मनुष्य का रूप देने का भाव

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मानवीय वि० मनुष्य संबंधी

मानवेन्द्र पुं० राजा

मानस I वि० 1 मन से उत्पन्न, मनोभाव 2 मन में सोचा या विचारा आहु II पुं० मन से होनेवाला संकल्प-विकल्प 3 मानसरोवर

मानसजन्मा पुं० कामदेव

मानस-पुत्र पुं० मन से या इच्छा से बनाया गया पुत्र

मानसिकी स्त्री० मानस-विज्ञान (मनोविज्ञान)

मानसी I स्त्री० 1 वह पूजा जो मन ही मन की जाय, मानसपूजा II वि० मानसिक, मन का

मानाभिषेक पुं० पदारूढ़ होने का समारोह

मानिक पुं० 1 लाल रंग के एक मणि का नाम, पद्मराग

मानुषिक, मानुषी वि० 1 मनुष्य-संबंधी 2 मनुष्यों का-सा

मानुष्य पुं० मनुष्यता

मानोपाधि स्त्री० किसी का मान बढ़ाने के लिए दी जानेवाली उपाधि

मान्यता स्त्री० 1 मान्य होने की अवस्था 2 सिद्धान्त या प्रथा के रूप में माना जानेवाला कोई तथ्य

मापक वि० माप करने या नापनेवाला

मापांक पुं० आज-कल भौतिक विज्ञान में वह परिणाम या मान जो किसी अमूर्त परिणाम, प्रभाव या शक्ति की किसी निश्चित इकाई या माप के आधार पर जाना या स्थिर किया जाता है

माफ़कत स्त्री० अनुकूलता

मामक वि० मेरा

मामूल पुं० 1 नित्य-नियम, दस्तूर, रिवाज

मायक वि० मायावी

मायल वि० प्रवृत्त

मायाकार, मायाजीवी पुं० ऐंद्रजालिक, जादूगर

मायापति पुं० ईश्वर, परमेश्वर

माया-प्रयोग पुं० छल का प्रयोग, धूर्तता

मायायंत्र पुं० मोहिनी विद्या

माया-वर्ग पुं० गणित का वह बड़ा वर्ग जिसमें कई छोटे-छोटे वर्ग इस क्रम में रखे जाते हैं कि उन संख्याओं के आड़े, तिरछे तथा सीधे बलों का जोड़ एक ही आता है

मायावाद पुं० ब्रह्म को सत्य और जगत् को मिथ्या मानने का सिद्धान्त

मायावी वि० 1 माया-संबंधी 2 माया के रूप में होनेवाला 3 जादू आदि से संबंध रखनेवाला 4 बहुत ठग, बड़ा कपटी या धोखेबाज

मायिक वि० 1 माया से बना हुआ 2 अवास्तविक पर वास्तविक-सा दिखायी देनेवाला 3 मायावी 4 जाली, बनावटी

मायूस वि० निराश, हताश

मायूसी स्त्री० निराशा

मार पुं० कामदेव

मारक वि० 1 मार डालनेवाला, नष्ट करनेवाला 2 पीड़क

मारका पुं० 1 चिह्न, निशान 2 छाप 3 महत्त्वपूर्ण घटना

मारकेश पुं० किसी की जन्म-कुण्डली में पड़नेवाला ग्रहों का एक योग जो व्यक्ति के लिए घातक होता है

मारखोर पुं० एक प्रकार का जंगली बकरा

मारतौल पुं० एक प्रकार का बड़ा हथौड़ा

मारी स्त्री० 1 माहेश्वरी शक्ति 2 महामारी, मरी

मारुत पुं० 1 वायु, पवन 2 पवन के अधिपति देवता

मारुत-सुत पुं० 1 हनुमान् 2 भीम

मारूफ़ वि० प्रसिद्ध

मारुति पुं० 1 हनुमान् 2 भीम

CC-0. In Public Domain.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मार्कट त्रि० बंदर का

मार्क्सवाद पुं० जर्मन समाजवादी कार्ल मार्क्स का यह सिद्धान्त कि सारी संपत्ति श्रम से ही बनती है, अतः उससे प्राप्त होनेवाला धन भी श्रमिकों को ही मिलना चाहिए

मार्गण पुं० 1 अन्वेषण, खोज 2 याचना

मार्गणा स्त्री० 1 अन्वेषण 2 याचना

मार्गशिर, मार्गशीर्ष पुं०अगहन का महीना

मार्जनी स्त्री० 1 झाड़ू, बुहारी 2 संगीत की मध्यम स्वर की एक श्रुति

मार्जारी स्त्री० बिल्ली

मार्तंड पुं० 1 आक, मदार 2 सूर्य

मार्तंड-वल्लभा स्त्री० 1 सूर्य की पत्नी 2 छाया

मार्त्य पुं० मर्त्य होने की अवस्था, मरणशीलता

मार्दव पुं० 1 मृदुता 2 हृदय की कोमलता और सरसता

मालकोश पुं०संगीत ओड़व जाति का एक राग जिसे कौशिक राग भी कहते हैं तथा जो रात के दूसरे पहर में गाया जाता है

मालखंभ पुं० 1 लकड़ी या खंभे के सहारे की जानेवाली एक प्रकार की भारतीय कसरत

मालगुजारी स्त्री० ज़मीन का लगान

मालज़ादा पुं० वेश्या-पुत्र

माल-मंत्री पुं० राजस्व मंत्री

माल-मता पुं० धन-दौलत, संपत्ति

मालवश्री स्त्री० सम्पूर्ण जाति की एक रागिनी जो सायंकाल गायी जाती है

माला दीपक पुं० दीपक अलंकार का एक भेद जिसमें किसी वस्तु के एक ही गुण के आधार पर उत्तरोत्तर अनेक वस्तुओं का संबंध बतलाया जाता है

मालाधर पुं० सत्रह अक्षरों का एक वर्णिक वृत्त

मालिका स्त्री० पंक्ति, श्रेणी

मालिन्य पुं० 1 मलिन होने की दशा, मलिनता, मैलापन 2 अंधकार

मालियाना पुं० लगान

मालीखूलिया पुं० मानसिक रोग

मालुमात स्त्री० जानकारी, ज्ञान

मालोपमा स्त्री० उपमालंकार का एक भेद जिसमें एक ही उपमेय के अनेक उपमान बतलाये जाते हैं

माल्य पुं० माला

मावा पुं० खोया

माशा-अल्लाह अव्य० वाह ! क्या कहना है! बहुत अच्छे, क्या कहने !

माशा पुं० आठ रत्ती मान की एक प्रकार की तौल

माशूक पुं० प्रेम-पात्र, प्रिय

माशूका स्त्री० प्रेम-पात्री, प्रेमिका

माशूकाना वि०1 माशूक का 2 माशूक की तरह का

माष पुं० उड़द

मासानुमासिक वि० प्रतिमास का

मासावधिक त्रि० महीना भर रहनेवाला

मासूम वि० निरपराध, बेगुनाह

मासूमियत स्त्री० मासूम होने की अवस्था, निर्दोषता

मासेष्टि स्त्री० प्रतिमास किया जानेवाला यज्ञ

मास्तिष्क्य त्रि०मस्तिष्क-संबंधी, मस्तिष्क का

मास्य वि० एक महीने का

माहताब पुं० चंद्रमा

माहताबी स्त्री० 1 एक तरह की आतिशबाजी 2 चाँदनी रात में मज़ा लेने के लिए बनाया हुआ चबूतरा

माहनामा पुं० मासिक पत्र

माहली पुं० 1 महल अर्थात् अन्तःपुर में काम करनेवाला सेवक, खोजा 2 नौकर,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भृत्य
माहाना वि० मासिक
माहिष वि० भैंस-संबंधी या भैंस का
माहीगीर पुं० मछुवा
माहेंद्री स्त्री० इन्द्राणी
माहेश्वरी स्त्री० दुर्गा
मिंड़ाई स्त्री० मींड़ने का काम
मिकदार स्त्री० मात्रा
मिकनातीस पुं० चुंबक पत्थर
मिचकना अ०क्रि० बार-बार खुलना और बन्द होना अथवा उठना और गिरना (आँखों का)
मिचकाना स०क्रि०बार-बार खोलना और बन्द करना अथवा उठाना और गिराना
मिचना अ०क्रि० बन्द होना
मिचौनी स्त्री० मीचने या मूँदने की क्रिया
मिजराब स्त्री० सितार बजाने का छल्ला
मिजाजदार वि० घमंडी, 2 अभिमानी
मिजाज-पुरसी स्त्री० किसी का कुशल-मंगल या हाल-चाल पूछना
मिजाज-शरीफ़ पुं० आप सकुशल हैं ना
मिजाजी वि०स्त्री० अभिमानी, घमंडी
मिरियामहल पुं० मिट्टी का घर
मिट्ठी स्त्री० चुंबन, चूमा
मिठ-लोना वि०जिसमें नमक बहुत ही कम हो, कम नमकवाला
मिड़ाई स्त्री० = मिंड़ाई
मित वि०1 नपा-तुला 2 सीमित, परिमित 3 कम, थोड़ा जैसे—मितभाषी, मित-भोजी
मितली स्त्री० मिचली, क़ै की इच्छा
मितव्ययी वि० कम खर्च करनेवाला
मिताशन पुं० 1 कम खाना 2 अल्पाहार
मिताशी वि० थोड़ा आहार करनेवाला, अल्पाहारी
मिती स्त्री० देशी महीने की तिथि
मिती-काटा पुं० 1 हुंडी की मिती पूजने से पहले रुपया चुकाने पर अवधि के शेष दिनों का ब्याज काटना 2 ब्याज की प्रणाली जिसमें प्रत्येक रकम का सूद उसकी अलग-अलग मिती से एक साथ जोड़ा जाता है
मित्रप्रवर पुं० मित्रों में श्रेष्ठ
मित्रवत्सल वि०मित्रों से प्यार करनेवाला
मित्रसप्तमी स्त्री०मार्गशीर्ष शुक्ला सप्तमी
मिथः क्रि०वि० आपस में
मिथुन पुं० 1 स्त्री और पुरुष का जोड़ा, नर और मादा का जोड़ा 2 संयोग 3 बारह राशियों में से तीसरी राशि
मिथ्याचर्या स्त्री० झूठ का व्यवहार
मिथ्यात्व पुं० 1 झूठ 2 माया
मिथ्या-दृष्टि स्त्री० नास्तिकता
मिथ्याध्यवसिति स्त्री० एक अर्थालंकार जिसमें किसी कल्पित या मिथ्या बात को आधार बनाकर कोई और मिथ्या बात कही जाती है
मिथ्या-निरसन पुं०शपथपूर्वक सच्ची बात को न मानना
मिथ्याभिशंसन पुं० झूठमूठ कलंक लगाना
मिथ्याहार पुं०ऐसी चीजें साथ-साथ खाना जिनकी प्रकृति परस्पर-विरुद्ध हो
मिथ्योपचार पुं० 1 झूठा सेवा 2 झूठा इलाज
मिन जुम्ला अव्य० कुल मिलाकर, सब मिलाकर
मिनमिनाना अ०क्रि० 1 नाक से बोलना 2 सुस्ती से काम करना
मिनहाई स्त्री० घटाना, कम करना या निकालना
मियाँ-मिट्ठू I वि०मधुर-भाषी, मिठबोला II पुं० 1 तोता 2 भोला व्यक्ति
मियान-तह स्त्री० वह कपड़ा जो किसी अच्छे कपड़े के नीचे दिया जाता है, अस्तर

CC-0. In Public Domain.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मियानी I स्त्री० 1 पायजामें का वह कपड़ा जो दोनों पाँयचों के बीच में पड़ता है 2 कमरे के ऊपरी भाग में छत के नीचे बनी हुई छोटी कोठरी, परछत्ती II वि० न बहुत बड़ा न छोटा

मिरज़ई स्त्री० एक तरह का अँगरखा

मिरजान पुं० मूँगा

मिलक स्त्री० 1 ज़मीन-जायदाद, भू-संपत्ति 2 जागीर

मिलान पुं० 1 तुलना 2 मेल 3 जाँच

मिलिंद पुं० भ्रमर, भौंरा

मिली-भगत स्त्री० आपस में मिल-जुलकर सोची गयी धूर्ततापूर्ण चाल

मिलौनी स्त्री० 1 मिलावट 2 मेल-मिलाप के समय दिया जानेवाला धन, भेंट

मिल्कियत स्त्री० 1 स्वामित्व 2 ज़मींदारी 3 जागीर 4 धन-संपत्ति

मिल्लत स्त्री० 1 मेल-जोल या मेल-मिलाप 2 मिलनसारी 3 कोई धार्मिक वर्ग या संप्रदाय

मिष पुं० 1 कपट, छल, धोखेबाज़ी 2 बहाना, मिस 2 ईर्ष्या, डाह 4 स्पर्द्धा, होड़

मिष्ट वि० 1 मीठा 2 स्वादिष्ट

मिष्टपाक पुं० मुरब्बा

मिष्टभाषी वि० मीठा बोलनेवाला, मधुर-भाषी

मिष्ठान्न पुं० मिठाई

मिस I पुं० निपुणता से वास्तविकता को छिपाना II क्रि०वि० बहाने से

मिसकीन वि० 1 दीन-हीन, बेचारा 2 दरिद्र, निर्धन 3 भोला-भाला 4 विनम्र

मिसकौट पुं० गुप्त मंत्रणा

मिसरा पुं० 1 उर्दू फ़ारसी आदि की कविता की एक पंक्ति, चरण

मिसरोटी स्त्री० मिले-जुले अन्न की बनी रोटी

मिसाल स्त्री० 1 उदाहरण, दृष्टांत

मिसिल स्त्री० फ़ाइल

मिस्की स्त्री० कोमल और धीरे कंठ से गाना

मिस्कीन वि० मिसकीन

मिस्मार वि० नष्ट

मिस्सा पुं० कई अन्न या दालों का मोटा आटा

मींगी स्त्री० गिरी

मींजना स०क्रि० हाथ से मसलना

मींजू वि० बहुत मींज-मींजकर अर्थात कठिनता से धन निकालनेवाला, कृपण, कंजूस

मीड़ स्त्री० 1 मींड़ने की अवस्था 2 संगीत में दो स्वरों के बीच का अंश

मींड़ना स०क्रि० 1 मलना, मसलना, 2 गूँधना

मीआद स्त्री० 1 अवधि

मीआदी वि० 1 नियत समय तक रहने-वाला

मीज़ान स्त्री० जोड़, योग

मीठा आलू पुं० शकरकंद

मीठा तेल पुं० तिल का तेल

मीठा-प्रमेह पुं० मधुमेह, डाइबिटीज़

मीठी-छुरी स्त्री० विश्वासघाती

मीन-केतन पुं० कामदेव

मीन-केतु पुं० कामदेव

मीन-मेख़ पुं० सोच-विचार, असमंजस

मीनाकारी स्त्री० 1 सोने-चाँदी पर बारीक जड़ाऊ काम 2 बारीकी

मीनाक्षी स्त्री० दुर्गा

मीमांसा स्त्री० तत्त्व-विवेचन

मीर पुं० 1 मुखिया 2 सरदार

मीर-काफ़िला पुं० कारवाँ का सरदार

मीर-बहर पुं० जल सेना का प्रधान, नौसेनापति

मीर-मजलिस पुं० खानसामाँ, रसोई आदि

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

के सामान का प्रभारी

मीरास स्त्री० बपौती

मीलन पुं० 1 बंद करना, मूंदना 2 संकुचित करना, सिकोड़ना

मीलित I वि० 1 बंद किया हुआ 2 सिकोड़ा हुआ II पुं० एक अलंकार जो उस समय माना जाता है जब सादृश्य में भेद नहीं गोचर होता

मीसना स० क्रि० 1 मिश्रण करना, मिलाना 2 धीरे-धीरे दबाना और मसलना

मुँगौरी स्त्री० मूंग की बड़ी

मुंछार, मुँछाल वि० मूँछवाला

मुंड पुं० मूँड़, सिर

मुंडमाला स्त्री० खोपड़ियों की माला

मुंडमालिनी स्त्री० काली

मुंडमाली पुं० शिव

मुंडी स्त्री० 1 वह स्त्री जिसका सिर मूँड़ा गया हो, विधवा, रांड़

मुंतक़िल वि० 1 एक स्थान से दूसरे स्थान पर लाया गया, अंतरित

मुंतखिब वि० 1 चुना हुआ 2 बढ़िया

मुंतज़िम पुं० इंतज़ाम करनेवाला, प्रबन्धक

मुंतज़िर वि० प्रतीक्षा करनेवाला

मुंतशिर वि० 1 बिखरा हुआ 2 परेशान

मुंया पुं० जन्म के समय के नक्षत्र

मुंसरिम पुं० 1 प्रबन्धक, व्यवस्थापक 2 दफ़्तर का प्रधान

मुंसिफ़ाना वि० न्यायोचित, न्यायसंगत

मुँह-उजाले क्रि० वि० बहुत-सवेरे

मुँह-भराई स्त्री० रिश्वत के रूप में दी जानेवाली रकम

मुँह-मुलाहज़ा पुं० शील-संकोच, लिहाज़-दारी

मुँहासा पुं० युवावस्था में निकलनेवाले मुँह पर के दाने

मुअज़्ज़न पुं० अज़ान देनेवाला मुल्ला

मुअत्तल वि० जो काम या पद से कुछ समय के लिए अलग कर दिया गया हो, निलंबित

मुअत्तली स्त्री० निलंबन

मुअल्लिम पुं० 1 इल्म सिखानेवाला, शिक्षक 2 अध्यापक

मुआफ़िक़ वि० 1 अनुकूल 2 तुल्य, समान 3 मनोनुकूल

मुआयना पुं० निरीक्षण, जाँच-पड़ताल

मुआवज़ा पुं० 1 बदला 2 क्षतिपूर्ति

मुआहिदा पुं० दृढ़ निश्चय, पक्का करार

मुक़द्दम I वि० 1 प्राचीन 2 प्रधान, मुख्य II पुं० गाँव का मुखिया

मुकद्दर I वि० 1 मैला 2 परेशान 3 नाराज़ II पुं० भाग्य

मुक़द्दस वि० पवित्र

मुकम्मल वि० 1 पूरा, संपूर्ण 2 सर्वांगपूर्ण

मुकरी स्त्री० ऐसी कविता जिसमें एक बात कहकर मुकर दिया जाय या उसे नकार दिया जाय

शाखोच्चार पुं० पूर्वजों का क्रम से नाम लेना

शागिर्द पेशा पुं० 1 शिक्षु 2 कर्मचारी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

3 मकान के पास की छोटी कोठरियाँ
शाटक पुं० कपड़ा
शाटिका स्त्री० साड़ी
शाण पुं० 1 (हथियार तेज़ करने की) शान 2 सन, जूट
शातन पुं० धार तेज़ करना
शातिर पुं० चालबाज़, धूर्त
शादियाना पुं० खुशी का बाजा, बधावा
शाद्वल I वि० हरा-भरा II पुं० हरी घास
शापोत्सर्ग पुं० शाप देना
शाब्दिक वि० शब्द संबंधी
शामक वि० पीड़ा कम करनेवाला
शामिलात स्त्री० सार्वजनिक संपत्ति
शायिका स्त्री० 1 नींद 2 स्लीपर
शायी स्त्री० सोनेवाला, लेटा हुआ
शारंगपाणि पुं० विष्णु
शारद वि० शरद् ऋतु में होनेवाला
शार्दूल पुं० शेर
शार्दूल ललित पुं० एक वर्णवृत जिसके प्रत्येक पद में मगण (SSS) सगण (IIS) जगण (ISI) सगण (IIS) तगण (SSI) सगण (IIS) हों
शार्वरिक वि० रात का
शालभंजिका स्त्री० 1 कठपुतली 2 रंडी
शलाकी पुं० शल्य चिकित्सा करनेवाला
शालिहोत्र पुं० पशु-चिकित्सा
शालीन वि० विनीत, शिष्ट
शाल्मलि पुं० सेमल का पेड़
शाव, शावक पुं० पशु-पक्षी का बच्चा
शाश्वत वि० सदा का, स्थायी
शाश्वती स्त्री० पृथ्वी
शासक पुं० शासन करनेवाला
शासना स्त्री० दंड
शास्ति स्त्री० 1 शासन 2 दंड
शाह पुं० बादशाह
शाहकार पुं० श्रेष्ठ कृति
शिंजन पुं० झंकार
शिंजिनी स्त्री० धनुष की डोरी
शिंब, शिंबा स्त्री० छीमी, फली
शिंशपा स्त्री० शीशम का पेड़
शिकन स्त्री० सिकुड़न
शिकमी वि० ठेके या लगान के विचार से किसी दूसरे के अंतर्गत
शिकवा पुं० शिकायत
शिक्या स्त्री० 1 बहँगी 2 छीका
शिक्षु पुं० सीखनेवाला
शिक्ष्यमाण वि० जिसे शिक्षा दी जा रही हो
शिखंडी पुं० 1 मोर 2 पौरुषहीन व्यक्ति
शिखरन पुं० दही का एक बढ़िया पेय
शिखी पुं० 1 शिखावाला 2 मोर
शिति रत्न पुं० नीलम
शिनाख्त स्त्री० पहचान
शिमाल पुं० उत्तर दिशा
शिरकत स्त्री० 1 शरीक होना 2 साझेदारी
शिरसिज पुं० केश, बाल
शिरांतर वि० नाड़ी के भीतर का
शिरा स्त्री० खून की नाड़ी
शिराल वि० शिरायुक्त
शिरावरोध पुं० शिरा में रक्त का थक्का जम जाने से दौरा बंद हो जाना
शिलामुद्रण पुं० शिला पर अंकित अक्षरों द्वारा छपाई
शिलीपद पुं० फ़ीलपाँव (रोग)
शिलीमुख पुं० भँवरा
शिल्पिक पुं० कारीगर, शिल्पी
शिवनामी स्त्री० चादर जिस पर शिव शिव छपा रहता है
शिवायतन पुं० शिवाला
शिविका स्त्री० पालकी, डोली
शिविर पुं० कैंप
शिशिर पुं० शीतकाल
शिश्न पुं० पुरुष की जननेन्द्रिय
शिस्त स्त्री० निशाना
शीकर पुं० फुहार

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शीत कटिबंध पुं० वह भूभाग जहाँ बर्फ़ सदा जमी रहती है
शीतपित्त पुं० जुड़पित्ती
शीतल पाटी स्त्री० चटाई
शीतांशु पुं० चंद्रमा
शीरगर्म त्रि० कुनकुना
शीराज़ा पुं० क्रम, व्यवस्था
शीर्ण त्रि० 1 टुकड़े-टुकड़े 2 फटा-पुराना
शीर्य त्रि० भंगुर, टूटनेवाला
शीर्ष पुं० 1 सिर 2 चोटी
शुंठी स्त्री० सोंठ
शुंड पुं० हाथी की सूँड़
शुंडिका स्त्री० गले की घाँटी
शुंभ-मर्दिनी स्त्री० दुर्गा
शुकनलिका-न्याय पुं० नली के लोभ में तोते के फँस जाने पर आधारित दृष्टान्त
शुक्ति स्त्री० सीपी
शुक्तिमणि पुं० मोती
शुक्र पुं० 1 एक ग्रह 2 सोना 3 वीर्य [त्रि० शुक्रीय] 3 धन्यवाद
शुक्रकृच्छ्र पुं० सूज़ाक
शुक्रगुज़ार त्रि० आभार माननेवाला
शुक्रस्तंभ पुं० कामवेग रोकने से उत्पन्न नपुंसकता
शुक्राना पुं० धन्यवाद
शुक्लिमा स्त्री० सफ़ेदी
शुचि I त्रि० शुद्ध, पवित्र II स्त्री० पवित्रता
शुचिता स्त्री० सफ़ाई, पवित्रता
शुद्धापह्नुति स्त्री० अलंकार जिसमें उपमेय को असत्य कहकर उपमान को सत्य बताया जाता है
शुबहा पुं० सन्देह भ्रम
शुभ्र त्रि० उज्ज्वल
शुमार पुं० गिनती
शुश्रूषा स्त्री० सेवा
शूक पुं० 1 अन्न का सींका 2 नुकीला काँटा
शूकर पुं० सुअर
शूक्त पुं० सिरका
शूद्रक्षेत्र पुं० काली मिट्टीवाला खेत
शून्य पथ पुं० आकाश
शून्यवाद पुं० यह मत कि संसार और उसके सब पदार्थ सत्ताहीन है (महायान बौद्ध)
शून्यावस्था स्त्री० अवस्था जब आत्मा शून्य चक्र अर्थात् सहस्रार में पहुँचकर सब द्वन्द्वों से मुक्त हो जाती है
शूरम्मन्य त्रि० अपने आपको शूरवीर माननेवाला
शूर्प पुं० सूप
शूला स्त्री० 1 रंडी 2 छड़
शूल्यपाक पुं० सीख पर पकाया मांस, कबाब
शृंखला स्त्री० 1 कड़ी 2 जंजीर 3 क्रम 4 पंक्ति
शृंग पुं० सींग
शृंगाटक पुं० सिंघाड़ा
शृंगारिणी स्त्री० शृंगारवाली स्त्री
शृगाल पुं० सियार, गीदड़
शृतशीत त्रि० औटाकर ठंडा किया हुआ (पानी)
शेखर पुं० 1 सिर 2 चोटी
शेवाल पुं० सेवार
शेषवत पुं० परिणाम के आधार पर पूर्ववर्ती कारण का अनुमान लगाना (न्यायशास्त्र)
शैत्य पुं० शीतलता
शैथिल्य पुं० शिथिलता
शैदा त्रि० प्रेम में पागल
शैलकटक पुं० पहाड़ की ढाल
शैलतटी स्त्री० पहाड़ की तराई
शैलाग्र पुं० पर्वत-शिखर
शैलूष पुं० अभिनेता, नट
शैल्य त्रि० 1 पथरीला 2 पहाड़ी
शैवाल पुं० सिवार

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शैशविकी स्त्री० शिशुओं से संबंधित चिकित्सा-प्रणाली
शोख त्रि० 1 निडर 2 नटखट
शोण पुं० 1 रक्त 2 लाल रंग
शोणिमा स्त्री० लालिमा, लाली
शोध पुं० 1 खोज 2 परीक्षण
शोध्य पत्र पुं० प्रूफ़
शोफ पुं० सूजन
शोभन त्रि० मंगलमय, शुभ
शोभना स्त्री० सुंदर स्त्री
शोभांजन पुं० सहिजन का पेड़
शोभायात्रा स्त्री० जलूस
शोरबा पुं० रसा, तरी
शोरिश स्त्री० हलचल
शोशा पुं० 1 नोक 2 मीनमेख
शोष पुं० सूखा (रोग)
शोहदा पुं० व्यभिचारी
शोहरत स्त्री० प्रसिद्धि
शौंडिक पुं० शराब बनाने और बेचनेवाला
शौक्तिका स्त्री० सीप
शौचासनी स्त्री० कमोड
शौनिक पुं० 1 मांस बेचनेवाला 2 शिकारी
शौहर पुं० पति
श्मश्रु पुं० दाढ़ी-मूंछ
श्यामल त्रि० साँवला
श्यामा स्त्री० काली, राधा, एक पक्षी, काली गौ, यमुना
श्यामाक पुं० साँवा नामक अन्न
श्याल पुं० साला
श्येन पुं० बाज़ (पक्षी)
श्रमण पुं० बौद्ध संन्यासी
श्रवण पुं० 1 सुनना 2 कान
श्रव्य त्रि० सुनने योग्य
श्रावक पुं० बौद्ध या जैन साधु
श्रुति स्त्री० 1 सुनना 2 कान 3 अफ़वाह 4 वेद
श्रेढ़िक त्रि० क्रम से बढ़ता हुआ
श्रेढ़ी स्त्री० क्रमिक रूप से बढ़ना या घटना
श्रेय I त्रि० उत्तम II पुं० मंगल, कल्याण
श्रोणि स्त्री० नितंब, चूतड़
श्रोत्र पुं० कान
श्रौत त्रि० श्रुति संबंधी
श्लथन पुं० ढीला करना या होना
श्लिष्ट त्रि० जुड़ा हुआ 2 दो अर्थोंवाला
श्लेषक त्रि० जोड़नेवाला
श्लेष्मा स्त्री० बलगम
श्वपच पुं० कुत्ते का मांस खानेवाला
श्वसन पुं० सांस लेना
श्वसुर पुं० ससुर
श्वान पुं० कुत्ता
श्वेतांच पुं० स्टार्च
श्वेतिमा स्त्री० सफ़ेदी

ष

षंड पुं० 1 साँड़ 2 नपुंसक
षंडी स्त्री० ऐसी स्त्री जिसमें स्त्रियों के लक्षण न हों
षंढ पुं० नपुंसक
षट् त्रि० छह
षट्पदी स्त्री० छप्पय
षट्राग पुं० व्यर्थ का झगड़ा
षडानन पुं० कार्तिकेय [षण्मुख भी]
षष्ठ त्रि० छठा
षोडश त्रि० सोलह
षोडशी त्रि० सोलह वर्ष की
षोडशोपचार पुं० पूजन के सोलह कृत्य

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Harid...

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स

संकर त्रि० दोगला, भिन्न-भिन्न तत्त्वों से बना

संकर्षण पुं० 1 हल चलाना 2 (का०) एक के स्थान पर दूसरे का नाम रखा जाना

संकलन पुं० संग्रह करना, जमा करना

संकल्पना स्त्री० धारणा

संकाय पुं० ज्ञान-विज्ञान का विशिष्ट विभाग

संकुल I त्रि० 1 घना 2 भरा हुआ **II** पुं० समूह, भीड़ 2 युद्ध

संकृष्ट त्रि० एक साथ लाया हुआ

संकेन्द्रण पुं० चारों ओर से लाकर एक केन्द्र पर स्थिर करना

संकेत-स्थल पुं० मिलने के लिए जो स्थान निश्चित किया हो

संकेताक्षर पुं० अक्षरों की गोपनीय क्रम से रखने की प्रणाली

संक्रमण पुं० एक अवस्था से दूसरी अवस्था में पहुँचना (रोग का, अधिकार का, सूर्य का)

संक्रामक त्रि० किसी रोगी से दूसरे को लगनेवाला

संक्षारक त्रि० धीरे-धीरे क्षीण करनेवाला

संक्षोभ पुं० 1 हलचल; उलटफेर 2 आघात

संख्यांकन पुं० संख्यासूचक अंक लगाना

संख्यान पुं० गिनना

संख्येय त्रि० गणनीय

संगमन पुं० मेलमिलाप; संचार

संगर पुं० 1 युद्ध 2 विपत्ति

संगरोध पुं० रोग को फैलने से रोकने के लिए रोगी को अलग-थलग रखना

संगायन पुं० बड़ी धर्मसभा

संगीतिका स्त्री० संगीतप्रधान नाटिका, ऑपिरा

संगीन I त्रि० 1 पत्थर का बना हुआ 2 कठोर, मज़बूत 3 घोर **II** स्त्री० लोहे का एक प्रकार का नुकीला अस्त्र

संग्रहणी स्त्री० पेट के विकार से बार-बार दस्त आने का रोग

संग्राहक त्रि०, पुं० संग्रह करनेवाला

संघट पुं० 1 समूह, ढेर 2 मुठभेड़

संघर्षण पुं० रगड़

संघाती त्रि० प्राणनाशक

संघाराम पुं० बौद्ध मठ, विहार

संघृष्ट त्रि० रगड़ा हुआ

संचक पुं० सांचा

संचयन पुं० संचय करना, इकट्ठा करना

संचारण पुं० चलाना या फैलाना

संचारी पुं० रस के परिपाक में भाव के सहायक तत्त्व

संचिका स्त्री० मिसिल, फ़ाइल

संजीदा त्रि० गंभीर

संजीवक त्रि० नया जीवन देनेवाला

संजुता स्त्री० एक छंद जिसके प्रत्येक चरण में स ज ज ग होते हैं (सं०-संयुक्ता)

संज्ञप्त त्रि० सूचित किया हुआ

संज्ञप्ति स्त्री० सूचना

संज्ञापन पुं० 1 सूचित करना 2 सूचना-पत्र

संड-मुसंड त्रि० हट्टा-कट्टा

संतत क्रि०वि० लगातार

संतति स्त्री० संतान

संतर्पण पुं० अच्छी तरह तृप्त करना

संत्रस्त त्रि० बहुत डरा हुआ

संत्रास पुं० आतंक

संथा स्त्री० पाठ

संदंश पुं० 1 चिमटी, सँड़सी 2 जकड़न

संदंशिका स्त्री० सँड़सी

संदर्प पुं० अहंकार

संदर्भिका स्त्री० संदर्भ ग्रंथों की सूची

संदर्शन पुं० जाँच

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संदानिनी स्त्री० गोशाला
संदिग्ध वि० संदेहयुक्त, संदेहास्पद
संदिष्ट वि० कहा हुआ
संदीपन पुं० जलाना; चमकाना
संदुष्ट वि० दूषित या ख़राब किया हुआ
संदूषण पुं० गंदा या ख़राब करना
संधान पुं० 1 निशाना बैठाना 2 पता लगाना 3 जोड़ना, मिलाना
संधानित वि० 1 लक्ष्य किया हुआ 2 जोड़ा या मिलाया हुआ
संधा भाषा स्त्री० प्रतीकात्मक गुह्य भाषा
संधि-चौर पुं० सेंधमार
संधिनी स्त्री० दूध देनेवाली गाभिन गौ
संन्यस्त वि० हटाया या छोड़ा हुआ
संपद् स्त्री० 1 धन-दौलत 2 सुख-सौभाग्य
संपदा स्त्री० संपत्ति, जायदाद
संपात पुं० समागम, संपर्क
संपादयिता पुं० संपादक
संपीड़न पुं० 1 निचोड़ना 2 पीड़ा पहुँचाना
संपुटिका स्त्री० कैपसूल
संपृक्त वि० लगा हुआ
संपृष्ट वि० पूछा हुआ
संप्रतिपत्ति स्त्री० 1 पहुँच 2 प्राप्ति 3 पूरा ज्ञान 4 स्वीकृति
संप्रत्यय पुं० 1 दृढ़ विश्वास 2 बोध
संप्रदान पुं० 1 मंत्र देना 2 संज्ञा-सर्वनाम में वह कारक जिससे निमित्त (के लिए) का बोध होता है
संप्रभु पुं० सबसे ऊपर का सत्ताधारी
संप्रवर्तन पुं० 1 चलाना 2 मोड़ना
संप्लव पुं० 1 बाढ़ 2 ढेर
संबाध पुं० 1 अड़चन 2 भीड़
संभरण पुं० 1 पालन-पोषण 2 चीजें पहुँचाना 3 सामान
संभार तंत्र पुं० (सेना में) सामान पहुँचाने की व्यवस्था
संभाषण पुं० बातचीत
संभूति स्त्री० 1 उत्पत्ति 2 वैभव
संभृत वि० 1 जमा किया हुआ 2 पाला-पोसा हुआ 3 युक्त
संभृति स्त्री० 1 इकट्ठा करना 2 भीड़
संभ्रांत वि० 1 प्रतिष्ठित 2 क्षुब्ध
संयत वि० 1 मर्यादित 2 नियमित
संयति स्त्री० संयम
संयोजन पुं० 1 मिलाना 2 सम्मिलित करना
संरंभ पुं० 1 आतुरता, खलबली 2 क्रोध
संरब्ध वि० 1 क्षुब्ध 2 क्रुद्ध
संरोध पुं० 1 रुकावट 2 नाकेबंदी
संलयन पुं० लीन होना
संलाप पुं० वार्तालाप
संवरण पुं० 1 दूर करना 2 छिपाना
संवर्ग पुं० 1 समेटना 2 विलय 3 गुणन-फल
संवर्तन पुं० 1 लपेटना 2 मुड़ना 3 साथ रहना
संवादक पुं० बातचीत करनेवाला
संवारण पुं० 1 दूर करना 2 छिपाना 3 निषेध करना
संविदा स्त्री० ठेका; इकरार
संवीक्षा स्त्री० अच्छी तरह जाँच-पड़ताल
संवीत 1 वि० ढका हुआ 2 रुद्ध
संवृत वि० 1 बंद किया हुआ 2 दबाया हुआ
संवृत्त वि० 1 प्राप्त 2 घटित
संवेत वि० एक साथ
संवेदन पुं० इंद्रियों द्वारा प्रतीति
संवेदना स्त्री० 1 अनुभूति 2 सहानुभूति
संवेष्टन पुं० 1 लपेटना 2 बेठन का कागज या कपड़ा
संशमन पुं० दमन
संशयावह वि० अनिश्चय उत्पन्न करने-वाला
संशयिता पुं० संशय करनेवाला

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संशीलन पुं० नियमित रूप से अध्ययन करना
संश्रय पुं० 1 मेल, मैत्री 2 आश्रय, सहारा
संश्रित वि० जुड़ा या मिला हुआ
संश्लिष्ट वि० अच्छी तरह जुड़ा या सटा हुआ, एकीकृत
संसक्त वि० लगा हुआ
संसज्जन पुं० अच्छी तरह सजाना, लैस करना
संसरण पुं० सरकना, आगे बढ़ना
संसर्गज वि० रोगी को छूने से उत्पन्न
संसर्ग-रोध पुं० रोगी से दूर रखना
संसाधन पुं० कार्यसिद्धि के उपाय, आयोजन
संसिद्धि स्त्री० 1 सफलता 2 पूर्णता
संसूचक पुं० (भेद) बतानेवाला
संसेचन पुं० वीर्य का मादा के अंड में मिलना (इन्सेमिनेशन)
संस्तंभन पुं० एकबारगी रुक जाना, निश्चेष्ट करना या होना
संस्तर पुं० 1 बिछौना 2 तल
संस्तरण पुं० बिछाना, फैलाना, छितराना
संस्तवन पुं० 1 प्रशंसा करना 2 संस्तुति करना
संस्ताव पुं० स्तुति
संस्थिति स्त्री० 1 ठहराव 2 दृढ़ता, धीरता
संस्मारक पुं० याद दिलानेवाला
संस्रवण पुं० एक-साथ बहना या टपकना
संस्राव पुं० मवाद बहना
संस्वेदी वि० पसीना लानेवाला
संहत वि० खूब गठा या जुड़ा हुआ, घना
संहतांग वि० हृष्ट-पुष्ट
संहति स्त्री० 1 मेल 2 घनत्व 3 ढेर
संहर्ता पुं० 1 इकट्ठा करनेवाला 2 मार डालनेवाला
संहर्षण पुं० पुलकित होना
संहित वि० जोड़ा हुआ, बटोरा हुआ
संहृष्ट वि० रोमांचित
सकपकाना अ०क्रि० 1 चकित होना 2 सकुचाना
सकल वि० सारा, कुल
सकील वि० गरिष्ठ, भारी
सकुचीला वि० संकोची
सकृत् क्रि०वि० 1 एक बार 2 साथ
सकृत्प्रज वि० जिसे एक ही बच्चा हो
सक्थी स्त्री० जाँघ
सखरी स्त्री० कच्ची रसोई
सखावत स्त्री० दानशीलता, उदारता
सगण पुं० छंदका एक गण जिसमें दो लघु और फिर एक गुरु वर्ण हो, ।।ऽ
सगबगाना अ०क्रि० जल्दी मचाना
सगुनौती स्त्री० शकुन-विचार
सघन वि० घना
सचेतक पुं० वह अधिकारी जो अपने पक्ष के सदस्यों को मतदान के बारे में सचेत करता है
सचेता वि० समझदार
सच्चित् पुं० सत् और चैतन्य से युक्त, ब्रह्म
सजात वि० साथ उत्पन्न
सटकना अ०क्रि० खिसक जाना
सटोरिया पुं० सट्टेबाज़
सट्टक पुं० अद्भुत रस प्रधान उपरूपक जिसमें प्रवेशक और विष्कंभक नहीं होते
सट्टा-बट्टा पुं० चालबाज़ी
सठियाव पुं० सठिया जाने की अवस्था
सतत क्रि०वि० लगातार
सततक वि० दिन में दो बार आनेवाला (जैसे ज्वर)
सतीर्थ पुं० गुरुभाई, सहपाठी
सतीला पुं०प्रसव के सातवें दिन का स्नान
सत्कर्ता पुं० सत्कार करनेवाला
सत्कर्मा पुं० सत्कर्म करनेवाला
सत्त्ववती वि० 1 सत्त्वगुण से संपन्न (स्त्री) 2 गर्भवती

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सत्यंकार पुं० वादा सच्चा या पूरा करना
सत्यसंध वि० अपना वचन पूरा करनेवाला
सत्यापन पुं० मिलान करके देखना कि ठीक है या नहीं
सत्र पुं० 1 कार्यावधि 2 अधिवेशन
सत्वर क्रि०वि० शीघ्र
सत्समागम पुं० सत्संग
सथिया पुं० स्वस्तिक चिह्न
सदमा पुं० आघात, धक्का
सदय वि० दयापूर्ण
सदर पुं० 1 अध्यक्ष 2 मुख्य स्थान
सदर्थना स्त्री० समर्थन
सदी स्त्री० शताब्दी
सदृश वि० समान
सद्म पुं० घर
सद्यः क्रि०वि० आज ही, अभी-अभी
सधर पुं० ऊपर का होठ
सनदयाफ़्ता वि० प्रमाणपत्र-प्राप्त
सनाभ पुं० सगा भाई
सन्नत वि० अच्छी तरह झुका हुआ
सन्नयन पुं० लेख्य द्वारा संपत्ति का हस्तान्तरण
सन्नाह पुं० कवच
सन्निकर्ष पुं० 1 नाता, संबंध 2 निकटता
सन्निधान पुं० पास-पास रखना
सन्निधि स्त्री० निकटता
सन्निपात पुं० 1 कई घटनाओं का एक-साथ हो जाना 2 वात-पित्त-कफ़ का एक-साथ प्रकोप
सन्निभृत वि० छिपा हुआ
सन्निविष्ट वि० भीतर जोड़ा या लगाया हुआ
सन्निहित वि० पास रखा या टिकाया हुआ
सपदि क्रि०वि० तुरंत
सपरना अ०क्रि० निबटना
सपाट वि० समतल
सपाटा पुं० शीघ्र गति
सपिंडी स्त्री० पिंडदान
सप्तग्रही स्त्री० एक ही राशि में सात ग्रहों का इकट्ठा होना
सप्तपदी स्त्री० विवाह में वरवधू के सात पग चलने की रीति
सप्तमातृका स्त्री०सात शक्तियाँ—इन्द्राणी, कुमारी, चामुंडा, ब्राह्मी, माहेश्वरी, वाराही, वैष्णवी
सप्तसप्तति वि० सतहत्तर
सप्रेटा पुं० मखनिया दूध
सफ़ीर पुं० राजदूत
सफ़ेदपोश पुं० कुलीन और संभ्रांत व्यक्ति
सबील स्त्री० साधन
सभंग श्लेष वि० शब्द का विच्छेद करके दो अर्थ निकालना
सभर्तृका स्त्री० सधवा
समंगी वि० पूरे या समान अंगोंवाला
समंजन पुं० 1 यथास्थान जोड़ना या बैठाना
समंद पुं० बादामी रंग का घोड़ा
समकर्णा स्त्री० चतुर्भुज के आमने-सामने के कोणों के ऊपर की रेखाएँ
समक्रमिक वि० एक ही समय में होनेवाला
समज्या स्त्री० जमाव, मेला
समदर्शी वि० सबको समान दृष्टि से देखनेवाला, भेदभाव न करनेवाला
समद्विभुज पुं०वह चतुर्भुज जिसकी आमने-सामने की भुजाएँ समान हों
सममित वि० जिसके अंग अनुपात और रूप में एकसे हों
समयनिष्ठ वि० समय का पाबंद
समयानुवर्ती वि० समय के अनुसार चलनेवाला
समर पुं० 1 युद्ध 2 कामदेव
समवर्तन पुं० ठीक व्यवहार या संचार
समवाय पुं० 1 झुंड, ढेर 2 घनिष्ट संबंध
समवेत वि० इकट्ठा, संचित
समवेतन पुं० रैली

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

समसमुन्नत वि० बराबर फिर ऊँचा, सीढ़ीनुमा
समहित वि० एक सी नीति और एक से हितों वाले
समाअत स्त्री० 1 सुनना 2 (मुकदमे की) सुनवाई
समाकलन पुं० इकट्ठी चीज़ों की व्यवस्था का मिलान
समाघात पुं० हत्या
समातृक वि० माता के साथ
समादिष्ट वि० नियोजित, निर्दिष्ट
समादेश पुं० अधिकारपूर्ण आदेश, कमांड
समाधेय वि० जिसका समाधान हो सके
समानयन पुं० आदरपूर्वक लाना
समानुपात पुं० भिन्न-भिन्न अंगों की तुलनात्मक एकरूपता
समापत्ति स्त्री० 1 मिलन 2 शारीरिक संकट
समापन्न वि० 1 प्राप्त 2 घटित
समापवर्तक पुं० सब राशियों पर समान रूप से भाग दिया जानेवाला
समापिका क्रिया स्त्री० क्रिया का वह रूप जिससे कार्य के समाप्त हो जाने की सूचना मिले
समायोजन पुं० लोगों के पास पहुँचाना, सप्लाई
समारंभण पुं० आरंभ करना
समावेश पुं० किसी बात का दूसरी के अन्तर्गत होना
समाहरण पुं० 1 एकत्र करना 2 उगाहना
समाहर्ता पुं० इकट्ठा करनेवाला
समाहित वि० 1 समाया हुआ 2 व्यवस्थित
समाहृत वि० इकट्ठा या उगाहा हुआ
समिद्ध वि० जलता हुआ, प्रदीप्त
समीकरण पुं० 1 बराबर करना 2 (गणित) बराबर की राशि निकालना 3 बराबरी में लाना
समीचीन वि० उचित, न्यायसंगत
समीर पुं० हलकी हवा
समीहा स्त्री० प्रयत्न
समुच्चय पुं० समूह
समुच्चय उपमा स्त्री० उपमेय में उपमान के अनेक गुणों का आरोप
समुद्धर्ता पुं० 1 ऊपर उठानेवाला 2 उद्धार करनेवाला
समुद्रवृष्टि स्त्री० व्यर्थ बात जैसे समुद्र के ऊपर वर्षा
समुपस्थान पुं० सामने आकर उपस्थित होना
समुल्लास पुं० 1 आनन्द 2 ग्रंथ का अध्याय
समूहत: क्रि० वि० सामूहिक रूप से
समेकन पुं० मिलकर एक हो जाना
समोना स० क्रि० अंदर भरना या मिलाना
सम्मिति स्त्री० तुलना
सम्मीलन पुं० मुंदना
सम्यक् I वि० उचित, सही II क्रि० वि० अच्छी तरह से
सम्राज्ञी स्त्री० महारानी
सम्राट् पुं० महाराजा
सरंजाम पुं० पूरा होना
सरगम पुं० स रे ग म प ध नि का स्वरग्राम
सरगरोह पुं० दल का मुखिया
सरगर्म वि० जोशीला
सरट पुं० छिपकली
सरणी स्त्री० 1 मार्ग, सड़क 2 परिपाटी 3 सीधी रेखा
सरदेशमुखी स्त्री० एक मराठा राज्यकर
सरनामा पुं० चिट्ठी के ऊपर लिखा पता
सरपरस्त पुं० संरक्षक
सरबराह पुं० प्रबंधक
सरसना अ० क्रि० 1 पनपना 2 बढ़ना 3 शोभित होना

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सरसब्ज़ वि० हरा-भरा
सरसाम पुं० सन्निपात रोग
सरसी स्त्री० 1 छोटा सरोवर 2 एक छंद जिसके प्रत्येक चरण में 16+11 मात्राएँ होती हैं
सरापा वि० सिर से पैर तक का, पूरा
सरासर क्रि० वि० पूर्णतया, बिलकुल
सरिका स्त्री० मोती, मोतियों की माला
सरित्, सरिता स्त्री० नदी
सरियाना स० क्रि० बटोरना
सरिश्तेदार पुं० अधिकारी
सरीसृप पुं० रेंगनेवाला जन्तु
सरे-दस्त क्रि०वि० फ़िलहाल
सरे-नौ क्रि०वि० नये सिरे से
सरोज पुं० कमल
सरोरुह पुं० कमल
सर्ग पुं० 1 रचना 2 उद्‌गम 3 प्रकृति 4 काव्यग्रंथ का अध्याय
सर्जक पुं० रचना करनेवाला
सर्जिक्षार पुं० सज्जीखार
सर्दबाज़ारी स्त्री० मंदी
सर्पण पुं० रेंगना
सर्पिल वि० टेढ़ा-मेढ़ा
सर्राटा पुं० तेज़ चलने का शब्द
सर्वंकष वि० सबको पीड़ित करनेवाला
सर्वक्षार पुं० (फ़सल आदि) सब कुछ का नाश
सर्वग्रास पुं० पूरा ग्रहण, खग्रास
सर्वचारी वि० सब जगह विचरण करनेवाला
सर्वजनीन वि० सार्वजनिक, सब लोगों का
सर्वजित् वि० 1 सबको जीतनेवाला 2 सर्वश्रेष्ठ
सर्वतः क्रि०वि० सब ओर से, सब तरह से
सर्वतोभाव क्रि०वि० सब प्रकार से, अच्छी तरह
सर्वथैव क्रि०वि० बिलकुल ही, सभी तरह से
सर्वदा क्रि०वि० सदा
सर्वविद् वि० सर्वज्ञ
सर्वशः क्रि०वि० सभी दृष्टियों से, बिलकुल
सर्वसम्मत वि० जो सबकी राय से हुआ हो
सर्वांगिक, सर्वांगीण वि० सब अंगों में व्याप्त
सर्वापहरण पुं० सब कुछ छीन लेना
सर्वार्थवाद पुं० यह मत कि अंततः सब आत्माओं को मोक्ष प्राप्त होगा
सर्वाशी वि० सब कुछ खानेवाला
सर्वास्तिवाद पुं० यह मत कि सब वस्तुओं की सत्ता है
सर्वेश्वरवाद पुं० यह मत कि सब कुछ ईश्वरमय है
सर्षप पुं० सरसों
सलना अ० क्रि० छिदना
सलसलाट स्त्री० गुदगुदी
सलहज स्त्री० साले की पत्नी
सलामत वि० सुरक्षित
सलिल पुं० पानी
सलीका पुं० शऊर; शिष्टता
सलीब स्त्री० सूली
सलीस वि० सरल
सलोनो स्त्री० श्रावणी पूर्णिमा के दिन रक्षाबन्धन का त्योहार
सवयस्क वि० समान उम्रवाले, हम उम्र
सवर्ण वि०,पुं० ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य जाति (का)
सवाब पुं० पुण्य
सविता पुं० सूर्य
सव्य वि० दाहिना
सव्यसाची वि० जो दाहिने बायें दोनों हाथों से समान रूप से काम कर सकता हो
सस्ताना अ० क्रि० सस्ता हो जाना
सस्त्रीक वि० स्त्री के साथ, सपत्नीक
सस्मित वि० मुस्कराहट के साथ

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सस्य पुं० अनाज
सहज यान पुं० हठयोगी बौद्ध संप्रदाय
सहजानि स्त्री० पत्नी
सहदानी स्त्री० स्मृति चिह्न
सहभावी वि० साथ होनेवाला, सहवर्ती
सहयोजित वि० अपने साथ सम्मिलित किया हुआ (सदस्य)
सहसा क्रि०वि० एकदम, अचानक
सहस्रलोचन पुं० इन्द्र [सहस्राक्ष भी]
सहस्रशः क्रि०वि० हज़ार तरह से
सहस्रशीर्ष पुं० विष्णु
सहस्राब्दी स्त्री० हज़ार वर्ष का समय
सहस्रार पुं० हज़ार दलोंवाला सिर में रहनेवाला कल्पित कमल
सहालग पुं० शुभ वर्ष या दिन
सहिक वि० 1 जो सचमुच वर्तमान हो, वास्तविक 2 (गणित में) धन
सहूलियत स्त्री० सुविधा
सहोढ़ पुं० वह पुत्र जो गर्भवती स्त्री से विवाह करने के उपरान्त पैदा हुआ हो
सहोदर वि०,पुं० सगा भाई
सह्य वि० सहनीय
सांख्यिकी स्त्री० 1 संख्याओं की विद्या 2 आँकड़े
सांगोपांग वि०अपने सब अंगों और उपांगों के साथ
सांघातिक वि० 1 सामूहिक 2 घातक
सांझला पुं० दिन भर में जोती जानेवाली भूमि
साँट स्त्री० 1 छड़ी, कोड़ा 2 कोड़े का निशान
साँठी स्त्री० पूंजी
साँड़िया पुं० तेज़ चलनेवाला (ऊँट)
सांत्वनी स्त्री० ढाढ़स
सांद्र वि० 1 घना 2 गुथा हुआ, गठा हुआ
सांध्य वि० सांझ में होनेवाला
सांप्रतिक वि० इस समय होनेवाला
सांवत्सरीय वि० वार्षिक
सांवेदिक वि० संवेदन संबंधी
सांसत स्त्री० यातना, कष्ट
सांसद पुं० संसद् का सदस्य
सांसर्गिक वि० संसर्ग से होनेवाला
साका पुं० यश
साकिन वि० निवासी
साकी पुं० शराब पिलानेवाला
साक्षिता स्त्री० गवाही
साक्ष्यांकन पुं० साक्षी के रूप में प्रमाणित करना
साखी स्त्री० 1 गवाही 2 साक्षात्कृत पद
सागरनेमि स्त्री० पृथ्वी
साचिव वि० सचिव संबंधी
साज़िश स्त्री० षड्यन्त्र
साट-गाँठ स्त्री० दलबंदी
साठा वि० साठ साल की उम्र का
साठी पुं० साठ दिन में तैयार होनेवाला एक धान
साढ़े साती स्त्री० साढ़े सात दिन या मास या वर्ष तक रहनेवाला शनि का अशुभ प्रभाव
सात्वती स्त्री० एक नाट्य वृत्ति जिसका प्रयोग वीर, रौद्र और अद्भुत रस में होता है
सादृश्य वि० 1 समानता 2 एकरूपता
साद्यंत वि० आदि से अंत तक का, सारा
साध स्त्री० पुरानी अभिलाषा
साधयिता पुं० साधक
साधर्म्य पुं० समानधर्मता
साधारणीकरण पुं० कवि या नाटक के भावों के साथ पाठक या दर्शक का पूरा-पूरा तादात्म्य
साधित्र पुं० उपकरण, साधन
साधुवृत्त पुं० उत्तम स्वभाव या आचरण
साध्यवसाना स्त्री० लक्षणा जिसमें उपमेय ही उपमान हो जाता है

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सानी स्त्री० मवेशियों का चारा-भूसा
सानुनासिक वि० जिसके उच्चारण में नाक से भी ध्वनि निकलती हो
सान्नाहिक वि० कवचधारी
सान्निध्य पुं० निकटता
सापत्नेय वि० सौत का
सापत्न्य पुं० सौतपन
सापेक्षवाद पुं० यह मत कि प्रत्येक वस्तु को दूसरी वस्तु की अपेक्षा रहती है
साफल्य पुं० सफलता
साबर पुं० सांभर मृग का चमड़ा
सामंजस्य पुं० उपयुक्तता, अनुकूलता
सामंतवाद पुं० यह मत कि सरदारों का राज्य ही उपयोगी होता है
साम पुं० शत्रु को संतुष्ट रखने की नीति
सामयिकी स्त्री० प्रस्तुत समय की बात
सामरिक वि० युद्ध का
सामासिक वि० 1 मिला-जुला 2 समास का
सामिष वि० मांसवाला
सामीप्य पुं० निकटता
सामुद्रिक I वि० समुद्र का II पुं० हस्त-रेखाओं और शरीर के लक्षणों से शुभा-शुभ विचार
सामृद्धच पुं० समृद्धि
साम्या स्त्री० समान भाव से न्याय
साम्यावस्था स्त्री० 1 सत्व, रज, तम गुणों का संतुलन 2 शक्तियों का संतुलन
सायंतन वि० संध्याकालीन
सायक पुं० बाण
सायल पुं० 1 सवाल करनेवाला 2 माँगने-वाला, प्रार्थी
सायास क्रि०वि० प्रयत्नपूर्वक
सायुज्य पुं० 1 पूर्ण मिलन 2 मुक्ति
सारंग पुं० जल; शंख; कमल; हंस; कोई पक्षी; सिंह; हिरन; सोना; गहना; तलवार; चंदन; हल; फूल; काजल
सारभ पुं० क्रोधपूर्ण बातचीत
सारगर्भित वि० तत्त्वपूर्ण
सारणी स्त्री० 1 नहर 2 खानेदार कागज जिसमें वर्गीकृत विवरण हो
सारणीयक पुं० अंकादि भरकर सारणी तैयार करनेवाला, सारणीकार
सारल्य पुं० सरलता
सारवती स्त्री० एक छंद जिसके प्रत्येक चरण में तीन भगण (ऽ।।) और गुरु होता है
सारवत्ता स्त्री० सारवान् होना
सार्थवाह पुं० व्यापारी
सार्वत्रिक वि० सर्वत्र प्राप्त होनेवाला
सार्वभौतिक वि० सब प्राणियों से संबद्ध
सार्वभौम वि० सब देशों में होनेवाला
सार्विक वि० सबका
सालगिरह स्त्री० बर्षगाँठ
सालस पुं० मध्यस्थ, पंच
सालार पुं० नायक, मुखिया
सालिम वि० समूचा
सावर्ण्य पुं० सवर्ण होना
सावित्री सूत्र पुं० यज्ञोपवीत
साहब सलामत स्त्री० राम-राम, बंदगी
साहाय्य पुं० सहायता
साहिल पुं० (समुद्र) तट
सिंगी स्त्री० 1 सींग का बाजा 2 सींग की तरह जर्राही नली (सींगी भी)
सिंगौटी स्त्री० सींग पर लगाया गया जेवर
सिंघेला पुं० शेर का बच्चा
सिंजा स्त्री० गहनों की खनक
सिंधुर पुं० हाथी
सिंधुसुता स्त्री० लक्ष्मी
सिंहकर्मा पुं०, वि० सिंह के समान वीर
सिंहविक्रान्त वि० सिंह के समान पराक्रमी
सिंहविक्रीड़ित पुं० 1 योग में एक समाधि 2 संगीत का एक ताल
सिंहावलोकन पुं० पीछे मुड़कर देखना

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सिकड़ी स्त्री० जंजीर
सिकतिल वि० रेतीला
सिकली स्त्री० हथियारों को चमकाने का काम
सिक्त वि० सींचा हुआ
सिक्थ पुं० 1 भात 2 मोम
सिगोन स्त्री० रेतमिली लाल मिट्टी
सिझाना स० क्रि० 1 आँच पर पकाकर गलाना 2 प्राप्त कराना
सिटपिटाना स० क्रि० लज्जित होकर इधर-उधर की बातें करने लगना
सिड़ स्त्री० सनक, झक
सित वि० उजला, सफ़ेद
सितम पुं० अत्याचार
सितिमा स्त्री० सफ़ेदी
सिदरा पुं० तिदरा, तीन दरवाला कमरा
सिद्धकाम वि० जिसकी कामना पूरी हो गयी हो
सिद्धपीठ पुं० जहाँ सिद्धि सहज में हो जाती है
सिद्ध रस पुं० पारा
सिद्धहस्त वि० जिसे काम करने का अभ्यास हो गया
सिनक स्त्री० नाक का मल
सिन्नी स्त्री० प्रसाद की मिठाई
सिपह-सालार पुं० सेनापति
सिफ़त स्त्री० विशेषता, गुण
सिफ़र पुं० शून्य
सिफला वि० ओछा, कमीना
सिफ़ारत स्त्री० राजदूतत्व
सियावड़ी स्त्री० साधुओं के लिए फ़सल से निकाला गया हिस्सा
सियासत स्त्री० राजनीति
सियाहा पुं० हिसाब-किताब की पंजी
सिरकी स्त्री० सरकंडे की बनी चिक
सिरताज पुं० शिरोमणि
सिरदुआली स्त्री० घोड़े के मुंह पर का एक साज जिससे लगाम अटकी रहती है
सिरपेच पुं० पगड़ी (के ऊपर का गहना)
सिराना अ० स० क्रि० 1 ठंडा होना या करना 2 तृप्त करना या होना
सिराली स्त्री० मोर की कलंगी
सिलपट वि० चिकना
सिलसिला पुं० 1 क्रम 2 श्रेणी
सिलहबंद वि० हथियारबंद
सिल्ली स्त्री० पत्थर की छोटी पटिया
सिसकारना अ० क्रि० सीटी की से आवाज निकालना
सिसृक्षा स्त्री० रचना करने की इच्छा
सिहरन स्त्री० भय आदि से काँपना
सीझना अ० क्रि० 1 आँच पर पककर गलना 2 दुःख भोगना
सीठा वि० नीरस, फीका
सीतल पाटी स्त्री० चटाई
सीद्यमान वि० सुस्त पड़ा हुआ
सीनाज़ोरी स्त्री० ज़बरदस्ती
सीमंत पुं० स्त्रियों की माँग
सीमंतिनी स्त्री० सुहागिन स्त्री
सीमंतोन्नयन पुं० एक संस्कार जिसमें गर्भवती स्त्री की माँग भरी जाती है
सीमांकन पुं० सीमा निर्धारित करना
सीमिका स्त्री० 1 दीमक 2 चींटी
सीर स्त्री० खुदक़ाश्त जमीन
सीरवाह पुं० हलवाहा
सीव्य वि० जो सिया जानेवाला हो
सीसज पुं० सिन्दूर
सुंदरम्मन्य वि० अपने आपको सुन्दर माननेवाला
सुंदोपसुंद न्याय पुं० घनिष्ठ मित्र होने पर भी अंत में लड़ मरना
सुंघाई स्त्री० सौंधापन
सुकर वि० आसान
सुकर्मा पुं० अच्छे काम करनेवाला
सुकाशन वि० बहुत चमकीला

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सुकूनत स्त्री० निवास
सुकृत पुं० पुण्य कार्य
सुकृती वि० पुण्यशील
सुक्षिति स्त्री० सुन्दर निवास-स्थान
सुखकंद (र) वि० सुख देनेवाला (स्थान)
सुखपाल पुं० पुराने ढंग की एक पालकी
सुखसाध्य वि० सुखपूर्वक प्राप्य, सुगम
सुखावह वि० सुखद
सुखिता स्त्री० सुखी होने की अवस्था
सुखोष्ण वि० कुनकुना
सुघट वि० सुघड़, सुडौल
सुघट्य वि० जो आसानी से मोड़ा-माड़ा जाय
सुघड़ भलाई स्त्री० चालाकी के साथ चापलूसी
सुजनता स्त्री० भलमनसत
सुड़कना स० क्रि० नाक की राह साँस के साथ अंदर खींचना
सुढर वि० जल्दी कृपालु होनेवाला
सुतपा वि० जिसने बहुत तप किया हो
सुतरां अ० अपितु
सुतात्मज पुं० लड़के का लड़का
सुदाय पुं० बढ़िया उपहार या दान
सुदी स्त्री० शुक्लपक्ष
सुद्दा पुं० कब्ज के कारण बना कड़ा मल
सुधांशु पुं० चंद्रमा
सुधाकर पुं० चंद्रमा
सुधाता पुं० सुव्यवस्थित करनेवाला
सुधामय वि० अमृत से युक्त
सुधी वि० बुद्धिमान्; विद्वान्
सुन-गुन स्त्री० दबी-दबी बात
सुनबहरी स्त्री० कोढ़ जैसा एक रोग
सुनम्य वि० जो सहज में झुकाया जा सके
सुनसान वि० निर्जन, उजाड़
सुनिहित वि० अच्छी तरह रखा हुआ
सुनीत वि० नीतिपूर्ण व्यवहार करनेवाला
सुन्नत स्त्री० लिंगेन्द्रिय का अगला भाग काटने की प्रथा, खतना
सुन्ना पुं० शून्य का चिह्न
सुपर्ण वि० अच्छे पंखोंवाला
सुपर्व I वि० अच्छे जोड़ोंवाला II पुं० शुभ मुहूर्त
सुपाच्य वि० अच्छी तरह हजम होनेवाला
सुपेली स्त्री० छोटा सूप
सुप्रचेता वि० बहुत समझदार
सुप्रसू वि० जो सहज में प्रसव करे
सुप्रिया स्त्री० एक छंद जिसके प्रत्येक चरण में चार नगण (।।।) और एक सगण (।।ऽ) होता है
सुभग वि० 1 भाग्यवान् 2 सुन्दर
सुभट्ट पुं० बहुत बड़ा विद्वान्
सुभिक्ष पुं० सुकाल
सुमनस वि० अच्छे या प्रसन्न हृदयवाला
सुमेधा वि० मेधावी
सुमेध्य वि० पवित्र
सुरकना स० क्रि० सुर सुर करके पी जाना
सुरखाब पुं० चकवे की तरह का एक पक्षी
सुरतरु पुं० कल्पवृक्ष
सुरति स्त्री० 1 कामवासना 2 सुध
सुरतिवंत वि० कामातुर
सुरती स्त्री० तंबाकू का पत्ता
सुरबहार पुं० सितार की तरह का एक बाजा
सुरभि स्त्री० 1 कामधेनु 2 सुगंध
सुरभित वि० सुगंधित
सुरभि-मास पुं० वसन्त
सुरम्य वि० अतिरमणीय
सुर-सर पुं० देवताओं का सरोवर, मानसरोवर
सुरा स्त्री० शराब, मदिरा
सुराग पुं० रहस्य का सूत्र
सुरा गाय स्त्री० गाय जिसकी पूँछ से चँवर बनता है
सुरापी पुं० शराब पीनेवाला

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सुरासंधान पुं० शराब चुआना
सुरुचिर वि० सुन्दर, उज्ज्वल
सुरेता वि० वीर्यवान्
सुरैत स्त्री० सपत्नी, रखैल
सुर्खरू वि० कृतकार्य, सफल
सुलफ़ा पुं० गाँजा चरस आदि
सुलहनामा पुं० संधिपत्र
सुवया स्त्री० प्रौढ़ा स्त्री
सुवाच्य वि० जो सहज में पढ़ा जा सके
सुवासित वि० सुगंधित
सुवासिनी स्त्री० स्त्री जो पिता के घर में ही रहती है
सुविग्रह वि० सुंदर अंगोंवाला
सुवित्त वि० बहुत बड़ा धनी
सुविद्य वि० अच्छा विद्वान्
सुविस्तर वि० बहुत विस्तृत
सुव्रता स्त्री० गुणवती और पतिव्रता नारी
सुश्री वि० 1 शोभायुक्त 2 कुमारी
सुश्रुत वि० 1 अच्छी तरह सुना हुआ 2 प्रसिद्ध
सुश्लोक वि० 1 पुण्यात्मा 2 प्रसिद्ध
सुषमा स्त्री० परम सौंदर्य
सुषुम्ना स्त्री० एक नाड़ी जो नाभि से लेकर सिर में ब्रह्मरन्ध्र तक गई है
सुसंध वि० बात का पक्का
सुस्थचित्त वि० सुखी मनवाला, प्रसन्नचित्त
सुहाना, सुहावना वि० सुखद, मनोहर
सूक्त I वि० भली-भाँति कहा हुआ II पुं० मंत्रों का वर्ग
सूचक वि० सूचना या जानकारी देनेवाला
सूचीकटाह-न्याय पुं० छोटा काम पहले बड़ा बाद में—ऐसा विचार
सूचीकर्म पुं० सुई का काम, सिलाई
सूच्य वि० सूचित किये जाने योग्य
सूज़ाक पुं० मूत्रेन्द्रिय में पेशाब की जलन, उपदंश (रोग)
सूति स्त्री० 1 जन्म, प्रसव 2 पैदावार
सूतिका स्त्री० प्रसूता स्त्री (जिसने हाल में बच्चा जना हो)
सूत्रकृमि पुं० आँतों में पैदा होनेवाला पतला-सा कीड़ा
सूत्रधार पुं० 1 नाटक का व्यवस्थापक 2 वह व्यक्ति जिसके हाथ में बाग-डोर हो 3 बढ़ई
सूत्रपात पुं० आरंभ
सूद पुं० 1 रसोइया 2 लाभ 3 ब्याज
सूदकर्म पुं० भोजन बनाने का काम
सूदखोर पुं० ब्याज पर पैसा देनेवाला
सूदन वि० नष्ट करनेवाला
सूदित वि० नष्ट; आहत
सूनु पुं० पुत्र
सूनृत पुं०, वि० सत्य और प्रिय (भाषण)
सूपकार पुं० रसोइया
सूफ़ पुं० ऊन, ऊनी चिथड़ा
सूम पुं० कंजूस
सूरत-परस्त वि० रूप का पुजारी
सूरी पुं० 1 पंडित 2 विद्वान् जैन साधु
सूर्यतनया स्त्री० यमुना
सूर्यपुत्र पुं० 1 शनि 2 यम
सूर्या स्त्री० सूर्य की पत्नी, संज्ञा
सूर्येन्दुसंगम पुं० सूर्य और चंद्रमा का एक ही राशि में होना
सृक्कणी स्त्री० होंठों का कोना
सृज्य वि० जो सृजन किया जाना हो
सृत वि० खिसका हुआ
सृति स्त्री० खिसकना
सेंत-मेंत क्रि०वि० मुफ़्त में
सेंधिया पुं० सेंध लगानेवाला चोर
सेक्तव्य वि० सींचे जाने योग्य
सेचन पुं० सिंचाई करना
सेढ़ पुं० बादबान, पाल
सेतु पुं० पुल
सेनांग पुं० सेना के (चार) अंग
सेनाग्रणी, सेनानी पुं० सेनानायक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सेलिया पुं० सफ़ेद घोड़ा

सेली स्त्री० 1 बरछी 2 ऊन आदि की माला

सेवती स्त्री० सफ़ेद गुलाब

सेवावाद पुं० चापलूसी

सेहुआँ पुं० चित्तियाँ निकलने का एक चर्मरोग

सैंधव I वि० सिंध का II पुं० 1 सिंध का घोड़ा 2 सेंधा नमक

सैंहूँ पुं० गेहूँ के छोटे-छोटे बेकार दाने

सैकत वि० रेतीला, बालू का बना हुआ

सैतव वि० सेतु का

सैन्य वि० सेना का

सैन्यवाद पुं० यह सिद्धांत कि शासन सैनिक आदर्शों के अनुसार सबल होना चाहिए

सैलाब पुं० बाढ़

सोंधा वि० सुगंधयुक्त

सोऽहमस्मि अ० वह मैं ही हूँ, मैं ब्रह्म ही हूँ

सोख्ता पुं० स्याहीचूस (काग़ज़)

सोच्छ्वास वि० फूली साँस के साथ, हाँफता हुआ

सोत्कंठ वि० उत्सुक

सोपान पुं० सीढ़ी

सोम-कर पुं० चंद्रमा की किरण

सोमप्रभ वि० चंद्रमा की सी प्रभा (कांति) वाला

सोमवती अमावस्या स्त्री० सोमवार को पड़नेवाली अमावस

सोमसुत पुं० चंद्रमा का पुत्र, बुध

सोमसुता स्त्री० नर्मदा

सोमायन पुं० महीना भर दूध पर रहने का व्रत

सोरठा पुं० एक छंद जो दोहे के चरणों के आगे-पीछे कर देने से बन जाता है

सोसनी वि० सोसन के फूल का, लाली लिए नीला

सोहबत स्त्री० संग-साथ

सोहर पुं० बच्चा पैदा होने पर गाया जानेवाला गीत

सोहवटी स्त्री० पत्थर की पटिया का लिंटल

सौकर्य पुं० आसानी, सुसाध्यता

सौकुमार्य पुं० 1 सुकुमारता, 2 यौवन

सौकृत्य पुं० पुण्यकर्म

सौख्य पुं० आराम

सौगम्य पुं० सुगमता

सौजन्य पुं० सुजनता, भलमनसत

सौतापा पुं० सौतपन

सौदामनी, सौदामिनी स्त्री० बिजली

सौध पुं० (सफ़ेद) महल

सौधर्म्य पुं० सज्जनता, ईमानदारी

सौमंगल्य पुं० कल्याण

सौमनस्य पुं० 1 प्रसन्नचित्तता 2 सद्भाव

सौम्य वि० उज्ज्वल, शांत, शुभ

सौर वि० सूर्यसंबंधी

सौरत्य पुं० रतिक्रीड़ा

सौरभ पुं० सुगंध

सौरी स्त्री० प्रसूतिघर, जच्चाखाना

सौवीर्य पुं० पराक्रम, वीरता

सौष्ठव पुं० सुन्दरता

सौहार्द पुं० मैत्री

सौहित्य पुं० पूर्णता, तृप्ति

सौहृद्य पुं० मित्रता

स्कंद पुं० 1 ध्वंस 2 शरीर 3 खून का गाँठ के रूप में जम जाना 4 कार्तिकेय

स्कंध पुं० 1 कंधा 2 कांड, तना 3 स्टाक

स्कंध-पंजी स्त्री० स्टाक रजिस्टर

स्कंधावार पुं० शिविर, छावनी

स्खलन पुं० 1 पतन 2 भूल-चूक 3 विफलता

स्तंभन पुं० 1 रोकना 2 वीर्यपात रोकना

स्तन्य पुं० स्तन का दूध

स्तब्ध वि० जड़ीभूत, सुन्न

स्तरण पुं० परतों में होना या बनाना

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection...

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्तव पुं० स्तुति
स्तवक पुं० फूलों का गुच्छा, गुलदस्ता
स्तवन पुं० स्तुति करना
स्तविता, स्तावक पुं० गुणगान करनेवाला
स्तुत्य वि० स्तुति योग्य
स्तेन पुं० चोर
स्तैन्य पुं० चोर का काम
स्तोतव्य वि० स्तुत्य
स्त्री-ग्रह पुं० बुध, चंद्र और शुक्र ग्रह
स्त्री-रत्न स्त्री० लक्ष्मी
स्त्री-संग्रहण पुं० बलात्कार
स्त्रैण वि० स्त्रियों जैसा
स्त्रैणकी स्त्री० स्त्री रोगों की चिकित्सा-पद्धति
स्त्र्याजीव पुं० स्त्री की कमाई खानेवाला
स्थंडिलशायी पुं० ज़मीन पर सोनेवाला
स्थगन पुं० कुछ समय के लिए टाल देना
स्थपति पुं० वास्तुशास्त्री; राजगीर
स्थल-डमरुमध्य पुं० दो ओर पानी से घिरा हुआ वह स्थल जो दो बड़े स्थलों के बीच में पड़ा हो
स्थाणु पुं० 1 ठूंठ 2 खंभा
स्थानापन्न वि०किसी दूसरे के स्थान पर
स्थानिक वि० स्थानीय
स्थापत्य पुं० राजगीरी; वास्तुविज्ञान
स्थाली-पुलाक-न्याय पुं० हाँड़ी में से एक चावल देख लिया जाता है कि पक गया या नहीं
स्थावर वि० स्थिर, अचल
स्थित-पाठ्य पुं० एकांत में बैठे-बैठे बड़-बड़ाते रहना
स्थितप्रज्ञ वि० जिसकी विवेकबुद्धि स्थिर हो
स्थूण पुं० थूनी; खंभा
स्थूल वि० भारी और मोटा
स्थैर्य पुं० स्थिरता, दृढ़ता
स्नातकोत्तर वि० ग्रेजुएट होने के बाद का
स्नापन पुं० नहलाना
स्निग्ध वि० 1 स्नेहयुक्त 2 चिकना
स्नुषा स्त्री० पुत्रवधू
स्नेहन पुं० तेल लगाना या डालना
स्पंद पुं० नाड़ी या हृदय का चलना
स्पर्धा स्त्री० प्रतियोगिता
स्पर्शसंघर्षी वि०जिस व्यंजन के उच्चारण में जीभ ऊपर स्पर्श करती हुई श्वास की रगड़पैदा करती है
स्पृष्ट वि० छुआ हुआ
स्पृहणीय वि० वांछनीय
स्पृहा स्त्री० अभिलाषा
स्पृह्य वि० वांछनीय
स्फटिक पुं० बिल्लौर
स्फीत वि० बढ़ा हुआ, फूला हुआ
स्फुरण पुं० अंग का फड़कना
स्फुलिंग पुं० चिनगारी
स्फूर्ति स्त्री० फुरती
स्फोट पुं० फूटना, फटना
स्फोटवाद पुं० यह सिद्धान्त कि दैवी शब्द के फूटने से सृष्टि हुई है
स्मर पुं० कामदेव
स्मारिका स्त्री० किसी महत्त्वपूर्ण घटना या समारोह की याद दिलानेवाली कोई वस्तु (पुस्तिका आदि)
स्यंदन पुं० चूना, टपकना, तरल होकर बहना
स्याद्वाद पुं० जैन मत कि संसार नित्य भी हो सकता है अनित्य भी, सत्य भी असत्य भी
स्यूत वि० बुना हुआ, सिया हुआ
स्रंस पुं० पतन
स्रक् स्त्री० माला
स्रवण पुं० 1 बहना 2 गर्भ गिरना
स्रस्त वि० 1 गिरा हुआ 2 ढीला
स्राव पुं० 1 रस 2 गर्भपात
स्रावण पुं० चुआकर निकालना

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्रुत त्रि० बहा या चुआ हुआ
स्रोतस्वती, स्रोतस्विनी स्त्री० धारा; नदी
स्वकीय त्रि० अपना, निजी
स्वच्छंद त्रि० बिना किसी रोक-टोक के काम करनेवाला
स्वत्व पुं० 1 अपनापन 2 अधिकार 3 हित
स्वधा स्त्री० 1 हवि 2 श्राद्ध का अन्न
स्वन स्त्री० ध्वनि
स्वभावोक्ति स्त्री० स्वाभाविक वर्णन
स्वयंपाकी पुं० अपना भोजन स्वयं बनानेवाला
स्वयंभू त्रि०आप से आप उत्पन्न होनेवाला
स्वयमर्जित त्रि० आप कमाया हुआ
स्वरांत त्रि० जिसके अंत में स्वर हो
स्वरित त्रि० (कोमल) स्वर से युक्त; समभाव से उच्चरित
स्वर्गंगा स्त्री० आकाश गंगा, सुरगंगा
स्वर्ण जयन्ती स्त्री० जन्म या आरंभ से पचासवें वर्ष का उत्सव
स्वर्णाभ त्रि० सुनहरा
स्वर्लोक पुं० स्वर्ग
स्वर्वधू स्त्री० अप्सरा
स्वस्ति त्रि० कल्याण हो
स्वस्तिमान् त्रि० सुखी, भाग्यवान्
स्वांगीकरण पुं० अपना अंग बना लेना, आत्मसात् करना
स्वांत सुखाय अ० अपने अन्तःकरण के संतोष के लिए
स्वाक्षरित त्रि० हस्ताक्षर किया हुआ
स्वाग्रह पुं० अपने संबंध में आग्रह
स्वाधिष्ठान पुं०छह दलों का एक शारीरिक चक्र जो पेड़ू के पास माना गया है
स्वापक त्रि० नींद लानेवाला
स्वाम्य पुं० स्वामित्व
स्वायत्त त्रि०अपने या स्थानीय अधिकार में
स्वारस्य पुं० सरसता, आनन्द
स्वास्थिकी स्त्री० स्वास्थ्य विज्ञान
स्विन्न त्रि० पसीने से भरा हुआ
स्वेच्छाचार पुं० मनमाना आचरण
स्वेद पुं० पसीना
स्वेदक त्रि० पसीना लानेवाला
स्वैर त्रि० 1 मनमाना 2 स्वतंत्र
स्वैरी पुं० 1 मनमाना आचरण करनेवाला 2 व्यभिचारी
स्वोपार्जित त्रि० आप कमाया हुआ

ह

हंकनी स्त्री० 1 हाँकने का काम 2 हाँकने की छड़ी
हंगामा पुं० उपद्रव
हंडरवेट पुं० 112 पौंड का तौल
हंतव्य त्रि० मारा जाने योग्य
हंता पुं० हत्यारा
हंत्री स्त्री० हत्यारिन
हँसली स्त्री० 1 गले की हड्डी 2 गले का एक गहना
हक़तलफ़ी स्त्री० किसी का हक़ मार लेना
हक़परस्त त्रि०न्याय और सत्य को माननेवाला
हक़ीक़ी त्रि० सच्चा, वास्तविक
हकूक पुं० हक का बहु०
हज़ारा पुं० 1 बहुत पंखुड़ियोंवाला फूल 2 बहुत से छेदोंवाला फुहारा
हजूम पुं० भीड़
हटक स्त्री० मनाही
हटकना स०क्रि० मना करना
हटौती स्त्री० शरीर की गठन
हठात् क्रि०वि० जबरदस्ती
हड़कंप पुं० भारी हलचल

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हड़क स्त्री० पागल कुत्ते के काटने पर पानी की चाह
हत वि० मारा हुआ
हत-दैव वि० अभागा
हत-प्रभ वि० जिसका तेज नष्ट हो गया हो
हताश वि० भग्नाश, निराश
हथकंडा पुं० चालाकी
हथरस पुं० हस्तमैथुन
हदीस स्त्री० मुहम्मद साहब के वचनों का संग्रह
हनु-ग्रह, हनुस्तंभ पुं० जबड़े बंद हो जानेका रोग
हबकना स० क्रि० झपटकर दाँत से काटना
हबड़ा वि० बड़े-बड़े दाँतोंवाला
हब्बा-डब्बा पुं० पसली चलने से साँस का रोग
हब्स बेजा पुं० अनुचित रीति से बंदकर रखना
हम-जोली पुं० साथी
हम-दम पुं० घनिष्ठ मित्र
हमबिस्तरी स्त्री० संभोग
हम-राही पुं० साथी, मुसाफ़िर
हमवार वि० समतल
हम-सिन वि० समवयस्क, हम उम्र
हय पुं० घोड़ा
हयन पुं० वर्ष
हया स्त्री० शर्म, लज्जा
हरकारा पुं० एक गाँव से दूसरे गाँव तक डाक पहुँचानेवाला
हरदा पुं० गेरुआ रंग के फ़सली कीड़ों का पुंज
हरफ़ पुं० 1 अक्षर 2 कलंक
हर-बोंग पुं० उपद्रव, हो-हल्ला
हरम पुं० रनिवास
हरारत स्त्री० ताप; बुखार
हरावल पुं० सेना का अगला भाग
हरिमंगल पुं० 28 (16+12) मात्राओं का एक छंद
हरित वि० हरा
हरितमणि पुं० पन्ना
हरिद्रा स्त्री० हल्दी
हरिपद पुं० 1 बैकुंठ 2 16+11 मात्राओं का एक छंद
हरिमा स्त्री० हरापन
हरिसा स्त्री० हल का खड़ा लठ्ठा
हरीतकी स्त्री० हरड़
हरीरा पुं० प्रसूता स्त्रियों के लिए एक दूधवाला मसालेदार पेय
हर्म्य पुं० राजभवन
हर्र स्त्री० हरड़
हर्षाश्रु पुं० खुशी के आँसू
हल् 1 वि० विनास्वर व्यंजन 2 शुद्ध व्यंजन का चिह्न (/)
हलन्त वि० जिसके अंतिम वर्ण हल् हो
हलकोर स्त्री० भारी लहर
हलदिया पुं० पीलिया या कमल रोग
हलफ़ पुं० शपथ, सौगंध
हलरा पुं० लहरा
हलाक वि० मारा हुआ
हलायुध पुं० हलधर, बलराम
हलाहल पुं० भारी विष
हलीम वि० 1 विनीत 2 सहनशील
हलूफ़ा पुं० कन्यापक्ष से आनेवाली मिठाई
हवस स्त्री० =हौस
हवाल पुं० दशा
हवाला पुं० संदर्भ
हवास पुं० चेतना, होश
हवि स्त्री० आहुति
हविष्य पुं० 1 हवन-सामग्री 2 हवि के देवता
हसद पुं० जलन, ईर्ष्या
हसरत स्त्री० वासना, छिपी कामना
हसीन वि० सुन्दर
हस्त-मैथुन पुं० मुट्ठ-मारना

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हस्त-लाघव पुं० 1 हाथ का कौशल 2 हाथ की सफ़ाई
हस्तांतरण पुं० एक हाथ से दूसरे हाथ में बदल जाना
हस्ताक्षरक पुं० हस्ताक्षर करनेवाला
हस्तामलक पुं० हाथ में लिया हुआ आँवला, स्पष्ट वस्तु
हस्ते अ० द्वारा
हहरना अ०क्रि० थरथराना
हाँका पुं० पशुओं को हाँककर ले जाना
हाँसुल पुं० मेंहदी के रंग का घोड़ा
हाकिम पुं० शासक, अधिकारी
हाज़िम वि० हज़म करनेवाला
हातव्य वि० त्याज्य
हादसा पुं० दुर्घटना
हाफ़िज़ा पुं० स्मरण-शक्ति
हामिला स्त्री० गर्भवती स्त्री
हारक वि० हरण करनेवाला, छीननेवाला
हारीत पुं० 1 लुटेरा 2 कबूतर
हालांकि अ० यद्यपि
हाला स्त्री० मदिरा, शराब
हाव-भाव पुं० नाज़ नज़रा
हावी वि० पराभूत करनेवाला
हासिल वि० प्राप्त
हास्यास्पद वि० मज़ाक का पात्र
हिंगु पुं० हींग
हिंडोला पुं० एक प्रकार का झूला
हिंसित वि० जिसकी हिंसा की गई
हिंस्र वि० हिंसक
हिकायत स्त्री० कहानी
हिक्का स्त्री० हिचकी
हिजरत स्त्री० देशत्याग
हिज्जे पुं० वर्णविन्यास, वर्तनी
हिज्र पुं० वियोग
हिताधिकारी पुं० लाभ का अधिकारी
हितू पुं० हितैषी, भलाई चाहनेवाला
हिदायत स्त्री० निर्देश
हिफ़ाज़त स्त्री० रक्षा
हिब्बानामा पुं० दानपत्र
हिम पुं० 1 बादलों-सी गिरनेवाली बर्फ़ 2 जाड़ा
हिमकर पुं० चन्द्रमा
हिममूल पुं० बर्फ़ के कण
हिमाक़त स्त्री० बेवकूफ़ी
हिमाद्रि पुं० हिमालय पर्वत
हिमानी स्त्री० गिरता हुआ बर्फ़ का ढेर का ढेर
हिरण्मय I वि० सोने का II पुं० ब्रह्मा
हिरण्य पुं० 1 सोना 2 तेज
हिरनौटा पुं० हिरन का बच्चा
हिरासत स्त्री० मुलज़िम का बंधन
हिर्स स्त्री० तृष्णा
हिलकोरा पुं० तरंग
हिलगना अ०क्रि० उलझना
हिलोर स्त्री० तरंग
हीयमान वि० जो बराबर घटता गया हो
हीरक जयन्ती स्त्री० आरंभ या जन्म से 60 वर्ष पूरे होने का उत्सव
हीला-हवाला पुं० टालमटोल
हुआना अ०क्रि० गीदड़ का हुआँ-हुआँ करना
हुकर-पुकर स्त्री० धड़कन, बेचैनी
हुकूमत स्त्री० राज्य, शासन
हुक्म अदूली स्त्री० आज्ञा का पालन न करना
हुजरा पुं० कोठरी
हुजूम पुं० भीड़
हुज्जत स्त्री० तर्क-वितर्क
हुड़कना अ०क्रि० तरसना
हुड़दंग स्त्री० उछलकूद
हुतात्मा पुं० शहीद
हुनरमंद वि० कला-कुशल
हुमकना अ०क्रि० उछलना
हुरमत स्त्री० इज़्ज़त
हुलसना अ०क्रि० 1 उल्लसित होना 2

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उभरना
हुलास पुं० उल्लास, उमंग
हुस्न पुं० सुन्दरता
हूंठा पुं० साढ़े तीन का पहाड़ा
हूक स्त्री० अंदर की पीड़ा, कसक
हूठा पुं० ठूंगा
हूलना अ०क्रि० भोंकना, धँसाना
हृत त्रि० हरण किया हुआ, छीना हुआ
हृत्कंप पुं० धड़कन
हृद् पुं० हृदय, दिल
हृदयंगम त्रि० हृदय में बैठा हुआ या समझा हुआ
हृदयग्राही त्रि० मनोहर, रोचक
हृदयविदारक त्रि०जिसके हृदय फटने लगे, शोक या दया उत्पन्न करनेवाला
हृदयवेधी त्रि० हृदय को चीरनेवाला, दु:खी करनेवाला
हृदय-संघट्ट, हृदयातिपात पुं० हृदयगति सहसा बंद हो जाना
हृदयेश्वर पुं० प्रियतम
हृषीक पुं० इन्द्रिय
हृष्टि स्त्री० हर्ष
हेकड़ी स्त्री० अक्खड़पन
हेठी स्त्री० अपमान
हेतुकी स्त्री० रोगनिदान (शास्त्र)
हेतुहेतुमद्भूतकाल पुं० एक वाक्य में कारण और दूसरे में कार्य बतानेवाला कालभेद
हेत्वाभास पुं० हेतु के न रहने पर भी हेतु का आभास या भ्रम होना
हेमंत पुं० जाड़े का मौसम
हेम पुं० 1 सोना 2 बादामी रंग का घोड़ा
हेमाचल पुं० सुमेरु पर्वत
हेम्य त्रि० सोने का
हेय त्रि० तुच्छ
हेलनीय त्रि० उपेक्षणीय
हेला स्त्री० 1 उपेक्षा 2 क्रीड़ा
हेलित त्रि० तिरस्कृत, उपेक्षित
हैतुक त्रि० उद्देश्यपूर्ण
हैबत स्त्री० भय, आतंक
हैमंत, हैमंतिक त्रि० हेमंत का
हैम त्रि० सोने का बना हुआ
हैरत स्त्री० हैरानी, आश्चर्य
हैस-बैस स्त्री० लड़ाई-झगड़ा
होता पुं० हवन या यज्ञ करानेवाला
होत्र पुं० होम
होम पुं० हवनयज्ञ
होम्य I त्रि० होम का II पुं० घी
हौंस स्त्री० लालसा
हौल पुं० भय
हौलदिला त्रि० जल्दी डर जानेवाला
हौलदिली स्त्री० दिल का डर रोकने के लिए तावीज़
हौलनाक त्रि० भयानक
हौली स्त्री० शराबख़ाना
हौस स्त्री० लालसा
ह्रस्व त्रि० छोटा
ह्रस्वप्रवासी पुं० वह जो थोड़े समय के लिए बाहर या परदेश गया हो
ह्राद पुं० ध्वनि, गरज
ह्रादिनी स्त्री० नदी
ह्रास पुं० घटाव, कमी
ह्री स्त्री० लज्जा
ह्लाद पुं० आह्लाद

STOCK VERIFY 2020 G.K.V. Library

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Recommended By V.D. Rakesh

91094

GURUKUL KANGRI LIBRARY
Accession
Class on 12.10.04
Cat on "
Tag etc "
Checked
Any Other 9-11-04

Entered in Database
Signature with Date 22/11/04

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar